www.examtechnique.in

**Join now Telegram**- https://t.me/joinchat/K_BU1RmI1BmxazJOsruF7g

**Subscribe Youtube**-
https://www.youtube.com/channel/UC7HEJ54ia2cU-rS20LHpHtg

**3500+ भूगोल के सबसे महत्वपूर्ण वन लाइनर question and answer महत्वपूर्ण तालिका और तथ्यों के साथ E-BOOK pdf - हिंदी में**

**CLICK HERE**- https://examtechnique.in/3500-bhugol-k-sabse-mahatvpurn-one-liner-question-answer-mahatvpurn-tables-and-facts-k-sath-e-book-pdf-hindi-mai

**3500+ Most Important One Liner Geography Question and answer with Important Tables and Facts E-BOOK PDF - in English**

**CLICK HERE**- https://examtechnique.in/3500-most-important-one-liner-geography-question-and-answer-with-important-tables-and-facts-e-book-pdf-in-english

**2100+ इतिहास के सबसे महत्वपूर्ण वन लाइनर Q & A, महत्वपूर्ण तालिका और तथ्यों के साथ - हिंदी में**

**CLICK HERE**- https://examtechnique.in/2100-history-k-sabse-mahatvpurn-one-liner-question-and-answer-important-tables-and-facts-k-sath-hindi-mai

**2100+ Most Important One Liner History Question and answer with Important Tables and Facts E-BOOK PDF in English**

**CLICK HERE**- https://examtechnique.in/2100-most-important-one-liner-history-question-and-answer-with-important-tables-and-facts-e-book-pdf-in-english

**विविध भाग -1+भाग -2(Static GK), सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण तालिका और तथ्यों के साथ E-BOOK PDF - हिंदी में**

**CLICK HERE**- https://examtechnique.in/vividh-bhag1bhag2-sabhi-pratyogi-prakshyon-k-lia-mahatvpurn-table-and-facts-k-sath-e-book-pdf-in-hindi

**Miscellany Part-1+ Part-2(Static GK) with imp. Table and Facts for all Govt. Competitive Exams E-Book pdf in English**

**CLICK HERE**- https://examtechnique.in/miscellany-part-1-part-2-with-imp.-table-and-facts-for-all-govt.-competitive-exams-e-book-pdf-in-english

**2500+ भारतीय राजनीति के सबसे महत्वपूर्ण वन लाइनर Q&A, सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तालिका और तथ्यों के साथ E-BOOK PDF-हिंदी में**

**CLICK HERE-** https://examtechnique.in/2500-most-imp.-one-liner-indian-polity-qanda-with-imp.-table-and-facts-in-hindi

**2500+ Most Imp. One Liner Indian Polity Q&A with Imp. Table and Facts for all Govt. competitive Exams E-book in English**

**CLICK HERE-** https://examtechnique.in/2500-most-imp.-one-liner-indian-polity-qanda-with-imp.-table-and-facts-in-english

**2000+ Most Important One Liner Chemistry Q&A with Imp. Tables and Facts E-BOOK PDF in English**

**CLICK HERE-** https://examtechnique.in/2000-most-important-one-liner-chemistry-qanda-with-imp.-tables-and-facts-e-book-pdf-in-english

**2000+ रसायन विज्ञान के सबसे महत्वपूर्ण वन लाइनर Q & A, महत्वपूर्ण तालिका और तथ्यों के साथ -हिंदी में**

**CLICK HERE-** https://examtechnique.in/2000-chemistry-k-sabse-mahatvpurn-one-liner-question-and-answer-with-important-tables-and-facts-in-hindi

**2000+ भौतिक विज्ञान के सबसे महत्वपूर्ण वन लाइनर Q & A, महत्वपूर्ण तालिका और तथ्यों के साथ E-BOOK PDF -हिंदी में**

**CLICK HERE-** https://examtechnique.in/2000-physics-k-sabse-mahatvpurn-one-liner-question-and-answer-with-important-tables-and-facts

**2000+ Most Important One Liner Physics Q&A with Imp. Tables and Facts E-BOOK PDF in English**

**CLICK HERE-** https://examtechnique.in/2000-most-important-one-liner--physics-qanda-with-imp.-tables-and-facts-e-book-pdf-in-english

**2800+ जीव विज्ञान के सबसे महत्वपूर्ण वन लाइनर Q & A, महत्वपूर्ण तालिका और तथ्यों के साथ -हिंदी में**

**CLICK HERE-** https://examtechnique.in/2800-jeev-vigyan-k-sabse-mahatvpurn-one-liner-question-and-answer-mahatvpurn-tables-aur-facts-k-sath-hindi-mai

**2800+ Most Important One Liner Biology Q&A with Imp. Tables and Facts for all Govt. Competitive Exams E-Book PDF in English**

**CLICK HERE-** https://examtechnique.in/2800-most-important-one-liner-biology-qanda-with-imp.-table-and-facts-for-all-govt.-competitive-exams-e-book-pdf-in-english




Exam technique Publication

राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा व अन्य समस्त
प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु महत्वपूर्ण

MAHAVIR PUBLISHERS
महावीर

# वस्तुनिष्ठ मध्यप्रदेश सामान्य ज्ञान


## 2500+MCQ

2019




# महावीर




# वस्तुनिष्ठ मध्यप्रदेश सामान्य ज्ञान


❊ लेखक ❊

**चंचल जैन**
राज्य सिविल सेवा में चयनित


**उत्तम सिंह**
उत्तम सिंह एकेडमी, रीवा



प्रकाशक
**महावीर पब्लिशर्स एण्ड डिस्ट्रीब्यूटर्स**
237, विश्वकर्मा नगर, इन्दौर फोन– 0731–2431251

# अनुक्रमणिका


| | | |
|---|---|---|
| 1. | इतिहास एवं संस्कृति | 7 |
| 2. | मध्य प्रदेश का स्वाधीनता संग्राम में योगदान | 28 |
| 3. | मध्य प्रदेश : सामान्य परिचय राज्य पुनर्गठन | 34 |
| 4. | मध्यप्रदेश की मृदा का वितरण | 44 |
| 5. | मध्यप्रदेश जलवायु का प्रादेशिक वितरण | 49 |
| 6. | प्रदेश में वनों की स्थिति | 53 |
| 7. | मध्यप्रदेश में नदियाँ | 72 |
| 8. | मध्यप्रदेश के प्राकृतिक विभाग | 93 |
| 9. | मध्यप्रदेश में कृषि | 107 |
| 10. | मध्यप्रदेश में खनिज | 117 |
| 11. | मध्यप्रदेश में उद्योग | 127 |
| 12. | मध्यप्रदेश में सिंचाई सुविधाएँ | 138 |
| 13. | मध्यप्रदेश में परिवहन संचार | 150 |
| 14. | मध्यप्रदेश में पर्यटन | 157 |
| 15. | मध्यप्रदेश में विद्युत | 175 |
| 16. | मध्यप्रदेश में शिक्षा | 181 |
| 17. | मध्यप्रदेश में खेलकूद | 189 |
| 18. | मध्यप्रदेश में पुलिस प्रशासन | 197 |
| 19. | कला, संस्कृति एवं साहित्य | 201 |
| 20. | मध्यप्रदेश में कलाओं का विकास | 221 |
| 21. | मध्यप्रदेश की जनजातियाँ | 224 |
| 22. | मध्यप्रदेश की पंचवर्षीय योजनाएँ एवं अन्य योजनाएँ | 232 |
| 23. | मध्यप्रदेश में जनसंख्या | 240 |
| 24. | मध्यप्रदेश में पंचायती राज | 248 |
| 25. | मध्यप्रदेश में प्रशासन | 255 |
| 26. | मध्यप्रदेश में ग्राम न्यायालय | 267 |
| 27. | मध्यप्रदेश में विविध | 269 |
| 28. | म.प्र. में एकमात्र सबसे बड़ा/छोटा | 285 |



# अध्याय–1

# इतिहास एवं संस्कृति

1. **मध्यप्रदेश पुराने किस भूसंहिता का भू क्षेत्र है-**
   (अ) विन्ध्याचल (ब) सतपुड़ा लैण्ड
   (स) गोंडवाना लैण्ड (द) कोई भी नहीं।

**व्याख्या-** मध्यप्रदेश, गोंडवाना लैण्ड, भूसंहिता के क्षेत्र के अंतर्गत आता है जबकि मध्यप्रदेश में नीचे धारवाड़ क्रम शुरू होता है।

2. **प्रदेश के किन स्थानों पर शैलचित्रों द्वारा आदिमानव के होने के प्रमाण मिलते हैं।**
   (अ) होशंगाबाद (आदमगढ़पहाड़ी) (ब) रायसेन (भीमबेटका)
   (स) सागर के निकट (द) सभी में।

**व्याख्या-** मध्यप्रदेश के होशंगाबाद (आदमगढपहाड़ी) रायसेन, (भीम बेटका) सागर के निकट एरण में शैलचित्र द्वारा आदिमानव के होने के प्रमाण मिले हैं।

3. **कौन सा स्थान प्रदेश को ताम्र पाषाण संस्कृति से सम्बद्ध करता है-**
   (अ) अनूप (ब) कायथा
   (स) साँची (द) नर्मदा क्षेत्र

**व्याख्या-** कायथा नामक स्थान कालीसिंध नदी उज्जैन से पूर्व में 15 किलोमीटर दूर स्थित है जो कि ताम्र पाषाण संस्कृति से सम्बद्ध है क्योंकि यहाँ कुछ ताँबे की चूड़ियाँ व कुल्हाड़ियाँ प्राप्त हुई हैं। इसका उत्खनन वाकणकर के नेतृत्व में हुआ।

4. **निम्न में से कौन से स्थल पूर्णपाषाण युगीन से सम्बन्धित नहीं है-**
   (अ) शिवपुरी–ग्वालियर (ब) सीधी–शहडोल
   (स) खण्डवा–खरगोन (द) मंदसौर–शाजापुर।

**व्याख्या-** उपर्युक्त विकल्पों से शिवपुरी–ग्वालियर पूर्णपाषाण युगीन से संबंधित नहीं रहे हैं।

5. **किस वेद के अन्तर्गत प्रदेश की जीवनदायिनी नदी नर्मदा का उल्लेख रेवा के नाम से है-**
   (अ) सामवेद (ब) यजुर्वेद
   (स) अथर्ववेद (द) ऋग्वेद।

**व्याख्या-** ऋग्वेद में प्रदेश की जीवनदायिनी नदी नर्मदा का नाम रेवा के नाम से है। पुरुकुत्स से विवाह होने के पश्चात ही रेवा का नाम नर्मदा किया गया था।

1.(स) 2.(द) 3.(ब) 4.(अ) 5.(द)

6. निम्न में से कौनसा राजवंश म.प्र. से संबंध रखता है?
(अ) चालुक्य (ब) प्रतिहार
(स) कलचुरी (द) काकतीय

व्याख्या– कलचुरी वंश की स्थापना कोकल्ल ने की जिसका संबंध म.प्र. से है।

7. म.प्र. का वह कौनसा शासक था जो महान विद्वान, लेखक निर्माता तथा योद्धा था?
(अ) मानसिंह (ब) बाजबहादुर
(स) राजा भोज (द) सुरजसेन

व्याख्या– राजा भोज पारमार वंश के सबसे प्रतापी राजा थे जिन्होंने कलम व तलवार दोनों में महारत प्राप्त की थी तथा विद्यालय आदि की स्थापना भी की। इनकी रचनाएँ 'समरांगणसूत्र' तथा 'सरस्वती कंठाभरण' हैं।

8. बुंदेलखण्ड का प्रतापी शासक कौन था?
(अ) छत्रसाल (ब) बाजबहादुर
(स) होशंगशाह (द) राजा भोज

व्याख्या– बुंदेलखण्ड के प्रतापी शासक 'छत्रसाल थे, जो कि बुंदेल वंश के शासक थे।

9. किस ग्रंथ में उल्लेख है कि बुद्ध काल में अवंति की राजधानी उज्जयनी थी?
(अ) विष्णु पुराण (ब) मत्स्य पुराण
(स) पालि ग्रंथ (द) पिटक त्रय

व्याख्या– पालि ग्रंथ में वर्णित है कि बुद्ध काल में अवंति की राजधानी उज्जयनी थी।

10. मांधाता नगर का संस्थापक कौन है?
(अ) माहिष्मत (ब) मुचुकुन्द
(स) मांधाता (द) कीर्तिवीर्य अर्जुन

उत्तर– म.प्र. में नर्मदा नदी के तट पर मुचुकुन्द ने मांधाता नगरी बसाई।

11. पनगुडरिया से प्राप्त हुए हैं- सीहोर जिला
(अ) गुफा (ब) शिलालेख
(स) पाषाण उपकरण (द) उपरोक्त सभी

उत्तर– पनगुडरिया से अशोक के शिलालेख प्राप्त हुए हैं।

12. महाभारत युद्ध में, वे जनपद जो पाण्डवों के साथ थे?
(अ) दशार्ण (ब) काशी
(स) वत्स (द) उपरोक्त सभी

व्याख्या– पाण्डवों की ओर से युद्ध में, काशी, दशार्ण, तथा वत्स एवं मत्स्य जनपद शामिल हुए थे।

13. महाभारत युद्ध में वे कौन से जनपद हैं जो कौरवों की ओर से लड़े?
(अ) अवन्ति (ब) अंधन
(स) निषद (द) सभी

व्याख्या– कौरवों की ओर से महाभारत युद्ध में महिष्मती, अवंति, भोज, गंधक, विदर्भ व निषद आदि थे।

14. हेलियोडोरस किस राजवंश के दरबार में आया था?
(अ) शुंग वंश (ब) हैहय वंश
(स) मौर्य वंश (द) कलचुरी वंश

व्याख्या– हेलियोडोरस शुंग शासक भागभद्र के शासनकाल में आया था। वह एन्टियाल क्रीड्स का राजदूत था। उसने गरूड़ स्तंभ की स्थापना की।

15. सातवाहनों के शासन के साक्ष्य के रूप में क्या अवशेष हैं?
(अ) स्तूप (ब) शिलालेख
(स) ताँबे के सिक्के (द) उपरोक्त सभी

व्याख्या– सातवाहनों का सम्पूर्ण इतिहास सिक्कों से पता चलता है।

16. किस शक शासक के सिक्के म.प्र. के मालवा क्षेत्र से प्राप्त हुए हैं?
(अ) पलुभावी (ब) नहापन
(स) भूमक (द) श्रीसात

व्याख्या– शक वंश के शासक भूमक के सिक्के मालवा से प्राप्त हुए हैं।

17. पुराणों में पद्मावती को किसकी राजधानी बताया गया है?
(अ) कुषाण वंश (ब) मलराज वंश
(स) नाग वंश (द) वाकटक वंश

व्याख्या– पुराणों में पद्मावती को 'नागवंश' की राजधानी बताया गया है।

18. 'बांधोगढ़' किस वंश की राजधानी थी?
(अ) सातवाहन वंश (ब) वाकटक वंश
(स) नाग वंश (द) मघराज वंश

व्याख्या– बाँधोगढ़ महाराज वंश की राजधानी थी।

19. म.प्र. के शिवपुरी जिले के नरवर को किसने स्थापित किया था?
(अ) नल (ब) भीमरथ
(स) कोशिक (द) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या– जनश्रुति के अनुसार राजा नल ने नलपुर नगर बसाया था।

20. निम्नलिखित में से कहाँ से मिनान्डर के सिक्के मिले?
(अ) बालाघाट (ब) मण्डला
(स) जबलपुर (द) रीवा

व्याख्या– हिन्दू-यूनानी शासक मिनान्डर के सिक्के बालाघाट से प्राप्त हुए।

21. गुप्त शासक राम गुप्त के शासन काल के सिक्के कहाँ से प्राप्त हुए हैं?
(अ) विदिशा (ब) उज्जैन
(स) नरसिंहपुर (द) होशंगाबाद

व्याख्या– गुप्त शासक रामगुप्त के शासन के साक्ष्य विदिशा तथा एरण से प्राप्त हुए।

6.(स) 7.(स) 8.(अ) 9.(स) 10.(ब) 11.(ब) 12.(द) 13.(द) 14.(अ) 15.(स) 16.(स) 17.(स) 18.(द) 19.(अ) 20.(अ) 21.(अ)

22. चंद्रगुप्त द्वितीय के अभिलेख कहाँ से प्राप्त हुए?
(अ) मालवा (ब) बुन्देलखण्ड
(स) बघेलखण्ड (द) निमाड़

व्याख्या- गुप्त शासक चंद्रगुप्त द्वितीय के शासनकाल के अभिलेख पूर्वी मालवा से प्राप्त हुए।

23. किस अभिलेख में सूर्य मंदिर के निर्माण का उल्लेख है?
(अ) मंदसौर (दशपुर) (ब) उदयगिरि
(स) साँची (द) एरण

व्याख्या- कुमार गुप्त के शासन काल के अभिलेखों में से मंदसौर अभिलेख में सूर्य मंदिर के निर्माण का उल्लेख है।

24. किस अभिलेख में राजा को शरदकालीन सूर्य की भाँति बताया गया है?
(अ) साँची (ब) तुमैन (अशोकनगर)
(स) सुप्रिया (द) साँची

व्याख्या- तुमैन अभिलेख, गुना से प्राप्त हुआ। इसमें राम गुप्त को शरदकालीन सूर्य की भाँति बताया गया।

25. म.प्र. के किस अभिलेख में गुप्त वंश को घटोत्कच वंश कहा गया?
(अ) तुमैन (ब) एरण
(स) सुपिया (रीवा) (द) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या- म.प्र. से प्राप्त सुपिया अभिलेख (स्कन्दगुप्तकालीन) में गुप्त वंश को घटोत्कच वंश कहा गया है।

26. धारा नगरी पर आक्रमण की जानकारी किस लेख से मिलती है?
(अ) देपालपुर (ब) मंगाई लेख
(स) उदयपुर प्रशस्ति (द) बेटमा

व्याख्या- भोज की धारा नगरी पर चालुक्यों ने आक्रमण किया, जिसकी जानकारी मंगाई लेख से प्राप्त होती है।

27. किस वंश की राजधानी त्रिपुरी है?
(अ) परमार (ब) चंदेल
(स) कलचुरी (द) पाल

व्याख्या- जबलपुर के पास स्थित त्रिपुरी, कलचुरी वंश की राजधानी है।

28. म.प्र. के मालवा क्षेत्र का प्रथम बार दिल्ली सल्तनत में प्रवेश किसने कराया?
(अ) महमूद गजनवी (ब) मोहम्मद गौरी
(स) ऐबक (द) अलाउद्दीन खिलजी

व्याख्या- 1305 में अलाउद्दीन द्वारा मालवा में प्रथम बार आक्रमण किया गया।

29. रानी दुर्गावती कहाँ की शासिका थीं?
(अ) गोंडवाना (ब) ग्वालियर
(स) महाकोशल (द) मध्यक्षेत्र

व्याख्या- म.प्र. के गोंडवाना क्षेत्र की शासिका रानी दुर्गावती थीं।

30. अक्टूबर 2014 में म.प्र. के किस वंश की छतरियों को राज्य संरक्षित किया गया?
(अ) होल्कर वंश (ब) पंवार वंश
(स) चंदेल वंश (द) सिंधिया वंश

व्याख्या- 16 अक्टूबर 2014 को धार के पंवार वंश की ऐतिहासिक छतरियों को राज्य शासन ने पुरातात्विक महत्व की दृष्टि से राज्य संरक्षित स्मारक घोषित किया।

31. डॉ. एच.डी. सांकलिया ने म.प्र. के किन स्थानों से सिंधु घाटी सभ्यता की खोज की थी?
(अ) महेश्वर-नावदा टोली (ब) एरण-भरहुत
(स) नागदा-कायथा (द) सभी

व्याख्या- डॉ. एच.डी. सांकलिया ने म.प्र. के नर्मदा घाटी के महेश्वर एवं नावदा टोली में सिंधु सभ्यता की खोज की।

32. होल्कर राज्य की स्थापना किस सन् में की गई?
(अ) 1697 (ब) 1719 (स) 1730 (द) 1787

व्याख्या- अक्टूबर 1730 में मल्हार राव होल्कर मालवा के शासक बने और होल्कर वंश स्थापना की।

33. होल्कर राज्य की राजधानी को महेश्वर से इंदौर कब स्थानांतरित किया गया?
(अ) 1796 (ब) 1818
(स) 1837 (द) 1887

व्याख्या- 1818 में होल्कर राज्य की राजधानी परिवर्तित की गई।

34. भारत में इंग्लैण्ड का कौन-सा दूत जहाँगीर के पीछे माण्डू आया था?
(अ) क्लाइव (ब) टामसरो
(स) लॉर्ड एस्टर (द) क्लाइब

व्याख्या- टामसरो जहाँगीर के दरबार में आया था, वह जहाँगीर के पीछे-माण्डू तक आया था।

35. होशंग शाह ने 14वीं सदी में कहाँ स्वतंत्र राज्य की स्थापना की?
(अ) धार (ब) मालवा
(स) माण्डू (द) विदिशा

व्याख्या- होशंग शाह ने 14वीं सदी में माण्डू में स्वतंत्र राज्य की स्थापना की तथा चित्तौड़ विजय के उपलब्ध में विजय स्तंभ बनवाया।

36. सती प्रथा का सर्वप्रथम उल्लेख मिलता है?
(अ) तुमैन (ब) सुपिया
(स) दशपुर (द) एरण

22.(अ) 23.(अ) 24.(ब) 25.(स) 26.(ब) 27.(स) 28.(द) 29.(अ) 30.(ब) 31.(अ) 32.(स) 33.(ब) 34.(ब) 35.(स) 36.(द)

व्याख्या- सागर स्थित गुप्तकालीन एरण अभिलेख में सर्वप्रथम सती प्रथा के साक्ष्य मिलते हैं।

37. मानसिंह तोमर कहाँ के राजा थे?

( Combined Assistant Grand III 2012 )

(अ) ग्वालियर (ब) उज्जैन
(स) इंदौर (द) रीवा

व्याख्या- मानसिंह तोमर (1486–1517 ई.) ग्वालियर के प्रतापी राजाओं में से एक थे।

38. कौन से राजा ध्रुपद संगीत के संरक्षक थे? ( पशुपालन 2011 )

(अ) राजा मानसिंह (ब) राजा अशोक
(स) राजा भोज (द) सूरजसेन

व्याख्या- राजा मानसिंह ग्वालियर के प्रतापी राजा थे, इन्होंने ध्रुपद संगीत को संरक्षण दिया।

39. चंदेल वंश के संस्थापक कौन थे?

( Lower Division Cleark 2013 )

(अ) जयशक्ति (ब) डाँग
(स) नन्नुक (द) गोंड

व्याख्या- चंदेल वंश के संस्थापक नन्नुक थे, इस वंश के प्रतापी शासक यशोवर्मन, धंग, गंड थे।

40. निम्नलिखित में से कौन-सा प्राचीन राजवंश म.प्र. से संबंधित है? ( State Engineering 2014 )

(अ) चौहान (ब) वर्धन
(स) परमार (द) सभी

41. 'हिंगलाजगढ़' मध्यप्रदेश के किस जिले में स्थित है?

( पुलिस आरक्षक-2016 )

(अ) नीमच (ब) मंदसौर
(स) राजगढ़ (द) टीकमगढ़

व्याख्या- 'हिंगलाजगढ़' परमार वंश का चित्रकला के लिए प्रसिद्ध स्थान था जो मंदसौर में स्थित है।

42. इस्लाम नगर में रानी महल और चमन महल किसने बनवाया था? ( पुलिस आरक्षक 2016 )

(अ) सुल्तान मुहम्मंद खान (ब) निजाम शाह
(स) दोस्त मोहम्मद खान (द) यार मोहम्मद खान

व्याख्या- इस्लाम नगर में स्थित रानी महल और चमन महल अपने स्थापत्य एवं सौंदर्य हेतु प्रसिद्ध हैं, जिसे 'दोस्त मोहम्मद खान' ने बनवाया।

43. विजय के यशोधर्मन स्तंभ....में स्थित हैं?

( पुलिस आरक्षक 2016 )

(अ) खजुराहो (ब) सखारा
(स) सोनधानी (द) मारियादोह

व्याख्या- म.प्र. के मंदसौर में सोनधानी में विजय स्तंभ स्थित हैं।

44. मध्यप्रदेश में किसकी मृत्यु के बाद मराठाओं ने अधिकार प्राप्त कर लिया? ( MPSI 2016 )

(अ) अशोक (ब) कनिष्क
(स) औरंगजेब (द) हर्षवर्धन

व्याख्या- 1707 में औरंगजेब की मृत्यु के बाद मराठाओं ने म.प्र. में अधिकार किया।

45. भरहुत स्तूप की खोज किसने की थी?

( कराधान सहायक 2010 )

(अ) कनिंघम (ब) स्मिथ
(स) मार्शल (द) दयाराम साहनी

व्याख्या- कनिंघम ने 1073 में सतना स्थित भरहुत स्तूप की खोज की।

46. अंतिम होल्कर का नाम है? ( ANM Training Test 2016 )

(अ) यशवंत राव (ब) शंकर कुमार
(स) दीपक (द) शिवाजी राव

व्याख्या- अंतिम होल्कर यशवंत राव हैं, जिनका शासन काल 1926 से 1948 तक रहा।

47. बुंदेलखण्ड वंश के शाही उद्यान और ग्रीष्मकालीन महल को क्या कहा जाता था? ( ANM Training Test 2016 )

(अ) रॉयल महल (ब) भगोरिया
(स) फूलबाग (द) बुंदेलखण्ड

व्याख्या- बुंदेलखण्ड वंश के शाही उद्यान और ग्रीष्मकालीन महल को फूलबाग कहा जाता था।

48. म.प्र. के पूर्वी भाग में मूल रूप से...का शासन था।

( ANM Training Test 2016 )

(अ) गोंड (ब) मराठों (स) राजपूतों (द) मौर्य

व्याख्या- बघेलखण्ड या म.प्र. के पूर्वी भाग में मुख्यत: गोंडों का शासन रहा। वर्तमान में गोंड म.प्र. की दूसरी सबसे बड़ी जनजाति है।

49. परमार के परिवार को.....द्वारा स्थापित किया गया था।

( ANM Training Sel. Test 2016 )

(अ) मराठा (ब) शकों
(स) सातवाहन (द) राष्ट्रकूट

व्याख्या- परमार वंश के राष्ट्रकूटों द्वारा प्रतिस्थापित किया गया था। परमार वंश का संस्थापक उपेन्द्र तथा प्रतापी राजा भोज थे।

50. भोपाल के नवाब थे....। ( ANM Test 2016 )

(अ) मुहम्मद अली खान (ब) फैज मोहम्मद खान
(स) मिस्र खान (द) देवीलाल गौड़

37.(अ) 38.(अ) 39.(स) 40.(स) 41.(ब) 42.(स) 43.(स) 44.(स) 45.(अ) 46.(अ) 47.(स) 48.(अ) 49.(द) 50.(ब)

व्याख्या- फैज मोहम्मद खान भोपाल के तीसरे नवाब थे।

51. इनमें से कौन परमार वंश का शासक नहीं था। (MPPSC Pre 2017)

(अ) उपेन्द्र (ब) मुंज
(स) गांगेय देव (द) उदयादित्य

व्याख्या- परमार वंश के संस्थापक उपेन्द्र थे तथा गांगेय देव कल्चुरी वंश का शासक था।

52. धंगदेव किस वंश का शासक था? (MPPSC 2017)

(अ) जेजाकमुक्ति के चंदेल (ब) मालवा के परमार
(स) महिष्मति के कलचुरी (द) त्रिपुरी के कलचुरी

व्याख्या- धंगदेव जेजाकभुक्ति के चंदेल वंश का शासक था इसने 950 से 999 ई. तक शासन किया।

53. निम्नलिखित में से किस सदी में दिल्ली सल्तनत ने उत्तरी मध्यप्रदेश पर कब्जा कर लिया था? (B.A. BED 2017)

(अ) 11वीं (ब) 12वीं (स) 13वीं (द) 14वीं

व्याख्या- उत्तरी मध्यप्रदेश की हिन्दू रियासत को 13वीं शताब्दी की शुरुआत में दिल्ली सल्तनत के सुल्तान शमसुद्दीन इल्तुतमिस ने दिल्ली में मिला लिया।

54. जनरल दोस्त मुहम्मद खान वास्तव में क्या थे? (Group 2 PEB 2017)

(अ) अफगान (ब) अरब (स) ईरानी (द) मंगोल

व्याख्या- म.प्र. की राजधानी भोपाल को आधुनिक रूप में स्थापित करने वाले जनरल दोस्त मोहम्मद खान वास्तव में अफगान थे।

55. नरेश मंधाता के पुत्र जिन्होंने गंधर्वों को हराया था- (State Engineering Service 2015)

(अ) मुचुकन्द (ब) पुरुकुत्स
(स) कीर्तवीर्य (द) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या- मंधाता इक्ष्वाकु वंश के प्रतापी राजा थे, इनका पुत्र पुरुकुत्स अति पराक्रमी था जिसने गंधर्वों को पराजित किया।

56. मांडू का शासक बाज बहादुर किस शासक के समकालीन था? (Diary Fed. Rec. Exam. 2016)

(अ) जहाँगीर (ब) बाबर
(स) अकबर (द) औरंगजेब

व्याख्या- बाजबहादुर मांडू का स्वतंत्र शासक था, वह अकबर का समकालीन था।

57. राजा महिष्मत ने नर्मदा के किनारे महिष्मती (महेश्वर) की स्थापना की। वे किस वंश के शासक थे-

(अ) गुर्जर वंश (ब) हैहय वंश
(स) इक्ष्वाकु वंश (द) यदुवंश।

व्याख्या- राजा महिष्मत जो 'हैहय वंश' के थे, ने नर्मदा के किनारे महिष्मती की स्थापना की थी। महिष्मती वर्तमान में महेश्वर के नाम से प्रसिद्ध है जो खरगोन जिले में है। कीर्तवीर्य अर्जुन इस वंश के प्रतापी राजा थे।

58. प्राचीन ग्रंथानुसार किस राजा के साथ रेवा (नर्मदा) का विवाह हुआ था-

(अ) पुरुकुत्स (ब) मांधाता
(स) मुचकुंद (द) महिष्मत।

व्याख्या- प्राचीन ग्रंथानुसार पुरुकुत्स के साथ रेवा का विवाह हुआ था। विवाह पश्चात रेवा का नाम नर्मदा रखा गया था।

59. किस नरेश ने नर्मदा के तट पर मांधाता नगरी (ओंकारेश्वर) को बसाया था-

(अ) राजामांधाता (ब) राजा पुरुकुत्स
(स) राजा महिष्मत (द) राजा मुचकुंद

व्याख्या- इक्ष्वाकु वंश के राजा मुचकुंद ने नर्मदा तट पर अपने पूर्वज नरेश मंधाता के नाम पर मन्धाता नगरी की स्थापना की।

60. तुंडीकर किस शहर का प्राचीन नाम है-

(अ) भोपाल (ब) सतना
(स) दमोह (द) सीधी।

व्याख्या- 'तुंडीकर, दमोह शहर का प्राचीन नाम है।

61. रामायण काल के शत्रुघ्न के पुत्र शत्रुघाती ने प्रदेश के किस स्थान पर शासन किया-

(अ) मालवा क्षेत्र (ब) ग्वालियर
(स) विदिशा (द) निमाड़।

व्याख्या- शत्रुघाती (रघुवंशी) ने विदिशा दशार्ण पर शासन किया एवं 'कुशावती' को अपनी राजधानी बनाया।

62. प्रदेश के 'मत्स्य जनपद' के राजाओं ने महाभारत में किस पक्ष से युद्ध लड़ा था-

(अ) कौरव (ब) पाण्डव
(स) स्वतन्त्र (द) कोई नहीं।

व्याख्या- 'मत्स्य जनपद' के राजाओं ने महाभारत में पाण्डवों की तरफ से युद्ध लड़ा था। इस युद्ध में वत्स, काशी, चेदि, दशार्ण व मत्स्य जनपदो के राजाओं ने पाण्डवो का साथ दिया।

63. निम्न में से कौनसी जनपद महाभारत युद्ध में पाण्डवों की ओर से युद्ध में शामिल नहीं हुए-

(अ) नील (महिष्मती) (ब) वत्स
(स) चेदि (द) काशी।

व्याख्या- (पाण्डवों की ओर से महाभारत युद्ध में प्रदेश के वत्स, काशी, चेदि, कारूज, दशार्ण एवं मत्स्य जनपद आदि ने युद्ध किया था।) कौरवों की ओर से नील (महिष्मति) अवंती, भोज विदर्भ निषाद राज्यों ने किया।

51.(स) 52.(अ) 53.(स) 54.(अ) 55.(ब) 56.(स) 57.(ब) 58.(अ) 59.(द) 60.(स) 61.(स) 62.(ब) 63.(अ)

64. निम्न में से किस राजा ने कौरवों की ओर से महाभारत के युद्ध में भाग नहीं लिया-
(अ) नील (ब) कारुष
(स) अंधक (द) बिन्द

व्याख्या- महाभारत के युद्ध में कौरवों की ओर से महिष्मती के नील, अवन्ति के बिन्द, भोज, अंधक, निषाद एवं विदर्भ के राजाओं ने युद्ध में भाग लिया था।

65. महाजनपद काल की 16 जनपदों में से एक बहुत बड़ी महाजनपद अवन्ति थी जिसकी एक राजधानी उज्जयिनी थी तथा दूसरी कौन सी है-
(अ) विदिशा (ब) अनूप
(स) महिष्मती (द) मांधाता।

व्याख्या- प्राचीन भारत में महाजनपद काल में 16 महाजनपद थे। एक महाजनपद अवन्ती था जिसकी एक राजधानी उज्जयिनी थी तथा दूसरी महिष्मती (महेश्वर)-खरगोन थी।

66. मध्यप्रदेश का क्रमबद्ध इतिहास किस काल से प्राप्त होता है?
(अ) गुप्तकाल (ब) शुंगकाल
(स) मौर्यकाल (द) महाजनपद काल

व्याख्या- म.प्र. का क्रमबद्ध इतिहास मौर्यकाल के पश्चात प्राप्त होता है।

67. उज्जैन और कसरावद के स्तूप, साँची एवं भरहुत के स्तूप आदि का निर्माण किस वंश के शासकों ने करवाया-
(अ) शुंगवंश (ब) गुप्तवंश
(स) मौर्यवंश (द) कुषाण वंश।

व्याख्या- उज्जैन, कसरावद, साँची एवं भरहुत के स्तूप का निर्माण मौर्यवंश के शासकों अशोक, बिंदुसार, द्वारा किया गया था।

68. भरहुत के विश्व प्रसिद्ध स्तूप जिनका निर्माण कार्य मौर्यकाल में हुआ वर्तमान में किस जिले में स्थित हैं-
(अ) उज्जैन (ब) सतना
(स) विदिशा (द) खरगोन।

व्याख्या- भरहुत के विश्व प्रसिद्ध स्तूप जिनका निर्माण कार्य मौर्यकाल में हुआ, वर्तमान में मध्यप्रदेश के सतना जिले में स्थित हैं। 1875 में कनिंघम (भारतीय पुरातत्व के जनक) द्वारा खोजा गया। (1873)

69. हेलियोडोरस द्वारा बनाया गया गरुड़ स्तम्भ मध्यप्रदेश के किस स्थान पर अवस्थित है-
(अ) विदिशा (ब) धार
(स) माण्डू (द) मण्डला।

व्याख्या- हेलियोडोरस का यह अनोखा स्तम्भ बेस नगर (विदिशा) में स्थित है, जो इस बात का भी प्रमाण है कि यूनानी, हिन्दू धर्म अपना सकते थे।

70. शुंगवंश के प्रतापी शासक पुष्यमित्र शुंग ने निम्न में से किस स्थान पर शासन किया था-
(अ) भोजपाल (ब) रायगढ़
(स) विदिशा (द) उज्जैनी।

व्याख्या- शुंग वंश के प्रतापी राजा पुष्यमित्र शुंग ने विदिशा को अपनी राजधानी बनाया था। पुष्यमित्र शुंग, मौर्य साम्राज्य में सेनापति हुआ करता था। जिसने मौर्य सम्राट बृहद्रथ की हत्या कर राज्य शुंग वंश की स्थापना की थी।

71. उदयगिरी की विश्व प्रसिद्ध गुफाएँ एवं तिगवा के मंदिरों का निर्माण किस वंश के शासकों ने करवाया-
(अ) गुप्तवंश (ब) शुंगवंश
(स) परमार वंश (द) कुषाणवंश।

व्याख्या- उदयगिरि की विश्व प्रसिद्ध गुफाएँ विदिशा एवं तिगवा के मंदिर (जबलपुर) का निर्माण गुप्त वंश के शासकों ने करवाया था।

72. प्राचीनकाल के मेकल क्षेत्र को वर्तमान में किस नाम से जाना जाता है-
(अ) अमरकंटक क्षेत्र (ब) मुलताई क्षेत्र
(स) पचमढ़ी क्षेत्र (द) विन्ध्याचल क्षेत्र

व्याख्या- प्राचीनकाल में मेकल क्षेत्र वर्तमान अमरकंटक क्षेत्र को कहते थे। यहीं पास से मेकाल श्रेणी का भाग भी उपस्थित है।

73. बौद्ध यात्री ह्वेनसांग ने मध्यप्रदेश के प्रमुख नगरों की यात्रा की। वह कहाँ का यात्री था-
(अ) फारसी (ब) अरबी
(स) चीनी (द) अमेरिकी।

व्याख्या- बौद्ध यात्री ह्वेनसांग ने म.प्र. के कई नगरों की यात्रा की थी। ह्वेनसांग 'चीनी' यात्री था और वह 7वी शताब्दी में हर्षवर्धन के काल में भारत आया था।

74. मध्यकाल में परमार वंश का शासन क्षेत्र था-
(अ) महाकौशल (ब) बुंदेलखण्ड
(स) विन्ध्यन प्रदेश (द) मालवा।

व्याख्या- मध्यकाल में परमार वंश का शासन, मालवा क्षेत्र में था। इस वंश के प्रमुख राजा भोज था।

75. परमार शासकों ने किस स्थान को अपनी राजधानी बनाया-
(अ) इन्दौर (ब) धार
(स) उज्जैन (द) खण्डवा।

व्याख्या- परमार वंश का संस्थापक हर्ष या सीयक था। परमार शासकों ने धार को अपनी राजधानी बनाई थी। इससे पूर्व उज्जैन थी, इनका शासन 15वीं शताब्दी तक रहा था। अकबर ने 1561 में मालवा पर आक्रमण किया था।

76. चंदेल शासकों का शासन क्षेत्र कहाँ रहा है-
(अ) विन्ध्यन प्रदेश (ब) बुंदेलखण्ड
(स) मालवा (द) महाकौशल।

व्याख्या- चंदेल वंश का संस्थापक नन्नुक था। चंदेल शासकों का शासन बुंदेलखण्ड पर था। इन्होंने 9वीं शताब्दी में छतरपुर के पास खजुराहो में मंदिरों का निर्माण भी कराया था।

64.(ब) 65.(स) 66.(स) 67.(स) 68.(ब) 69.(अ) 70.(स) 71.(अ) 72.(अ) 73.(स) 74.(द) 75.(ब) 76.(ब)

77. राजा मुंज और राजा भोज किस वंश के प्रतापी राजा रहे हैं-

(अ) होलकर (ब) परमार
(स) चोल (द) चंदेल।

व्याख्या- राजा मुंज और राजा भोज, परमार वंश के प्रतापी राजा थे। इनका शासन धार जिले में था। मुंज ने धार में मुंज सागर झील बनवाई।

78. 'किस वंश के शासकों ने 'खजुराहो' के विश्व प्रसिद्ध मन्दिरों का निर्माण करवाया-

(अ) चोल (ब) चंदेल
(स) परमार (द) होलकर।

व्याख्या- खजुराहो के विश्व प्रसिद्ध मंदिरों का निर्माण चंदेल शासकों ने 9वीं शताब्दी में करवाया था। इन मंदिरों में कंदरिया महादेव, चौंसठ योगिनी आदि प्रमुख है।

79. वर्तमान के किस क्षेत्र का प्राचीन नाम 'जेजाक भुक्ति' था-

(अ) मालवा (ब) बुन्देलखण्ड
(स) विन्ध्यन प्रदेश (द) सतपुड़ा क्षेत्र।

व्याख्या- महाकाव्य काल में बुदेलखंड का प्राचीन नाम 'जेजाक भुक्ति' था।

80. यशोवर्मन किस वंश का पराक्रमी शासक था-

(अ) चोल (ब) चालुक्य
(स) चन्देल (द) कल्चुरी।

व्याख्या- यशोवर्मन, लक्ष्मण वर्मन हर्ष का पुत्र एवं उत्तराधिकारी था इसने खजुराहो का विष्णु मंदिर बनवाया तथा कन्नौज पर आक्रमण किया। तथा देवपाल को पराजित कर विष्णु मूर्ति प्राप्त की थी तथा जिसके काल में चंदेल शक्ति चरमोत्कर्ष पर थी तथा उसने गौड़ खस, कौशल, कश्मीर, मालवा, चेदि, कुरू, गुर्जर आदि पर विजय प्राप्त की।

81. स्थापत्य कला का अनोखा नमूना 'खजुराहो के मंदिरों' का निर्माण किस चंदेल शासक के शासनकाल में हुआ-

(अ) यशोवर्मन (ब) धंगदेव
(स) गंडदेव (द) कीर्तिवर्मन।

व्याख्या- धंगदेव ने पार्श्वनाथ, विश्वनाथ, वैद्यनाथ मंदिर का निर्माण कराया। शासक धंगदेव को चंदेलों की वास्तविक स्वाधीनता का जन्मदाता माना जाता है और इसके शासनकाल (950 से 999 ई.) में खजुराहो के मंदिरों का निर्माण प्रारंभ हुआ।

82. परमार वंश के संस्थापक कौन थे (प्रारम्भिक)-

(अ) भोज (ब) मुंज
(स) कृष्णराज (उपेन्द्र) (द) सीयक (श्रीहर्ष)

व्याख्या- परमार वंश की स्थापना तो कृष्णराज या उपेन्द्र ने की थी, परन्तु इस वंश का प्रथम स्वतन्त्र एवं प्रतापी राजा सीयक अथवा श्रीहर्ष था। राजधानी धारा नगरी थी। प्राचीन राजधानी उज्जैन थी।

83. 'कविराज' की उपाधि धारण करने वाला परमार शासक कौन था-

(अ) धंग (ब) भोज
(स) कृष्णराज (द) श्रीहर्ष।

व्याख्या- 'कविराज' की उपाधि धारण करने वाला परमार वंश का प्रतापी राजा भोज था। राजा भोज धार का शासक था।

84. कविराज राजा भोज द्वारा रचित निम्न ग्रन्थों में से उनका ग्रन्थ कौनसा नहीं है-

(अ) समरांगणसूत्र धार (वास्तु शास्त्र)
(ब) सिद्धान्त संग्रह
(स) तत्वप्रकाश (शैव ग्रंथ) (द) मालविकाग्निमित्रम्

व्याख्या- राजा भोज के अन्य ग्रन्थ हैं- सरस्वतीकंठाभरण, राजामार्तंड, योगसूत्रवृत्ति, विद्याविनोद, युक्ति कल्पतरु, चारुचर्चा, प्राकृत व्याकरण, शब्दानुशासन इत्यादि। मालविकाग्निमित्रम, कालिदास का ग्रंथ है।

85. राजा भोज के द्वारा बनवाया गया सर्वाधिक प्रसिद्ध 'सरस्वती' मंदिर किस स्थान पर अवस्थित है-

(अ) माण्डू (ब) धार
(स) इन्दौर (द) रतलाम।

व्याख्या- राजा भोज द्वारा बनवाया गया सर्वाधिक प्रसिद्ध "सरस्वती मंदिर" धार में स्थित है। इसे वर्तमान में भोजशाला के नाम से जाना जाता है।

86. किस प्रसिद्ध शासक की मृत्यु के बाद उसके लिये यह लोकोक्ति प्रसिद्ध है कि- उसकी मृत्यु से विद्या और विद्वान दोनों निराश्रित हो गये।

(अ) जयसिंह (ब) मुंज
(स) भोज (द) श्रीहर्ष।

व्याख्या- राजा भोज की मृत्यु के पश्चात लोकोक्ति प्रसिद्ध हुई थी कि उसकी मृत्यु से विद्या और विद्वान दोनों निराश्रित हो गये, क्योंकि राजा भोज एक प्रतापी शासक थे एवं कविराज के नाम से जाने जाते थे।

87. कल्चुरी वंश की राजधानी त्रिपुरी (जबलपुर) थी इस वंश के संस्थापक शासक कौन थे-

(अ) लक्ष्मणराज (ब) कर्णदेव
(स) कोकल्ल (द) गांगेयदेव।

व्याख्या- कल्चुरी वंश के संस्थापक शासक कोकल्ल के बारे में विलहारी लेख में लिखा है कि समस्त पृथ्वी को विजित कर उसने दक्षिण में कृष्णराज एवं उत्तर में भोज को अपने दो कीर्तिस्तम्भ के रूप में स्थापित किया।

88. राजा मानसिंह, जिनका कार्यक्षेत्र ग्वालियर रहा है, वे किस वंश के शासक थे-

(अ) परमार (ब) तोमर
(स) हैहय (द) सिंधिया।

व्याख्या- राजा मानसिंह तोमर वंश के थे। इन्होंने ग्वालियर पर शासन किया। वे मुगल सम्राट अकबर के सेनापति थे। मृगनयनी से प्रेम के कारण प्रसिद्ध है।

77.(ब) 78.(ब) 79.(ब) 80.(स) 81.(ब) 82.(स) 83.(ब) 84.(द) 85.(ब) 86.(स) 87.(स) 88.(ब)

89. किस मुगल शासक ने 'मंदसौर के युद्ध' में गुजरात के शासक बहादुरशाह जफर को हराकर पश्चिमी मध्यप्रदेश पर शासन स्थापित किया-

(अ) हुमायूं (ब) अकबर

(स) औरंगजेब (द) जहाँगीर।

व्याख्या- मुगल सम्राट हुमायूं ने 1535-36 में "मंदसौर के युद्ध" में गुजरात के शासक बहादुर शाह जफर को हराकर पश्चिमी मध्यप्रदेश पर शासन किया था।

90. बाजबहादुर से मालवा किस मुगल शासक ने छीना-

(अ) बाबर (ब) अकबर

(स) औरंगजेब (द) जहाँगीर।

व्याख्या- मुगल सम्राट अकबर ने परमार वंश के राजा बाजबहादुर के मालवा क्षेत्र को '1561' में अपने राज्य में मिलाया।

91. मालवा के सुल्तानों ने किस स्थान पर हिंडोला महल, जहाज महल एवं रानी रूपमती के महल का निर्माण किया-

(अ) इन्दौर (ब) धार

(स) माण्डू (द) उज्जैन।

व्याख्या- मालवा के सुल्तानों ने धार जिले में 'माण्डू' में हिंडोला महल, जहाज महल एवं रानी रूपमती के महल का निर्माण कराया था। मांडू के महलों में बाजबहादुर और उनकी प्रेयसी रानी रूपमती की कहानियाँ काफी प्रचलित थी।

92. गोंडवाना क्षेत्र की रानी दुर्गावती के विरुद्ध युद्ध करने के लिये किस शासक ने आसफ खाँ को भेजा था- 1564

(अ) बाबर (ब) अकबर

(स) औरंगजेब (द) जहाँगीर।

व्याख्या- गोंडवाना क्षेत्र की रानी दुर्गावती से युद्ध, अकबर के शासन काल में हुआ। इसकी कमान अकबर ने 'आसफ खाँ' को सौंपी थी। सन् 1564 में हुए इस युद्ध में मुगल सेना विजयी हुई।

93. अकबर ने ग्वालियर को किस वर्ष में अपने अधिकार में ले लिया था-

(अ) 1558 (ब) 1559

(स) 1560 (द) 1561

व्याख्या- अकबर ने ग्वालियर को अपने राज्य में '1559' से मिलाया था। तब अकबर की उम्र मात्र 17 वर्ष की थी। अकबर ने 1561 में मालवा विजय किया।

94. माण्डू में चित्तौड़ विजय के उपलक्ष्य में किस शासक ने 'विजय स्तम्भ' का निर्माण करवाया-

(अ) होशंगशाह (ब) बाजबहादुर

(स) मेहमूदशाह (द) आसफ खाँ

व्याख्या- माण्डू में चित्तौड़ विजय में उपलक्ष्य में मेहमूदशाह ने विजय स्तम्भ का निर्माण कराया था।

95. साहस व देशभक्ति के लिये भारतीय इतिहास में अमर रानी दुर्गावती का किस क्षेत्र से सम्बन्ध था-

(अ) महाकौशल (ब) गढ़मण्डल

(स) झाँसी (द) मध्य क्षेत्र।

व्याख्या- भारतीय इतिहास में नारी शक्ति एवं साहस की प्रतीक रानी दुर्गावती, गोंडवाना क्षेत्र के गढ़मंडल की शासिका थी। इनके पति छत्रसाल शाह थे। दलपत

96. रानी दुर्गावती से अकबर के किस सिपाहसालार ने युद्ध किया और रानी को पराजित किया- (1564)

(अ) आसफ खाँ (ब) सुमेरसिंह

(स) बाजबहादुर (द) कोई नहीं।

व्याख्या- रानी दुर्गावती से सुलह-समझौता करने के लिये, अकबर ने अपने सिपहसलाहकार- आसफ खाँ को भेजा था पर युद्ध के आखिरी क्षणों में रानी दुर्गावती ने आत्महत्या कर ली। (1564)

97. भोंसले ने किस क्षेत्र में अपने स्वतन्त्र राज्य की स्थापना की-

(अ) इन्दौर (ब) ग्वालियर (स) नागपुर (द) भोपाल

व्याख्या- इन्दौर पर होलकर ने, ग्वालियर पर सिंधिया ने तथा नागपुर पर भोंसले एवं बड़ौदा में गायकवाड़ ने अपने-अपने स्वतन्त्र राज्यों की स्थापना की।

98. म.प्र. के निम्नलिखित स्थल में से सम्राट अशोक का शिलालेख नहीं मिला है

(अ) गुर्जरा (दतिया), रूपनाथ (जबलपुर)

(ब) साँची (रायसेन), पनगुड़रिया (सीहोर)

(स) विदिशा एवं भोपाल

(द) भरहुत (सतना) एवं सारोभारो (शहडोल)

व्याख्या- म.प्र. में अशोक के शिलालेख गुर्जर (दतिया) (नाम उल्लेख), रूपनाथ (जबलपुर) साँची (रायसेन) पानगुडरिया (सिहोर) भरहुत एवं सारो मारो में मिलते हैं जबकी विदिशा एवं भोपाल से प्राप्त नहीं हुए।

99. म.प्र. के निम्न पुरातात्विक स्थल से अशोक के नाम की पुष्टि हुई है-

(अ) एरण (सागर) (ब) साँची (रायसेन)

(स) भरहुत (सतना) (द) गुर्जरा (दतिया)

व्याख्या- 'म.प्र. के गुर्जरा (दतिया) पुरातात्विक स्थल से अशोक के नाम की पुष्टि होती है। अशोक के शासनकाल एवं उसकी उपलब्धियों के बारे में उसके शिलालेख द्वारा जानकारी मिलती है।

100. कालीदास के किस ग्रन्थ में दुष्यंत और शकुन्तला की प्रेम कहानी का वर्णन है?

(अ) मालविकाग्निमित्रम् (ब) विक्रमोर्वशीयम

(स) अभिज्ञान शाकुन्तलम् (द) मेघदूत।

व्याख्या- कालिदास की प्रसिद्ध कृति "अभिज्ञान शांकुतलम" नाटक में राजा दुष्यंत एवं शकुंतला की प्रेमकथा का वर्णन किया गया।

89.(अ) 90.(ब) 91.(स) 92.(ब) 93.(ब) 94.(स) 95.(ब) 96.(अ) 97.(स) 98.(स) 99.(द) 100.(स)

**101. हैहय राजाओं में सबसे प्रतापी राजा कौन थे?**

(अ) कीर्तवीर्य अर्जुन (ब) महिष्मत
(स) भड़ श्रेव्य (द) त्रिशंकु।

व्याख्या- हैहय वंश के राजाओं में सबसे प्रतापी राजा कीर्तवीर्य अर्जुन था।

**102. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का त्रिपुरी सम्मेलन कहाँ हुआ?**

(अ) कलकत्ता (ब) पुणे
(स) जबलपुर (द) लखनऊ।

व्याख्या- मध्यप्रदेश के जबलपुर के त्रिपुरी में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का बावनवाँ सम्मेलन 1939 में सम्पन्न हुआ जिसके अध्यक्ष नेताजी सुभाषचन्द्र बोस बने थे।

**103. किस वंश ने ओरछा को बुन्देलखण्ड की राजधानी बनाया था?**

(अ) बुंदेला (ब) चंदेल
(स) मुगल (द) सिंधिया।

व्याख्या- मध्यप्रदेश में बुंदेला वंश ने ओरछा को बुंदेलखंड की राजधानी बनाया। इसके संस्थापक सोहपान थे।

**104. ताम्रपाषाण संस्कृति से सम्बन्धित स्थल 'कायथा' किस जिले में स्थित है।**

(अ) इन्दौर (ब) उज्जैन
(स) शाजापुर (द) बुरहानपुर

व्याख्या- कायथा म.प्र. की सबसे पहली ताम्रपाषाण कालीन बस्ती है और यह उज्जैन जिले में स्थित है तथा यहाँ से चूड़ियाँ और कुल्हाड़ी प्राप्त हुई हैं। कायथा, खगोलशास्त्री वराहमिहिर की जन्मस्थली भी है।

**105. रामायण काल में म.प्र. के शासक कौन थे।**

(अ) राजा पुरुकुत्स (ब) राजा मांधाता
(स) राजा महिष्मत (द) यदुवंशी नरेश मधु

व्याख्या- रामायण काल में यदुवंशी नरेश मधु जो दण्डक शासक थे और अयोध्या नरेश दशरथ के समकालीन थे।

**106. म.प्र. में द्रविड शैली का बना एकमात्र सास-बहू, मन्दिर किसने बनवाया था -**

(अ) राजा जयबल ने (ब) राजा धंग ने
(स) महिपाल ने (द) राजा भोज ने

व्याख्या- इसका निर्माण कछवाहा शासक महिपाल द्वारा 1093 ई. में निर्माण कराया। यह मन्दिर ग्वालियर में स्थित है। इस मंदिर में भगवान विष्णु की मूर्ति है।

**107. मध्यप्रदेश के शहडोल जिले से कुषाण शासको की निधि से किस शासक के सिक्कें प्राप्त हुए।**

(अ) कनिष्क प्रथम (ब) विम कैडफिसेस
(स) वासिष्क (द) वासुदेव प्रथम

व्याख्या- शहडोल से 44 सिक्के विम कैडफिसस के है।

**108. जंतर-मंतर वेधशाला का निर्माण किस शासक ने करवाया।**

(अ) मल्हारराव होल्कर (ब) राजा भोज
(स) भानुगुप्त (द) राजा सवाई जयसिंह ने

व्याख्या- जयपुर के राजा सवाई जयसिंह ने अठारहवीं सदी में जंतर-मंतर वेधशाला का निर्माण कराया। जो उज्जैन में स्थित है।

**109. सिंधिया वंश के संस्थापक कौन थे।**

(अ) जीवाजी राव सिंधिया (ब) राणोजी सिंधिया
(स) सिंधुराज सिंधिया (द) इनमें से कोई नहीं।

व्याख्या- सिंधिया वंश के संस्थापक राणोजी सिंधिया थे।

**110. चरण पादुका नरसंहार किसके आदेश पर किया गया।**

(अ) ह्यूरोज (ब) डायर
(स) फिशर (द) कोलिंग केम्पबेल

व्याख्या- 14 जनवरी 1931 को चरण पादुका में स्वतंत्रता सेनानियों की सभा पर गोलियाँ चलाने का आदेश अंग्रेज पोलिटिकल एजेन्ट फिशर ने दिया। यह स्थान छतरपुर में स्थित है। इसकी तुलना जलियाँवाला बाग से की जाती है।

**111. ''बाँधोगढ'' किस वंश की राजधानी है।**

(अ) नागवंश (ब) गुप्त वंश
(स) शुंग वंश (द) मघाराज वंश

व्याख्या- म.प्र. के बघेलखण्ड, मुख्यत; रीवा में मघाराज वंश का शासन था। इस वंश का प्रथम राजा वशिष्ठी पुत्र भीमसेन के पुत्र कौत्सीपुत्र पोठसि ने अपनी राजधानी ''बाधोगढ़'' को बनाया।

**112. मध्यप्रदेश से प्राप्त एरण अभिलेख किस गुप्त शासक के समय का है।**

(अ) स्कन्द गुप्त (ब) समुद्र गुप्त
(स) भानु गुप्त (द) उपगुप्त

व्याख्या- मध्यप्रदेश के सागर जिले के एरण से प्राप्त हुआ है, जो भानु गुप्त के समय का है। जिसमें भानुगुप्त को महान राजा बताया गया है। एरण अभिलेख से सर्वप्रथम सती प्रथा का साक्ष्य मिलता है।

**113. ओरछा की स्थापना किस शासक ने की थी।**

(अ) राजा छत्रसाल ने (ब) राजा रूद्रप्रताप ने
(स) भारती चन्द्र ने (द) समुद्रगुप्त ने

व्याख्या- ओरछा की स्थापना 1531 ई. में राजा रूद्रप्रताप ने की थी तथा 1539 ई. में भारतीचन्द्र के समय गढ़कुण्डार के स्थान पर ओरछा को बुन्देलखण्ड की राजधानी बनाया गया था।

**114. ''तुमैन अभिलेख'' कहाँ स्थित है।**

(अ) दतिया (ब) निमाड़ में
(स) विदिशा (द) अशोक नगर

101.(अ) 102.(स) 103.(अ) 104.(ब) 105.(द) 106.(स) 107.(ब) 108.(द) 109.(ब) 110.(स) 111.(द)
112.(स) 113.(ब) 114.(द)

व्याख्या- तुमैन अभिलेख अशोक नगर जिले में है। इसमें राजा को "शरद्कालीन सूर्य की भाँति" बताया गया है।

**115. चंदेल वंश के संस्थापक कौन थे।**

(अ) नन्नूक (ब) धंग
(स) यशोवर्मन (द) परमार्दिदेव

व्याख्या- इसकी स्थापना 831 में नन्नूक ने की थी, इसकी राजधानी खजुराहो में थी जो जिला छतरपुर में स्थित है। तथा इस वंश को जेजाकभुक्ति भी कहा जाता है।

**116. चेदि वंश की स्थापना किसने की।**

(अ) नरेश मुन्ज (ब) कोक्कल प्रथम
(स) गांगेयदेव (द) विजय सिंह

व्याख्या- चेदि वंश की स्थापना कोक्कल प्रथम ने 850 ई. में की जिसकी राजधानी त्रिपुरी (टेबर) जबलपुर के निकट थी।

**117. साँची के स्तूप की रेंलिग का निर्माण किस राजा ने कराया।**

(अ) अशोक (ब) पुष्यमित्र शुंग
(स) चन्द्रगुप्त मौर्य (द) समुद्रगुप्त

व्याख्या- साँची के स्तूप का निर्माण अशोक ने कराया था तथा रेलिंग का निर्माण पुष्यमित्र शुंग ने कराया तथा यह रायसेन जिले में स्थित है।

**118. अकबर ने तानसेन को किसके दरबार से बुलवाया था।**

(अ) रामचन्द्र (ब) श्याम भगत
(स) यशोवर्मन (द) मानसिंह

व्याख्या- अकबर ने जलाल खाँ को रीवा नरेश रामचन्द्र के दरबार में तानसेन को बुलाने के लिए भेजा।

**119. ताजुल मस्जिद का निर्माण किसने करवाया।**

(अ) फाजिल खाँ बेगम (ब) नवाब अली बेगम
(स) नवाब शाहजहाँ बेगम (द) उपरोक्त सभी।

व्याख्या- भोपाल शहर की ताजुल मस्जिद का निर्माण नवाब शाहजहाँ बेगम ने कराया। यह मस्जिद एशिया की सबसे बड़ी मस्जिद है।

**120. महाकाव्य काल में उल्लिखित कौन-सा नगर वर्तमान मध्यप्रदेश में नहीं है? (पर्यटन विभाग ( सहायक ग्रेड-3 ), 2013 )**

(अ) माहिष्मति (ब) कुंतलपुर
(स) विराटपुरी (द) जनकपुरी

व्याख्या- महाकाव्य कालीन नगर जनकपुरी मध्य प्रदेश में नही है।

**121. छठी शताब्दी ई. पू. के 16 महाजनपदों में निम्न में से वर्तमान में मध्यप्रदेश में है। (पर्यटन विभाग ( सहायक ग्रेड-3 ), 2013 )**

(अ) अवंति (ब) काशी
(स) कोशल (द) वज्जि

व्याख्या- 16 महाजनपदों में से दो महाजनपद अवंति तथा चेदि मध्य प्रदेश में था। इस अवंती महाजनपद की राजधानी उज्जैन थी।

**122. मौर्यों के पश्चात् किस वंश के शासकों का शासन वर्तमान मध्यप्रदेश पर नहीं था? ( पर्यटन विभाग ( सहायक ग्रेड-3 ), 2013 )**

(अ) शुंग (ब) कुषाण
(स) सातवाहन (द) गुप्त

व्याख्या- मौर्य वंश के बाद मध्य प्रदेश में शुंग वंश सातवाहन और गुप्त वंश का साम्राज्य रहा। कुषाण वंश का साम्राज्य मध्य प्रदेश में नही रहा।

**123. स्वतन्त्रता सेनानी तात्या टोपे को फाँसी पर मध्य प्रदेश में कहाँ लटकाया गया था? ( असीस्टेन्ट सब इंस्पेक्टर परीक्षा- 2013 )**

(अ) इन्दौर (ब) शिवपुरी
(स) मण्डला (द) रीवा

व्याख्या- स्वतन्त्रता सेनानी तात्या टोपे को फाँसी पर मध्यप्रदेश के शिवपुरी में लटकाया गया था।
नरवर के सामंत मानसिंह की सहायता से तात्या टोपे को गिरफ्तार कर 18 अप्रेल 1859 को शिवपुरी में शाम 7 बजे मृत्यु दण्ड दिया गया।

**124. मध्य प्रदेश के किस शहर को अवन्ती के नाम से भी जाना जाता है? ( मध्यप्रदेश सहायक ग्रेड-3, 2013 )**

(अ) उज्जैन (ब) रीवा
(स) जबलपुर (द) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या- 6वीं शताब्दी ईसा पूर्व में म.प्र. में अवन्ति दूसरा बड़ा जनपद था। यह दो प्रान्तों में विभक्त था, उत्तर अवन्ति की राजधानी उज्जैयनी तथा दक्षिण की राजधानी महिष्मती थी। महिष्मती को अब महेश्वर के नाम से जाना जाता है। उज्जैन को अवंति के नाम से जाना जाता है।

**125. ऐरण के एक विशालकाय वराह मूर्ति पर किस शासक के प्रथम वर्ष के शासनकाल का उल्लेख है-**

(अ) चन्द्रगुप्त प्रथम (ब) चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य
(स) अशोक (द) तोरमाण

व्याख्या- सागर जिले में स्थित ऐरण (प्राचीन नाम ऐरिकेण) प्राचीन नदी बेग्वा (वर्तमान नाम- बीना नदी) के दक्षिण तट पर स्थित पुरातात्विक स्थल है। ऐरण के एक विशालकाय वराह मूर्ति पर तोरमाण शासक के प्रथम वर्ष के शासनकाल का उल्लेख है।

**126. म.प्र. के पुरातत्वविद अरुण सोनकिया ने सन् 1982 में मध्यप्रदेश के किस स्थान पर मानव जीवाश्म 'आस्ट्रेलोपिथेकस नर्मेन्दिस' खोजा था।**

(अ) नावदाटोली (ब) हथनौरा
(स) कसरावद (द) इन्द्रगढ़

व्याख्या- सन् 1982 में पुरातत्वविद अरुण सोनकिया जी ने होशंगाबाद जिले में नर्मदा नदी किनारे स्थित हथनौरा नामक स्थान पर मानव जीवाश्म आस्ट्रेलोपिथेकस नर्मेन्दिस खोजा था।

115.(अ) 116.(ब) 117.(ब) 118.(अ) 119.(स) 120.(द) 121.(अ) 122.(ब) 123.(ब) 124.(अ) 125.(द) 126.(ब)

127. छठी शताब्दी ई.पू. के लगभग उत्तर भारत में 16 महाजनपद स्थापित थे। इनमें से मध्यप्रदेश के इतिहास से संबंधित महाजनपद कौन थे।

(अ) अवन्ति (ब) चेदि
(स) अवन्ति व चेदि दोनों (द) शूरसेन (यादव मथुरा)

व्याख्या- 6वीं शताब्दी के महाजनपद अवंति एवं चेदि मध्यप्रदेश के इतिहास से संबंधित रहे हैं।

128. मध्यप्रदेश का निम्नलिखित में से कौन-सा स्थल मौर्य सम्राट अशोक से संबंधित नहीं रहा है-

(अ) उज्जैयिनी (ब) सांची
(स) विदिशा (द) सागर

व्याख्या- मौर्य सम्राट अशोक से मध्यप्रदेश के स्थल उज्जैयिनी, सांची, विदिशा, गुर्जरा (दतिया) रूपनाथ (जबलपुर) संबंधित रहे हैं जबकि सागर जिला अशोक से संबंधित नहीं रहा है।

129. आजकल मध्यप्रदेश के कौन से ऐतिहासिक स्थल को 'खामबाबा' के नाम से जाना जाता है-

(अ) गरुड़ स्तंभ (विदिशा)
(ब) भर्तृहरि की गुफाएँ (उज्जैन)
(स) भरहुत स्तूप (सतना)
(द) पशुपतिनाथ शिवलिंग (मंदसौर)।

व्याख्या- विदिशा में स्थित गरुड़ स्तंभ को आजकल खामबाबा के नाम से पुकारा जाता है। इस पर उत्कीर्ण लेख से प्रमाणित होता है कि यूनानी राजपूत हेलियोडोरस ने 'भागवत धर्म' स्वीकार किया था।

130. कलचुरि वंश के किस शासक को उसकी सैनिक उपलब्धियों के कारण ''हिन्दू नेपोलियन'कहा जाता है-

(अ) वामराजदेव (ब) युवराजदेव प्रथम
(स) कर्णदेव (द) गांगेयदेव

व्याख्या- त्रिपुरी के कलचुरि वंश के शासक कर्णदेव को उसकी सैनिक उपलब्धियों के कारण 'हिन्दू नेपोलियन' कहा जाता है।

131. ग्वालियर के तोमर वंश के किस शासक ने संगीत के प्रमुख ग्रंथ 'मानकौतुहल' की रचना की-

(अ) राजा विक्रमादित्य तोमर (ब) राजा मानसिंह तोमर
(स) राजा कीर्तिसिंह तोमर (द) राजा वीरसिंह देव तोमर

व्याख्या- ग्वालियर के तोमर वंश के शासक राजा मानसिंह तोमर ने संगीत के प्रमुख ग्रंथ 'मानकौतुहल' की रचना की। इसके अलावा ग्वालियर में गूजरी महल एवं मानमंदिर का निर्माण करवाया।

132. उज्जैन में स्थित 'वेश्य टेकरी स्तूप' का निर्माण किस शासक ने करवाया था-

(अ) चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य ने (ब) राजा भर्तृहरि ने
(स) राजा भोज ने (द) मौर्य सम्राट अशोक ने

व्याख्या- अपनी वैश्य पुत्री रानी के लिए उज्जैन में वेश्य टेकरी स्तूप का निर्माण मौर्य सम्राट अशोक ने कराया था।

133. ओरछा को किस बुंदेला शासक ने बुंदेलखण्ड की राजधानी बनाया था-

(अ) राजा छत्रसाल ने (ब) राजा वीरसिंह जूदेव ने
(स) राजा जुझारसिंह जूदेव ने (द) राजा भारतीचन्द्र ने

व्याख्या- ओरछा को सन् 1539 में बुंदेला शासक भारतीचन्द्र ने बुंदेलखण्ड की राजधानी बनाया था।

134. गोण्डवाना शासिका रानी दुर्गावती किस चंदेल शासक की राजकुमारी थी-

(अ) विजयपाल (ब) देववर्मन
(स) यशोवर्मन (द) कीरतसिंह

व्याख्या- चंदेलशासक कीरतसिंह की पुत्री (राजकुमारी) का नाम दुर्गावती था, जिसका विवाह गोंडवाना शासक संग्रामशाह के पुत्र (राजकुमार) दलपतशाह से सन् 1546 में हुआ। दलपतशाह की मृत्यु के बाद गोण्डवाना राज्य की शासिका रानी दुर्गावती बनी जो सन् 1564 में अकबर की सेना से युद्ध करते हुए वीरगति को प्राप्त हुई।

135. कलचुरि- चेदि वंश के किस शासक को उज्जैयिनी भुजंग कहा गया है-

(अ) कोकल्ल को (ब) युवराज प्रथम को
(स) गांगेयदेव को (द) विक्रमादित्य को

व्याख्या- राजेश्वर की रचना विद्धशालभंजिका में कलचुरि चेदि वंश के शासक युवराज प्रथम को ''उज्जैयिनी भुजंग' कहा गया है।

136. भोपाल राज्य की स्थापना किसने की-

(अ) बेगम जहाँआरा ने (ब) बेगम सुल्तान जहाँ ने
(स) दोस्त मोहम्मद खान ने (द) मोहम्मद असगर अली ने

व्याख्या- दोस्त मोहम्मद खान ने मराठा साम्राज्य के पतन (1761) के बाद भोपाल राज्य की स्थापना की जबकि भोपाल नगर 10वीं 11वीं सदी में परमार वंश के राजा भोज ने बसाया था।

137. चीनी यात्री ह्वेनसांग ने किस स्थल का भ्रमण किया था।

(अ) महिष्मति (ब) चन्देरी
(स) उज्जैयिनी (द) दशपुर

व्याख्या- चीनी यात्री ह्वेनसांग जो राजा हर्षवर्धन के शासनकाल में सातवीं शताब्दी में आया उसने मध्यप्रदेश के महिष्मति (महेश्वर) स्थल का भ्रमण किया था।

138. भेड़ाघाट में गौरीशंकर महादेव का विख्यात मंदिर किसने बनवाया

(अ) चंदेल (ब) परमार
(स) कल्चुरि (द) चोल

व्याख्या- भेड़ाघाट में गौरीशंकर महादेव का विख्यात मंदिर त्रिपुरी के कल्चुरि शासकों ने बनवाया था।

127.(स) 128.(द) 129.(अ) 130.(स) 131.(ब) 132.(द) 133.(द) 134.(द) 135.(ब) 136.(स) 137.(अ) 138.(स)

139. राजा भर्तृहरि की गुफाएँ किस वंश के राजाओं ने बनवायी थी-
(अ) परमार वंश (ब) पाल वंश
(स) गुप्त वंश (द) कल्चुरि वंश

व्याख्या- उज्जैन स्थित राजा भर्तृहरि की गुफाओं का निर्माण 11वीं शताब्दी परमार वंश के राजाओं ने करवाया था।

140. गुप्त वंश का राजकीय चिन्ह क्या था-
(अ) गरुड़ (ब) बाघ
(स) मछली (द) धनुष

व्याख्या- एरण (सागर) अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार गुप्त वंश का राजकीय चिन्ह गरुड़ था।

141. पुरातात्विक स्थल 'कायथा' के बारे में कौन-सा कथन सत्य है-
(अ) कायथा (कायिस्थ) उज्जैन के समीप स्थित ताम्रपाषाणयुगीन स्थल है
(ब) कायथा का उत्खनन पुरातत्वशास्त्री श्री वाकणकर के नेतृत्व में हुआ है
(स) कायथा वराहमिहिर की जन्मस्थली है
(द) उपर्युक्त सभी

व्याख्या- कायथा के बारे उपर्युक्त सभी कथन सत्य हैं।

142. महाभारत कालीन अंगराज कर्ण की जन्मस्थली माना जाता है
(अ) कुतवार आसननदी (मुरैना) (ब) सूर्यवाह मंदिर मुरैना
(स) पवाया (पदमावती) डबरा (द) करनाल (हरियाणा)

व्याख्या- महाभारत कालीन सूर्यपुत्र अंगराज कर्ण का जन्म मुरैना जिला के आसन नदी के समीप कुतवार नामक स्थान को माना जाता है। किवदंती है कि कुंती ने आसन नदी में ही कर्ण को प्रवाहित कर दिया था।

143. राजा मुचकुंद की गुफा कहाँ पर स्थित है-
(अ) भिण्ड (ब) मुरैना
(स) खण्डवा (द) होशंगाबाद

व्याख्या- पुराणों के अनुसार देवासुर संग्राम के बाद मुरैना जिले के अंतर्गत आने वाली एक गुफा में राजा मुचकुंद ने विश्राम किया था जिसे राजा मुचकुंद की गुफा के नाम से जाना जाता है। राजा मुचकुंद को नाटकीय ढंग से भगवान श्रीकृष्ण ने कंस के मित्र कालयवन से निद्रा से जगवाया था जो भस्म हो गया था।

144. विदर्भ के प्रतापी शासक भीमरथ की कन्या जिसका विवाह नलपुर के राजा नल से हुआ उसका नाम था-
(अ) कलावती (ब) राजवसंती
(स) दमयंती (द) विद्योत्तमा

व्याख्या- विदर्भ के प्रतापी शासक भीमरथ की कन्या जिसका विवाह नलपुर (नरवर) के राजा नल के साथ हुआ था उसका नाम दमयंती था

145. बिन्दुसार के शासनकाल में सम्राट अशोक कहाँ पर 11 वर्षो तक कुमारपाल (राज्यपाल) रहे।
(अ) विदर्भ (ब) महाकौशल
(स) उज्जैयिनी (द) दशार्ण

व्याख्या- बिन्दुसार के शासनकाल में सम्राट अशोक उज्जैयिनी के 11 वर्षो तक कुमारपाल (राज्यपाल) रहे।

146. शुंग शासक पुष्यमित्र ने अपने पुत्र अग्निमित्र को कहाँ का शासक बनाया था-
(अ) विदिशा (ब) उज्जैयिनी
(स) सतना (द) महिष्मति

व्याख्या- शुंग शासक पुष्यमित्र ने अपने पुत्र अग्निमित्र को विदिशा का शासक बनाया था।

147. हर्षवर्धन के शासनकाल में आये चीनी यात्री ह्वेनसांग ने मध्यप्रदेश के किन प्राचीन नगरों का अपनी यात्रा में विवरण किया है।
(अ) उज्जैयिनी (ब) महिष्मति
(स) (अ) और (ब) दोनों (द) माण्डू

व्याख्या- हर्षवर्धन के शासनकाल में आये चीनी यात्री ह्वेनसांग ने मध्यप्रदेश के प्राचीन नगर उज्जैयिनी एवं महिष्मति का अपनी यात्रा में विवरण किया है।

148. किस किले की दीवारों पर 'बिहारी सतसई' के दोहे उत्कीर्ण हैं-
(अ) ग्वालियर का किला (ब) दतिया का किला
(स) ओरछा का किला (द) चंदेरी का किला

व्याख्या- दतिया के किले की दीवारों पर बिहारी सतसई के दोहे उत्कीर्ण हैं।

149. स्वामी दयानंद सरस्वती ने मध्यप्रदेश में कहाँ पर आर्य समाज की शाखा खोली थी-
(अ) खण्डवा (ब) इन्दौर
(स) खरगोन (द) होशंगाबाद

व्याख्या- स्वामी दयानंद सरस्वती ने मध्यप्रदेश के खण्डवा शहर में अपने आर्य समाज की शाखा खोली थी।

150. स्वामी विवेकानंद ने अपने जीवनकाल में मध्यप्रदेश के किस नगर की दो बार यात्रा की-
(अ) इन्दौर (ब) खण्डवा
(स) विदिशा (द) बुरहानपुर

व्याख्या- स्वामी विवेकानंद ने अपने जीवनकाल में मध्यप्रदेश के खण्डवा शहर की दो बार यात्रा की थी।

139.(अ) 140.(अ) 141.(द) 142.(अ) 143.(ब) 144.(स) 145.(स) 146.(अ) 147.(स) 148.(ब) 149.(अ) 150.(ब)

151. ग्वालियर का पुराना नाम है- (डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016)
(अ) गोपगिरी (ब) रेवांचल
(स) गीताजंली (द) ग्वादर

व्याख्या- ग्वालियर का पुराना नाम "गोपगिरि" एवं "गोपांचल" है।

152. भोपाल के युद्ध (1737) में पेशवा बाजीराव ने किसे पराजित किया? (डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016)
(अ) भोपाल के नवाब (b) अवध के नवाब
(स) सिंधिया (द) हैदराबाद के निज़ाम

व्याख्या : भोपाल के युद्ध (1737) में पेशवा बाजीराव ने हैदराबाद के निजाम को पराजित किया था।

153. इनमें से किस राजा ने विदिशा को अपनी राजधानी बनाया? (डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016)
(अ) विक्रमादित्य (ब) पुष्यमित्र शुंग
(स) हर्षवर्धन (द) भोजपाल

व्याख्या : शुंग शासक पुष्पमित्र शुंग के विदिशा को अपनी राजधानी बनाया था।

154. परमार वंश का सर्वाधिक प्रतापी राजा कौन था? (डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016)
(अ) महकलदेव (ब) राजाभोज
(स) मिहिर भोज (द) जयशक्ति

व्याख्या : परमार वंश के सर्वाधिक प्रतापी राजा भोज थे जिनकी राजधानी धार थी।

155. मराठा पेशवा बाजीराव का जन्म किस किले में हुआ था? (डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016)
(अ) ग्वालियर दुर्ग (ब) रायसेन किला
(स) असीरगढ़ किला (द) धार का किला

व्याख्या : मराठा पेशवा वाजीराव का जन्म धार के किले में हुआ था।

156. लोक कथनों में वर्णित 'आल्हा ऊदल' सेनापति थे- (डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016)
(अ) परमार शासक के (ब) चंदेल शासक के
(स) प्रतिहार शासक के (द) राष्ट्रकूट शासक के

व्याख्या : लोक कथनों में वर्णित आल्हा-उदल चंदेल शासक परमार्दिदेव (परमाल) के सेनापति थे।

157. मांडू का शासक बाज बहादुर किस शासक के समकालीन था? (डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016)
(अ) जहाँगीर (ब) बाबर
(स) अकबर (द) औरंगजेब

व्याख्या : माण्डू का शासक बाज बहादुर मुगल शासक अकबर के समकालीन था।

158. किस जिले में अशोक के शिलालेख पाए गए हैं? (डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016)
(अ) मुरैना (ब) ग्वालियर
(स) शिवपुरी (द) दतिया

व्याख्या : दतिया जिले के गुर्जरा नामक गांव में मौर्यसम्राट अशोक के शिलालेख पाये गये हैं।

159. गोविन्द दास एवं पं. द्वारिका प्रसाद मिश्र के नेतृत्व में शुरु हुआ 'नमक सत्याग्रह' किस नगर से शुरु हुआ? (डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016)
(अ) सतना (ब) जबलपुर
(स) सागर (द) दमोह

व्याख्या : गोविंददास एवं पं. द्वारिका प्रसाद भिक्ष के नेतृत्व में शुरू हुआ नमक सत्यागृह (सन् 1930 में) जबलपुर नगर से शुरू किया गया।

160. मराठों के पराभव के बाद किसने भोपाल में स्वतंत्र राज्य की स्थापना की? (डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016)
(अ) दोस्त मोहम्मद खान (ब) राय बहादुर
(स) नवाब शमशुल (द) नवाब अब्दुल

व्याख्या : मराठों के पराभव के बाद दोस्त मोहम्मद खान ने भोपाल में स्वतंत्र राज्य की स्थापना की।

161. चन्देल वंश की राजधानी थी- (डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016)
(अ) माहिष्मति (ब) उज्जैन
(स) मालवा (द) खजुराहो

व्याख्या : चंदेल वंश की राजधानी खजुराहों थी। पहले महोवाली जिसे धंग खजुराहो लाया।

162. धार के किले का निर्माण किसने कराया था? (डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016)
(अ) मोहम्मद तुगलक (ब) पेशवा बाजीराव
(स) अकबर (द) शाहजहाँ

व्याख्या : धार के किले का निर्माण 14वीं शताब्दी में मुहम्मद बिन तुगलक ने करवाया था।

163. महेश्वर का प्राचीन नाम था- (डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016)
(अ) अमहेश्वर (ब) राचिल
(स) महिष्मति (द) सिद्धवर

व्याख्या : महेश्वर का प्राचीन नाम महिष्मति था महाजनपद काल में महिष्मति अवंति महाजनपद की दक्षिणापथ की राजधानी थी।

151.(अ) 152.(द) 153.(ब) 154.(ब) 155.(द) 156.(ब) 157.(स) 158.(द) 159.(ब) 160.(अ) 161.(द) 162.(अ) 163.(स)

164. किस शासक द्वारा मंदसौर के किले का निर्माण कराया गया? ( डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016 )

(अ) सूरजसेन (ब) मोहम्मद बिन तुगलक

(स) अलाउद्दीन खिलजी (द) जहाँगीर

व्याख्या : दिल्ली सल्तनत के शासक अलाउद्दीन खिलजी द्वारा मंदसौर के किले का निर्माण कराया गया।

165. किस राजा ने उज्जैन में 'जंतर मंतर वेधशाला' का निर्माण करवाया? ( डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016 )

(अ) सतवंत सिंह (ब) सवाई जय सिंह

(स) भानुगुप्त (द) महिपाल

व्याख्या : जयपुर के राजा सवाई जयसिंह ने उज्जैन में खगोल अध्ययन हेतु जंतर-मंतर वेधशाला का निर्माण करवाया जिसे वर्तमान में "जीवाजी" वेधशाला के नाम से जाना जाता है।

166. होशंगाबाद शहर के संस्थापक निम्नलिखित में से कौन हैं? ( डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016 )

(अ) कृष्णराज (ब) नन्नुक

(स) होशंगशाह (द) वाक्यपति मुंज

व्याख्या : होशंगाबाद शहर के संस्थापक होशंगशाह है।

167. बधाई क्या है? ( डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016 )

(अ) बुंदेलखंड के लोक नृत्य

(ब) मालवा के लोक नृत्य

(स) दिवाली से दो दिन बाद भोपाल में आयोजित त्योहार

(द) बुंदेलखंड का लोक संगीत

व्याख्या : बधाई बुंदेलखण्ड का प्रसिद्ध लोकनृत्य है, यह लोकनृत्य विवाह, जन्मोत्सव एवं मनौती के अवसर पर किया जाता है।

168. मध्य प्रदेश की राज्य भाषा क्या है? ( डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016 )

(अ) हिंदी (ब) अंग्रेजी

(स) ऊर्दू (द) हिन्दी और उर्दू

व्याख्या : मध्यप्रदेश की राज्यभाषा हिन्दी है अत: मध्यप्रदेश हिंदी भाषी राज्य है।

169. उदयगिरि की गुफाओं का निर्माण किसके काल में हुआ? ( डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016 )

(अ) गुप्त काल (ब) शुंग काल

(स) मौर्य काल (द) चंदेल काल

व्याख्या : विदिशा जिले में स्थित उदयगिरि की गुफाओं का निर्माण गुप्ता काल में हुआ है।

170. लिखिंदर' शब्द संबंधित है- ( डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016 )

(अ) रामकथा (ब) पिथौरा भित्ति

(स) परधौनी (द) नौराता लेखन

व्याख्या : 'लिखिंदर' शब्द पिथौरा भित्ति चित्रकला से संबंधित है। पिथौरा भित्ति चित्रकला झाबुआ का अनुष्ठानिक चित्रकर्म है।

171. डोल ग्यारस ( निमाड़ अंचल में मनाया जाने वाला पर्व ) किस देवता की पूजा से सम्बंधित है? ( डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016 )

(अ) भगवान राम (ब) भगवान शिव

(स) भगवान कृष्ण (द) भगवान पशुपतिनाथ

व्याख्या : डोल ग्यारस (निमाड़ अंचल में मनाया जाने वाला पर्व) की पूजा भगवान कृष्ण से संबंधित है।

172. अहिल्या बाई निम्न में से किस राजवंश से संबद्ध हैं? ( बीज प्रभावीकरण 2016 )

(अ) होल्कर (ब) भोपाल

(स) सिंधिया (द) त्रिपुरी

व्याख्या– देवी अहिल्याबाई इन्दौर के होल्कर राजवंश से सम्बन्धित है, मल्हार राव होल्कर की पुत्रवधु एवं खाण्डेराव होल्कर की रानी देवी अहिल्याबाई होल्कर ने सन् 1762 से 1797 में शासन किया।

173. चित्रकूट रामायण काल से ही एक लोकप्रिय नाम है, यह किस जिला में है? ( बीज प्रभावीकरण 2016 )

(अ) सतना (ब) पन्ना

(स) रीवा (द) सीधी

व्याख्या- चित्रकूट रामायण काल से ही एक लोकप्रिय नाम है, यह सतना जिले में स्थित है। महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय भी यही स्थित है।

174. उज्जैन प्राचीनकालीन अवंती की राजधानी थी और वहाँ इनका शासन था। ( बीज प्रभावीकरण 2016 )

(अ) राजा विक्रमादित्य (ब) राणा प्रताप

(स) रानी दुर्गावती (द) सम्राट अशोक

व्याख्या- उज्जैन प्राचीन कालीन अवंती की राजधानी थी और यहाँ पर राजा विक्रमादित्य का शासन था।

175. साँची स्तूप के शिलालेख इस लिपि में है। ( महिला स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता 2016 )

(अ) ब्राह्मी (ब) प्राकृत

(स) भोजताल (द) होल्कर

व्याख्या- सांची स्तूप के शिलालेख ब्राह्मी लिपि में है। ये स्तूप रायसेन जिले में स्थित है।

164.(स) 165.(ब) 166.(स) 167.(अ) 168.(अ) 169.(अ) 170.(ब) 171.(स) 172.(अ) 173.(अ) 174.(अ) 175.(अ)

176. होल्कर मूल रूप से हैं (महिला स्वास्थ 2016)
(अ) मराठा (ब) राजपूत
(स) मौर्य (द) सिंधिया

व्याख्या- होल्कर मूल रूप से मराठा है।

177. ग्वालियर के अंतिम महाराजा थे (महिला स्वास्थ 2016)
(अ) माधव राव सिंधिया (ब) पेशवा राव
(स) भैरवनाथ (द) देवी होल्कर

व्याख्या- ग्वालियर के अन्तिम महाराजा माधव राव सिंधिया थे। इनकी हेलीकाप्टर दुर्घटना में 2001 में मृत्यु हो गई थी।

178. किसने ओरछा के चतुर्भुज मंदिर का निर्माण करवाया? (महिला स्वास्थ 2016)
(अ) सतपुड़ा राजा (ब) बुंदेला राजपूत
(स) राजा भोज (द) राजा विक्रमादित्य

व्याख्या- ओरछा के चतुर्भुज मन्दिर का निर्माण राजा विक्रमादित्य ने करवाया था।

179. गुजरी महल और ग्वालियर महल, ग्वालियर में बनाये गये थे (महिला स्वास्थ 2016)
(अ) राजा भोज द्वारा (ब) मान सिंह तोमर द्वारा
(स) राजा दुमाना द्वारा (द) सिंधिया देवी द्वारा

व्याख्या- गुजरी महल और ग्वालियर महल, ग्वालियर में राजा मान सिंह तोमर द्वारा बनाए गए थे।

180. भीमबेटका पाषाण आश्रय है। ये ........ समय के पुरातात्विक स्थल है। (महिला स्वास्थ 2016)
(अ) नवपाषाण (ब) पुरापाषाण
(स) ताम्रपाषाण (द) मध्यपाषाण

व्याख्या- भीमबेटका पाषाण आश्रय है, ये पुरापाषाण समय के पुरातात्विक स्थल है। भीमबेटका की गुफाओं में कुछ रंगीन चित्र भी मिले है। ये रायसेन जिले में स्थित है।

181. राजा भोज .................. राजवंश का हिस्सा थे। (महिला स्वास्थ 2016)
(अ) सातवाहन (ब) पेशवा
(स) पारामार (द) साका

व्याख्या- राजा भोज का सम्बन्ध परमार राजवंश से था। इन्ही के नाम पर ही भोपाल में राजा भोज अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा है।

182. ताजमहल जिस नमूने के आधार पर बनाया गया था, वह है (महिला स्वास्थ 2016)
(अ) मांडू में होशंग शाह का मकबरा (ब) रीवा का कपिल दरवाजा
(स) शाहपुरा का धारणा (द) सांची स्तूप

व्याख्या- ताजमहल जिस नमूने के आधार पर बनाया गया था वह मांडू में होशंग शाह का मकबरा है।

183. मध्य प्रदेश के पूर्वी भाग में मूल रूप से ..... का शासन था। (महिला स्वास्थ 2016)
(अ) गोंड (ब) मराठों
(स) राजपूतों (द) मौर्य

व्याख्या- मध्यप्रदेश के पूर्वी भाग में मूल रूप से गोंड का शासन था।

184. वो राजवंश जिसका तीसरी सदी के दौरान मध्य भारत पर नियंत्रण था। (महिला स्वास्थ 2016)
(अ) गुप्त (ब) कुषाण
(स) सातवाहन (द) प्रकव्व

व्याख्या- सातवाहन राजवंश का 3री सदी के दौरान मध्य भारत पर नियंत्रण था।

185. शक्तिमती किस महाजनपद की राजधानी थी?
(अ) अंग (ब) मगध
(स) चेदि (द) मत्स्य

व्याख्या- शक्तिमती चेदि महाजनपद की राजधानी थी।

186. म.प्र. के दशपुर क्षेत्र में किस वंश का शासन था?
(अ) औलिकर वंश (ब) परिव्राजक वंश
(स) राष्ट्रकूट वंश (द) नाग वंश

व्याख्या- यहा औलिकर वंश का शासन था।

187. चतुर्भुज मंदिर का निर्माण किसने करवाया? (महिला स्वास्थ 2016)
(अ) राजा मधुकर (ब) पेशवा बाजीराव
(स) भैरवनाथ (द) देवी होल्कर

व्याख्या- चतुर्भुज मंदिर (मन्दसौर) का निर्माण राजा मधुकर ने करवाया था।

188. युद्ध जो इंदौर, नागपुर और रीवा तत्कालीन राज्यों को ब्रिटिश राज के अंतर्गत ले आया था। (महिला स्वास्थ 2016)
(अ) पानीपत की तृतीय लड़ाई (ब) चौसा की लड़ाई
(स) तृतीय आंग्ल मराठा युद्ध (द) खानवा की द्वितीय लड़ाई

व्याख्या- तृतीय आंग्ल मराठा युद्ध, इन्दौर, नागपुर और रीवा तत्कालीन राज्यों को ब्रिटिश राज्य में ले आया था। तृतीय आंग्ल मराठा युद्ध 1817-1819 हुआ था।

176.(अ) 177.(अ) 178.(द) 179.(ब) 180.(ब) 181.(स) 182.(अ) 183.(अ) 184.(स) 185.(स) 186.(अ) 187.(अ) 188.(स)

189. निम्न में से कौन-सा ग्वालियर के सिंधिया शासकों की ग्रीष्मकालीन राजधानी के रूप में जाना जाता था? ( महिला स्वास्थ 2016 )

(अ) रानीखेत (ब) शिवपुरी
(स) जबलपुर (द) चित्रकूट

व्याख्या- शिवपुरी जिले के ग्वालियर के सिंधिया शासको की ग्रीष्मकालीन राजधानी के रूप में जाना जाता है। माधव राष्ट्रीय उद्यान भी शिवपुरी जिले में स्थित है।

190. खजुराहो का उल्लेख ....... के द्वारा मोहम्मद गजनवी के छापे और विजय दौरान राजधानी के रूप में किया गया था। ( महिला स्वास्थ 2016 )

(अ) फाहिएँ (ब) तानसेन
(स) पुष्यमित्र (द) अलबरुनी

व्याख्या- खजुराहों का उल्लेख अलबरुनी के द्वारा मोहम्मद गजनी के छापे और विजय दौरान राजधानी के रूप में किया गया था।

191. ..... ने दूसरी शताब्दी में मालवा विजय प्राप्त की थी। ( महिला स्वास्थ 2016 )

(अ) गौतमीपुत्र शातकर्णी (ब) पुष्यमित्र शुंग
(स) बणबत्ता (द) राष्ट्रकूट

व्याख्या- गौतमपुत्र शातकर्णी ने दूसरी शताब्दी में मालवा पर विजय प्राप्त की थी।

192. यह आदमी ''चंबल का शेर'' कहा जाता था। ( महिला स्वास्थ 2016 )

(अ) डाकू मान सिंह (ब) दस मोहम्मद खान
(स) तोमर मोहम्मद (द) अली अकबर तोमर

व्याख्या- डाकू मान सिंह को चंबल का शेर कहा जाता है।

193. यह एक मोरक्को यात्री थे जिसने अपने लेखों में खजुराहों मंदिर का उल्लेख किया था। ( महिला स्वास्थ 2016 )

(अ) अल बरूनी (ब) फाह्यान
(स) इब्न बतूता (द) शेरशाह सूरी

व्याख्या- इब्न बतूता एक मोरक्को यात्री था जिसने अपने लेखों में खजुराहो मंदिर का उल्लेख किया था।

194. देवास ... द्वारा बसाया गया था। ( महिला स्वास्थ 2016 )

(अ) तुकोजी राव और जीवाजी राव
(ब) प्रसाद मिश्र और अजी मिश्रा
(स) परमार (द) सिंधिया

व्याख्या- देवास को तुकोजी राव और जीवाजी राव द्वारा बसाया गया था।

195. ग्वालियर का किला........ में बनाया गया होगा। ( महिला स्वास्थ 2016 )

(अ) 5 वीं शताब्दी (ब) 3 री शताब्दी
(स) 6 वीं शताब्दी (द) 8 वीं शताब्दी

व्याख्या- ग्वालियर का किला 525 ई. में राजा सूरजसेन द्वारा बनाया था।

196. अवंती के राज्य में मुख्य नगर ...... था। ( महिला स्वास्थ 2016 )

(अ) रतलाम (ब) महाकौशल
(स) उज्जैन (द) मांडू

व्याख्या- अवंती के राज्य में मुख्य नगर उज्जैन था।

197. कहा जाता है की सम्राट अशोक की पत्नी यहाँ पैदा हुईं थी। ( महिला स्वास्थ 2016 )

(अ) धार (ब) सिंगुरली
(स) छिंदवाड़ा (द) विदिशा

व्याख्या- सम्राट अशोक की पत्नी महादेवी का जन्म विदिशा में हुआ था।

198. हंस को हराने वाले मालवा के राजा थे .....। ( महिला स्वास्थ 2016 )

(अ) यशोधर्मन (ब) सिंधिया
(स) बाजीराव (द) गोपाल वर्मा

व्याख्या- हंस को हराने वाले मालवा के राजा यशोधर्मन थे।

199. गलत जोड़ी का पता लगाए। ( महिला स्वास्थ 2016 )

(अ) यशोधर्मन - मालवा (ब) चंदेल - बुंदेलखंड
(स) तोमर - मांडू (द) उज्जैन - शकों

व्याख्या- उज्जैन-शकों एक गलत जोड़ी है। उज्जैन पर गुप्त वंश का शासक विक्रमादित्य द्वितीय का शासन था।

200. 1818 तक मराठा होल्कर की अवधि के दौरान मालवा की राजधानी थी .......। ( महिला स्वास्थ 2016 )

(अ) महेश्वर (ब) इंदौर
(स) भोपाल (द) उज्जैन

व्याख्या- 1818 तक मराठा होलकर की अवधि के दौरान मालवा की राजधानी महेश्वर थी। महेश्वर, खरगौन जिले में स्थित है।

201. भोपाल में गौहर महल, 1816 में ...... के अंतर्गत आता था। ( महिला स्वास्थ 2016 )

(अ) होलकर (ब) गोंड
(स) राजपूतों (द) नवाबों

व्याख्या- भोपाल में गौहर महल, 1816 में नवाबों के अन्तर्गत आता था।

202. होलकर एवं सिंधिया के राज्य के क्षेत्रों को पहचानो- ( ग्रुप-2 लेबल टेक्नीशियन 2015 )

189.(ब) 190.(द) 191.(अ) 192.(अ) 193.(स) 194.(अ) 195.(स) 196.(स) 197.(द) 198.(अ) 199.(द) 200.(अ) 201.(द)

(अ) होलकर ने अपना राज्य ग्वालियर में तथा सिंधिया ने अपना राज्य इन्दौर में स्थापित किया
(ब) होलकर ने अपना राज्य ग्वालियर में तथा सिंधिया ने अपना राज्य नागपुर में स्थापित किया
(स) होलकर ने अपना राज्य इन्दौर में तथा सिंधिया ने अपना राज्य नागपुर में स्थापित किया
(द) होलकर ने अपना राज्य इन्दौर में तथा सिंधिया ने अपना राज्य ग्वालियर में स्थापित किया।

व्याख्या- होल्कर ने अपना राज्य इन्दौर में तथा सिंधिया ने अपना राज्य ग्वालियर में स्थापित किया।

**203. खजुराहो मन्दिर स्थापत्य के निर्माण में सहयोगी थे- (स्टोनों ग्राफर परीक्षा 2015)**

(अ) चंदेल (ब) गुर्जर-प्रतिहार
(स) चाह्मान (द) परमार

व्याख्या- खजुराहों के मन्दिरों का निर्माण चन्देल वंश के राजाओं ने करवाया था। खजुराहों छतरपुर जिले में स्थित है।

**204. निम्नलिखित में से किस शासक ने ओरछा को बुन्देलखण्ड की राजधानी बनाया? (पैरामेडिकल टेस्ट 2014)**

(अ) बुन्देला (ब) चन्देला
(स) मुगल (द) सिंधिया

व्याख्या- बुन्देला शासक ने ओरछा को बुन्देलखण्ड की राजधानी बनाया।

**205. प्राचीन अवन्ती महाजनपद की राजधानी थी- (अन्वेषक 2014)**

(अ) नागपुर (ब) उज्जैन
(स) भोपाल (द) छत्तीसगढ़

व्याख्या- प्राचीन भारत में 16 महाजनपदों की जानकारी प्राप्त होती है जिसमें अवन्ती महाजनपद म.प्र. में था जिसकी राजधानी उज्जैन थी।

**206. भारत की स्वतन्त्रता के पश्चात् मध्यप्रदेश राज्य की राजधानी बनायी गयी थी- (अन्वेषक 2014)**

(अ) भोपाल (ब) ग्वालियर
(स) नागपुर (द) इन्दौर

व्याख्या- भारत की स्वतन्त्रता के बाद 1947 में मध्यभारत की राजधानी नागपुर थी जिसे 1956 में पुनर्गठन कर भोपाल की गई जो वर्तमान में भी है।

**207. शुंग राजा भागभद्र के दरबार में ग्रीक राजदूत ने हैलियोडोरस स्तम्भ का निर्माण के समीप कराया। (सहायक ग्रेड-3 2014)**

(अ) विदिशा (ब) इन्दौर
(स) होशंगाबाद (द) जबलपुर

व्याख्या- ग्रीक राजदूत ने हैलियोडोरस स्तम्भ का निर्माण विदिशा के समीप कराया था।

**208. निम्न में से कौनसा राजवंश म.प्र. से संबंध रखता है?**

(अ) चालुक्य (ब) प्रतिहार
(स) कलचुरी (द) काकतीय

व्याख्या- कलचुरी वंश की स्थापना कोकल्ल ने की जिसका संबंध म.प्र. से है।

**209. म.प्र. का वह कौनसा शासक था जो महान विद्वान, लेखक निर्माता तथा योद्धा था?**

(अ) मानसिंह (ब) बाजबहादुर
(स) राजा भोज (द) सुरजसेन

व्याख्या- परमार वंश के सबसे प्रतापी राजाभोज थे जिन्होंने कलम व तलवार दोनों में महारत प्राप्त की थी तथा विद्यालय आदि की स्थापना भी की। इनकी रचनाएँ 'समरांगणसूत्र' तथा 'सरस्वती कंठाभरण' हैं।

**210. बुंदेलखण्ड का प्रतापी शासक कौन था?**

(अ) छत्रसाल (ब) बाजबहादुर
(स) होशंगशाह (द) राजा भोज

व्याख्या- बुंदेलखण्ड के प्रतापी शासक 'छत्रसाल थे, जो कि बुंदेल वंश के शासक थे।

**211. किस ग्रंथ में उल्लेख है कि बुद्ध काल में अवंति की राजधानी उज्जयनी थी?**

(अ) विष्णु पुराण (ब) मत्स्य पुराण
(स) पालि ग्रंथ (द) पिटक त्रय

व्याख्या- पालि ग्रंथ में वर्णित है कि बुद्ध काल में अवंति की राजधानी उज्जयनी थी।

**212. मांधाता नगर का संस्थापक कौन है?**

(अ) माहिष्मत (ब) मुलचंद
(स) मांधाता (द) कीर्तिवीर्य अर्जुन

व्याख्या- मांधाता नगर के संस्थापक मूलचंद है।

**213. पनगुडरिया से प्राप्त हुए हैं-**

(अ) गुफा (ब) शिलालेख
(स) पाषाण उपकरण (द) उपरोक्त सभी

व्याख्या- पनगुडरिया से अशोक के शिलालेख प्राप्त हुए हैं।

**214. भूमरा का शिव मंदिर किस जिले में स्थित है।**

(अ) जबलपुर (ब) सतना
(स) विदिशा (द) पन्ना

व्याख्या- भूमरा का शिव मंदिर सतना जिले में स्थित है।

202.(अ) 203.(अ) 204.(अ) 205.(ब) 206.(स) 207.(अ) 208.(स) 209.(स) 210.(अ) 211.(स) 212.(ब) 213.(ब) 214.(ब)

215. परमार वंश का अंतिम शासक कौन था?

(अ) जयसिंह (ब) महलकदेव

(स) लक्ष्मणदेव (द) जगददेव

व्याख्या- परमार वंश का अंतिम शासक महलकदेव था।

216. चंदेलों ने अपनी राजधानी किसे बनाया?

(अ) खजुराहों (ब) विदिशा

(स) मांडू (द) धार

व्याख्या- चंदेलों ने खजुराहों को अपनी राजधानी बनाया।

217. सातवाहनों के शासन के साक्ष्य के रूप में क्या अवशेष हैं?

(अ) स्तूप (ब) शिलालेख

(स) ताँबे के सिक्के (द) उपरोक्त सभी

व्याख्या- सातवाहनों का सम्पूर्ण इतिहास सिक्कों से पता चलता है।

218. किस शक शासक के सिक्के म.प्र. के मालवा क्षेत्र से प्राप्त हुए हैं?

(अ) पलुभावी (ब) नहापन

(स) भूमक (द) श्रीसात

व्याख्या- शक वंश के शासक भूमक के सिक्के मालवा से प्राप्त हुए हैं।

219. पुराणों में पद्मावती को किसकी राजधानी बताया गया है?

(अ) कुषाण वंश (ब) मलराज वंश

(स) नाग वंश (द) वाकटक वंश

व्याख्या- पुराणों में पद्मावती को 'नागवंश' की राजधानी बताया गया है।

220. 'बांधोगढ़' किस वंश की राजधानी थी?

(अ) सातवाहन वंश (ब) वाकटक वंश

(स) नाग वंश (द) महाराज वंश

221. म.प्र. के शिवपुरी जिले के नरवर को किसने स्थापित किया था?

(अ) नल (ब) भीमरथ

(स) कोशिक (द) इनमें से कोई नहीं

222. निम्नलिखित में से कहाँ से मिनान्डर के सिक्के मिले?

(अ) बालाघाट (ब) मण्डला

(स) जबलपुर (द) रीवा

व्याख्या- हिन्दू-यूनानी शासक मिनान्डर के सिक्के बालाघाट से प्राप्त हुए।

223. गुप्त शासक राम गुप्त के शासन काल के सिक्के कहाँ से प्राप्त हुए हैं?

(अ) विदिशा (ब) उज्जैन

(स) नरसिंहपुर (द) होशंगाबाद

व्याख्या- गुप्त शासक रामगुप्त के शासन के साक्ष्य विदिशा तथा एरण से प्राप्त हुए।

224. चंद्रगुप्त द्वितीय के अभिलेख कहाँ से प्राप्त हुए?

(अ) मालवा (ब) बुन्देलखण्ड

(स) बघेलखण्ड (द) निमाड़

व्याख्या- गुप्त शासक चंद्रगुप्त द्वितीय के शासनकाल के अभिलेख पूर्वी मालवा से प्राप्त हुए।

225. किस अभिलेख में सूर्य मंदिर के निर्माण का उल्लेख है?

(अ) मंदसौर (दशपुर) (ब) उदयगिरि

(स) साँची (द) एरण

व्याख्या- कुमार गुप्त के शासन काल के अभिलेखों में से मंदसौर अभिलेख में सूर्य मंदिर के निर्माण का उल्लेख है।

226. किस अभिलेख में राजा को शरदकालीन सूर्य की भाँति बताया गया है?

(अ) साँची (ब) तुमैन

(स) सुप्रिया (द) साँची

व्याख्या- तुमैन अभिलेख, गुना से प्राप्त हुआ। इसमें राम गुप्त को शरदकालीन सूर्य की भाँति बताया गया।

227. वन सत्याग्रह किस वर्ष हुआ?

(अ) **1921** (ब) **1925**

(स) **1928** (द) **1930**

व्याख्या- वन सत्याग्रह **1930** में सम्पन्न हुआ।

228. धारा नगरी पर आक्रमण की जानकारी किस लेख से मिलती है?

(अ) देपालपुर (ब) मंगाई लेख

(स) उदयपुर प्रशस्ति (द) बेटमा

व्याख्या- भोज की धारा नगरी पर चालुक्यों ने आक्रमण किया, जिसकी जानकारी मंगाई लेख से प्राप्त होती है।

229. किस वंश की राजधानी त्रिपुरी है?

(अ) परमार (ब) चंदेल

(स) कलचुरी (द) पाल

व्याख्या- जबलपुर के पास स्थित त्रिपुरी, कलचुरी वंश की राजधानी है।

230. म.प्र. के मालवा क्षेत्र का प्रथम बार दिल्ली सल्तनत में प्रवेश किसने कराया?

(अ) महमूद गजनवी (ब) मोहम्मद गौरी

(स) ऐबक (द) अलाउद्दीन खिलजी

व्याख्या- 1305 में अलाउद्दीन द्वारा मालवा में प्रथम बार आक्रमण किया गया।

215.(ब) 216.(अ) 217.(स) 218.(स) 219.(स) 220.(द) 221.(अ) 222.(अ) 223.(अ) 224.(अ) 225.(अ) 226.(ब) 227.(द) 228.(ब) 229.(स) 230.(द)

231. रानी दुर्गावती कहाँ की शासिका थीं?
(अ) गोंडवाना (ब) ग्वालियर
(स) महाकोशल (द) मध्यक्षेत्र

व्याख्या- म.प्र. के गोंडवाना क्षेत्र की शासिका रानी दुर्गावती थीं।

232. शिवपुरी में 1857 का विद्रोह कब हुआ था।
(अ) 20 मई 1857 (ब) 15 जून 1857
(स) 20 जून 1857 (द) 20 जुलाई 1857

233. डॉ. एच.डी. सांकलिया ने म.प्र. के किन स्थानों से सिंधु घाटी सभ्यता की खोज की थी?
(अ) महेश्वर-नावदा टोली (ब) एरण-भरहुत
(स) नागदा-कायथा (द) सभी

व्याख्या- डॉ. एच.डी. सांकलिया ने म.प्र. के नर्मदा घाटी के महेश्वर एवं नावदा टोली में सिंधु सभ्यता की खोज की।

234. होल्कर राज्य की स्थापना किस सन् में की गई?
(अ) 1697 (ब) 1719
(स) 1739 (द) 1787

व्याख्या- मल्हार राव होल्कर ने मालवा में 1739 में होल्कर राज्य की स्थापना की।

235. खानदेश पर अकबर ने कब आक्रमण किया था।
(अ) 1580 (ब) 1581
(स) 1585 (द) 1599

236. दुरई की संधि कब हुई थी।
(अ) 1738 (ब) 1740
(स) 1735 (द) 1730

व्याख्या- दुरई की संधि 1738 में, जीराव प्रथम व भोपाल के निजाम के मध्य हुई।

237. होशंग शाह ने 14वीं सदी में कहाँ स्वतंत्र राज्य की स्थापना की?
(अ) धार (ब) मालवा
(स) माण्डू (द) विदिशा

व्याख्या- होशंग शाह ने 14वीं सदी में माण्डू में स्वतंत्र राज्य की स्थापना की तथा चित्तौड़ विजय के उपलब्ध में विजय स्तंभ बनवाया।

238. धार में सरस्वती मंदिर का निर्माण किसने कराया।
(अ) राजाभोज (ब) जगद्देव
(स) यशोवर्मन (द) जयवर्मन

व्याख्या- राजा भोज ने धार में सरस्वती मंदिर (भोजशाला) का निर्माण कराया।

239. मानसिंह तोमर कहाँ के राजा थे?
(Combined Assistant Grand III 2012)
(अ) ग्वालियर (ब) उज्जैन
(स) इंदौर (द) रीवा

व्याख्या- मानसिंह तोमर (1486-1517 ई.) ग्वालियर के प्रतापी राजाओं में से एक थे।

240. त्रिपुरी के कल्चुरी वंश की स्थापना किसने की थी?
(अ) यशोवर्मन (ब) कोकल्ल प्रथम
(स) लक्ष्मणदेव (द) धंगदेव

व्याख्या- त्रिपुरी के कल्चुरी वंश की स्थापना कोकल्ल प्रथम ने की।

241. निम्नलिखित में से कौन से बेगम ने भोपाल पर शासन किया था?
Matasya Nirikshak 2018
(A) फातेमा जोया बेगम (B) रज़िया सुल्तान
(C) सिकंदर बेगम (D) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या- सिकंदर बेगम ने 1860 में भोपाल पर शासन कर अपना राज तिलक किया। इनके पूर्वज जहांगीर मुहम्मद खान थे।

242. सन् 1660 में उड़ान सिंह ने निम्न में से किस स्थान की स्थापना की थी? जेल प्रहरी 2017
(A) विदिशा (B) सागर
(C) रीवा (D) रायसेन

व्याख्या- सन् 1660 में उड़ानसिंह ने सागर स्थान की स्थापना की थी। 1867 में एक नगर पालिका का गठन किया गया था।

243. मध्यप्रदेश ........ सदी में दिल्ली सल्तनत के नियंत्रण में आया था। जेल प्रहरी 2017
(A) 13-वीं 2.15-वीं
(C) 12-वीं (D) 14-वीं

व्याख्या- म. प्र. 13वीं सदी में दिल्ली सल्तनत के नियंत्रण में आया था।

244. मध्यप्रदेश का प्रसिद्ध कपड़ा कौन-सा है, जिसकी उत्पत्ति से वर्ष 1305 ईसवी में अलाउद्दीन-खिलजी का पता लगाया जा सकता है? जेल प्रहरी 2017
(A) चंदेरी (B) चिकनकारी
(C) कोसा (D) जरदोसी

व्याख्या- म. प्र. का प्रसिद्ध कपड़ा चंदेरी का है, जिसकी उत्पत्ति से वर्ष 1305 में अलाउद्दीन खिलजी का पता लगाया जा सकता है।

245. दिल्ली और गुजरात के बीच समृद्ध व्यापार के कारण मध्ययुगीन समय में ... एक महत्वपूर्ण शहर बन गया था। वर्तमान मध्यप्रदेश के किस शहर के बारे में बात की जा रही है? जेल प्रहरी 2017

231.(अ) 232.(अ) 233.(अ) 234.(स) 235.(द) 236.(अ) 237.(स) 238.(अ) 239.(अ) 240.(ब) 241.(स) 242.(ब) 243.(अ) 244.(अ) 245.(अ)

(A) सिरोंज (B) कटनी
(C) होशंगाबाद (D) भोपाल

व्याख्या- दिल्ली और गुजरात के बीच समृद्ध व्यापार के कारण मध्ययुगीन समय में सिरोंज एक महत्वपूर्ण शहर बन गया था।

246. कप्तान फोरसिथ को निम्न में से कौन-से स्थान की खोज एवं विकास करने का श्रेय जाता है? जेल प्रहरी 2017
(A) मांडू (B) उपरोक्त में से कोई नहीं
(C) पचमढ़ी (D) ओरछा

व्याख्या- पंचमढ़ी स्थान की खोज एवं विकास करने का श्रेय फोरसिथ को जाता है।

247. दिलावर खान ने मालवा सल्तनत की शुरुआत की, और ........ में अपनी राजधानी की स्थापना की। पुलिस आरक्षक 2017
(A) मांडु (B) विदिशा
(C) बुरहानपुर (D) उज्जैन

व्याख्या- दिलावर खान ने 1390-91 में मालवा सल्तनत की शुरूआत की थी तथा मांडु को अपनी राजधानी बनाया। होशंगशाह दिलावर खान का पुत्र था।

248. मध्य प्रदेश में किसकी मृत्यु के बाद मराठाओं ने अधिकार प्राप्त कर लिया? पुलिस आरक्षक 2017
(A) अशोका (B) औरंगजेब
(C) हर्ष वर्द्धन (D) कनिष्क

व्याख्या- मध्य प्रदेश पर औरंगजेब की मृत्यु के बाद मराठाओं ने अधिकार प्राप्त किया। मराठा भारत में जातियों का समूह मूल-रूप से महाराष्ट्र में पाया जाता हैं। शिवाजी ने 1660 तक मध्य भारत को एक मराठा राज्य स्थापित किया।

249. किस वर्ष में बेतूल का जिला मुख्यालय बैतूल बाजार से बदनूर में स्थानांतरित हुआ था? MPSI 2017
(A) 1820 (B) 1821
(C) 1819 (D) 1822

व्याख्या- सन् 1822 में बैतूल का जिला मुख्यालय बदनूर में स्थानांतरित हुआ था।

250. बाँधवगढ़ जिले के शिलालेख किस भाषा में है? MPSI 2017
(A) पाली (B) प्राकृत
(C) संस्कृत (D) ब्रज

व्याख्या- बाँधवगढ़जिले के शिलालेख की भाषा संस्कृत है। बाँधवगढ़किले का निर्माण बघेल राजाओं ने कराया था।

251. शाहजहां बेगम भोपाल की ........ शासक थी। MPSI 2017
(A) छठवें (B) सातवें
(C) आठवें (D) नौवें

व्याख्या- शाहजहाँ बेगम भोपाल की आठवीं शासक भी व तीसरी महिला शासक थी।

252. ठाकुर दौलत सिंह, जो ब्रिटिश के विरूद्ध 1857 के विद्रोह में लड़े थे, कौन-से जिले से सम्बन्धित थे? MPSI 2017
(A) देवास (B) उमरिया
(C) सिवनी (D) श्योपुर

व्याख्या- देवास के ठाकुर दौलत सिंह, छोटी-सी रियासत राघोगढ़के शासक थे। इन्होंने 1857 में अंग्रेजी से युद्ध किया था। ये तात्या टोपे के परिचित थे। कुछ इतिहासकार कहते हैं कि इन्होने कर्नल हेनरी ड्यूरेट की हत्या कर दी थी।

253. निम्नलिखित राजवंशों में से कौन-से वंश से वाकपति मुंज सम्बंधित थे? MPSI 2017
(A) चंदेल (B) परमार
(C) मौर्य (D) तोमर

व्याख्या- राजा वाकपति मुंज परमार वंश के प्रतापी शासक रहे, राजा भोज के पूर्वगामी रहे है। परमार वंश की राजधानी धार रही है इनकी जानकारी ग्वालियर अभिलेख में मिलती है।

254. किस वर्ष में डॉ. विष्णु श्रीधर वाकणकर ने भीमबेटका की खोज की? MPSI 2017
(A) 1957 (B) 1958
(C) 1960 (D) 1959

व्याख्या- डॉ. वाकणकर ने सन् 1957 में भीमबेटका की खोज की। यह गुफा है रायसेन जिले में स्थित है। यह प्राग ऐतिहासिक कालीन है। पाषाण कालीन है। 2003 मे इसे विश्व धरोहर साइट के रूप में शामिल किया।

255. ग्रीष्मकाल के दौरान 1948 से 1956 तक मध्य भारत की राजधानी का नाम बताएँ : पटवारी परीक्षा 2017
(A) भोपाल (B) जबलपुर
(C) ग्वालियर (D) इंदौर

व्याख्या- ग्रीष्मकाल के दौरान 1948- 56 तक मध्य भारत की राजधानी इंदौर थी। तथा 1 नवंबर 1956 को ही म. प्र. राज्य का गठन हुआ था।

256. मुरैना में 8वीं से 12वीं शताब्दियों के दौरान 22 मंदिरों का समूह कहाँ स्थित है? पटवारी परीक्षा 2017
(A) नरेसर (B) जौरा
(C) जविया (D) नूराबाद

व्याख्या- मुरैना में 8वीं से 12वीं शताब्दियों के दौरान 22 मंदिरों का समूह नरेसर में है। मुरैना को बागियों का गढ़भी कहा जाता है, तथा यहाँ सरसों का अधिक उत्पादन होता है।

246.(स) 247.(अ) 248.(ब) 249.(द) 250.(स) 251.(स) 252.(अ) 253.(ब) 254.(अ) 255.(द) 256.(अ)

257. किसने साँची की पहाड़ी की चोटी पर मूल 'पुरातत्व संग्रहालय, साँची' की स्थापना की ? पटवारी परीक्षा 2017

(A) चार्ल्स कोरिया (B) सर जॉन मार्शल
(C) मार्शल डूरंड (D) सर थॉमस रो

व्याख्या- साँची की पहाड़ी की चोटी पर मूल "पुरातत्व संग्रहालय, साँची" की स्थापना सर जॉन मार्शल ने की थी।

258. होल्कर राजवंश की खोज किसने की? पटवारी परीक्षा 2017

(A) यशवंत राव होल्कर (B) मल्हार राव होल्कर
(C) अहिल्या बाई होल्कर (D) शिवाजी राव होल्कर

व्याख्या- होल्कर राजवंश की खोज मल्हार राव होलकर ने की। मल्हारराव होल्कर मराठा साम्राज्य का एक सामन्त था, जो मालवा का प्रथम मराठा सूबेदार था। होल्कर राजवंश मल्हार राव से ही 1721 में प्रारंभ हुआ और इसीलिए इन्हें होल्कर राजवंश के राजा भी कहते है। मल्हार राव 1721 में पेशवा की सेवा में शामिल हुए थे। होल्कर वंश के लोग "होलगाँव" के निवासी थे इसीलिए होल्कर कहलाए।

259. स्वतंत्रता से पहले निम्नलिखित में से किसे "निमाड़ के पेरिस" के रूप में उल्लिखित किया गया था ? पटवारी परीक्षा 2017

(A) बड़वानी (B) खरगौन
(C) अलिराजपुर (D) झाबुआ

व्याख्या- स्वतंत्रता से पूर्व "निमाड़ का पेरिस" बड़वानी जिले को कहा जाता था। यह जिला मध्य प्रदेश के दक्षिण-पश्चिम में स्थित है, नर्मदा नदी इसकी उत्तरी सीमा बनाती है। बड़वानी से 8 km दूर सतपुड़ा की पहाड़ियों में भगवान ऋषभदेव की 84 फीट की 1 पत्थर से निर्मित प्रतिमा पहाड़ों से निकली है। जो बावनगंजा के नाम से विख्यात है तथा यहाँ पर धान उद्यान केन्द्र है। बड़वानी जिले की स्थापना 25 मई 1998 को हुई। जिले के दक्षिण में सतपुड़ा एवं उत्तर में विंध्याचल पर्वत श्रेणियाँ है।

260. बालाघाट में लांजी का किला किस राजवंश से संबंधित है? पटवारी परीक्षा 2017

(A) गोंड (B) मौर्य
(C) चंदेल (D) कलचुरी

व्याख्या- बालाघ्राट में लांजी किला गोंड राजवंश ने संबंधित है।

261. शाजापुर में किसने जामा मस्जिद का निर्माण कराया था? पटवारी परीक्षा 2017

(A) हैदर अली (B) शौकत अली
(C) मुहम्मद अली (D) नवाब अली

व्याख्या- शाजापुर नगर की स्थापना 1640 में मुगल बादशाह शाहजहाँ से की थी। यहाँ स्थित जामा मस्जिद का निर्माण हैदर अली ने कराया था।

262. देवी अहिल्या पुरातत्व संग्रहालय ...... में स्थित है।

पटवारी परीक्षा 2017

(A) महेश्वर (B) भोपाल
(C) खंडवा (D) ओमकारेश्वर

व्याख्या- महेश्वर (माहिष्मती) नगर पश्चिमी निमाड़ खरगोन जिला में स्थित है। देवी अहिल्याबाई ने 1767 में महेश्वर को अपनी राजधानी बनाया। यहाँ सन् 1952-53 में एवं 1936 में पुरातात्विक उत्खनन हुए उत्खनन में पाषाण काल से लेकर 18वीं सदी तक के सांस्कृतिक अवशेष मिले।

* * *

257.(ब) 258.(ब) 259.(अ) 260.(अ) 261.(अ) 262.(अ)



# अध्याय– 2

# मध्य प्रदेश का स्वाधीनता संग्राम में योगदान

**1. देश का पहला शहीद मंदिर म. प्र. में कहां स्थापित किया गया है।**

(अ) श्योपुर (ब) भिंड

(स) ग्वालियर (द) मुरैना

**व्याख्या–** स्वतंत्रता आंदोलन के महानायक शहीद रामप्रसाद बिस्मिल की 82वीं पुण्यतिथि पर देश का पहला शहीद मंदिर म. प्र. के मुरैना में स्थापित किया है।

**2. चरण पादुका गोलीकांड कहाँ हुआ था?**

**( चतुर्थ श्रेणी परीक्षा 2012 )**

(अ) होशंगाबाद के निकट (ब) छतरपुर के निकट

(स) धार के निकट (द) रीवा के निकट

**व्याख्या–** चरण पादुका गोलीकांड (छतरपुर) में अंग्रेजों ने भील पलटन से गोलियां चलवाकर व्यक्तियों को मार डाला। इसको म.प्र. का 'जलियाँवाला बाग हत्याकांड' कहा जाता है। यह गोली–कांड सन् 1931 में हुआ।

**3. अविभाजित मध्यप्रदेश की भौगोलिक स्थिति क्या थी।**

(1) 17·46 उत्तरी अक्षांश से 26·30 उत्तरी अक्षांश तक

(2) 74·9 पूर्वी देशांतर से 84·51 पूर्वी देशांतर के मध्य।

(3) इनमें से केवल (1)

(4) इनमें से (1), (2) दोनों

**व्याख्या–** अविभाजित मध्यप्रदेश की भौगोलिक स्थिति 17.16 उत्तरी अक्षांश से 26·30' उत्तरी अक्षांश तक तथा 74·9' पूर्वी देशांतर से 88.48 पूर्व देशांतर के मध्य थी विभाजन के बाद प्रदेश की स्थिति 21·6 उत्तरी अक्षांश से 26·30 उत्तरी अक्षांश तक तथा 74.9 पूर्वी देशांतर से 82·48' पूर्वी देशांतर के मध्य तक हो गया है।

**4. विदर्भ क्षेत्र जो कि अब महाराष्ट्र राज्य का भाग है, पहले किस राज्य का भाग था?** **(ASI 2014)**

(अ) मध्य प्रदेश (ब) उत्तर प्रदेश

(स) बिहार (द) महाराष्ट्र

**व्याख्या–** विदर्भ क्षेत्र 1956 के पहले म.प्र का भाग था जिसे 1956 के पुनर्गठन स्वरूप तात्कालीन महाराष्ट्र राज्य मे मिला दिया गया।

**5. तीन क्षेत्रों मध्यप्रदेश के रूप में विलय कर दिया गया था, वे क्षेत्र है ....... है।** **( महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016 )**

1.(द) 2.(ब) 3.(द) 4.(अ)

(अ) मध्य प्रांत, बरार और मध्य भारत
(ब) कैमूर, सतपुड़ा और विंध्य पठार
(स) मालवा, सतपुड़ा और विंध्य पठार
(द) मध्य भारत, विंध्य प्रदेश और भोपाल

व्याख्या- मध्य भारत, विंध्य प्रदेश और भोपाल क्षेत्रों को मध्य प्रदेश में सम्मिलित किया गया था।

6. जबलपुर, जो की एक महत्वपूर्ण शहर है ...... क्षेत्र के अंतर्गत आता है। ( महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता 2016 )
(अ) मालवा (ब) बुंदेलखंड
(स) महाकौशल (द) छोटा नागपुर

व्याख्या- जबलपुर जो की एक महत्वपूर्ण शहर है, महाकौशल क्षेत्र के अन्तर्गत आता है । महाकौशल क्षेत्र के अन्तर्गत अन्य जिले कटनी, नरसिंहपुर, भी आते हैं।

7. भारतीय स्वतन्त्रता संग्राम का अलख जगाने के लिये किन वस्तुओं को प्रतीक चिह्न बनाया-
(अ) रोटी (ब) रोटी, कपड़ा, मकान
(स) मशाल (द) रोटी व कमल का फूल।

व्याख्या- रोटी और कमल के फूल को एक छावनी से दूसरी छावनी तक पहुँचाकर तात्या टोपे एवं नाना साहब पेशवा ने विद्रोह का अलख जगाया।

8. सहादत खाँ एवं भागीरथ के नेतृत्व में किस स्थान पर विद्रोहियों ने सेना पर हमला बोल दिया-
(अ) इन्दौर (सराफा) (ब) जबलपुर
(स) सीधी (द) नीमच।

व्याख्या- इन्दौर के सराफा में सहादत खाँ और भागीरथ के नेतृत्व में विद्रोहियों ने सेना पर हमला बोल दिया था। इसे सराफा के 'गोलीकांड' के नाम से जाना जाता है।

9. ग्वालियर में 1857 का विद्रोह किस तिथी से प्रारम्भ हुआ था—
(अ) 3 जून (ब) 14 जून
(स) 16 जून (द) 18 जून

व्याख्या- ग्वालियर में 1857 की क्रांति की शुरुआत 14 जून को लक्ष्मीबाई के नेतृत्व में हुई थी।

10. रानी लक्ष्मीबाई के विरोध में अंग्रेज शासक कौन था-
(अ) कर्नल ड्यूरेण्ड (ब) ह्यूरोज
(स) सेनापति वार्डन (द) इस्पेल्ट

व्याख्या- झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई के विरोध में अंग्रेज शासक ह्यूरोज ने कमान सम्भाली थी। और ग्वालियर के पास झाँसी की रानी को आत्मसमर्पण करने पर मजबूर कर दिया था।

11. रानी लक्ष्मीबाई कहाँ की शासिका थीं-
(अ) ग्वालियर (ब) शिवपुरी
(स) झाँसी (द) अवध

व्याख्या- रानी लक्ष्मीबाई, झाँसी की शासिका थी, इनका विवाह महाराज गंगाधर से हुआ था। इनकी मृत्यु के पश्चात, लक्ष्मीबाई ने शासन संभाला था।

12. निम्न में से किस स्थान पर सेना ने कैदियों की सहायता से अपने स्वतन्त्र होने की घोषणा की-
(अ) महेश्वर (ब) मण्डलेश्वर
(स) धार (द) नीमच।

व्याख्या- मण्डलेश्वर नामक स्थान पर 1857 की क्रांति के समय सैनिकों ने कैदियों की सहायता से अपने को स्वतंत्र होने की घोषणा की। इस घटना में बंगाल रेजीमेंट के बैंजामीन हैंसह मारे गये थे।

13. सेंधवा में किसके नेतृत्व में आदिवासियों ने अंग्रेज सरकार के खिलाफ विद्रोह किया-
(अ) भीमानायक (ब) कोंदू
(स) गजरईयाबाई (द) किरजना भाई।

व्याख्या- सेंघवा में भीमाजी नायक के नेतृत्व में आदिवासियों ने अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह कर दिया था। 2 अप्रैल, 1869 को सतपुड़ा के घने जंगलों में झोपड़ी में सोते हुये भीमानायक को अंग्रेज सिपाहियों ने पकड़ लिया।

14. मण्डला जिले की किस रियासत की रानी अवन्तीबाई थी-
(अ) राघोपुर (ब) रामगढ़
(स) गढ़मण्डल (द) अवन्तीपुर

व्याख्या- रानी अवन्तीबाई, मंडला जिले की रामगढ़रियासत की रानी थी। इनका जन्म 16 अगस्त 1831 को सिवनी जिले में हुआ था।

15. रानी अवन्तीबाई ने किस अंग्रेज शासक के विरुद्ध विद्रोह किया-
(अ) कर्नल ड्यूरेण्ड (ब) ह्यूरोज
(स) वार्डन (द) कर्नल स्टाकतो।

व्याख्या- रानी अवन्तीबाई ने वार्डन अंग्रेज शासक के विरुद्ध युद्ध करते हुये रामगढ़ की ओर कूच किया। रानी अवन्तीबाई छापामार युद्ध पद्धति के द्वारा युद्ध करने में माहिर थी।

16. वीरांगना अवन्तीबाई कैसे शहीद हुई-
(अ) वार्डन की गोली से (ब) अंग्रेज सैनिकों के द्वारा
(स) अपनी अंगरक्षिका की कटार अपनी छाती में घोंपकर
(द) अपनी अंगरक्षिका गिरधारीबाई द्वारा धोखा देने के कारण।

व्याख्या- देवहारगढ़ के जंगलों में अंग्रेजों से चारों तरह से घिर जाने के बाद अपनी अंगरक्षिका की कटार अपनी छाती में घोंपकर रानी अवन्तीबाई ने बलिदान दे दिया।

17. कांग्रेस का सातवाँ अधिवेशन मध्य भारत में कहाँ हुआ था?
(अ) भोपाल (ब) जबलपुर

5.(द) 6.(स) 7.(द) 8.(अ) 9.(ब) 10.(ब) 11.(स) 12.(ब) 13.(अ) 14.(ब) 15.(स) 16.(स)

(स) नागपुर (द) ग्वालियर।

व्याख्या- भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का सातवाँ अधिवेशन (1891) नागपुर में हुआ था, जिसके अध्यक्ष 'पी-आनन्दचारलू' थे।

18. 'सुबोध सिन्धु' नामक पत्र जो कि राष्ट्रीय भावना के प्रचार हेतु, कहाँ से प्रकाशित होता था-
(अ) नागपुर (ब) ग्वालियर
(स) जबलपुर (द) खण्डवा

व्याख्या- 'सुबोध सिन्धु' नामक पत्र राष्ट्रीय भावना के प्रचार हेतु खंडवा से प्रकाशित होता था।

19. राष्ट्रवाद के प्रचार हेतु माखनलाल चतुर्वेदी का पत्र किस नाम से प्रकाशित होता था-
(अ) सुबोध सिन्धु (ब) कर्मवीर
(स) कर्मभूमि (द) जबलपुर टाइम्स।

व्याख्या- राष्ट्रवाद के प्रचार हेतु माखनलाल चतुर्वेदी का पत्र "कर्मवीर" के नाम से प्रकाशित होता है, इसका प्रकाशन 1914 से शुरू हुआ।

20. मध्यप्रदेश के डॉ. हरिसिंह गौर ने कांग्रेस के किस अधिवेशन में न्याय विभाग और शासन के पृथक्करण की माँग उठाई थी-
(अ) लाहौर (ब) त्रिपुरी
(स) लखनऊ (द) दिल्ली।

व्याख्या- लाहौर अधिवेशन में मध्यप्रदेश के डॉ. हरिसिंह गौर ने कांग्रेस में न्याय विभाग और शासन की पृथक्करण की माँग उठाई थी।

21. जबलपुर में "क्रान्तिकारी दल" की स्थापना कब हुई थी-
(अ) 1905 (ब) 1906
(स) 1907 (द) 1908।

व्याख्या- जबलपुर में "क्रांतिकारी दल" की स्थापना, 1907 में हुई थी।

22. 1923 में कहाँ से 'झण्डा सत्याग्रह' का शुभारम्भ हुआ-
(अ) इन्दौर (ब) भोपाल
(स) नागपुर (द) जबलपुर।

व्याख्या- '1923' से झण्डा सत्याग्रह' की शुरूआत 'जबलपुर' से हुई थी। इसके प्रमुख नेता राजेन्द्र प्रसाद, देवदास गाँधी, रामगोपाल आर्य थे।

23. किस व्यक्ति ने 1904 में अंग्रेजी शिक्षा का पुरजोर विरोध किया-
(अ) सेठ गोविन्ददास (ब) एच.वी. कामथ
(स) पं. द्वारिका प्रसाद मिश्र (द) डॉ. हरिसिंह गौर

व्याख्या- सागर विश्वविद्यालय के संस्थापक डॉ. हरिसिंह गौर ने 1904 में अंग्रेजी शिक्षा का काफी विरोध किया था।

24. दुर्गाशंकर मेहता को सिवनी में किस आन्दोलन को जोरदार रूप से लागू करने के लिये जाना जाता है-
(अ) असहयोग आन्दोलन (ब) नमक सत्याग्रह
(स) भारत छोड़ो आन्दोलन (द) बारदोली आन्दोलन।

व्याख्या- दुर्गाशंकर मेहता को सिवनी में 'नमक सत्याग्रह' को जोरदार रूप से लागू करने के लिये जाना जाता है। नमक सत्याग्रह 1930 में गाँधीजी के द्वारा लाया गया आंदोलन था।

25. मध्यप्रदेश के किस जेल में सुभाषचन्द्र बोस, शरदचन्द्र बोस, आचार्य विनोबा भावे, पं. द्वारिका प्रसाद मिश्र एवं एच.वी. कामथ जैसे स्वतन्त्रता सेनानी रहे थे-
(अ) भोपाल जेल (ब) जबलपुर जेल
(स) ग्वालियर जेल (द) सिवनी जेल

व्याख्या- मध्यप्रदेश के सिवनी जेल में सुभाषचन्द्र बोस शरदचन्द्र बोस, आचार्य बिनोवा भावे, पं. द्वारिका मिश्र एवं एच.वी. कामथ जैसे स्वतंत्रता सेनानी रहे थे।

26. 'भोपाल प्रजामण्डल' की स्थापना कब हुई-
(अ) 1938 (ब) 1940
(स) 1942 (द) 1946।

व्याख्या- "भोपाल प्रजामंडल की स्थापना" 1938 में हुई थी।

27. जबलपुर के झंडा सत्याग्रह के निर्देशक मण्डल में कौन शामिल नहीं थे-
(अ) देवदास गाँधी (ब) राजगोपालाचार्य
(स) विनोबा भावे (द) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद।

व्याख्या- जबलपुर में 1923 में चलाये गये झण्डा सत्याग्रह के प्रमुख नेता देवदास गांधी, राजगोपालाचार्य, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद थे।

28. गजनसिंह कोरकू के नेतृत्व में जंगल सत्याग्रह वर्तमान के घोड़ा-डोंगरी क्षेत्र में फला-फूला, जो किस जिले में है-
(अ) खण्डवा (ब) मण्डला
(स) बैतूल (द) ग्वालियर

व्याख्या- बैतूल के जंगल सत्याग्रह में गंजनसिंह कोरकू के नेतृत्व में घोड़ा डोंगरी के लोगों ने विद्रोह किया था।

29. मौलाना तर्जी मशरिकी व शाकिर अली खां ने "अन्जुमन खुद्दामे वतने" की स्थापना कहाँ की-
(अ) इन्दौर (ब) भोपाल
(स) जबलपुर (द) ग्वालियर।

व्याख्या- मौलाना तर्जी मशरिकी व शाकिर अली खाँ ने "अंजुमन खुद्दामे वतन" की स्थापना भोपाल में की थी।

30. भारतीय स्वतन्त्रता सेनानी चन्द्रशेखर आजाद का जन्म "भाबरा ग्राम" में हुआ था जो प्रदेश के किस जिले में है-
(अ) सीधी (ब) मण्डला
(स) अलीराजपुर (द) बैतूल।

17.(स) 18.(द) 19.(ब) 20.(अ) 21.(स) 22.(द) 23.(द) 24.(ब) 25.(द) 26.(अ) 27.(स) 28.(स) 29.(ब) 30.(स)

व्याख्या- भारतीय स्वतंत्रता सेनानी चन्द्रशेखर आजाद का जन्म 23 जुलाई, 1906 को अलीराजपुर (म.प्र.) के भाबरा ग्राम में हुआ था।

31. मध्यप्रदेश में ''हिन्दी साहित्य सम्मेलन'' का आयोजन कहाँ हुआ था।

(अ) भोपाल (ब) ग्वालियर

(स) जबलपुर (द) इन्दौर

व्याख्या- सन् 1918 में ''हिन्दी साहित्य सम्मेलन'' का अधिवेशन गाँधीजी की अध्यक्षता में इन्दौर में हुआ। गाँधीजी की यात्रा से इन्दौर में राष्ट्रीय विचारों का बड़ा बल मिला। कांग्रेस की शाखा की स्थापना इन्दौर में 1920 में हुई।

32. मध्यप्रदेश के किस स्थान पर 1942 के आन्दोलन में पुलिस वालों की वर्दी उतारी गई थी।

(अ) खण्डवा (ब) खरगोन

(स) बुरहानपुर (द) बैतूल

व्याख्या- 1942 की 12 अगस्त को बैतुल के पट्टन बाजार में आन्दोलनकारी भीड़ ने पुलिस की वर्दी उतारकर उन्हें खादी के वस्त्र धारण करवा दिए। इस आन्दोलन का मुख्य नेता महादेव तेली था।

33. भोपाल के विश्वविद्यालय का नाम किस स्वतंत्रता सेनानी के नाम पर रखा गया है।

(अ) सेठ गोविन्ददास (ब) बरकतउल्लाह

(स) हरिगोड़ गोड़ (द) रानी दुर्गावती

व्याख्या- भोपाल विश्वविद्यालय का नाम बरकतउल्लाह स्वतंत्रता सेनानी के नाम पर रखा गया है। मो. बरकतउल्लाह विदेशों में रहकर स्वतंत्रता के लिए निरंतर संघर्ष किया। काबुल में स्थापित की गई भारत की अंतरिम सरकार सन् 1915 में उन्हें प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया।

34. गिरधारी बाई किस शासिका की अंगरक्षिका थी।

(अ) रानी लक्ष्मीबाई (ब) रानी अवन्ती बाई

(स) अहिल्या बाई (द) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या- गिरधारी बाई, मण्डला जिले की छोटी-सी रियासत रामगढ़की रानी अवन्ती बाई की अंगरक्षिका थी। जो 20 मार्च 1858 को अंग्रेजों से मुकाबला करते हुए शहीद हो गयी।

35. ''तैयार हो जाओ आगे बढ़ो साहिबों को मार डालो'' यह कथन स्वतंत्रता सेनानी ने कहा।

(अ) नवाब अली खाँ (ब) फाजिल मोहम्मद खाँ

(स) सआदत खाँ (द) बख्तावर खाँ

व्याख्या- मालवा के होल्कर वंश के सैनिक सआदत खाँ यह कहा था और उसने अपने आठ सैनिकों के साथ मिलकर 29 यूरोपियों की हत्या कर दी और 1874 में अंग्रेजों द्वारा हत्या के आरोप में फाँसी दे दी गयी।

36. प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के समय मध्यप्रदेश के किस स्थान से विद्रोह प्रारंभ हुआ।

(अ) नीमच (ब) ग्वालियर

(स) शिवपुरी (द) ओरछा

व्याख्या- मध्यप्रदेश की नीमच छावनी में पैदल तथा घुड़सवार सैनिको ने 3 जून 1857 की रात्रि में विद्रोह कर दिया।

37. मध्यप्रदेश में सेठ गोविन्ददास के नेतृत्व में ''नमक सत्याग्रह'' की शुरूआत किस जिले से की गई।

(अ) ग्वालियर (ब) मन्दसौर

(स) जबलपुर (द) भोपाल

व्याख्या- 6 अप्रैल 1930 में जबलपुर से म.प्र. में नमक सत्याग्रह आंदोलन की शुरूआत की गई। इसके अन्य नेता द्वारकाप्रसाद मिश्र थे।

38. घोड़ा डोगरी जंगल सत्याग्रह में आदिवासियों नेतृत्व किया था।

(अ) जमुना कोरकू (ब) गंजनसिंह कोरकू

(स) उद्धवदास कोरकू (द) इनमें से कोई नहीं।

व्याख्या- बैतूल जिले के आदिवासियों ने नमक आंदोलन में गंजनसिंह कोरकू के नेतृत्व में भाग लिया और 1930 में घोड़ाडोगरी में जंगल सत्याग्रह किया।

39. मध्यप्रदेश के होशंगाबाद में 1857 के विद्रोह का नेतृत्व किसने किया।

(अ) मर्दन सिंह (ब) दिल्लन सिंह

(स) दौलत सिंह (द) हिम्मत सिंह

व्याख्या- मध्यप्रदेश के होशंगाबाद में क्रांति की शुरूआत वर्ष 1857 के अक्टूबर माह में दौलत सिंह के नेतृत्व में एक विशाल जनसमूह ने नेमावर तहसील में विद्रोह का झण्डा बुलन्द किया।

40. निम्न में से कौन-सा स्वाधीनता सेनानी मध्यप्रदेश से सम्बन्धित नहीं रहे है? (पर्यटन विभाग (सहायक ग्रेड-3), 2013)

(अ) अहमद उल्लाह (ब) राजा बख्तावर सिंह

(स) ठाकुर अजमल सिंह (द) वीर नारायण सिंह

41. शहीद चन्द्रशेखर आजाद का जन्म म.प्र. के किस जिले में हुआ था? (पर्यटन विभाग परीक्षा-2013)

(अ) होशंगाबाद (ब) मन्दसौर

(स) छिंदवाड़ा (द) अलीराजपुर

व्याख्या- चन्द्रशेखर आजाद का जन्म 23 जुलाई 1906 ई. को मध्य प्रदेश के अलीराजपुर जिले के भाबरा नामक गाँव में हुआ था।

1928 में चन्द्रशेखर आजाद ने दिल्ली में ''हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिक एसोसिएशन'' की स्थापना की थी।

27 फरवरी 1931 को अल्फ्रेड पार्क इलाहाबाद में पुलिस मुठभेड़ में चन्द्रशेखर आजाद शहीद हो गए।

31.(द) 32.(द) 33.(ब) 34.(ब) 35.(स) 36.(अ) 37.(स) 38.(ब) 39.(स) 40.(स) 41.(द)

42. 18 अप्रैल 1859 को ब्रिटिश सेना के किस मेजर ने शिवपुरी में तात्या टोपे को फांसी दी थी-

(अ) मेजर मेडॉक (ब) मेजर स्टीवर्ट

(स) मेजर मीडे (द) मेजर वार्डन

व्याख्या- 7 अप्रैल 1859 को मेजर मीडे ने नरवर के सामंत मानसिंह के सहयोग से जंगल से तात्या टोपे को गिरफ्तार किया था। 18 अप्रैल 1859 को मेजर मीडे ने ही तात्या टोपे को शिवपुरी में फांसी दी थी।

43. फरवरी 1947 के दौरान मध्यप्रदेश के किस स्थान पर चावल आंदोलन हुआ-

(अ) रीवा (ब) सतना

(स) सागर (द) जबलपुर

व्याख्या- 28 फरवरी 1947 को रीवा जिले के बदवार ग्राम में ब्रिटिश सरकार के जबरिया लेव्ही उगाही के विरुद्ध जन आंदोलन हुआ, जो चावल आंदोलन के नाम से मशहूर हुआ।

44. स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पं. चंद्रशेखर आजाद ने काकोरी षड्यंत्र के बाद ओरछा के समीप किस नदी के किनारे छद्मवेश धारण कर रहने हेतु कुटिया (झोपड़ी) बनायी।

(अ) बेतवा नदी (ब) पहुज नदी

(स) सातार नदी (द) सिंध नदी

व्याख्या- स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पं. चंद्रशेखर आजाद ने काकोरी षड्यंत्र काण्ड के गोपनीय क्रांतिकारी घटनाओं के संचालन हेतु ओरछा के नजदीक सातार नदी के तट पर टिमरपुरा गांव के समीप कुटिया (झोपड़ी) बनायी एवं छद्मवेश धारण कर पं. हरिशंकर ब्रह्मचारी के नाम से भागवत कथा कहते थे।

45. महात्मा गांधी ने वर्ष 1940 में व्यक्तिगत सत्याग्रह का शुभारंभ मध्यप्रदेश के किस स्थान से किया था-

(अ) इन्दौर (ब) जबलपुर

(स) सागर (द) रतलाम

व्याख्या- महात्मा गांधी ने वर्ष 1940 में मध्यप्रदेश में जबलपुर से व्यक्तिगत सत्याग्रह का शुभारंभ किया। पहले व्यक्तिगत सत्याग्रही विनोबा भावे थे जबकि दूसरे व्यक्तिगत सत्याग्रही पं. जवाहरलाल नेहरू थे।

46. पं. माखनलाल चतुर्वेदी ने कैदी जीवन के दौरान पुष्प की अभिलाषा नामक कविता किस जेल में लिखी थी?

(अ) खण्डवा जेल (ब) जबलपुर जेल

(स) बिलासपुर जेल (द) होशंगाबाद जेल

व्याख्या- पं. माखनलाल चतुर्वेदी ने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान कैदी जीवन व्यतीत करते हुए 'पुष्प की अभिलाषा' नामक कविता की रचना बिलासपुर जेल में की थी।

47. ''भीलों का रॉबिनहुड'' किस आदिवासी क्रांतिकारी नेता को कहा जाता है-

(अ) टंट्या भील को (ब) भीमा नायक को

(स) खज्या नायक को (द) गंजनसिंह कोरकू को

व्याख्या- 1857 की क्रांति के दौरान ब्रिटिश साम्राज्य द्वारा नियुक्त जमींदारों एवं महाजनों से धन को हड़प कर गरीबों एवं आदिवासियों को बांट देने के कारण क्रांतिकारी आदिवासी नेता टंट्या भील को ''भीलों का रॉबिनहुड'' कहा जाता है।

48. भोपाल की वह बेगम जिसने 1857 की क्रांति के समय ब्रिटिश अधिकारियों की सहायता की थी-

(अ) बेगम सिकंदर (ब) बेगम हजरत महल

(स) बेगम तनवीर (द) बेगम जहांआरा

व्याख्या- भोपाल की बेगम सिकंदर ने 1857 की क्रांति के समय ब्रिटिश अधिकारी कर्नल ड्यूरेण्ड कैप्टन कीथ, कर्नल टर्वन आदि की सहायता की थी।

49. 1857 की क्रांति के समय मध्यप्रदेश में 3 जून 1857 को सर्वप्रथम नीमच में हुए विद्रोह को किस ब्रिटिश सैन्य अधिकारी ने दबाया था।

(अ) कर्नल सोबर्स (ब) मेजर वार्डन

(स) कर्नल ड्यूरेण्ड (द) कर्नल मैडोक

व्याख्या- 1857 की क्रांति की चिंगारी मध्यप्रदेश में सर्वप्रथम नीमच में भड़की थी जिसे ब्रिटिश सैन्य अधिकारी कर्नल सोबर्स ने दबाया था।

50. शहीद चैनसिंह की स्मारक के रूप में छत्री कहाँ पर स्थित है-

(अ) नरसिंहपुर (ब) सीहोर

(स) भोपाल (द) आष्टा

व्याख्या- नरसिंहपुर के राजकुमार कुं. चैनसिंह के स्मारक के रूप में छत्री सीहोर में स्थित है।

51. रामगढ़ की किस रानी ने अंग्रेजों के विरुद्ध युद्ध किया?

(डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016)

(अ) रानी अवन्ती बाई (ब) रानी दुर्गाबाई

(स) रानी लक्ष्मी बाई (द) रानी रूपमती

व्याख्या : 1857 की क्रांति के समय रामगढ़की रानी अवंतिबाई ने अंग्रेजों के विरुद्ध युद्ध किया रानी अवंतिबाई को 'म.प्र. की झांसी की रानी' उपनाम से जाना जाता है।

52. जबलपुर सत्याग्रह कब प्रारम्भ हुआ?

(डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016)

(अ) 1921 (ब) 1923

(स) 1925 (द) 1928

व्याख्या : जबलपुर सत्याग्रह वर्ष 1923 में प्रारंभ हुआ उसे यह राष्ट्रीय ध्वज की आन-बान एवं शान के लिये किया गया था इसे ''झण्डा सत्याग्रह'' के नाम से भी जाना जाता है। कांग्रेस ने इसके संचालन की जिम्मेदारी जमुनालाल बजाज को सौंपी गई।

42.(स) 43.(अ) 44.(स) 45.(ब) 46.(स) 47.(अ) 48.(अ) 49.(अ) 50.(ब) 51.(अ) 52.(ब)

53. गोविंददास एवं प. द्वारिकाप्रसाद मिश्र के नेतृत्व में नमक सत्याग्रह किस नगर से शुरू हुआ। (Dairy Fed. Rec. Exam. 2016)
(अ) सतना (ब) जबलपुर
(स) सागर (द) दमोह

व्याख्या- जबलपुर में नमक सत्याग्रह का नेतृत्व गोविंददास एवं प. द्वारिकाप्रसाद मिश्र ने किया। यह आंदोलन 8 अप्रैल 1930 में प्रारंभ हुआ।

54. इंदौर स्थित गाँधी हाल का मूल नाम क्या था?
(अ) किंग एडवर्ड टाउन हॉल (ब) प्रिंस ऑफ वेल्स हॉल
(स) एम्परर एडवर्ड टावर (द) इनमें से कोई नहीं।

व्याख्या- प्रसिद्ध गांधी हॉल का नाम किंग एडवर्ड टाऊन हॉल था। इसका निर्माण 1904 में वास्तुविद् स्टीवेंसन द्वारा किया गया।

55. 1857 के किस क्रांतिकारी ने ब्रिटिश मुख्यालय मण्डलेश्वर की लूट की?
(अ) सआदत खाँ (ब) टंट्या भील
(स) भीमा नायक (द) उपरोक्त सभी ने

व्याख्या- निमाड़ के रॉबिनहुड भीमा नायक ने कई बार अँग्रेजों के खजाने को लूटा एवं संचार व्यवस्था भंग की।

56. 'भोपाल राज्य हिन्दू सभा' की स्थापना की नींव किसने डाली?
(अ) नवाब हमीदुल्ला खाँ (ब) मास्टर लालसिंह
(स) वीर नारायण सिंह (द) दिनेशचन्द्र पाण्डे

व्याख्या- मास्टर लालसिंह ने भोपाल राज्य हिन्दू सभा की नींव डाली।

57. झण्डा सत्याग्रह का निर्देशन किसने किया?
(अ) देवदास गांधी (ब) दुर्गाशंकर मेहता
(स) गोविन्द दास (द) द्वारकाप्रसाद मिश्र

व्याख्या- झण्डा सत्याग्रह का नेतृत्व भगवानदीन एवं पूरनचंद ने किया जबकि निर्देशन देवदास गाँधी ने किया।

58. पंजाब मेल हत्याकाण्ड में कौनसे क्रांतिकारी सहभागी थे-
(अ) यशवंतसिंह (ब) देवनारायण
(स) दलपतराव (द) सभी।

व्याख्या- 1931 में दिल्ली से मुम्बई जा रही पंजाब मेल हत्याकाण्ड में यशवंतसिंह, देवनारायण, दलपतराव ने अँग्रेजी अफसर हेक्सन तथा मेजर शाहन की हत्या कर दी।

59. पंजाब मेल क्रांतिकारियों को फाँसी कब दी गई?
(अ) 11 दिसंबर 1931 (ब) 1 जनवरी 1932
(स) 25 दिसंबर 1930 (द) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या- पंजाब मेल क्रांतिकारी यशवंतसिंह व देवनारायण को 11 दिसंबर 1931 को जबलपुर में फाँसी दी गई।

60. उदयसिंह कहाँ से संबंधित हैं?
(अ) जबलपुर (ब) नरसिंहपुर
(स) मण्डला (द) झाबुआ

व्याख्या- मण्डला में एक सभा के दौरान 19 वर्षीय में उदयसिंह को गोली मार दी गई।

61. मालवा विद्रोह के समय इंदौर का कर्नल कौन था?
(अ) ड्यूरेण्ड (ब) डिकिन्सन
(स) ट्रेवर्स (द) रोबर्स

व्याख्या- 1857 के मालवा विद्रोह के समय इंदौर का कर्नल ड्यूरेण्ड था।

62. म.प्र. में सर्वप्रथम विद्रोह कहाँ हुआ?
(अ) मालवा (ब) महाकोशल
(स) बुंदेलखण्ड (द) ग्वालियर

व्याख्या- 1818 में सर्वप्रथम महाकोशल प्रांत से आशाजी भोंसले के नेतृत्व में विद्रोह हुआ। अप्पाजी

63. तात्या टोपे को फाँसी कहाँ दी गई।
(अ) शिवपुरी (ब) ग्वालियर
(स) झाँसी (द) मुरैना

व्याख्या- तात्या टोपे को 18 अप्रैल 1859 को शिवपुरी में फाँसी दी गई।

64. 1857 के विद्रोह में किसने आगरा में शरण ली?
(अ) होल्कर (ब) सिंधिया
(स) भोंसले (द) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या- 1857 की क्रांति के दौरान सिंधिया राजवंश ने आगरा में शरण ली थी।

65. भारत की आजादी के समय निम्नलिखित में से कौन-सा शहर मध्यप्रदेश की राजधानी था? Group-2 2018
(अ) नागपुर (ब) इंदौर
(स) ग्वालियर (द) जबलपुर

व्याख्या- भारत की आजादी के समय मध्यप्रदेश की राजधानी नागपुर थी।

* * *

53.(ब) 54.(अ) 55.(स) 56.(ब) 57.(अ) 58.(द) 59.(अ) 60.(स) 61.(अ) 62.(ब) 63.(अ) 64.(ब) 65.(अ)














# अध्याय– 3

# मध्य प्रदेश : सामान्य परिचय राज्य पुनर्गठन

1. म.प्र. द्वारा गठित नये शहडोल संभाग में जिले शामिल हैं–
   (अ) शहडोल, उमरिया अनूपपुर
   (ब) शहडोल, उमरिया, अनूपपुर, डिण्डोरी
   (स) शहडोल, उमरिया, मण्डला
   (द) शहडोल, उमरिया, मण्डला, डिण्डोरी

**व्याख्या**– म.प्र. के नवगठित शहडोल संभाग में शहडोल, उमरिया, अनूपपुर जिले सम्मिलित हैं।

2. निम्न में से कौन–सा नगर प्रदेश का 49वाँ जिला बनाया गया–
   (अ) सिंगरौली (ब) सुहागपुर
   (स) अलीराजपुर (द) गरोठ

**व्याख्या**– मध्यप्रदेश में अलीराजपुर को 49वाँ जिला घोषित किया गया।

3. अलीराजपुर जिला विधिवत रूप से कब अस्तित्व में आया?
   (अ) 5 मई, 2008 (ब) 9 मई, 2008
   (स) 17 मई, 2008 (द) इनमें से कोई नहीं।

**व्याख्या**– अलीराजपुर जिले का गठन 17 मई, 2008 को किया गया।

4. अलीराजपुर किस जिले से पृथक करके बनाया गया?
   (अ) धार (ब) झाबुआ
   (स) रतलाम (द) मण्डला

**व्याख्या**– मध्यप्रदेश में 49वाँ जिला अलीराजपुर झाबुआ जिले को पृथक कर बनाया गया।

5. निम्न में से कौन–सा जिला प्रदेश का 50वाँ जिला बना–
   (अ) सिंगरौली (ब) आलीराजपुर
   (स) गरोठ (द) गंजबासौदा

**व्याख्या**– मध्यप्रदेश का सिंगरौली जिला 50वें जिले के रूप में अस्तित्व में आया।

6. वर्ष 2008 में प्रदेश का 50वाँ जिला बना सिंगरौली किस जिले से पृथक किया गया है?
   (अ) झाबुआ (ब) सीधी
   (स) शहडोल (द) मण्डला

1.(अ) 2.(स) 3.(स) 4.(ब) 5.(अ) 6.(ब)

व्याख्या- सिंगरौली मध्यप्रदेश के 50 जिले के रूप में अस्तित्व में आया, जो कि सीधी से पृथक हुआ था।

7. सिंगरौली जिला इस तारीख को विधिवत स्थापित किया गया-
(अ) 17 मई, 2008 (ब) 15 अप्रैल, 2008
(स) 24 मई, 2008 (द) 27 मई, 2008

व्याख्या- सिंगरौली जिले का गठन 24 मई, 2008 को किया गया।

8. मध्यप्रदेश का 51वाँ जिला कौन सा बना है?
(अ) आगर मालवा (ब) गरोठ
(स) सीहोरा (द) पाण्डुना

व्याख्या- 16 अगस्त 2013 को मध्यप्रदेश का 51वाँ जिला आगर-मालवा बना है जो शाजापुर जिले को विभाजित कर गठित किया गया है।

9. 15 अगस्त 1947 को स्वाधीनता के समय मध्यप्रदेश में कितनी देशी रियासतें थीं? (पर्यटन विभाग (सहायक ग्रेड-3), 2013)
(अ) 60 (ब) 61
(स) 62 (द) 63

व्याख्या- 15 अगस्त 1947 को स्वाधीनता के समय मध्य प्रदेश में विन्ध प्रदेश, मध्य भारत, सेन्ट्रल प्रोविन्स बरार छत्तीसगढ़, बघेलखण्ड की रियासतें शामिल थी, इनकी संख्या 61 थी।

10. जब 1947 में सेंट्रल प्रोविन्स व बरार क्षेत्र में बघेलखण्ड व छत्तीसगढ़रियासतों को मिलाकर मध्यप्रदेश राज्य बना, तो उसकी राजधानी थी- (पर्यटन विभाग (सहायक ग्रेड-3), 2013)
(अ) इन्दौर (ब) ग्वालियर
(स) नागपुर (द) उज्जैन

व्याख्या- सन् 1947 में सेन्ट्रल प्रोविन्स और बरार में बघेलखण्ड और छत्तीसगढ़की रियासतों को सम्मिलित कर मध्य प्रदेश राज्य बना। इन नए राज्य को पार्ट ए नाम दिया गया जिसकी राजधानी नागपुर थी।

11. जब भोपाल स्टेट एक पृथक राज्य के रूप में था तो वह कौन-सी श्रेणी में था? (पर्यटन विभाग (सहायक ग्रेड-3) 2013)
(अ) ए (ब) बी
(स) सी (द) डी

व्याख्या- भोपाल स्टेट एक पृथक राज्य था जो पार्ट सी का भाग था। इसकी राजधानी भोपाल थी।

12. 21°6' से 26°30' उत्तरी अक्षांश प्रदेश की स्थिति है और पूर्वी देशान्तर की स्थिति क्या है-
(अ) 74°9' से 82°48' (ब) 75° से 85°''
(स) 26° से 38°12' (द) 70° से 79°82'

व्याख्या- मध्यप्रदेश की भौगोलिक स्थिति है- 21°6' से 26°30' उत्तरी अक्षांश से 74°9' से 82°48' उत्तरी पूर्वी देशान्तर के मध्य।

13. मध्यप्रदेश उत्तर से दक्षिण तक लम्बा 605 कि.मी. है तो पूर्व से पश्चिम तक की लम्बाई कितनी है-
(अ) 780 कि.मी. (ब) 870 कि.मी.
(स) 980 कि.मी. (द) 890 कि.मी.।

व्याख्या- मध्यप्रदेश की उत्तर से दक्षिण की दूरी 605 कि.मी. है जबकि पश्चिम से पूर्व की दूरी 870 कि.मी. है।

14. वर्तमान मध्यप्रदेश राज्य की सीमा से कितने राज्यों की सीमा लगी हुई है-
(अ) 8 (ब) 7
(स) 6 (द) 5

व्याख्या- वर्तमान म.प्र. की सीमा 5 राज्यों छत्तीसगढ़, गुजरात, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और राजस्थान से मिलती है।

15. मध्यप्रदेश का निर्माण राज्य पुनर्गठन आयोग की सिफारिश पर हुआ था। इसके अध्यक्ष थे-
(अ) मोहम्मद अली (ब) फजल अली
(स) बी.आर. दुबे (द) आर.सी. भण्डारी।

व्याख्या- मध्यप्रदेश का निर्माण राज्य पुनर्गठन आयोग की सिफारिश पर हुआ था। राज्य पुनर्गठन आयोग की स्थापना 1953 में हुई थी जिसके अध्यक्ष फजल अली थे। सदस्य - हृदयनाथ कुंजरु, के.एम. पणिक्कर।

16. नवगठित मध्यप्रदेश (1956) के प्रथम मुख्यमंत्री थे-
(अ) विद्याचरण शुक्ल (ब) पट्टाभिसीतारमैया
(स) वीर नारायणसिंह (द) रविशंकर शुक्ल।

व्याख्या- नवगठित मध्यप्रदेश (1956) के प्रथम मुख्यमंत्री पं. रविशंकर शुक्ल थे, जबकि राज्यपाल पट्टाभि सीतारमैया थे।

17. पूर्व मध्यभारत में मंदसौर जिले की कौन सी तहसील मध्यप्रदेश में सम्मिलित है-
(अ) गरोठ (ब) टोंक
(स) राजपुर (द) भानपुरा (सुनेल टप्पा छोड़कर)

व्याख्या- पूर्व मध्य भारत मे मंदसौर जिले की भानपुरा तहसील को मध्यप्रदेश में शामिल किया गया था। (1956)

18. वर्तमान मध्यप्रदेश के दक्षिण-पूर्व में कौनसा राज्य स्थित है-
(अ) महाराष्ट्र (ब) बिहार
(स) छत्तीसगढ़ (द) प. बंगाल।

व्याख्या- वर्तमान मध्यप्रदेश के उत्तर में उत्तरप्रदेश, दक्षिणपूर्व में छत्तीसगढ़, दक्षिण में महाराष्ट्र, पश्चिम में गुजरात एवं पश्चिमोत्तर में राजस्थान राज्य स्थित हैं।

19. जबलपुर के आसपास का क्षेत्र पूर्व में किस नाम से जाना जाता था-
(अ) विंध्यप्रदेश (ब) बघेलखण्ड

7.(स) 8.(अ) 9.(ब) 10.(स) 11.(स) 12.(अ) 13.(ब) 14.(द) 15.(ब) 16.(द) 17.(द) 18.(स)

(स) महाकौशल (द) मालवा

व्याख्या- जबलपुर के आसपास का क्षेत्र पूर्व में महाकौशल के नाम से जाना जाता था।

20. उत्तर क्षेत्र की रियासतों को मिलाकर विंध्यप्रदेश बनाया जिसकी राजधानी थी-

(अ) रीवा (ब) सतना

(स) पन्ना (द) सीधी

व्याख्या- उत्तरी रियासतों को मिलाकर विंध्यप्रदेश बनाया गया था, जिसकी राजधानी रीवा थी।

21. वर्तमान में 10 सम्भागों में से किस सम्भाग में सर्वाधिक जिले सम्मिलित हैं-

(अ) इन्दौर सम्भाग (ब) भोपाल सम्भाग

(स) सागर सम्भाग (द) जबलपुर सम्भाग।

व्याख्या- इन्दौर संभाग के जिले- इन्दौर, धार, झाबुआ, अलीराजपुर, बड़वानी, खरगौन, खण्डवा, बुरहानपुर।

22. अब मध्यप्रदेश देश में क्षेत्रफल की दृष्टि से द्वितीय राज्य है। जिसका क्षेत्रफल देश के कितने प्रतिशत है-

(अ) 9.38% (ब) 10.39%

(स) 8.83% (द) 12.88%

व्याख्या- मध्यप्रदेश के विभाजन से पूर्व प्रदेश का क्षेत्रफल देश के क्षेत्रफल का 14 प्रतिशत था जो अब घटकर 9.38 प्रतिशत हो गया है।

23. म.प्र. की पूर्वी सीमा पर स्थित अन्तिम जिला है-

(अ) सिंगरौली (ब) सतना

(स) सिवनी (द) उमरिया

व्याख्या- म.प्र. की पूर्वी सीमा पर अंतिम जिला 'सिंगरौली' है।

24. प्रदेश के किस जिले से गुजरात राज्य की सर्वाधिक सीमा जुड़ी है-

(अ) खरगोन (ब) धार

(स) रतलाम (द) अलीराजपुर

व्याख्या- प्रदेश के अलीराजपुर जिले की गुजरात राज्य से जुड़ी सर्वाधिक सीमा है। 2008 में झाबुआ से अलग अलीराजपुर जिला बनाया गया।

25. मध्यप्रदेश की राजभाषा कौन सी है-

(अ) हिन्दी (ब) अंग्रेजी

(स) उर्दू (द) A+B

व्याख्या- मध्यप्रदेश की राजभाषा हिन्दी है।

26. 'मध्यप्रदेश' यह नाम किस व्यक्ति ने दिया

(अ) पट्टाभिसीतारमैया (ब) एम.एस. माथुर

(स) जवाहरलाल नेहरू (द) रविशंकर शुक्ल।

व्याख्या- म.प्र. का नाम पं. जवाहरलाल नेहरू ने दिया था।

27. राजस्थान की किस तहसील को मध्यप्रदेश में जोड़ा-

(अ) सिरोंज (ब) सुसनेर

(स) पाटन (द) खुर्द।

व्याख्या- म.प्र. गठन के समय राजस्थान की सिरोंज तहसील को म.प्र. के विदिशा जिले से सम्मिलित किया गया।

28. मध्यप्रदेश की सीमा किस राज्य के साथ सबसे अधिक लम्बाई लिये हुए है?

(अ) राजस्थान (ब) गुजरात

(स) उत्तरप्रदेश (द) बिहार

व्याख्या- मध्यप्रदेश की सीमा सर्वाधिक राजस्थान राज्य को छूती है। सर्वाधिक जिले उ.प्र. से लगे है।

29. मध्यप्रदेश का निम्नलिखित में से कौन सा नगर कर्क रेखा के उत्तर में स्थित है?

(अ) रीवा (ब) रतलाम

(स) भोपाल (द) इन्दौर

व्याख्या- मध्यप्रदेश के रीवा शहर कर्क रेखा के उत्तर में है जबकि भोपाल, रतलाम, इन्दौर, शहरों से कर्क रेखा गुजरती है।

30. पन्ना की हीरे की खानें किस सीरीज से सम्बन्धित है?

(अ) सौसर सीरीज (ब) चिलपी सीरीज

(स) बिजावर सीरीज (द) सकोली सीरीज

व्याख्या- पन्ना की हीरे की खानें 'बिजावर सीरीज' से संबंधित है।

31. क्षेत्रफल की दृष्टि से मध्यप्रदेश (विभाजन के बाद) का देश में कौन-सा स्थान है?

(अ) पहला (ब) दूसरा

(स) तीसरा (द) चौथा।

व्याख्या- क्षेत्रफल की दृष्टि से मध्यप्रदेश का स्थान (वर्तमान) राजस्थान के बाद दूसरा है।

32. निम्नलिखित में कौन-सा नगर जिला मुख्यालय नहीं है-

(अ) कटनी (ब) कवर्धा मुरैना

(स) इटारसी (द) सीहोर

व्याख्या- मध्यप्रदेश में इटारसी होशंगाबाद जिले का एक नगर है, जहाँ सबसे बड़ा रेलवे जंक्शन उपस्थित है।

33. म.प्र. के मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने किस जिले को भारत का सिंगापुर बनाने की घोषणा की?

19.(स) 20.(अ) 21.(अ) 22.(अ) 23.(अ) 24.(द) 25.(अ) 26.(स) 27.(अ) 28.(स) 29.(अ) 30.(स) 31.(ब) 32.(स)

(अ) अलीराजपुर (ब) सिंगरौली
(स) सीधी (द) बैतूल

व्याख्या- मध्यप्रदेश में सिंगरौली को 50वें जिले का दर्जा प्रदान किया गया एवं इसे भारत का सिंगापुर बनाने की घोषणा की गई।

34. नवीन जिलों के गठन के बाद अब प्रदेश की ऊर्जा राजधानी कौन-सा जिला कहलायेगा?
(अ) सिंगरौली (ब) अलीराजपुर
(स) सुहागपुर (द) सीधी

व्याख्या- मध्यप्रदेश का 50 वाँ जिला सिंगरौली ऊर्जा राजधानी कहा जाता है। 24 मई 2008 को गठित। वर्तमान में म.प्र. में 52 जिले है।

35. म.प्र. के विभाजन से प्रदेश को सर्वाधिक क्षति किस दृष्टि से हुई-
(अ) शैक्षणिक दृष्टि से (ब) भौगोलिक दृष्टि से
(स) सामाजिक दृष्टि से (द) आर्थिक दृष्टि से

व्याख्या- मध्यप्रदेश के विभाजन से प्रदेश को शैक्षणिक, भौगोलिक एवं सामाजिक दृष्टि की अपेक्षा आर्थिक दृष्टि से अधिक हानि हुई।

36. वर्ष 2008 में गठित म.प्र. की नवीन तहसीलों में 'घोड़ा डोंगरी' भी शामिल है, यह किस जिले के अंतर्गत आती है-
(अ) छिंदवाड़ा (ब) बैतूल
(स) मण्डला (द) सीधी

व्याख्या- मध्यप्रदेश की नवीन तहसीलों में घोड़ा डोंगरी भी शामिल है, जो कि बैतूल जिले के अंतर्गत आती है।

37. म.प्र. के किस जिले में 'धारवाड़ शैल' समूह को 'सौंसर सीरीज' के नाम से जाना जाता है?
(अ) छिंदवाड़ा (ब) बैतूल
(स) शहडोल (द) बालाघाट

व्याख्या- मध्यप्रदेश के धारवाड़ शैल समूह को छिंदवाड़ा जिले में सौसर सिटीज के नाम से जाना जाता है, जिसमें मैंगनीज निक्षेपण मिलते हैं।

38. चंबल संभाग का मुख्यालय कहाँ है?
(अ) मुरैना जिले में (ब) ग्वालियर
(स) भिण्ड में (द) श्योपुर

व्याख्या- मध्यप्रदेश में मुरैना में चंबल संभाग का मुख्यालय है।

39. निम्न में से किस देश का क्षेत्रफल मध्यप्रदेश से कम है-
(अ) कनाडा (ब) ब्रिटेन
(स) फ्रांस (द) संयुक्त जर्मनी

व्याख्या- संयुक्त जर्मनी का क्षेत्रफल मध्यप्रदेश से भी कम है।

40. मध्यप्रदेश वर्तमान में कितने राज्यों की सीमा स्पर्श करता है।
(अ) 7 (ब) 4
(स) 5 (द) 6

व्याख्या- मध्यप्रदेश वर्तमान में 5 राज्यों से सीमा स्पर्श करता है। जिसमें 5 राज्य-उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, छत्तीसगढ़, गुजरात है। जिसमें सबसे अधिक उत्तरप्रदेश से तथा सबसे कम गुजरात से।

41. मध्यप्रदेश गठन के समय कितने संभागों सहित थे।
(अ) 7 संभाग (ब) 9 संभाग
(स) 10 संभाग (द) 8 संभाग

व्याख्या- मध्यप्रदेश का गठन 8 संभागों के सहित 1 नवम्बर 1956 को किया गया, जिसमें 43 जिले थे तथा राज्य गठन आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति फजल अली थे। तथा इनके दो सदस्य के.एम.पणिक्कर एवं हृदयनाथ कुंजरू थे।

42. पुनर्गठन के समय म.प्र. में कितने जिले एवं संभाग रह गये।
(अ) 45 जिले, 10 संभाग
(ब) 43 जिले, 9 संभाग
(स) 44 जिले, 9 संभाग
(द) 45 जिले, 9 संभाग

व्याख्या- 1 नवम्बर 2000 को राज्य पुनर्गठन के समय म.प्र. को छत्तीसगढ़से अलग कर दिया गया, जिसके कारण म.प्र. में 9 संभाग एवं 45 जिले रह गये। वर्तमान में 10 संभाग तथा 52 जिले हैं।

43. भू-वैज्ञानिक दृष्टि से मध्यप्रदेश सर्वाधिक किस चट्टान का भाग है।
(अ) गोंडवानालैंड (ब) दक्कन का पठार
(स) कडप्पा (द) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या- भू-वैज्ञानिक दृष्टि से मध्यप्रदेश सर्वाधिक प्राचीनतम् 'गौडवानालैंड'' का भाग है। मध्यप्रदेश के पश्चिमी भाग में ''दक्कन ट्रेप'' की चट्टानें और पूर्वी भाग में ''विन्ध्य शैल समूह'' स्थित है।

44. मध्यप्रदेश की राजकीय मछली कौन-सी है।
(अ) डॉल्फिन (ब) स्टारफिश
(स) महाशीर (द) आक्टोपस

व्याख्या- मध्यप्रदेश की राजकीय मछली महाशीर है। जिसे 2013 में घोषित किया गया। विश्व बैंक परियोजना के अंतर्गत भोपाल जिले के करेवा जलाशय का महाशीर मत्स्य संरक्षण के लिए चयन किया गया है।

45. वर्तमान में मध्यप्रदेश में कितने जिले है।
(अ) 52 (ब) 52
(स) 50 (द) 49

व्याख्या- वर्तमान में मध्यप्रदेश में 52 जिले है। 52वाँ जिला निवाड़ी 01 अक्टूबर 2018 टीकमगढ़ जिले से अलग करके बनाया गया है।

46. मध्यप्रदेश में सर्वाधिक दुग्ध उत्पादन में कौन से दो जिले आते है।
(अ) भिण्ड, मुरैना (ब) शिवपुरी, श्योपुर
(स) मुरैना, श्योपुर (द) खण्डवा, खरगोन

33.(ब) 34.(अ) 35.(द) 36.(ब) 37.(अ) 38.(अ) 39.(द) 40.(स) 41.(द) 42.(द) 43.(अ) 44.(स) 45.(ब) 46.(स)

व्याख्या- मध्यप्रदेश में सर्वाधिक दुग्ध उत्पादन मुरैना और श्योपुर जिलों में होता है। मध्यप्रदेश का दुग्ध उत्पादन में देश में 7वां स्थान है। आपरेशन फ्लड दुग्ध उत्पादन से सम्बन्धित है।

47. मध्यप्रदेश का वह कौन सा स्थान है जिसे विश्व का मध्य बिन्दु माना जाता है।

(अ) बैतूल (ब) उज्जैन
(स) रीवा (द) इन्दौर

व्याख्या- मध्यप्रदेश का वह स्थान उज्जैन है। जिसे विश्व का मध्यबिन्दु माना जाता है और विश्व का एक- मात्र स्थान जहाँ 21 जून को सूर्य 90 पर लम्बवत् होता है।

48. डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर राष्ट्रीय सामाजिक विज्ञान एवं संस्था की स्थापना मध्यप्रदेश में कहाँ की गई है।

(अ) इन्दौर (ब) भोपाल
(स) महू (द) जबलपुर

व्याख्या- डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर राष्ट्रीय सामाजिक विज्ञान एवं संस्था उनकी जन्म स्थली महू जि. इन्दौर में 14 नवम्बर 1988 को स्थापित की गई है। 14 अप्रैल 2016 से इसे विश्वविद्यालय का दर्जा दिया गया है।

49. मध्यप्रदेश का विभाजन कब हुआ ? (SI 2011)

(अ) 1 नवम्बर, 2000 (ब) 1 जुलाई, 2000
(स) 1 अगस्त, 2000 (द) 1 दिसम्बर, 2000

व्याख्या- म.प्र. की स्थापना 1 नवंबर 1956 को हुई थी, जबकि म.प्र. से काटकर बनाया गया छ.ग. राज्य 1 नवंबर 2000 को अस्तित्व में आया।

50. इनमें से कौन-से राज्य की सीमा, मध्य प्रदेश की सीमा से नहीं मिलती? (चतुर्थ श्रेणी परीक्षा 2012)

(अ) पश्चिम बंगाल (ब) गुजरात
(स) उत्तर प्रदेश (द) राजस्थान

व्याख्या- मध्यप्रदेश से पाँच राज्यों की सीमा मिलती है-
उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, राजस्थान, महाराष्ट्र। म.प्र. की सबसे ज्यादा सीमा उ.प्र. से लगती है तथा सबसे कम गुजरात से लगती है। जबकि पश्चिम बंगाल से मध्यप्रदेश की सीमा नहीं मिलती है।

51. निम्न में से कौन-सा जिला सागर सम्भाग में आता है? (चतुर्थ श्रेणी परीक्षा 2012)

(अ) रायसेन (ब) विदिशा
(स) नरसिंहपुर (द) टीकमगढ़

व्याख्या- सागर सम्भाग में 5 जिले है- सागर, दमोह, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़।
रायसेन, भोपाल सम्भाग में है।
नरसिंहपुर जबलपुर सम्भाग में है।
विदिशा भोपाल सम्भाग में है।

52. मध्य प्रदेश में नगर निगमों की कुल संख्या है- (चतुर्थ श्रेणी परीक्षा 2012)

(अ) 12 (ब) 13
(स) 18 (द) 15

व्याख्या- म.प्र. में नगर निगम 18 हैं - 1. इंदौर, 2. भोपाल, 3. जबलपुर, 4. ग्वालियर, 5. सागर, 6. रीवा, 7. उज्जैन, 8. खण्डवा, 9. बुरहानपुर, 10. रतलाम, 11. देवास, 12. सिंगरौली, 13. कटनी, 14. सतना, 15. मुरैना, 16. छिंदवाड़ा, 17. भिण्ड, 18. दतिया।
म.प्र. में प्रथम नगरपालिका का गठन 1864 में जबलपुर में हुआ।

53. मध्यप्रदेश का गठन किस दिन हुआ था? (पटवारी परीक्षा 2008)

(अ) 1 नवम्बर, 1956 (ब) 1 अक्टूबर, 1956
(स) 1 नवम्बर, 1958 (द) 1 जनवरी, 1956

व्याख्या- मध्यप्रदेश का गठन न्यायमूर्ति फजल अली खाँ की अध्यक्षता वाले राज्य पुनर्गठन आयोग की अनुशंसा पर 1 नवम्बर, 1956 को किया गया एवं म.प्र. के पहले मुख्यमन्त्री पं. रविशंकर शुक्ल बने।

54. मध्यप्रदेश से राज्य सभा के कितने सदस्य होते हैं- (ड्रग इंस्पेक्टर परीक्षा 2012)

(अ) 9 (ब) 12
(स) 10 (द) 11

व्याख्या- मध्य प्रदेश में राज्य सभा सदस्यों की संख्या 11 तथा लोकसभा सदस्यों की संख्या 29 हैं। विधान सभा सदस्यों की संख्या 230 है।

55. मध्यप्रदेश में कितनी नगर पालिका है? (ड्रग इंस्पेक्टर परीक्षा 2012)

(अ) 91 (ब) 95
(स) 98 (द) 90

व्याख्या-म.प्र. में वर्तमान में 18 नगर निगम व 100 नगर पालिका है।

56. मध्यप्रदेश का राजकीय पुष्प कौन-सा है? (ड्रग इंस्पेक्टर परीक्षा 2012)

(अ) गुलाब (ब) गेंदा
(स) सफेद लिली (द) गुलमोहर

व्याख्या- मध्य प्रदेश का राजकीय पुष्प सफेद लिली है एवं भारत का राष्ट्रीय पुष्प कमल है।

57. निम्न में से कौन-सा राज्य मध्यप्रदेश के पूर्व में है? (ड्रग इंस्पेक्टर परीक्षा 2012)

(अ) हरियाणा (ब) केरल
(स) पंजाब (द) छत्तीसगढ़

47.(ब) 48.(स) 49.(अ) 50.(अ) 51.(द) 52.(स) 53.(अ) 54.(द) 55.(स) 56.(स) 57.(द)

व्याख्या- मध्यप्रदेश राज्य की सीमा 5 राज्यों को स्पर्श करती है।

| | | |
|---|---|---|
| उत्तर में | - | उत्तरप्रदेश |
| पूर्व में | - | छत्तीसगढ़ |
| पश्चिम में | - | राजस्थान व गुजरात |
| दक्षिण में | - | महाराष्ट्र |

58. निम्न में से 1956 में मध्यप्रदेश में नहीं जुड़ा था?
( ड्रग इंस्पेक्टर परीक्षा 2012 )

(अ) भोपाल (ब) मध्यभारत
(स) कच्छ (द) विंध्य प्रदेश

व्याख्या- म.प्र. का गठन न्यायमूर्ति फजल अली खाँ की अध्यक्षता वाले राज्य पुनर्गठन आयोग की अनुशंसा पर 1 नवम्बर, 1956 को किया गया।
सेन्ट्रल प्रॉविन्स एवं बरार में छत्तीसगढ़की रियासतों को शामिल कर म.प्र. राज्य बना। इसमें कच्छ शामिल नहीं है। कच्छ गुजरात का हिस्सा है।

59. मध्यप्रदेश में विधान सभा में विधान सभा क्षेत्रों की कुल संख्या है-
( मध्यप्रदेश स्टोनो ग्राफर परीक्षा 2012 )

(अ) 325 (ब) 225
(स) 250 (द) 230

व्याख्या- म.प्र. विधानसभा में विधान-सभा सीटों की कुल संख्या 230 है। जिसमें से 47 सीटें अनुसूचित जनजाति के लिए तथा 35 विधानसभा सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं।
म.प्र. में लोकसभा क्षेत्र की कुल सीटें 29 तथा राज्य सभा की कुल सीटें 11 हैं।

60. मध्यप्रदेश में संभागों की संख्या है-
( मध्यप्रदेश स्टोनो ग्राफर परीक्षा 2012 )

(अ) 12 (ब) 10
(स) 08 (द) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या- मध्यप्रदेश में 10 सम्भाग तथा 52 जिले हैं।

| सम्भाग | जिलों की संख्या |
|---|---|
| 1. इन्दौर | 8 |
| 2. उज्जैन | 7 |
| 3. ग्वालियर | 5 |
| 4. नर्मदापुरम् | 3 |
| 5. जबलपुर | 8 |
| 6. चंबल | 3 |
| 7. रीवा | 4 |
| 8. सागर | 6 |
| 9. भोपाल | 5 |
| 10. शहडोल | 3 |

61. मध्यप्रदेश का पिनकोड किस अंक से प्रारम्भ होता है?
( मध्यप्रदेश स्टोनो ग्राफर परीक्षा 2012 )

(अ) 5 (ब) 6
(स) 4 (द) 3

व्याख्या- मध्यप्रदेश राज्य का पिनकोड का आरम्भ 4 अंक से होता है। पिनकोड में अंकों की कुल संख्या 6 होती है। भारत में डाक सेवा का आरम्भ लार्ड डलहौजी के समय किया गया।

62. मध्य प्रदेश के दक्षिण में निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य है?
( पुलिस आरक्षक 2013 )

(अ) राजस्थान (ब) गुजरात
(स) छत्तीसगढ़ (द) महाराष्ट्र

व्याख्या- मध्यप्रदेश पाँच राज्यों से घिरा हुआ भू आवेष्ठित राज्य है। मध्यप्रदेश की सीमा उत्तरप्रदेश, गुजरात, राजस्थान, महाराष्ट्र व छत्तीसगढ़ राज्य को स्पर्श करती है।

| | |
|---|---|
| उत्तर में उत्तर प्रदेश | दक्षिण में महाराष्ट्र |
| पूर्व में छत्तीसगढ़ | पश्चिम में गुजरात, राजस्थान। |

63. मध्यप्रदेश से लोक सभा की कितनी सीटें हैं?
( पुलिस आरक्षक 2013 )

(अ) 27 (ब) 28
(स) 29 (द) 30

व्याख्या- मध्यप्रदेश में लोकसभा सीटों की संख्या 29 हैं। राज्यसभा सीटें 11 एवं विधान सभा सीटों की संख्या 230 है।

64. निम्न में से कौन-सा मध्यप्रदेश का सम्भाग नहीं है?
( पर्यटन विभाग ( सहायक ग्रेड-3 ), 2013 )

(अ) मंदसौर (ब) चम्बल
(स) सागर (द) रीवा

व्याख्या- मध्य प्रदेश में 10 सम्भाग एवं 52 जिले हैं।

सम्भाग

| | | |
|---|---|---|
| (1) इन्दौर | (2) उज्जैन | (3) जबलपुर |
| (4) भोपाल | (5) सागर | (6) ग्वालियर |
| (7) चम्बल | (8) नर्मदापुरम् | (9) रीवा |
| (10) शहडोल | | |

65. अविभाजित मध्यप्रदेश से लोकसभा के कुल कितने सदस्य निर्वाचित होते थे? ( पर्यटन विभाग ( सहायक ग्रेड-3 ), 2013 )

(अ) 45 (ब) 42
(स) 40 (द) 38

58.(स) 59.(द) 60.(ब) 61.(स) 62.(द) 63.(स) 64.(अ)

व्याख्या- अविभाजित मध्य प्रदेश में लोकसभा की सीटों की संख्या 40 थी। वर्तमान में मध्य प्रदेश की लोकसभा सीटों की संख्या 29 तथा राज्यसभा सीटों की संख्या 11 हैं।

66. म.प्र. राज्य में कितने जिले हैं? ( पर्यटन विभाग परीक्षा-2013 )

(अ) 51 (ब) 45

(स) 40 (द) 35

व्याख्या- वर्तमान में मध्यप्रदेश में कुल जिले 52 है। जिसमें क्षेत्रफल में सबसे बड़ा जिला छिन्दवाड़ा तथा सबसे छोटा जिला दतिया है। जबकि जनसंख्या की दृष्टि से सबसे बड़ा जिला इन्दौर एवं सबसे छोटा जिला आगर-मालवा है।

67. किस राज्य को ''भारत का हृदय'' कहा जाता है?

( मध्यप्रदेश सहायक ग्रेड-3, 2013 )

(अ) उत्तरप्रदेश (ब) राजस्थान

(स) मध्यप्रदेश (द) दिल्ली

व्याख्या- मध्यप्रदेश को सोया स्टेट, टाइगर स्टेट, लघु भारत, मध्यभारत, नदियों का मायका आदि नामों से भी जाना जाता है।

मध्यप्रदेश की भौगोलिक स्थिति 21°6' उत्तरी अक्षांश से 26°30' उत्तरी अक्षांश व 74°9' पूर्वी देशान्तर से 82°48' पूर्वी देशान्तर के मध्य तक है।

68. मध्य प्रदेश का सबसे बड़ा शहर कौन-सा है?

( मध्यप्रदेश सहायक ग्रेड-3, 2013 )

(अ) भोपाल (ब) इन्दौर

(स) जबलपुर (द) उज्जैन

व्याख्या- मध्यप्रदेश का सबसे बड़ा शहर इन्दौर है।
म.प्र. की व्यापारिक राजधानी भी कहा जाता है।

69. क्षेत्रफल के आधार पर भारत में मध्य प्रदेश राज्य कौन-से स्थान पर है? ( मध्यप्रदेश सहायक ग्रेड-3, 2013 )

(अ) चौथे स्थान पर (ब) पहले स्थान पर

(स) तीसरे स्थान पर (द) दूसरे स्थान पर

व्याख्या- म.प्र. का क्षेत्रफल 3,08,252 वर्ग किमी. है। यह भारत के क्षेत्रफल का 9.38% है।

क्षेत्रफल में राजस्थान प्रथम स्थान पर तथा म.प्र. द्वितीय स्थान पर है।

70. किस प्रान्त से मध्यप्रदेश की सीमा में नहीं लगी है?

( परिवहन आरक्षक परीक्षा-2012 )

(अ) महाराष्ट्र (ब) गुजरात

(स) राजस्थान (द) आन्ध्रप्रदेश

व्याख्या- मध्य प्रदेश की सीमा 5 राज्यों से मिलती है। उत्तर में उत्तर प्रदेश, पूर्व में छत्तीसगढ़, दक्षिण में महाराष्ट्र, पश्चिम में गुजरात तथा उत्तर-पश्चिम में राजस्थान को स्पर्श करती है।

71. क्षेत्रफल की दृष्टि से निम्नलिखित जिलों में यह जिला सबसे छोटा है- ( ट्रांस्लेशन सहायक ग्रेड-3 प्रारम्भिक परीक्षा-2012 )

(अ) बालाघाट (ब) छिंदवाड़ा

(स) छतरपुर (द) शिवपुरी

व्याख्या- क्षेत्रफल की दृष्टि से मध्यप्रदेश का सबसे छोटा जिला दतिया है लेकिन option के अनुसार छतरपुर होगा। म.प्र. का क्षेत्रफल की दृष्टि से बड़ा जिला छिन्दवाड़ा है। → विकल्प

72. 1 नवम्बर 1956 को राजस्थान के कोटा जिले की किस तहसील को मध्यप्रदेश में सम्मिलित किया गया था-

(अ) बारां (ब) सिरोंज

(स) घबड़ा (द) रामगंजमण्डी

व्याख्या- 1 नवम्बर 1956 को मध्यप्रदेश राज्य पुनर्गठन के समय राजस्थान के कोटा जिले की सिरोंज तहसील को मध्यप्रदेश के विदिशा जिले में शामिल किया गया था-

73. भोपाल राज्य के पहले मुख्यमंत्री कौन थे

(अ) नवाब हसन (ब) पं. शंकरदयाल शर्मा

(स) पं. रविशंकर शुक्ल (द) पट्टाभि सीतारमैया

व्याख्या- डॉ. शंकरदयाल शर्मा म.प्र. राज्य के गठन के पूर्व एवं स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् सन् 1952 में भोपाल राज्य के पहले मुख्यमंत्री बने थे।

74. मध्यप्रदेश जिला पुनर्गठन आयोग से संबंधित कौन-सी समिति नहीं है-

(अ) श्रीकृष्ण समिति (ब) सिंहदेव समिति

(स) वी.आर.दवे समिति (द) उपर्युक्त सभी

व्याख्या- श्रीकृष्ण समिति तेलंगाना राज्य के गठन से संबंधित है जबकि सिंहदेव समिति एवं वी.आर. दवे समिति म.प्र. जिला पुनर्गठन आयोग से संबंधित है।

75. स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात ( 1948 से 1956 ) एवं मध्यप्रदेश राज्य के गठन से पूर्व मध्यभारत ( पार्ट-B ) का मुख्यमंत्री कौन रहा-

(अ) लीलाधर जोशी (ब) तखतमल जैन

(स) जीवाजीराव सिंधिया (द) डॉ. शंकरदयाल शर्मा

व्याख्या- सन् 1948 से 1956 तक मध्यप्रदेश राज्य के गठन से पूर्व मध्यभारत (पार्ट-B) के मुख्यमंत्री तख्तमल जैन थे।

76. मध्यप्रदेश राज्य पुनर्गठन (1956) के समय विदर्भ एवं बरार क्षेत्र के कितने जिले महाराष्ट्र राज्य ( तत्कालीन बंबई प्रांत ) को दिये गये थे।

(अ) 8 (ब) 16

(स) 20 (द) 6

65.(स) 66.(अ) 67.(स) 68.(ब) 69.(द) 70.(द) 71.(स) 72.(ब) 73.(ब) 74.(अ) 75.(ब) 76.(अ)

व्याख्या- मध्यप्रदेश राज्य पुनर्गठन (1956) के समय विदर्भ एवं बरार के 8 जिले (वर्धा, चांदा, भण्डारा, यवतमाल, अकोला, भण्डारा नागपुर बुल्ढाना) महाराष्ट्र राज्य (तत्कालीन बंबई प्रांत) को दे दिये गये।

77. किस तारीख को मध्यप्रदेश के मध्यभाग पर सूर्य की किरणें एकदम लम्बवत पड़ती हैं-

(अ) 23 मार्च को (ब) 23 सितम्बर को
(स) 21 जून को (द) 25 दिसम्बर को

व्याख्या- कर्क रेखा मध्यप्रदेश के मध्य से होकर 14 जिलों से गुजरती है। प्रतिवर्ष 21 जून को सूर्य कर्क रेखा के एकदम लम्बवत् होता है इसलिये 21 जून को मध्यप्रदेश के मध्य भाग पर सूर्य की किरणें एकदम लम्बवत पड़ती हैं।

78. राजस्थान से सीमा बनाने वाला जिला कौन सा है

(अ) दतिया (ब) बड़वानी
(स) आगर मालवा (द) अशोकनगर

व्याख्या- राजस्थान से सीमा बनाने वाला जिला आगर मालवा।

79. मध्यप्रदेश के कितने जिलों की सीमा एक से अधिक राज्यों को स्पर्श करती हैं।

(अ) 5 (ब) 6
(स) 4 (द) 7

व्याख्या- मध्यप्रदेश के 6 जिलों की सीमा एक से अधिक राज्यों को स्पर्श करती है जो इस प्रकार हैं-

1. अलीराजपुर- गुजरात एवं महाराष्ट्र
2. झाबुआ- गुजरात एवं राजस्थान
3. मुरैना - राजस्थान एवं उत्तरप्रदेश
4. शिवपुरी - राजस्थान एवं उत्तरप्रदेश
5. सिंगरौली - छत्तीसगढ़एवं उत्तरप्रदेश
6. बालाघाट - छत्तीसगढ़एवं महाराष्ट्र

80. मध्यप्रदेश के कितने जिलों से होकर कर्क रेखा गुजरती है-

(अ) 10 (ब) 12
(स) 14 (द) 16

व्याख्या- मध्यप्रदेश के 14 जिलों से होकर कर्करेखा गुजरती है जो इस प्रकार हैं।

1. रतलाम, 2. उज्जैन, 3. आगर मालवा, 4. राजगढ़, 5. सीहोर, 6. भोपाल, 7. विदिशा, 8. सागर, 9. कटनी, 10. दमोह, 11. जबलपुर, 12. उमरिया, 13. शहडोल, 14. रायसेन।

81. 1 नवम्बर 2001 को गठित 26 वें राज्य छत्तीसगढ़में म.प्र. के कितने जिलों का समावेश हुआ था? (डेरी फोडरेशन 2016)

(अ) 14 (ब) 15
(स) 16 (द) 17

व्याख्या- 1 नवम्बर 2001 को गठित 26वें राज्य छत्तीसगढ़में मध्यप्रदेश के 16 जिलों का समावेश हुआ था।

82. निम्न में से कौनसा मध्यप्रदेश का एक जिला है? (बीज प्रमाणीकरण 2016 बीज)

(अ) आगर मालवा (ब) महु
(स) पिपरिया (द) बुधनी

व्याख्या- आगर-मालवा म.प्र. का 51वाँ जिला है, जिसका गठन 16 अगस्त, 2013 को हुआ है।

83. मध्य प्रदेश से गुजरने वाली महत्वपूर्ण अक्षांश है (महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता 2016)

(अ) कर्क रेखा (ब) मकर रेखा
(स) भूमध्य रेखा (द) आर्कटिक रेखा

व्याख्या- मध्यप्रदेश से गुजरने वाली महत्वपूर्ण अक्षांश कर्क रेखा है। यह म.प्र. के 14 जिलों से होकर गुजरती है, तथा भारत के 8 राज्यों से होकर निकलती है।

84. मध्यप्रदेश के उत्तर में स्थित राज्य हैं ? (महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता 2016)

(अ) गुजरात और राजस्थान
(ब) राजस्थान और उत्तर प्रदेश
(स) उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़
(द) छत्तीसगढ़और राजस्थान

व्याख्या- मध्यप्रदेश के उत्तर में उत्तर प्रदेश तथा उत्तर-पश्चिम में राजस्थान राज्य स्थित है। मध्यप्रदेश 5 राज्यों से घिरा हुआ है। इसके पूर्व में छत्तीसगढ़, दक्षिण में महाराष्ट्र स्थित है।

85. मध्य प्रदेश को पहले कहा जाता था ? (महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता 2016)

(अ) बेवार (ब) निजाम अधिराज्य
(स) मध्य प्रान्त (द) संयुक्त प्रान्त

व्याख्या- मध्यप्रदेश को पूर्व में मध्य प्रान्त के नाम से जाना जाता था। मध्यप्रदेश का गठन 1 नवम्बर, 1956 को हुआ था।

86. क्षेत्रफल के आधार पर मध्य प्रदेश में सबसे बड़ा और सबसे छोटे जिला कौन-सा हैं? (महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता 2016)

(अ) छिंदवाड़ा और दतिया (ब) दमोह और बड़वानी
(स) रतलाम और विदिशा (द) हरदा और धार

व्याख्या- क्षेत्रफल के आधार पर मध्यप्रदेश का सबसे बड़ा तथा सबसे छोटा जिला क्रमशः छिंदवाड़ा और दतिया है। वर्तमान में सबसे छोटा - निवाड़ी

77.(स) 78.(स) 79.(ब) 80.(स) 81.(स) 82.(अ) 83.(अ) 84.(ब) 85.(स) 86.(अ)

87. मध्य प्रदेश के पूर्व में स्थित दो राज्य हैं

(महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता 2016)

(अ) राजस्थान और उत्तर प्रदेश (ब) आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र

(स) उत्तर प्रदेश और गुजरात (द) छत्तीसगढ़और झारखंड

व्याख्या- मध्यप्रदेश के पूर्व में स्थित दो राज्य छत्तीसगढ़और झारखंड है। इसके उत्तर में उत्तरप्रदेश पश्चिम में गुजरात और राजस्थान तथा दक्षिण में महाराष्ट्र स्थित है।

88. मध्य प्रदेश का राजकीय प्रतीक है

(महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता 2016)

(अ) एक चौकोर में बाघ (ब) एक वृत्त में साल का पेड़

(स) एक वृत्त में बरगद का पेड़ (द) एक चौकोर में बरगद का पेड़

व्याख्या- मध्यप्रदेश का राजकीय प्रतीक एक वृत्त में बरगद का पेड़ है।

89. जिन जिलों से कर्क रेखा नहीं गुजरती है

(महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता 2016)

(अ) रतलाम और उज्जैन (ब) आगर-मालवा और राजगढ़

(स) भोपाल और जबलपुर (द) इंदौर और बालाघाट

व्याख्या- इन्दौर और बालाघाट जिलों से कर्क रेखा नहीं गुजरती है। कर्क रेखा म.प्र. के 14 जिलों से होकर निकलती है।

90. भारतीय मानक मध्याह्न है (महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता 2016)

(अ) 82 1/2 डिग्री पश्चिम देशांतर

(ब) 82 1/2 डिग्री पूर्वी देशांतर

(स) 66 1/2 डिग्री उत्तरी अक्षांश

(द) 66 1/2 डिग्री दक्षिण अक्षांश

व्याख्या- भारतीय मानक मध्यांह 82½ डिग्री पूर्वी देशान्तर है।

91. मध्य प्रदेश का कुल भौगोलिक क्षेत्र है।

(महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता 2016)

(अ) 38.24 वर्ग किलोमीटर (ब) 308.24 वर्ग किलोमीटर

(स) 3.24 वर्ग किलोमीटर (द) 3008.24 वर्ग किलोमीटर

व्याख्या- मध्यप्रदेश का कुल भौगोलिक क्षेत्रफल 308.24 किमी॰ है। यह भारत के क्षेत्रफल का 9.38 प्रतिशत है। यह क्षेत्रफल में राजस्थान के बाद द्वितीय स्थान पर है।

92. मध्य प्रदेश को कब पूर्ण-समर्थित राज्य का स्थान दिया गया?

(महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता 2016)

(अ) 1 नवम्बर 1945 (ब) 1 नवम्बर 1956

(स) 11 नवम्बर 1957 (द) 31 नवम्बर 1956

व्याख्या- मध्यप्रदेश को 1 नवम्बर 1956 को पूर्ण समर्थित राज्य का स्थान दिया गया।

म.प्र. के गठन के बाद इसके प्रथम मुख्यमंत्री पंडित रविशंकर शुक्ल व राज्यपाल पट्टाभिसीतारमैया थे।

93. इंदौर स्थित हवाई अड्डे का नाम है

(महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता 2016)

(अ) धना अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा

(ब) राजा सिंधिया अंतरर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा

(स) राजा भोज अंतरर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा

(द) देवी अहिल्याबाई होलकर अंतरर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा

व्याख्या- इन्दौर स्थित हवाई अड्डे का नाम देवी अहिल्या बाई होलकर है। राजा भोज अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा भोपाल में है। यह दोनों अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे है।

94. मध्यप्रदेश की सबसे बड़ी तहसील कौन-सी है- (जेल प्रहरी 2015)

(अ) इन्दौर (ब) अजयगढ़

(स) भोपाल (द) दतिया

व्याख्या- मध्यप्रदेश की जनसंख्या में सबसे बड़ी तहसील इन्दौर है।

95. मध्यप्रदेश में अधिकतम क्षेत्रफल का सम्भाग है-

(जेल प्रहरी 2015)

(अ) जबलपुर (ब) इन्दौर

(स) दतिया (द) अजयगढ़

व्याख्या- मध्यप्रदेश में अधिकतम क्षेत्रफल का सम्भाग जबलपुर है, जबकि मध्यप्रदेश में न्यूनतम क्षेत्रफल का सम्भाग शहडोल है।

96. मध्य प्रदेश के कितने जिले राजस्थान की सीमा को छूते है?

(जेल प्रहरी 2015)

(अ) 10 (ब) 8

(स) 7 (द) 6

व्याख्या- म.प्र. के 10 जिले राजस्थान की सीमा को छूते है।

97. इनमें से कौन-सा मध्यप्रदेश का जिला महाराष्ट्र राज्य के साथ सीमा साझा नहीं करता? (जेल प्रहरी 2015)

(अ) बड़वानी (ब) बुरहानपुर

(स) बैतूल (द) देवास

व्याख्या- मध्यप्रदेश का देवास जिला महाराष्ट्र राज्य के साथ सीमा साझा नहीं करता है।

98. कर्क रेखा मध्यप्रदेश के किस पहाड़ को दो भागों में विभाजित करती है? (जेल प्रहरी 2015)

(अ) छोटा नागपुर का पठार (ब) मालवा पठार

(स) बुंदेलखंड के पठार (द) रीवा-पन्ना पठार

व्याख्या- कर्क रेखा मध्यप्रदेश के मालवा पठार को दो भागों में विभाजित करता है। यह मध्यप्रदेश के 14 जिलों से होकर गुजरती है।

99. मध्यप्रदेश का गठन किसकी अनुशंसा पर हुआ था-

(ग्रुप लेब-टेक्नीशियन 2015)

87.(द) 88.(स) 89.(द) 90.(ब) 91.(ब) 92.(ब) 93.(द) 94.(अ) 95.(अ) 96.(अ) 97.(द) 98.(ब)

(अ) पंडित नेहरू (ब) सरदार पटेल
(स) राज्य पुर्नगठन आयोग (द) राज्य विघटन आयोग

व्याख्या- मध्यप्रदेश का गठन राज्य पुर्नगठन आयोग की अनुशंसा पर 1 नवम्बर, 1956 को किया गया।

**100. बालाघाट जिले की सीमा किस राज्य की सीमा को छूती है? (चतुर्थ श्रेणी 2015)**

(अ) उत्तरप्रदेश (ब) राजस्थान
(स) गुजरात (द) छत्तीसगढ़

व्याख्या- बालाघाट राज्य की सीमा छत्तीसगढ़तथा महाराष्ट्र राज्य को स्पर्श करती है।

**101. मध्यप्रदेश का राजकीय पशु कौनसा है? (चतुर्थ श्रेणी 2015)**

(अ) बाघ (ब) बारहसिंगा
(स) गाय (द) नीलगाय

व्याख्या- मध्य प्रदेश का राजकीय पशु बारहसिंगा है तथा राजकीय पक्षी पेराडाइज फ्लाईकेचर है।

**102. मध्यप्रदेश स्थापना दिवस किस दिन मनाया जाता है? (चतुर्थ श्रेणी 2015)**

(अ) 1 नवम्बर (ब) 1 मई (स) 1 अक्टूबर (द) 1 जनवरी

व्याख्या- म.प्र. की स्थापना 1 नवम्बर 1956 को की गई थी इससे पहले यह CP बरार के अन्तर्गत था।

**103. 1956 से पूर्व भोपाल स्टेट को कौन-सी श्रेणी प्राप्त थी? (MPSI 2014)**

(अ) श्रेणी ए (ब) श्रेणी बी (स) श्रेणी सी (द) श्रेणी डी

व्याख्या- स्वतन्त्रता के बाद भारत मे सभी रियासतों का एकीकरण किया गया जिसमें मध्यप्रदेश चार स्टेट थे Part A मे बघेलखण्ड, छत्तीसगढ़रियासत, Part B मे मध्यभारत तथा पश्चिम का भाग जिसमें इन्दौर भी था तथा Part C में रीवा तथा भोपाल स्टेट को रखा गया था।

**104. म.प्र. के संदर्भ में विचार करें?**

(अ) क्षेत्रफल की दृष्टि से देश का दूसरा बड़ा राज्य।
(ब) देश के कुल क्षेत्रफल का 9.38% भाग मध्यप्रदेश में है।
(स) म.प्र. की सीमा 5 राज्यों को स्पर्श करती है।
(द) उपर्युक्त सभी विकल्प सही हैं।

व्याख्या- मध्यप्रेदश राजस्थान के बाद क्षेत्रफल की दृष्टि से दूसरे स्थान पर है। म.प्र. का क्षेत्रफल 308252 $km^2$ है तथा यह उ.प्र., छ.ग., महाराष्ट्र एवं गुजरात व राजस्थान की सीमाओं को स्पर्श करता है।

**105. मध्यप्रदेश के पूर्वी तथा पश्चिमी भाग में लगभग कितने मिनट का अंतर है?**

(अ) 24 मिनट (ब) 28 मिनट
(स) 32 मिनट (द) 34 मिनट

व्याख्या- मध्यप्रदेश का विस्तार 74.9 से 82.48 पूर्वी देशांतर के मध्य है। इसलिए पूर्वी एवं पश्चिमी भाग में समय का अंतर 34 मिनट है।

**106. भोपाल रियासत भारत संघ में शामिल हुआ।**

(अ) सन् 1947 (ब) सन् 1948
(स) सन् 1949 (द) सन् 1953

व्याख्या- भोपाल को 1 जून 1949 को भारत संघ में शामिल किया गया। 1938 में भोपाल प्रजामण्डल की स्थापना हुई। 1956 में भोपाल राजधानी बना तथा 1972 में भोपाल जिला बना।

**107. वर्तमान मध्यप्रदेश के उत्तरी जिले ब्रिटिश भारत में क्या कहलाते थे?**

(अ) प्रिंसली स्टेट्स (ब) रजवाड़े
(स) देशी रियासतें (द) उपरोक्त सभी

व्याख्या- वर्तमान मध्यप्रदेश के उत्तरी जिले ब्रिटिश भारत में प्रिंसली स्टेट्स, रजवाड़े या देशी रियासतें कहलाते थे। इनका प्रशासन अँग्रेजों के अधीनस्थ राजाओं के हाथ में था।

**108. किस समूह के साक्ष्य मध्यप्रदेश में नहीं मिलते-**

(अ) गोंडवाना समूह (ब) आर्य समूह
(स) धारवाड़ समूह (द) द्रविड़ समूह

व्याख्या- म.प्र. की भूवैज्ञानिक संरचना की दृष्टि से यहाँ धारवाड़ समूह, पुराने संघ, आर्य समूह, तृतीयक समूह आदि के साक्ष्य हैं किन्तु द्रविड़ संघ के कोई साक्ष्य प्राप्त नहीं हुए।

**109. शहडोल संभाग में कौन से जिले आते हैं? (पटवारी परीक्षा 2017)**

(अ) कटनी, सतना (ब) अनूपपुर, शहडोल, उमरिया
(स) कटनी, दमोह (द) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या- शहडोल संभाग के अंतर्गत अनूपपुर, शहडोल, उमरिया आदि जिले आते हैं। अनुपपूर जिले की स्थापना 15 अगस्त 2003 को की गई।

**110. भारतीय स्वतंत्रता के तत्काल बाद, गुना ........ के राज्य का हिस्सा बन गया। (पटवारी परीक्षा 2017)**

(अ) मध्य भारत (ब) विंध्य प्रदेश
(स) भोपाल (द) इनमें से कोई नहीं


व्याख्या- गुना मध्य भारत राज्य का हिस्सा स्वतंत्रता के बाद बना। गुना को मालवा का प्रवेश द्वार कहा जाता है। यह ग्वालियर डिवीजन में आता है।

**111. भारतीय स्वतंत्रता के तुरंत बाद, अलीराजपुर ...... के राज्य का हिस्सा बन गया। (पटवारी परीक्षा 2017)**

(अ) मध्य भारत (ब) विंध्य भारत
(स) भोपाल (द) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या- सन् 1947 में देश की आजादी के बाद 1948 में अलीराजपुर रियासत के भारतीय संघ में विलय हो जाने के बाद यह क्षेत्र प्रशासनिक रूप से मध्य भारत के अधीन हो गया।

99.(स) 100.(द) 101.(ब) 102.(अ) 103.(स) 104.(द) 105.(द) 106.(स) 107.(द) 108.(द) 109.(ब) 110.(अ) 111.(अ)



# अध्याय– 4
# मध्यप्रदेश की मृदा का वितरण

1. मध्य प्रदेश में कितने प्रकार की मिट्टी पायी जाती है?

(अ) तीन (ब) चार

(स) पाँच (द) छः।

व्याख्या- मध्यप्रदेश में 5 प्रकार की मिट्टियाँ पायी जाती हैं- काली मिट्टी, लाल-पीली मिट्टी, जलोढ़मिट्टी, कछारी मिट्टी एवं मिश्रित मिट्टी।

2. काली मिट्टी का काला रंग किस कारण से होता है?

(अ) चूने से (ब) लोहे से

(स) कार्बन से (द) उपरोक्त में किसी से नहीं

व्याख्या- काली मिट्टी का काला रंग लोहे की अधिकता के कारण होता है। इसमें चूना, मैग्नीशियम एवं कार्बोनेट्स अधिक व फास्फेट व नाइट्रोजन न्यून मात्रा में पाये जाते हैं।

3. लाल-पीली मिट्टी के रंग में पीला रंग के लिए उत्तरदायी है-

(अ) फेरिक ऑक्साइड

(ब) लोहे का ऑक्सीकरण

(स) फॉस्फोरस की अधिकता

(द) उपरोक्त में से कोई नहीं।

व्याख्या- लाल-पीली मिट्टी का लाल रंग आयरन के कारण व पीला रंग फेरिक ऑक्साइड के कारण होता है।

4. प्रदेश के सर्वाधिक भू-भाग पर किस प्रकार की मिट्टी पाई जाती है-

(अ) लाल-पीली मिट्टी (ब) काली मिट्टी

(स) कछारी मिट्टी (द) दोमट मिट्टी।

व्याख्या- म.प्र. के सर्वाधिक भू-भाग (47.4%) में काली मिट्टी पाई जाती है। प्रदेश के मालवा क्षेत्र में सर्वाधिक काली मिट्टी जाती है जबकि बुंदेलखंड, एवं बघेलखंड के कुछ-कुछ क्षेत्रों में भी काली मिट्टी पाई जाती है।

5. प्रदेश में मिट्टी की प्रकृति का निर्धारण करने में निम्न में से किसकी महत्वपूर्ण भूमिका है-

(अ) नदियों की (ब) चट्टानों की

(स) वायुमण्डल की (द) जल की।

व्याख्या- काली मिट्टी बनने में चट्टानों की भूमिका सर्वप्रमुख होती है, क्योंकि यह चट्टानों में निरन्तर टूट-फूट के कारण बनती है।

1.(स) 2.(ब) 3.(अ) 4.(ब) 5.(ब)

6. प्रदेश की काली मिट्टी में किस तत्व की प्रधानता है-
(अ) लोहे की (ब) चूने की
(स) एल्युमिना की (द) उपर्युक्त सभी।

व्याख्या- प्रदेश की काली मिट्टी में लोहे, चूने एवं एल्युमिना आदि तत्वों की प्रमुखता है।

7. प्रदेश की काली मिट्टी में किन तत्वों की कमी है-
(अ) फास्फेट (ब) नाइट्रोजन
(स) जैव पदार्थ (द) उपर्युक्त सभी।

व्याख्या- प्रदेश की काली मिट्टी में फास्फेट, नाइट्रोजन और जैव पदार्थ की कमी होती है।

8. गेहूँ, ज्वार, चने तथा तिलहन के लिये सर्वाधिक उपयुक्त मिट्टी कौन सी है-
(अ) गहरी काली मिट्टी (ब) साधारण काली मिट्टी
(स) छिछली काली मिट्टी (द) इनमें से कोई नहीं।

व्याख्या- गेहूँ, ज्वार, चने तथा तिलहन के लिये सर्वाधिक उपयुक्त मिट्टी गहरी काली मिट्टी होती है।

9. सतपुड़ा श्रेणी पर अधिकतर किस प्रकार की मिट्टी की पर्त है-
(अ) गहरी काली मिट्टी (ब) साधारण काली मिट्टी
(स) छिछली काली मिट्टी (द) लाल-पीली मिट्टी।

व्याख्या- सतपुड़ा श्रेणी पर अधिकतर 'छिछली काली मिट्टी' पाई जाती है।

10. कौन सी विशेषता प्रदेश की लाल-पीली मिट्टी की नहीं है-
(अ) इसमें उर्वरता कम होती है (ब) नाइट्रोजन तत्व की कमी
(स) चूने की मात्रा की कमी (द) ह्यूमस की कमी।

व्याख्या- लाल-पीली मिट्टी में नाइट्रोजन एवं ह्यूमस की कमी होती है, इसलिये इसकी उर्वरता कम होती है। जबकि इसमें चूना पर्याप्त मात्रा में पाया जात है।

11. प्रदेश के किन जिलों में जलोढ़ मिट्टी पायी जाती है-
(अ) मुरैना (ब) ग्वालियर-शिवपुरी
(स) भिण्ड-श्योपुर (द) उपर्युक्त सभी।

व्याख्या- म.प्र. के उत्तरीय भाग में जलोढ़मिट्टी पाई जाती है। मुरैना, ग्वालियर- शिवपुरी, भिण्ड, श्योपुर जिलों में जलोढ़मिट्टी पाई जाती है।

12. प्रदेश की जलोढ़मिट्टी की निम्न में से कौनसी विशेषताएँ हैं-
(अ) चम्बल नदी द्वारा निक्षेपित पदार्थों से निर्मित
(ब) नाइट्रोजन एवं फास्फोरस की कमी
(स) बालू की अधिकता पाई जाती है
(द) उपर्युक्त सभी।

व्याख्या- जलोढ़मिट्टी में नाइट्रोजन, फास्फोरस की कमी एवं बालू की अधिकता है एवं नदियों द्वारा निक्षेपित पदार्थों से निर्मित होती है।

13. जलोढ़ मिट्टी में निम्न में से कौनसा तत्व सम्मिलित नहीं है-
(अ) बालू (ब) सिल्ट
(स) मृत्तिका (द) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या- जलोढ़ मिट्टी में बालू, मृत्तिका सिल्ट आदि सभी तत्व पाये जाते है।

14. कछारी मिट्टी होती है-
(अ) नदियों द्वारा प्रवाह क्षेत्र में (ब) चट्टानों द्वारा निर्मित
(स) हवा द्वारा लाई गई (द) उपर्युक्त तीनों प्रकार की।

व्याख्या- कछारी मिट्टी कई प्रकार से बनती है। यह चट्टानों में टूट-फूट से नदी द्वारा बहाकर लाई जाने वाली या हवा द्वारा लाई जाने वाली मिट्टी होती है।

15. कछारी मिट्टी में किन फसलों की बहुलता होती है-
(अ) गेहूँ, गन्ना, सोयाबीन (ब) गेहूँ, गन्ना, कपास
(स) सोयाबीन, चना, तिल (द) जुवार, बाजरा, मक्का।

व्याख्या- कछारी मिट्टी गेहूँ, कपास एवं गन्ने की खेती के लिये सर्वाधिक उपयुक्त होती है।

16. मिश्रित मिट्टी किन मिट्टी के मिश्रण को माना जाता है-
(अ) लाल+पीली+कछारी (ब) लाल+जलोढ़
(स) लाल+पीली+काली (द) जलोढ़+कछारी।

व्याख्या- मिश्रित मिट्टी- लाल, पीली और काली मिट्टी के मिश्रण से बनती है। यह मिट्टी मुख्यत: मध्य भारत के पठार में पाई जाती है।

17. मिश्रित मिट्टी में किन फसलों का उत्पादन अच्छा होता है-
(अ) ज्वार, मक्का (ब) गेहूँ, चना
(स) सोयाबीन, तिल (द) सरसों, राई।

व्याख्या- मिश्रित मिट्टी में ज्वार, मक्का आदि फसलों का उत्पादन अधिक होता है। इन फसलों के लिये सामान्य फास्फेट और नाइट्रोजन की आवश्यकता होती है।

18. मिश्रित मिट्टी की निम्न में से कौनसी विशेषताएँ हैं-
(अ) फास्फेट की कमी होती हैं
(ब) इन क्षेत्रों में वर्षा का औसत बहुत कम होता है
(स) नाइट्रोजन की कमी होती है
(द) उपर्युक्त सभी

व्याख्या- मिश्रित मिट्टी, मध्य भारत के पठार में पाई जाती है। इनमें फास्फेट की कमी होती है एवं यह सभी प्रकार की मिट्टी से बनती है।

19. मध्यप्रदेश में मृदा अपरदन की समस्या से घिरा हुआ क्षेत्र कौन सा है-

6.(द) 7.(द) 8.(अ) 9.(स) 10.(स) 11.(द) 12.(द) 13.(द) 14.(द) 15.(ब) 16.(स) 17.(अ) 18.(द)

(अ) नर्मदा घाटी (ब) चम्बल घाटी
(स) सतपुड़ा घाटी (द) विन्ध्यन घाटी।

व्याख्या- मध्यप्रदेश में मृदा अपरदन की समस्या अधिकतर चम्बल घाटी में प्रमुख रूप से है। नदियों के कटाव के कारण इस क्षेत्र में बीहड़ बनता जा रहा है।

20. चम्बल घाटी में किस प्रकार का मृदा अपरदन है-
(अ) आवरण अपरदन (ब) अवनालिका अपरदन
(स) वायु अपरदन (द) इनमें से कोई नहीं।

व्याख्या- चम्बल घाटी में अवनालिका अपरदन होता है जो कि नदियों के द्वारा मिट्टी के कटाव से उत्पन्न होता है।

21. सर्वाधिक उपजाऊ मिट्टी कौन-सी होती है।
(अ) काली मिट्टी (ब) जलोढ़मिट्टी
(स) लाल-पीली मिट्टी (द) मिश्रित मिट्टी

व्याख्या- सबसे अधिक उपजाऊ मिट्टी जलोढमिट्टी होती है। इसे दोमट मिट्टी भी कहा जाता है। यह बुन्देलखण्ड नीस नामक चट्टानों के क्षरण से निर्मित है। यह उत्तर-पश्चिम जिलो-भिण्ड, मुरैना, ग्वालियर, शिवपुरी में लगभग 30 लाख एकड़ तक फैली हुई है। इसमें मिट्टी में नाइट्रोजन एवं फॉस्फोरस की कमी होती है। इसका PH मान 7 से अधिक होता है।

22. रेगुर किस मिट्टी को कहा जाता है।
(अ) जलोढमिट्टी (ब) कछारी मिट्टी
(स) मिश्रित (द) काली मिट्टी

व्याख्या- रेगुर काली मिट्टी को कहा जाता है। इसका निर्माण दक्कन ट्रेप बेसाल्ट नामक आग्नेय चट्टानों से निर्मित लावा मिट्टी से हुआ है। इस मिट्टी में कैल्शियम, मैग्नीशियम कार्बोनेट, लोहे एवं एल्यूमीनियम की मात्रा होती है। लोहे की अधिकता से यह काले रंग की होती है। तथा यह मिट्टी कपास की खेती के लिए अधिक उपयोगी है।

23. धान की खेती के लिए उपयुक्त मिट्टी है।
(अ) काली मिट्टी (ब) कछारी मिट्टी
(स) लाल-पीली मिट्टी (द) उपर्युक्त सभी

व्याख्या- धान की खेती के लिए सबसे अधिक उपयुक्त लाल-पीली मिट्टी होती है। इसमें फेरिक आक्साइड के जल योजन के कारण इसका रंग पीला व लोहे के आक्सीकरण के कारण लाल होता है। यह गोंडवाना चट्टानों से निर्मित है। नाइट्रोजन एवं आर्द्रता की कमी के कारण उर्वरता कम होती है। तथा यह मिट्टी बघेलखण्ड में पाई जाती है विशेषकर मण्डला, बालाघाट, सीधी, सिंगरोली, शहडोल, आदि जिलों में पायी जाती हैं।

24. ''रेंगती हुई मृत्यु''को निम्न में से क्या कहा जाता है।
(अ) मृदा अपरदन (ब) वनों की कटाई
(स) वर्षा में कमी (द) उपरोक्त सभी

व्याख्या- ''रेंगती हुई मृत्यु'' को मृदा अपरदन कहा जाता है। मध्यप्रदेश में मृदा अपरदन मुख्य रूप से चम्बल की घाटी में हुआ है। इसका मुख्य कारण इस क्षेत्र में महीन चिकनी दोमट मिट्टी का होना तथा अर्द्धशुष्क जलवायु एवं पशुओं की चराई से, वनस्पति विस्तृत क्षेत्र में न होना। मृदा अपरदन से सबसे अधिक प्रभावित जिले- मुरैना, श्योपुर, भिण्ड, ग्वालियर है। मध्यप्रदेश के लिए मृदा अपरदन एक प्रमुख समस्या है।

25. मालवा पठार पर कौन सी मिट्टी पायी जाती है।
(अ) जलोढमिट्टी (ब) लाल-पीली मिट्टी
(स) मिश्रित मिट्टी (द) काली मिट्टी

व्याख्या- मालवा पठार पर सबसे अधिक काली मिट्टी पायी जाती है। इस मिट्टी का निर्माण दक्कन ट्रेप सें हुआ है। इस मिट्टी का काला रंग होने का मुख्य कारण इसके रासायनिक संगठन में आयरन और कैल्शियम की प्रधानता है। तथा यह तीन प्रकार की होती है।

(1) गहरी काली मिट्टी- यह मिट्टी सतपुड़ा व मालवा के पठार, और नर्मदा घाटी विस्तृत है। इस मिट्टी की मुख्य फसल- तिलहन, ज्वार, चना है।
(2) साधारण काली मिट्टी- यह मिट्टी मालवा के पठार उत्तर म.प्र. निमाड़ में फैली हुई है। जो राज्य की 37% है।
(3) छिछली काली मिट्टी- इसे दोमट चिकनी मिट्टी भी कहते हैं। इसका विस्तार-बैतूल, सिवनी, छिन्दवाडा में है। मुख्य फसल-गेहूँ, कपास, चावल के लिए उपयोगी।

26. कछारी मिट्टी मुख्य रूप से किन जिलों में पायी जाती है।
(अ) मण्डला, बालाघाट, सीधी (ब) भोपाल, रायसेन, सागर
(स) भिण्ड, मुरैना, ग्वालियर (द) इन्दौर, देवास, उज्जैन

व्याख्या- कछारी मिट्टी मुख्य रूप से भिण्ड मुरैना, ग्वालियर में पायी जाती है। यह मिट्टी बाढके दौरान नदियों द्वारा अपने अपवाह क्षेत्र में बिछाई गई मिट्टी होती है। इसमें गेहूँ, गन्ना, कपास, एवं जायद फसलें उगाई जाती है। यह मिट्टी चम्बल और उसकी सहायक नदियों द्वारा लाई जाती है।

27. मृदा अपरदन को रोकने के क्या उपाय है।
(अ) बहते जल की गति को नियंत्रित करने के प्रयास करने चाहिए
(ब) वनरोपण तथा वृक्षारोपण को बढ़ावा देना चाहिए।
(स) वनों की कटाई पर प्रतिबंध लगाना चाहिए।
(द) उपरोक्त सभी

व्याख्या- मृदा अपरदन को रोकने के लिए बहते हुए जल की गति को नियंत्रित करना, वनरोपण एवं वृक्षारोपण करना तथा वनों की कटाई पर प्रतिबंध लगाना चाहिए तथा अनियंत्रित पशु चराई को रोकना चाहिए।

28. जलोढ़ मिट्टी मुख्य रूप से कितने प्रकार की होती है।
(अ) चार (ब) पाँच
(स) तीन (द) कोई निर्धारित नहीं

19.(ब) 20.(ब) 21.(ब) 22.(द) 23.(स) 24.(अ) 25.(द) 26.(स) 27.(द) 28.(स)

व्याख्या- जलोढ़ मिट्टी मुख्य रूप से तीन प्रकार की होती है जो इस प्रकार है-
(अ) बाँगर मिट्टी- सबसे पुरानी जलोढ़ मिट्टी होती है तथा यह कम उपजाऊ मिट्टी होती है।
(ब) खादर मिट्टी- यह मिट्टी नवीन जलोढ़ मिट्टी होती है। तथा यह सबसे अधिक उपजाऊ मिट्टी है।
(स) भावर मिट्टी- यह मिट्टी कँकरीली होती है तथा चट्टानों के क्षरण से पैदा होती है।

29. लाल-पीली मिट्टी मुख्य रूप से किस क्षेत्र में पायी जाती है।

(अ) बघेलखण्ड (ब) बुन्देलखण्ड
(स) मालवा का पठार (द) सतपुडा का पठार

व्याख्या- प्रदेश में मुख्य रूप से लाल-पीली मिट्टी बघेलखण्ड में पायी जाती है। इस मिट्टी की प्रवृत्ति अम्लीय से क्षारीय (PH मान 5.5 से 8.5 तक) होती है। इस मिट्टी में मुख्य रूप से धान की फसल अधिक बोई जाती है।

30. मध्यप्रदेश में मिट्टी परीक्षण प्रशिक्षण संस्थान कहाँ है-

(अ) इन्दौर (ब) भोपाल
(स) जबलपुर (द) ग्वालियर

व्याख्या- मध्यप्रदेश में मिट्टी परीक्षण प्रशिक्षण संस्थान भोपाल में स्थापित है।

31. निम्न में से कौन-से जिले मालवा के पठार में नहीं है?
(डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016)

(अ) नीमच, सीहोर (ब) उज्जैन, रतलाम
(स) देवास, विदिशा (द) बैतूल, नरसिंहपुर

व्याख्या : मालवा के पठार के अंतर्गत म.प्र. के 18 जिलों का पूर्ण/आंशिक भाग आता है, मंदसौर, राजगढ़, उज्जैन, इंदौर, भोपाल, धार, रतलाम, झाबुआ, देवास, शाजापुर, आगर-मालवा, सीहोर, अशोक नगर, विदिशा, रायसेन, सागर एवं अलीराजपुर। अत: बैतुल एवं नरसिंहपुर मालवा के पठार में सम्मिलित नहीं है।

32. निम्न में से कौनसे क्षेत्र को विन्ध्यन कगार कहा जाता है?
(डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016)

(अ) सतपुड़ा (ब) रीवा-पन्ना
(स) मालवा पठार (द) बुंदेलखंड

व्याख्या : म.प्र. में नर्मदा नदी के उत्तरी भाग में समानांतर रूप में विध्यांचल पर्वत शृंखला विस्तृत है और रीवा-पन्ना क्षेत्र को विन्ध्यन कगार कहा जाता है।

33. पचमढ़ी किस पहाड़ी पर स्थित है?
(डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016)

(अ) मैकल (ब) धूपगढ़
(स) महादेव (द) राजपीपला

व्याख्या : पचमढ़ी सतपुड़ा पर्वत शृंखला के अंतर्गत महादेव पहाड़ी पर स्थित है।

34. मध्यप्रदेश में सिर्फ एक पहाड़ी स्थल है उसका नाम बताइयें।
(महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016)

(अ) पंचमढ़ी (ब) दार्जिलिंग
(स) गंगटोक (द) गुलमर्ग

व्याख्या- मध्यप्रदेश में पंचमढ़ी एक पहाड़ी स्थल है। पंचमढ़ी होशंगाबाद जिले में स्थित है।

35. मध्यप्रदेश में निम्न में से कौन-सा पठार नहीं है?
(सहायक ग्रेड-3 2014)

(अ) वेनगंगा (ब) मालवा
(स) रीवा (द) निमाड़

व्याख्या- वेनगंगा नदी है जो पारसवाडा पठार में सिवनी से निकलती है जबकि मालवा, रीवा, निमाड़ यह पठार है।

36. निम्नलिखित में से किस जिले में मृदा अपरदन सर्वाधिक होता है?

(अ) भोपाल (ब) सीहोर
(स) रतलाम (द) मुरैना

व्याख्या- मृदा अपरदन से सर्वाधिक प्रभावित मध्यप्रदेश के उत्तरी जिले चम्बल नदी से सर्वाधिक प्रभावित है, जिसमे भिण्ड, मुरैना जहां पर यह नदी बड़े-बड़े खड्डो का भी निर्माण करती है।

37. उपजाऊ काली मिट्टी नहीं पायी जाती है-

(अ) मालवा पठार में (ब) नर्मदा पठार में
(स) सतपुड़ा विस्तार/शृंखला में (द) रीवा का पठार में

व्याख्या- म.प्र. में सर्वाधिक भू-भाग पर काली मिट्टी पायी जाती जिसमें मालवा का पठार, नर्मदा का पठार तथा सतपुड़ा शृंखला में किन्तु रीवा पठार में लाल-पिली मिट्टी पाई जाती है।

38. निम्न में से काली मिट्टी के क्षेत्र में सबसे अधिक क्षेत्र किस मिट्टी का है?

(अ) साधारण गहरी काली मिट्टी। (ब) गहरी काली
(स) छिछली काली (द) सभी बराबर मात्रा में पाई जाती हैं।

व्याख्या- प्रदेश में काली मिट्टी को तीन भागों में बाँटा है, जिसमें सबसे अधिक क्षेत्रफल साधारण गहरी काली मिट्टी का है जो कि (37%) है। इसके पश्चात् छिछली काली मिट्टी (7.1%) तत्पश्चात् (गहरी काली मिट्टी (3.7%) है।

39. काली मिट्टी के क्षेत्र का बाहुल्य किस स्थान पर है?

(अ) रीवा-पन्ना पठार (स) नर्मदा घाटी
(ब) मालवा पठार (द) बघेलखण्ड

व्याख्या- मालवा के पठार पर काली मिट्टी की मात्रा सर्वाधिक पाई जाती है, जो कि लावा से निर्मित मिट्टी है। यह मिट्टी कपास की खेती के लिए उपर्युक्त है।

29.(अ) 30.(ब) 31.(द) 32.(ब) 33.(स) 34.(अ) 35.(अ) 36.(द) 37.(द) 38.(अ) 39.(ब)

40. मिट्टी की प्रकृति उदासीन होती है?

(अ) मिश्रित (ब) जलोढ़
(स) काली (द) कछारी

व्याख्या- जलोढ़मिट्टी की प्रकृति उदासीन होती है। इस मृदा का pH मान 7 होता है, जो कि उदासीन है।

41. निम्नलिखित में से मिश्रित मिट्टी का मुख्य क्षेत्र कौनसा है?

(अ) मध्य-भारत का पठार (ब) नर्मदा घाटी क्षेत्र
(स) बुंदेलखण्ड पठार (द) बघेलखण्ड पठार

व्याख्या- मिश्रित मिट्टी म.प्र. के बुंदेलखण्ड के पठार पर पाई जाती है। जो कि लाल + पीली + काली मिट्टियों के मिश्रण से बनती है। यह मिट्टी टीकमगढ़, छतरपुर, सतना, सीधी आदि क्षेत्रों में पाई जाती है।

42. निम्न में से कछारी मिट्टी का क्षेत्र कौनसा है?

(अ) पूर्वी म.प्र. (स) उत्तरी म.प्र.
(ब) पश्चिमी म.प्र. (द) दक्षिणी म.प्र.

व्याख्या- कछारी मिट्टी का निर्माण कई प्रकार से होता है। यह चट्टानों की टूट-फूट से, नदियों द्वारा बहाकर लाई जाने वाली या हवा द्वारा लाई जाने वाली मिट्टी होती है। यह मिट्टी उत्तरी म.प्र. में पाई जाती है।

43. गहरी काली मिट्टी का क्षेत्रफल निम्न में से कितना है?

(अ) लगभग 2.5 लाख एकड़ (स) लगभग 47 लाख एकड़
(ब) लगभग 3.5 लाख एकड़ (द) उपरोक्त में से कोई नहीं

व्याख्या- म.प्र. में गहरी काली मिट्टी लगभग 3.5 लाख एकड़ क्षेत्रफल पर पाई जाती है।

44. निम्नलिखित में कौनसा भाग काली मिट्टी का क्षेत्र है?

(अ) पूर्वी (ब) पश्चिमी
(स) उत्तरी (द) दक्षिणी

व्याख्या- म.प्र. में काली मिट्टी का क्षेत्र पश्चिमी भाग है।

45. कौन-सी मिट्टी कपास की खेती के लिए सबसे उपयुक्त है?

( MPPSC-Pre 2003 ( बैकलॉग )

(अ) काली (ब) लाल
(स) जलोढ़ (द) लैटराइट

व्याख्या- कपास की खेती के लिए काली मिट्टी सर्वाधिक उपयुक्त है। मुख्यत: यह मिट्टी मालवा के क्षेत्र में पाई जाती है। इस मिट्टी में नाइट्रोजन की मात्रा कम होती है।

46. निम्न में उत्खात भूमि ( बैडलैण्ड ) किसका परिणाम है?

( MPPSC Pre-2016 )

(अ) अतिचारण का (स) परत अपरदन
(ब) वायु अपरदन (द) अवनालिका अपरदन

व्याख्या- म.प्र. की उत्खात भूमि का परिणाम अवनालिका अपरदन है। यह अपरदन नदियों के बहाव के कारण होता है। सर्वाधिक अवनालिका अपरदन चंबल नदी द्वारा होता है।

47. कौन-से प्रकार का कटाव है जो म.प्र. की नदियों में से मिट्टी जो गहरे नालों का गठन करती है। उसकी ऊपरी परत हटाता है?

( ANM Training Selection Test-2016 )

(अ) स्तरीकृत कटाव (स) चद्दर कटाव
(ब) नाली कटाव (द) नाले

व्याख्या- 'नाली कटाव' नदियों के बहाव के फलस्वरूप अपरदन प्रक्रिया के कारण निर्मित होते हैं। चंबल नदी सर्वाधिक अपरदन हेतु उत्तरदायी है।

48. निम्न राज्यों में से किसमें काली मिट्टी की प्रचुरता है?

( पुलिस उपनिरीक्षक/प्लाटून कमाण्डर/सूबेदार भर्ती 2016 )

(अ) आंध्रप्रदेश (स) म.प्र.
(ब) गुजरात (द) ये सभी

व्याख्या- आंध्रप्रदेश, म.प्र., गुजरात इन तीनों राज्यों में ही काली मिट्टी की प्रचुरता है। म.प्र. में सर्वाधिक भू-भाग पर काली मिट्टी विस्तृत है। काली मिट्टी को तीन भागों में बाँटा गया है।
- गहरी काली, - साधारण गहरी काली, - छिछली मिट्टी

49. दक्षिणी बुंदेलखण्ड में साधारणत: निम्नलिखित में से किस प्रकार की मिट्टी पाई जाती है?

( Combined Group-4, Asstt. Grade 3- 2016 )

(अ) लाल मिट्टी (स) जलोढ़मिट्टी
(ब) काली मिट्टी (द) लैटेराइट मिट्टी

व्याख्या- दक्षिणी बुंदेलखण्ड क्षेत्र में साधाराणत: काली मिट्टी पाई जाती है।


50. निम्न में से कौन-सी मृदा मध्य प्रदेश में नहीं मिलती है?

(MPSI 2017)

(अ) शुष्क मृदा (ब) लाल मृदा
(स) लेटराइट मृदा (द) काली मृदा

व्याख्या- मध्यप्रदेश में शुष्क मृदा नहीं पायी जाती है।

40.(ब) 41.(स) 42.(स) 43.(ब) 44.(ब) 45.(अ) 46.(द) 47.(ब) 48.(द) 49.(ब) 50.(अ)



# अध्याय–5

# मध्यप्रदेश जलवायु का प्रादेशिक वितरण

1. **कर्क रेखा मध्यप्रदेश के किस भाग से होकर गुजरती है–**
   (अ) मध्यभाग (ब) उत्तरी भाग
   (स) दक्षिणी भाग (द) इनमें से कोई नहीं।

**व्याख्या–** कर्क रेखा म.प्र. के मध्य से गुजरती है। कुल 14 जिलो से गुजरती है।

2. **मध्यप्रदेश की जलवायु को प्रभावित करने वाले कारक हैं–**
   (अ) अक्षांशीय स्थिति (ब) समुद्र तल से दूरी
   (स) धरातलीय स्वरूप (द) उपर्युक्त सभी।

**व्याख्या–** मध्यप्रदेश की जलवायु उसकी अक्षांशीय स्थिति, धरातलीय स्वरूप एवं समुद्र तल से दूरी सभी भौगोलिक कारकों पर निर्भर करती है।

3. **नर्मदा घाटी की जलवायु कैसी है–**
   (अ) ग्रीष्म ऋतु में साधारण गर्म व शीत ऋतु में ठंडी
   (ब) ग्रीष्म ऋतु में अत्यधिक गर्म व शीत ऋतु में साधारण ठंडी
   (स) ग्रीष्म ऋतु में अत्यधिक गर्म व शीत ऋतु में अत्यधिक ठंडी।
   (द) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

**व्याख्या–** नर्मदा घाटी की जलवायु, ग्रीष्म ऋतु में अत्यधिक गर्म व शीत ऋतु में साधारण ठंडी होती है।

4. **कौन से मानसून से मालवा के पठारी प्रदेश में वर्षा होती है–**
   (अ) बंगाल की खाड़ी
   (ब) हिन्द महासागर से आने वाला मानसून
   (स) कच्छ की हवा से
   (द) अरब सागर से आने वाला मानसून

**व्याख्या–** प्रदेश में मालवा के पठारी प्रदेश में वर्षा अरब सागर से आने वाले दक्षिण–पश्चिम मानसून के द्वारा होती है।

5. **'मध्यभारत के पठार' में कम वर्षा होने का क्या कारण है–**
   (अ) पठारी प्रदेश होने से
   (ब) राजस्थान के करीब होने के कारण
   (स) पहाड़ी इलाका होने से
   (द) मानसून का प्रभाव कम होने के कारण

**व्याख्या–** मध्यप्रदेश के पठार तक दक्षिण–पश्चिमी मानसून के पहुँचने तक उसकी तीव्रता कम हो जाने के कारण मध्यभारत पठार में कम वर्षा हो पाती है।

1.(अ) 2.(द) 3.(ब) 4.(द) 5.(द)

6. प्रदेश के वार्षिक एवं दैनिक तापान्तर में अधिक अन्तर होने का क्या कारण है-
(अ) वर्षा का कारण
(ब) भू-असमानता के कारण
(स) समुद्र तल से दूरी होने के कारण
(द) पठारी प्रदेश के कारण।

व्याख्या- प्रदेश में वार्षिक एवं दैनिक तापान्तर में अंतर अधिक होने का प्रमुख कारण "समुद्र तल से दूरी" है।

7. किस माह से सूर्य उत्तरायण होते ही मध्यप्रदेश का तापमान बढ़ने लगता है-
(अ) जनवरी (ब) फरवरी
(स) मार्च (द) अप्रैल।

व्याख्या- मार्च माह से सूर्य के उत्तरायण होने के साथ ही प्रदेश का तापमान अत्याधिक बढ़ने लगता है और मई तक पहुँचते-पहुँचते तापमान 45°C के आस-पास पहुँच जाता है।

8. किस माह में आकाश स्वच्छ होता है और तापमान में हल्की सी वृद्धि होती है जिसे द्वितीय ऋतु (Second Summer) कहते हैं-
(अ) मार्च-अप्रैल (ब) मई-जून
(स) जुलाई-अगस्त (द) सितम्बर-अक्टूबर।

व्याख्या- वर्षा ऋतु समाप्त होते ही आकाश स्वच्छ होने लगता है और तापमान में हल्की वृद्धि होती है जिसे द्वितीय समर कहते है। ऐसा सितम्बर-अक्टूबर में होता है। इसे 'अक्टूबर हीट' कहते है।

9. प्रदेश में अधिकांश वर्षा जून से सितम्बर तक होती है। ये वर्षा उन हवाओं से होती है जिन्हें-
(अ) दक्षिणी मानसून
(ब) दक्षिण-पूर्वी मानसून
(स) दक्षिण-पश्चिमी मानसून
(द) उपर्युक्त सभी।

व्याख्या- प्रदेश में अधिकांश वर्षा जून-सितम्बर माह के मध्य, दक्षिण-पश्चिमी मानसून के कारण होती है।

10. प्रदेश के पूर्वी भाग में वर्षा किस मानसून से होती है-
(अ) अरब सागरीय मानसून
(ब) बंगाल की खाड़ी का मानसून
(स) हिन्द सागरीय मानसून
(द) उपर्युक्त सभी से।

व्याख्या- प्रदेश के पूर्वी भाग बघेलखंड के पठार एवं सतपुड़ा के पूर्वी क्षेत्र पर बंगाल की खाड़ी के मानसून द्वारा वर्षा होती है एवं सर्वाधिक वर्षा इसी क्षेत्र में होती है।

11. प्रदेश के उत्तर-पूर्वी भाग में वर्षा का औसत कितने से.मी. है-
(अ) 50 से 75 से.मी. (ब) 75 से 125 से.मी.
(स) 125 से 150 से.मी. (द) 150 से अधिक।

12. प्रदेश के किस भाग में सबसे कम वर्षा होती है-
(अ) पूर्व (ब) पश्चिम
(स) उत्तर (द) दक्षिण।

व्याख्या- प्रदेश के पश्चिमी भाग में सर्वाधिक कम वर्षा होती है, क्योंकि यह एक मैदानी भाग है।

13. जलवायु के आधार पर मध्य प्रदेश को कितने भागों में बाँटा गया हैं?
(अ) दो (ब) तीन
(स) चार (द) छः

व्याख्या- म.प्र. को जलवायु के आधार पर चार भागों में बाटा गया है- उत्तर का मैदान, मालवा का पठार, विन्धय पहाड़ी प्रदेश, नर्मदा घाटी।

14. मध्य प्रदेश के किस क्षेत्र की जलवायु को 'सम' जलवायु कहा जाता है?
(अ) मालवा का पठार
(ब) उत्तर का मैदान
(स) विंध्याचल का मैदानी भाग
(द) नर्मदा की घाटी।

व्याख्या- मध्यप्रदेश का मालवा का पठार सम जलवायु वाला प्रदेश है, यहाँ गर्मियों मे न अधिक गर्मी व ठंडियों में न अधिक ठंड पड़ती है।

15. मध्य प्रदेश में ऋतुओं को अन्य नामों से भी जाना जाता है-
(अ) युनाला (ब) चौमासा
(स) सियाला (द) उपरोक्त सभी।

व्याख्या- मध्यप्रदेश में ग्रीष्म ऋतु को युनाला, वर्षा को चौमासा एवं शीत ऋतु को सियाला कहा जाता है।

16. सूर्य का उत्तरायण होने से प्रदेश में क्या परिवर्तन होगा?
(अ) तापमान में वृद्धि
(ब) तापमान में कमी
(स) तापमान में कोई परिवर्तन नहीं
(द) उपरोक्त सभी असत्य है।

व्याख्या- सूर्य के 21 मार्च से उत्तरायण होने से मध्य भारत का पठार जिसमें ग्वालियर, मुरैना, दतिया सम्मिलित है, में तापमान में वृद्धि होती है।

17. मध्य प्रदेश में ऋतु संबंधी जानकारी जुटाने वाली वेधशाला यहाँ स्थित है-
(अ) इन्दौर (ब) भोपाल
(स) पचमढ़ी (द) शिवपुरी।

6.(स) 7.(स) 8.(द) 9.(स) 10.(ब) 11.(स) 12.(ब) 13.(स) 14.(अ) 15.(द) 16.(अ) 17.(अ)

व्याख्या- मध्यप्रदेश के इन्दौर में ऋतु संबंधी जानकारी एकत्रित करने वाली वैधशाला स्थापित है।

18. म.प्र. में दैनिक तापान्तर किस माह में सर्वाधिक होता है?
(अ) मार्च (ब) अप्रैल
(स) मई (द) जून

व्याख्या- मध्यप्रदेश में सर्वाधिक दैनिक तापांतर मार्च माह में पाया जाता है।

19. निम्न में से प्रदेश के किस क्षेत्र में दोनों मानसूनों से वर्षा होती हैं-
(अ) नर्मदा घाटी (ब) मालवा का पठार
(स) विंध्य प्रदेश (द) उपरोक्त सभी

व्याख्या- मध्यप्रदेश के विंध्य प्रदेश में अरब सागर और बंगाल की खाड़ी दोनों मानसूनों द्वारा वर्षा होती है।

20. मध्यप्रदेश में सबसे कम वर्षा किस जिले में होती है।
(1) भोपाल में (2) ग्वालियर में
(3) भिण्ड में (4) शिवपुरी में

व्याख्या- मध्यप्रदेश के भिण्ड जिले की गोहद तहसील में 55 से.मी. से भी कम वर्षा होती है तथा सबसे अधिक वर्षा पंचमढी में दर्ज (213.3 से.मी.) की जाती है।

21. मध्यप्रदेश की औसत वार्षिक वर्षा लगभग कितनी होती है।
(1) 125.6 से.मी. (2) 121.3 से.मी.
(3) 112 से.मी. (4) 119.5 से.मी.

व्याख्या- मध्यप्रदेश की औसत वार्षिक वर्षा लगभग 112 से.मी. होती है। मण्डला व बालाघाट में औसत वर्षा- 152.4 से 165 से.मी. तथा सीधी तथा समीवर्ती क्षेत्र 165.1 सेमी. मालवा व बुन्देलखण्ड पठार- 76 से 114 सेमी ग्वालियर, मुरैना, भिण्ड व शिवपुरी- 62.5 से 114.3 से.मी. खरगोन, धार, झाबुआ, रतलाम व मंदसौर- 76.2 सेमी.।

22. मध्यप्रदेश में बंजर भूमि का प्रतिशत कितना है।
(1) 21.75 प्रतिशत (2) 25.3 प्रतिशत
(3) 19.14 प्रतिशत (4) 27.33 प्रतिशत

व्याख्या- मध्यप्रदेश में बंजर भूमि का प्रतिशत 21.75 है। यह अधिकतर प्रदेश के 17 जिलों में है। इनमें से मुख्यत: टीकमगढ़, ग्वालियर, छिन्दवाडा, शाजापुर, रतलाम, गुना, भिण्ड, श्योपुर, मन्दसौर, मुरैना, नरसिंहपुर और राजगढ़है। क्योंकि यहाँ पर वर्षा कम होती है।

23. प्रदेश का सर्वाधिक गर्म क्षेत्र कौन-सा है।
(1) इन्दौर का क्षेत्र (3) भोपाल का क्षेत्र
(3) सतपुड़ा का क्षेत्र (4) ग्वालियर का क्षेत्र

व्याख्या- मध्यप्रदेश का सर्वाधिक गर्म क्षेत्र ग्वालियर (डबरा) क्षेत्र है। मार्च माह में सूर्य के उत्तरायण होते ही सम्पूर्ण प्रदेश में तापमान दक्षिण-पूर्व से उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ता जाता है। मार्च से जून तक म.प्र. के उत्तरी भागों में औसत तापमान अधिकतम 42· हो जाता है।

24. पन्ना की प्रसिद्ध हीरे की खाने निम्नलिखित किस चट्टानी क्षेत्र में स्थित है।
(1) कड़प्पा शैल समूह (2) विन्ध्यन शैल समूह
(3) मध्य गोंडवाना शैल समूह (4) अपर गोंडवाना शैल समूह

व्याख्या- कडप्पा शैल-समूह की ऊपरी तहे 'बिजावर सीरीज' के नाम से जानी जाती है। जिनमें बालूका पत्थर, हॉर्नस्टोन, हेमेटाइट, क्वार्टजाइट तथा चूने के पत्थर की तहे मौजूद है। इस समुह की चट्टानें बिजावर, पन्ना तथा ग्वालियर के निकट प्राप्त होती है। तथा इनमें हुए ज्वालामुखी विभेदों पर हीरे मिलते है।

25. सेन्टीग्रेड एवं फारेनहाइट पैमाने में एक-जैसा मान प्रदर्शित होगा- (पुलिस आरक्षक 2013)
(अ) 0° पर (ब) –48° पर
(स) –40° पर (द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

व्याख्या- सेन्टीग्रेड एवं फारेनहाइट पैमाने में एक जैसा मान –40· पर प्रदर्शित होता है।

26. मालवा के पठार की जलवायु को विश्व की सर्वश्रेष्ठ जलवायु किसने कहा था-
(अ) ह्वेनसांग (ब) फाह्यान
(स) इत्सिंग (द) सुलेमान

व्याख्या- मालवा के पठार की जलवायु को विश्व की सर्वश्रेष्ठ जलवायु गुप्त वंश के शासक चंद्रगुप्त द्वितीय के राजदूत फाह्यान ने कहा था-

27. मध्यप्रदेश की जलवायु है :
(अ) मानसून प्रकार जलवायु (ब) शुष्क जलवायु
(स) गर्म और शुष्क जलवायु (द) जलवायु

व्याख्या- मध्यप्रदेश की जलवायु मानसून प्रकार की जलवायु है।

28. 'जल विभाजक रेखा' निम्न में से कहलाती है?
(अ) 60 सेमी वर्षा रेखा (स) 90 सेमी वर्षा रेखा
(ब) 75 सेमी वर्षा रेखा (द) 130 सेमी वर्षा रेखा

व्याख्या- पूर्वी और पश्चिमी म.प्र. के मध्य स्थित 73 सेमी वर्षा रेखा को प्रदेश की जल विभाजक रेखा कहा जाता है। यह रेखा प्रदेश के सीधी, जबलपुर, सिवनी से गुजरती है।

29. निम्न में से कौनसी जलवायु म.प्र. में पाई जाती है?
(अ) सम जलवायु (स) केवल ऊष्ण कटिबंधीय
(ब) केवल मानसूनी जलवायु
(द) ऊष्ण कटिबंधीय मानसूनी जलवायु

व्याख्या- म.प्र. भारत के मध्य में स्थित है, जिसके कारण सभी प्रकार की जलवायु का प्रभाव प्रदेश पर पड़ता है। इसी प्रकार म.प्र. ऊष्ण कटिबंधीय मानसूनी जलवायु वाला प्रदेश है।

18.(अ) 19.(स) 20.(स) 21.(स) 22.(अ) 23.(द) 24.(अ) 25.(स) 26.(ब) 27.(अ) 28.(ब) 29.(द)

**30. सूर्य की किरणें निम्न में से किस रेखा पर लंबवत पड़ती हैं जिसके कारण म.प्र. में गरमी अधिक पड़ती है?**

(अ) कर्क रेखा (स) मकर रेखा

(ब) विषुवत रेखा (द) किसी पर नहीं

**व्याख्या**- कर्क रेखा म.प्र. के बीच से होकर गुजरती है, जिसके फलस्वरूप उत्तरी म.प्र. के क्षेत्र में तापमान में वृद्धि हो जाती हैं।

**31. म.प्र. का सर्वाधिक तापमान वाला स्थान कौनसा है?**

(अ) दतिया (स) रतलाम

(ब) सागर (द) गंजबासौदा

**व्याख्या**- म.प्र. में सर्वाधिक तापमान वाला स्थान गंजबासौदा को माना गया है। हालाँकि इससे ज्यादा तापमान वाला स्थान बड़वानी एवं खजुराहों को भी माना जा सकता है।

**32. म.प्र. में शीत ऋतु में लौटने वाले मानसून से होने वाली वर्षा को निम्न में से किस नाम से जाना जाता है?**

(अ) सियाला (स) मावठा

(ब) ओला (द) पाला

**33. सर्वाधिक वर्षा वाला स्थान म.प्र. के किस पठार पर स्थित है?**

(अ) मध्य भारत का पठार (स) रीवा-पन्ना का पठार

(ब) मालवा का पठार (द) सतपुड़ा का पठार

**व्याख्या**- म.प्र. का सर्वाधिक वर्षा वाला स्थान पचमढ़ी है, जहाँ पर 199 सेमी वर्षा होती है, जो कि सतपुड़ा मैकल श्रेणी में स्थित है।

**34. निम्नलिखित में से म.प्र. में शीत ऋतु का समय है:-**

(अ) नवंबर से फरवरी (स) जुलाई से अक्टूबर

(ब) मार्च से जून (द) इनमें कोई नहीं।

**व्याख्या**- ग्रीष्म ऋतु-(मार्च-जून)
शीत ऋतु-(नवंबर-फरवरी)
वर्षा ऋतु-(जुलाई-अक्टूबर)

**35. म.प्र. में ऋतु वेधशाला कहाँ पर स्थित है?**

**( म.प्र. राज्य वन सेवा परीक्षा 2010 )**

(अ) सागर (ब) भोपाल

(स) इंदौर (द) जबलपुर

**व्याख्या**- प्रदेश की एकमात्र ऋतु वेधशाला इंदौर में स्थित है।

**36. म.प्र. को कितने कृषि जलवायु क्षेत्रों में बाँटा गया है?**

**( Dairy Federation, Recruitment Exam- 2016 )**

(अ) 9 (ब) 13


(स) 7 (द) 11

**व्याख्या**- म.प्र. को 11 कृषि जलवायु क्षेत्रों में बाँटा गया है।

- छत्तीसगढ़का उत्तरी पहाड़ी मैदान
- छत्तीसगढ़का मैदान
- मध्य नर्मदा धारी
- कैमूर पठार एवं सतपुड़ा पहाड़ी क्षेत्र
- विंध्य पर्वत क्षेत्र
- ग्रिड क्षेत्र
- बुन्देलखंड क्षेत्र
- सतपुड़ा पठार
- मालवा पठार
- झाबुआ पहाडी क्षेत्र
- निमाड़ मैदान

* * *

30.(अ) 31.(द) 32.(स) 33.(द) 34.(अ) 35.(स) 36.(ब)




# अध्याय– 6

# प्रदेश में वनों की स्थिति

1. **मध्यप्रदेश में सर्वाधिक वृक्ष कौन से पा जाते है।**

(अ) सागौन (ब) साल

(स) बाँस (द) शीशम

व्याख्या– मध्यप्रदेश में सर्वाधिक वृक्ष सागौन वृक्ष पाए जाते है सागौन कुल वन क्षेत्रफल के 17.8 प्रतिशत भाग पर पा जाते है। जबलपुर, होशंगाबाद, बैतूल, सागर, छिन्दवाडा, धार, जिलों में स्थित है। सागौन की लकड़ी इमारती उपयोग में आती है। इससे बना फर्नीचर हल्का और मजबूत होता है तथा होशंगाबाद की बोरी घाटी सागौन के लिए प्रसिद्ध है।

2. **मध्यप्रदेश में देश के कुल बाघ संख्या का कितने प्रतिशत बाघ पाए जाते है।**

(अ) 14 प्रतिशत (ब) 20 प्रतिशत

(स) 24 प्रतिशत (द) 22 प्रतिशत

व्याख्या– मध्यप्रदेश में देश के कुल बाघ संख्या का 22 प्रतिशत बाघ पाये जाते है। जिसमें सर्वाधिक बाघ कान्हा किसली राष्ट्रीय उधान में है, जबकि सर्वाधिक घनत्व वाला उद्यान बाँधवगढ़ है हालाँकि पर्यावरण एवं वन रिपोर्ट के अनुसार होशंगाबाद, बैतूल, नर्मदा नदी के उत्तरी घाट और कान्हा–किसली में बाघों की संख्या में काफी गिरावट आई है।

3. **मध्यप्रदेश सरकार ने हाल ही में 'कट्ठीवाडा' में राष्ट्रीय अभ्यारण्य बनाने की स्वीकृति दी है। कट्ठीवांडा किस जिले में स्थित है।**

(अ) अलीराजपुर (ब) झाबुआ

(स) खरगोन (द) होशंगाबाद

व्याख्या– मध्य प्रदेश के अलीराजपुर की तहसील कट्ठीवाड़ा में 90 कि.मी. क्षेत्र पर राष्ट्रीय अभ्यारण्य बनाया जाएगा। अभ्यारण्य की स्वीकृति मिलते ही वन विभाग ने प्राकृतिक सौदर्य से परिपूर्ण कट्ठीवाड़ा को ईको टूरिज्म के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया है।

4. **सतपुड़ा राष्ट्रीय उद्यान किस पशु–पक्षी के लिए प्रसिद्ध है।**

(अ) खरमौर पक्षी के लिए (ब) सोनचिड़िया के लिए

(स) बाघों के लिए (द) कृष्ण मृगों के लिए

व्याख्या– सतपुड़ा राष्ट्रीय उधान कृष्णमृगो के लिए प्रसिद्ध है तथा इसकी लम्बाई 543 कि.मी. है। इसकी स्थापना 1981 में होशगाबाद में की गई।

5. **उष्ण कटिबन्ध पर्णपाती वन कितने से.मी. वर्षा वाले क्षेत्रों में पाये जाते हैं–**

1.(अ) 2.(द) 3.(अ) 4.(द)

(अ) 25 से 50 से.मी. (ब) 50 से 100 से.मी.
(स) 100 से 150 से.मी. (द) 150 से 200 से.मी.।

**व्याख्या**- उष्ण कटिबंधीय पर्णपाती वन सामान्यत 50-100 से.मी. औसत वर्षा वाले क्षेत्रों में पाये जाते है।

**6. उष्ण कटिबंध पर्णपाती वनों की निम्न में से क्या विशेषता नहीं है-**
(अ) ग्रीष्म ऋतु में अपनी पत्तियाँ गिरा देते हैं।
(ब) इनमें उत्तम इमारती लकड़ी पायी जाती है।
(स) इनका क्षेत्र प्रदेश में पन्ना, सिवनी, होशंगाबाद है।
(द) इनके लिये बहुत ही कम जल की आवश्यकता होती है।

**व्याख्या**- उष्ण कटिबंधीय पर्णपाती वनों के लिये अधिक जल की आवश्यकता होती है। ये जल की कमी होने के कारण अपनी पत्तियाँ गिरा देते है।

**7. मण्डला, बालाघाट, सीधी एवं शहडोल जिलों में किस प्रकार के वन पाये जाते हैं-**
(अ) उष्ण कटिबंध पर्णपाती
(ब) उष्ण कटिबंध अर्द्ध पर्णपाती
(स) उष्ण कटिबंध शुष्क पर्णपाती
(द) इनमें से कोई नहीं

**व्याख्या**- मण्डला, बालाघाट, सीधी, शहडोल आदि पूर्वी जिलों में सामान्य से अधिक वर्षा होती है। इसी कारण यहाँ उष्ण कटिबंधीय अर्द्ध पर्णपाती वन पाये जाते हैं। (100 - 150cm. वर्षा)

**8. श्योपुर, शिवपुरी, रतलाम एवं मंदसौर इत्यादि क्षेत्रों में किस प्रकार के वन पाये जाते हैं-**
(अ) उष्ण कटिबंध पर्णपाती वन
(ब) उष्ण कटिबंध अर्द्ध पर्णपाती वन
(स) उष्ण कटिबंध शुष्क पर्णपाती वन (55 - 75cm.)
(द) इनमें से कोई नहीं।

**व्याख्या**- श्योपुर, शिवपुरी, रतलाम, मंदसौर इत्यादि क्षेत्रों में उष्ण कटिबंधीय शुष्क पर्णपाती वन पाये जाते हैं। क्योंकि यहाँ वर्षा का औसत कम है।

**9. निम्न में से किन स्थानों पर 50 प्रतिशत से अधिक वन हैं-**
(अ) खण्डवा-बैतूल (ब) होशंगाबाद-हरदा
(स) बालाघाट (द) उपरोक्त सभी।

**व्याख्या**- मध्यप्रदेश के खण्डवा- बैतूल, होशंगाबाद-हरदा एवं बालाघाट क्षेत्रों में वनों का प्रतिशत 50 से अधिक है।

**10. प्रदेश के उन भागों में शुष्क कँटीले वन पाये जाते हैं जहाँ वर्षा-**
(अ) 50 से.मी. से कम (ब) 75 से.मी. से कम
(स) 100 से.मी. से कम (द) 125 से.मी. से कम।

**व्याख्या**- प्रदेश के 75 cm. से कम वर्षा वाले क्षेत्रों में शुल्क कँटीले वन पाये जाते हैं। ये मुख्यत: उत्तरी म.प्र. में पाये जाते हैं।

**11. कौन-सा जिला शुष्क-कँटीले वनों से सम्बन्धित नहीं है-**
(अ) ग्वालियर (ब) शिवपुरी
(स) मुरैना (द) इन्दौर।

**व्याख्या**- ग्वालियर, शिवपुरी, मुरैना, मंदसौर आदि जिलों में शुष्क कँटीले वन पाये जाते हैं।

**12. वनों का शासकीय वर्गीकरण का आधार निम्न में से क्या नहीं है-**
(अ) संरक्षित वन (ब) आरक्षित वन
(स) अवर्गीकृत वन (द) वर्गीकृत वन

**व्याख्या**- वनों की शासकीय वर्गीकरण संरक्षित वन, आरक्षित वन एवं अवर्गीकृत (2%) वनों में किया गया है।

**13. म.प्र. में संरक्षित वनों पर किसका पूर्ण नियन्त्रण होता है-**
(अ) वनवासियों का (ब) सरकार का
(स) ठेकेदारों का (द) बिचौलियों का

**व्याख्या**- म.प्र. के संरक्षित वनों पर पूर्ण नियंत्रण सरकार का होता है। (33%)

**14. किन वनों में वृक्षों को काटने के साथ पशुचारण पर भी पूर्ण रोक है-**
(अ) आरक्षित वन (ब) संरक्षित वन
(स) अवर्गीकृत वन (द) वर्गीकृत वन

**व्याख्या**- आरक्षित वन (65%) क्षेत्र पर सरकार के नियम अत्यन्त कठोर होते हैं। इन क्षेत्र पर वृक्ष काटने के साथ पशुचारण पर पूर्णत: रोक है।

**15. सागौन वृक्ष का बाहुल्य किन जिलों में है-**
(अ) जबलपुर, होशंगाबाद, बैतूल, सागर
(ब) रीवा, सतना, पन्ना, दमोह
(स) मंदसौर, ग्वालियर, शिवपुरी
(द) उपरोक्त सभी।

**व्याख्या**- सागौन वृक्ष म.प्र. के जबलपुर, होशंगाबाद, बैतूल और सागर जिलों में प्रमुख रूप से पाये जाते हैं।

**16. मध्यप्रदेश वानिकी परियोजना का शुभारंभ कब किया गया-**
(अ) 1975 (ब) 1985
(स) 1995 (द) 1999।

**व्याख्या**- मध्यप्रदेश वानिकी परियोजना 1995 से शुरू हुई। इस परियोजना में वनों के संरक्षण हेतु विस्तृत नियम बनाये गये।

**17. मध्यप्रदेश वानिकी परियोजना प्रदेश में किसके आर्थिक सहयोग से प्रारम्भ की गई-**
(अ) भारतीय वन विकास निगम (ब) विश्व बैंक
(स) राज्य वन विकास निगम (द) यूनिसेफ।

5.(ब) 6.(द) 7.(ब) 8.(स) 9.(द) 10.(ब) 11.(द) 12.(द) 13.(ब) 14.(अ) 15.(अ) 16.(स) 17.(ब)

व्याख्या- म.प्र. वानिकी परियोजना 1995 में विश्व बैंक के सहयोग से शुरू की गई थी।

18. सागौन के लिये औसतन वर्षा-
(अ) 25 से 75 से.मी. (ब) 75 से 125 से.मी.
(स) 125 से 200 से.मी. (द) इनमें से कोई नहीं।

व्याख्या- सागौन के लिये औसत सामान्य 75-125 सेमी. वर्षा अच्छी होती है।

19. सागौन के वृक्ष किस प्रकार के मिट्टी में पाये जाते हैं-
(अ) लाल मिट्टी (ब) पीली मिट्टी
(स) दोमट मिट्टी (द) काली मिट्टी।

व्याख्या- सागौन वृक्ष सामान्यत: काली मिट्टी वाले क्षेत्रों में अधिक पाये जाते हैं।

20. साल के वृक्ष प्रदेश में किस प्रकार की मिट्टी में पाये जाते हैं-
(अ) काली मिट्टी (ब) लाल-पीली मिट्टी
(स) दोमट मिट्टी (द) काली मिट्टी।

व्याख्या- साल के वृक्ष अधिकतर बघेलखंड प्रदेश में लाल-पीली मिट्टी में अधिकतर पाये जाते हैं।

21. साल के वन अत्यधिक सघन होते हैं, क्योंकि यहाँ वर्षा-
(अ) 125 से.मी. या अधिक होती है
(ब) 125 से.मी. से कम होती है
(स) 150 से.मी. से अधिक
(द) 100 से.मी. से अधिक

व्याख्या- साल के वृक्ष अत्यन्त सघन आकृति के पाये जाते हैं क्योंकि ये 125 सेमी से अधिक वर्षा वाले क्षेत्रों में पाये जाते हैं।

22. साल के वृक्षों की लकड़ियों का उपयोग मुख्यत: किया जाता है-
(अ) घरों को बनाने में (ब) कागज बनाने में
(स) कीमती सामान बनाने में (द) रेलवे के स्लीपर बनाने में

उत्तर- (द)

व्याख्या- साल के वृक्षों की लकड़ियों का प्रयोग अधिकतर रेलवे के स्लीपर बनाने में किया जाता है।

23. बाँस के लिये कितने से.मी. वर्षा लाभदायक है-
(अ) 25 से.मी. (ब) 50 से.मी.
(स) 75 से.मी. (द) उपरोक्त में से कोई नहीं।

व्याख्या- बाँस एक प्रकार की घास है, जो कम वर्षा वाले क्षेत्रों (75 सेमी) में पाये जाते हैं।

24. बाँस का मुख्यत: उपयोग है-
(अ) खेतों की बाढ़ लगाने में (ब) पतंग उद्योग में
(स) कागज बनाने में (द) घर बनाने में।

व्याख्या- बाँस से एक विशिष्ट प्रकार का पदार्थ 'लुग्दी' बनता है, जिसका उपयोग कागज बनाने के लिये किया जाता है।

25. बाँस से अखबारी कागज बनाने का कारखाना म.प्र. में कहाँ है-
(अ) नेपानगर (ब) भोपाल
(स) कटनी (द) बीना।

व्याख्या- बाँस से अखबारी कागज बनाने का कारखाना म.प्र. के बुरहानपुर जिले के नेपानगर में है।

26. किन स्थानों पर बाँस पाया जाता है-
(अ) बालाघाट व बैतूल (ब) जबलपुर व सिवनी
(स) मण्डला व सागर (द) उपरोक्त सभी।

व्याख्या- प्रदेश में बाँस मुख्यत: बालाघाट, बैतूल, जबलपुर, सिवनी, मंडला, सागर आदि जिलों में पाया जाता है।

27. बाँस है-
(अ) पेड़ (ब) पौधा
(स) घास (द) बेल।

व्याख्या- बाँस एक सघन घास है।

28. निम्न में से किन जिलों के जंगलों से खैर की लकड़ी प्राप्त होती है-
(अ) शिवपुरी (ब) श्योपुर
(स) गुना (द) उपरोक्त सभी।

व्याख्या- खैर की लकड़ी प्रदेश के शिवपुरी, श्योपुर आदि जिलों में मिलती है।

29. खैर वृक्ष से सम्बन्धित निम्न तथ्यों में क्या असत्य है-
(अ) इसका उपयोग चर्मशोधन के लिये होता है
(ब) यह पाचन के लिये औषधि के रूप में उपयोगी है
(स) इससे कत्था बनता है
(द) यह वस्तुएँ रंगाई के काम में भी आता है।

व्याख्या- खैर वृक्ष, मुख्यत: चर्मशोधन, पाचन की औषधि एवं कत्था बनाने के लिये किया जाता है।

30. मध्यप्रदेश में लाख बनाने का एकमात्र कारखाना कहाँ है-
(अ) उमरिया (ब) गाडरवाड़ा
(स) शहडोल (द) पिपरिया।

व्याख्या- मध्यप्रदेश में लाख बनाने का एकमात्र कारखाना उमरिया जिले में है।

31. लाख मुख्यत: किन वृक्षों से प्राप्त होता है-
(अ) पीपल, बबूल, शहतूत (ब) पलाश, कुसुम, अर्जुन
(स) धावड़ा, सूर्यमुखी, खैर (द) सेनियल, महुआ, हर्रा।

व्याख्या- लाख मुख्यत: पलाश, कुसुम, अर्जुन आदि वृक्षों से मिलता है।

18.(ब) 19.(द) 20.(ब) 21.(अ) 22.(द) 23.(स) 24.(स) 25.(अ) 26.(द) 27.(स) 28.(द) 29.(द) 30.(अ) 31.(ब)

32. प्रदेश से हर्रा अन्य राज्यों को भी भेजा जाता है इसका मुख्य उपयोग-

(अ) औषधि के रूप में (ब) चर्मशोधन के लिये
(स) रंगाई कार्यों में (द) कागज उद्योग में।

व्याख्या- प्रदेश में हर्रा, मुख्यतः चर्म शोधन के लिये प्रयुक्त होता है एवं छिंदवाड़ा, बालाघाट एवं श्योपुर जिलों में पाया जाता है।

33. मध्यप्रदेश में सबसे अधिक वन किस प्रजाति के हैं-

(अ) सागौन (ब) साल
(स) नागफनी (द) खैर

व्याख्या- म.प्र. में सर्वाधिक वन सागौन प्रजाति 17.8% के हैं।

34. भिलावा किस वस्तु को बनाने के उपयोग में आता है-

(अ) रंगीन कागज बनाने के (ब) लकड़ी उद्योग में
(स) माचिस व तीली बनाने में (द) स्याही व पेंट बनाने में।

व्याख्या- भिलावा (Marking nut) का उपयोग सामान्यतः स्याही व पेन्ट बनाने के लिये किया जाता है।

35. भिलावा से स्याही एवं पेंट बनाने का प्रदेश में एकमात्र कारखाना कहाँ है-

(अ) सिवनी (ब) छिंदवाड़ा
(स) होशंगाबाद (द) हरदा

व्याख्या- भिलावा से स्याही बनाने का कारखाना छिंदवाड़ा में है। भिलावा एक जहरीला पदार्थ होता है।

36. लाख होता है-

(अ) पेड़ से बहने वाला द्रव (ब) कीट से उत्पादित पदार्थ
(स) जड़ (द) फूलों से प्राप्त मकरंद।

व्याख्या- लाख कीट से उत्पादित द्रव है जो मुख्यतः शीशम, बबूल के पौधों से प्राप्त होता है।

37. गोंद खाने के अलावा किन-किन उद्योगों में काम आता है-

(अ) पेन्ट उद्योग में (ब) प्रिंटिंग उद्योग में
(स) दवा व कास्मेटिक उद्योग में (द) उपरोक्त सभी में।

व्याख्या- गोंद खाने के अलावा पेन्ट उद्योग, प्रिंटिंग उद्योग, दवा व कास्मेटिक उद्योग में उपयोग होता है।

38. मध्यप्रदेश राज्य वन विकास निगम की स्थापना कब हुई-

(अ) 2 अक्टूबर 1972 को (ब) 30 जनवरी 1975 को
(स) 24 अक्टूबर 1970 को (द) 24 जुलाई 1975 को।

व्याख्या- मध्यप्रदेश राज्य वन विकास निगम की स्थापना 24 जुलाई, 1975 को भोपाल में की गई थी।

39. 'मध्यप्रदेश राज्य वन विकास निगम' के कार्य एवं उद्देश्य हैं-

(अ) वनोपज का आर्थिक दृष्टि से दोहन करना
(ब) लुग्दी-पेपर व इससे सम्बन्धित उद्योगों के लिये साधनों की व्यवस्था
(स) काष्ठ आधारित उद्योगों हेतु कच्चे माल की व्यवस्था
(द) उपर्युक्त सभी।

व्याख्या- मध्यप्रदेश राज्य वन विकास निगम के प्रमुख कार्य वनोपज का आर्थिक दृष्टि से दोहन करना, लुग्दी पेपर व इससे संबंधित उद्योगों के लिये साधनों की व्यवस्था - काष्ठ आधारित उद्योगों हेतु कच्चे माल की व्यवस्था आदि सभी शामिल हैं।

40. 'फॉरेस्ट रिसर्च इन्स्टीट्यूट एण्ड कालेज' के चार क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्रों में से म.प्र.में एक कहाँ है-

(अ) इन्दौर (ब) भोपाल
(स) ग्वालियर (द) जबलपुर।

व्याख्या- 'फारेस्ट रिसर्च इन्स्टीट्यूट एण्ड कॉलेज के चार क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्रों में से एक जबलपुर (म.प्र.) में है।

41. पहला 'वन राजिक महाविद्यालय' बालाघाट में किस सन् में स्थापित किया गया-

(अ) 1977 (ब) 1978
(स) 1979 (द) 1980।

व्याख्या- पहला वन राजिक महाविद्यालय 1979 में बालाघाट में स्थापित किया गया था। यहाँ रेंजरों को प्रशिक्षण दिया जाता है।

42. प्रदेश का दूसरा 'वनराजिक महाविद्यालय' 1980 में कहाँ आरंभ किया गया-

(अ) शिवपुरी (ब) बैतूल
(स) भोपाल (द) मण्डला।

व्याख्या- प्रदेश का दूसरा वनराजिक महाविद्यालय वर्ष 1980 में बैतूल में आरंभ किया गया।

43. वन पालों एवं वनरक्षकों को स्थानीय वन विद्यालयों (School) में प्रशिक्षण दिया जाता है। यह इनमें से कहाँ नहीं है-

(अ) मुलताई (ब) लखनादौन (सिवनी)
(स) शिवपुरी (द) अमरकंटक।

व्याख्या- वनपालों एवं वनरक्षकों को प्रशिक्षण देने का कोई वन विद्यालय मुलताई में स्थित नहीं है।

44. मध्यप्रदेश में वनों का राष्ट्रीयकरण कितने प्रतिशत किया गया-

(अ) 70 प्रतिशत (ब) 80 प्रतिशत
(स) 90 प्रतिशत (द) 100 प्रतिशत।

व्याख्या- मध्यप्रदेश देश का एकमात्र ऐसा राज्य है, जहाँ वनों का एवं वनोपज के व्यापार का शत-प्रतिशत राष्ट्रीयकरण 1970 में कर दिया गया है।

32.(ब) 33.(अ) 34.(द) 35.(ब) 36.(ब) 37.(द) 38.(द) 39.(द) 40.(द) 41.(स) 42.(ब) 43.(अ) 44.(द)

45. 'सामाजिक वानिकी परियोजना' का प्रारम्भ कब किया गया-
(अ) 1966 में (ब) 1976 में
(स) 1986 में (द) 1996 में।

व्याख्या- सामाजिक वानिकी परियोजना का प्रारम्भ वर्ष '1976' में हुआ था। इसका मुख्य उद्देश्य वनीकरण के कार्य को जन आंदोलन बनाना है।

46. वन स्थिति रिपोर्ट 2017 के अनुसार म.प्र. में वन एवं वनाच्छादित क्षेत्रफल कितना है-
(अ) 93639 वर्ग किमी. (ब) 77700 वर्ग किमी.
(स) 77414 वर्ग किमी. (द) 86903 वर्ग किमी.

व्याख्या- वन स्थिति रिपोर्ट 2017 के अनुसार म.प्र. में वन एवं वनाच्छादित क्षेत्रफल 77414 वर्ग किमी. है।

47. देश का सर्वाधिक वनाच्छादित राज्य कौन सा है-
(अ) उत्तराखण्ड (ब) मध्यप्रदेश
(स) मिजोरम (द) हरियाणा

व्याख्या- देश का सर्वाधिक वनाच्छादित राज्य मध्यप्रदेश है।

48. नई वन नीति के अनुसार किसी भी भौगोलिक क्षेत्र की कुल भूमि का कितने प्रतिशत क्षेत्र वन क्षेत्र में होना चाहिये-
(अ) 23.6 प्रतिशत (ब) 33.3 प्रतिशत
(स) 45.8 प्रतिशत (द) 56.6 प्रतिशत।

व्याख्या- नई वन नीति (16 जून 2006) के अनुसार किसी भी भौगोलिक क्षेत्र के कुल भूमि का 33.3% क्षेत्र वन क्षेत्र में आना चाहिये।

49. 'विकेन्द्रीकृत रोपणी योजना' में अनुदान हेतु प्राथमिकता किसे दी जायेगी-
(अ) वृहद स्तर पर कृषि करने वालों को
(ब) बेरोजगारों को
(स) लघु एवं सीमान्त कृषकों को
(द) जनजातीय लोगों को

व्याख्या- "विकेन्द्रीकृत रोपणी योजना" के अंतर्गत अनुदान हेतु "लघु एवं सीमान्त कृषको" को प्राथमिकता दी जायेगी।

50. अवैध कटाई एवं शिकार को रोकने के लिये स्ट्राइक फोर्स कहाँ है-
(अ) भोपाल-सागर (ब) इन्दौर-महू
(स) होशंगाबाद-हरदा (द) मण्डला-बालाघाट

व्याख्या- अवैध कटाई एवं शिकार को रोकने के लिये स्ट्राइक फोर्स की व्यवस्था भोपाल-सागर में की गई है।

51. 'लोक वानिकी योजना' निजी क्षेत्रों में वनोपज को बढ़ावा देने के लिये कितने जिलों में लागू की गई-
(अ) 2 (ब) 5
(स) 7 (द) 9

व्याख्या- लोक वानिकी योजना निजी क्षेत्रों में वनोपज को बढ़ावा देने के लिये प्रदेश के 5 जिलों में लागू की गई है।

52. जबलपुर में वन अनुसंधान केन्द्र की स्थापना किस पंचवर्षीय योजना के तहत की गई-
(अ) प्रथम योजना (ब) द्वितीय योजना
(स) तृतीय योजना (द) चतुर्थ योजना

व्याख्या- जबलपुर में वन अनुसंधान केन्द्र की स्थापना तृतीय पंचवर्षीय योजना केन्द्र के अंतर्गत की गई थी।

53. वनों पर आधारित उद्योगों पर जोर किस योजना के तहत दिया गया-
(अ) पाँचवी योजना (ब) छठी योजना
(स) सातवीं योजना (द) आठवीं योजना।

व्याख्या- वनों पर आधारित उद्योगों के विकास पर सातवीं पंचवर्षीय योजना में ध्यान दिया गया।

54. मध्यप्रदेश में 'वन्य जीव संरक्षण अधिनियम' किस वर्ष से लागू है-
(अ) 1971 (ब) 1973
(स) 1974 (द) 1976।

व्याख्या- मध्यप्रदेश में वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1974 से लागूं किया था। इसके तहत राज्य में राष्ट्रीय उद्यान एवं आभ्यारण्य स्थापित किये गये हैं।

55. किस राष्ट्रीय उद्यान में वन्य प्राणी संरक्षण हेतु प्रशिक्षण सुविधा उपलब्ध है-
(अ) बाँधवगढ़राष्ट्रीय उद्यान (ब) कान्हा राष्ट्रीय उद्यान
(स) माधव राष्ट्रीय उद्यान (द) फासिल राष्ट्रीय उद्यान।

व्याख्या- कान्हा राष्ट्रीय उद्यान में वन्य प्राणी संरक्षण हेतु प्रशिक्षण सुविधा उपलब्ध है। यह मण्डला जिले में स्थापित म.प्र. का सबसे बड़ा उद्यान है।

56. राज्य के राष्ट्रीय उद्यानों में सर्वाधिक संख्या में पाया जाने वाला जीव है-
(अ) शेर (ब) हिरण
(स) नीलगाय (द) चीतल।

व्याख्या- म.प्र. के राष्ट्रीय उद्यानों में सर्वाधिक संख्या में पाया जाने वाला जीव चीतल है।

57. पार्क इण्टरप्रिवेशन योजना किस राष्ट्रीय उद्यान में लागू है-
(अ) कान्हा-किसली (ब) बाँधवगढ़
(स) फासिल (द) माधव।

व्याख्या- अमेरिका के नेशनल पार्क सर्विस के सहयोग से पार्क इन्टरप्रिवेशन योजना कान्हा किसली (मंडला) उद्यान में लागू है।

58. माधव राष्ट्रीय उद्यान कहाँ स्थित है-
(अ) ग्वालियर (ब) शिवपुरी

45.(ब) 46.(स) 47.(ब) 48.(ब) 49.(स) 50.(अ) 51.(ब) 52.(स) 53.(स) 54.(स) 55.(ब) 56.(द) 57.(अ)

(स) मुरैना (द) श्योपुर

व्याख्या- माधव राष्ट्रीय उद्यान शिवपुरी (आगरा-मुंबई-NH3) में स्थित है। इसकी स्थापना 1958 में की गई थी।

59. माधव राष्ट्रीय उद्यान का क्षेत्र कितना है-
(अ) 402 वर्ग किलो मी. (ब) 337 वर्ग कि.मी.
(स) 208 वर्ग कि.मी (द) 118 वर्ग कि.मी.

व्याख्या- माधव राष्ट्रीय उद्यान का क्षेत्रफल 337 वर्ग किमी है एवं इस उद्यान में जार्ज कैसल नामक भव्य पहाड़ी भवन है।

60. 'हालो घाटी' एवं 'बंजर घाटी' किस राष्ट्रीय उद्यान के अन्तर्गत आती हैं-
(अ) माधव (ब) कान्हा-किसली
(स) बाँधवगढ़ (द) फासिल

व्याख्या- हालो-घाटी एवं "बंजर घाटी" कान्हा-किसली राष्ट्रीय उद्यान के अंतर्गत आती हैं, यह प्रदेश का प्रथम राष्ट्रीय उद्यान है।

61. 32 पहाड़ियों से घिरा हुआ कौन-सा राष्ट्रीय उद्यान है-
(अ) माधव (ब) कान्हा किसली
(स) बाँधवगढ़ (द) फासिल।

व्याख्या- बाँधवगढ़राष्ट्रीय उद्यान 32 पहाड़ियों से घिरा हुआ है। उमरिया में स्थित इस राष्ट्रीय उद्यान को 1993 में टाइगर प्रोजेक्ट का दर्जा मिला।

62. 'जार्ज कैसल' नामक भव्य भवन एवं 'संख्या सागर झील' किस राष्ट्रीय उद्यान में है-
(अ) माधव (ब) कान्हा-किसली
(स) बाँधवगढ़ (द) फासिल।

व्याख्या- जार्ज कैसल भवन एवं सांख्य सागर झील माधव राष्ट्रीय उद्यान शिवपुरी में स्थित है।

63. कान्हा-किसली राष्ट्रीय उद्यान किस जिले में है-
(अ) बालाघाट (ब) मण्डला
(स) शहडोल (द) डिंडोरी

व्याख्या- कान्हा किसली राष्ट्रीय उद्यान मंडला जिले में स्थित है एवं इसे 1955 में राष्ट्रीय उद्यान घोषित किया गया।

64. कान्हा-किसली राष्ट्रीय उद्यान कितने वर्ग कि.मी. में फैला है-
(अ) 750 वर्ग कि.मी. (ब) 810 वर्ग कि.मी.
(स) 898 वर्ग कि.मी. (द) 940 वर्ग कि.मी.।

व्याख्या- कान्हा किसली राष्ट्रीय उद्यान 940 वर्ग किमी में फैला म.प्र. सबसे बड़ा राष्ट्रीय उद्यान है।

65. 'हाइलैण्ड्स ऑफ सेन्ट्रल इण्डिया' नामक पुस्तक के रचयिता हैं-
(अ) ब्रुफ डियोनी (ब) के. फारसायथ
(स) कैप्टन मार्शल (द) न्यू बान्डेर।

व्याख्या- "हाइलैण्ड्स ऑफ सेन्ट्रल इंडिया" नामक पुस्तक जे.फारसायथ द्वारा लिखी गई थी। इस पुस्तक में कान्हा किसली राष्ट्रीय उद्यान का वर्णन है।

66. "वाइल्ड एनिमल इन सेन्ट्रल इण्डिया" नामक पुस्तक किसकी है-
(अ) ब्रुक डियोनी (ब) जे. फारसायथ
(स) कैप्टन मार्शल (द) उनबर ब्रान्डेर

व्याख्या- "वाइण्ड एनीमल इन सेण्ट्रल इण्डिया" नामक पुस्तक उनबर ब्राण्डेर ने लिखी है।

67. बाँधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान पूर्व में शहडोल जिले में आता था और अब-
(अ) शहडोल में ही (ब) डिडोरी
(स) उमरिया (द) कटनी

व्याख्या- बांधवगढ़राष्ट्रीय उद्यान पूर्व में शहडोल जिले में आता था लेकिन वर्तमान में यह उमरिया जिले में है।

68. किस राष्ट्रीय उद्यान में प्रति 8 वर्ग कि.मी. पर एक बाघ पाया जाता है-
(अ) माधव (ब) कान्हा-किसली
(स) बाँधवगढ़ (द) फासिल

व्याख्या- बाँधवगढ़राष्ट्रीय उद्यान में 8 वर्ग किमी. में बाघ पाया जाता है। पूरे भारत में बाघों का सर्वाधिक घनत्व यही है।

69. पन्ना राष्ट्रीय उद्यान किस नदी के किनारे है-
(अ) सोन (ब) केन
(स) टोंस (द) क्वारी

व्याख्या- पन्ना राष्ट्रीय उद्यान केन नदी के किनारे स्थित है यह उद्यान सरीसृपों के लिये विख्यात है।

70. पादप एवं जीवाश्म के लिये कौन सा राष्ट्रीय उद्यान प्रसिद्ध है-
(अ) माधव (ब) कान्हा किसली
(स) बाँधवगढ़ (द) फासिल

व्याख्या- पादप एवं जीवाश्म के लिये 'फासिल' राष्ट्रीय उद्यान डिण्डोरी में स्थापित किया गया है, जो प्रदेश का सबसे छोटा राष्ट्रीय उद्यान है।

71. वन विहार राष्ट्रीय उद्यान कहाँ पर स्थित है-
(अ) इन्दौर (ब) ग्वालियर
(स) जबलपुर (द) भोपाल।

व्याख्या- वन विहार राष्ट्रीय उद्यान भोपाल में स्थित है यह उद्यान शहर के बीचों-बीच है।

72. सतपुड़ा राष्ट्रीय उद्यान किस जिले में है-
(अ) सागर (ब) बैतूल
(स) छिंदवाड़ा (द) होशंगाबाद

58.(ब) 59.(ब) 60.(ब) 61.(स) 62.(अ) 63.(ब) 64.(द) 65.(ब) 66.(द) 67.(स) 68.(स) 69.(ब) 70.(द) 71.(द) 72.(द)

व्याख्या- सतपुड़ा राष्ट्रीय उद्यान, होशंगाबाद जिले में है। यह उद्यान म.प्र. के टाइगर प्रोजेक्ट में से एक है।

**73. खरमोर पक्षी के संरक्षण के लिये कौन से अभयारण्य हैं-**
(अ) बोरी व सिंघोरी (ब) सैलाना व सरदारपुर
(स) रालापानी व पालकूनो (द) कटेरा व घाटीगाँव

व्याख्या- खरमोर पक्षी के संरक्षण के लिये सैलाना व सरदारपुर अभयारण्य बनाये गये है। सैलाना अभयारण्य, रतलाम जबकि सरदारपुर धार में है।

**74. सोन चिड़िया के संरक्षण हेतु कौन से अभयारण्य हैं-**
(अ) बोरी व सिंघोरी (ब) फेन व वगदीरा
(स) रातापानी व पालकूनो (द) करेरा व घाटीगाँव

व्याख्या- सोन चिड़िया के संरक्षण हेतु करेरा व घाटीगाँव अभयारण्य आरक्षित किये गये हैं। करेरा- शिवपुरी जबकि घाटीगाँव- ग्वालियर में है।

**75. घड़ियाल एवं जल जीवों के लिये निम्न में से कौन सा अभयारण्य उन्हें संरक्षण प्रदान करता है-**
(अ) केन व सोन (ब) रातापानी व पेंच
(स) नौरादेही व पचमढ़ी (द) रालामण्डल व बगदीरा

व्याख्या- घड़ियाल एवं जल जीवों के लिये केन व सोन अभयारण्य में संरक्षण प्रदान किये गये हैं।
केन (घड़ियाल)- छतरपुर-पन्ना
सोन (घड़ियाल) सीधी-शहडोल।

**76. नौरादेही अभयारण्य किस जिले में स्थित है-**
(अ) सागर (ब) दमोह
(स) सतना (द) पन्ना।

व्याख्या- नौरादेही अभयारण्य सागर जिले में है एवं यह प्रदेश का सबसे बड़ा अभयारण्य है।

**77. नरसिंहगढ़अभयारण्य किस जिले में है-**
(अ) मुरैना (ब) देवास
(स) छतरपुर (द) राजगढ़

व्याख्या- नरसिंहगढ़ वन्य जीव अभ्यारण्य राजगढ़ जिले में स्थित है।

**78. पचमढ़ी अभयारण्य किस राष्ट्रीय उद्यान के नाम से जाना जाता है-**
(अ) होशंगाबाद (ब) सतपुड़ा
(स) विन्ध्यन (द) पंचमगढ़

व्याख्या- पचमढ़ी अभयारण्य सतपुड़ा राष्ट्रीय उद्यान के नाम से जाना जाता है। यह होशंगाबाद जिले में है।

**79. इन्दौर स्थित अभयारण्य का क्या नाम है-**
(अ) अहिल्या मण्डल (ब) होन्करागढ़
(स) गधा टेकरी (द) रालामण्डल।

व्याख्या- रालामंडल अभयारण्य इन्दौर में स्थित है और सर्वाधिक छोटा अभयारण्य है।

**80. टाइगर प्रोजेक्ट के अन्तर्गत कौन से राष्ट्रीय उद्यान हैं-**
(अ) कान्हा-किसली (ब) बाँधवगढ़
(स) पेंच व पन्ना (द) उपरोक्त सभी।

व्याख्या- टाइगर प्रोजेक्ट के अंतर्गत 6 राष्ट्रीय उद्यान सम्मिलित है। बाँधवगढ़, कान्हा किसली, पेंच, सतपुड़ा, संजय एवं पन्ना।

**81. कान्हा-किसली राष्ट्रीय उद्यान को प्रोजेक्ट टाइगर के अन्तर्गत कब सम्मिलित किया गया-**
(अ) 1972 (ब) 1974
(स) 1976 (द) 1978

व्याख्या- कान्हा किसली को राष्ट्रीय उद्यान को प्रोजेक्ट टाइगर में 1974 में शामिल किया गया।

**82. किस राष्ट्रीय उद्यान में रेप्टाइल पार्क स्थित है, जहाँ साँप व रेंगने वाले जन्तु पाये जाते हैं-**
(अ) फासिल (ब) कान्हा
(स) पन्ना (द) वनविहार

व्याख्या- पन्ना राष्ट्रीय उद्यान रेप्टाइल के लिये प्रसिद्ध है।

**83. प्रदेश के किस राष्ट्रीय उद्यान में सफेद शेर भी पाये जाते हैं-**
(अ) कान्हा-किसली (ब) बाँधवगढ़
(स) पेंच (द) पन्ना।

व्याख्या- बाँधवगढ़राष्ट्रीय उद्यान उमरिया जहाँ पर सफेद शेर पाये जाते हैं और यह राष्ट्रीय उद्यान 32 पहाड़ियों से घिरा है।

**84. देश में प्राणियों के संवर्धन व संरक्षण के लिये निम्न में से कौन सा प्रोजेक्ट चलाया जा रहा है-**
(अ) टाइगर प्रोजेक्ट (ब) प्रोजेक्ट हंगल
(स) प्रोजेक्ट एलीफेन्ट (द) उपरोक्त सभी।

व्याख्या- देश में प्राणियों के संवर्धन व संरक्षण के लिये टाइगर प्रोजेक्ट, प्रोजेक्ट हंगल,प्रोजेक्ट एलीफेन्ट आदि चलाये जाते हैं।

**85. सतपुड़ा राष्ट्रीय उद्यान में किस पशु की संख्या बहुत है-**
(अ) कृष्ण मृग (ब) नीलगाय
(स) सांभर (द) भालू

व्याख्या- सतपुड़ा राष्ट्रीय उद्यान में कृष्ण मृगों (काले हिरण) की संख्या सर्वाधिक है।

**86. किस राष्ट्रीय उद्यान का विस्तार महाराष्ट्र के नागपुर जिले में भी है-**
(अ) बाँधवगढ़ (ब) फासिल
(स) कान्हा-किसली (द) पेंच

73.(ब) 74.(द) 75.(अ) 76.(अ) 77.(द) 78.(ब) 79.(द) 80.(द) 81.(ब) 82.(स) 83.(ब) 84.(द) 85.(अ) 86.(द)

व्याख्या- म.प्र. के पेंच राष्ट्रीय उद्यान का विस्तार, महाराष्ट्र के नागपुर जिले तक है।

87. बारहसिंगा को कब राजकीय पशु घोषित किया गया-
(अ) 1 नवं. 1949 (ब) 1 नवं. 1956
(स) 1 नवं. 1981 (द) 1 नवं. 1991

व्याख्या- बारहसिंगा को 1 नवंबर 1981 को राजकीय (म.प्र.) पशु घोषित किया गया था।

88. मध्यप्रदेश का राजकीय पक्षी कौन है-
(अ) मोर (ब) दूधराज
(स) बगुला (द) बटेर

व्याख्या- मध्यप्रदेश का राजकीय पक्षी दूधराज है। इसे शाह-ए-बुलबुल भी कहा जाता है।

89. दूधराज को म.प्र. की किस वर्षगाँठ पर राजकीय पक्षी घोषित किया गया-
(अ) 11वीं वर्षगाँठ (ब) 21वीं वर्षगाँठ
(स) 25वीं वर्षगाँठ (द) इनमें से कोई नहीं।

व्याख्या- मध्यप्रदेश के राजकीय पक्षी दूधराज (शाहंबुलबुल) को म.प्र. की 25वीं वर्षगाँठ पर राजकीय पक्षी घोषित किया गया था।

90. मध्यप्रदेश का निम्न में से राजकीय वृक्ष कौन है-
(अ) सागौन (ब) साल
(स) पलाश (द) बरगद

व्याख्या- मध्यप्रदेश का राजकीय वृक्ष 'बरगद' है।

91. वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम की किस वर्ष घोषणा की गई जिसने वन्य प्राणियों व पक्षियों के शिकार पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया
(अ) 24 अक्टू. 1989 (ब) 1 नवं. 1990
(स) 14 अक्टू. 1991 (द) 1 नवं. 1993

व्याख्या- वन्य जीव संरक्षण अधिनियम की 24 अक्टूबर 1989 को घोषणा की गई जिसमें वन्य प्राणियों एवं पक्षियों के शिकार पर पूर्णत: प्रतिबंध लगाया गया।

92. संभवत: चातक प्रदेश में कहाँ से आता है-
(अ) आस्ट्रेलिया महाद्वीप से (ब) एशिया महाद्वीप का ही
(स) अफ्रीका महाद्वीप से (द) यूरोप महाद्वीप से

व्याख्या- चातक पक्षी संभवत: अफ्रीका महाद्वीप से प्रवास के लिये प्रदेश में आता है।

93. प्रदेश में निम्न में से सबसे अधिक कौन सा पक्षी पाया जाता है-
(अ) खंजन (ब) चराचरी
(स) तीतर-बटेर (द) इनमें से कोई नहीं।

व्याख्या- प्रदेश में पक्षियों में सर्वाधिक तीतर बटेर पाए जाते है।

94. प्रवासी पक्षियों की सर्वाधिक संख्या किस मौसम में होती है-
(अ) शीतकाल (ब) ग्रीष्मकाल
(स) वर्षाकाल (द) सभी में

व्याख्या- प्रदेश में प्रवासी पक्षियों की संख्या सर्वाधिक शीतकाल में होती है।

95. विंग्ड फ्लोवर पक्षी प्रदेश में कहाँ पाया जाता है-
(अ) नर्मदा के किनारे
(ब) पचमढ़ी के महादेव पर्वत के आसपास
(स) सतपुड़ा पर्वतीय क्षेत्र में
(द) विंध्याचल पर्वतीय क्षेत्र में।

व्याख्या- विंग्ड फ्लोवर पक्षी प्रदेश में नर्मदा घाटी के आसपास पाया जाता है।

96. जुई बुलबुल जो कि एक पहाड़ी पक्षी है, कहाँ पाया जाता है-
(अ) नर्मदा के किनारे (ब) पचमढ़ी क्षेत्र में
(स) सतपुड़ा पर्वतीय क्षेत्र में (द) विंध्याचल पर्वतीय क्षेत्र में

व्याख्या- जुई बुलबुल एक प्रकार का पहाड़ी पक्षी है यह केवल 'पंचमढ़ी' क्षेत्र में पाया जाता है।

97. प्रदेश में विलुप्त होने वाले पक्षी जो आजकल बहुत कम दिखाई देते हैं-
(अ) घुग्घु व लाल बगुला (ब) गौरंग व सोन चिड़िया
(स) खरमोर, तीतर व बटेर (द) उपर्युक्त सभी।

व्याख्या- प्रदेश में घुग्घु, लाल बगुला, नौरंग, सोहन चिड़िया खरमोर तीतर, बटेर आदि पक्षी विलुप्त होने की कगार पर पहुँच गये हैं।

98. मध्य प्रदेश में निम्न में से किन जिलों में कंटीले वन पाये जाते हैं-
(अ) ग्वालियर (ब) श्योपुर
(स) मण्डला (द) उपरोक्त सभी

व्याख्या- मध्यप्रदेश के मध्य भारत के पठार अर्थात् ग्वालियर, श्योपुर आदि में कंटीले वन पाये जाते हैं।

99. मध्यप्रदेश ईको पर्यटन विकास बोर्ड का गठन कब किया गया।
(अ) 12 जुलाई 2005 (ब) 12 जून 2006
(स) 5 जून 2005 (द) 5 जुलाई 2006

व्याख्या- मध्यप्रदेश ईको पर्यटन विकास बोर्ड का गठन 12 जुलाई 2005 को मध्यप्रदेश शासन द्वारा वन विभाग के अंतर्गत किया गया। इसका उद्देश्य ईको पर्यटन की सम्भावनाओं की पहचान एवं सुविधाओं का विकास, प्रदेश में विकसित एवं प्रसारित ईको पर्यटन सुविधाओं को अन्तर्राष्ट्रीय मानको के अनुरूप वर्गीकृत करना, कार्यक्रमों एवं गतिविधियों के प्रचार-प्रसार एवं विपणन का कार्य करना।

87.(स) 88.(ब) 89.(स) 90.(द) 91.(अ) 92.(स) 93.(स) 94.(अ) 95.(अ) 96.(ब) 97.(द) 98.(द) 99.(अ)

**100. मध्यप्रदेश सरकार ने किस वर्ष से गिद्ध गणना प्रारंभ की।**

(अ) 2010 (ब) 2011

(स) 2012 (द) 2013.

व्याख्या- मध्यप्रदेश सरकार ने 16 जनवरी 2013 से गिद्ध गणना प्रारंभ की। जिसमें 867 गिद्ध पाए गए। इनमें 160 प्रवासी गिद्ध तथा 48 अचिन्हित शामिल है। पार्क में भारतीय उप महाद्वीप में पाई जाने वाली 9 प्रजातियों में से 7 प्रजातियों के गिद्ध पाए जाते हैं।

**101. एशियाई सिंहों को (शेरों) बसाये जाने की योजना किस अभ्यारण्य में चलाई जा रही है।**

(अ) रातापानी अभ्यारण्य (ब) नौरा देही अभ्यारण्य

(स) बोरी अभ्यारण्य (द) पालपुर कूनां अभ्यारण्य

व्याख्या- एशियाई शेरो के बसाये जाने की योजना पालपुर कूनां अभ्यारण्य (श्योपुर जिला) में चलाई जा रही है। देश के एक मात्र संरक्षित क्षेत्र गिर राष्ट्रीय उद्यान (गुजरात) में ये सिंह (शेर) पाए जाते है। वहाँ से लाकर इन सिहों का पुनर्वास इस अभ्यारण्य में किया जाएगा।

**102. मध्यप्रदेश के किस जिले में गौ-अभ्यारण्य बनाया गया है।**

(अ) आगर-मालवा (ब) शाजापुर

(स) भोपाल (द) इन्दौर

व्याख्या- मध्यप्रदेश का जिला आगर-मालवा की तहसील सुसनेर, ग्राम सालरिया में कामधेनु गो-अभ्यारण्य बनाया गया है। यह देश का एक मात्र गौ-अभ्यारण्य है। इसकी कुल भूमि 4572.63 हेक्टयर में बनाया गया है। इसमें नि:शक्त बेसहारा गौ-वंश के आश्रय। भारतीय नस्लों का संरक्षण एवं 36 माह तक अभ्यारण्य में पालन।

**103. मध्यप्रदेश में कुल कितने उद्यान एवं अभ्यारण्य टाइगर रिजर्व प्रोजेक्ट में शामिल है।**

(अ) 6 अभ्यारण्य एवं 1 उद्यान

(ब) 6 उद्यान एवं 1 अभ्यारण्य

(स) 7 उद्यान एवं 2 अभ्यारण्य

(द) 7 उद्यान

व्याख्या- मध्यप्रदेश के 6 उद्यान एवं 1 अभ्यारण्य टाइगर रिजर्व प्रोजेक्ट में शामिल है। जो इस प्रकार है- (i) कान्हा किसली राष्ट्रीय उद्यान (मण्डला) 1974 (ii) पेंच राष्ट्रीय उद्यान (सिवनी) 1992 (iii) पन्ना राष्ट्रीय उद्यान (पन्ना) (iv) बाँधवघढराष्ट्रीय उद्यान (उमरिया) 1993 (v) सतपुड़ा राष्ट्रीय उद्यान (होशंगाबाद) 1999 (vi) संजय-डूबरी राष्ट्रीय उद्यान (सीधी) 2008 तथा एक मात्र अभ्यारण्य (vii) रातापानी वन्य जीव अभ्यारण्य (रायसेन) 2010 है।

**104. मध्यप्रदेश में कुल कितने राष्ट्रीय उद्यान है।**

(अ) 10 उद्यान (ब) 9 उद्यान

(स) 12 उद्यान (द) 11 उद्यान

व्याख्या- मध्यप्रदेश में कुल 11 उद्यान है जो इस प्रकार है।

(1) कान्हा किसली राष्ट्रीय उद्यान (1955), मण्डला (सबसे बड़ा)

(2) माधव राष्ट्रीय उद्यान (1958), शिवपुरी

(3) बांधवगढराष्ट्रीय उद्यान (1968), उमरिया

(4) वनविहार राष्ट्रीय उधान (1979), भोपाल

(5) पन्ना राष्ट्रीय उद्यान (1981), पन्ना

(6) सतपुडा राष्ट्रीय उद्यान (1981), होशंगाबाद

(7) फॉसिल राष्ट्रीय उद्यान (1983), डिण्डोरी

(8) संजय राष्ट्रीय उद्यान (1983), सीधी

(9) पेंच राष्ट्रीय उद्यान सिवनी

(10) ओंकारेश्वर राष्ट्रीय उद्यान (2004), खण्डवा

(11) बाघ जीवाश्म राष्ट्रीय उद्यान (2011), धार

**105. मध्यप्रदेश में घनत्व एवं विस्तार की दृष्टि से कुल कितनी वन पेटियाँ पायी जाती है।**

(अ) सात वनपेटियाँ (ब) 5 वनपेटियाँ

(स) तीन वनपेटियाँ (द) वनपेटियाँ

व्याख्या- मध्यप्रदेश में घनत्व एवं विस्तार की दृष्टि से कुल तीन वन पेटियाँ पायी जाती है। जो इस प्रकार है।

**(1) विंध्य कैमूर श्रेणी वन पेटी-** यह पेटी उत्तर में दमोह-सागर के पठार तक फैली है। यहाँ पर विरल वन पाये जाते है।

**(2) मुरैना एवं शिवपुरी पठार की वन पेटी-** यह वन पेटी मुरैना से शिवपुरी तक फैली हुई है। इस वन पेटी में कँटीले वृक्ष सर्वाधिक है।

**(3) नर्मदा के दक्षिण में एक चौडी पेटी-** यह पेटी प्रदेश के पूर्वी सीमा से लेकर पश्चिम तक फैली है। इसके अंतर्गत सतपुडा मैकाल श्रेणी के वन बघेलखण्ड का पठार और पहाडी भाग आता है।

**106. मध्य प्रदेश में संरक्षित वनों का प्रतिशत है-**

(अ) 35 प्रतिशत (ब) 33 प्रतिशत

(स) 65 प्रतिशत (द) 49 प्रतिशत

व्याख्या- मध्य प्रदेश में संरक्षित वन 33 प्रतिशत पाए जाते है। संरक्षित वन से आशय उस क्षेत्र से है जिसका प्रबंधन प्रशासकीय देखरेख में होता है। इसमें आवागमन की सुविधाएँ रहती है। परन्तु इन्हें नष्ट करना दण्डनीय अपराध माना जाता है। संरक्षित वन क्षेत्रों में प्रशासनिक नियम अधिक कठोर नहीं है। इसमें पशुचारण की सुविधा दी जाती है।

**107. वन विहार राष्ट्रीय उद्यान किस जीव-जन्तु के लिए प्रसिद्ध है।**

(अ) घड़ियाल के लिए (ब) बाघ के लिए

(स) सोन चिड़िया के लिए (द) सर्पो के लिए

व्याख्या- मध्यप्रदेश का वनविहार राष्ट्रीय उद्यान, भोपाल (1979) सर्पो (साँप) के लिए प्रसिद्ध है। वन विहार राष्ट्रीय उद्यान ISO-9001-2008 अवार्ड पाने वाला देश पहला राष्ट्रीय उद्यान है।

100.(द) 101.(द) 102.(अ) 103.(ब) 104.(द) 105.(स) 106.(ब) 107.(द)

108. बोरी घाटी अभ्यारण्य किस वृक्ष के लिए प्रसिद्ध है।

(अ) साल (ब) सागौन

(स) बाँस (द) तेन्दुपत्ता

व्याख्या- बोरी घाटी सागौन वृक्ष के लिए प्रसिद्ध है। ये वृक्ष ऊष्ण कटिबंधीय अर्द्ध पर्णपाती वन है। यहाँ 75 से 125 से.मी. तक वर्षा होती है। बोरी घाटी मध्यप्रदेश के होशंगाबाद में स्थित है। सागौन की लकड़ी फर्नीचर एवं भवन निर्माण के उपयोग में लाई जाती है। प्रदेश में देश का 41% वृक्ष पाये जाते हैं।

109. करेरा अभयारण्य स्थित है (SI 2012)

(अ) शिवपुरी में (ब) मंदसौर में

(स) दमोह में (द) टीकमगढ़ में

व्याख्या- करेरा अभ्यारण्य शिवपुरी जिले में स्थित है। इस अभ्यारण्य में सोन चिड़िया को संरक्षित किया गया है। घाटी गाँव (ग्वालियर) तथा करेरा (शिवपुरी) में मध्य भारत की लुप्तप्राय सोन चिड़िया का संरक्षण केन्द्र है।

110. निम्न में से कौनसा राष्ट्रीय पार्क/अभयारण्य म.प्र. में नहीं है? (सहायक मत्स्य विभाग परीक्षा 2012)

(अ) इन्दिरा गाँधी अभयारण्य

(ब) कान्हा किसली राष्ट्रीय उद्यान

(स) पचमढ़ी अभयारण्य

(द) बांधवगढ़अभयारण्य

व्याख्या- इन्दिरा गाँधी अभयारण तमिलनाडु राज्य में है, इसमें प्रमुख वन्यजीव प्राणी हैं-

हाथी, बाघ, चीतल, तेंदुआ, सांभर, रीछ, भालू, जंगली कुत्ता, लंगूर।

111. 'माधव राष्ट्रीय उद्यान' इस राजस्व संभाग के क्षेत्रान्तर्गत है- (सहायक ग्रेड-3, 2012)

(अ) भोपाल (ब) उज्जैन

(स) ग्वालियर (द) चम्बल

व्याख्या- माधव राष्ट्रीय उद्यान की स्थापना 1958 में की गई थी। यह राष्ट्रीय उद्यान आगरा-मुम्बई राष्ट्रीय राजमार्ग पर प्रदेश के शिवपुरी जिले में स्थित है, जो कि ग्वालियर संभाग के क्षेत्रान्तर्गत आता है। इस राष्ट्रीय पहाड़ी पर जार्ज कैसल नामक एक भव्य भवन स्थित है।

112. खैर वृक्ष से क्या निकाला जाता है? (पटवारी परीक्षा 2008)

(अ) तेल (ब) गोंद

(स) लाख (द) कत्था

व्याख्या- खैर के वृक्ष म.प्र. के जबलपुर, उमरिया, सागर, शिवपुरी, श्योपुर, मुरैना आदि जिलों में पाए जाते हैं। इसका मुख्यत: उपयोग कत्था बनाने में होता है। म.प्र. के शिवपुरी व बानमौर में कत्था बनाने का कारखाना स्थापित है।

113. मध्यप्रदेश में प्रोजेक्ट टाइगर का आरम्भ सर्वप्रथम किस राष्ट्रीय उद्यान से हुआ? (ड्रग इंस्पेक्टर परीक्षा 2012)

(अ) पन्ना (ब) माधव

(स) कान्हा (द) संजय गाँधी

व्याख्या- कान्हा—किसली राष्ट्रीय उद्यान मण्डला जिले में स्थित है। यह म.प्र. का सबसे बड़ा राष्ट्रीय उद्यान है इसका क्षेत्रफल 940 Km² है। 1955 में यह म.प्र. का पहला राष्ट्रीय उद्यान बना और 1974 में सर्वप्रथम टाइगर प्रोजेक्ट में शामिल हुआ।

114. मध्यप्रदेश में फॉसिल नेशनल पार्क निम्नलिखित में किस जिले में स्थित है? (पुलिस आरक्षक 2013)

(अ) डिंडोरी (ब) रतलाम

(स) उज्जैन (द) भोपाल

व्याख्या- फॉसिल नेशनल पार्क मध्यप्रदेश के डिण्डोरी जिले में स्थित है। यह मध्यप्रदेश का सबसे छोटा राष्ट्रीय उद्यान है, इसका क्षेत्रफल 0.27 वर्ग किमी. है।

मध्यप्रदेश का सबसे बड़ा राष्ट्रीय उद्यान कान्हा-किसली है। यह मण्डला जिले में स्थित है इसका क्षेत्रफल 940 वर्ग किमी. है।

115. बोरी नामक अभ्यारण्य किस जिले में स्थित है? (पर्यटन विभाग (सहायक ग्रेड-3), 2013)

(अ) होशंगाबाद (ब) राजगढ़

(स) मुरैना (द) सागर

व्याख्या- बोरी अभ्यारण्य मध्यप्रदेश के होशंगाबाद जिले में स्थित है। इस अभ्यारण्य का क्षेत्रफल 485.340 वर्ग किमी. है।

मध्य प्रदेश का सबसे बड़ा अभ्यारण्य नौरादेही अभ्यारण्य है। इसका क्षेत्रफल 1194 वर्ग किमी. है। यह अभ्यारण्य सागर में स्थित है।

116. मध्यप्रदेश में प्रथम राजकीय वन महाविद्यालय कहाँ स्थापित किया गया? (पर्यटन विभाग (सहायक ग्रेड-3), 2013)

(अ) गुना (ब) सरगुजा

(स) बालाघाट (द) रीवा

व्याख्या- मध्य प्रदेश का प्रथम राजकीय वन महाविद्यालय बालाघाट में स्थापित किया गया। इस महाविद्यालय की स्थापना सन् 1979 में की गई एवं सन् 1980 में प्रदेश का दूसरा महाविद्यालय बैतूल में आरम्भ किया गया। वन अनुसंधान संस्थान देहरादून का क्षेत्रीय कार्यालय म.प्र. के जबलपुर में स्थित है।

117. सतपुड़ा राष्ट्रीय जीव उद्यान किस जिले में है? (पर्यटन विभाग परीक्षा- 2013)

(अ) मण्डला (ब) शहडोल

(स) होशंगाबाद (द) टीकमगढ़

108.(ब) 109.(अ) 110.(अ) 111.(स) 112.(द) 113.(स) 114.(अ) 115.(अ) 116.(स) 117.(स)

व्याख्या- सतपुड़ा राष्ट्रीय जीव उद्यान होशंगाबाद में स्थित है। यह राष्ट्रीय उद्यान के रूप में 1983 में स्थापित हुआ। इसका क्षेत्रफल 545 वर्ग किमी है। यह प्रदेश का पाँचवा प्रोजेक्ट टाइगर है। इस उद्यान में कृष्ण मृगों की संख्या सबसे अधिक है।

118. मध्यप्रदेश के किस आरक्षित क्षेत्र में गोडावण को सुरक्षित रखा गया है? (असीस्टेन्ट सब इंस्पेक्टर परीक्षा-2013)

(अ) केवल घाटीगाँव (ब) केवल करेरा
(स) A एवं B विकल्प दोनों (घाटी गाँव करेरा)
(द) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या- मध्यप्रदेश के घाटीगाँव (ग्वालियर) व करेरा (शिवपुरी) क्षेत्र में गोडावण को सुरक्षित रखा गया है।
मध्यप्रदेश के सरदारपुर (धार) तथा सैलाना (रतलाम) में खरमौर पक्षी का संरक्षण किया गया है।

119. इन्दिरा गाँधी प्रियदर्शनी उद्यान किस राष्ट्रीय उद्यान का नाम है? (असीस्टेन्ट सब इंस्पेक्टर परीक्षा-2013)

(अ) पेंच (ब) सतपुड़ा
(स) कान्हा-किसली (द) बाँधवगढ़

व्याख्या- इन्दिरा गाँधी प्रियदर्शनी उद्यान पेंच राष्ट्रीय उद्यान को कहते है। यह राष्ट्रीय उद्यान बाघ परियोजना में सम्मिलित है, इसकी स्थापना 1975 में सिवनी, छिंदवाड़ा में की गई। इसका क्षेत्रफल 293 वर्ग किमी. है। इसे 1992 में Project tiger में शामिल किया गया।

120. म.प्र. के किस जिले में सर्वाधिक बांस पाये जाते हैं-

(अ) बालाघाट (ब) बैतूल
(स) शहडोल (द) उमरिया

व्याख्या- म.प्र. में सर्वाधिक बांस के वन बालाघाट जिले में पाये जाते हैं-

121. मध्यप्रदेश के किस जिले को आंवला जिला घोषित किया गया है-

(अ) जबलपुर (ब) पन्ना
(स) सतना (द) डिण्डोरी

व्याख्या- मध्यप्रदेश में पन्ना जिले को आंवला के अधिक उत्पादन के कारण 'आंवला जिला' घोषित किया गया है। जबकि जबलपुर को 'आम जिला' घोषित किया गया है।

122. सिरपुर पक्षी अभयारण्य मध्यप्रदेश के किस जिले में प्रस्तावित है-

(अ) बैतूल (ब) बालाघाट
(स) खण्डवा (द) इन्दौर

व्याख्या- मध्यप्रदेश के इन्दौर जिले में सिरपुर पक्षी अभयारण्य प्रस्तावित है।

123. मध्यप्रदेश में स्थित 'रामसर स्थल' है-

(अ) भोज वेटलेण्ड भोपाल (ब) अप्सरा बिहार पचमढ़ी
(स) मंदाकिनी तट चित्रकूट (द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

व्याख्या- मध्यप्रदेश में वर्ष 1990 से भोज वेटलैण्ड भोपाल को रामसर स्थल (नम आर्द्र भूमि) घोषित किया गया है।

124. मध्यप्रदेश के स्थान पर कौन सा राज्य टाइगर स्टेट के नाम से जाना जाता है (राज्य में बाघों की सर्वाधिक जनसंख्या के कारण)? (डेयरी फेडरेशन 2016)

(अ) कर्नाटक (ब) महाराष्ट्र
(स) उत्तर प्रदेश (द) राजस्थान

व्याख्या : मध्यप्रदेश के स्थान पर कर्नाटक राज्य 'टाइगर स्टेट' के नाम से जाना जाता है। (राज्य में बाघों की सर्वाधिक संख्या (406 बाघ) के कारण)।

125. मध्यप्रदेश का सबसे बड़ा राष्ट्रीय उद्यान कौन सा है? (डेयरी फेडरेशन 2016)

(अ) पन्ना (ब) पेंच
(स) माधव (द) कान्हा किसली

व्याख्या : मध्यप्रदेश का सबसे बड़ा राष्ट्रीय उद्यान कान्हा किसली (940 वर्ग किमी.) है जो मण्डला जिले में स्थित है।

126. म.प्र. का सबसे बड़ा अभ्यारण कौन सा है? (डेयरी फेडरेशन 2016)

(अ) रालामंडल (ब) नौरादेही
(स) पनपठा (द) करेरा

व्याख्या : म.प्र. का सबसे बड़ा अभ्यारण्य नौरादेही है जो सागर जिले में स्थित है जबकि म.प्र. का सबसे छोटा अभ्यारण्य रालामंडल (इंदौर) है।

127. मध्यप्रदेश में सर्वाधिक वन किस जिले में है? (डेयरी फेडरेशन 2016)

(अ) बालाघाट (ब) झाबुआ
(स) अलीराजपुर (द) शहडोल

व्याख्या : मध्यप्रदेश में सर्वाधिक वन बालाघाट जिले में है।

128. बांस का प्रयोग इनमें से किस कार्य के लिये होता है? (डेयरी फेडरेशन 2016)

(अ) रेलवे स्लीपर (ब) भवन निर्माण
(स) बीड़ी निर्माण (द) कत्था निर्माण

व्याख्या : बास का प्रयोग भवन निर्माण फर्नीचर एवं कागज उद्योग में किया जाता है।

129. निम्न में से मध्य प्रदेश का सबसे छोटा अभ्यारण्य कौन सा है? (डेयरी फेडरेशन 2016)

(अ) बोरी (ब) राला मण्डल
(स) करेरा (द) रातापानी

व्याख्या : मध्यप्रदेश का सबसे छोटा अभ्यारण्य रालामण्डल में है जो इंदौर जिले में स्थित है।

118.(स) 119.(अ) 120.(अ) 121.(ब) 122.(द) 123.(अ) 124.(अ) 125.(द) 126.(ब) 127.(अ) 128.(ब) 129.(ब)

130. निम्न में से किस वस्तु का प्रयोग औषधि निर्माण के लिये किया जाता है? ( डेयरी फेडरेशन 2016 )

(अ) खैर (ब) साल (स) सागौन (द) लाख

व्याख्या : खैर से निर्मित कत्था का प्रयोग औषधि निर्माण एवं पेट संबंधी बीमारियों को दूर करने में किया जाता है।

131. किस राष्ट्रीय उद्यान में कृष्णमृग सर्वाधिक संख्या में पाये जाते हैं? ( डेयरी फेडरेशन 2016 )

(अ) पेंच (ब) माधव
(स) बांधवगढ़ (द) सतपुड़ा

व्याख्या : सतपुड़ा राष्ट्रकीय उद्यान में कृष्णमृग सर्वाधिक संख्या में पाये जाते हैं।

132. निम्नलिखित में से किस स्थान पर वन विद्यालय नहीं है? ( डेयरी फेडरेशन 2016 )

(अ) अमरकंटक (ब) गोविंदगढ़
(स) धार (द) लखनादौन

व्याख्या : अमरकंटक गोविंदगढ़एवं लखनादौन में वन विद्यालय है जबकि धार में वन विद्यालय नहीं है।

133. भारत में बांस उत्पादन में म.प्र. का स्थान है- ( डेयरी फेडरेशन 2016 )

(अ) पहला (ब) दूसरा
(स) चौथा (द) तीसरा

व्याख्या : भारत में बांस उत्पादन में म.प्र. का दूसरा स्थान है।

134. म.प्र. के किस जिले में न्यूनतम वन क्षेत्र पाया जाता है? ( डेयरी फेडरेशन 2016 )

(अ) शाजापुर (ब) सुजालपुर
(स) रायसेन (द) डिंडोरी

व्याख्या : मध्यप्रदेश के शाजापुर जिले में न्यूनतम वन क्षेत्र पाया जाता है।

135. मध्यप्रदेश में वन क्षेत्र लगभग 27% है जिसमें राष्ट्रीय उद्यान और अभयारण्य हैं- ( महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता 2016 )

(अ) 11% (ब) 20% (स) 18% (द) 12%

व्याख्या- मध्यप्रदेश में वन क्षेत्र लगभग 27 प्रतिशत है, जिसमें राष्ट्रीय उद्यान और अभ्यारण्य 11 प्रतिशत क्षेत्रफल पर है।

136. मध्य प्रदेश को गर्व है क्योंकि उसके पास ( महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता 2016 )

(अ) भारत का 10% टाइगर रिजर्व है
(ब) भारत का 50% टाइगर रिजर्व है
(स) भारत का 25% टाइगर रिजर्व है
(द) भारत के सभी टाइगर रिजर्व हैं

व्याख्या- मध्यप्रदेश को गर्व है, क्योंकि उसके पास भारत का 10 प्रतिशत टाइगर रिजर्व है।

137. मध्यप्रदेश वन परियोजना को किसकी सहायता प्राप्त है? ( महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता 2016 )

(अ) यूरोपीय संघ (ब) अमेरिका
(स) विश्व बैंक (द) भारतीय रिजर्व बैंक

व्याख्या- मध्यप्रदेश वन परियोजना को विश्व बैंक की सहायता प्राप्त है।

138. बगदरा अभयारण्य की स्थापना कब हुई? ( महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता 2016 )

(अ) 1978 (ब) 1992
(स) 1981 (द) 1975

व्याख्या- बगदरा अभ्यारण्य की स्थापना 1978 में हुई थी। यह अभ्यारण्य सीधी जिले में स्थित है।

139. खजुराहो के निकट एक वन्यजीव अभयारण्य है ( महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता 2016 )

(अ) पैंच (ब) बगदारा
(स) कान्हा (द) पनपठा

व्याख्या- खजुराहो के निकट एक वन्यजीव अभ्यारण्य पनपठा है।

140. काला हिरण कहाँ का विशेष आकर्षण है? ( महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता 2016 )

(अ) बगदारा अभ्यारण्य (ब) पेंच नेशनल पार्क
(स) सतपुड़ा अभ्यारण्य (द) संजय डुबरी

व्याख्या- काला हिरण सतपुडा अभ्यारण्य का विशेष आकर्षण है। यह अभ्यारण्य होशंगाबाद में स्थित है।

141. सतपुड़ा में पाया जाने वाला इण्डियन बाइसन को इस नाम से भी जाना जाता है। ( महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता 2016 )

(अ) गौर (ब) बैल
(स) महुआ (द) स्वम्प बाइसन

व्याख्या- सतपुड़ा में पाये जाने वाले इण्डियन बाइसन को गौर नाम से भी जाना जाता है।

142. 1983 में जिस राष्ट्रीय पार्क को बाघ आरक्षित घोषित किया गया, वह ......... राष्ट्रीय पार्क है। ( महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता 2016 )

(अ) पेंच (ब) कान्हा
(स) संजय डुबरी (द) पनपठा

व्याख्या- पेंच राष्ट्रीय पार्क को 1983 में बाघ आरक्षित राष्ट्रीय पार्क घोषित किया गया था। यह राष्ट्रीय उद्यान सिवनी, छिंदवाड़ा जिले में स्थित है।

130.(अ) 131.(द) 132.(स) 133.(ब) 134.(अ) 135.(अ) 136.(अ) 137.(स) 138.(अ) 139.(द) 140.(स) 141.(अ) 142.(अ)

143. विश्व में कौन सा राष्ट्रीय उद्यान बंगाल टाईगर की उच्चतम घनत्व के लिए प्रसिद्ध है? (महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016)

(अ) माधव राष्ट्रीय उद्यान (ब) संजय राष्ट्रीय उद्यान
(स) बांधवगढ़राष्ट्रीय उद्यान (द) वन विहार राष्ट्रीय उद्यान

व्याख्या– विश्व में बांधवगढ़राष्ट्रीय उद्यान बंगाल टाइगर की उच्चतम घनत्व के लिए प्रसिद्ध है। यह उद्यान म.प्र. के उमरिया जिले में स्थित है।

144. मध्यप्रदेश में ''प्रोजेक्ट टाइगर'' रिजर्व घोषित परियोजनाओं की कुल संख्या है (महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016)

(अ) 5 (ब) 7
(स) 9 (द) 25

व्याख्या– मध्यप्रदेश में ''प्रोजेक्ट टाइगर'' रिजर्व घोषित परियोजनाओं की कुल संख्या 7 है।

145. वह अभयारण्य जो ग्रेट इंडियन बस्टर्ड के संरक्षण के लिए जाना जाता है- (महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016)

(अ) कान्हा (ब) घाटीगांव
(स) चंबल (द) घड़ियाल

व्याख्या– घाटीगाँव अभ्यारण्य ग्वालियर में ग्रेट इण्डियन बस्टर्ड के संरक्षण के लिए जाना जाता है।

146. डॉलफिन ...... अभयारण्य के नदियों में पाई जाती हैं। (महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016)

(अ) चंबल (ब) घड़ियाल
(स) सदरपुर (द) शिवपुरी

व्याख्या– डालफिन चंबल अभ्यारण्य के नदियों में पाई जाती है।

147. सागवान और साल मुख्य रूप से मध्य प्रदेश के सभी राष्ट्रीय उद्यानों में पाए जाते हैं। ये पेड़ होते हैं (महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016)

(अ) सदाबहार (ब) पर्णपाती
(स) शंखुधर (द) अल्पाइन

व्याख्या– सागवान और साल मुख्य रूप से मध्य प्रदेश के सभी राष्ट्रीय उद्यानों में पाए जाते हैं। ये पेड पर्णपाती होते हैं।

148. घड़ियालों का प्रजनन स्थल हैं ...... अभ्यारण्य। (महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016)

(अ) सोन (ब) कान्हा
(स) घाटीगाँव (द) कुंवारी

व्याख्या– घडियालों का प्रजनन स्थल सोन. अभ्यारण्य है।

149. निम्नलिखित जिलों में कौन-सा अफीम उत्पादन के लिए जाना जाता है? (महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016)

(अ) शिवपुरी (ब) मंदसौर
(स) श्योपुर (द) सिधि

व्याख्या– मंदसौर जिला अफीम उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है। गांधी सागर बांध तथा अभ्यारण्य दोनों मंदसौर जिले में स्थित है।

150. कछुओं की दुर्लभ प्रजातियाँ ..... नदी में पायी जाती हैं। (महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016)

(अ) चंबल (ब) सोन
(स) जामनी (द) कुंवारी

व्याख्या– कछुओं की दुर्लभ प्रजातियाँ सोन नदी में पाई जाती है। सोन घडियाल अभ्यारण्य सीधी, शहडोल में स्थित है।

151. बांधवगढ़अभ्यारण्य ..... में राष्ट्रीय उद्यान के रूप में घोषित किया गया था। (महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016)

(अ) 2015 (ब) 1968
(स) 2005 (द) 1990

व्याख्या– बांधवगढ़ अभ्यारण्य को 1968 में राष्ट्रीय उद्यान के रूप में घोषित किया गया था। यह राष्ट्रीय उद्यान 32 पहाडियों से घिरा हुआ है।

152. सबसे बड़ा भारतीय हिरण ..... है। (महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016)

(अ) शिका (ब) चिंकारा
(स) सांभर (द) बारहसिंघ

व्याख्या– सबसे बड़ा भारतीय हिरण सांभर है।

153. फेन अभ्यारण्य ..... में है। (महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016)

(अ) मंडला (ब) रीवा
(स) सीधी (द) जबलपुर

व्याख्या– फेन अभ्यारण्य मण्डला में है। इसका क्षेत्रफल 110 किमी है।

154. सीधी के दो अभ्यारण्य ....... हैं। (महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016)

(अ) फेन और बोरी (ब) संजय डुबरी और बगदरा
(स) नरसिंहगढ़और घातिगाओं (द) कान्हा और शिवपुरी

व्याख्या– सीधी के दो अभ्यारण्य संजय डुबरी और बगदरा है।

155. केन घड़ियाल अभ्यारण्य .... में स्थित है। (महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016)

(अ) सागर (ब) छतरपुर
(स) रीवा (द) बंजार

व्याख्या– केन घड़ियाल अभ्यारण्य छतरपुर में स्थित है। इसका क्षेत्रफल 45 किमी$^2$ है।

143.(स) 144.(ब) 145.(ब) 146.(अ) 147.(ब) 148.(अ) 149.(ब) 150.(ब) 151.(ब) 152.(स) 153.(अ) 154.(ब) 155.(ब)

156. मध्य प्रदेश के राज्य के बेहतरीन सागौन का जंगल .... में पाया जाता है। ( महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016 )

(अ) सतपुड़ा अभयारण्य (ब) रातापानी बाघ अभयारण्य
(स) संजय अभयारण्य (द) कान्हा अभयारण्य

व्याख्या- मध्यप्रदेश राज्य के बेहतरीन सागौन का जंगल रातापानी बाघ अभ्यारण्य में पाया जाता है। यह रायसेन जिले में स्थित है।

157. निम्न में कान्हा किसके लिये जाना जाता है? ( महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016 )

(अ) राष्ट्रीय उद्यान (ब) संग्राहलय
(स) गुफा कला (द) मूर्तियां

व्याख्या- कान्हा किसली एक राष्ट्रीय उद्यान है। यह मण्डला जिले में स्थित है। इसका क्षेत्रपल 940 किमी॰ है। यह म.प्र. का सबसे बड़ा राष्ट्रीय उद्यान है। इसमें हालो व बंजर घाटी भी है।

158. शिवपुरी जिले में कौन-सा अभ्यारण्य महान भारतीय सारंग ( सोन चिड़िया ) के लिए प्रसिद्ध है? ( महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016 )

(अ) करेरा पक्षी अभयारण्य (ब) रातापानी बाघ अभयारण्य
(स) पंचमरी जैवमण्डल संरक्षित कोश
(द) पेंच बाघ संरक्षित कोश

व्याख्या- शिवपुरी जिले का करेरा पक्षी अभ्यारण्य महान भारतीय सारंग (सोन चिडिया) के लिए प्रसिद्ध है।
रातापानी बाघ अभ्यारण्य टाइगर प्रोजेक्ट में शामिल एक मात्र अभ्यारण्य है। यह रायसेन जिले में है।

159. माधव अभयारण्य कहाँ स्थित है? ( महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016 )

(अ) सीधी (ब) होशंगाबाद
(स) चम्पी नदी (द) शिवपुरी

व्याख्या- माधव राष्ट्रीय उद्यान शिवपुरी में स्थित है। इस उद्यान से NH-3 निकलता है। तथा प्रसिद्ध जार्ज कैसल भवन भी स्थित है।

160. ग्वालियर के महाराजा के मूल शूटिंग रिजर्व को अब बुलाया जाता है ( महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016 )

(अ) महादेव अभयारण्य (ब) बांदीपुर अभयारण्य
(स) बांधवगढ़अभयारण्य (द) पन्ना अभयारण्य

व्याख्या- ग्वालियर के महाराजा के मूल शूटिंग रिजर्व को अब महादेव अभ्यारण्य के नाम से बुलाया जाता है।

161. मध्य प्रदेश में सबसे लोकप्रिय रिजर्व जो की बाघ के संरक्षण में लगी हुई है ( महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016 )

(अ) चंबल राष्ट्रीय उद्यान (ब) बोरी वन्यजीव अभयारण्य
(स) पन्ना रिजर्व (द) बांधवगढ़वन्यजीव अभयारण्य

व्याख्या- मध्यप्रदेश में सबसे लोकप्रिय पन्ना रिजर्व बाघ के संरक्षण में लगी हुई है।

162. एक जानवर जो कि मध्य प्रदेश में सभी अभ्यारण्य और रिजर्व में पाया जाता है और जिसे बाघों का डर नहीं है ( महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016 )

(अ) बारहसिंरा (ब) गौर
(स) चिंताल (द) आलसी भालू

व्याख्या- गौर एक ऐसा जानवर है जो कि मध्य प्रदेश में सभी अभ्यारण्यों और रिजर्व में पाया जाता है और जिसे बाघों का डर नहीं है।

163. आप करेरा अभयारण्य की यात्रा करना चाहते हैं, तो सबसे नजदीकी हवाई अड्डा होगा। ( महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016 )

(अ) भोपाल (ब) जबलपुर
(स) इंदौर (द) ग्वालियर

व्याख्या- करेरा अभ्यारण्य शिवपुरी जिले में स्थित है। अत: सबसे नजदीकी हवाई अड्डा ग्वालियर होगा। करेरा अभ्यारण्य सोन चिडिया के लिए प्रसिद्ध है।

164. मध्यप्रदेश में यह राष्ट्रीय उद्यान हाथी, डोंगी, नाव, जीप और चलने की सफारी प्रदान करता है ( महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016 )

(अ) शिवपुरी (ब) कान्हा
(स) सतपुड़ा (द) केन घड़ियाल

व्याख्या- सतपुड़ा राष्ट्रीय उद्यान होशंगाबाद, हाथी, डोंगी, नाव और जीप चलने की सफारी प्रदान करता है।

165. एक अभ्यारण्य जो भिण्ड में स्थित है। ( महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016 )

(अ) भिण्ड अभ्यारण्य (ब) कान्हा अभ्यारण्य
(स) चंबल घड़ियाल अभ्यारण्य (द) शिवपुरी अभ्यारण्य

व्याख्या- चम्बल घड़ियाल अभ्यारण्य मुरैना और भिण्ड जिले में स्थित है।

166. जिला डिंडोरी ..........का हिस्सा है। ( महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016 )

(अ) सतपुड़ा अभ्यारण्य (ब) कान्हा राष्ट्रीय उद्यान
(स) बोरी अभ्यारण्य (द) संजय डुबरी अभयारण्य

व्याख्या- कान्हा राष्ट्रीय उद्यान का विस्तार मण्डला तथा डिण्डोरी दोनों जिलों में है।

167. मध्यप्रदेश के अधिकांश साल और सागौन के पेड़ है। इन पेड़ों में इनमें से कौनसी निकटतम विशेषतायें है? ( महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016 )

(अ) उनके व्यापक पत्ते होते है।
(ब) इनके बहुत लम्बे पेड़ होते है।

156.(ब) 157.(अ) 158.(अ) 159.(द) 160.(अ) 161.(स) 162.(ब) 163.(द) 164.(स) 165.(स) 166.(ब)

(स) इनके शंकु के आकार के पत्ते होते है।

(द) इनकी जड़े सांस लेने वाली होती है।

व्याख्या- मध्यप्रदेश में अधिकांश साल और सागौन के पेड़ है जिनकी प्रमुख विशेषता इनके बड़े पत्ते (व्यापक पत्ते) होना है।

168. नौरादेही अभयारण्य में इन जिलों को शामिल किया गया है। ( महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016 )

(अ) सागर, दमोह, नरसिंहपुर और रायसेन

(ब) रतलाम, धार और सीधी

(स) केवल सागर

(द) रायसेन और रतलाम

व्याख्या- नौरादेही अभ्यारण्य में सागर, दमोह, नरसिंहपुर और रायसेन जिलों को शामिल किया गया है।

169. जीव के संदर्भ में संक्षिप्त सीजेडए किसको संदर्भित करता है? ( महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016 )

(अ) मुख्य जोनिंग प्राधिकरण

(ब) मुख्य चिड़ियाघर प्राधिकरण

(स) केंद्रीय जोनिंग प्राधिकरण

(द) मुख्य जोनिंग एजेंसी

व्याख्या- जीव के संदर्भ में CZA का अर्थ Chief Zoo Authority (मुख्य चिड़ियाघर प्राधिकरण) है।

170. वन्यजीव प्रबंधन में आम तौर पर शामिल होता है। ( महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016 )

(अ) अभ्यारण्यों और राष्ट्रीय उद्यानों का बनना

(ब) अवैध शिकार की रोकथाम और जानवरों की जनगणना गिनती

(स) स्थायी जल संसाधनों को बढ़ावा देना और उपयोग करना

(द) उपर्युक्त सभी

व्याख्या- वन्य जीव प्रबंधन में आमतौर पर अभ्यारण्यों और राष्ट्रीय उद्यानों का बनना, शिकार की रोकथाम और जानवरों की जनगणना गिनती है, और संसाधनों को बढ़ावा देना और उपयोग करना आदि शामिल होता है।

171. चार सींग मृग, जो दुनिया में केवल कान्हा राष्ट्रीय उद्यान है में पाया जाता है। ( महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016 )

(अ) चौसिंघा (ब) बारहसिंघ

(स) घड़ियाल (द) चारंगा

व्याख्या- चार सींग मृग चौसिंघा कान्हा राष्ट्रीय उद्यान में पाया जाता है।

172. एक अभ्यारण्य जो मध्यप्रदेश में है, लेकिन राजस्थान से सटा है .......। ( महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016 )

(अ) सतपुड़ा (ब) गांधी सागर

(स) बोरी (द) संजय डबरी

व्याख्या- गांधी सागर अभ्यारण्य मंदसौर मध्यप्रदेश में स्थित है। जो कि राजस्थान से सटा हुआ है।

173. ऐसा कहा जाता है बगदरा अभ्यारण्य में मिश्रित वन है। मिश्रित वन का सबसे अच्छा उदाहरण है। ( महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016 )

(अ) सल और सागौन (ब) बांस और तल

(स) तल और वनस्पति (द) सल, चैती ओक और बांस

व्याख्या- बगदरा अभ्यारण्य में मिश्रित वन है मिश्रित वन का सबसे अच्छा उदाहरण तल और वनस्पति है।

174. वन्यजीव संरक्षण अधिनियम इस साल से प्रभाव में आया। ( महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016 )

(अ) 1991 (ब) 1972

(स) 1984 (द) 2000

व्याख्या- वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 में अस्तित्व में आया था।

175. नदी जो की देवास में है और खेओनी अभयारण्य से होकर गुजरती है। ( महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016 )

(अ) सोन (ब) बाणगंगा

(स) काल सिद्धि (द) बेतवा

व्याख्या- बाणगंगा नदी देवास में है, जो कि खेओनी अभ्यारण से होकर निकलती है।

176. जीवाश्म पार्क के जीवाश्म इतने साल पुराने होने चाहिए: ( महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016 )

(अ) 10-20 मिलियन वर्ष (ब) 30-40 मिलियन वर्ष

(स) 40-150 मिलियन वर्ष (द) 200 से अधिक मिलियन वर्ष

व्याख्या- जीवाश्म पार्क के जीवाश्म सिंगरौली से होकर गुजरता है। 40-150 मिलियन वर्ष पुराने होने चाहिए।

177. ऐसे राष्ट्रीय उद्यान का नाम बताइये जिसमें अत्यधिक आकर्षण बमनी दादर जिसे सूर्यास्त बिन्दु के नाम से जाना जाता है। ( महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016 )

(अ) जीवाष्म राष्ट्रीय उद्यान (ब) माधव राष्ट्रीय उद्यान

(स) पन्ना राष्ट्रीय उद्यान (द) कान्हा राष्ट्रीय उद्यान

व्याख्या- आकर्षण बमनी दादर जिसे सूर्यास्त बिन्दु के नाम से जाना जाता है, कान्हा राष्ट्रीय उद्यान में स्थित है।

178. रीवा के महाराजा का खेल रिजर्व अब तब्दील कर दिया गया है ...... में ( महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016 )

(अ) महादेव अभयारण्य (ब) बांदीपुर अभयारण्य

(स) बांधवगढ़अभयारण्य (द) पन्ना रिजर्व

व्याख्या- रीवा के महाराजा का खेल रिजर्व को अब बांधवगढ़अभ्यारण्य में तबदील कर दिया गया है।

167.(अ) 168.(अ) 169.(ब) 170.(द) 171.(अ) 172.(ब) 173.(स) 174.(ब) 175.(ब) 176.(स) 177.(द) 178.(स)

**179. भारत में सबसे पुराने जंगल पाया जाता है ...... में।**

**( महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016 )**

(अ) बोरी वन्यजीव अभयारण्य (ब) कान्हा राष्ट्रीय उद्यान

(स) वन विहार पार्क (द) बांधवगढ़राष्ट्रीय उद्यान

व्याख्या- बोरी वन्य जीव अभ्यारण्य में सबसे पुराने जंगल पाया जाता है।

**180. अचानकमार एक अभयारण्य है । ये ..... जिले में स्थित है ।**

**( महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016 )**

(अ) रीवा (ब) अनूपपुर

(स) रतलाम (द) मुरैना

व्याख्या- अचानकमार एक अभ्यारण्य है, यह अनुपपुर जिले में स्थित है।

**181. अभयारण्य जिससे कई चट्टान आश्रय है**

**( महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016 )**

(अ) केन घड़ियाल (ब) शिवपुरी

(स) नरसिंहगढ़ (द) कान्हा

व्याख्या- नरसिंहगढ़अभ्यारण्य में कई चट्टान आश्रय है।

**182. नौरादेही एक अभयारण्य है जो ...... में स्थित है**

**( महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016 )**

(अ) सागर (ब) मुरैना

(स) रीवा (द) बंजार

व्याख्या- नौरादोही अभ्यारण्य सागर में स्थित है, यह म.प्र. का सबसे बड़ा अभ्यारण्य है।

**183. एक अभयारण्य जो की मुरैना में स्थित है**

**( महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016 )**

(अ) सोन अभयारण्य (ब) कूनो अभयारण्य

(स) घाटीगाओं अभयारण्य (द) बांधवगढ़अभयारण्य

व्याख्या- कूनो अभ्यारण्य मुरैना श्योपुर में स्थित है।

**184. मध्यप्रदेश में सिंचाई की गंभीर समस्याओं में से एक है ......... ।**

**( महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016 )**

(अ) सूखा (ब) बाढ़

(स) जलभराव (द) पानी टपका

व्याख्या- मध्यप्रदेश में सिंचाई की गंभीर समस्याओं में से एक सूखा (Water logging) है।

**185. करेरा अभयारण्य इस साल में स्थापित हुआ था।**

**( महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016 )**

(अ) 1981 (ब) 1988

(स) 1991 (द) 2000

व्याख्या- करेरा अभ्यारण्य 1981 में स्थापित हुआ था। यह अभ्यारण्य शिवपुरी में सोन चिडिया के लिए के संरक्षित है।

**186. पक्षी देखने के लिए सबसे अच्छा पार्क है ...... ।**

**( महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016 )**

(अ) सतपुड़ा (ब) केन घड़ियाल

(स) करेरा (द) नेमावर

व्याख्या- पक्षी देखने के लिए सबसे अच्छा पार्क सतपुडा है । यह पार्क होशंगाबाद में स्थित है।

**187. ओरछा वन्य जीव अभयारण्य मध्य प्रदेश के किस जिले में स्थित है?**

**( जेल प्रहरी 2015 )**

(अ) पन्ना (ब) टीकमगढ़

(स) जबलपुर (द) मुरैना

व्याख्या- ओरछा वन्य जीव अभ्यारण्य मध्यप्रदेश के टीकमगढ़ जिले में स्थित है।

**188. मध्य प्रदेश के किस शहर में ''भारतीय वन प्रबंधन संस्थान'' स्थित है?**

**( जेल प्रहरी 2015 )**

(अ) इंदौर (ब) भोपाल

(स) विदिशा (द) देवास

व्याख्या- मध्यप्रदेश के भोपाल शहर में भारतीय वन प्रबन्धन संस्थान स्थित है।

**189. ''वन विहार राष्ट्रीय उद्यान'' भारत के किस राज्य में स्थित है?**

**( जेल प्रहरी 2015 )**

(अ) उत्तर प्रदेश (ब) तमिलनाडु

(स) मध्यप्रदेश (द) उत्तराखंड

व्याख्या- "वन विहार राष्ट्रीय उद्यान" भारत के मध्यप्रदेश राज्य के भोपाल में स्थित है।

**190. नौरादेही मध्य प्रदेश का सबसे बड़ा ....... है? ( जेल प्रहरी 2015 )**

(अ) अस्पताल (ब) रक्तदान केंद्र

(स) वन्यजीव अभ्यारण्य (द) संग्रहालय

व्याख्या- नौरादेही मध्यप्रदेश का सबसे बड़ा वन्य जीव अभ्यारण्य है। यह सागर जिले में स्थित है। इसका क्षेत्रफल 1194 वर्ग किलोमीटर है।

**191. मध्यप्रदेश का पहला वन्य जीवन जागरूकता केन्द्र कहाँ स्थित है-**

**( ग्रुप लेब-टेक्नीशियन 2015 )**

(अ) छिंदवाड़ा (ब) रालामंडल, इन्दौर

(स) बोहानी, नरसिंहपुर (द) खमरिया, जबलपुर

179.(अ) 180.(ब) 181.(स) 182.(अ) 183.(ब) 184.(अ) 185.(अ) 186.(अ) 187.(ब) 188.(ब) 189.(स) 190.(स) 191.(ब)

**व्याख्या-** मध्यप्रदेश का पहला वन्य जीवन जागरूकता केन्द्र रालामण्डल (इन्दौर) है। यह मध्यप्रदेश का सबसे छोटा अभ्यारण है।

**192. मध्यप्रदेश में घड़ियाल का अभ्यारण्य किस नदी में नहीं है?**

(अ) चम्बल (ब) केन
(स) सोन (द) बेतवा

**व्याख्या-** मध्यप्रदेश में घड़ियाल अभ्यारण्य बेतवा नदी में नहीं है। जबकि चम्बल, सोन व केन नदियों पर घड़ियाल अभ्यारण्य स्थित है।

**193. हाल ही में व्हाइट टाइगर सफारी कहाँ शुरू की गई है**

(अ) गोविंदगढ़(रीवा) (ब) बांधवगढ़(उमरिया)
(स) मुकुंदपुर (सतना) (द) पचमढ़ी

**व्याख्या-** अप्रैल 2016 में व्याइट टाइगर सफारी मुकुंदपुर (सतना) में शुरू की गई है।

**194. मध्यप्रदेश में राज्य की नवीन वन नीति को लागू किया गया-** (अन्वेषक परीक्षा-2014)

(अ) 4 अप्रैल, 2005 (ब) 10 अप्रैल, 2007
(स) 4 अप्रैल, 2012 (द) 4 अप्रैल, 2014

**व्याख्या-** मध्यप्रदेश में वनों के समुचित विकास तथा संरक्षण व संवर्द्धन हेतु नवीन वन नीति 4 अप्रैल 2005 को लागू की गई है।

**195. निम्न में से 2016-17में सकल घरेलू उत्पाद में वानिकी का अंश है?**

(अ) 0.92% (ब) 3.21%
(स) 1.97% (द) 2.39%

**व्याख्या-** वर्ष 2016-17 में सकल घरेलू उत्पाद में वानिकी का अंश 1.97% रहा। इस अंश द्वारा 1081.32 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ।

**196. म.प्र. के किस जिले में सर्वाधिक फॉरेस्ट एरिया प्रतिशत है-**

(अ) मुरैना (ब) बालाघाट
(स) श्योपुर (द) बैतूल

**व्याख्या-** वर्ष 2015 की वन स्थिति रिपोर्ट के अनुसार म.प्र. में सर्वाधिक फॉरेस्ट एरिया बालाघाट के नाम दर्ज है। इसमें 53.85% वन क्षेत्र है।

**197. शासन का कठोर नियंत्रण निम्न में किस प्रकार के वनों पर रहता है?**

(अ) संरक्षित वन (ब) आरक्षित वन
(स) अवर्गीकृत वन (द) सभी में

**व्याख्या-** शासन का नियंत्रण आरक्षित वनों पर विशेष रूप से रहता है तथा इसके नियम भी कठोर होते हैं। इन की लकड़ी की कटाई तथा पशुचारण पर प्रतिबंध रहता है।

**198. निम्न में से कीट लगने से किस वृक्ष के बड़ी संख्या में पेड़ काटे गए थे?**

(अ) साल (स) सागौन
(स) यूकेलिप्टस (द) खैर

**व्याख्या-** साल वृक्षों पर कीट लगने से राज्य सरकार द्वारा 10 लाख साल वृक्षों को काटने के आदेश दिए गए थे। ये साल वृक्ष ''बोरर'' नामक कीट से पीड़ित थे।

**199. म.प्र. के किस स्थान पर वन अनुसंधान संस्थान देहरादून का क्षेत्रीय कार्यालय स्थित है?**

(अ) शहडोल (ब) मण्डला
(स) जबलपुर (द) बालाघाट

**व्याख्या-** वन अनुसंधान संस्थान और प्रशिक्षण महाविद्यालय देहरादून में स्थित है, क्षेत्रीय कार्यालय म.प्र. के जबलपुर जिले में है। इसका संचालन कृषि मंत्रालय द्वारा किया जाता है।

**200. 'इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेस्ट' मैनेजमेंट कहाँ है?**

(अ) इंदौर (ब) सागर
(स) भोपाल (द) जबलपुर

**व्याख्या-** 'इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेस्ट' राजधानी भोपाल में स्थित है।

**201. निम्न में से किस राज्य ने वनों का शत-प्रतिशत राष्ट्रीयकरण किया?**

(अ) म.प्र. (ब) उत्तरप्रदेश
(स) गुजरात (द) महाराष्ट्र

**व्याख्या-** म.प्र. देश का पहला राज्य बना जिसने शत-प्रतिशत वनों का राष्ट्रीयकरण करने में सफलता हासिल की।

**202. निम्न में से म.प्र. का वन क्षेत्र प्रदेश के कुल भौगोलिक क्षेत्र का कितना प्रतिशत है?**

(अ) 24.52% (ब) 25.21%
(स) 26.33% (द) 32.21%

**व्याख्या-** वर्ष 2017 की रिपोर्ट के अनुसार 77414 वर्ग किमी. वन म.प्र. में पाये जाते है। जो 25.21% है। विकल्प अनुसार यह सही है।

**203. म.प्र. में कितने प्रतिशत बंजर भूमि है?**

(अ) 10.9% (ब) 21.75%
(स) 16.29% (द) 24.75%

**व्याख्या-** म.प्र. में लगभग 21.75% भूमि बंजर भूमि है।

**204. निम्न में से म.प्र. का बायोस्फियर रिजर्व क्षेत्र है?**

(अ) नरसिंहगढ़ (ब) खजुराहो
(स) पचमढ़ी (द) अमरकंटक

**व्याख्या-** म.प्र. का बायोस्फियर रिजर्व क्षेत्र पचमढ़ी है, जो कि प्रदेश का एकमात्र हिल स्टेशन है।

**205. म.प्र. में सागौन के वन कुल क्षेत्रफल के लगभग कितने प्रतिशथ भाग पर पाए जाते हैं?** (MPPSC Pre-2014)

(अ) 17.8% (ब) 20.6% (स) 27.8% (द) 33%

192.(द) 193.(स) 194.(अ) 195.(स) 196.(ब) 197.(ब) 198.(अ) 199.(स) 200.(स) 201.(अ) 202.(ब) 203.(ब) 204.(स) 205.(अ)

व्याख्या- प्रदेश के कुल वन क्षेत्रफल के 17.8% क्षेत्रफल पर सागौन के वन पाए जाते हैं।

**206. म.प्र. राज्य में बेहतरीन सागौन का जंगल....में पाया जाता है।**

**( ANM Training Selection Test 2016 )**

(अ) सतपुड़ा (ब) रातापानी बाघ अभयारण्य
(स) संजय अभयारण्य (द) कान्हा अभयारण्य

व्याख्या- म.प्र. के रायसेन जिले में यह (रातापानी बाघ अभ्यारण स्थित है।) यह अभयारण्य सागौन के वनों के लिए प्रसिद्ध है।

**207. निम्न में से किस जिले में विश्व की पहली टाइगर सफारी स्थापित की गई?**

(अ) रीवा (ब) बालाघाट (स) सतना (द) पन्ना

व्याख्या- म.प्र. के सतना जिले में 3 अप्रैल, 2016 को विश्व की पहली टाइगर सफारी स्थापित की गई।

**208. ब्रेडरी प्रजाति का बारहसिंगा म.प्र. के कौनसे राष्ट्रीय उद्यान में पाया जाता है?**

(अ) बाँधवगढ़ (ब) कान्हा-किसली
(स) सतपुड़ा (द) कोई नहीं

व्याख्या- कान्हा-किसली राष्ट्रीय उद्यान, मंडला जिले में स्थित है, इस राष्ट्रीय उद्यान में ब्रेडरी जनजाति का बारहसिंगा पाया जाता है।

**209. म.प्र. के किस जिले में काले हिरण के आवास के लिए प्रदेश का पहला कंजरवेशन रिजर्व स्थापित किया गया?**

(अ) भोपाल (ब) शाजापुर (स) शिवपुरी (द) छिंदवाड़ा

व्याख्या- म.प्र. सरकार द्वारा काले हिरण की सुरक्षा हेतु प्रदेश का पहला कंजरवेशन रिजर्व स्थापित किया गया जो कि शाजापुर में स्थित है। यहाँ पर लगभग 1100 हिरण हैं।

**210. 'पार्क इण्टरप्रिटेशन' योजना कहाँ लागू है?**

(अ) कान्हा किसली (ब) बाँधवगढ़
(स) पेंच (द) फासिल

व्याख्या- कान्हा किसली नेशनल पार्क में अमेरिका की नेशनल पार्क सर्विस की सहायता से पार्क इण्टरप्रिटेशन योजना लागू कि गई।

**211. निम्न में से म.प्र. का कौन-सा अभयारण्य जंगली भैंसे के लिए प्रसिद्ध है?**

(अ) बगदीरा (ब) नारौदेही
(स) पन्ना (द) कान्हा किसली

व्याख्या- म.प्र. राज्य के पन्ना में स्थित गंगऊ अभयारण्य को जंगली भैंसे के लिए प्रसिद्ध माना जाता है।

**212. निम्नलिखित में से किस राष्ट्रीय उद्यान का क्षेत्रफल सर्वाधिक है?**

(अ) पेंच राष्ट्रीय उद्यान (स) माधव राष्ट्रीय उद्यान
(स) बाँधवगढ़राष्ट्रीय उद्यान (द) सतपुड़ा राष्ट्रीय उद्यान

व्याख्या- प्रश्नानुसार तो सतपुड़ा राष्ट्रीय उद्यान ही सर्वाधिक क्षेत्रफल वाला है, परंतु कान्हा किसली राष्ट्रीय उद्यान म.प्र. में सर्वाधिक क्षेत्रफल वाला राष्ट्रीय उद्यान है। इसका क्षेत्रफल 940 वर्ग किमी है।

**213. निम्न में से किस राष्ट्रीय उद्यान का प्राचीन नाम डुबरी है?**

(अ) पेंच राष्ट्रीय (ब) संजय राष्ट्रीय उद्यान
(स) सतपुड़ा रा. उद्यान (द) बाँधवगढ़

व्याख्या- संजय राष्ट्रीय उद्यान का पुराना नाम 'डुबरी' राष्ट्रीय उद्यान था।

**214. डायनासोर जीवाश्म राष्ट्रीय पार्क की स्थापना किस जिले में की जा रही है-**

(अ) बालाघाट (ब) मंदसौर (स) धार (द) मंडला

व्याख्या- धार जिले में वर्षों पुराने डायनोसोरों के खोजे हुए अण्डे संरक्षित किए गए हैं। ये डायनासोर आज के समय में विलुप्त हो चुके हैं। यह संरक्षित क्षेत्र डायनासोर जीवाश्म राष्ट्रीय उद्यान के नाम से प्रसिद्ध है।

**215. म.प्र. राज्य सरकार ने अभी हाल में ही कट्ठीवाड़ा में राष्ट्रीय अभयारण्य बनाने की मंजूरी दी है। ये कट्ठीवाड़ा किस जिले में स्थित है?**

(अ) खण्डवा (ब) धार (स) बालाघाट (द) अलीराजपुर

व्याख्या- अलीराजपुर में स्थित कट्ठीवाड़ा विकासखण्ड में 90 km में राष्ट्रीय अभयारण्य बनाया जाएगा। जिससे प्राकृतिक सौंदर्य में वृद्धि होगी। पहाड़ी की तलहटी से बहता झरना पर्यटकों को आकर्षित करेगा।

**216. निम्नलिखित में से म.प्र. के किस राष्ट्रीय उद्यान की 1SO 9001 2008 अवॉर्ड प्रमाण पत्र मिला है ?**

(अ) संजय रा.उ. (ब) वनविहार
(स) कान्हा किसली (द) पन्ना रा.उ.

व्याख्या- भोपाल में स्थित वनविहार रा.उ. देश का पहला रा.उ. है जिसे यह प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ है। यह प्रमाण पत्र (ISO 9001 2008) प्रतिष्ठित रा.उ. को दिया जाता है।

**217. गिर के शेरों को रखे जाने हेतु किस राष्ट्रीय पार्क, अभयारण्य का चयन किया गया है:-** **( MPPSC-Pre-2008 )**

(अ) पेंच (ब) कान्हा
(स) बाँधवगढ़ (द) मालपुर कुनो

व्याख्या- भारत के गुजरात राज्य में पाए जाने वाले गिर राष्ट्रीय उद्यान में एशियाटिक बब्बर शेरों को म.प्र. के श्योपुर जिले के पालपुर कुनो अभयारण्य में रखे जाने का प्रस्ताव है।

**218. म.प्र. का प्रथम सर्प उद्यान कहाँ स्थित है?**

**( Lower Divison Clerk - 2013 )**

(अ) भोपाल (ब) टीकमगढ़

206.(ब) 207.(स) 208.(ब) 209.(ब) 210.(अ) 211.(स) 212.(द) 213.(ब) 214.(स) 215.(द) 216.(ब) 217.(द)

(स) सतना (द) छतरपुर

व्याख्या- म.प्र. का प्रथम सर्प रा.उ. राजधानी भोपाल में स्थित है।

219. जीवाश्मीय अवशेषों के लिए प्रसिद्ध है?
(Drug Inspector-2016)

(अ) घघुआ (ब) सोहागी पहाड़
(स) भीमबेटका (द) मैहर

व्याख्या- म.प्र. के डिण्डोरी जिले के शाहपुरा में फासिल राष्ट्रीय उद्यान घघुआ जीवाश्मीय अवशेषों के लिए प्रसिद्ध है। घघुआ में अब तक 18 पादप कुलों के 31 परिवारों के पौधों के जीवाश्म खोजे जा चुके हैं।

220. चतुर्भुज नाथ मंदिर किस अभयारण्य के पास स्थित है?
(ANM Training Selection Test-2016)

(अ) केन घड़ियाल (ब) सोन
(स) गाँधी सागर अभयारण्य (द) शिवपुरी

व्याख्या- गाँधी सागर अभयारण्य को वर्ष 1974 में अधिसूचित किया गया था। यह अभयारण्य 368 कि.मी. से भी अधिक क्षेत्रफल में फैला हुआ है। इस अभयारण्य के अंदर 'चतुर्भुज नाथ' का एक प्राचीन मंदिर स्थित है।

221. सोन इस साल एक संरक्षित वन के रूप में घोषित किया गया था।
(ANM Training Selection Test 2016)

(अ) 1972 (ब) 1981 (स) 2015 (द) 1992

व्याख्या- सोन अभयारण्य 1981 में एक संरक्षित वन के रूप में घोषित किया गया। यह अभयारण्य 83.04 वर्ग क.मी. में विस्तृत है। यहाँ पर घड़ियालों का संरक्षण किया जाता है।

222. एक दिन में सर्वाधिक कितने नए पौधे लगाने का रिकॉर्ड मध्यप्रदेश राज्य ने बनाया हैं (MPSI 2017)

(अ) 6 करोड़ (ब) 1 करोड़ (स) 10 करोड़ (द) 2 करोड़

व्याख्या- मध्यप्रदेश ने एक दिन में 6 करोड़ पौधे लगाने का रिकार्ड बनाया है। ये पौधे नर्मदा नदी के किनारे पर लगाए गए हैं। इस कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के 24 जिलों ने भाग लिया।

223. नर्मदा सेवा यात्रा के तहत कितने जिलों में पेड़ लगाए जाएँगे?
(जेल प्रहरी 2017)

(अ) 15 (ब) 14 (स) 17 (द) 16

व्याख्या- नर्मदा सेवा यात्रा के तहत 16 जिलों में पेड़ लगाए गए। यह यात्रा 11 दिसम्बर 2016 से 15 मई 2017 तक चली।

224. किस जिले में खाद्य पौधों के अनुसंधान मंच की स्थापना की गई? जेल प्रहरी 2017

(अ) सीहोर (ब) होशंगाबाद
(स) भोपाल (द) रीवा

व्याख्या- सीहोर जिले में खाद्य पौधों के अनुसंधान मंच की स्थापना की गई।

225. निम्नलिखित जिलों में से कौन-सा जिला घनी-वन आवरण वाले जिलों की श्रेणी में आता हैं? (MPSI 2017)

(अ) मुरैना (ब) सीधी (स) ग्वालियर (द) निमाड़

व्याख्या- सीधी जिला घनी वन- आवरण वाले जिले में आता है। सीधी में कोरण्डम खनिज का उत्पादन होता है। यहाँ सोन, बगदरा तथा संजय राष्ट्रीय उद्यान अवस्थित है।

226. निम्नलिखित में से मध्यप्रदेश के राष्ट्रीयकृत वन में किसका उत्पाद किया जाता है? (MPSI 2017)

(अ) उपरोक्त में से कोई नहीं (ब) तेंदु पत्ता
(स) साल के बीज (द) उपरोक्त दोनों

व्याख्या- साल के बीज व तेंदूपत्ता दोनों ही म. प्र. के राष्ट्रीयकृत वन में उत्पादित किए जाते हैं। दोनों ही म. प्र. की आर्थिक व्यवस्था के अच्छे आधार हैं।

227. निम्नलिखित में से कौन-सा मध्यप्रदेश सरकार का एक व्यापारिक एकाधिकार वाला उपज है? (MPSI 2017)

(अ) साल का बीज (ब) कपास
(स) सागौन (द) गेहूँ

व्याख्या- साल म. प्र. के अधिकांश हिस्सों में पाए जाने वाला वृक्ष है। जो म. प्र. सरकार के व्यापारिक एकाधिकार वाला उपज है तथा इससे म. प्र. सरकार की अच्छी आमदनी होती है।

228. देवास में प्रसिद्ध वन्य जीव अभ्यारण्य..........अभ्यारण्य है।
पटवारी परीक्षा 2017

(अ) हिरन (ब) खेओनी (स) कान्हा (द) वन विहार

व्याख्या- देवास में प्रसिद्ध वन्यजीव अभ्यारण्य खेओनी अभ्यारण्य है।

229. वन विहार (भोपाल) को राष्ट्रीय उद्यान कब घोषित किया गया था? पटवारी परीक्षा 2017

(अ) 1981 (ब) 1976 (स) 1980 (द) 1983


व्याख्या- वन विहार, भोपाल का राष्ट्रीय उद्यान शहर के केन्द्र में स्थित है। यह 4.43km² क्षेत्र में फैला। 1983 में इसे राष्ट्रीय उद्यान घोषित किया गया।

230. तवा बांध और मधाई आरक्षित वन कहाँ स्थित है?
(पटवारी परीक्षा 2017)

(अ) ग्वालियर (ब) उज्जैन (स) होशंगाबाद (द) भिंड

व्याख्या- तवा बांध और मधाई आरक्षित वन का उद्गम होशंगाबाद में स्थित है। तवा बांध, तवा नदी पर स्थित है। तवा नदी का उद्गम होशंगाबाद जिले के पंचमढ़ी के महादेव पर्वत शृंखला की कालीभीत पहाड़ियों से हुआ है।

218.(अ) 219.(अ) 220.(स) 221.(ब) 222.(अ) 223.(द) 224.(अ) 225.(ब) 226.(द) 227.(अ) 228.(ब) 229.(द) 230.(स)



# अध्याय– 7

# मध्यप्रदेश में नदियाँ

1. किस नदी पर दुशाख से बना द्वीप है जिस पर श्री ओमकार मांधाता का मंदिर स्थित है? (महिला स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता 2016)

(अ) नर्मदा (ब) सिंधु

(स) कावेरी (द) गंगा

व्याख्या- नर्मदा नदी पर दुशाख से बना द्वीप है, जिस पर श्री ओमकार मांधाता का मन्दिर स्थित है।

2. पचमढ़ी किस नदी के किनारे स्थित है।

(अ) वेनगंगा (ब) ताप्ती

(स) तवा (द) नर्मदा

व्याख्या- पंचमढ़ी मध्यप्रदेश का मुख्य पर्यटन स्थल है। साथ ही यह प्रदेश का एकमात्र हिल स्टेशन भी है। पंचमढ़ी नर्मदा की सहायक नदी तवा के किनारे पर स्थित है।

3. कुँवारी नदी का उद्‌गम स्थल निम्नलिखित में कौन सा है।

(अ) विंध्य कगार के उत्तरी ढ़ाल से

(ब) मुलताई के उत्तर-पूर्व में वर्धा

(स) शिवपुरी पठार से

(द) परसवाड़ा पठार से

व्याख्या- कुँवारी नदी का उद्‌गम शिवपुरी के पठार से हुआ है। सिन्ध की सहायक यह नदी मुरैना पठार के जलविभाजक द्वारा कुनो तथा चम्बल के समानान्तर प्रवाहित होने लगती है। तथा भिण्ड जिले की लहार तहसील के पास सिन्ध नदी में मिल जाती है।

4. मध्यप्रदेश में झील संरक्षण प्राधिकरण की स्थापना कब की गयी।

(अ) 2001 (ब) 2002

(स) 2003 (द) 2004

व्याख्या- मध्यप्रदेश में झील संरक्षण प्राधिकरण की स्थापना 2004 में की गयी थी। इसका मुख्यालय भोपाल में है। यह जल संसाधनों के संरक्षण एवं प्रबंधन के लिए एक प्रमुख सलाहकारी संस्था है।

5. नर्मदा-सोन घाटी कहाँ स्थित है? (डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016)

(अ) मध्य भारत और मालवा के मध्य

(ब) रीवा-पन्ना और बुंदेलखंड के मध्य

(स) मालवा और बुंदेलखंड के मध्य

(द) मालवा और सतपुड़ा के मध्य

1.(अ) 2.(स) 3.(स) 4.(द) 5.(द)

व्याख्या : नर्मदा-सोन घाटी मालवा एवं सतपुड़ा के मध्य स्थित है।

6. मध्य प्रदेश का कौन-सा शहर इंडोगंगैटिक मैदान में आता है? ( डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016 )

(अ) ग्वालियर (ब) इंदौर

(स) भोपाल (द) जबलपुर

व्याख्या : उपर्युक्त प्रश्नानुसार मध्यप्रदेश का ग्वालियर शहर इण्डोगंगेटिक मैदान में आता है।

7. निम्न में से कौन सी पर्वत श्रेणी यमुना और सोन नदी के जल विभाजक का कार्य करती है? ( डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016 )

(अ) विंध्याचल श्रेणी (ब) महादेव श्रेणी

(स) कैमूर भांडेर श्रेणी (द) सतपुड़ा मैकाल श्रेणी

व्याख्या : कैमूर-भांडेर पर्वत श्रेणी यमुना और सोन नदी के जल विभाजक का कार्य करती है।

8. जब हार्ड और सॉफ्ट चट्टानें वैकल्पिक व्यवस्थित हों, तब नर्मदा और ताप्ती जैसी नदियां इन चट्टानों के माध्यम से प्रवाहित होती है और सॉफ्ट चट्टानों को नष्ट करने की कोशिश करती है। इस सुविधा को कहा जाता है। ( महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता 2016 )

(अ) ब्लॉक पर्वत (ब) दरार घाटियाँ

(स) झरने (द) उतार

व्याख्या- जब हार्ड और साफ्ट चट्टाने वैकल्पिक व्यवस्थित हो, तब नर्मदा और ताप्ती जैसी नदियाँ इन चट्टानों के माध्यम से प्रवाहित होती है। साफ्ट चट्टानों को नष्ट करने की कोशिश करती है तो इस सुविधा को दरार घाटिया (Rift Valley) कहते हैं।

9. महादेव पर्वत श्रृंखला सतपुड़ा पर्वत श्रृंखला का ............... विस्तार है ( जेल प्रहरी 2015 )

(अ) पूर्वी (ब) पश्चिमी

(स) उत्तरी (द) दक्षिण

व्याख्या- महादेव पर्वत श्रृंखला सतपुड़ा श्रृंखला का पूर्वी विस्तार है। सतपुड़ा शृंखला की सबसे ऊँची चोटी धूपगढ़1350 मीटर है।

10. शहडोल जिला किस पठार के अन्तर्गत आता है? ( चतुर्थ श्रेणी 2015 )

(अ) मालवा पठार (ब) बघेलखण्ड पठार

(स) बुन्देलखण्ड पठार (द) रीवा-पन्ना पठार

व्याख्या- शहडोल जिला, मध्यप्रदेश के बघेलखण्ड पठार के अन्तर्गत आता है।

11. मध्य प्रदेश किस द्वीप का हिस्सा रहा है? ( अन्वेषक परीक्षा-2014 )

(अ) दक्कन (ब) गोंडवाना

(स) मालवा (द) तेलंगाना

व्याख्या- म.प्र. प्राचीन गोंडवाना लैंड का हिस्सा रहा है।

12. मध्य प्रदेश की नदियों में गहरी चैनलों का गठन मिट्टी की ऊपरी परत को हटा देता है। कटाव के इस प्रकार को कहा जाता है

(अ) शीट कटाव (ब) नाली कटाव

(स) नाले (द) स्तरीकृत कटाव

व्याख्या- मध्यप्रदेश की नदियों में गहरी चैनलों के गठन मिट्टी की ऊपरी परत को हटा देने पर जो कटाव बनता है, उसे नाली कटाव (Gully Erosion) कहते है।

13. मध्यप्रदेश की उत्तरी सीमा पर कौन-सी नदी है- ( जेल प्रहरी 2015 )

(अ) नर्मदा (ब) कृष्णा

(स) गंगा (द) चम्बल

व्याख्या- मध्यप्रदेश की उत्तरी सीमा पर चम्बल नदी है। चम्बल नदी महू के जानापाव से निकलती है। इसकी लम्बाई 965 कि.मी. है।

14. ग्रीक विद्वान टॉलमी ने नर्मदा को किस नाम से पुकार है।

(1) सोमोदेवी (2) मेकलसुता

(3) रेवा (4) नामादोस

व्याख्या- ग्रीक विद्वान टॉलमी ने नर्मदा को नामादोस कहा तथा नर्मदा के दूसरे और नामों से भी जाना जाता है जैसे- गुजरात की जीवनरेखा, रेवा, मेकालसुता, सोमोदेवी, म.प्र. की जीवन रेखा।

15. मध्यप्रदेश में सर्वाधिक मृदा अपरदन किस नदी के द्वारा किया जाता है।

(अ) नर्मदा (ब) बेतवा

(स) चम्बल (द) सोन

व्याख्या- सर्वाधिक मृदा अपरदन चम्बल नदी द्वारा किया जाता है। मृदा अपरदन से सर्वाधिक प्रभावित जिले, मुरैना, भिण्ड है। यहाँ चम्बल नदी ने मिट्टी को काटकर गहरी कन्दराओ का निर्माण किया है जो कानून और व्यवस्था की दृष्टि से सरकार के लिए चुनौती बनी हुई है।

16. मध्यप्रदेश के बाहर नर्मदा नदी की लम्बाई कितनी है-

(अ) 240 कि.मी. (ब) 354 कि.मी.

(स) 235 कि.मी. (द) 345 कि.मी.

व्याख्या- मध्यप्रदेश के बाहर नर्मदा नदी की लंबाई लगभग 235 km गुजरात में है। (1077 + 235 = 1312 km.)

17. निम्न में से कौनसी, नर्मदा की सहायक नदी नहीं है-

(अ) हिरन (ब) हथनी

(स) शेर (द) पूरणा

व्याख्या- पूरणा नदी ताप्ती की सहायक नदीं हैं।

6.(अ) 7.(स) 8.(ब) 9.(अ) 10.(ब) 11.(ब) 12.(ब) 13.(द) 14.(द) 15.(स) 16.(स) 17.(द)

18. उत्तर की ओर बहने वाली नदियाँ-
(अ) चम्बल (ब) बेतवा
(स) सोन (द) उपरोक्त सभी।

व्याख्या- चम्बल, सोन और बेतवा सभी उत्तर की ओर बहने वाली नदियाँ हैं।

19. पश्चिम की ओर बहने वाली नदियाँ-
(अ) चम्बल (ब) नर्मदा
(स) सोन (द) उपरोक्त सभी।

व्याख्या- नर्मदा नदी प्रदेश के पूर्वी क्षेत्र के पर्वतीय व तीर्थस्थान अमरकंटक से निकलकर पश्चिम दिशा की ओर पूरे प्रदेश को पार करके अरब सागर में मिलती है।

20. दक्षिण की ओर न बहने वाली नदी-
(अ) गोदावरी (ब) केन
(स) बेनगंगा (द) इन्द्रावती।

व्याख्या- केन नदी विंध्याचल पर्वत से निकलकर उत्तर की ओर बहती हुई घने जंगलों को पार कर उत्तरप्रदेश में यमुना नदी में मिल जाती है। जबकि गोदावरी, बेनगंगा एवं इन्द्रावती दक्षिण की ओर बहने वाली नदियाँ है।

21. नर्मदा नदी का उद्गम स्थल है-
(अ) अमरकंटक (ब) जानापाव पहाड़ी
(स) कैमूर पर्वत (द) महेश्वर।

व्याख्या- नर्मदा नदी, अनुपपूर जिले के अमरकंटक नामक स्थान से निकलती है एवं पश्चिम की ओर बहती हुई, गुजरात में भरूच जिले के पास, खम्भात की खाड़ी में गिर जाती है।

22. नर्मदा नदी का उद्गम स्थल अमरकंटक में कहाँ स्थित है-
(अ) विंध्याचल पर्वत श्रेणी में (ब) कांकरी बारडी पहाड़ी में
(स) कैमूर पर्वत श्रृंखला (द) उपरोक्त में से कोई नहीं।

व्याख्या- नर्मदा नदी विंध्याचल पर्वत श्रेणियों की मैकल पर्वतमाला के अमरकंटक स्थान जो कि समुद्र तल से 1057 मीटर की ऊँचाई पर स्थित है, से निकलकर पंखेनुमा मैकल पठार पर बहकर पश्चिम की ओर बढ़ती है।

23. कपिलधारा स्थित है-
(अ) महानदी पर (ब) चम्बल पर
(स) नर्मदा पर (द) बेतवा पर।

व्याख्या- कपिलधारा विंध्यन पहाड़ी में अमरकंटक की श्रेणियों में ही स्थित है। यह प्रपात नर्मदा नदी के उद्गम स्थल से 8 किलोमीटर की दूरी पर ही स्थित है।

24. सही जोड़ी बताइए-
(अ) चम्बल सिंहावा से
(ब) शिप्रा मैकल पर्वत शृंखला
(स) महानदी महादेव पर्वत
(द) ताप्ती मुल्ताई

व्याख्या- ताप्ती नदी बैतूल जिले के मुल्ताई (मूल-ताजी) नगर के पास से सतपुड़ा के दक्षिण में 762 मीटर ऊँचाई से निकलती है।

25. मध्यप्रदेश की चम्बल नदी निम्न जिलों में से किसे नहीं छूती है-
(अ) रतलाम (ब) मंदसौर
(स) जबलपुर (द) उज्जैन

व्याख्या- चम्बल नदी पश्चिम मध्यप्रदेश की एक प्रमुख नदी है, जो कि अपने उद्गम स्थान जानापाव से उत्तर में राजस्थान की ओर बहती है जबकि जबलपुर शहर प्रदेश के पूर्व भाग में स्थित है।

26. चम्बल नदी मिलती है-
(अ) नर्मदा नदी में (ब) प्रशांत महासागर में
(स) गंगा नदी में (द) यमुना नदी में।

व्याख्या- चम्बल नदी महू के पास जानापाव से निकलकर धार, उज्जैन, रतलाम, मंदसौर जिलों से बहती हुई, राजस्थान में प्रवेश करती है जहाँ बूँदी, कोटा व धौलपुर जिलों के बाद पूर्वी भाग में बहते हुए इटावा से 38 कि.मी. दूर यमुना नदी में मिलती है।

27. चम्बल नदी पर बनाये गये बाँध में नहीं है-
(अ) गाँधीसागर (ब) राणा प्रताप सागर
(स) राजघाट बाँध (द) जवाहर सागर बाँध।

व्याख्या- गाँधी सागर, राणा प्रताप सागर, जवाहर सागर बाघ चम्बल नदी पर बने हैं। जबकि राजघाट बाँध, बेतवा नदी पर बनाया गया है।

28. दक्षिण की ओर बहने वाली नदी-
(अ) सोन (ब) चम्बल
(स) वेनगंगा (द) ताप्ती।

व्याख्या- वेनगंगा नदी, पारसबाड़ा पठार (सिवनी) से निकलती है जो दक्षिण की ओर बहती हुई गोदावरी नदी में मिल जाती है।

29. झाबुआ स्थित है-
(अ) कालीसिंध के किनारे पर (ब) बेतवा के किनारे पर
(स) तवा के किनारे पर (द) नर्मदा के किनारे पर।

व्याख्या- झाबुआ शहर प्रदेश के पश्चिमी छोर पर स्थित है जहाँ से नर्मदा निकलकर गुजरात में प्रवेश करती है।

30. गंगा नदी में मिलती है-
(अ) चम्बल (ब) बेतवा
(स) सोन (द) हसदो

व्याख्या- कहते हैं कि सोन नदी 1000 वर्ष पूर्व पटना के नीचे गंगा में मिलती थी परन्तु अब यह नदी गंगा नदी में दानापुर से 16 किलोमीटर ऊपर की ओर मिलती है।

18.(द) 19.(ब) 20.(ब) 21.(अ) 22.(अ) 23.(स) 24.(द) 25.(स) 26.(द) 27.(स) 28.(स) 29.(द) 30.(स)

31. जानापाव पहाड़ी से निकलती है-

(अ) नर्मदा (ब) महानदी

(स) शिप्रा (द) चम्बल

व्याख्या- जानापाव की पहाड़ियाँ महू नगर के पास स्थित हैं, जहाँ से चम्बल नदी निकलती है।

32. प्रसिद्ध साँची नगर तट पर स्थित है-

(अ) बेतवा के (ब) नर्मदा के

(स) सोन के (द) केन के।

व्याख्या- विश्व विख्यात बौद्ध तीर्थस्थल साँची बेतवा नदी के किनारे पर स्थित एकमात्र ऐसा स्थल है जहाँ बौद्ध कालीन शिल्पकला के सारे नमूने विद्यमान हैं। यहाँ स्तूप चैत्य, मंदिर व विहार सभी स्थित हैं।

33. मध्यप्रदेश की सबसे बड़ी नदी है-

(अ) चम्बल (ब) शिप्रा

(स) नर्मदा (द) महानदी।

व्याख्या- नर्मदा नदी को प्रदेश की जीवनदायिनी नदी कहा जाता है और यह भारत की भी सबसे पवित्र नदी है एवं प्रदेश की अन्य नदियों की अपेक्षा यह सबसे बड़ी नदी है।

34. नर्मदा जल में हिस्सा है-

(अ) म.प्र., गुजरात, राजस्थान व महाराष्ट्र

(ब) म.प्र., गुजरात

(स) म.प्र., राजस्थान, महाराष्ट्र

(द) म.प्र., गुजरात, महाराष्ट्र।

व्याख्या- नर्मदा नदी पर स्थित इन्दिरा सागर परियोजना एक अन्तर्राज्यीय योजना है। 1969 में नर्मदा जल विवाद न्यायाधिकरण ने जल के बँटवारे में 18.25 मिलियन एकड़ फुट मध्यप्रदेश को, 9 मिलियन एकड़ फुट गुजरात को, 0.25 मिलियन एकड़ फुट महाराष्ट्र को तथा 0.50 एकड़ फुट पानी राजस्थान को दिया गया।

35. मध्यप्रदेश में नर्मदा की लम्बाई-

(अ) 1077 (ब) 1177

(स) 977 (द) 1707।

व्याख्या- म.प्र. में नर्मदा नदी 1077 किलोमीटर क्षेत्र में बहती है जबकि कुल लम्बाई 1312 किलोमीटर है।

36. पुराणों में बेतवा नदी का नाम-

(अ) वेनगंगा (ब) वेत्रवती

(स) वेस्ता (द) वीतस्ता।

व्याख्या- पुराणो में बेतवा नदी का नाम वेत्रवती मिलता है। यह नदी रायसेन जिले के कुमरागाँव से निकलती है।

37. चम्बल के उद्गम स्थल पर प्रसिद्ध मन्दिर है-

(अ) जनकेश्वर महादेव (ब) हाटकेशर

(स) कृष्ण मंदिर (द) उपरोक्त में से कोई नहीं।

व्याख्या- चम्बल नदी महू के जानापाव पहाड़ी से निकलती है। इसके उद्गम स्थल पर जनकेश्वर महादेव का मंदिर है।

38. चम्बल निम्न प्रदेश में होकर बहती है-

(अ) म.प्र., राजस्थान (ब) म.प्र., उ.प्र.

(स) म.प्र., उ.प्र., राजस्थान (द) म.प्र., राजस्थान, नई दिल्ली।

व्याख्या- चम्बल म.प्र. के इन्दौर जिले से उद्गमित होते हुये, राजस्थान में प्रवेश करती है एवं उ.प्र. के इटावा के पास यमुना में मिल जाती है।

39. शिप्रा नदी का प्राचीन नाम है-

(अ) प्रेक्षा (ब) अवन्ती

(स) उज्वनी (द) उक्त में से कोई नहीं।

व्याख्या- शिप्रा नदी का प्राचीन नाम प्रेक्षा मिलता है। यह नदी इन्दौर के काकरी बरडी पहाड़ी से निकलती है। प्रसिद्ध तीर्थस्थल उज्जैन, शिप्रा नदी के किनारे स्थित है।

40. निम्न में से कौन-सी नदियाँ ऐसी है जिनमें वर्षभर पानी रहता है-

(अ) ताप्ती (ब) चम्बल

(स) बेतवा (द) उपरोक्त सभी

व्याख्या- म.प्र. की ताप्ती, चम्बल एवं बेतवा नदियों में वर्षभर पानी भरा रहता है।

41. किन नदियों के संगम स्थल को 'प्राणहिता संगम' कहते हैं-

(अ) नर्मदा-तवा (ब) कालीसिंध-चम्बल

(स) वेनगंगा-वर्धा (द) कुंवारी-सिंध।

व्याख्या- वेनगंगा एवं वर्धा नदी के संगम स्थल को प्राणहिता संगम कहते हैं। यह महाराष्ट्र में है।

42. किस नगर को नर्मदा अपनी कुंडली में घेरती है-

(अ) जबलपुर (ब) होशंगाबाद

(स) नरसिंहपुर (द) मण्डला।

व्याख्या- नर्मदा मंडला शहर को अपनी कुंडली में घेरती है एवं फिर उत्तर की ओर मुड़ जाती है।

43. नर्मदा म.प्र. की सबसे बड़ी नदी है और ये भारत में बड़ी नदियों में कौन से नम्बर पर है-

(अ) पाँचवीं (ब) छठी

(स) सातवीं (द) आठवीं।

व्याख्या- यह प्रदेश की सबसे बड़ी एवं देश की (गंगा, गोदावरी, यमुना, कृष्णा के बाद) पाँचवीं सबसे बड़ी नदी है।

31.(द) 32.(अ) 33.(स) 34.(अ) 35.(अ) 36.(ब) 37.(अ) 38.(स) 39.(अ) 40.(द) 41.(स) 42.(द) 43.(अ)

44. नर्मदा नदी के उद्‌गम स्थल से सबसे समीपस्थ जलप्रपात कौन सा है-
(अ) कपिलधारा (ब) दुग्धधारा
(स) धुआँधार (द) सहस्त्रधारा

व्याख्या- उद्‌गम स्थल के सबसे समीपस्थ जलप्रपात कपिलधारा है, जो केवल 8 किलोमीटर दूर ही है जबकि दुग्धधारा 10 किलोमीटर एवं धुआँधार जबलपुर के पास व सहस्त्रधारा आगे महेश्वर के पास है।

45. धुआँधार जलप्रपात जो कि जबलपुर के पास है उसकी ऊँचाई है-
(अ) 5 मीटर (ब) 10 मीटर
(स) 15 मीटर (द) 20 मीटर।

व्याख्या- धुआँधार जलप्रपात जो कि जबलपुर के पास है इसकी ऊँचाई 15 मी. है।

46. नर्मदा नदी की कुल लम्बाई है-
(अ) 1231 कि.मी. (ब) 1312 कि.मी.
(स) 1079 कि.मी. (द) 1213 कि.मी.

व्याख्या- नर्मदा नदी की अमरकंटक से लेकर भरूच (गुजरात) तक कुल लम्बाई 1312 कि.मी. है जो मध्यप्रदेश में 1077 कि.मी. बहती है।

47. निम्न में से नर्मदा की सहायक नदियाँ कौन सी हैं-
(अ) हिरन (ब) ऊंटी
(स) हथनी (द) उपरोक्त सभी।

व्याख्या- नर्मदा की ये नदियाँ- हिरन, ऊंटी व हथनी तीनों नर्मदा के दाहिने तट से मिलती हैं।

48. सरदार सरोवर बहुमुखी योजना का निर्माण किस नदी पर किया जा रहा है-
(अ) कृष्णा (ब) गंगा
(स) ताप्ती (द) नर्मदा।

व्याख्या- सरदार सरोवर बहुमुखी योजना का निर्माण नर्मदा नदी पर किया जा रहा है।

49. मध्यप्रदेश का मौर्यकालीन सुप्रसिद्ध नगर विदिशा किस नदी के तट पर बसा है-
(अ) पार्वती (ब) नर्मदा
(स) बेतवा (द) कालीसिंध।

व्याख्या- मौर्यकालीन सुप्रसिद्ध विदिशा, वैत्रवती (बेतवा) नदी के किनारे बसा हुआ है।

50. प्रदेश की कौन सी नदी है जो कि पूर्व से पश्चिम नर्मदा के समानान्तर बहती है-
(अ) बेतवा (ब) ताप्ती
(स) सोन (द) शिप्रा।

व्याख्या- ताप्ती नदी बैतूल में मुल्ताई के पास से निकलकर पूर्व से पश्चिम की तरफ नर्मदा के समान्तर बहती हुई, खंभात की खाड़ी में गिरती हैं।

51. किस नदी को पूर्व में चर्मावती के नाम से जाना जाता था-
(अ) चन्द्रकेशर (ब) चम्बल
(स) तवा (द) पार्वत।

व्याख्या- प्राचीनकाल में चम्बल नदी को चर्मावती के नाम से जाना जाता था। इस नदी की कुल लंबाई 965 कि.मी. है एवं सिंचाई एवं बिजली उत्पादन की दृष्टि से अत्यन्त महत्वपूर्ण नदी है।

52. चम्बल का उद्‌गम स्थल जानापाव प्रदेश के किस शहर के निकट है-
(अ) इन्दौर (ब) देवास
(स) महू (द) खरगोन।

व्याख्या- चम्बल महू के निकट जानापाव से निकलती है। जो कि समुद्र तल से 854 मी. ऊँचा स्थान है। यह यमुना में दक्षिण की ओर से मिलने वाली प्रमुख सहायक नदी है।

53. चम्बल नदी का जल किन जिलों को सिंचाई के लिये प्राप्त होता है-
(अ) धार-उज्जैन (ब) रतलाम-मंदसौर
(स) बून्दी-कोटा-धौलपुर (द) उपरोक्त सभी को

व्याख्या- चम्बल नदी के द्वारा धार, उज्जैन, रतलाम, इन्दौर, बूँदी, कोटा एवं धौलपुर जिलों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध होती है।

54. निम्न में से कौन सी नदी चम्बल की सहायक नदी नहीं है-
(अ) कालीसिंध (ब) गंजाल
(स) पार्वती (द) बनास

व्याख्या- गंजाल नदी नर्मदा की सहायक नहीं है जो कि नर्मदा के बाएँ तट से मिलती है जबकि कालीसिंध, सिंध, पार्वती व बनास नदियाँ चम्बल की सहायक नदियाँ हैं।

55. चूलिया झरने में किस नदी का पानी गिरता है-
(अ) नर्मदा (ब) चंबल
(स) बेतवा (द) सोन

व्याख्या- कोटा संभाग में भैसरोडगढ़के निकट 10 मीटर ऊँचाई से चम्बल नदी का जल चूलिया झरने में गिरता है।

56. किस नदी में बाढ़बहुत आकस्मिक व विनाशकारी आती है-
(अ) सोन (ब) केन
(स) बेतवा (द) कालीसिंध।

व्याख्या- पहाड़ी क्षेत्र व पठार से शीघ्र ही नीचे उतरने के कारण सोन में आकस्मिक व विनाशकारी बाढ़ आती है।

44.(अ) 45.(स) 46.(ब) 47.(द) 48.(द) 49.(स) 50.(ब) 51.(ब) 52.(स) 53.(द) 54.(ब) 55.(ब) 56.(अ)

57. सोन नदी के अपवाह का क्षेत्रफल है-
(अ) 19700 वर्ग कि.मी. (ब) 17900 वर्ग कि.मी.
(स) 18900 वर्ग कि.मी. (द) 18700 वर्ग कि.मी.।

व्याख्या- सोन नदी की कुल लम्बाई 780 किलोमीटर है और इसका अपवाह क्षेत्र 17900 वर्ग कि.मी. है।

58. बेतवा नदी का उद्गम-
(अ) सिंहावा पर्वत से (ब) रायसेन के कुमरागाँव से
(स) महू के जानापाव से (द) उपरोक्त में से कोई नहीं।

व्याख्या- बेतवा नदी, रायसेन के कुमरागाँव से निकलती है, इसकी कुल लंबाई 480 कि.मी. है।

59. बेतवा नदी की निम्न में से कौनसी सहायक नदी नहीं है-
(अ) धसान (ब) बीना
(स) सिंध (द) कालीसिंध

व्याख्या- बेतवा नदी अपना अधिकांशत: जल पूर्वी मालवा से लेकर आती है। उसकी सहायक नदी धसान व बीना उसके दाहिने तट से तथा सिंध नदी बायें तट से मिलती है।

60. सागर जिले का भालकुण्ड प्रपात किस नदी पर अवस्थित है-
(अ) बेतवा (ब) धसान
(स) बीना (द) सिंध

व्याख्या- सागर जिले का भालकुण्ड प्रपात, बीना के पास बेतवा की सहायक बीना नदी पर अवस्थित है।

61. चम्बल नदी पर राज्य की प्रथम जल विद्युत परियोजना किस नाम से लागू की गई है-
(अ) गाँधीसागर बाँध (ब) इंदिरा सागर बाँध
(स) संजय सागर बाँध (द) उपरोक्त सभी।

व्याख्या- चम्बल नदी पर गाँधीसागर बाँध मंदसौर जिले में बनाया गया है। यह म.प्र. एवं राजस्थान की संयुक्त परियोजना है।

62. किस नदी द्वारा अवनालिका अपरदन द्वारा बड़े-बड़े बीहड़ों का निर्माण किया गया है-
(अ) सोन (ब) चम्बल
(स) बेतवा (द) धसान।

व्याख्या- चम्बल नदी द्वारा मध्यभारत पठार क्षेत्र में अवनालिका अपरदन द्वारा विशाल बीहड़ो का निर्माण किया गया है।

63. तवा नदी का उद्गम स्थल है-
(अ) रायसेन के पर्वत (ब) कुमाऊँ पर्वत
(स) कालीभीत पहाड़ियाँ (द) विंध्यन पहाड़ियाँ।

व्याख्या- तवा नदी सतपुड़ा पर्वत शृंखला में स्वास्थ्यवर्धक स्थान पचमढ़ी के महादेव पर्वत की कालीभीत पहाड़ियों से निकलती है।

64. तवा नदी मिलती है-
(अ) सिंध से (ब) बेतवा से
(स) नर्मदा से (द) यमुना से

व्याख्या- तवा नदी पचमढ़ी के महादेव पर्वत के पास से निकलती है यह होशंगाबाद जिले में बहते हुये नर्मदा नदी में मिल जाती है।

65. शिप्रा नदी का उद्गम स्थान किस जिले में है-
(अ) इन्दौर (ब) उज्जैन (स) मंदसौर (द) देवास।

व्याख्या- शिप्रा नदी का उद्गम स्थल काकरीबर्डी है जो कि इन्दौर जिले में है। शिप्रा नदी देवास व उज्जैन जिलों में प्रसिद्ध है। शिप्रा नदी के किनारे ही देश के बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक उज्जैन है, जहाँ का महाकालेश्वर मंदिर बहुत प्रसिद्ध है।

66. शिप्रा नदी मिलती है-
(अ) नर्मदा में (ब) चम्बल में
(स) यमुना में (द) गंगा में

व्याख्या- यह नदी इन्दौर जिले में स्थित काकरीबर्डी की पहाड़ी से निकलती है तथा देवास-उज्जैन जिलों में बहती हुई चम्बल नदी में मिल जाती है।

67. कालीसिंध नदी का उद्गम स्थल बागली गाँव किस जिले में आता है-
(अ) इन्दौर (ब) उज्जैन
(स) मंदसौर (द) देवास

व्याख्या- कालीसिंध नदी देवास जिले के बागली गाँव से निकलती है। आगे चलकर यह नदी चम्बल में मिल जाती है।

68. कालीसिंध से निम्न में से किन जिलों में सिंचाई होती है-
(अ) देवास में (ब) शाजापुर में
(स) नरसिंहपुर में (द) उपरोक्त सभी में

व्याख्या- कालीसिंध नदी के पानी से देवास, शाजापुर, नरसिंहपुर आदि जिलों में सिंचाई की जाती है।

69. सिंध नदी कहाँ से निकलती है-
(अ) सिंरोज से (गुना) (ब) नरसिंहगढ़
(स) ब्यावरा (राजगढ़) (द) इनमें से कोई नहीं।

व्याख्या- सिंध नदी सिरोंज (गुना) से निकलती है एवं यह भी चम्बल की सहायक नदी है।

70. निम्न में से कौनसी नदी चम्बल में नहीं मिलती है-
(अ) सिन्ध (ब) कालीसिन्ध
(स) क्षिप्रा (द) केन।

व्याख्या- सिंध नदी इटावा जिले (उत्तरप्रदेश) के पास, कालीसिंध नदी राजस्थान में व क्षिप्रा नदी मध्य प्रदेश में चम्बल नदी में मिलती है। वहीं केन नदी उत्तरप्रदेश में विन्ध्यन पर्वत पार कर यमुना नदी में मिलती है।

57.(ब) 58.(ब) 59.(द) 60.(स) 61.(अ) 62.(ब) 63.(स) 64.(स) 65.(अ) 66.(ब) 67.(द) 68.(द) 69.(अ) 70.(द)

71. चचाई जलप्रपात किस जिले में है-

(अ) रीवा (ब) पन्ना

(स) सतना (द) शहडोल।

व्याख्या- चचाई जलप्रपात रीवा जिले में बीहड़ नदी में स्थित है। चचाई प्रपात प्रदेश का सबसे बड़ा जलप्रपात है।

72. निम्न में से कौनसा जलप्रपात रीवा जिले में नहीं है-

(अ) बहुटी जलप्रपात (ब) केवटी जलप्रपात

(स) चचाई जलप्रपात (द) दर्दी जलप्रपात (बड़वाह)।

व्याख्या- रीवा जिले में बहुटी, केवटी एवं चचाई जल प्रपात हैं।

73. बैनगंगा नदी का उद्‌गम स्थल है-

(अ) पारसवाड़ा पठार (ब) राजगढ़ब्यावरा के पठार

(स) विन्ध्यन पठार (द) सरस्वती।

व्याख्या- बैनगंगा नदी सिवनी जिले में पारसवाड़ा पठार से निकलती है।

74. बैनगंगा किस नदी में मिलती है-

(अ) गंगा (ब) यमुना

(स) गोदावरी (द) सरस्वती

व्याख्या- बैनगंगा नदी महाराष्ट्र में गोदावरी नदी में मिल जाती है।

75. कौन सी नदी आवना व सुक्ता नदी से मिलकर बनी हैं-

(अ) शक्कर नदी (ब) कूनो नदी

(स) छोटी तवा (द) कुंवारी नदी।

व्याख्या- छोटी तवा आवना एवं सुक्ता नदी से मिलकर बनती है।

76. पार्वती नदी किस जिले से निकलती है-

(अ) भोपाल (ब) रायसेन

(स) विदिशा (द) सिहोर।

व्याख्या- पार्वती चम्बल की प्रमुख सहायक नदियों में से एक है जो कि विन्ध्यन कगार की उत्तरी ढाल से निकलती है।

77. मध्यप्रदेश की अधिकांश नदियाँ किस ओर प्रवाहित होती हैं-

(अ) पूर्व (ब) पश्चिम

(स) उत्तर (द) दक्षिण।

व्याख्या- मध्यप्रदेश की अधिकांश नदियाँ उत्तर की ओर प्रवाहित होती हैं।

78. मध्य प्रदेश की नदियों की प्रकृति किस प्रकार की है?

(अ) वर्षा पर्यन्त (ब) प्रायद्वीपीय

(स) द्वीपीय (द) उपरोक्त में कोई नहीं।

व्याख्या- मध्यप्रदेश की नदियाँ वर्षा पर निर्भर हैं, अतः ये प्रायद्वीपीय प्रकृति की नदियाँ हैं।

79. मध्य प्रदेश की किस नदी का नाम 'नामोदोस' भी है?

(अ) ताप्ती (ब) गार

(स) नर्मदा (द) शिप्रा।

व्याख्या- नर्मदा नदी के अन्य नाम है- मैकालसुता, नामोदोस, रेवा, सोमादेवी। नामदोस (टामली ने कहा)

80. नर्मदा नदी का अप्रवाह क्षेत्र है-

(अ) 93180 वर्ग किमी. (ब) 86340 वर्ग किमी.

(स) 82250 वर्ग किमी. (द) 79383 किमी.।

व्याख्या- मध्यप्रदेश की जीवनरेखा नर्मदा का अपवाह क्षेत्र 93,180 वर्ग कि.मी. है।

81. मध्य प्रदेश में किस स्थान से 3 किमी. के अंदर दो प्रमुख नदियों का उद्‌गम हैं-

(अ) महू (ब) अमरकंटक

(स) भेड़ाघाट (द) नगरी।

व्याख्या- नर्मदा एवं सोन नदियाँ अमरकंटक की मैकाल पर्वतमाला से 3 कि.मी. की दूरी के अंतर से उद्‌गमित होती है।

82. म.प्र. में उत्खात स्थलाकृति का निर्माण किस नदी द्वारा निर्मित है-

(अ) चम्बल (ब) सोन

(स) केन (द) टोंस

व्याख्या- चंबल नदी द्वारा मृदा अपरदन एवं खात स्थलाकृति का निर्माण हुआ है।

83. कितने सेमी. की समवर्षा रेखा म.प्र. के अधिकांश दो भागों में विभाजित करती है?

(अ) 50 सेमी. (ब) 127.5 सेमी.

(स) 150 सेमी. (द) 200 सेमी.

व्याख्या- 127.5 सेमी. की समवर्षा रेखा म.प्र. को दो भागों में विभाजित करती है। 75 सेमी. वर्षा रेखा जलविभाजक रेखा है।

84. निम्न में से कौन-सी नदी भ्रंश घाटी से होकर प्रवाहित होती है-

(अ) नर्मदा (ब) बेतवा

(स) सोन (द) केन

व्याख्या- मध्यप्रदेश में पश्चिम की ओर प्रवाहित होने वाली नदियाँ नर्मदा एवं ताप्ती भ्रंश घाटियाँ से होकर प्रवाहित होती हैं।

85. मध्यप्रदेश में किस जिले से नदी-तालाब जोडो परियोजना शुरू की गई।

(अ) राजगढ (ब) टीकमगढ़

(स) खण्डवा (द) खरगौन

71.(अ) 72.(द) 73.(अ) 74.(स) 75.(स) 76.(द) 77.(स) 78.(ब) 79.(स) 80.(अ) 81.(ब) 82.(अ) 83.(ब) 84.(अ) 85.(ब)

व्याख्या- मध्यप्रदेश में टीकमगढ़जिले से नदी तालाब जोडो परियोजना शुरू की गई। जिसका शिलान्यास 13 जनवरी 2012 को किया गया। बुन्देलखण्ड क्षेत्र का टीकमगढजिला जामनी व धसान नदी के बीच बसा हुआ। लेकिन बारिश कम होने के कारण यहाँ के तालाबों का भराव कम होता था इसलिए प्रदेश सरकार ने नदी तालाब परियोजना टीकमगढसे शुरू की।

86. मध्यप्रदेश की गंगा किस नदी को कहा जाता है।

(अ) नर्मदा नदी (ब) चम्बल नदी

(स) क्षिप्रा नदी (द) बेतवा नदी

व्याख्या- मध्यप्रदेश की गंगा बेतवा नदी को कहा जाता है। बेतवा नदी का उद्‌गम रायसेन जिले के कुमरा गाँव से हुआ है। जिसकी लम्बाई- 480 कि.मी. है। इस नदी पर माताटीला बाँध (महारानी लक्ष्मीबाई सागर) परियोजना तथा भाण्डेर नहर (दतिया, ग्वालियर, भिण्ड लाभान्वित), हलाली नहर योजना चलाई जा रही है।

87. गाँधी सागर परियोजना किस नदी पर चलाई जा रही है।

(अ) बेतवा (ब) नर्मदा

(स) चम्बल (द) सोन

व्याख्या- गाँधी सागर बाँध परियोजना चम्बल नदी पर चलाई जा रही है। इस नदी का उदगम महू (इन्दौर) की जानापाव पहाड़ी से हुआ है, इस नदी की लम्बाई 965 कि.मी. है तथा समापन इटावा (उ.प्र.) में यमुना नदी में। इसकी सहायक नदियाँ क्षिप्रा, सिंध, पार्वती, बनास है, इसका बहाव उत्तर-पूर्व की ओर है। इस नदी के जल द्वारा अवनालिका अपरदन से भिण्ड, मुरैना के निकट गहरी खाईयाँ बन गई है।

88. नर्मदा नदी का समापन किस स्थान पर होता है।

(अ) बंगाल की खाड़ी (ब) खम्बात की खाडी

(स) प्रशांत महासागर (द) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या- नर्मदा नदी का समापन ख़म्बात की खाड़ी (अरब सागर) में होता है तथा इस नदी का उद्‌गम स्थल अमरकंटक (अनूपपुर) से हुआ है। इसकी लम्बाई 1312 कि.मी. तथा मध्यप्रदेश में इसकी लम्बाई 1077 कि.मी. है। प्रदेश के 15 जिलों से हो गुजरती है। इस नदी को गुजरात की जीवन रेखा भी कहते है इसकी सहायक नदी 41 है। इसको अन्य नामों से भी जाना जाता है। मेकलसुता, नामोदोस (टॉलमी ने कहा), म.प्र. की जीवन रेखा आदि।

**इसके प्रमुख परियोजनाएँ -**

1. रानी अवंतीबाई सागर बरगी परियोजना (जबलपुर बिजौरा)
2. सरदार सरोवर परियोजना। (गुजरात, राजस्थान, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र संयुक्त परियोजना।)
3. इन्दिरा सागर परियोजना खण्डवा (पुनासा)

89. सोन नदी का उद्‌गम कहाँ से हुआ है।

(अ) अमरकंटक (ब) काकरी बरड़ी पहाड़ी

(स) मुल्ताई (द) महादेव पर्वत

व्याख्या- सोन नदी का उद्‌गम अमरकंटक (अनूपपुर) से हुआ है। इस नदी पर बाणसागर परियोजना मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, बिहार की संयुक्त परियोजना चलाई जा रही है। इसकी लम्बाई 780 कि.मी. है। यह पटना के निकट गंगा में मिलती है। इसे सोन, सुवर्ण, सोनभद्र नाम से भी जाना जाता है।

90. निम्नलिखित में से कौन-सी नदी पश्चिम की ओर बहती है।

(अ) गंगा (ब) नर्मदा

(स) गोदावरी (द) यमुना

व्याख्या- मध्यप्रदेश की नर्मदा नदी अमरकंटक से निकलकर पश्चिम की ओर बहुत हुई खम्भात की खाड़ी में गिरती है। नर्मदा के अलावा ताप्ती नदी, साबरमती एवं लूनी नदी पश्चिम की ओर बहने वाली मुख्य नदियाँ है। ये नदियाँ अरब सागर (खम्भात की खाडी) में गिरती है। जबकि यमुना, गंगा की सहायक नदी है। गंगा तथा गोदावरी पूर्व की ओर बहती है। और बंगाल की खाड़ी में गिरती है।

91. विश्वविख्यात उज्जैन का महाकालेश्वर मंदिर निम्नलिखित किस नदी के किनार स्थित है।

(अ) सोन नदी (ब) नर्मदा नदी

(स) चम्बल नदी (द) क्षिप्रा नदी

व्याख्या- उज्जैन का महाकालेश्वर मंदिर क्षिप्रा नदी के किनारे पर स्थित है। यह नदी इन्दौर के काकरी बरडी पहाडी से निकलकर उज्जैन, रतलाम, मन्दसौर में बहती हुई चम्बल में मिल जाती है। इसकी लम्बाई 195 कि.मी. है। उज्जैन में 12 साल बाद महाकुम्भ का मेला इसी नदी के किनारे लगता है।

92. सिंचाई क्षमता का पूर्ण उपयोग करने हेतु मध्यप्रदेश में आयाकट विभाग का गठन कब किया गया।

(अ) 1980 (ब) 1981

(स) 1982 (द) 1983

व्याख्या- मध्यप्रदेश सिंचाई क्षमता का पूर्ण उपयोग करने हेतु आयाकट विभाग का गठन 1980 में किया गया। म.प्र. में बेहतर भूमि, जल प्रबंध सिचाई परियोजनाओं के सिंचाई क्षेत्र में एकीकृत क्षेत्र विकास हेतु वर्ष 1974-75 थे सर्वप्रथम तवा तथा चम्बल सिंचाई परियोजनाओं के सेंच्य क्षेत्र में दो आयाकट विकास प्राधिकरणों की स्थापना की गयी। वर्तमान समय में राज्य में आठ आयाकट विकास प्राधिकरण कार्यरत है। जिसमें 32 बडी एवं मध्यम सिंचाई परियोजनाएं सम्मलित है।

93. मध्यप्रदेश का सबसे बड़ा जल प्रपात कौन सा है।

(अ) कपिल धारा जल प्रपात (ब) चूलिया जल प्रपात

(स) चचाई जलप्रपात (द) सहस्त्र धारा जलप्रपात

86.(द) 87.(स) 88.(ब) 89.(अ) 90.(ब) 91.(द) 92.(अ) 93.(स)

व्याख्या- मध्यप्रदेश का सबसे बड़ा जल प्रपात चचाई जल प्रपात है जो बीहड़ नदी पर है। जिसकी ऊँचाई 130 मी. है यह जल प्रपात रीवा जिले के निकट बनता है।

94. नर्मदा नदी का उद्गम किस राज्य में है? (SI 2011)

(अ) महाराष्ट्र (ब) गुजरात
(स) राजस्थान (द) मध्य प्रदेश

व्याख्या- म.प्र. के अमरकंटक नामक स्थान से नर्मदा, सोन एवं कुछ दूरी से जोहिला नदी निकलती है।

95. उज्जैन किस नदी के तट पर स्थित है- (आबकारी आरक्षक 2012)

(अ) चम्बल (ब) नर्मदा
(स) क्षिप्रा (द) बेतवा

व्याख्या- क्षिप्रा नदी का उद्गम स्थल काकरी बरडी (इंदौर) है। इसकी कुल लम्बाई 195 किमी. है। यह चम्बल नदी की सहायक नदी है एवं उज्जैन इसी नदी के तट पर स्थित है। नर्मदा के किनारे जबलपुर, होशंगाबाद, औंकारेश्वर, महेश्वर आदि हैं।
चम्बल नदी के तट पर कोटा, महू, आदि हैं।
बेतवा नदी के तट पर विदिशा, ओरछा हैं।

96. कौन-सी नदी अरब सागर में गिरती है? (आबकारी आरक्षक 2012)

(अ) चम्बल (ब) नर्मदा
(स) गंगा (द) बेतवा

व्याख्या- नर्मदा नदी अमरकंटक की पहाड़ियों से निकलती है और पश्चिम की ओर बहती हुई खम्भात की खाड़ी (अरब सागर) में जाकर मिलती है। इसकी कुल लम्बाई 1312 किमी. है। यह म.प्र. में 1077 किमी. बहती है। नर्मदा डेल्टा का निर्माण नहीं करती है। यह एश्चुरी बनाती है।

97. निम्न में से कौन-सी नदी चंबल में नहीं मिलती है? (चतुर्थ श्रेणी परीक्षा 2012)

(अ) क्षिप्रा (ब) वेनगंगा
(स) पार्वती (द) कालीसिंध

व्याख्या- वेनगंगा नदी परसवाड़ा पठार (सिवनी) से निकलती है और गोदावरी (महाराष्ट्र) में मिल जाती है। इसकी लम्बाई 570 किमी है। इस नदी पर संजय सरोवर परियोजना है।

98. निम्न में से कौन-सा शहर बेतवा नदी के किनारे स्थित नहीं है? (चतुर्थ श्रेणी परीक्षा 2012)

(अ) देवास (ब) ओरछा
(स) साँची (द) विदिशा

व्याख्या- देवास, सोनकच्छ कालीसिंध नदी के किनारे स्थित है। बेतवा नदी के किनारे विदिशा, गुना, ओरछा, गुना, सांची, नगर स्थित हैं।

99. कालीसिंध नदी के किनारे कौन-सा नगर बसा है? (पटवारी परीक्षा 2008)

(अ) कटनी (ब) सोनकच्छ
(स) उज्जैन (द) बीना

व्याख्या- काली सिन्ध नदी के किनारे बसे प्रमुख सोनकच्छ, देवास। उज्जैन, शिप्रा नदी के किनारे स्थित है।

100. माता टीला बाँध किस नदी पर बना है? (ड्रग इंस्पेक्टर परीक्षा 2012)

(अ) नर्मदा (ब) ताप्ती
(स) केन (द) बेतवा

व्याख्या- माता टीला बाँध बेतवा नदी पर बना हुआ है। माताटीला बाँध उ.प्र. में झांसी के पास स्थित है। इस पर म.प्र. तथा उ.प्र. की संयुक्त परियोजना स्थापित है।

101. बारना नहर किस नदी पर बनायी गयी है? (ड्रग इंस्पेक्टर परीक्षा 2012)

(अ) बैनगंगा नदी (ब) नर्मदा नदी
(स) बारना नदी (द) चम्बल नदी

व्याख्या- बारना नदी परियोजना बारना नदी पर स्थित है। इस परियोजना से सर्वाधिक लाभांवित होने वाला जिला रायसेन है। इस परियोजना द्वारा 60290 हेक्टेयर भूमि सिंचित होती है।

102. 'रजत जलप्रपात' कहाँ है? (ड्रग इंस्पेक्टर परीक्षा 2012)

(अ) सागर (ब) रीवा के निकट
(स) अरावली श्रृंखला (द) पचमढ़ी

व्याख्या- रजत जलप्रपात एवं अप्सरा जलप्रपात पचमढ़ी में स्थित है।

103. मध्यप्रदेश में बहने वाली सबसे लम्बी नदी है- (मध्यप्रदेश स्टोनो ग्राफर परीक्षा 2012)

(अ) ताप्ती (ब) नर्मदा
(स) चम्बल (द) सोन

व्याख्या- म.प्र. की सबसे बड़ी जीवनदायनी नदी नर्मदा है। नर्मदा नदी का उद्गम अनुपपुर जिले के अमरकंटक नामक पहाड़ी से हुआ है यह पश्चिम दिशा की ओर बहती हुई खम्भात की खाड़ी (अरब-सागर) में गिरती है। इस नदी की कुल लम्बाई 1312 km. है तथा यह नदी म.प्र. में 1077 km. बहती है।

104. सोन नदी पर निम्नलिखित में से कौन-सा बाँध बनाया गया है? (पुलिस आरक्षक 2013)

(अ) माही (ब) प्रताप सागर
(स) कोलार (द) बाण सागर

94.(द) 95.(स) 96.(ब) 97.(ब) 98.(अ) 99.(ब) 100.(द) 101.(स) 102.(द) 103.(ब) 104.(द)

व्याख्या- सोन नदी का उद्गम अमरकंटकं से होता है।
सोन नदी पर बाणसागर बाँध स्थित है।
बाणसागर परियोजना मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, बिहार की संयुक्त परियोजना है। बाणसागर बाँध शहडोल जिले के देवलोद नामक स्थान पर स्थित है। 425 MW जल विद्युत उत्पादन।

**105. मध्यप्रदेश की उत्तरी सीमा किस नदी द्वारा निर्धारित होती है ?**
( पर्यटन विभाग ( सहायक ग्रेड-3 ), 2013 )

(अ) चम्बल (ब) गोदावरी
(स) नर्मदा (द) ताप्ती

व्याख्या- चम्बल नदी मध्य प्रदेश की उत्तरी सीमा का निर्धारण करती है। चम्बल नदी का उद्गम महू के पास जानापाव की पहाड़ियों से हुआ है इसकी कुल लम्बाई 965 km है। यह इटावा के पास यमुना नदी में मिलती है।

**106. ताप्ती नदी का उद्गम स्थल म.प्र. के किस जिले में है?**
( पर्यटन विभाग परीक्षा- 2013 )

(अ) होशंगाबाद (ब) बैतूल
(स) मण्ड़ला (द) जबलपुर

व्याख्या- ताप्ती नदी का उद्गम मध्य प्रदेश के बैतूल जिले के मुलताई तहसील (सतपुड़ा) श्रेणी से हुआ है। नर्मदा के बाद ताप्ती दूसरी ऐसी नदी है जो ''पूर्व से पश्चिम'' दिशा में बहती है। ताप्ती नदी नर्मदा के समान्तर बहती हुई खम्भात की खाड़ी (अरब सागर) में गिरती है। ताप्ती नदी की कुल लम्बाई 724 कि.मी. है।

**107. राजघाट बाँध का निर्माण किस नदी पर है?**
( पर्यटन विभाग परीक्षा- 2013 )

(अ) ताप्ती (ब) नर्मदा
(स) बेतवा (द) चम्बल

व्याख्या- राजघाट परियोजना मध्य प्रदेश और उत्तर-प्रदेश की संयुक्त परियोजना है। राजघाट बाँध ललितपुर जिले में है, राजघाट परियोजना एक बहुउद्देशीय परियोजना है। इस परियोजना पर सिंचाई के अतिरिक्त विद्युत उत्पादन भी किया जाता है।

**108. चम्बल नदी पर निम्न में से कौन से बाँध का निर्माण हुआ है?**
( पर्यटन विभाग परीक्षा- 2013 )

(अ) कोलार बाँध (ब) राजघाट बाँध
(स) गाँधी सागर बाँध (द) केरवा बाँध

व्याख्या- गाँधी सागर बाँध का निर्माण चम्बल नदी पर किया गया है।
चम्बल परियोजना मध्य प्रदेश व राजस्थान की संयुक्त परियोजना है। चम्बल नदी पर तीन बाँध स्थित है ।

(1) गाँधी सागर बाँध - मंदसौर
(2) राणा प्रताप सागर - चित्तौड़गढ़(राजस्थान)
(3) जवाहर सागर योजना - कोटा (राजस्थान)

राजघाट बांध बेतवा एवं कोलार बाँध कोलार नदी पर स्थित है।

**109. म.प्र. में निम्न में से कौनसी नदी नहीं बहती है ?**
( पर्यटन विभाग परीक्षा- 2013 )

(अ) पार्वती (ब) यमुना
(स) सिंध (द) सोन

व्याख्या- मध्य प्रदेश में यमुना नदी नहीं बहती है। यमुना नदी भारत की सबसे बडी सहायक नदी है। दिल्ली यमुना नदी के किनारे स्थित है।
मध्य प्रदेश में बहने वाली प्रमुख नदियाँ नर्मदा, चम्बल, सोन, ताप्ती, सिंध, पार्वती, क्षिप्रा, कालीसिंध, जोहिला एवं सिवना।

**110. धार किस नदी के तट पर स्थित है?**
( असीस्टेन्ट सब इंस्पेक्टर परीक्षा- 2013 )

(अ) केन नदी (ब) नर्मदा नदी
(स) सोन नदी (द) बनास नदी

व्याख्या- धार नर्मदा नदी के तट पर स्थित है । अन्य शहर निम्न है जबलपुर, महेश्वर, ओंकारेश्वर, निमाड़, बड़वानी, मण्डला, मण्डलेश्वर, कसरावद होशंगाबाद, नेमावर, पुनासा, बड़वाह आदि है।

**111. नर्मदा नदी के निकट निम्न में से कौन-सा शहर स्थित है?**
( असीस्टेन्ट सब इंस्पेक्टर परीक्षा- 2013 )

(अ) ओंकारेश्वर (ब) जबलपुर
(स) झाबुआ (द) उपरोक्त सभी

व्याख्या- नर्मदा नदी के निकट ओंकारेश्वर जबलपुर तथा झाबुआ तीनों ही जिले स्थित है । यह नदी अमरकंटक से निकलकर खम्भात की खाडी में गिरती है। इसकी कुल लम्बाई 1312 km. है।

**112. 'रामघाट' किस नदी के तट पर स्थित है-**

(अ) नर्मदा (ब) बेतवा
(स) क्षिप्रा (द) कालीसिंध

व्याख्या- 'रामघाट' क्षिप्रा नदी के तट पर उज्जैन में स्थित है। यहाँ पर विशेष पर्व, उत्सव एवं स्नान (जैसे- सिंहस्थ कुंभ मेला) पर लाखों साधु संत एवं श्रद्धालु डुबकी लगाकर स्नान करते हैं।

**113. ओंकारेश्वर बांध की ऊँचाई है-**

(अ) 107 मीटर (ब) 33 मीटर
(स) 108 मीटर (द) 197 मीटर

व्याख्या- नर्मदा नदी पर निर्मित ओंकारेश्वर बांध की ऊँचाई 33 मीटर है जबकि गुजरात में निर्माणाधीन सरदार सरोवर बांध की ऊँचाई 138 मीटर निर्धारित की गई है।

**114. चम्बल नदी के उद्गम स्थल जानापाव पहाड़ियाँ महू में किस महर्षि का आश्रम है।**

(अ) महर्षि जमदग्नि (ब) महर्षि विश्वामित्र
(स) महर्षि सान्दीपनि (द) महर्षि दुर्वासा

105.(अ) 106.(ब) 107.(स) 108.(स) 109.(ब) 110.(ब) 111.(द) 112.(स) 113.(ब) 114.(अ)

व्याख्या- चम्बल नदी के उद्गम स्थल के समीप परशुराम के पिताजी महर्षि जमदग्नि का आश्रम है-

**115. मध्यप्रदेश के निम्नलिखित में से किस जिले से नर्मदा नदी प्रवाहित नहीं होती हैं-**

(अ) अनूपपुर (ब) डिण्डोरी
(स) जबलपुर (द) कटनी

व्याख्या- मध्यप्रदेश में नर्मदा नदी अनूपपुर डिण्डोरी जबलपुर सहित कुल 15 जिलों से प्रवाहित होती है किन्तु कटनी जिले से प्रवाहित नहीं होती है।

**116. मध्यप्रदेश की लम्बाई के अनुसार नदियों का सही क्रम है-**

(अ) नर्मदा चम्बल सोन ताप्ती बेतवा
(ब) नर्मदा सोन चम्बल ताप्ती बेतवा
(स) ताप्ती बेतवा सोन नर्मदा चम्बल
(द) बेतवा ताप्ती सोन चम्बल नर्मदा

व्याख्या- मध्यप्रदेश की लम्बाई के अनुसार नदियों का सही क्रम है-
1. नर्मदा (1312 km), 2. चम्बल (956 km) सोन (780 km)
4. ताप्ती (724 km) 5. बेतवा (480 km)

**117. निम्न में से कौन-सी नदी दक्षिण दिशा में नहीं बहती है?** (डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016)

(अ) गोदावरी (ब) बाणगंगा
(स) केन (द) इन्द्रावती

व्याख्या : उपर्युक्त नदियों में से केन नदी दक्षिण दिशा में नहीं बहती है जबकि गोदावरी, बाणगंगा एवं इन्द्रावती नदी दक्षिण दिशा में बहती है।

**118. बेतवा नदी से कौन-सी नहर निकलती है?** (डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016)

(अ) हलाली (ब) तवा
(स) बारना (द) चंबल

व्याख्या : बेतवा नदी से हलाली नहर, हलाली बांध (सम्राट अशोकसागर परियोजना निकाली गयी है। इससे मध्यप्रदेश के विदिशा एवं रायसेन जिले लाभांवित हो रहे हैं।

**119. मध्य भारत के पठारों की नदियाँ आमतौर पर किस दिशा में बहती हैं।** (डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016)

(अ) पूर्व
(ब) पश्चिम और उत्तर-पश्चिम
(स) उत्तर और उत्तर-पश्चिम (द) पश्चिम

व्याख्या : मध्य भारत के पठारों की नदियाँ आमतौर पर उत्तर और उत्तर पश्चिम में बहती है।

**120. वर्धा नदी कहाँ से निकलती हैं?** (डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016)

(अ) छिंदवाड़ा (ब) सिवनी
(स) बैतूल (द) उज्जैन

व्याख्या : वर्धा नदी बैतूल जिले में वर्धन पर्वत से निकलती है एवं उसका समागम बेनगंगा नदी में महाराष्ट्र राज्य में होता है।

**121. दर्दी जल प्रपात किस नदी पर स्थित हैं?** (डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016)

(अ) चम्बल (ब) सोन
(स) नर्मदा (द) बीहड़

व्याख्या : दर्दी जलप्रपात नर्मदा नदी पर बड़वाह के पास स्थित है।

**122. होशंगाबाद किस नदी के किनारे है?** (डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016)

(अ) पार्वती (ब) नर्मदा
(स) बेतवा (द) ताप्ती

व्याख्या : होशंगाबाद नर्मदा नदी के किनारे स्थित है।

**123. मध्यप्रदेश की कौन सी नदी खम्बात की खाड़ी में गिरती है?** (डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016)

(अ) चम्बल (ब) बेतवा
(स) ताप्ती (द) सोन

व्याख्या : मध्यप्रदेश की नर्मदा एवं ताप्ती नदी खम्भात की खाड़ी में गिरती है।

**124. चचाई जल प्रपात किस नदी पर है?** (डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016)

(अ) बीहड़ (ब) नर्मदा
(स) बीना (द) केन

व्याख्या : चचाई जल प्रपात बीहड़ नदी पर रीवा जिले में स्थित है। यह मध्यप्रदेश का सबसे ऊँचा (130 मीटर) जलप्रपात है।

**125. सोन नदी की लम्बाई कितनी है?** (डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016)

(अ) 380 (ब) 580
(स) 780 (द) 980

व्याख्या : सोन नदी की कुल लंबाई लगभग 780 किमी. है सोन नदी का उद्गम अमरकंटक में समागम गंगा नदी में पटना के समीप होता है।

**126. चुलिया जलप्रपात किस नदी पर स्थित है-** (डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016)

(अ) सोन (ब) चंबल
(स) बेतवा (द) क्षिप्रा

व्याख्या : चूलिया जलप्रपात चंबल नदी पर भेंसरोड़ कोटा संभाग (राजस्थान) स्थित है।

**127. मन्धार जल प्रपात किस नदी पर है?** (डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016)

115.(द) 116.(अ) 117.(स) 118.(अ) 119.(स) 120.(स) 121.(स) 122.(ब) 123.(स) 124.(अ) 125.(स) 126.(ब) 127.(द)

(अ) चम्बल (ब) काली सिंध
(स) बेतवा (द) नर्मदा

व्याख्या : मंधार जल प्रपात नर्मदा नदी पर बड़वाह स्थित है।

128. तवा बांध किस नदी पर है? ( डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016 )
(अ) नर्मदा (ब) तवा
(स) बेनगंगा (द) बेतवा

व्याख्या : तवा बांध नर्मदा की सहायक तवा नदी पर होशंगाबाद जिले में बनाया गया है।

129. पुरास्थल एरण किस नदी के किनारे स्थित है? ( डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016 )
(अ) बीना नदी (ब) काली सिंध नदी
(स) टमस नदी (द) नर्मदा नदी

व्याख्या : पुरास्थल एरण बीना नदी के किनारे सागर जिले में स्थित है। एरण स्थल से सतीप्रथा का प्रथम प्रमाण मिला है।

130. संजय सरोवर योजना किस नदी से संबंधित है? ( डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016 )
(अ) ताप्ती (ब) नर्मदा
(स) चंबल (द) वैनगंगा

व्याख्या : संजय सरोवर योजना बैनगंगा नदी से संबंधित है।

131. निम्नलिखित में से किस नदी को म.प्र. की जीवन रेखा कहा जाता है? ( डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016 )
(अ) नर्मदा (ब) ताप्ती
(स) चंबल (द) तवा

व्याख्या : म.प्र. की सबसे बड़ी नदी नर्मदा नदी अपनी कृषि सिंचाई, पेयजल की महत्ता के कारण म.प्र. की जीवन रेखा कहलाती है।

132. मध्यप्रदेश के पूर्वी क्षेत्र में बहने वाली नदी जो उड़ीसा के पास बंगाल की खाड़ी में मिलती है? ( महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता 2016 )
(अ) देनवा (ब) महानदी
(स) शिप्रा (द) चंबल

व्याख्या- मध्यप्रदेश के पूर्वी क्षेत्र में बहने वाली महानदी उड़ीसा के पास बंगाल की खाड़ी में गिरती है। इसकी लम्बाई 858 किमी है। हीराकुन्ड बांध इसी नदी पर बनाया गया है।

133. जिस पहाड़ी पर शिप्रा नदी का उद्गम होता है, वह है ( महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता 2016 )
(अ) मिज़ो पहाड़ी (ब) काकरीबर्डी पहाड़ी
(स) अमरकंटक पहाड़ी (द) केवई पहाड़ी

व्याख्या- क्षिप्रा नदी का उद्गम इन्दौर के काकरी बर्डी से होता है और यह चंबल में मिलती है। उज्जैन क्षिप्रा नदी के किनारे स्थित है। इसकी लम्बाई 195 किमी है।

134. सरस्वती और खान किसकी सहायक नदियाँ हैं? ( महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता 2016 )
(अ) यमुना (ब) नर्मदा
(स) शिप्रा (द) चम्बल

व्याख्या- सरस्वती और खान, क्षिप्रा की सहायक नदियाँ है।

135. केवई नदी किस नदी में मिलती है? ( महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता 2016 )
(अ) सोन (ब) खान
(स) जोहिला (द) गंभीर

व्याख्या- केवई नदी सोन नदी में मिलती है और सोन नदी गंगा नदी में मिलती है।

136. खान और गंभीर हैं ( महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता 2016 )
(अ) सहायक नदियाँ (ब) वितरिकाएं
(स) झील (द) नहरें

व्याख्या- खान क्षिप्रा नदी की और गंभीर नर्मदा की सहायक नदियाँ है।

137. केवई और जोहिला नदियों में क्या समानता हैं? ( महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता 2016 )
(अ) दोनों नर्मदा की सहायक नदियाँ हैं
(ब) दोनों का उद्गम स्थान मैकाल पहाड़ी है
(स) दोनों वितरिका हैं और बहकर अरब सागर में मिलती हैं
(द) दोनों ग्वालियर की नदियाँ हैं

व्याख्या- केवई और जोहिला दोनों नदियों का उद्गम स्थल मैकाल पहाड़ी है। केवई सोन नदी में मिलती है।

138. लश्कर के मैदान की सीमा बनाने वाली दो नदियाँ ( महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता 2016 )
(अ) यमुना और गंगा (ब) यमुना और चंबल
(स) गंगा और यमुना (द) सोन और चंबल

व्याख्या- लश्कर के मैदान की सीमा बनाने वाली दो नदियाँ यमुना और चंबल है।

139. सरस्वती और खान नदियों के बीच स्थित जिला है ( महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता 2016 )
(अ) बैतूल (ब) इंदौर
(स) धार (द) रीवा

व्याख्या-इन्दौर सरस्वती और खान नदियों के बीच स्थित है।

128.(ब) 129.(अ) 130.(द) 131.(अ) 132.(ब) 133.(ब) 134.(स) 135.(अ) 136.(अ) 137.(ब) 138.(ब) 139.(ब)

140. यशवंत झील इस जगह को जल की आपूर्ति करता है।
( महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016 )
(अ) ग्वालियर (ब) इंदौर
(स) भोपाल (द) शाहपुरा

व्याख्या- यशवंत झील इन्दौर क्षेत्र को जल की आपूर्ति करता है।

141. यमुना से न जुड़ने वाली नदी है।
( महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016 )
(अ) चम्बल (ब) बेतवा
(स) सिन्ध (द) सोन

व्याख्या- यमुना से न जुड़ने वाली नदी सोन है। यह अमरकंटक से निकलकर बिहार में गंगा से मिलती है। इसकी लम्बाई 780 किमी है।

142. माही एक नदी है जो बहती है ( महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016 )
(अ) पूरब से पश्चिम (ब) पश्चिम से पूरब
(स) उत्तर से दक्षिण (द) दक्षिण से उत्तर

व्याख्या- माही एक नदी है, जो पूरब से पश्चिम की ओर बहती है। यह नदी विंध्यांचल पर्वत से निकलती है।

143. वैनगंगा एक नदी है जो बहती है
( महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016 )
(अ) उत्तर की ओर (ब) दक्षिण की ओर
(स) पूरब की ओर (द) पश्चिम की ओर

व्याख्या- वैनगंगा एक नदी है, जो दक्षिण की और बहती है। बैनगंगा नदी पारसवाडा पठार सिवनी से निकलकर गोदावरी में मिलती है।

144. पैंच एक नदी है जो .... नदी से जुड़ती है।
( महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016 )
(अ) यमुना (ब) गंगा
(स) गोदावरी (द) चम्बल

व्याख्या- पेंच एक नदी है जो गोदावरी नदी से जुड़ती है।

145. गंगा द्रोणी किस ओर नहीं बढ़ती है।
( महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016 )
(अ) मन्दसौर (ब) उज्जैन
(स) शाजापुर (द) छिन्दवाड़ा

व्याख्या- गंगा द्रोणी छिन्दवाड़ा की ओर नहीं बढ़ती है।

146. मध्यप्रदेश व राजस्थान के बीच सीमा बनाने वाली नदी है।
( महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016 )
(अ) चम्बल (ब) सिन्ध
(स) यमुना (द) सन

व्याख्या- मध्यप्रदेश व राजस्थान के बीच सीमा बनाने वाली नदी चम्बल है। यह महू के जानपाव से निकलकर राजस्थान में प्रवेश करती है और फिर वापस म.प्र. में आकर इटावा के पास हमीरपुर में यमुना से मिलती है। इसकी लम्बाई 965 किमी है।

147. बरगी ...... नदी की एक सहायक नदी है।
( महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016 )
(अ) नर्मदा (ब) यमुना
(स) चम्बल (द) बंजार

व्याख्या- बरगी नर्मदा नदी की एक सहायक नदी है। बरगी बांध को जबलपुर में नर्मदा नदी पर बनाया गया है।

148. अमरकंटक ......... जिला में स्थित है।
( महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016 )
(अ) अनूपपुर (ब) शाहपुरा
(स) भोजपुर (द) इटारसी

व्याख्या- अमरकंटक एक तहसील है, जो की अनुपपुर जिले में स्थित है। अमरकंटक से नर्मदा, जोहिला तथा सोन नदी निकलती है।

149. ओरछा एक शाही कस्बा है जो .... नदी किनारे स्थित है।
( महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016 )
(अ) बेतवा (ब) तावा
(स) बरना (द) सोन

व्याख्या- ओरछा एक शाही कस्बा है, जो कि बेतवा नदी के किनारे स्थित है। बेतवा नदी कुमरा गाँव रायसेन से निकलकर यमुना में मिलती है।

150. किस नदी की किसी भी एक ओर से संगमरमर की चट्टानें 100 फिट तक की वृद्धि करती है? ( महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016 )
(अ) ताप्ती (ब) बेतवा
(स) नर्मदा (द) चम्बल

व्याख्या- नर्मदा नदी के किसी भी एक ओर से संगमरमर की चट्टाने 100 फीट तक वृद्धि करती है।

151. चंबल, जामनी और कुंवारी इस नदी के द्रोणी का एक हिस्सा हैं।
( महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016 )
(अ) गंगा (ब) नर्मदा
(स) यमुना (द) चम्बल

व्याख्या- चंबल, जामनी और कुंवारी गंगा नदी के द्रोणी का हिस्सा है।

152. मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के बीच एक सीमा बनाने वाली नदी
( महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016 )
(अ) जामनी (ब) चंबल
(स) बेतवा (द) गंभीर

140.(ब) 141.(द) 142.(अ) 143.(ब) 144.(स) 145.(द) 146.(अ) 147.(अ) 148.(अ) 149.(अ) 150.(स) 151.(अ) 152.(अ)

व्याख्या- मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश के बीच एक सीमा बनाने वाली नदी जामनी है।

153. कुंवारी ......... है। ( महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016 )
(अ) सिंध की सहायक नदी
(ब) बेतवा की सहायक नदी
(स) चंबल नदी का एक भाग
(द) ग्वालियर में मानव निर्मित नहर है

व्याख्या- कुंवारी सिंधु की सहायक नदी है। कुंवारी नदी शिवपुरी के पठार से निकलकर सिंध में मिलती है।

154. कपिल धारा, मंधार, दुआधार में क्या समानता है? ( महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016 )
(अ) सभी सहायक नदियाँ हैं (ब) सभी ज्वारनदमुख हैं
(स) सभी झरने हैं (द) सभी डेल्टा हैं

व्याख्या- कपिल धारा, मंधार, धुआधार ये सभी झरने है। ये सभी झरने नर्मदा नदी पर स्थित है। कपिल धारा अनुपपुर में 15m ऊँचा जल प्रपात है। धुआधार भेडाघाट जबलपुर में 18 मी. ऊँचा झरना है।

155. मध्य प्रदेश की दूसरी सबसे लंबी नदी है ( महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016 )
(अ) ताप्ती (ब) चंबल
(स) रीवा (द) सोन

व्याख्या- मध्यप्रदेश की दूसरी सबसे बड़ी नदी चंबल 965 किमी है। म.प्र. की सबसे बड़ी नदी नर्मदा 1312 किमी. है।

156. हलाली जलाशय जिस नदी पर है उसे पहले ..... कहा जाता था। ( महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016 )
(अ) थाल (ब) रीवा
(स) तवा (द) जामनी

व्याख्या- हलाली जलाशय जिस नदी पर है, उसे पहले थाल कहा जाता था।

157. नर्मदा नदी पर सबसे बड़ा बांध है ( महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016 )
(अ) बरगी (ब) सरदार सरोवर
(स) तिगरा बांध (द) बारना बांध

व्याख्या- नर्मदा नदी पर सबसे बड़ा बांध सरदार सरोवर है। यह बांध गुजरात में स्थित है। इस बांध में भागीदार राज्य म.प्र., महाराष्ट्र, गुजरात व राजस्थान है।

158. चूलिया एक .... है। ( महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016 )
(अ) सहायक नदी (ब) शाखा
(स) झरना (द) तीव्र

व्याख्या- चूलिया एक झरना है, जोकि चम्बल नदी पर स्थित है।

159. नदी जो की गहरी घाटियों और संकरी घाटियों नालों का निर्माण करती है, वो ...... है। ( महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016 )
(अ) नर्मदा (ब) चंबल
(स) बेतवा (द) ताप्ती

व्याख्या- चंबल नदी गहरी घाटियों और संकरी घाटियों नालों का निर्माण करती है। इस नदी के द्वारा ही सबसे ज्यादा मृदा अपरदन होता है।

160. मैकाल पहाड़ियां विभिन्न नदियों का स्रोत हैं और इसलिए इसको ....... कहा जा सकता है। ( महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016 )
(अ) नदी घाटी (ब) ग्लेशियर
(स) वाटरशेड (द) जल स्रोत

व्याख्या- मेकाल पहाडियाँ विभिन्न नदियों का स्रोत है इसलिए इसको वाटरशेड कहा जा सकता है।

161. बरोदिया ........ नदी में एक सिंचाई नहर है। ( महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016 )
(अ) महानदी (ब) नर्मदा
(स) चंबल (द) तवा

व्याख्या- बरोदिया चंबल नदी में एक सिंचाई नहर है। यह शाजापुर जिले में स्थित है। इससे लाभान्वित जिला राजगढहै। यह 1975 में बनकर तैयार हुई।

162. नर्मदा एक अलग जल निकासी पैटर्न को दर्शाता है, क्योंकि ...........। ( महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016 )
(अ) यह एक दरार घाटी से होकर गुजरता है
(ब) यह पश्चिमी की ओर बहती है
(स) यह भी कई सहायक नदियों के पास नहीं है
(द) यह एक छोटी नदी है

व्याख्या- नर्मदा एक अलग जल निकासी पैटर्न को दर्शाती है, क्योंकि यह एक दरार घाटी से होकर गुजरती है।

163. इंद्रावती की घाटी में ...... नदी है। ( महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016 )
(अ) चंबल (ब) बेतवा
(स) गोदावरी (द) ताप्ती

व्याख्या- इन्द्रावती की घाटी में गोदावरी नदी है।

164. महेश्वर एक मंदिरों का शहर है और यह ........... नदी के तट पर स्थित है। ( महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016 )
(अ) चंबल (ब) नर्मदा
(स) बेतवा (द) ताप्ती

व्याख्या- महेश्वर एक मंदिरों का शहर है। यह नर्मदा नदी के तट पर स्थित है। यहाँ पर सहस्त्र धारा जल प्रपात भी है। यह 8 मीटर ऊँचा है।

165. बघेलखण्ड के प्रमुख क्षेत्र सतना में कौन-सी नदी बहती है? ( महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016 )

153.(अ) 154.(स) 155.(ब) 156.(अ) 157.(ब) 158.(स) 159.(ब) 160.(स) 161.(स) 162.(अ) 163.(स) 164.(ब)

(अ) सतना (ब) नर्मदा
(स) तप्ती (द) महानदी

व्याख्या- बघेलखण्ड के प्रमुख क्षेत्र सतना में सतना नदी बहती है। सतना नदी को यह नाम सुतना से मिला है। यह नदी पन्ना जिले के संग्रामपुर गाँव सुत्तीकशना (सारंग) आश्रम से निकलती है।

166. मैकाल में उत्पन्न होने वाली नदियों के नाम बताईयें।
(महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016)
(अ) नर्मदा व ताप्ती (ब) नर्मदा व सोन
(स) सोन व कष्यप (द) कावेरी व सिन्धु

व्याख्या- मैकाल पहाडी से निकलने वाली नदियाँ नर्मदा, सोन व जौहिला है। नर्मदा नदी अरब सागर में गिरती है, जबकि सोन नदी गंगा में मिल जाती है।

167. नर्मदा नदी पर निर्मित 30 बड़े बांधों की शृंखला में से कौन-सा बांध पहले पूर्ण हुए बांधों में से एक है?
(महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016)
(अ) बनसागर बांध (ब) बारगी बांध
(स) मदिखेड़ा बांध (द) तिगरा बांध

व्याख्या- नर्मदा नदी पर निर्मित 30 बड़े बांधों की शृंखला में से बरगी बांध पहले पूर्ण हुए बांधो में से एक है। यह जबलपुर जिले में स्थित है।

168. महेश्वर से बहने वाली नदी का नाम बताईये।
(महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016)
(अ) नर्मदा (ब) कश्यप
(स) सिन्धु (द) ताप्ती

व्याख्या- महेश्वर से बहने वाली नदी नर्मदा है। यह अमरकंटक से निकलकर खम्भात की खाड़ी में गिरती है। इसकी कुल लम्बाई 1312 किमी है।

169. सोन नदी सीधे किसमें मिलती है?
(महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016)
(अ) बृह्मपुत्रा (ब) कृष्णा
(स) गोदावरी (द) गंगा

व्याख्या- सोन नदी बिहार के पटना में जाकर गंगा में मिलती है। सोन नदी अमरकंटक से निकलती है।

170. नर्मदा, ताप्ती और माही नदियां पश्चिम की ओर बहती हुई ....... में मिलती है।
(महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016)
(अ) अरब सागर (ब) हिन्द महासागर
(स) बंगाल की खाड़ी (द) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या- नर्मदा, ताप्ती और माही नदिया पश्चिम की ओर बहती हुए सीधे अरब सागर में गिरती है।

171. किस स्थान पर बेतवा नदी यमुना से मिलती है?
(महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016)
(अ) हमीरपुर (ब) उज्जैन
(स) शाजापुर (द) मान

व्याख्या- बेतवा नदी कुमरा गाँव रायसेन से निकलकर हमीरपुर के पास यमुना में मिलती है। इसकी कुल लम्बाई 380 किमी है।

172. वह नदी जो मध्य प्रदेश से निकलकर राजस्थान जाती है और फिर पुनः मध्य प्रदेश में प्रवेश करती है-
(महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016)
(अ) चंबल (ब) सिंधु
(स) यमुना (द) सोन

व्याख्या- चंबल वह नदी है जो मध्यप्रदेश से निकलकर राजस्थान जाती है और फिर पुनः मध्यप्रदेश में प्रवेश करती है।

173. मान ....... नदी की सहायक नदी है।
(महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016)
(अ) नर्मदा (ब) चम्बल
(स) गोदावरी (द) यमुना

व्याख्या- मान नर्मदा की एक सहायक नदी है। चम्बल यमुना की सहायक नदी है। यमुना गंगा की सहायक नदी है।

174. बरारी, नीमखेड़ा, रिच्छन और केसरी-ये सभी
(महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016)
(अ) विंध्य पर्वतमाला में उत्पन्न होने वाली नदियाँ हैं
(ब) चंबल की सहायक नदियाँ हैं
(स) नर्मदा की उपनदियाँ हैं
(द) ऊपरी बेतवा के बांध हैं

व्याख्या- बरारी, नीमखेडा, रिच्छन और केसरी ये सभी ऊपरी बेतवा के बांध है।

175. जमनी नदी कहाँ पर उत्पन्न होती है?
(महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016)
(अ) सागर (ब) रीवा
(स) उज्जैन (द) बैतूल

व्याख्या- जमनी नदी सागर जिले से निकलती है।

176. एक गहरा चैनल जिसके माध्यम से नर्मदा और ताप्ती समुद्र में मिलती है वो कहा जाता है
(महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016)
(अ) डेल्टा (ब) फ्लड प्लेन
(स) सेतु (द) मुहाना (एस्चुअरी)

व्याख्या- एक गहरा चैनल जिसके माध्यम से नर्मदा और ताप्ती समुद्र में मिलती है, एश्चुअरी (मुहाना) कहलाता है।

165.(अ) 166.(ब) 167.(ब) 168.(अ) 169.(द) 170.(अ) 171.(अ) 172.(अ) 173.(अ) 174.(द) 175.(अ) 176.(द)

177. ताप्ती नदी का मूल स्थान है (महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016)

(अ) अमरकंटक (ब) मुलताई

(स) रायसेन जिला (द) मुरुम नाला

व्याख्या- ताप्ती नदी म.प्र. के बैतुल जिले के मुलताई से निकलती है। और खम्भात की खाड़ी में गिरती है। इसकी कुल लम्बाई 724 किमी. है। यह एश्चुअरी का निर्माण करती है। यह पूर्व से पश्चिम की और बहती है।

178. किस नदी को "स्वर्ण" कहा जाता है? (महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016)

(अ) नर्मदा (ब) चंबल

(स) सोन (द) ताप्ती

व्याख्या- सोन नदी को "स्वर्ण" नदी कहा जाता है। यह अनुपपुर जिले के अमरकंटक से निकलकर बिहार में गंगा नदी में मिलती है। इसकी कुल लम्बाई 780 किमी है।

179. तमसा नदी को टोंस भी बुलाया जाता है। ये नदी यहाँ से निकलती है (महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016)

(अ) सतना जिला (ब) मटकाई हिल्स

(स) होशंगाबाद (द) शाहपुरा

व्याख्या- तमसा नदी को टोंस भी कहते है। यह नदी कैमुर श्रेणी के सतना जिले के मैहर तहसील से निकलती है। इसकी कुल लम्बाई 264 किमी. है।

180. ओंकारेश्वर ......... और ..... नदियों के सम्मेलन पर स्थित है। (महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016)

(अ) ताप्ती व त्रिवेणी (ब) गोमती व त्रिवेणी

(स) नर्मदा व कावेरी (द) त्रिवेणी व यमुना

व्याख्या- ओंकारेश्वर, नर्मदा और कावेरी नदियों के सम्मेलन पर स्थित है।

181. उत्तर और दक्षिण भारत के पारंपरिक सीमा नदी ..... थी। (महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016)

(अ) सोन (ब) नर्मदा

(स) सिंधु (द) गंगा

व्याख्या- उत्तर और दक्षिण भारत की पारम्परिक सीमा नदी नर्मदा है। इसकी कुल लम्बाई 1312 किमी है। इसे म.प्र. की जीवन रेखा भी कहते हैं।

182. नदी बनास सहायक नदी है ........की। (महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016)

(अ) चंबल (ब) नर्मदा

(स) ताप्ती (द) बेतवा

व्याख्या- बनास नदी चंबल की एक सहायक नदी है। क्षिप्रा, पार्वती, सिंध आदि भी चंबल की सहायक नदियाँ है।

183. जब आप अजयगढ़किला पर जाते हैं, तो आप ...... नदी को देख सकते है। (महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016)

(अ) ताप्ती और नर्मदा (ब) यमुना

(स) केन (द) खद्दर

व्याख्या- केन नदी छतरपुर तथा पन्ना जिलो से होकर निकलती है। अजयगढ़ का किला पन्ना जिले में स्थित है।

184. क्वारी नदी जिला ......... से होकर बहती है। (महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016)

(अ) मुरैना (ब) ग्वालियर

(स) रीवा (द) इंदौर

व्याख्या- क्वारी नदी मुरैना जिले से होकर निकलती है।

185. सुनार सहायक नदी है ........ की (महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016)

(अ) नर्मदा (ब) चंबल

(स) सोन (द) ताप्ती

व्याख्या- सुनार नर्मदा की सहायक नदी है। नर्मदा की कुल 41 सहायक नदियाँ है।

186. क्षेत्र की पहचान और सही उत्तर का चयन कीजिये। (महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016)



(अ) कपिलधारा झरना (ब) केन नदी

(स) संगमरमर की चट्टान (द) चंबल नदी

व्याख्या- उक्त चित्र में संगमरमर की चट्टान का छायांकन किया गया है। जो जबलपुर जिले में नर्मदा नदी का भेड़ाघाट स्थल है।

187. पचमढ़ी में अप्सरा फॉल्स को ........ भी कहा जाता है। (महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016)

(अ) परी फॉल्स (ब) काबिनी फॉल्स

(स) रजत फॉल्स (द) कपिल झरना

व्याख्या- पचमढ़ी में अप्सरा फॉल्स को परी फाल्स भी कहा जाता है।

188. अंजार एक नदी है जो .... से गुजरती है। (महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016)

(अ) मांडू (ब) राजगढ़

(स) रतलाम (द) सोन

व्याख्या- अंजार एक नदी है जो कि राजगढ़ जिले से निकलती है।

189. छतरपुर जिले में दो नदियां हैं (महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016)

(अ) ताप्ती और नर्मदा (ब) गंगा और यमुना

177.(ब) 178.(स) 179.(अ) 180.(स) 181.(ब) 182.(अ) 183.(स) 184.(अ) 185.(अ) 186.(स) 187.(अ) 188.(ब) 189.(द)

(स) सोन और केन (द) केन और खद्दर

व्याख्या- छतरपुर जिले में केन और खद्दर दो नदियाँ है।

**190. रानेह झरना ...... नदियों द्वारा बनाया गया है।** (महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016)

(अ) सिंध (ब) केन और खद्दर
(स) बेतवा और सोन (द) चंबल

व्याख्या- रानेह झरना केन और खद्दर नदियों के मध्य बनाया जाता है।

**191. कपिल धारा ....... में स्थित है।** (महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016)

(अ) अमरकंटक (ब) नदी बेतवा
(स) सीधी जिले (द) ताप्ती

व्याख्या- कपिल धारा अमरकंटक जिले में स्थित है।

**192. रजत प्रपात ..... भी कहा जाता है।** (महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016)

(अ) कास्केड फॉल्स (ब) रजत फॉल्स
(स) रीवा का किला (द) बी फॉल्स

व्याख्या- रजत प्रपात को रजत फॉल्स भी कहा जाता है।

**193. भोपाल में बड़ा तालाब और छोटा तालाब क्या है?** (महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016)

(अ) राजाओं का अधिकारिक निवास स्थान
(ब) मानव द्वारा निर्मित सबसे बड़ी झीलें
(स) तालाबों (द) औपचारिक उद्यान

व्याख्या- भोपाल में बड़ा तालाब और छोटा तालाब मानव द्वारा निर्मित प्रदेश की सबसे बड़ी झीले हैं।

**194. बीना और हसन सहायक नदियां हैं ...... की।** (महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016)

(अ) चंबल (ब) ताप्ती
(स) नर्मदा (द) बेतवा

व्याख्या- बीना और हसन बेतवा की सहायक नदिया है। बेतवा नदी कुमरागाँव रायसेन से निकलती है। इसकी कुल लम्बाई 380 किमी है। बेतवा नदी के किनारे छतरपुर जिला स्थित है। यह यमुना नदी में मिलती है।

**195. मध्यप्रदेश का सबसे बड़ा सड़क पुल ......... नदी के उस पार स्थित है।** (महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016)

(अ) नर्मदा (ब) ताप्ती
(स) चंबल (द) तवा

व्याख्या- मध्यप्रदेश का सबसे बड़ा सड़क पुल तवा नदी पर स्थित है। यह होशंगाबाद में है।

**196. मांढर एक झरना है जो की इनके संगम के द्वारा बनाया गया है।** (महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016)

(अ) नर्मदा और ताप्ती (ब) नर्मदा और तवा
(स) चंबल और नर्मदा (द) चंबल और ताप्ती

व्याख्या- मांढर एक झरना है जो कि नर्मदा और तवा नदी के संगम पर बनाया गया है।

**197. जिला गुना ........... नदी से विभाजित है।** (महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016)

(अ) तवा (ब) तमसा
(स) सिंध (द) जामनी

व्याख्या- गुना जिले को सिंध नदी विभाजित करती है।

**198. साइकलोपीयन बांध ....... में है।** (महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016)

(अ) बेतवा नदी (ब) चंबल नदी
(स) ताप्ती (द) नर्मदा

व्याख्या- साइकलोपीयन बांध बेतवा नदी पर है। यह बांध रायसेन में स्थित है।

**199. बंजार नदी परियोजना ....... घाटी में है।** (महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016)

(अ) गंगा (ब) नर्मदा
(स) यमुना (द) चंबल

व्याख्या- बंजार नदी परियोजना नर्मदा घाटी में स्थित है।

**200. बारना सहायक नदी है ....... की।** (महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016)

(अ) बेतवा (ब) चंबल
(स) ताप्ती (द) नर्मदा

व्याख्या- बारना नर्मदा की सहायक नदी है।

**201. नर्मदा द्वारा गठित जल निकासी व्यवस्था है-** (महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016)

(अ) सलाखें (ब) वृक्ष के समान
(स) रेडियल (द) आयताकार

व्याख्या- सलाखे (Trellis) नर्मदा द्वारा गठित जल निकासी व्यवस्था है।

**202. लोकप्रिय शिव मंदिर जो की बेतवा नदी के तट पर है, ....... में स्थित है।** (महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016)

(अ) उज्जैन (ब) मांडू
(स) भोजपुर (द) रीवा

व्याख्या- लोकप्रिय शिव मंदिर जो कि बेतवा नदी के तट पर है, भोजपुर (रायसेन) में स्थित है।

**203. सिंध नदी मध्य प्रदेश के किस जिले से उद्गमित होती है?** (जेल प्रहरी 2015)

190.(ब) 191.(अ) 192.(ब) 193.(ब) 194.(द) 195.(द) 196.(ब) 197.(स) 198.(अ) 199.(ब) 200.(द) 201.(अ) 202.(स)

(अ) विदिशा (ब) सतना
(स) इंदौर (द) देवास

व्याख्या- सिन्ध नदीं मध्यप्रदेश के विदिशा जिले की सिरोंज तहसील से निकलती है।

204. त्रिवेणी किसकी सहायक नदी है? (जेल प्रहरी 2015)
(अ) क्षिप्रा (ब) तवा
(स) वैनगंगा (द) चंबल

व्याख्या- त्रिवेणी वैनगंगा की सहायक नदी है।

205. वह नदी कौन-सी है जो मध्य प्रदेश की दक्षिणी सीमा को बनाती है? (जेल प्रहरी 2015)
(अ) ताप्ती (ब) चंबल
(स) बेतवा (द) नर्मदा

व्याख्या- मध्यप्रदेश की दक्षिणी सीमा ताप्ती नदी बनाती है। यह बैतूल के मुल्ताई से निकलती है। इसकी लम्बाई 724 किलोमीटर है।

206. धुंआधार जलप्रपात मध्य प्रदेश के किस जिले में स्थित है? (जेल प्रहरी 2015)
(अ) रीवा (ब) सागर
(स) जबलपुर (द) पन्ना

व्याख्या- धुआँधार जलप्रपात मध्यप्रदेश के जबलपुर जिले में स्थित है। चचाई जलप्रपात बीहड़ नदी पर रीवा में स्थित है।

207. नर्मदा, ताप्ती और माही क्या हैं? (जेल प्रहरी 2015)
(अ) पश्चिम में बहने वाली नदियाँ
(ब) पूर्व में बहने वाली नदियाँ
(स) उत्तर में बहने वाली नदियाँ
(द) दक्षिण में बहने वाली नदियाँ।

व्याख्या- नर्मदा, ताप्ती और माही पश्चिम की ओर बहने वाली नदियाँ हैं। नर्मदा और ताप्ती नदियाँ एश्चुअरी बनाती हैं। नर्मदा मध्यप्रदेश की सबसे बड़ी नदी है।

208. पार्वती नदी का उद्‌गम जिला कौनसा है? (चतुर्थ श्रेणी 2015)
(अ) सीहोर (ब) इन्दौर
(स) सागर (द) गुना

व्याख्या- पार्वती नदी का उद्‌गम जिला सीहोर है तथा इंदौर जिले के महु नामक स्थान से चम्बल नदी निकलती है।

209. निम्नलिखित में से कौन-सी नदी मध्य प्रदेश में नहीं है: (प्री.बी.एड. 2015)
(अ) चम्बल (ब) बेतवा
(स) नर्मदा (द) गोदावरी

व्याख्या- गोदावरी नदी मध्यप्रदेश में नहीं बहती है।
यह नदी बहमगिरी माउण्टेन से त्रयम्बकेश्वर नासिक (महाराष्ट्र) से निकलकर बंगाल की खाड़ी में गिरती है।
इसकी लम्बाई 1465km है।

210. निम्न में से कौन-सी नदी मध्य प्रदेश की नहीं है? (MPSI 2014)
(अ) दूधी (ब) बरनार
(स) चमेली (द) लूनी

व्याख्या- लूनी नदी राजस्थान मे बहती है जबकि दूधी, बरनार, चमेली मप्र की नदियाँ हैं।

211. निम्न में से कौन-सी नदी यमुना नदी की सहायक नदी नहीं है? (सहायक ग्रेड-2014)
(अ) चम्बल (ब) पार्वती
(स) शिप्रा (द) सोनभद्र।

व्याख्या- सोन नदी म.प्र. के अमरकंटक से निकलकर यह पटना के निकट गंगा में मिल जाती है सोन को सोनभद्र भी कहा जाता है जबकि अन्य नदी चंबल, शिप्रा पार्वती यमुना की सहायक नदी है।

212. निम्न में से म.प्र. के किस वाटर फॉल को ''श्रेष्ठ हॉलीडे अवॉर्ड 2017'' से नवाजा गया है?
(अ) सहस्त्रधारा जलप्रपात (स) धुआँधार जलप्रपात
(ब) रानेह जलप्रपात (द) कपिलधारा जलप्रपात

व्याख्या- वर्ष 2017 में धुआंधार जलप्रपात को श्रेष्ठ हॉलीडे अवार्ड 2017 से नवाजा गया है।

213. भालकुण्ड जलप्रपात निम्न में से किस स्थान पर है-
(अ) भिण्ड (ब) पलिया
(स) सागर (द) टीकमगढ़

व्याख्या- भालकुण्ड जलप्रपात म.प्र. के सागर जिले में स्थित है। जो प्रदेश की बेतवा नदी के तट पर अवस्थित है।

214. निम्न में से किस नदी (म.प्र.) से अर्द्धनारीश्वर की मूर्ति प्राप्त हुई है?
(अ) सोन (स) कालीसिंध
(ब) नर्मदा (द) शिवना

व्याख्या- मंदसौर जिले के खानपुर मुक्तिधाम के निकट, शिवना नदी से अर्द्धनारीश्वर की मूर्ति प्राप्त हुई थी।

215. निम्न में से धसान किसकी सहायक नदी है।
(अ) यमुना (स) ताप्ती
(ब) तवा (द) नर्मदा

व्याख्या- धसान यमुना की सहायक नदी है।

216. नर्मदा और ताप्ती के अतिरिक्त म.प्र. की नदियाँ:- (MPPSC Pre-2016)

203.(अ) 204.(स) 205.(अ) 206.(स) 207.(अ) 208.(अ) 209.(द) 210.(द) 211.(द) 212.(ब) 213.(स) 214.(द) 215.(अ)

(अ) अरब सागर में जाती है।
(ब) बंगाल की खाड़ी में जाती है।
(स) हिंद महासागर में मिलती है।
(द) दूसरी-नदियों में मिल जाती है।

व्याख्या- नर्मदा व ताप्ती म.प्र. की ऐसी दो नदियाँ हैं जो पूर्व से पश्चिम की ओर बहती हुई खम्बात की खाड़ी में गिर जाती हैं। शेष सभी दूसरी नदियों से मिल जाती हैं।

**217. निम्नलिखित में से कौनसी नदी गोदावरी की उपनदी है?** (पुलिस आरक्षक-2016)

(अ) चंबल (स) बेतवा
(ब) बैनगंगा (द) केन

व्याख्या- म.प्र. की बैनगंगा गोदावरी की उपनदी है, जबकि चंबल की सहायक नदियाँ कालीसिंध, पार्वती बनास तथा बेतवा हैं।

**218. वह पवित्र नदी जो 'सिहंस्थ कुंभ मेलों' का स्थल है?** (Sub-Engineer Recruitment-2016)

(अ) नर्मदा (ब) सिंधु
(स) क्षिप्रा (द) गंगा

व्याख्या- क्षिप्रा नदी इंदौर के काकरा बरड़ी से उद्‌गमित होती हैं, जो कि ऐतिहासिक महत्व की नदी है। जिसके किनारे उज्जैन का प्रसिद्ध महाकाल का मंदिर अवस्थित है। प्रति 12 वर्ष बाद सिंहस्थ कुंभ का आयोजन यहाँ पर किया जाता है।

**219. किस झरने को स्थानीय स्तर पर 'बी फाल्स' कहा जाता है, क्योंकि वहाँ स्नान करने वाले लोगों को वहाँ का पानी चुभता है।** (पुलिस आरक्षक-2016)

(अ) पातालपानी (स) चचाई
(ब) जमुना प्रपात (द) किओरी

व्याख्या- पचमढ़ी का 'बी फाल्स' जमुना प्रपात के नाम से भी जाना जाता है। जो कि एक खूबसूरत पर्यटन स्थल है। यह प्रपात पचमढ़ी के लिए पीने का पानी प्रदान करता है।

**220. मालवा में प्रवाहित होने वाली मुख्य नदियाँ कौनसी हैं?** (पुलिस आरक्षक-2016)

(अ) चंबल, नर्मदा, पार्वती
(ब) माही, पार्वती, महानदी
(स) क्षिप्रा, चंबल, पार्वती
(द) चंबल, माही, क्षिप्रा, बेतवा और पार्वती

व्याख्या- मालवा में प्रवाहित होने वाली नदियाँ चंबल, माही, क्षिप्रा, बेतवा और पार्वती हैं। इन नदियों से पूरे मालवा क्षेत्र में सिंचाई सुविधा की उपलब्ध हो जाती है।

**221. कंचन घाट....नदी पर स्थित है?** (पुलिस आरक्षक-2016)

(अ) चंबल (ब) नर्मदा
(स) बेतवा (द) यमुना

व्याख्या- बेतवा नदी को म.प्र. की गंगा कहा जाता है। इसी नदी के किनारे कंचन घाट स्थित है। इस घाट पर वीरसिंह बुंदेला की छतरी है।

**222. कछुओं की दुर्लभ प्रजातियाँ....नदी में पाई जाती है?** (ANM Training Selection Test 2016)

(अ) चंबल (ब) सोन
(स) जामनी (द) कुंवारी

व्याख्या- सोन नदी में कछुओं (Tortles) की दुर्लभ प्रजातियाँ पाई जाती हैं। म.प्र. के सीधी-शहडोल जिले में घड़ियालों के संरक्षण हेतु बनाए गए सोन अभयारण्य में दुर्लभ प्रजातियों के कछुओं को संरक्षण दिया जाता है। इन कछुओं की प्रजाति अब विलुप्त हो चुकी है, परंतु 327 आज भी अस्तित्व में हैं।

**223. सोनेर सहायक नदी है....की।** (ANM Training Selection Test 2016)

(अ) नर्मदा (ब) चंबल
(स) सोन (द) ताप्ती

व्याख्या- नर्मदा नदी की अनेक सहायक नदियाँ हैं, परंतु प्रमुख सहायक नदियों की संख्या 41 है। सोनेर नदी भी इन्हीं प्रमुखों में से एक है।

**224. लोकप्रिय शिवमंदिर जो कि बेतवा नदी के तट पर...में स्थित है।** (ANM Training Selection test-2016)

(अ) उज्जैन (ब) मांडू
(स) भोजपुर (द) रीवा

व्याख्या- भोजपूर में 11 सदी के परमार वंश के राजा भोज द्वारा निर्मित विशाल शिव मंदिर है। जिसे उत्तर भारत का सोमनाथ मंदिर कहा जाता है। इस मंदिर के शिवलिंग की ऊँचाई साढ़े 21फीट है।

**225. म.प्र. की किस नदी को 'सूर्य भगवान की पुत्री' कहा जाता है?** (Pre B.Ed. Entrance Test-2016)

(अ) चंबल (ब) ताप्ती
(स) सोन (द) नर्मदा

व्याख्या- हिंदू संप्रदाय की मान्यतानुसार ताप्ती नदी को सूर्य भगवान की पुत्री माना जाता है तथा शनि की बहन। यह नदी म.प्र. के बैतूल जिले के मुल्ताई से उद्‌गमित होती है।

**226. पूरणा, गिरना, बोरी एवं शिवा किस नदी की सहायक नदियाँ हैं?** (State Engineering Service (Prelims) 2016)

(अ) तवा (ब) सोन
(स) नर्मदा (द) कोई नहीं

216.(द) 217.(ब) 218.(स) 219.(ब) 220.(द) 221.(स) 222.(ब) 223.(अ) 224.(स) 225.(ब) 226.(द)

व्याख्या- पूरणा, गिरना, बोरी एवं शिवा, ताप्ती की सहायक नदियाँ हैं। चूँकि प्रश्न में यह विकल्प नहीं है, इसलिए उत्तर इनमें से कोई नहीं उचित होगा।

227. नर्मदा बेसिन का कुल क्षेत्रफल कितना है?

( State Engineering Science ( Pre ) Exam-2016 )

(अ) 78289 वर्ग कि.मी. (ब) 98796 वर्ग कि.मी.
(स) 96000 वर्ग कि.मी. (द) कोई नहीं।

व्याख्या- नर्मदा बेसिन का कुल क्षेत्रफल 93180 $km^2$ है, जो कि म.प्र., गुजरात, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ में विस्तृत है।

228. गाथा जलप्रपात, म.प्र. के....जिले में स्थित है?

( Labour Inspector Recruitment Test 2017 )

(अ) पन्ना (ब) रीवा
(स) धार (द) भिंड

व्याख्या- म.प्र. के पन्ना जिले में स्थित गाथा जलप्रपात भारत का 36वाँ सबसे ऊँचा जलप्रपात है। इसकी ऊँचाई 91 मीटर है।

229. निम्न में से कौनसी नदी पन्ना बाघ अभयारण्य से गुजरती है?

( B.A., B.Ed/B.SC. B.Ed/B.Et.Ed 2017 )

(अ) केन (स) हालोन
(ब) बंजर (द) चरणगंगा

व्याख्या- पन्ना में स्थित पन्ना बाघ अभ्यारण के बीच से केन नदी होकर गुजरती है। जिसका बहाव दक्षिण से उत्तर की ओर है। यह केन नदी प्राचीन समय में कर्णावति तथा शुक्तिमति के नाम से जानी जाती थी।

230. अमरकंटक....महत्वपूर्ण वादियों का स्त्रोत है?

( B.Ed/M.Ed/H.P.Ed and B.Ed, M.Ed 2017 )

(अ) एक (ब) दो
(स) तीन (द) छः

व्याख्या- म.प्र. के अनूपपुर जिले के अमरकंटक से तीन नदियाँ उद्गमित होती हैं, जिनमें से एक तो नर्मदा है जो कि म.प्र. की सर्वाधिक महत्वपूर्ण नदी है। शेष दो नदियाँ सोन व जोहिला हैं।

231. चंबल, सिंध, बेतवा, केन नदियाँ उत्तर की ओर बहती हैं और...नदी से मिलती है? ( B.Ed/M.Ed/MP Ed and B.Ed 2017 )

(अ) गंगा (ब) गोदावरी
(स) ताप्ती (द) यमुना

व्याख्या- चंबल, सिंध, बेतवा, केन नदियाँ उत्तर की ओर बहती हुई यमुना नदी से मिलती हैं।

232. बुंदेलखण्ड के पठार की प्रमुख नदियाँ हैं?

( State Engineering Service ( Pre ) Exam 2016 )

(अ) बेतवा (ब) धसान
(स) केन (द) सभी सही

व्याख्या- बुंदेलखण्ड के पठार की प्रमुख नदियाँ हैं:- बेतवा, केन, धसान व सिंध। यह पठार नीस की चट्टानों से बना है।

233. अंजार एक नदी है, जो....से गुजरती है?

( ANM Training Selection 2016 )

(अ) मांडू (ब) राजगढ़
(स) रतलाम (द) सोन

व्याख्या- अंजार नदी म.प्र. के राजगढ़ जिले से होकर गुजरती है।

234. इवेन पूल जो एक स्नान पूल है...में स्थित है?

( ANM Training Selection Test-2016 )

(अ) पचमढ़ी (ब) चंबल
(स) खजुराहो (द) ताप्ती

व्याख्या- म.प्र. के एकमात्र हिल स्टेशन पचमढ़ी में कई पर्यटन स्थल हैं, जिनमें से एक इवेन पूल भी है।

235. सांक नदी पर ताजा पानी जलाशय जो कि ग्वालियर के पास है?

( ANM Training Test 2016 )

(अ) तिगरा बाँध (ब) बाणसागर
(स) बरगी बाँध (द) ध्रुती बाँध

व्याख्या- ग्वालियर के समीप सांक नदी पर अवस्थित तिगरा बाँध जलाशय अपने ताजे पानी की उपलब्धता के लिए प्रसिद्ध है।

236. उत्तर और दक्षिण भारत के पारंपरिक सीमा नदी....थी।

( ANM Training Selection Test 2016 )

(अ) सोन (ब) नर्मदा
(स) सिंधु (द) गंगा

व्याख्या- नर्मदा नदी जो कि म.प्र. की जीवन रेखा कही जाती है। यह अमरकंटक से उद्गमित होकर पूर्व से पश्चिम की ओर प्रवाहित होती हुई खंबात की खाड़ी में गिर जाती है। इसी नर्मदा नदी को उत्तर तथा दक्षिण भारत के मध्य की पारंपरिक सीमा नदी का ख्याति भी प्राप्त है।

237. दर्दी जलप्रपात किस नदी पर स्थित है?

( Dairy Federation Recruitment Exam-2016 )

(अ) चंबल (ब) सोन
(स) नर्मदा (द) बीहड़

व्याख्या- म.प्र. के खण्डवा जिले में नर्मदा नदी पर स्थित दर्दी जलप्रपात है जो कि एक महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल है।

238. मान......नदी की सहायक नदी है?

( ANM Training Selection Test-2016 )

(अ) नर्मदा (ब) चंबल
(स) गोदावरी (द) यमुना

227.(द) 228.(ब) 229.(अ) 230.(स) 231.(द) 232.(द) 233.(ब) 234.(अ) 235.(अ) 236.(ब) 237.(स) 238.(अ)

व्याख्या- मान नदी नर्मदा की सहायक नदी है। मान नदी पर धार के निकट 'जीराबाद' के पास मान परियोजना निर्मित की गई है।

**239. कोपरा, व्यामा और वियरना सब प्रजातियाँ हैं:-**

**( ANM Training Selection test 2016 )**

**( पुलिस आरक्षक-2016 )**

(अ) चंबल (ब) बेतवा (स) केना (द) ताप्ती

व्याख्या- म.प्र. के जबलपुर से निकलने वाली नदी की सहायक नदियों में से कोपरा, व्यामा और वियरना शामिल है। ये सभी केन की प्रजातियाँ हैं।

**240. जिला गुना ........ नदी से विभाजित है। ( पुलिस आरक्षक 2017 )**

(अ) तवा (ब) सिंध (स) जामनी (द) तमसा

व्याख्या- सिंध नदी मध्यप्रदेश के गुना जिले के समीप से निकलती है, मध्य भारत पठार के पूर्व बुन्देलखंड का पठार पश्चिम से राजस्थान की उच्च भूमि उत्तर में यमुना मैदान और दक्षिण में मालवा का पठार है। सिन्ध गुना शिवपुरी, दतिया आदि से यात्रा करती हुई जाती है।

**241. ग्वालियर शहर ............ नदी के किनारे स्थित है। ( पुलिस आरक्षक 2017 )**

(अ) नर्मदा (ब) चम्बल (स) बेतवा (द) महानदी

व्याख्या- ग्वालियर शहर चम्बल नदी के किनारे बसा हुआ है ग्वालियर भारत के मध्य प्रदेश प्रान्त का एक प्रमुख शहर है। भौगोलिक दृष्टि से ग्वालियर म. प्र. राज्य के उत्तर में स्थित है।

**242. कौन-सी नदी रीवा में पुरवा झरने का निर्माण करती है ?**

**( पटवारी परीक्षा 2017 )**

(अ) तमस (ब) विपूल (स) चचाई (द) पार्वती

व्याख्या- रीवा में तमस नदी द्वारा पुरवा झरने का निर्माण किया जाता है। रीवा को सफेद शेरों की भूमि भी कहा जाता है। तमस नदी को टोंस नदी भी कहा जाता है। यह नदी मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश से निकलने वाली गंगा की सहायक नदियों में से एक है।

**243. ........सिंध और बेतवा नदियों के बीच स्थित है। ( पटवारी परीक्षा 2017 )**

(अ) रायसेन (ब) विदिशा

(स) अशोक नगर (द) भोपाल

व्याख्या- अशोक नगर सिंध और बेतवा नदियों के मध्य स्थित है। यह गुना जिले के नजदीक स्थित एक कस्बा है। यहाँ पर चंदेरी का किला प्रमुख ऐतिहासिक स्थल है।

**244. इंदौर शहर में पानी की आपूर्ति का मुख्य स्त्रोत.........नदी से हैं।**

**( पटवारी परीक्षा 2017 )**

(अ) नर्मदा (ब) सरस्वती (स) खान (द) क्षिप्रा

व्याख्या- नर्मदा, जिसे रेवा नाम से जाना जाता है, मध्य भारत की एक नदी है और भारतीय उपमहाद्वीप की पाँचवीं सबसे लंबी नदी है। यह गोदावरी और कृष्णा नदी के बाद भारत के अंदर बहने वाली तीसरी सबसे लंबी नदी है। नर्मदा, इंदौर शहर में पानी की आपूर्ति का मुख्य स्त्रोत है।

**245. कंचन घाट...........नदी के पार स्थित है। ( पटवारी परीक्षा 2017 )**

(अ) चंबल (ब) नर्मदा (स) बेतवा (द) यमुना

उत्तर- कंचन घाट बेतवा नदी पर स्थित है। कंचन घाट पर वीर सिंह बुंदेला की छतरी है, यह छतरी तीन मंजिला है। बुंदेलों के इतिहास में वीर सिंह का कार्यकाल स्वर्णयुग कहलाता है।

**246. मध्य प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश के बीच एक सीमा बनाने वाली नदी है: पटवारी परीक्षा 2017**

(अ) जामनी (ब) चंबल (स) बेतवा (द) गंभीर

व्याख्या- जामनी नदी, मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश के बीच सीमा बनाने वाली नदी है। जामनी नदी बेतवा की सहायक नदी है।

**247. नमामि देवी नर्मदे सेवा यात्रा कब शुरु हुई थी? ( जेल प्रहरी 2017 )**

(अ) 1 जनवरी, 2017 (ब) 11 दिसम्बर, 2016

(स) 25 दिसम्बर, 2016 (द) 20 दिसम्बर 2016

व्याख्या- नमामि देवी नर्मदे सेवा यात्रा की शुरुआत 11 दिसम्बर 2016 से हुई।

**248. सोनकच्छ किस नदी के तट पर बसा है। ( जेल प्रहरी 2017 )**

(अ) सोन (ब) बेतवा (स) कालीसिंध (द) केन

व्याख्या- सोनकच्छ कालीसिंध नदी के तट पर बसा है।

**249. ...... सिंध और बेतवा नदियों के बीच स्थित है। ( जेल प्रहरी 2017 )**

(अ) रायसेन (ब) विदिशा (स) अशोक नगर (द) भोपाल

व्याख्या- अशोक नगर सिंध और बेतवा नदियों के मध्य स्थित है। यह गुना जिले के नजदीक स्थित एक कस्बा है। यहाँ पर चंदेरी का किला प्रमुख ऐतिहासिक स्थल है।

**250. गांधीसागर अभ्यारण्य के पश्चिमी और पूर्वी भाग को अलग करने वाली नदी ......... है। ( पटवारी परीक्षा 2017 )**

(अ) चंबल (ब) केन (स) सोन (द) यमुना

व्याख्या- गाँधी सागर अभ्यारण्य के पश्चिमी और पूर्वी भाग को अलग करने वाली नदी चंबल है। चंबल नदी का उद्‌गम महू के जानापाव से होता है, चंबल नदी पर तीन बाँध बने हुए है।

**251. आगर मालवा में कौन-सी नदी बहती है? ( पटवारी परीक्षा 2017 )**

(अ) नर्मदा (ब) गंगा

(स) चम्बल (द) छोटी कालीसिंध

व्याख्या- आगर मालवा में छोटी काली सिंध नदी बहती है। आगर मालवा के सुसनेर क्षेत्र में विश्व का पहला गौ-अभ्यारण्य है।

239.(स) 240.(ब) 241.(ब) 242.(अ) 243.(स) 244.(अ) 245.(स) 246.(अ) 247.(ब) 248.(अ) 249.(स) 250.(अ) 251.(द)




# अध्याय– 8

# मध्यप्रदेश के प्राकृतिक विभाग

**1. मध्यप्रदेश में मालवा के पठार की भौगोलिक स्थित क्या है।**

(अ) पश्चिमी भाग में 22·17' उत्तरी अक्षांश से 25·8' उत्तरी अक्षांश तक

(ब) 74·20' पूर्वी देशांतर से 79·.20' पूर्वी देशांतर के मध्य

(स) उपरोक्त (अ) और (ब) दोनों

(द) इनमें से कोई नहीं

**व्याख्या-** मालवा का पठार राज्य के पश्चिमी भाग में 22·17' उत्तरी अक्षांश से 25·8' उत्तरी अक्षांश तक तथा 74·20' पूर्वी देशांतर से 79·20' पूर्वी देशांतर के मध्य विस्तृत है। इस पठार का विस्तार गुना, राजगढ, मंदसौर, धार, देवास, इन्दौर, सीहोर, रायसेन व सागर जिलों में है।

**2. कौन-सा मध्य भारत के पठारों में सबसे गर्म माह है?**

**( डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016 )**

(अ) दिसम्बर — (ब) अक्टूबर

(स) मई — (द) मार्च

**व्याख्या :** मध्य भारत के पठारों में सबसे गर्म माह मई है। इसका कारण उत्तरपश्चिम क्षेत्र की वनस्पती विहीन पहाड़ी शृंखला एवं न्यून वायु दाब केन्द्र का बनना एवं कर्क रेखा का एकदम लम्बवत् होना है।

**3. जानापाव चोटी किस क्षेत्र का भाग है?**

**( डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016 )**

(अ) बुंदेलखंड का पठार — (ब) रीवा पन्ना का पठार

(स) मालवा का पठार — (द) सतपुड़ा में मैकाल श्रेणी

**व्याख्या :** जानापाव चोटी मालवा का पठार क्षेत्र का भाग है। इंदौर जिले के महू के निकट स्थित जानापाव की पहाड़ियों से चम्बल नदी का उद्गम होता है।

**4. मध्यप्रदेश को प्रमुख रूप से कितने प्राकृतिक विभागों में बांटा गया है?** **( डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016 )**

(अ) दो — (ब) तीन

(स) चार — (द) पाँच

**व्याख्या :** मध्यप्रदेश को प्रमुख रूप से तीन प्राकृतिक विभागों में बांटा गया है। जबकि प्रदेश के 7 प्राकृतिक भाग है।

**5. म.प्र. का सबसे ऊँचा स्थान कौन-सा है?**

**( डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016 )**

1.(स) 2.(स) 3.(स) 4.(ब)

(अ) सिगार (ब) मैकाल
(स) धूपगढ़ (द) नीलगिरि

व्याख्या- म.प्र. का सबसे ऊँचा-स्थान धूपगढ (1350 मी.) है।

6. मध्य प्रदेश प्रमुख रूप से है- (महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016)
(अ) घाटी (ब) पहाड़
(स) मैदान (द) पठार

व्याख्या : मध्यप्रदेश मुख्य रूप से पठार क्षेत्र है।

7. मध्यप्रदेश के उत्तर में उपजाऊ घाटी और रोलिंग पहाड़ियों को ....... कहा जाता है। (महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016)
(अ) मालवा (ब) छोटा नागपुर
(स) बुंदेलखंड (द) अंगारा

व्याख्या- मध्यप्रदेश के उत्तर में ऊपजाऊ घाटी और रोलिंग पहाड़ियों को बुन्देलखण्ड कहा जाता है।

8. नर्मदा के पूर्वी छोर और सतपुड़ा के पूर्वी छोर ...... पर मिलते हैं। (महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016)
(अ) मिताई पहाड़ियों (ब) महाकौशल
(स) अमरकंटक (द) कपिल धर्मा

व्याख्या- नर्मदा के पूर्वी छोर और सतपूडा के पूर्वी छोर महाकौशल पर मिलते है। महाकौशल के अन्तर्गत जबलपुर, नरसिंहपुर, कटनी आदि जिले आते हैं।

9. शहडोल जिले में बांधवगढ़पहाड़ियों के ....... पर्वतमाला में स्थित है। (महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016)
(अ) विंध्य (ब) सह्यादिरी
(स) सतपुड़ा (द) नीलगिरी

व्याख्या- शहडोल जिले में "बांधवगढ़" पहाडियों के विंध्य पर्वतमाला में स्थित है। शहडोल जिले के देवलोद में बाण सागर बांध स्थित है।

10. निम्नलिखित में से कौन-सा क्षेत्र मध्य प्रदेश में नहीं है? (महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016)
(अ) छोटा नागपुर (ब) मालवा
(स) बघेलखण्ड (द) महाकौशल

व्याख्या- छोटा नागपुर का पठार मध्यप्रदेश में नहीं है। यह झारखण्ड राज्य में स्थित है।
मालवा का पठार, बघेलखण्ड और महाकौशल क्षेत्र मध्यप्रदेश में स्थित है।

11. मध्य प्रदेश का दूसरा उच्चतम स्थान है (महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016)
(अ) पचमढ़ी (ब) चौड़ागढ़
(स) मारघी (द) बड़ा तालाब

व्याख्या- मध्यप्रदेश का दूसरा उच्चतम स्थान चौडागढ़ है। इसकी ऊँचाई 1326 मीटर है। यह भी पंचमढ़ी में स्थित है।

12. मालवा क्षेत्र में सबसे महत्वपूर्ण शहर है (महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016)
(अ) पन्ना और उज्जैन (ब) उमरिया और रेवा
(स) रेवा और भिण्ड (द) उज्जैन और इंदौर

व्याख्या- मालवा क्षेत्र का सबसे महत्वपूर्ण शहर उज्जैन और इंदौर है। उज्जैन सोयाबीन उत्पादन में प्रथम है। इन्दौर को M.P. की वित्तीय राजधानी कहा जाता है।

13. नर्मदा घाटी और विंध्य के दक्षिणी भाग के पश्चिमी भाग में एक क्षेत्र है जो कि कहा जाता है। (महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016)
(अ) निमाड़ (ब) विड्मर
(स) जापर (द) नर्मदा

व्याख्या- मध्यप्रदेश में नर्मदा घाटी और विंध्य के दक्षिणी भाग के पश्चिमी भाग में निमाड क्षेत्र है।

14. अमरकंटक के लिए पौराणिक नाम है- (महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016)
(अ) विंध्यापर्वधाम (ब) रिक्शा पर्वत
(स) हिमापर्वत (द) शिवालिका

व्याख्या- अमरकंटक का पौराणिक नाम रिक्शा पर्वत है।

15. मध्यप्रदेश में कौन-सी पर्वत श्रृंखलाएँ नहीं है? (पर्यटन विभाग (सहायक ग्रेड-3), 2013)
(अ) सतपुड़ा (ब) विन्ध्याचल
(स) अमरकंटक (द) हिमालय

व्याख्या- मध्य प्रदेश में विन्ध्याचल. सतपुड़ा और अमरकंटक पर्वत श्रृंखलाएँ है। हिमालय, पर्वत श्रृंखला म. प्र. में नहीं है। म. प्र. की सबसे ऊँची चोटी धूपगढ़है जिसकी लम्बाई 1350 मी. है एवं अमरकंटक की पहाड़ियों से नर्मदा नदी का उद्‌गम हुआ है।

16. बघेलखण्ड क्षेत्र से कौन-सा शैल समूह सम्बन्धित है-
(अ) गोंडवाना शैल समूह (ब) विन्ध्यन शैल समूह
(स) आद्यमहाकल्पी शैल समूह (द) उपर्युक्त सभी।

व्याख्या- बघेलखंड क्षेत्र विन्धयन शैल समूह से संबंधित है।

17. विन्ध्याचल पर्वतमाला फैली है-
(अ) पूर्व से पश्चिम की ओर
(ब) उत्तर से दक्षिण की ओर
(स) पूर्व-पश्चिम से पूर्व की ओर
(द) दक्षिण-उत्तर से उत्तर की ओर।

व्याख्या- विंध्याचल पर्वतमाला पूर्व से पश्चिम दिशा की ओर मध्यप्रदेश में सतपुड़ा प्रदेश के उत्तर में समान्तर फैली है।

5.(स) 6.(द) 7.(स) 8.(ब) 9.(अ) 10.(अ) 11.(ब) 12.(द) 13.(अ) 14.(ब) 15.(द) 16.(ब) 17.(अ)

18. निम्न में से सर्वाधिक प्राचीन पर्वत श्रृंखला कौन सी है-
(अ) विन्ध्याचल (ब) सतपुड़ा
(स) अरावली (द) सिंहावा।

व्याख्या- अरावली पर्वत श्रृंखला विश्व की प्राचीनतम पर्वतमाला मानी जाती है।

19. साड़ियों के लिये प्रसिद्ध चंदेरी किस पठारी प्रदेश में है-
(अ) बुन्देलखण्ड का पठार (ब) बघेलखण्ड का पठार
(स) मालवा का पठार (द) रीवा-पन्ना का पठार।

व्याख्या- साड़ियो के लिये प्रसिद्ध चंदेरी बुंदेलखंड के पठार में अवस्थित है और अशोकनगर जिले के अंतर्गत आता है।

20. गंगा और महानदी के बीच जल द्विभाजक किसका भाग है?
(अ) सतपुड़ा श्रेणी (ब) मैकल का पठार
(स) बघेलखण्ड का पठार (द) बुंदेलखण्ड का पठार

व्याख्या- मध्यप्रदेश में बघेलखण्ड का पठार गंगा एवं महानदी के मध्य जल द्विभाजक का कार्य करता है।

21. लम्हेरा हिल्स कहाँ है?
(अ) पचमढ़ी (ब) जबलपुर
(स) रायसेन (द) विदिशा

व्याख्या- जबलपुर में लम्हेरा हिल्स उपस्थित है।

22. सुमेलित कीजिए-
(अ) काली मिट्टी (1) मालवा का पठार
(ब) लाल मिट्टी (2) रीवा पन्ना का पठार
(स) जलोढ़मिट्टी (3) मध्य भारत का पठार
(द) लैटेराइट मिट्टी (4) छिंदवाड़ा एवं बालाघाट जिले

कूट :

| | (अ) | (ब) | (स) | (द) |
|---|---|---|---|---|
| (अ) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (ब) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (स) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (द) | 3 | 1 | 4 | 2 |

व्याख्या- (1) काली मिट्टी को रेगुर मिट्टी भी कहते हैं। इसमें जलधारण क्षमता अधिक होती है। यह मालवा के पठार में मुख्यत: पायी जाती है इसमें नाइट्रोजन, कैल्शियम, एल्यूमीनियम तत्व पाये जाते हैं।

(2) लाल मिट्टी बघेलखण्ड एवं बुंदेलखण्ड भाग में पायी जाती है जो रीवा, पन्ना, छतरपुर, मण्डला में मुख्यत: पायी जाती है। इसमें आयरन की अधिकता होती है।

(3) जलोढ़मिट्टी मध्य भारत के पठार में यानी, ग्वालियर भिण्ड, मुरैना, श्योपुर में पायी जाती हैं। इसमें नाइट्रोजन एवं फास्फोरस की कमी होती है।

(4) लैटेराइट मिट्टी छिन्दवाड़ा एवं बालाघाट के 70% भाग में पायी जाती है। इस मिट्टी का निर्माण चट्टानों के टूट-फूट से एवं रासायनिक क्रिया से हुआ है। इसमें चूना, फास्फोरस एवं पोटाश की कमी होती है।

23. सोन नदी की लम्बाई सर्वाधिक किस प्रदेश में है-
(अ) सतपुड़ा प्रदेश (ब) मध्यभारत का पठार
(स) मालवा का पठार (द) बघेलखण्ड का पठार

व्याख्या- सोन नदी की सर्वाधिक लंबाई बघेलखंड के पठार में है। सोन नदी अमरकटंक की पहाड़ी से निकलती है जिसकी लंबाई 780 km है।

24. बघेलखण्ड प्रदेश, मध्यप्रदेश के किस भाग में स्थित है-
(अ) पूर्व में (ब) उत्तर-पूर्व में
(स) उत्तर में (द) उत्तर-पश्चिम में।

व्याख्या- बघेलखंड प्रदेश, मध्यप्रदेश के उत्तर-पूर्व में स्थित है। इस भाग में अनूपपुर, शहडोल, सिंगरौली, सीधी आदि जिले आते हैं।

25. प्रदेश का कौन-सा क्षेत्र विंध्याचल एवं सतपुड़ा पर्वतमालाओं के बीच अवस्थित है-
(अ) मालवा का पठार (ब) सतपुड़ा का पठार
(स) नर्मदा सोन घाटी (द) रीवा पन्ना का पठार

व्याख्या- विंध्याचल एवं सतपुड़ा पर्वतमालाओं के बीच नर्मदा सोनघाटी अवस्थित है, जो कि एक अपभ्रंश घाटी है।

26. मध्यभारत के पठार से सम्बन्धित तत्व निम्न में से कौन सा नहीं है-
(अ) यहाँ की जमीन का अधिकांश भाग ऊबड़-खाबड़ है
(ब) यहाँ डकैतों की समस्या है
(स) यह प्रदेश के उत्तर व उत्तर-पश्चिम में स्थित है
(द) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

व्याख्या- मध्य भारत के पठार में निम्न सभी विशेषताएँ पाई जाती है—
(1) यहाँ की जमीन ऊबड़-खाबड़ है।
(2) यहाँ डकैतो की समस्या है।
(3) यह प्रदेश के उत्तर-पश्चिम क्षेत्र में है।

27. निम्न में से कौन सी नदी मध्यभारत के पठार की नहीं है-
(अ) चम्बल (ब) सिन्ध
(स) क्वारी (द) टोंस।

व्याख्या- इस क्षेत्र में चम्बल, सिंध, क्वारी, पार्वती, कूनो, कालीसिंध व बनास नदियाँ हैं जबकि टोंस नदी रीवा-पन्ना के प्रदेश की है।

28. मध्यभारत के पठार की नदियाँ सामान्यत: किस ओर बहती हैं-
(अ) पूर्व की ओर
(ब) पश्चिम व पश्चिम-उत्तर की ओर
(स) उत्तर व उत्तर-पूर्व की ओर
(द) पश्चिम की ओर।

व्याख्या- मध्य भारत के पठार की नदियाँ जैसे चम्बल सिंध, पार्वती, कूनो, कालीसिंध आदि सभी अधिकतर उत्तर व उत्तर-पूर्व की ओर बहती हैं।

29. सिद्धबाबा की पहाड़ी ( 1172 मीटर ) किस पठार की सबसे ऊँची पहाड़ी है-

18.(स) 19.(अ) 20.(स) 21.(ब) 22.(अ) 23.(द) 24.(ब) 25.(स) 26.(द) 27.(द) 28.(स) 29.(अ)

(अ) बुन्देलखण्ड प्रदेश (ब) रीवा-पन्ना का पठार
(स) नर्मदा-सोन घाटी (द) मालवा का पठार।

**व्याख्या-** सिद्ध बाबा की चोटी (1172) मीटर, बुन्देलखण्ड प्रदेश की सबसे ऊँची चोटी है।

**30. बुन्देलखण्ड प्रदेश से संबंधित निम्न तत्व में से क्या असत्य है-**
(अ) यहाँ कई किस्म की ग्रेनाइट पायी जाती हैं
(ब) सागौन के वृक्षों की अधिकता है
(स) साल के वृक्षों की अधिकता है
(द) धनास व केन नदी इसी क्षेत्र में प्रवाहित होती है

**व्याख्या-** बुदेलखंड प्रदेश में- ग्रेनाइट किस्म की चट्टानें, सागौन के वृक्षों की अधिकता, धसान व केन नदी प्रवाहित।

**31. कालीभीत पहाड़ी किस प्रदेश या क्षेत्र के अन्तर्गत आती है-**
(अ) सतपुड़ा श्रेणी प्रदेश (ब) मालवा का पठार
(स) बुन्देलखण्ड प्रदेश (द) मध्यभारत का पठार

**व्याख्या-** कालीभीत पहाड़ी मालवा के पठार क्षेत्र के अंतर्गत आती है।

**32. सतपुड़ा श्रेणी प्रदेश की सबसे ऊँची चोटी कौन सी है-**
(अ) धूपगढ़की चोटी (ब) कालीभीत की चोटी
(स) बिजलगढ़की चोटी (द) बड़वानी पहाड़ी की चोटी।

**व्याख्या-** सतपुड़ा श्रेणी प्रदेश की सबसे ऊँची चोटी धूपगढ़की चोटी है।

**33. किस पठार के उत्तर में 'अवध का पठार' अवस्थित है**
(अ) मालवा का पठार (ब) बुन्देलखण्ड का पठार
(स) नर्मदा-सोन घाटी (द) रीवा-पन्ना का पठार।

**व्याख्या-** रीवा-पन्ना का पठार के उत्तर में 'अवध का पठार' अवस्थित है, जो कि उत्तर प्रदेश में है।

**34. सभी पठारों में से सर्वाधिक काली मिट्टी किस पठार में पायी जाती है-**
(अ) मालवा का पठार (ब) रीवा-पन्ना का पठार
(स) सतपुड़ा प्रदेश (द) बुन्देलखण्ड का प्रदेश।

**व्याख्या-** प्रदेश में सर्वाधिक काली मिट्टी का क्षेत्र मालवा के पठार के अंतर्गत है। यहीं पर कपास की खेती भी की जाती है।

**35. मालवा का पठार निम्न में से कहाँ स्थित है-**
(अ) दक्षिण में (ब) प्रदेश के उत्तरी भाग में
(स) प्रदेश के पश्चिमी भाग में (द) पूर्व में।

**व्याख्या-** मालवा का पठार राज्य के पश्चिमी भाग में 22°17' उत्तरी अक्षांश से 25°8' उत्तरी अक्षांश तथा 74°20' पूर्वी देशान्तर से 79°20' पूर्व देशान्तर तक विस्तृत है।

**36. मालवा का पठार किस प्रकार की चट्टानों से बना है-**
(अ) आग्नेय चट्टानों से (ब) पथरीली भूमि से
(स) दक्कन ट्रेप चट्टानों से (द) डीस्ट्रॉय से।

**व्याख्या-** मालवा के पठार का निर्माण दक्कन ट्रेप चट्टानों से हुआ जो कि टूट-फूट के कारण निर्मित हुई हैं।

**37. मालवा के पठार का विस्तार निम्न में से कहाँ तक है-**
(अ) गुना, मंदसौर से सागर तक
(ब) भोपाल से इन्दौर तक
(स) ग्वालियर से रीवा तक
(द) उपयुक्त सभी।

**व्याख्या-** मालवा के पठार का प्रारम्भ नर्मदा घाटी के उत्तर में विंध्याचल श्रेणी से होता है तथा पूर्व में गुना, मंदसौर से लेकर सागर तक फैला हुआ है।

**38. मालवा के पठार की मुख्य नदियाँ निम्न में से कौन सी हैं-**
(अ) चम्बल, क्षिप्रा, कालीसिंध, पार्वती
(ब) पार्वती, नर्मदा, बेतवा
(स) नर्मदा, क्षिप्रा, पार्वती
(द) चम्बल, नर्मदा, ताप्ती एवं क्षिप्रा।

**व्याख्या-** मालवा के पठार की मुख्य नदियाँ , चम्बल, क्षिप्रा, कालीसिंध एवं पार्वती हैं।

**39. मालवा के पठारी प्रदेश में कौन-से मानसूनों से वर्षा होती है-**
(अ) बंगाल की खाड़ी
(ब) हिन्द महासागर से आने वाले मानसून से
(स) अरब सागर की खाड़ी से आने वाले मानसून से
(द) कच्छ की हवा से।

**व्याख्या-** अरब सागर प्रदेश के पश्चिमी क्षेत्र की ओर स्थित है। वहाँ से उठने वाला मानसून प्रदेश के पश्चिमी क्षेत्रों को प्रभावित करता है, जिसमें मालवा का पठार भी है।

**40. मालवा के पठारी प्रदेश में वर्षा कम होने का कारण निम्न में से कौन सा है-**
(अ) पठारी प्रदेश होना (ब) राजस्थान के कारण
(स) पहाड़ी इलाका होना (द) मानसूनों का प्रभाव कम

**व्याख्या-** मालवा के पठारी प्रदेशों में कम वर्षा होने का कारण इस क्षेत्र में मानसून का प्रभाव कम होना है।

**41. मालवा के पठारी प्रदेश में कौन सी मिट्टी पाई जाती है-**
(अ) सफेद, पीली (ब) दोमट भूरी
(स) जलोढ़ (द) काली मिट्टी।

**व्याख्या-** लावा मिट्टी से बने होने के कारण मालवा के पठार में काली मिट्टी की बहुलता है, जो कि बहुत उपजाऊ मिट्टी है। साथ ही छोटे-छोटे पहाड़ी क्षेत्रों में लैटेराइट मिट्टी भी मिलती है।

**42. मालवा के पठारी प्रदेश का प्रमुख उत्पादन निम्न में से कौनसा है-**
(अ) जौ (ब) कपास

30.(स) 31.(अ) 32.(अ) 33.(द) 34.(अ) 35.(स) 36.(स) 37.(अ) 38.(अ) 39.(स) 40.(द) 41.(द)

(स) गेहूँ (द) ज्वार।

व्याख्या- इस क्षेत्र का कृषि प्रमुख व्यवसाय है और गेहूँ की पैदावार बहुत होती है। साथ ही सोयाबीन, ज्वार, मक्का, कपास आदि भी होते हैं।

43. मालवा के पठारी प्रदेश के लोगों का प्रमुख व्यवसाय है-
(अ) पशुपालन (ब) कृषि
(स) खनिज उत्खनन (द) उपर्युक्त सभी।

व्याख्या- मालवा के पठारी क्षेत्रों की अधिकांश जनसंख्या ग्रामीण अंचलों में निवास करती है, जिनका मुख्य व्यवसाय कृषि है।

44. मालवा के पठार में निम्न में से कौन से पठार सम्मिलित हैं-
(अ) सोपान का पठार (ब) सागर का पठार
(स) झालावाड़ की उच्च भूमि (द) उपर्युक्त सभी।

व्याख्या- मालवा के पठार में सोपान, सागर एवं झालावाड़ की उच्च भूमि आदि सभी सम्मिलित हैं।

45. मालवा के पठार के कौन से भाग में वनों की बहुलता है-
(अ) पूर्वी भाग (ब) पश्चिमी भाग
(स) उत्तरी भाग (द) दक्षिणी भाग।

व्याख्या- मालवा के दक्षिणी भाग में वनों की बहुलता है एवं यहाँ उष्ण कटिबंधीय, पर्णपाती वन पाये जाते हैं।

46. मालवा के पठार में 'कृत्रिम रेशे' का कारखाना कहाँ है-
(अ) इन्दौर (ब) रतलाम
(स) मंदसौर (द) नागदा।

व्याख्या- मालवा के पठार में कृत्रिम रेशे बनाने का कारखाना नागदा में है। नागदा, उज्जैन जिले में स्थित है।

47. मालवा के पठार में कपड़ों की मिलें सर्वाधिक कहाँ हैं-
(अ) इन्दौर (ब) विदिशा
(स) गुना (द) धार।

व्याख्या- मध्यप्रदेश में सर्वाधिक सूती वस्त्रों का उत्पादन मालवा के इन्दौर में होता है।

48. मालवा के पठार के ऐतिहासिक स्थल हैं-
(अ) इन्दौर का अन्नपूर्णा मंदिर
(ब) माण्डू शहर
(स) महाकाल मंदिर, संदीपनी आश्रम
(द) उपयुक्त सभी।

व्याख्या- मालवा के पठार में इन्दौर का अन्नपूर्णा मंदिर माण्डू शहर, महाकाल मंदिर, संदीपनी आश्रम (दोनों उज्जैन) आदि ऐतिहासिक स्थल हैं।

49. मध्यभारत का पठार किस शैल समूह का प्रदेश है-
(अ) रेतीला है (ब) नीलगिरी की पहाड़ियाँ
(स) विंध्य शैल समूह (द) उपरोक्त सभी।

व्याख्या- मध्यभारत का पठार, विंध्यशैल समूह का प्रदेश है।

50. मध्य भारत के पठार में बीहड़ प्रदेशों का निर्माण निम्न में से कौन-सी नदियों द्वारा हुआ-
(अ) चम्बल, कालीसिंध, पार्वती
(ब) चम्बल, नर्मदा
(स) नर्मदा, कालीसिंध, पार्वती
(द) गोदावरी, ताप्ती, नर्मदा

व्याख्या- मध्यभारत के पठार में बीहड़ प्रदेशों का निर्माण चम्बल, कालीसिंध, पार्वती नदियों द्वारा अवनालिका अपरदन से हुआ है।

51. मध्यभारत के पठार में निम्न में से कौनसे जिले आते हैं-
(अ) दमोह, ग्वालियर, बीना
(ब) भिण्ड, मुरैना, ग्वालियर, शिवपुरी
(स) दमोह, बीना, कटरा, बरौनी
(द) उक्त सभी।

व्याख्या- मध्यभारत के पठार में म.प्र. के उत्तर पश्चिमी जिले भिण्ड, मुरैना, ग्वालियर, शिवपुरी आदि जिले सम्मिलित हैं।

52. मध्यभारत के पठार में कितनी वर्षा होती है-
(अ) 77 से.मी. (ब) 99 से.मी. से कम
(स) 75 से.मी. से भी कम (द) 80 से.मी.

व्याख्या- प्रदेश की सबसे कम औसत वर्षा लगभग 75 से.मी. मध्यभारत के पठार में होती है।

53. मध्य भारत के पठार में चम्बल व उसकी सहायक नदियाँ बीहड़ों का निर्माण किस प्रकार करती हैं-
(अ) नदियों का वेग अधिक है
(ब) ऊँची-नीची भूमि के कारण
(स) नदियों के वेग व मिट्टी की कोमलता के कारण
(द) उक्त सभी कारण।

व्याख्या- बीहड़ क्षेत्रों के निर्माण का मुख्य कारण वहाँ की भूमि भुरभुरी है और वहाँ पेड़-पौधों की कमी के साथ नदियों का बहाव भी तेज है।

54. मध्यभारत के पठार में पाला व कुहरा पड़ने के निम्न में से क्या कारण हैं-
(अ) पथरीला इलाका है
(ब) वर्षा के बाद धूप खिल जाने के कारण
(स) तापमान गिर जाने के कारण
(द) मैदानी क्षेत्र होने के कारण

व्याख्या- मध्यभारत के पठार में अत्यधिक सर्दी होने के कारण ठंड के मौसम में पाला व कुहरा पड़ने की संभावना अधिक होती है।

42.(स) 43.(ब) 44.(द) 45.(द) 46.(द) 47.(अ) 48.(द) 49.(स) 50.(अ) 51.(ब) 52.(स) 53.(स) 54.(स)

55. मध्यभारत के पठार में कौनसी मिट्टी मिलती है
(अ) दोमट (ब) जलोढ़
(स) चिकनी (द) लेटेराइट

व्याख्या- इस क्षेत्र में जलोढ़ मिट्टी चम्बल और उसकी सहायक नदियों द्वारा मैदानी भागों से लाई गई है। इस मिट्टी में ज्यादा उर्वरा शक्ति नहीं होती है। अतः उपज का प्रतिशत कम है।

56. मध्यभारत के पठार के वन, प्रदेश के अन्य भागों से किस प्रकार भिन्न हैं-
(अ) शीशम के वृक्ष के कारण
(ब) कँटीली झाड़ियाँ होने के कारण
(स) घने वन होने के कारण
(द) सागौन कम होती है।

व्याख्या- मध्यभारत के पठार में वन्य प्रदेश 20 से 27 प्रतिशत भूमि पर ही मिलते हैं। जलोढ़मिट्टी एवं ऊँची-नीची पहाड़ियों के कारण कँटीले वन पाये जाते हैं जिनका आर्थिक दृष्टि से कोई महत्व नहीं होता है।

57. मध्य भारत के पठार के वनों में कौन-कौन से वृक्ष मिलते हैं-
(अ) खैर, शीशम, हल्दू, बबूल, करोंदा, महुआ एवं बाँस
(ब) सागौन, शीशम, खैर
(स) खैर, महुआ, पीपल, बरगद
(द) उपर्युक्त सभी।

व्याख्या- मध्यभारत के पठारों में, खैर, शीशम, हल्दू, बबूल, करोंदा महुआ एवं बाँस के वृक्ष अधिकतर पाये जाते हैं।

58. मध्यभारत के पठार में सिंचाई के प्रमुख साधन हैं-
(अ) नहरें (ब) वर्षा
(स) नहरें व कुएँ (द) कुएँ

व्याख्या- मध्यभारत के पठार में सिंचाई के प्रमुख साधन नहरें एवं कुएँ है।

59. मध्यभारत के पठार की मुख्य फसल क्या है-
(अ) गेहूँ (ब) जौ
(स) जुवार (द) धान।

व्याख्या- यद्यपि मध्यभारत के पठार की प्रमुख फसल गेहूँ है, किन्तु वर्षा की कमी के कारण गेहूँ की फसल के अन्तर्गत केवल 40 प्रतिशत तक भूमि है। इस क्षेत्र की अन्य फसलें ज्वार, बाजरा, मक्का, धान, तिल, अलसी, गन्ना तथा आलू हैं।

60. मध्यभारत के पठार में चीनी मिट्टी, चूने का पत्थर एवं पत्थर कहाँ पाया जाता है-
(अ) भिण्ड में (ब) ग्वालियर में
(स) मुरैना में (द) शाजापुर में।

व्याख्या- मध्यभारत के पठार में चीनी मिट्टी, चूने का पत्थर एवं पत्थर, ग्वालियर से प्रमुख रूप से आता है।

61. मध्यभारत के पठार के निवासियों का प्रमुख व्यवसाय निम्न में से कौन-सा है-
(अ) कृषि (ब) उत्खनन
(स) व्यापार (द) उपर्युक्त सभी।

व्याख्या- कृषि इस क्षेत्र का प्रमुख व्यवसाय है। साथ ही कुछ भागों में पशुपालन का व्यवसाय है व लकड़ी चीरना व एकत्रित करने का भी व्यवसाय है।

62. मध्यभारत के पठार के उत्तर में है-
(अ) मालवा का पठार (ब) राजस्थान का क्षेत्र
(स) यमुना का मैदान (द) बुन्देलखण्ड का पठार।

व्याख्या- मध्यभारत के उत्तर में यमुना का मैदान है, जो कि उत्तरप्रदेश का भौगोलिक भाग है।

63. मध्यभारत के पठार का ढाल किस ओर है-
(अ) पूर्व-उत्तर (ब) उत्तर-पश्चिम
(स) पश्चिम-दक्षिण (द) दक्षिण-पूर्व

व्याख्या- मध्यभारत के पठार का ढाल उत्तर-पूर्व होने के कारण वहाँ की अधिकतर नदियाँ भी इसी ओर ढाल के कारण प्रवाहित होती हैं।

64. मध्यभारत के पठार की जलवायु कैसी है-
(अ) गर्मी में बहुत कम गर्म (ब) समशीतोष्ण
(स) गर्मियों में अधिक गर्म व सर्दियों में अधिक सर्द
(द) गर्मियों में अधिक गर्म व सर्दियों में बहुत कम सर्द।

व्याख्या- मध्यभारत के पठार की जलवायु, गर्मियों में अधिक गर्म एवं सर्दियों में अधिक सर्द है।

65. मध्यभारत के पठार का प्रमुख चीनी कारखाना 'डबरा' किस जिले में है-
(अ) ग्वालियर (ब) शिवपुरी
(स) भिण्ड (द) मुरैना।

व्याख्या- मध्यभारत का प्रसिद्ध चीनी कारखाना डबरा तहसील ग्वालियर जिले में स्थित है।

66. मध्यभारत के पठार में 'खैर लकड़ी' से कत्था बनाने का कारखाना कहाँ है-
(अ) कैलारस (मुरैना) (ब) डबरा (ग्वालियर)
(स) श्योपुर (श्योपुर) (द) बानमौर (मुरैना)।

व्याख्या- मध्यभारत के पठार में खैर लकड़ी से कत्था बनाने का कारखाना बानमौर (मुरैना) में स्थित है।

67. प्राचीन आर्कियन युग की ग्रेनाइट चट्टानों से निम्न में से कौन-सा पठार निर्मित है-
(अ) बघेलखण्ड (ब) मध्यभारत का पठार

55.(ब) 56.(ब) 57.(अ) 58.(स) 59.(अ) 60.(ब) 61.(अ) 62.(स) 63.(अ) 64.(स) 65.(अ) 66.(द)

(स) मालवा का पठार (द) बुन्देलखण्ड का पठार।

व्याख्या- प्राचीन आर्कियन युग की ग्रेनाइट चट्टानों से मध्यभारत के पठार का निर्माण हुआ है।

68. बुन्देलखण्ड के पठार की ऊँचाई कितनी है-
(अ) 500 से 800 मीटर (ब) 200 से 600 मीटर
(स) 500 से 700 मीटर (द) 250 से 800 मीटर।

व्याख्या- बुंदेलखंड के पठार की औसत ऊँचाई 200 से 600 मी. के मध्य है।

69. बुन्देलखण्ड के पठार की प्रमुख नदियाँ निम्न में से कौनसी हैं-
(अ) नर्मदा, पार्वती, चम्बल
(ब) बेतवा, धसान, केन, सिन्ध
(स) चम्बल, पार्वती, काली सिन्ध, गंजाल
(द) क्षिप्रा, धसान, केन, सिन्ध।

व्याख्या- बुंदेलखण्ड के पठार की प्रमुख नदियाँ बेतवा, धसान, केन व सिन्ध हैं।

70. बुन्देलखण्ड के पठार के प्रमुख जिले निम्न में से कौन से हैं-
(अ) छतरपुर, टीकमगढ़, दतिया
(ब) भिण्ड, सतना, दतिया
(स) सतना, टीकमगढ़, दतिया
(द) भिण्ड, सागर, दतिया।

व्याख्या- बुंदेलखण्ड के पठार के प्रमुख जिले छतरपुर, टीकमगढ़, दतिया, पन्ना आदि हैं।

71. बुन्देलखण्ड के पठार में वर्षा का औसत कितना है-
(अ) 70 से 80 से.मी. (ब) 75 से 103 से.मी.
(स) 100 से 150 से.मी. (द) 100 से 175 से.मी.

व्याख्या- बुंदेलखण्ड के पठार में वर्षा का औसत 75-103 cm है।

72. बुन्देलखण्ड के पठार में कौन से माह में तापमान गिरकर 10 सेन्टीग्रेड तक रह जाता है-
(अ) मार्च में (ब) फरवरी में
(स) जनवरी में (द) अप्रैल में।

व्याख्या- बुंदेलखण्ड के पठार में सर्वाधिक सर्दी जनवरी एवं सर्वाधिक गर्मी मई माह में होती है।

73. बुन्देलखण्ड का पठार किस प्रकार की मिट्टी से बना है-
(अ) बलुई दोमट मिट्टी (ब) चिकनी मिट्टी
(स) जलोढ़मिट्टी (द) दोमट मिट्टी।

व्याख्या- बुंदेलखण्ड का पठार बलुई दोमट मिट्टी से बना हुआ है।

74. बुन्देलखण्ड के पठार के मुख्य वृक्षों के नाम बताइए-
(अ) खैर, पलाश, बीजा, नीम, हल्दू, धौ एवं महुआ
(ब) पलाश, सागौन, शीशम
(स) आम, जामुन, शीशम, खिन्नी, बबूल एवं नीम
(द) सागौन, सेंजा, साज, तेन्दू, खैर, नीम, महुआ एवं बीजा।

व्याख्या- बुंदेलखण्ड के पठार में सागौन, सेंजा, साज, तेंदूपत्ता, खैर, नीम, महुआ आदि वृक्षों की अधिकता है।

75. बुन्देलखण्ड के पठार की सर्वाधिक महत्वपूर्ण फसल कौन-सी है-
(अ) गेहूँ (ब) मक्का
(स) चांवल (द) कपास।

व्याख्या- इस पठार की प्रमुख फसल गेहूँ के साथ ज्वार भी है। इसके अतिरिक्त दलहन व तिलहन की फसलें भी अच्छी होती हैं।

76. बुन्देलखण्ड के लोगों का मुख्य व्यवसाय क्या है-
(अ) व्यापार (ब) कृषि व पशुपालन
(स) बड़े एवं छोटे उद्योग (द) इनमें से कोई नहीं।

व्याख्या- शहरी जनसंख्या की तुलना में इस पठार में ग्रामीण जनसंख्या अधिक है, जो कि अपने पैतृक व्यवसाय कृषि एवं पशुपालन में लगे हुए हैं।

77. बुन्देलखण्ड के पठार की मिट्टी में किन मिट्टियों का सम्मिश्रण है-
(अ) लाल व पीली मिट्टी (ब) काली व लाल मिट्टी
(स) पीली व काली मिट्टी (द) कंकरी मिट्टी व काली

व्याख्या- बुन्देलखण्ड के पठार की मिट्टी में लाल, काली मिट्टी का सम्मिश्रण मिलता है।

78. बुन्देलखण्ड के पठार में किस प्रकार के वन हैं-
(अ) उष्ण पर्णपाती वन (ब) शुष्क पर्णपाती वन
(स) उष्ण कटिबन्धीय शुष्क पर्णपाती
(द) उपरोक्त सभी

व्याख्या- बुंदेलखण्ड के पठार के वन उष्ण कटिबंधीय शुष्क पर्णपाती प्रकार के हैं।

79. बुन्देलखण्ड के पठार में साड़ियों की सुन्दरता के लिये कौन-सा स्थान प्रसिद्ध है-
(अ) बिजावर (ब) महाराजपुर
(स) नौगाँव (द) चंदेरी

व्याख्या- बुन्देलखण्ड पठार का चंदेरी शहर साड़ियों के लिये प्रसिद्ध है। चंदेरी, अशोकनगर जिले में है।

80. बुन्देलखण्ड के पठार में 10वीं शताब्दी के शैव, वैष्णव व जैन धर्मों के संगमित मंदिर कहाँ है-
(अ) चंदेरी में (ब) महाराजपुर में
(स) खजुराहो में (द) बिजावर में।

व्याख्या- बुन्देलखण्ड के खजुराहो (छतरपुर) में 10वीं शताब्दी के शैव वैष्णव व जैन धर्मों के संगमित मंदिर है। एवं यह यूनेस्को के विश्व धरोहर स्थलों में शामिल है।

67.(ब) 68.(ब) 69.(ब) 70.(अ) 71.(ब) 72.(स) 73.(अ) 74.(द) 75.(अ) 76.(ब) 77.(ब) 78.(स) 79.(द) 80.(स)

81. बुन्देलखण्ड के पठार की किस नदी के तट पर बुन्देलो की राजधानी ओरछा का महल हैं-
(अ) बेतवा (ब) सिन्ध
(स) धसान (द) केन।

व्याख्या- बुन्देलों के वैभव को ओरछा के खण्डहर प्रदर्शित करते हैं। साथ ही चतुर्भुज मंदिर, राम मंदिर तथा लक्ष्मीनारायण का मंदिर भी विशालता एवं भव्यता को दर्शाते हैं।

82. सोनागिरी के जैन मन्दिर किस पठार के अन्तर्गत हैं-
(अ) मध्यभारत का पठार
(ब) बुन्देलखण्ड का पठार
(स) बघेलखण्ड का पठार
(द) मालवा का पठार।

व्याख्या- सोनागिरी के जैन मंदिर, बुंदेलखण्ड के पठार में स्थित हैं- ये मंदिर दतिया में हैं।

83. जूदेव द्वारा बनवाया गया सतखण्डा महल, बुन्देलखण्ड पठार के किस स्थान पर है-
(अ) दतिया (ब) चंदेरी
(स) टीकमगढ़ (द) महाराजपुर।

व्याख्या- जूदेव द्वारा बनवाया गया सतखण्डा महल, दतिया जिले में है। इसे वीरसिंह पैलेस भी कहा जाता है।

84. बुन्देलखण्ड के प्रसिद्ध शासक शिशुपाल की राजधानी थी-
(अ) दतिया (ब) चंदेरी
(स) टीकमगढ़ (द) महाराजपुर।

व्याख्या- बुंदेलखण्ड का प्राचीन नाम जेजाकभुक्ति के शासक शिशुपाल की राजधानी, चंदेरी थी।

85. रीवा-पन्ना के पठार को एक अन्य नाम से पुकारा जाता है-
(अ) मालवा की श्रेणी (ब) बुन्देलखण्ड
(स) विन्ध्य का पठार (द) बघेलखण्ड का पठार।

व्याख्या- रीवा पन्ना के पठार का एक अन्य नाम विन्ध्य का पठार भी है।

86. रीवा-पन्ना के पठार की सीमा कहाँ मिलती है-
(अ) नर्मदा घाटी से
(ब) बुन्देलखण्ड की अग्रभूमि से
(स) चम्बल नदी घाटी से
(द) बघेलखण्ड की सीमा से।

व्याख्या- रीवा-पन्ना के पठारों की सीमा को बुन्देलखण्ड की अग्रभूमि उत्तरी ओर से स्पर्श करती है।

87. रीवा-पन्ना के पठार की दक्षिण-पूर्वी सीमा कहाँ मिलती है-
(अ) चंबल घाटी से (ब) गोदावरी घाटी से
(स) नर्मदा घाटी से (द) कोई नहीं।

व्याख्या- रीवा पन्ना के पठार की दक्षिण-पूर्वी सीमा नर्मदा घाटी से मिलती है।

88. रीवा-पन्ना के पठार से विन्ध्य शैल समूह की भाण्डेर व कैमूर पर्वत श्रेणियाँ एक दीवार के रूप में क्या बनाती हैं-
(अ) विभाजन रेखा (ब) प्रपाती ढलान
(स) पहाड़ (द) रेत के टीले।

व्याख्या- रीवा-पन्ना के पठार से विन्ध्य शैल समूह की भाण्डेर व कैमूर श्रैणियाँ एक दीवार के रूप में प्रपाती ढलान बनाती हैं।

89. रीवा-पन्ना के पठार की ऊँचाई कितनी है-
(अ) 5500 मीटर (ब) 4500 मीटर
(स) 550 मीटर (द) 450 मीटर।

व्याख्या- रीवा-पन्ना के पठार की ऊँचाई 300 मीटर से लेकर 450 मीटर तक है और इसकी ऊँचाई में समरूपता नहीं है।

90. रीवा-पन्ना के पठार के प्रमुख जिले निम्न में से कौन-से हैं-
(अ) रीवा, पन्ना, सतना, दमोह
(ब) दमोह, रीवा, सतना, भिण्ड
(स) रीवा, रायसेन, सीधी
(द) रायसेन, भिण्ड, सतना।

व्याख्या- रीवा, पन्ना पठार के प्रमुख जिले, रीवा, पन्ना, सतना, दमोह आदि हैं।

91. रीवा-पन्ना के पठार की प्रमुख नदियाँ निम्न में से कौन-सी हैं-
(अ) गोदावरी, घाघरा, नर्मदा (ब) सोन, घाघरा, नर्मदा
(स) चम्बल, गोदावरी, सोन (द) केन, सोन, बेतवा, टोंस।

व्याख्या- रीवा-पन्ना पठार की प्रमुख नदियाँ केन, सोन बेतवा एवं टोंस है।

92. रीवा-पन्ना के पठार में कगार से उतरते समय नदियाँ निम्न में से किस रूप में होकर बहती हैं-
(अ) शांत प्रवाह के साथ (ब) जलप्रपात के रूप में
(स) कंदराओं के अन्दर से (द) बल खाती हुई।

व्याख्या- रीवा-पन्ना के पठार में कगार से उतरते समय नदियाँ कंदराओं के अंदर से होकर बहती है।

93. रीवा-पन्ना के पठार में बहने वाली नदियों के शीर्षों पर क्या मिलते हैं-
(अ) शान्त प्रवाह (ब) जलप्रपात
(स) उतार-चढ़ाव (द) मुहाने।

व्याख्या- रीवा-पन्ना के पठार में बहने वाली नदियों के शीर्षों पर जलप्रपात (चचाई व केवटी) मिलते हैं।

81.(अ) 82.(ब) 83.(अ) 84.(ब) 85.(स) 86.(ब) 87.(स) 88.(ब) 89.(द) 90.(अ) 91.(द) 92.(स) 93.(ब)

94. रीवा-पन्ना के पठार के उत्तर-पश्चिम की ओर वर्षा का औसत कितना रहता है-
(अ) 121.5 से.मी. (ब) 130.5 से.मी.
(स) 113.5 से.मी. (द) 112.5 से.मी.

व्याख्या- रीवा-पन्ना के पठार के उत्तर-पश्चिम की ओर वर्षा का औसत 112.5 सेमी होता है।

95. रीवा-पन्ना के पठार के पश्चिमी भाग में कैसी मिट्टी पाई जाती है-
(अ) काली (ब) दोमट
(स) लाल (द) लैटराइट

व्याख्या- रीवा, पन्ना के पठार के पश्चिमी भाग में दोमट मिट्टी पाई जाती है।

96. रीवा-पन्ना के पठार की किस ओर भाण्डेर तथा कैमूर की पर्वत श्रृंखलाएँ हैं-
(अ) पूर्व (ब) पश्चिम
(स) उत्तर (द) दक्षिण

व्याख्या- रीवा-पन्ना के पठार के दक्षिण की ओर भाण्डेर एवं कैमूर की पर्वत श्रृंखलाएँ है जिनमें चूने पत्थर की अधिकता है।

97. निम्न में से कौन से जलप्रपात रीवा-पन्ना के पठार के अन्तर्गत हैं-
(अ) दर्दी व मंधार (ब) चचाई व केवटी
(स) सहस्त्रधारा व कपिलधारा (द) उपर्युक्त सभी

व्याख्या- रीवा-पन्ना के पठार में चचाई (बीहड़ नदी) एवं केवटी जलप्रपात हैं।

98. रीवा-पन्ना के वनों में बहुतायत से पाये जाने वाला वृक्ष-
(अ) साल (ब) सागौन
(स) खैर (द) सेमल।

व्याख्या- रीवा-पन्ना के पठार में सेमल के वृक्ष अधिकतर पाये जाते हैं।

99. रीवा पन्ना के पठार में हीरा किस स्थान पर पाया जाता है-
(अ) रीवा (ब) पन्ना
(स) सतना (द) सीधी।

व्याख्या- भारत का एकमात्र हीरा उत्पादन क्षेत्र रीवा-पन्ना पठार के पन्ना जिले में है।

100. सीमेन्ट उद्योग, रीवा-पन्ना के पठार में किन स्थानों पर लगे हैं-
(अ) सतना-मैहर (ब) रीवा-पन्ना
(स) सीधी-कोठी (द) उपर्युक्त सभी।

व्याख्या- म.प्र. का सीमेन्ट उद्योग सर्वाधिक रीवा-पन्ना पठार क्षेत्र में विकसित है।

101. रीवा-पन्ना के पठार में सुप्रसिद्ध दर्शनीय या देवी स्थल किस शहर में है-
(अ) मैहर (ब) रीवा
(स) सतना (द) पन्ना

व्याख्या- रीवा-पन्ना के पठार में सुप्रसिद्ध दर्शनीय शारदा देवी स्थल मैहर (सतना जिले) में है।

102. सतपुड़ा मैकल प्रदेश का विस्तृत भाग निम्न में से किससे ढँका हुआ है-
(अ) संगमरमर से (ब) रेत से
(स) दक्कन लावा से (द) उपरोक्त में से कोई नहीं।

व्याख्या- सतपुड़ा मैकल प्रदेश का विस्तृत भाग दक्कन लावा से ढँका हुआ है।

103. सतपुड़ा मैकल प्रदेश का भाग ऊँचा है-
(अ) 900 मी. से अधिक (ब) 500 मी. से अधिक
(स) 800 मी. से अधिक (द) 400 मी. से अधिक।

व्याख्या- सतपुड़ा प्रदेश, प्रदेश का सबसे ऊँचा क्षेत्र है। यहाँ औसत ऊँचाई 900 मी. से अधिक है।

104. सतपुड़ा-मैकल प्रदेश की पर्वत श्रेणियों का तेज ढाल निम्न में से किस ओर है-
(अ) उत्तर की ओर (ब) पूर्व की ओर
(स) दक्षिण की ओर (द) पूर्व-पश्चिम की ओर

व्याख्या- सतपुड़ा प्रदेश का ढाल दक्षिण की ओर है।

105. सतपुड़ा-मैकल प्रदेश में कौन-सी पर्वत श्रेणियाँ हैं-
(अ) राजपीपला, कैमूर
(ब) विन्ध्याचल, कैमूर
(स) राजपीपला, सतपुड़ा व मैकल श्रेणियाँ
(द) सतपुड़ा, विन्ध्यांचल।

व्याख्या- सतपुड़ा प्रदेश में राजपीपला, सतपुड़ा एवं मैकल श्रेणिया हैं।

106. सतपुड़ा-मैकल प्रदेश की प्रमुख नदियाँ निम्न में से कौन-सी है-
(अ) बेतवा, क्षिप्रा, जोहिला (ब) जोहिला, बेतवा
(स) बेतवा, चम्बल, घाघरा
(द) नर्मदा, जोहिला, बेतवा।

व्याख्या- सतपुड़ा मैकल प्रदेश की प्रमुख नदियाँ, जोहिला एवं बेतवा हैं।

107. सतपुड़ा-मैकल प्रदेश की मिट्टी किस प्रकार की है-
(अ) काली व पथरीली (ब) दोमट-लाल
(स) जलोढ़-भूरी (द) छिछली काली।

व्याख्या- सतपुड़ा मैकल प्रदेश की मिट्टी अधिकतर छिछली काली है।

108. सतपुड़ा-मैकल प्रदेश के पूर्वी क्षेत्र में सघन वनों में कौन-से वृक्ष पाये जाते हैं-
(अ) साल (ब) सागौन

94.(द) 95.(ब) 96.(द) 97.(ब) 98.(द) 99.(ब) 100.(ब) 101.(अ) 102.(स) 103.(अ) 104.(स) 105.(स) 106.(ब) 107.(द)

(स) शीशम (द) पलाश।

व्याख्या- साल के वनों की अधिकता है जो कि पूर्वी क्षेत्र की पहाड़ियों में सघन है। सम्पूर्ण प्रदेश में सूखे मानसूनी वन मिलते हैं। इस प्रदेश का 45 प्रतिशत वनों से आच्छादित है।

**109. सोन नदी के पूर्व में कौन-सा पठार है-**

(अ) रीवा-पन्ना का पठार (ब) मालवा का पठार

(स) बुन्देलखण्ड का पठार (द) बघेलखण्ड का पठार।

व्याख्या- सोन नदी के पूर्व में बघेलखण्ड का पठार स्थित है।

**110. सतपुड़ा-मैकल प्रदेश की राजपीपला की श्रेणी इस प्रदेश के किस ओर है-**

(अ) पूर्व में (ब) पश्चिम में

(स) उत्तर में (द) दक्षिण में।

व्याख्या- सतपुड़ा-मैकल प्रदेश की राजपीपला श्रेणी पश्चिम की ओर है।

**111. सतपुड़ा-मैकल प्रदेश के उत्तर में स्थित महादेव की श्रेणियाँ किसके अन्तर्गत आती हैं-**

(अ) राजपीपला की श्रेणी (ब) सतपुड़ा की मुख्य श्रेणी

(स) मैकल श्रेणी (द) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

व्याख्या- सतपुड़ा-मैकल प्रदेश के उत्तर में स्थित महादेव की श्रेणियाँ सतपुड़ा की मुख्य श्रेणी के अंतर्गत आती है।

**112. सतपुड़ा-मैकल प्रदेश में मुख्यत: होने वाली फसल है-**

(अ) गेहूँ (ब) ज्वार

(स) कपास (द) उपर्युक्त सभी।

व्याख्या- सतपुड़ा मैकल प्रदेश में मुख्यत: गेहूँ, ज्वार, कपास आदि फसलें उगाई जाती है।

**113. सतपुड़ा-मैकल प्रदेश के प्रमुख अयस्क हैं-**

(अ) कोयला (ब) ताँबा

(स) चूने का पत्थर (द) उपर्युक्त सभी।

व्याख्या- सतपुड़ा-मैकल प्रदेश के प्रमुख अयस्क कोयला, ताँबा एवं चूना पत्थर।

**114. मलाजखण्ड जो कि सतपुड़ा-मैकल प्रदेश में है किस परियोजना के लिए प्रसिद्ध है-**

(अ) कोयला (ब) मैग्नीज

(स) ताँबा (द) चूने का पत्थर।

व्याख्या- मलाजखंड जो सतपुड़ा-मैकल प्रदेश में है ताँबा उत्पादन के लिये प्रसिद्ध है। मलाजखंड, बालाघाट जिले में।

**115. सतपुड़ा मैकल प्रदेश में कागज का कारखाना कहाँ है-**

(अ) बड़वानी (ब) नेपानगर

(स) बुरहानपुर (द) खण्डवा।

व्याख्या- म.प्र. का सर्वाधिक कागज उत्पादन केन्द्र नेपानगर (बुरहानपुर जिले) में स्थित है। जो सतपुड़ा मैकल क्षेत्र में आता है।

**116. बघेलखण्ड का पठार निम्न में से किससे आच्छादित है-**

(अ) नदियों से (ब) पर्वतों से

(स) वनों से (द) उपरोक्त सभी से।

व्याख्या- बघेलखण्ड का पठार वनों से आच्छादित है। क्योंकि यहाँ प्रदेश की सर्वाधिक वर्षा होती है।

**117. मध्यप्रदेश में प्रमुख कोयला क्षेत्र किस प्राकृतिक क्षेत्र में है-**

(अ) बुन्देलखण्ड (ब) मालवा

(स) बघेलखण्ड (द) रीवा-पन्ना का पठार।

व्याख्या- म.प्र. में प्रमुख कोयला क्षेत्र, प्राकृतिक बघेलखंड क्षेत्र में है। सिंगरौली जिला म.प्र. का सर्वाधिक कोयला उत्पादक क्षेत्र है।

**118. बघेलखण्ड के पठार में कैसी मिट्टी पायी जाती है-**

(अ) काली (ब) लाल एवं पीली

(स) लाल एवं काली (द) उपर्युक्त सभी।

व्याख्या- बघेलखण्ड के पठार में काली, लाल, पीली सभी प्रकार की मिट्टी का सम्मिश्रण है।

**119. बघेलखण्ड की प्रमुख फसल है-**

(अ) गेहूँ (ब) चावल

(स) मक्का (द) बाजरा।

व्याख्या- बघेलखण्ड के पठार की प्रमुख फसल चावल है।

**120. बघेलखण्ड में कागज का कारखाना कहाँ है-**

(अ) अमलाई (ब) शहडोल

(स) उमरिया (द) कोई नहीं।

व्याख्या- बघेलखण्ड क्षेत्र में कागज उत्पादन का प्रमुख क्षेत्र अमलाई है। यहां ओरिएण्ट पेपर मिल है।

**121. मध्यप्रदेश के किस जिले में धारवाड शैल समूह कों सौंसर क्रम के नाम से जाना जाता है।**

(1) जबलपुर (2) बालाघाट

(3) छिन्दवाडा (4) राजगढ़.

व्याख्या- मध्यप्रदेश के छिन्दवाडा जिले में धारवाड़ शैल समूह की सौसर क्रम के नाम से जाना जाता है। जिसमें मैंगनीज निक्षेपण मिलते हैं। सौसर के ऊपर अपेक्षया नवीन तथा न्यून कायान्तरण की चट्टाने मिलती है। जिन्हें 'सकोली क्रम' के नाम से जानी जाती है। धारवाड़ शैल समुह मुख्यत: दक्षिण मध्यप्रदेश में पायी जाती है।

108.(अ) 109.(द) 110.(ब) 111.(ब) 112.(द) 113.(द) 114.(स) 115.(ब) 116.(स) 117.(स) 118.(द) 119.(ब) 120.(अ) 121.(स)

122. मध्यप्रदेश में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की स्थापना किस वर्ष की गयी।

(1) 1973 (2) 1975

(3) 1972 (4) 1974

व्याख्या- मध्यप्रदेश में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को स्थापना 1974 की गयी। बोर्ड का मुख्यालय भोपाल में स्थित है। इसकी स्थापना का मुख्य उद्देश्य जल स्त्रोत एवं वायु गुणवत्ता पर सतत् निगरानी रखना और उसको स्वच्छ बनाए रखना है।

123. निम्नलिखित कथनों में से म.प्र. की भौगोलिक दृष्टि के संदर्भ में सही नहीं है?

(अ) प्रदेश की दक्षिणी सीमा चंबल नदी बनाती है।

(ब) म.प्र. की सीमा को 5 राज्य स्पर्श करते हैं।

(स) भौगोलिक दृष्टि से म.प्र. देश का दूसरा बड़ा राज्य है।

(द) म.प्र. देश का 9.38% भाग अपने पास रखता है।

व्याख्या- चंबल नदी का उद्‌गम इंदौर के जानापाव से होता है। यह चंबल नदी प्रदेश की उत्तरी सीमा बनाती है, जबकि दक्षिणी सीमा ताप्ती नदी बनाती है। इसलिए विकल्प (स) असत्य है। अन्य सभी कथन सही हैं, जैसे म.प्र. देश का दूसरा बड़ा राज्य तथा देश का 9.38% भाग अपने पास रखता है।

124. निम्न में से म.प्र. के पूर्वी तथा पश्चिमी भाग में लगभग कितने मिनट का अंतर है?

(अ) 24 मिनट (स) 32 मिनट

(ब) 28 मिनट (द) 34 मिनट

व्याख्या- म.प्र. के पूर्वी तथा पश्चिमी भाग की कुल लंबाई 870 कि.मी. है। तथा पू से पश्चिम में लगभग 34 मिनट का अंतर है।

125. निम्न में से किस वर्ष भारत संघ में भोपाल रियासत को शामिल किया गया?

(अ) 1951 (ब) 1956

(स) 1948 (द) 1949

उत्तर- भोपाल रियासत को 1 जून 1949 को भारतीय संघ में मिलाया गया। स्वतंत्रता प्राप्ति (1947) के पश्चात् म.प्र. की अन्य रियासतों को भी मिलाया गया।

126. म.प्र. के वर्तमान उत्तरी क्षेत्र के जिले ब्रिटिश भारत में किस नाम से जाने जाते थे?

(अ) देसी रियासतें (ब) रजवाड़े

(स) प्रिंसली स्टेट्स (द) उपरोक्त सभी

व्याख्या- प्रदेश के वर्तमान उत्तरी क्षेत्र ब्रिटिश शासन के समय देसी रियासतों, प्रिंसली स्टेट्स तथा रजवाड़े आदि नामों से जाने जाते थे। ये सभी ब्रिटिश साम्राज्य के अधीन रहते थे।

127. किस संघ या समूह के साक्ष्य म.प्र. में नहीं मिलते?

(अ) द्रविड़ समूह (स) आर्य समूह

(ब) धारवाड़ समूह (द) पुरान संघ

व्याख्या- विशेषज्ञों द्वारा किए गए महत्वपूर्ण अध्ययनों से ज्ञात होता है कि म.प्र. में पुराने संघ, धारवाड़ संघ, आर्य समूह, क्रिटेशस कल्प आदि चट्टानों के साक्ष्य म.प्रे. के विभिन्न स्थानों से प्राप्त होते हैं। किंतु द्रविण समूह के साक्ष्य नहीं मिल पाए।

128. निम्न में से महाकोशल क्षेत्र किस स्टेट में शामिल था?

(अ) स्टेट-ए (स) स्टेट-सी

(ब) स्टेट-बी (द) स्टेट-डी

व्याख्या- महाकोशल क्षेत्र सर्वाधिक मुख्य क्षेत्र था, जिसे स्टेट ए में शामिल किया गया था। सभी स्टेटों को 1947 के बाद सम्मिलित किया गया था। महाकोशल क्षेत्र की राजधानी जबलपुर की बनाया गया था।

129. निम्नलिखित में से किन जिलों का समूह बुंदेलखण्ड क्षेत्र में आता है?

(अ) टीकमगढ़, दमोह, छतरपुर

(ब) रीवा, शहडोल, सतना

(स) खण्डवा, खरगोन, बुरहानपुर

(द) मंदसौर, नीमच, रतलाम

व्याख्या- बुंदेलखण्ड का पठार ग्रेफाइट एवं नीस चट्टानों से निर्मित पठार है। बुंदेलखण्ड पठार के अंतर्गत टीकमगढ़, छतरपुर, दमोह, दतिया, शिवपुरी आदि जिले भी आते हैं।

130. 2003 में निम्न में किसे नया जिला बनाया गया?

(अ) सीधी (ब) हरदा

(स) सिंगरौली (द) बुरहानपुर

व्याख्या- 15 Aug, 2003 को तीन नए जिले बनाए गए, अनूपपुर (शहडोल से अलग), बुरहानपुर, अशोकनगर गुना से अलग। इनके मिल जाने से जिलों की संख्या 50 हो गई थी।

131. म.प्र. के जिलो के पुनर्गठन से संबंधित समितियाँ कौन-सी हैं?

(अ) बी.आर. दुबे समिति (ब) रंगराजन समिति

(स) सिंहदेव समिति (द) (अ) और (द) दोनों।

व्याख्या- 25 May, 1998 को बी.आर. दुबे समिति ने 16 जिलों की तथा सिंहदेव समिति ने 6 जिलों की अनुशंसा की थी। जिसके आधार पर वर्ष 1998 में 16 जिले जोड़े गए थे, और जिलों की कुल संख्या 61 हो गई थी।

132. निम्न में से किसकी सीमा धार जिले से नहीं लगती?

(अ) झाबुआ (ब) बड़वानी

(स) रतलाम (द) मंदसौर

व्याख्या- मंदसौर एकमात्र जिला है, जिसकी सीमा धार जिले से नहीं लगती, अन्य झाबुआ, रतलाम तथा बड़वानी की सीमा धार को स्पर्श करती है।

122.(द) 123.(अ) 124.(द) 125.(द) 126.(द) 127.(अ) 128.(अ) 129.(अ) 130.(द) 131.(अ) 132.(द)

133. भोपाल जिला बना?

(अ) 26 जनवरी, 1956 (ब) 26 नवंबर, 1956

(स) 26 नवंबर, 1972 (द) 2 अक्टूबर, 1956

व्याख्या- म.प्र. की राजधानी भोपाल है, जिसको 1972 में सीहोर से अलग कर जिला बनाया गया।

134. विभाजन से पहले म.प्र. की पूर्व से पश्चिम की लंबाई थी?

(अ) 870 Km. (स) 1196 Km

(ब) 1127 Km. (द) 670 Km.

व्याख्या- 31 अक्टूबर, 2000 को म.प्र. से कुछ राज्यों को अलग कर एक नया राज्य बनाया गया, जिसका नाम छत्तीसगढ़पड़ा। 16 जिले छ.ग. राज्य, का दिए गए थे। विभाजन के पूर्व म.प्र. की पूर्व से पश्चिम की लंबाई 1127 Km. थी, जो घटकर (विभाजन के बाद) अब 870 Km. रहे गई।

135. अविभाजित म.प्र. की उत्तर से दक्षिण की ओर चौड़ाई कितनी थी?

(अ) 996 Km. (ब) 1196 Km.

(स) 870 Km. (द) 605 Km.

व्याख्या- छ.ग. नामक नए राज्य के गठन के पहले म.प्र. की चौड़ाई 996 Km. थी। परंतु 31 अक्टूबर, 2000 को विभाजन के पश्चात् यह 605 KM शेष रह गई।

136. विभाजन के पूर्व म.प्र. की सीमा कितने राज्यों को स्पर्श करती थी?

(अ) 5 (ब) 6

(स) 7 (द) 8

व्याख्या- विभाजन से पूर्व म.प्र. राज्य की सीमा 7 राज्यों को स्पर्श करती थी। परंतु 31 अक्टूबर, 2000 के विभाजन के पश्चात् 5 राज्यों को स्पर्श करती है।

137. 'नर्मदापुरम' म.प्र. का नया संभाग कब अस्तित्व में आया?

(अ) 27 अगस्त, 2008 (ब) 30 अगस्त, 2008

(स) 22 जुलाई, 2008 (द) 24 जुलाई, 2008

व्याख्या- होशंगाबाद, बैतूल और हरदा को मिलाकर यह (नर्मदापुरम) संभाग बना। 27 अगस्त, 2008 को यह अस्तित्व में आया। इस संभाग का मुख्यालय होशंगाबाद है।

138. निम्न में से म.प्र. में कितनी नगर पंचायते हैं?

(अ) 258 (ब) 264

(स) 260 (द) 255

व्याख्या- म.प्र. में वर्तमान में कुल 264 नगर पंचायते अस्तित्व में हैं।

139. जब 1 नवंबर, 1956 को म.प्र. का गठन हुआ, तब कितनी रियासतें इसमें मिलाई गई थीं?

(अ) 79 (ब) 89

(स) 80 (द) 62

व्याख्या- म.प्र. के गठन के समय कुल 79 रियासतों को मिलाया गया, जो निम्न प्रकार थीं:-

- सी.पी. बरार (स्टेट A) - 15 रियासतें
- मध्य भारत (स्टेट B) - 26
- विंध्य प्रदेश (स्टेट C) - 58

140. म.प्र. के कितने जिले एक से अधिक राज्यों की सीमा स्पर्श करते हैं।

(अ) 7 (ब) 8

(स) 9 (द) 10

व्याख्या- सीधी, सिंगरौली, बालाघाट, मुरैना, झाबुआ, शिवपुरी तथा अलीराजपुर हैं।

141. किस देश का क्षेत्रफल म.प्र. से कम है?

(अ) फ्रांस (ब) इंग्लैण्ड

(स) कनाडा (द) संयुक्त जर्मनी

व्याख्या- संयुक्त जर्मनी का क्षेत्रफल म.प्र. राज्य से कम है।

142. वर्तमान में म.प्र. में तहसीलों की संख्या कितनी है?

(अ) 362 (ब) 396

(स) 364 (द) 350

व्याख्या- म.प्र. सरकार द्वारा अन्य नई तहसीलों के गठन के पश्चात् वर्तमान में कुल 364 तहसीलें गई हैं।

143. निम्न में से म.प्र. के कितने जिले राजस्थान की सीमा को स्पर्श करते हैं?

(अ) 7 (ब) 8

(स) 9 (द) 10

व्याख्या- म.प्र. के 10 जिले राजस्थान की सीमा को स्पर्श करते हैं। ये जिले हैं- शिवपुरी, श्योपुर, मुरैना, मंदसौर, नीमच, रतलाम, आगर-मालवा, राजगढ़-गुना, (झाबुआ)।

144. भू-वैज्ञानिक दृष्टि से म.प्र. भाग है? (MPPSC-Pre-2010)

(अ) विंध्यन शैल का (स) दक्कन ट्रैप

(स) गोंडवाना लैण्ड का (द) कोई नहीं

व्याख्या- भू-वैज्ञानिक दृष्टि से म.प्र. गोंडवाना लैण्ड का भाग है। म.प्र. भारत का प्राचीनतम भाग माना जाता है, क्योंकि यह भाग हिमालय से भी प्राचीनतम है।

145. म.प्र. में विकासखण्डों की संख्या क्या है?

(कराधान सहायक-2010)

(अ) 213 (ब) 313

(स) 290 (द) 299

व्याख्या- म.प्र. में विकासखण्डों की कुल संख्या 313 है, जिनमें से 89 आदिवासी विकासखण्ड हैं।

133.(स) 134.(ब) 135.(अ) 136.(स) 137.(अ) 138.(ब) 139.(अ) 140.(अ) 141.(द) 142.(स) 143.(द) 144.(स) 145.(ब)

146. निम्न में से कौन-सा म.प्र. का क्षेत्र नहीं है- (पर्यटन विभाग-2013)

(अ) बुन्देलखण्ड (ब) मालवा
(स) बघेलखण्ड (द) उत्तराखण्ड

उत्तर- म.प्र. को कुल 7 भौगोलिक क्षेत्रों में बाँटा गया है, जिनमें से बुंदेलखण्ड का पठार, मालवा का पठार, बघेलखण्ड का पठार सम्मिलित है जबकि उत्तराखण्ड उत्तरी भारत का एक राज्य है।

147. भोपाल से पहले म.प्र. की राजधानी कहाँ थी?

(Koushal Vikas, Sanchalnalay Recruitment 2016)
(ANM Training Selection Test-2016)
(MPT Manager-2015)
(जेल प्रहरी-2015) (पर्यटन विभाग-2013)

(अ) नागपुर (ब) इंदौर
(स) रायपुर (द) उज्जैन

व्याख्या- वर्तमान में म.प्र. की राजधानी भोपाल है। परंतु स्वतंत्रता प्राप्ति के तुरंत बाद जब सी.पी. और बरार से बघेलखण्ड और छत्तीसगढ़की रियासतों को मिलाया गया तथा म.प्र. की राजधानी नागपुर बनाई गई थी। तत्पशाच्त् 1 नवंबर, 1956 को राजधानी भोपाल हस्तांतरित कर दी गई।

148. म.प्र. का गठन किसकी अनुशंसा पर हुआ था?

(लैब टेक्निशियन-2015)

(अ) पंडित नेहरू (ब) राज्य पुनर्गठन आयोग
(स) सरदार पटेल (द) राज्य विघटन आयोग

व्याख्या- म.प्र. का गठन राज्य पुनर्गठन आयोग की अनुशंसा पर हुआ। स्वतंत्रता के पश्चात् 29 दिसंबर 1953 को राज्य पुनर्गठन आयोग का गठन हुआ; जिसके अध्यक्ष अली फजल थे तथा अन्य सदस्य के एम.पणिक्कर और ह्रदयनाथ कुंजर थे।

149. इनमें से कौन-सा म.प्र. का जिला महाराष्ट्र राज्य के साथ सीमा साझा नहीं करता? (जेल प्रहरी-2015)

(अ) बड़वानी (ब) बुरहानपुर
(स) बैतूल (द) देवास

व्याख्या- महाराष्ट्र राज्य की सीमा को स्पर्श करने वाले 9 राज्य हैं, जो कि अलीराजपुर, बड़वानी, खरगोन, खण्डवा, बुरहानपुर, बैतूल, छिंदवाड़ा, सिवनी, बालाघाट। परंतु देवास महाराष्ट्र की सीमा को स्पर्श नहीं करता।

150. निम्नलिखित जिलों में से कौन-सा जिला भोपाल संभाग का नहीं है? (पुलिस आरक्षक-2016)

(अ) देवास (ब) राजगढ़
(स) विदिशा (द) सीहोर

व्याख्या- म.प्र. के भोपाल संभाग में 5 जिले आते हैं जो कि सीहोर, भोपाल, रायसेन, विदिशा, राजगढ़ हैं। देवास उज्जैन संभाग में आता है।

151. मध्यप्रदेश के निम्नलिखित वनों में से किसमें नेशनल ज्योग्राफिक के पुरस्कार विजेता 'लैंड ऑफ द टाइगर्स' शूट किया गया था?

(MP Rajya 2018)

(अ) कान्हा राष्ट्रीय उद्यान (ब) बांधवगढ़राष्ट्रीय उद्यान
(स) पन्ना टाइगर रिजर्व (द) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या- कान्हा राष्ट्रीय उद्यान भारत के प्रमुख वनों में से एक है। यह मध्यप्रदेश के मंडला जिले में 940 km² में फैला हुआ है। यह अलग-अलग प्रजाति के पशुओं का घर है। रुडयार्ड किपलिंग की प्रसिद्ध किताब और धारावाहिक जंगल बुक की प्रेरणा इसी स्थान से ली गई थी।

152. प्रधानमंत्री मोदी ने शौर्य स्मारक का उद्घाटन कहाँ किया है?

(समग्र सामाजिक 2017)

(अ) देवास (ब) इंदौर
(स) भोपाल (द) ग्वालियर

व्याख्या- प्रधानमंत्री मोदी ने शौर्य स्मारक का उद्घाटन भोपाल में किया। जो 14 एकड़ के प्रांगण में फैला है।

153. निम्नलिखित जिलों में से कौन-सा जिला सोन घाटी में है?

(जेल प्रहरी 2017)

(अ) सीधी (ब) इनमें से कोई नहीं
(स) शहडोल (द) उपरोक्त दोनों

व्याख्या- सीधी और शहडोल दोनों जिले सोन घाटी में स्थित है।

154. विंध्याचल श्रेणी में ऊँची चोटी है (पुलिस आरक्षक 2017)

(अ) बैल चोटी (ब) मिकाई श्रेणी
(स) कैसकेड़ श्रेणी (द) गुड़विल चोटी

व्याख्या- विंध्याचल श्रेणी में ऊँची चोटी गुडविल चोटी है।

155. उत्तरी विन्ध्य में बसा पवित्र शहर कौन-सा है?

(पुलिस आरक्षक 2017)

(अ) उज्जैन (ब) चित्रकूट
(स) सांची (द) शिवपुरी

व्याख्या- विंध्यपर्वत माला के उत्तर में बसा शहर चित्रकूट है यह शहर म. प्र. तथा उ. प्र. में बसा है।

156. निम्नांकित में से कौन -सा जिला मालवा क्षेत्र में नहीं आता ?

(पुलिस आरक्षक 2017)

(अ) शाजापुर (ब) मण्डला
(स) देवास (द) रतलाम

व्याख्या- मण्डला, मालवा क्षेत्र में नहीं आता है। मालवा ज्वालामुखी के उद्गार से बना पश्चिमी भारत का एक अंचल है। मालवा क्षेत्र 11 जिलों में फैला हुआ।

146.(द) 147.(अ) 148.(ब) 149.(द) 150.(अ) 151.(अ) 152.(स) 153.(द) 154.(द) 155.(ब) 156.(ब)

157. मध्य भारत पठार क्षेत्र में निम्न में से कौन-सी नदी का प्रवाह नहीं है? (MPSI 2017)

(अ) जामनेर (ब) चंबल

(स) काली सिंध (द) पार्वती

व्याख्या- चंबल, कालीसिंध पार्वती आदि मध्य भारत के पठार की नदियाँ है जबकि जामनेर बुंदेलखंड की नदी है।

158. मध्यप्रदेश के कौन-से शहर में भारत का सबसे बड़ा वैश्विक कौशल उद्यान ( ग्लोबल स्किल पार्क ) निर्मित होगा? (MPSI 2017)

(अ) जबलपुर (ब) भोपाल

(स) इंदौर (द) ग्वालियर

व्याख्या- वैश्विक कौशल उद्यान म. प्र. के भोपाल में स्थित है। यह भारत का सबसे बड़ा ग्लोबल स्किल पार्क है।

159. छिंदवाड़ा में निम्नलिखित स्थानों में से किस स्थान पर गर्म पानी का कुंड ( गर्म जल स्त्रोत ) स्थित है? ( पटवारी परीक्षा 2017 )

(अ) तामिया (ब) पातालकोट

(स) अनहोनी (द) बबीहा

व्याख्या- छिंदवाड़ा के अनहोनी स्थल पर गर्म पानी का कुण्ड स्थित है। इसका कारण इस स्थल के नीचे जमीन में प्रचुर मात्रा में गंधक होना है।

160. इंदौर शहर में पानी की आपूर्ति का मुख्य स्त्रोत.........नदी से हैं। ( पटवारी परीक्षा 2017 )

(अ) नर्मदा (ब) सरस्वती

(स) खान (द) क्षिप्रा

व्याख्या- नर्मदा, जिसे रेवा नाम से जाना जाता है, मध्य भारत की एक नदी है और भारतीय उपमहाद्वीप की पाँचवीं सबसे लंबी नदी है। यह गोदावरी और कृष्णा नदी के बाद भारत के अंदर बहने वाली तीसरी सबसे लंबी नदी है। नर्मदा, इंदौर शहर में पानी की आपूर्ति का मुख्य स्त्रोत है।

161. कंचन घाट .......... नदी के पार स्थित है। ( पटवारी परीक्षा 2017 )

(अ) चंबल (ब) नर्मदा

(स) बेतवा (द) यमुना

व्याख्या- कंचन घाट बेतवा नदी पर स्थित है। कंचन घाट पर वीर सिंह बुंदेला की छतरी है, यह छतरी तीन मंजिला है। बुंदेलों के इतिहास में वीर सिंह का कार्यकाल स्वर्णयुग कहलाता है।

162. मध्य प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश के बीच एक सीमा बनाने वाली नदी है: ( पटवारी परीक्षा 2017 )

(अ) जामनी (ब) चंबल

(स) बेतवा (द) गंभीर

व्याख्या- जामनी नदी, मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश के बीच सीमा बनाने वाली नदी है।जामनी नदी बेतवा की सहायक नदी है।

163. बघेलखंड मध्यप्रदेश के .......... भाग में स्थित है। ( पटवारी परीक्षा 2017 )

(अ) उत्तर-पूर्वी (ब) दक्षिणी

(स) उत्तरी (द) पश्चिमी

व्याख्या- बघेलखण्ड मध्यप्रदेश के उत्तर-पूर्वी भाग में स्थित है। इस भाग में अनूपपुर, रीवा, सतना, शहडोल, सीधी, उमरिया आदि जिले आते हैं।

164. रीवा में गुफा लेखन ( अंतर्लेख ) कहाँ पाया जाता है? ( पटवारी परीक्षा 2017 )

(अ) केवटी (ब) बिछिया

(स) केवरा (द) पंचमढ़ी

व्याख्या- रीवा में गुफा लेखन केवटी में पाया जाता है।

165. 2017 में पर्यावरण पर विश्व सम्मेलन कहाँ आयोजित किया गया था? ( पटवारी परीक्षा 2017 )


(अ) नई दिल्ली (ब) भोपाल

(स) इंदौर (द) जयपुर

व्याख्या- 25 मार्च 2017 से दो दिवसीय पर्यावरण पर विश्व सम्मेलन का आयोजन राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में किया गया। यह सम्मेलन पर्यावरण एवं वन मंत्रालय तथा जल संसाधन मंत्रालय के सहयोग से किया गया। इस सम्मलेन का उद्घाटन राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी ने किया जबकि इसकी अध्यक्षता प्रधान न्यायाधीश जे एस खेहर ने की।

* * *

157.(अ) 158.(ब) 159.(स) 160.(अ) 161.(स) 162.(अ) 163.(अ) 164.(अ) 165.(अ)



# अध्याय– 9

# मध्यप्रदेश में कृषि

1. सुमेलित कीजिये-

A अदरक 1. मुरैना
B गन्ना 2. खरगोन
C मिर्च 3. होशंगाबाद
D सरसों 4. छिंदवाड़ा

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| A | 1 | 4 | 3 | 2 |
| B | 4 | 3 | 1 | 2 |
| C | 4 | 3 | 2 | 1 |
| D | 1 | 2 | 3 | 4 |

व्याख्या- अदरक - छिंदवाड़ा
गन्ना - होशंगाबाद
मिर्च - खरगोन
सरसों - मुरैना

2. सुमेलित कीजिए-

| सब्जी | जिला |
|---|---|
| A. आलू | 1. गुना |
| B. धनिया | 2. खण्डवा |
| C. प्याज | 3. मंदसौर |
| D. लहसुन | 4. इंदौर |

| | 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|---|
| A | 2 | 3 | 4 | 1 |
| B | 1 | 4 | 3 | 2 |
| C | 4 | 1 | 2 | 3 |
| D | 3 | 1 | 4 | 2 |

व्याख्या- आलू - इंदौर
धनिया - गुना
प्याज - खण्डवा
लहसुन - मंदसौर

3. किस जिले में हाइड्रेम जल पम्प का प्रयोग किया जाता है।

(1) खण्डवा (2) देवास
(3) खरगौन (4) रतलाम

व्याख्या- खरगौन जिले में हाइड्रेम जल पम्प का प्रयोग किया जाता है।

4. कृषि गणना के आधार पर जोतो का आकार कितना है-

(अ) 2.2 हेक्टेयर (ब) 3.5 हेक्टेयर

1.(स) 2.(स) 3.(स)

(स) 7 हेक्टेयर (द) 2 हेक्टेयर

व्याख्या- कृषि गणना के अनुसार म.प्र. में जोतों का आकार 2.2 हेक्टेयर हैं।

5. म.प्र. में प्रमुख कपास उत्पादन वाले क्षेत्र है-
(अ) पश्चिमी मध्यप्रदेश (ब) उत्तरी मध्यप्रदेश
(स) पूर्वी मध्यप्रदेश (द) इनमें से कोई नहीं।

व्याख्या- म.प्र. में प्रमुख कपास उत्पादन वाला क्षेत्र पश्चिमी मध्यप्रदेश (खण्डवा-खरगोन) है क्योंकि अधिक काली मिट्टी यहीं पर पाई जाती है।

6. सोयाबीन के उत्पादन का प्रमुख क्षेत्र है-
(अ) पूर्वी मध्यप्रदेश (ब) पश्चिमी मध्यप्रदेश
(स) उत्तरी मध्यप्रदेश (द) उपरोक्त तीनों।

व्याख्या- सोयाबीन के उत्पादन की आवश्यक आदर्श भौगोलिक परिस्थिति पश्चिमी म.प्र. में है।

7. म.प्र. में तिल का उत्पादन किस भाग में होता है-
(अ) उत्तर-पूर्वी भाग (ब) उत्तर-पश्चिमी भाग
(स) पश्चिमी भाग (द) उत्तरी भाग।

व्याख्या- तिल मुख्यतः उत्तर-पश्चिमी म.प्र. में अधिक होती है। छतरपुर, होशंगाबाद, शिवपुरी व सीधी इसके मुख्य उत्पादक जिले हैं।

8. चना फसल है-
(अ) रबी की (ब) खरीफ की
(स) दोनों की (द) कोई नहीं।

व्याख्या- चना एक रबी की फसल है, जो अक्टूबर-नवम्बर में बोई जाती है।

9. सबसे अधिक तेंदूपत्ता किस राज्य में होता है-
(अ) उत्तरप्रदेश (ब) मध्यप्रदेश
(स) बिहार (द) असम।

व्याख्या- देश का सर्वाधिक तेंदूपत्ता, म.प्र. राज्य उत्पादन करता है।

10. रबी की फसल में सबसे अधिक क्षेत्र किस फसल का है-
(अ) चना (ब) गेहूँ
(स) जुवार (द) मक्का।

व्याख्या- रबी की फसल में सबसे अधिक क्षेत्र गेहूँ फसल का है।

11. म.प्र. में राष्ट्रीय सोयाबीन अनुसंधान केन्द्र स्थित है-
(अ) इन्दौर (ब) जबलपुर
(स) टीकमगढ़ (द) भोपाल

व्याख्या- म.प्र. में राष्ट्रीय सोयाबीन अनुसंधान केन्द्र इन्दौर में स्थित है।

12. गेहूँ उत्पादन का प्रमुख क्षेत्र है-
(अ) चम्बल की घाटी (ब) मालवा का पठार
(स) नर्मदा सोन घाटी (द) सतपुड़ा मैकल श्रेणी।

व्याख्या- गेहूँ उत्पादन का प्रमुख केन्द्र मालवा का पठार है।

13. रबी की फसल बोई जाती है-
(अ) अक्टूबर-नवम्बर (ब) सितम्बर-अक्टूबर
(स) मार्च (द) जनवरी-फरवरी।

व्याख्या- रबी की फसल, अक्टूबर-नवम्बर में बोई जाती है। मार्च-अप्रैल में काटी जाती है।

14. 100 से 200 से.मी. वर्षा वाले क्षेत्रों में निम्न फसलें होती हैं-
(अ) गन्ना, तुअर, चना (ब) चावल, गेहूँ
(स) कपास (द) कपास, गेहूँ, जुवार

व्याख्या- 100-200 cm वर्षा वाले क्षेत्रों में गन्ना, तुअर, चना, चावल आदि फसल उत्पादित की जाती है।

15. फसलों का समर्थन मूल्य निर्धारित करते हैं-
(अ) भूमि विकास निगम (ब) कृषि उपज मण्डी
(स) राज्य सरकार (द) कृषि विकास निगम।

व्याख्या- किसानों को उनके उत्पादन का उचित मूल्य दिलवाने के लिये प्रमुख कृषि उपजों का न्यूनतम मूल्य राज्य सरकार निर्धारण करती है।

16. राज्य की सबसे महत्वपूर्ण नकद फसल-
(अ) गेहूँ (ब) ज्वार
(स) कपास (द) गन्ना।

व्याख्या- राज्य की सबसे महत्वपूर्ण नकदी फसल कपास है, जो काली मिट्टी वाले क्षेत्रों में उत्पादित होती है।

17. निम्न में से कौन-सी खरीफ की फसल नहीं है-
(अ) मूँगफली (ब) अरहर
(स) चना (द) अलसी

व्याख्या- चना एक रबी फसल है जबकि, मूंगफली, अरहर अलसी सभी खरीफ फसले हैं।

18. खरीफ की फसल बोई जाती है-
(अ) जून-जुलाई (ब) जुलाई
(स) मार्च (द) नवंबर

व्याख्या- खरीफ की फसलें-जून- जुलाई के महीने में बोई जाती हैं जबकि सितम्बर-अक्टूबर में काटी जाती है।

19. फसलों के आधार पर म.प्र. को वर्गीकृत किया गया है
(अ) दो भागों में (ब) तीन भागों में
(स) सात भागों में (द) आठ भागों में।

व्याख्या- फसलों के आधार पर म.प्र. को सात प्रमुख कृषि क्षेत्रों में बाँटा जा सकता है- (1) ज्वार का क्षेत्र (2) गेहूँ व जुवार का क्षेत्र (3) कपास व गेहूँ का क्षेत्र (4) कपास का क्षेत्र (5) चावल व कपास का क्षेत्र (6) चावल का क्षेत्र (7) चावल, कपास व ज्वार का क्षेत्र।

4.(अ) 5.(अ) 6.(ब) 7.(ब) 8.(अ) 9.(ब) 10.(ब) 11.(अ) 12.(ब) 13.(अ) 14.(अ) 15.(स) 16.(स) 17.(स) 18.(अ) 19.(स)

20. मेस्टा सम्बन्धित है-
(अ) जूट के समान रेशा (ब) सिंचाई परियोजना
(स) कीटनाशक (द) बीज का नाम।

व्याख्या- भारत में जूट की कमी को पूरा करने के लिये जूट के समान ही रेशा पैदा करने वाले पौधे मेस्टा का उत्पादन बढ़ाया गया है। यह गुना, भिण्ड, शिवपुरी जिले में होता है।

21. सोयाबीन में म.प्र. के बाद स्थान
(अ) महाराष्ट्र, राजस्थान (ब) असम, महाराष्ट्र
(स) असम, राजस्थान (द) बिहार, उ.प्र.।

व्याख्या- सोयाबीन उत्पादन में म.प्र. के बाद, महाराष्ट्र, राजस्थान का स्थान आता है।

22. म.प्र. में सर्वाधिक अफीम उत्पादन करने वाला जिला
(अ) उज्जैन (ब) खण्डवा
(स) मन्दसौर (द) खरगोन

व्याख्या- म.प्र. का अफीम उत्पादन करने वाला एकमात्र जिला मंदसौर है।

23. म.प्र. का एकमात्र गाँजा उत्पादक जिला कौनसा है-
(अ) मण्डला (ब) खण्डवा
(स) नीमच (द) खरगौन

व्याख्या- म.प्र. में गाँजा का उत्पादन, खंडवा जिले में होता है।

24. म.प्र. में बीज एवं फार्म विकास निगम का मुख्यालय कहाँ है-
(अ) इन्दौर (ब) सागर
(स) भोपाल (द) उज्जैन।

व्याख्या- म.प्र. में बीज एवं फार्म विकास निगम का मुख्यालय भोपाल में स्थित है।

25. म.प्र. का गेहूँ उत्पादन की दृष्टि से भारत में कौन-सा स्थान है-
(अ) प्रथम (ब) द्वितीय
(स) तृतीय (द) चतुर्थ।

व्याख्या- म.प्र. का गेहूँ उत्पादन की दृष्टि से देश में द्वितीय स्थान है।

26. म.प्र. में किस वर्ष में सब्जी विकास कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ-
(अ) 1989 (ब) 1990-91
(स) 1991-92 (द) 1992-93

व्याख्या- वर्ष 1990-91 में 2,250 हे. क्षेत्र में सघन साग सब्जी कार्यक्रम चलाया गया तथा नए क्षेत्र के विस्तार की योजना प्रारम्भ की जा रही है।

27. म.प्र. में लघु कृषक विकास अभिकरण की स्थापना किस वर्ष में हुई थी-
(अ) 1969-70 (ब) 1970-71
(स) 1971-72 (द) 1972-73

व्याख्या- लघु विकास अभिकरण का उद्देश्य छोटे किसानों को व्यावसायिक बैंकों से कर्ज दिलाना, कम दरों पर खाद व बीज उपलब्ध कराना है। म.प्र. में इसकी स्थापना 1971-72 में हुई।

28. कृषि विभाग द्वारा कृषि प्रदेशों का विभाजन कितने भागों में किया गया है-
(अ) 3 (ब) 5
(स) 7 (द) 8।

व्याख्या- कृषि विभाग द्वारा म.प्र. को 5 कृषि क्षेत्रों में विभक्त किया गया है- पश्चिम में काली मिट्टी का मालवा प्रदेश, उत्तर में जुवार-गेहूँ का प्रदेश, मध्य में गेहूँ का प्रदेश, चावल गेहूँ प्रदेश, चावल का प्रदेश।

29. किस प्रदेश को सोया की राजधानी कहा जाता है-
(अ) महाराष्ट्र (ब) राजस्थान
(स) उत्तर प्रदेश (द) मध्यप्रदेश।

व्याख्या- म.प्र. को देश की सोया राजधानी कहा जाता है क्योंकि यह देश के कुल सोयाबीन उत्पादन का लगभग 80% उत्पादन करता है।

30. म.प्र. में कृषि पर कितने प्रतिशत जनसंख्या आश्रित है-
(अ) 60 प्रतिशत (ब) 70 प्रतिशत
(स) 50 प्रतिशत (द) 55 प्रतिशत।

व्याख्या- म.प्र. में कृषि पर कुल जनसंख्या का 70% हिस्सा आश्रित है।

31. नर्मदा सोन घाटी की प्रमुख फसल निम्न में से कौन सी है-
(अ) ज्वार (ब) चना
(स) गेहूँ (द) चावल

व्याख्या- नर्मदा सोन घाटी की प्रमुख फसल गेहूँ है। इसे प्रदेश की गेहूँ पेटी भी कहा जाता है।

32. दलहनों में सर्वाधिक किसका उत्पादन मध्यप्रदेश में होता है-
(अ) तुअर (ब) सोयाबीन
(स) चना (द) मूँग।

व्याख्या- दलहनों में सर्वाधिक उत्पादन-चने का किया जाता है।

33. प्रदेश में कृषि विकास के लिये दीर्घकालीन ऋण किस सहकारी संस्था से मिलता है-
(अ) भूमि विकास बैंक (ब) रिजर्व बैंक
(स) नागरिक बैंक (द) को-ऑपरेटिव बैंक।

व्याख्या- मध्यप्रदेश राज्य भूमि विकास बैंक की स्थापना सन् 1929 में की गई। इसका उद्देश्य कृषि क्षेत्र में आधुनिक व उत्तम कृषि व्यवस्था करना, किसानों को दीर्घकालीन ऋण उपलब्ध कराना आदि हैं।

34. मध्य प्रदेश का कौन-सा भाग चावल क्षेत्र कहलाता है?
(अ) पूर्वी क्षेत्र (ब) पूर्वी तथा दक्षिण - पूर्वी क्षेत्र

20.(अ) 21.(अ) 22.(स) 23.(ब) 24.(स) 25.(ब) 26.(ब) 27.(स) 28.(ब) 29.(द) 30.(ब) 31.(स) 32.(स) 33.(अ)

(स) दक्षिण तथा उत्तरी- पश्चिमी क्षेत्र
(द) उत्तर-पूर्वी तथा पूर्वी - पश्चिमी क्षेत्र।

व्याख्या- मध्यप्रदेश का पूर्वी व दक्षिणी-पूर्वी क्षेत्र अर्थात् बालाघाट, शहडोल, मण्डला, जबलपुर आदि प्रदेश चावल प्रदेश कहलाता है।

35. मध्य प्रदेश में अलसी के मुख्य उत्पादक जिले हैं-
(अ) भिण्ड, मुरैना (ब) छतरपुर, होशंगाबाद
(स) खण्डवा, खरगोन (द) बालाघाट, रीवा।

व्याख्या- मध्यप्रदेश में बालाघाट व रीवा में अलसी, भिण्ड, मुरैना तथा श्योपुर में तिल व खरगोन खण्डवा में कपास अधिक उत्पादित होता है।

36. मध्य प्रदेश में खेसरी दाल पर प्रतिबंध है, क्योंकि इसका कुप्रभाव पड़ता है-
(अ) दृष्टि (ब) श्रवण क्षमता
(स) रक्त (द) निचले अंगों का संचालन।

व्याख्या- मध्यप्रदेश में खेसरी दाल पर प्रतिबंध लगाया गया, क्योकि इसके उपभोग से निचले अंगों के संचालन में बाधा उत्पन्न होती है।

37. मध्य प्रदेश में कृषि विश्वविद्यालय कितने हैं?
(अ) एक (ब) दो
(स) तीन (द) चार।

व्याख्या- मध्यप्रदेश का कृषि विश्वविद्यालय जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर में स्थापित है। 2008 में ग्वालियर में भी कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना की जा चुकी है।

38. मध्य प्रदेश में कुँओं द्वारा सर्वाधिक सिंचाई किस क्षेत्र में होती है?
(अ) पूर्वी (ब) पश्चिमी क्षेत्र
(स) उत्तरी क्षेत्र (द) दक्षिणी क्षेत्र

व्याख्या- मध्यप्रदेश में पश्चिमी जिलों में सर्वाधिक सिंचाई कुँओं से की जाती है।

39. मध्य प्रदेश में सर्वाधिक सिंचाई किससे होती है?
(अ) कुँओं तथा नलकूपों (ब) नहर द्वारा
(स) तालाब (द) अन्य साधनों द्वारा।

व्याख्या- मध्यप्रदेश में कुँओं व नलकूपों से सर्वाधिक सिंचाई की जाती है, इसके पश्चात् नहरें व तालाबों से सिंचाई की जाती है।

40. मध्य प्रदेश में निम्न क्षेत्रों में नहरों द्वारा सिंचाई होती है-
(अ) चम्बल घाटी क्षेत्र (ब) बुंदेलखण्डी क्षेत्र
(स) नर्मदा घाटी क्षेत्र (द) उपरोक्त सभी क्षेत्र।

व्याख्या- चंबल घाटी में सर्वाधिक सिंचाई नहरों से की जाती है।

41. मध्य प्रदेश में तालाब द्वारा सिंचित जिले कौन-सै हैं?
(अ) बालाघाट, सिवनी (ब) सीधी, मण्डला
(स) नरसिंहपुर, दमोह (द) रीवा, सतना।

व्याख्या- बालाघाट व सिवनी में सर्वाधिक तालाबों से सिंचाई की जाती है।

42. केन्द्र सरकार की 'थ्रस्ट' योजना के तहत् किस/ किन फसलों को शत् - प्रतिशत केन्द्रीय सहायता दी जा रही है-
(अ) गेहूँ (ब) चावल
(स) अरहर (द) उपरोक्त सभी

व्याख्या- सूखे की स्थिति से निवारण हेतु केन्द्र सरकार द्वारा थ्रस्ट योजना चलाई गई, जिसमें गेहूँ, चावल, अरहर को पूर्णत: केन्द्रीय सहायता दी गई।

43. म.प्र. में किस देश के सहयोग से महिला कृषकों के प्रशिक्षण की योजना है?
(अ) इंग्लैण्ड (ब) डेनमार्क
(स) फ्रांस (द) जापान।

व्याख्या- महिला कृषकों के संरक्षण एवं विकास हेतु डेनमार्क की सहायता से महिला कृषकों को प्रशिक्षण देने हेतु योजना का निर्माण किया गया।

44. म.प्र. में राज्य पशुधन एवं कुक्कुट विकास निगम की स्थापना कब हुई?
(अ) 1972 (ब) 1982
(स) 1988 (द) 1997

व्याख्या- पशुओं के संरक्षण एवं विकास हेतु 1982 में म.प्र. राज्य पशुधन एवं कुक्कुट विकास निगम की स्थापना की गई।

45. म.प्र. में गौवंशीय साण्ड प्रदाय कर नस्ल सुधार के लिए कौन-सी योजना प्रारंभ की गई है?
(अ) प्रजनन सुधार (ब) नन्दीशाला
(स) गौ-सेवक योजना (द) इनमें से कोई नहीं।

व्याख्या- मध्यप्रदेश में नन्दी शाला योजना को 2005 में प्रारंभ किया गया, जिसके तहत नस्ल सुधार हेतु आवश्यक प्रयास किए जाएंगे।

46. म.प्र. में दुग्ध उत्पादन को प्रोत्साहन देने के लिए एकीकृत डेयरी विकास योजना प्रारंभ की गई है। यह योजना किसके सहयोग से संचालित की जा रही है?
(अ) यू.एन.डी.पी. (ब) युनिसेफ
(स) विश्व बैंक (द) युनेस्को।

व्याख्या- मध्यप्रदेश में विश्व बैंक के सहयोग से 1997 से एकीकृत डेयरी विकास परियोजना प्रारंभ की गई।

47. म.प्र. में राज्य मत्स्य विकास निगम की स्थापना कब की गई?
(अ) 1974 (ब) 1979
(स) 1989 (द) 1999

व्याख्या- मत्स्य संरक्षण एवं मत्स्य पालन हेतु मध्यप्रदेश द्वारा 1979 में राज्य मत्स्य विकास निगम की स्थापना की गई।

34.(ब) 35.(द) 36.(द) 37.(ब) 38.(ब) 39.(अ) 40.(द) 41.(अ) 42.(द) 43.(ब) 44.(ब) 45.(ब) 46.(स) 47.(ब)

48. मध्यप्रदेश में कृषि विभाग अब कहा जाएगा-

(अ) किसान कल्याण और कृषि विभाग

(ब) किसान एवं कृषि विभाग

(स) कृषक आयोग

(द) कृषक कल्याण विभाग।

व्याख्या- मध्यप्रदेश में कृषक कल्याण हेतु कृषि विभाग का नाम बदलकर किसान कल्याण और कृषि विभाग कर दिया गया।

49. रंगीन प्राकृतिक कपास का उत्पादन करने वाला देश का प्रथम राज्य कौन-सा है-

(अ) मध्य प्रदेश (ब) उत्तर प्रदेश

(स) महाराष्ट्र (द) गुजरात।

व्याख्या- मध्यप्रदेश में भूरा, हरा व गुलाबी रंग के कपास का उत्पादन किया जाता है।

50. मध्य प्रदेश में कपास उत्पादन के लिए सबसे प्रसिद्ध स्थान है?

(अ) अंजड़ (ब) बागली

(स) सीहोर (द) महिदपुर

व्याख्या- मध्यप्रदेश में अंजड़-(बड़वानी) जिले प्रमुख कपास उत्पादक जिले है।

51. मध्यप्रदेश में गाँजा उत्पादक जिले कौन से है।

(1) बडवानी, खरगौन (2) खण्डवा, बुरहानपुर

(3) झाबुआ, अलीराजपुर (4) भोपाल, इन्दौर

व्याख्या- मध्यप्रदेश में गाँजा उत्पादक जिले मुख्यत: खण्डवा, बुरहानपुर है। इसे सरकारी नियंत्रण में उगाया जाता है। तथा इसके पौधे से निकलने वाले रस अर्थात् 'चरस' के सेवन, उत्पादन एवं विक्रय पर शासन का प्रतिबंध होने के कारण इसको नष्ट कर दिया जाता है।

52. मध्यप्रदेश में अलसी उत्पादन करने वाला जिला कौन-सा है।

(1) रीवा (2) सतना

(3) राजगढ (4) शाजापुर

व्याख्या- मध्यप्रदेश में अलसी उत्पादन करने में अग्रणी जिला रीवा है। अलसी उत्पादन में म.प्र. देश में प्रथम स्थान पर है। देश की कुल अलसी उत्पादन का 38% म.प्र. उत्पादित करता है।

53. मध्यप्रदेश में चना उत्पादन में अग्रणी जिला कौन सा है।

(1) इन्दौर (2) उज्जैन

(3) भोपाल (4) विदिशा

व्याख्या- मध्यप्रदेश में चना उत्पादन में अग्रणी जिला विदिशा है। चना उत्पादन में म.प्र. देश में पहले स्थान पर है। चना के लिए कम उपजाऊ मिट्टी, 30 से.मी. से 50 से.मी. तक वर्षा तथा 15 से 25 से. तक तापमान चाहि। यह अक्टूबर माह में बोई एवं मार्च अप्रैल में कटने वाली रबी की यह फसल मध्यप्रदेश की महत्वपूर्ण उपज है।

54. राज्य की सबसे महत्वपूर्ण नकद फसल है।

(1) गन्ना (2) सरसों

(3) ज्वार (4) कपास

व्याख्या- राज्य की सबसे महत्वपूर्ण नकदी फसल कपास है जो काली मिट्टी में उगाई जाती है मध्यप्रदेश में कपास अनुसंधान खरगौन में स्थापित किया गया है। इसको उत्पादित करने वाले प्रमुख जिले खरगौन, निमाड़ क्षेत्र, धार, रतलाम, ग्वालियर, उज्जैन, भोपाल आदि है।

55. म.प्र. में देश का कुल सोयाबीन उत्पादन का कितने प्रतिशत उत्पादित होती है।

(1) 70% (2) 62%

(3) 82% (4) 66%

व्याख्या- मध्यप्रदेश में देश का कुल सोयाबीन उत्पादन का 62% उत्पादित होती है। इसका उत्पादन करने वाले अग्रणी जिले, उज्जैन, इन्दौर, धार, शाजापुर, सीहोर, रतलाम, भोपाल, गुना, होशंगाबाद, हरदा, रायसेन विदिशा आदि है।

56. मध्यप्रदेश में सरसों उत्पादन करने में कौन से जिले अग्रणी है।

(1) उज्जैन, इन्दौर (2) गुना, शिवपुरी

(3) भिण्ड, मुरैना (4) होशंगाबाद, बैतूल

व्याख्या- मध्यप्रदेश में सरसो उत्पादन करने में भिण्ड, मुरैना जिले अग्रणी है। सरसों रबी की प्रमुख फसल हैं जिस पर पीली क्रांति का सर्वाधिक प्रभाव हुआ। सरसों उत्पादन में म.प्र. देश में चौथे स्थान पर है।

57. निम्नलिखित फसलों में सूखा क्षेत्रों के लिए मध्यप्रदेश में उपयुक्त फसल कौन सी है।

(1) पटसन (2) सनई

(3) मेस्टा (4) प्यूट

व्याख्या- मेस्टा एवं सनई जूट के समान रेशा उत्पादित करने वाली फसल है। इनमें से मेस्टा सूखे क्षेत्रों में उत्पादित किया जाता है। मेस्टा का पौधा 3 से 4 मीटर तक ऊंचा होता है। मेस्टा का उत्पादन मध्यप्रदेश के गुना, भिण्ड, रीवा में होता है। सूखे क्षेत्रों में पैदा होने वाला यह पौधा बोने के 100 से 130 दिन बाद काटा जाता है।

58. गेहूँ एवं मक्का पर अनुसंधान के लिए एक नये अंतर्राष्ट्रीय संस्थान की स्थापना मध्यप्रदेश में कहाँ की जा रही है।

(1) भोपाल (2) इन्दौर

(3) जबलपुर (4) होशंगाबाद

व्याख्या- मध्य प्रदेश में गेहूँ एवं मक्का पर अनुसंधान के लिए अंतर्राष्ट्रीय बोरलॉग इंस्टीट्यूट ऑफ साउथ एशिया की सहायता से जबलपुर में एक नए अंतर्राष्ट्रीय संस्थान की स्थापना की जा रही है। इस संस्थान को राज्य सरकार द्वारा आवश्यक भूमि एवं अधोसंरचना विकास हेतु सहयोग प्रदान किया जा रहा है।

48.(अ) 49.(अ) 50.(अ) 51.(ब) 52.(अ) 53.(द) 54.(द) 55.(ब) 56.(स) 57.(स) 58.(स)

59. मध्य प्रदेश में मूँगफली का सर्वाधिक उत्पादक जिला कौन-सा है।
(अ) शाजापुर (ब) खरगौन
(स) आगर मालवा (द) बड़वानी

व्याख्या- मध्यप्रदेश में मूँगफली का सर्वाधिक उत्पादक जिला खरगौन है। यह भोज्य पदार्थ तथा तेल दोनों उद्देश्य से बोयी जाती है। यह महत्वपूर्ण नकदी फसल है। तथा यह खरीफ की फसल है जिसे पकने में 3-4 माह लग जाते हैं।

60. चावल का सर्वाधिक उत्पादन प्रदेश के किस जिले में होता है।
(अ) ग्वालियर (ब) उज्जैन
(स) खरगौन (द) बालाघाट

व्याख्या- चावल का सर्वाधिक उत्पादन प्रदेश के बालाघाट जिले में होता है। चावल के उत्पादन में मध्यप्रदेश देश में 6वें स्थान पर है। जिसमें पं. बंगाल पहले, उ.प्र. दूसरे और आंध्रप्रदेश तीसरे स्थान पर है। म.प्र. में कुल कृषि भूमि का 22% भाग पर चावल की खेती की जाती है। म.प्र. के बड़वानी में धान अनुसंधान केन्द्र स्थापित है।

61. मध्यप्रदेश में पवन चक्की से सर्वाधिक सिंचाई किस जिले में की जाती है।
(अ) उज्जैन (ब) दतिया
(स) रीवा (द) देवास

व्याख्या- मध्यप्रदेश में पवन चक्की से सर्वाधिक सिंचाई देवास में की जाती है।

62. किसानों की समस्याओं से सम्बन्धित देश का पहला किसान कॉल सेंटर प्रदेश के किस स्थान पर खोला गया है।
(अ) भोपाल (ब) इन्दौर
(स) ग्वालियर (द) बालाघाट

व्याख्या- किसानों की कृषि से सम्बन्धित समस्याओं के तत्काल समाधान के लिए और उन्हें विभागीय योजनाओं एवं संबंधित विभागों से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश की राजधानी भोपाल में देश का पहला ''किसान कॉल सेन्टर'' खोला गया है।

63. निम्नलिखित में से किस जिले में मसाला पार्क बनाया जाएगा।
(अ) छिन्दवाडा (ब) सागर
(स) गुना (द) डिण्डोरी

व्याख्या- मध्य प्रदेश में गुना जिले में 140 करोड रु की लागत से मसाला पार्क बनेगा। यह पार्क ग्राम भावन में 100 एकड़ भूमि में स्थापित किया जाएगा जो दो चरणों में पूरा होगा। जबकि पहला मसाला पार्क छिंदवाड़ा में स्थापित है।

64. ''मध्यप्रदेश राज्य कृषि उद्योग विकास निगम'' की स्थापना कब की गयी।
(अ) 31 जनवरी 1969 (ब) 21 मार्च 1969
(स) 25 फरवरी 1969 (द) 27 जुलाई 1969

व्याख्या- ''मध्यप्रदेश राज्य कृषि उद्योग विकास निगम की स्थापना 21 मार्च 1969 को की गयी। इसका मुख्यालय भोपाल में है।

65. म.प्र. में दुग्ध उत्पादन को प्रोत्साहन देने के लिए एकीकृत डेयरी विकास योजना प्रारंभ की गयी है। यह योजना किसके सहयोग से संचालित की जा रही है।
(अ) यू.एन.डी.पी. (ब) विश्व बैंक
(स) एशियाई बैंक (द) यूनेस्को

व्याख्या- मध्यप्रदेश में विश्व बैंक के सहयोग से 1997 से एकीकृत डेयरी विकास परियोजना प्रारंभ की गयी है। इसके अलावा म.प्र. में अमूल पद्धति पर डेयरी विकास के लिए वर्तमान में आपरेशन फ्लड-3 परियोजना भी क्रियान्वित की जा रही है।

66. मध्यप्रदेश में पहली मत्स्य पालन नीति कब घोषित की गई।
(अ) 10 अप्रैल, 2006 (ब) 12 मई, 2008
(स) 9 मार्च 2009 (द) 22 अगस्त 2008

व्याख्या- मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जबलपुर के जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित मछुआ महापंचायत के अवसर पर 22 अगस्त 2008 को प्रदेश की पहली मत्स्य पालन नीति की घोषणा की। इसके साथ ही मध्य प्रदेश मछुआरो के लिए अलग से नीति बनाने वाला देश का पहला राज्य बन गया है।

67. म.प्र. में अल्पावधि कृषि फसल ऋण किस दर पर दिया जाना तय हुआ है? (पटवारी परीक्षा 2008)
(अ) 11% (ब) 0%
(स) 8% (द) 9%

व्याख्या- म.प्र. बिना ब्याज के कृषि ऋण देने वाला देश का पहला राज्य है। यह व्यवस्था 1 अप्रैल, 2012 से लागू है।

68. मध्यप्रदेश की मुख्य फसल ......... है- (ड्रग इंस्पेक्टर परीक्षा 2012)
(अ) गेहूँ (ब) चना
(स) ज्वार (द) उपरोक्त सभी

व्याख्या- गेहूँ म.प्र. की प्रमुख खाद्य फसल है तथा दूसरी महत्वपूर्ण फसल ज्वार है। मालवा को गेहूँ की डलिया कहा जाता है एवं म.प्र. सबसे अधिक सोयाबीन उत्पादन करने वाला राज्य है, इसलिए म.प्र. को सोया प्रदेश भी कहा जाता है।

69. मध्यप्रदेश में सर्वाधिक क्षेत्र में कौन-सी फसल बोई जाती है? (ड्रग इंस्पेक्टर परीक्षा 2012)
(अ) गेहूँ (ब) चावल
(स) सोयाबीन (द) ज्वार

59.(ब) 60.(द) 61.(द) 62.(अ) 63.(स) 64.(ब) 65.(ब) 66.(द) 67.(ब) 68.(अ) 69.(अ)

व्याख्या- मध्यप्रदेश में सर्वाधिक क्षेत्र में बोई जाने वाली फसल गेहूँ है। गेहूँ म.प्र. की प्रमुख खाद्य फसल है। मालवा को गेहूँ की डलिया कहा जाता है।

70. सफेद सोने का क्षेत्र कहा जाता है-

( मध्यप्रदेश हाईकोट स्टेनो ग्राफर परीक्षा 2012 )

(अ) निमाड़ (ब) मालवा
(स) महाकौशल (द) चम्बल

व्याख्या- निमाड़ क्षेत्र अर्थात् पश्चिमी निमाड़ (खरगोन) और पूर्वी निमाड़ (खण्डवा) में कपास का म.प्र. में सर्वाधिक उत्पादन होने के कारण इस क्षेत्र में सफेद सोने का क्षेत्र या सुनहरा क्षेत्र कहा जाता है।
मालवा क्षेत्र गेहूँ उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है। म.प्र. में सर्वाधिक गेहूँ का उत्पादन मालवा क्षेत्र में होता है।

71. निम्नलिखित में से कौन-सा मध्य प्रदेश की एक नकदी फसल है?

( असीस्टेन्ट सब ईस्पेक्टर परीक्षा- 2013 )

(अ) बाजरा (ब) मूँगफली
(स) मक्का (द) ज्वार

व्याख्या- मूँगफली मध्यप्रदेश की एक नकदी फसल है।
व्यापारिक फसले- अफीम, पटसन, कपास, गन्ना, तम्बाकू, सोयाबीन, तिल, अलसी आदि
खाद्यान्न फसले- गेहूँ, चावल, ज्वार मक्का, चना, बाजरा, दाले तिलहन आदि।

72. खण्डवा जिला निम्नलिखित में से किसके उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है?

( वनरक्षक भर्ती परीक्षा- 2013 )

(अ) प्याज (ब) अफीम (स) गेहूँ (द) चावल

व्याख्या- खण्डवा म.प्र. का सर्वाधिक प्याज उत्पादक जिला है। एवं खण्डवा म.प्र. का एक मात्र गांजा उत्पादक जिला है। मंदसौर म.प्र. का एकमात्र अफीम उत्पादक जिला है। म.प्र. में सर्वाधिक गेहूँ का उत्पादन मालवा क्षेत्र में होता है।

73. एशिया का सबसे बड़ा सोयाबीन कारखाना कहाँ स्थित है?

( वनरक्षक भर्ती परीक्षा- 2013 )

(अ) उज्जैन (ब) भोपाल
(स) धार (द) जबलपुर

व्याख्या- एशिया का सबसे बड़ा सोयाबीन कारखाना म.प्र. के उज्जैन में स्थापित है। एवं सोयाबीन अनुसंधान केन्द्र इन्दौर में स्थित है। उज्जैन जिले में सर्वाधिक सोयाबीन का उत्पादन होता है। म.प्र. को सोया राज्य भी कहा जाता है।

74. हरित क्रान्ति के जनक के रूप में जाने जाते हैं-

( ट्रांस्लेशन सहायक ग्रेड-3 प्रारम्भिक परीक्षा- 2012 )

(अ) लाल बहादुर शास्त्री (ब) डॉ. एम.एस. स्वामीनाथन
(स) डॉ. के. स्वामी नारायण (द) डॉ. वर्गिस कुरियन

व्याख्या- डॉ. एम.एस. स्वामीनाथन को हरित क्रांति का जनक कहा जाता है।
हरित क्रान्ति का अर्थ आधुनिक तकनीकी, उन्नत बीजों, खाद, सिंचाई तथा जैवकीय प्रबन्ध का कृषि क्षेत्र में प्रयोग करने से है। इसकी शुरुआत सन् 1966 में हुई। हरित क्रान्ति का विचार नॉरमन बोरलाग ने दिया था।

75. मध्यप्रदेश की एक प्रसिद्ध गेहूँ की किस्म जिसे ईरान को निर्यात करने के लिये समझौता हुआ है।

(अ) लोकवन (ब) चंद्रौसी
(स) साबरमती (द) अर्जुन

व्याख्या- मध्यप्रदेश की गेहूँ की 'लोकवन' प्रजाति का ईरान को निर्यात करने के लिये समझौता हुआ है।

76. रेशम पालन की सिनेवेटिव परियोजना कहाँ चलाई जा रही है-

(अ) विदिशा (ब) रायसेन
(स) होशंगाबाद (द) सागर

व्याख्या- रेशम पालन की सिनेवेटिव परियोजना विदिशा जिले में चलाई जा रही है।

77. मध्यप्रदेश का सर्वाधिक पुष्प ( फूल ) उत्पादक जिला है

(अ) उज्जैन (ब) रतलाम
(स) इन्दौर (द) धार

व्याख्या- मध्यप्रदेश का सर्वाधिक पुष्प (फूल) उत्पादक जिला रतलाम है।

78. मध्यप्रदेश का सर्वाधिक अरहर दाल उत्पादक जिला है-

(अ) होशंगाबाद (ब) रीवा
(स) नरसिंहपुर (द) बालाघाट

व्याख्या- मध्यप्रदेश का सर्वाधिक अरहर दाल उत्पादक जिला नरसिंहपुर है।

79. मध्यप्रदेश में उत्पादित 'गौरव' किस फसल की किस्म ( प्रजाति ) है

(अ) सोयाबीन (ब) कपास
(स) अरहर (तुअर) (द) धान

व्याख्या- मध्यप्रदेश में उत्पादित 'गौरव' सोयाबीन फसल की किस्म है। सोयाबीन की अन्य किस्म (प्रजाति) है- पजाब-1, दुर्गा, जवाहर

80. मध्यप्रदेश में सर्वाधिक केला का उत्पादन कहाँ पर होता है-

(अ) रतलाम (ब) धार
(स) बुरहानपुर (द) नीमच

व्याख्या- मध्यप्रदेश में सर्वाधिक केला का उत्पादन बुरहानपुर जिले में होता है जबकि रतलाम में सर्वाधिक अंगूर का उत्पादन होता है।

81. मध्यप्रदेश में सर्वाधिक दूध का उत्पादन किस जिले में होता है-

(अ) खरगोन (ब) होशंगाबाद

70.(अ) 71.(ब) 72.(अ) 73.(अ) 74.(ब) 75.(अ) 76.(अ) 77.(ब) 78.(स) 79.(अ) 80.(स) 81.(स)

(स) मुरैना (द) रीवा

व्याख्या- मध्यप्रदेश में सर्वाधिक दूध का उत्पादन मुरैना, एवं श्योपुर जिलों में होता है।

82. राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना कब हुई-

(अ) वर्ष 2005 में (ब) वर्ष 2008 में

(स) वर्ष 2010 में (द) वर्ष 2012 में

व्याख्या- मध्यप्रदेश में प्रथम जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर (1964) के बाद दूसरा कृषि विश्वविद्यालय के रूप में राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय ग्वालियर की स्थापना वर्ष 2008 में हुई।

83. म.प्र. में कौन सा जिला अंगूर की कृषि के लिए प्रसिद्ध हैं? (डेयरी फेडरेशन 2016)

(अ) भोपाल (ब) उज्जैन

(स) रतलाम (द) इंदौर

व्याख्या : मध्यप्रदेश का रतलाम जिला अंगूर की कृषि के लिए प्रसिद्ध है।

84. म.प्र. में गेहूँ का सर्वाधिक उत्पादन किस क्षेत्र में होता हैं? (डेयरी फेडरेशन 2016)

(अ) मालवा (ब) बुंदेलखंड

(स) बघेलखण्ड (द) मैकाल क्षेत्र

व्याख्या : मध्यप्रदेश में गेहूँ का सर्वाधिक उत्पादन मालवा क्षेत्र में होता है इसलिये मालवा क्षेत्र को गेहूँ की डलिया कहा जाता है।

85. देश के सबसे विशाल हार्टिकल्चर कॉरिडोर में एक, म.प्र. के किन दो शहरों के मध्य विकसित किया जा रहा है? (डेयरी फेडरेशन 2016)

(अ) इंदौर-भोपाल (ब) रीवा-सतना

(स) भिंड-मुरैना (द) सागर-बीना

व्याख्या : देश के सबसे विशाल हॉर्टिकल्चर कॉरीडोर में एक मध्यप्रदेश के दो शहरों इंदौर-भोपाल के मध्य विकसित किया जा रहा है।

86. कपास का सर्वाधिक उत्पादन म.प्र. के किस जिले में होता है? (डेयरी फेडरेशन 2016)

(अ) खण्डवा (ब) इन्दौर

(स) खरगौन (द) देवास

व्याख्या : कपास का सर्वाधिक उत्पादन मध्यप्रदेश के खरगोन जिले में होता है।

87. मध्य प्रदेश को कितने कृषि जलवायु क्षेत्रों में बाँटा गया है? (डेरी फोडरेशन 2016)

(अ) 9 (ब) 7

(स) 13 (द) 11

व्याख्या- मध्यप्रदेश को 11 कृषि जलवायु क्षेत्रों में बांटा गया है।

88. भारत के कुल गेहुँ उत्पादन का कितना प्रतिशत मध्यप्रदेश में होता है? (डेरी फोडरेशन 2016)

(अ) 4% (ब) 8%

(स) 11% (द) 15%

व्याख्या- भारत के कुल गेहूँ उत्पादन का 11 प्रतिशत मध्यप्रदेश में होता है वर्तमान में गेहूँ उत्पादन में मध्यप्रदेश का देश में दूसरा स्थान है।

89. कल्पवृक्ष परियोजना किस क्षेत्र से संबंधित है? (डेरी फोडरेशन 2016)

(अ) पीपल लगाने से (ब) रेशमकीट पालन

(स) वृक्षारोपण (द) तकनीकि विकास

व्याख्या- कल्पवृक्ष परियोजना रेशमकीट पालन में संबंधित है।

90. देश में सबसे बड़ा सोयाबीन, दालों और चने का उत्पादक कौन-सा राज्य है- (जेल प्रहरी 2015)

(अ) मध्यप्रदेश (ब) अरुणाचल प्रदेश

(स हिमाचल प्रदेश (द) सिक्किम

व्याख्या- देश में सोयाबीन, दालों और चने का उत्पादक मध्यप्रदेश सबसे बड़ा राज्य है।

91. जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय किस स्थान पर स्थित है- (जेल प्रहरी 2015)

(अ) ग्वालियर (ब) जबलपुर

(स) इन्दौर (द) उज्जैन

व्याख्या- जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना, 1964 में जबलपुर में हुई थी।

92. केन्द्रीय सांख्यिकी संगठन द्वारा जारी वर्ष 2013-14 के अग्रिम अनुमानों के अनुसार म.प्र. की कृषि विकास दर कितनी प्रतिशत है?

(अ) 20.89% (स) 21.62%

(ब) 14.26% (द) 24.99%

व्याख्या- वर्ष 2012-13 में प्रदेश की कृषि विकास दर 20.16 प्रतिशत तथा वर्ष 2011-12 में 19.85% थी, जबकि 2013-14 में कृषि विकास दर 24.99 प्रतिशत है। वर्ष 2016-17 में 25.81% थी।

93. निम्न में से म.प्र. आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट 2014-15 के अनुसार राज्य की अर्थव्यवस्था में कृषि क्षेत्र का योगदान कितना है?

(अ) 10.27% (स) 24.17%

(ब) 20.16% (द) 24.99%

व्याख्या- म.प्र. आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट 2014-15 के अनुसार राज्य की अर्थव्यवस्था में कृषि क्षेत्र का योगदान 24.17% है।

82.(ब) 83.(स) 84.(अ) 85.(अ) 86.(स) 87.(द) 88.(स) 89.(ब) 90.(अ) 91.(ब) 92.(द) 93.(ब)

94. निमनलिखित में से 2012-13 में प्रदेश में कुल खाद्यान्न उत्पादन कितना रहा?

(अ) 278 लाख मैट्रिक टन (स) 294 मैट्रिक टन

(ब) 292 लाख मैट्रिक टन (द) 276.20 लाख मैट्रिक टन

व्याख्या- म.प्र. सर्वेक्षण 2014-15 के अनुसार प्रदेश में वर्ष 2012-13 में खाद्यान्न उत्पादन 276.20 लाख मैट्रिक टन है।

95. 2011-12 में म.प्र. में समग्र कृषि उत्पादन कितना रहा?

(अ) 242.32 लाख मैट्रिक टन

(ब) 282.212 लाख मैट्रिक टन

(स) 302.12 लाख मैट्रिक टन

(द) 310.21 लाख मैट्रिक टन

व्याख्या- वर्ष 2011-12 में म.प्र. में समग्र कृषि उत्पादन 302.12 लाख मैट्रिक टन है। परंतु 2002-03 में यह आँकड़ा 192.95 लाख मैट्रिक टन था।

96. म.प्र. में किस फसल का रकबा ज्यादा है?

(अ) रबी फसल का (ब) जायद फसल का

(स) खरीफ फसल का (द) सभी का बराबर है।

व्याख्या- म.प्र. में खरीफ का रकबा सर्वाधिक है। क्योंकि म.प्र में कृषि अधिकांशत: वर्षा पर आधारित होती है।

97. निम्न में से म.प्र. में सबसे कम सिंचित जिला कौनसा है?

(अ) शहडोल (ब) अलीराजपुर

(स) झाबुआ (द) डिंडोरी

व्याख्या- म.प्र. में सबसे कम सिंचित क्षेत्र में डिंडोरी का नाम सबसे ऊपर आता है। जबकि झाबुआ 1.9% सिंचाई क्षमता के साथ दूसरे स्थान पर आता है।

98. निम्न में से कितने हैक्टेयर कृषि भूमि नर्मदा नदी पर निर्मित इंदिरा सागर परियोजना द्वारा सिंचित हो जाएगी?

(अ) 27.5 लाख हैक्टेयर (स) 20.2 लाख हैक्टेयर

(ब) 29.2 लाख हैक्टेयर (द) 2.70 लाख हैक्टेयर

व्याख्या- नर्मदा नदी पर निर्मित इंदिरा सागर परियोजना एक बहुउद्देशीय परियोजना है, जिससे प्रदेश की 2.70 लाख हैक्टेयर कृषि भूमि सिंचित हो जाएगी।

99. म.प्र. के कितने क्षेत्र पर बाणसागर परियोजना द्वारा सिंचाई की जा सकती है?

(अ) एक लाख 53 हजार 637 हैक्टेयर

(ब) 70 हजार 190 हैक्टेयर

(स) 1 लाख हैक्टेयर (द) 90 हजार 390 हैक्टेयर

व्याख्या- एक लाख 53 हजार 687 हेक्टेयर बाणसागर परियोजना : बिहार, म.प्र. और उ.प्र. की संयुक्त परियोजना है जो कि सोन नदी पर निर्मित है। इसकी सहायता से म.प्र. की 1,53,687 हैक्टेयर कृषि भूमि सिंचित की जा सकेगी।

100. निम्नलिखित में से फसलीय कृषि के अंतर्गत कितना प्रतिशत भाग आता है?

(अ) 38% (ब) 43%

(स) 39% (द) 70%

व्याख्या- म.प्र. में एक फसलीय तथा द्विफसलीय कृषि पद्धति देखने को मिलती है। प्रदेश की 43% कृषि एक फसलीय कृषि के अंतर्गत आती है और 70% द्विफसलीय कृषि के अंतर्गत आती है।

101. जायद की फसल नहीं है?

(अ) लौकी (ब) तिल

(स) खीरा (द) ककड़ी

व्याख्या- जायद की फसलें मुख्यत: फरवरी, मार्च के माह में बोई जाती हैं। खीरा, लौकी, ककड़ी आदि जायद फसलें हैं, जबकि तिल खरीफ ऋतु की फसल है।

102. निम्न में से म.प्र. में कृषि जोत का सर्वाधिक क्षेत्रफल किसस जिले में है?

(अ) मंदसौर (ब) हरदा

(स) नीमच (द) शहडोल

व्याख्या- म.प्र. में कृषि जोत का सर्वाधिक क्षेत्रफल हरदा जिले में है जिसकी जोत औसत 5.6 हैक्टेयर है। जबकि सबसे कम औसत जोत कटनी तथा नीमच जिले में है (1.5 हैक्टेयर)।

103. निम्न में से म.प्र. में सर्वाधिक संख्या किस पशु की है?

(अ) गाय (ब) भेड़

(स) भैंस (द) बकरी

व्याख्या- 2003 की पशु जनगणना के आधार पर म.प्र. में पशु संख्या सर्वाधिक बकरी की है। जनगणना के अनुसार प्रदेश में 81.42 लाख बकरे-बकरियाँ हैं।

104. खरीफ व रबी की फसलें प्रदेश में कितने प्रतिशत हैं?

(अ) 56 व 44 (ब) 67 व 33

(स) 38 व 42 (द) 62 व 21

व्याख्या- 67% खरीफ फसले- चावल, जूवार, मक्का, दालें, तिलहन, बाजरा शामिल होती है। 33% रबी फसलें- वाल, सरसो, गेहूँ, चना, राई।

105. निम्न में से रंगीन प्राकृतिक कपास का उत्पादन करने वाला देश का प्रथम राज्य कौन-सा है?

(अ) उत्तरप्रदेश (ब) म.प्र.

(स) महाराष्ट्र (द) गुजरात

94.(द) 95.(स) 96.(ब) 97.(द) 98.(द) 99.(अ) 100.(ब) 101.(ब) 102.(ब) 103.(द) 104.(ब) 105.(ब)

व्याख्या- म.प्र. देश का प्रथम ऐसा राज्य है जिसने रंगीन कपास का उत्पादन किया।

**106. 18वीं पशु संगणना 2007 के अनुसार म.प्र. में पशुधन की संख्या कितनी है?**

(अ) 4.07 करोड़ (स) 4.21 करोड़
(ब) 3.56 करोड़ (द) 2.93 करोड़

व्याख्या- 18वीं पशु संगणना 2007 के अनुसार म.प्र. में पशुधन की संख्या 4.07 करोड़ है जबकि 17वीं पशु संगणना के अनुसार यह 3.56 करोड़ थी।

**107. निम्नलिखित जिलों को प्रति हैक्टेयर खाद के उपयोग में घटते क्रम में व्यवस्थित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए? (MPPSC Pre-2008)**

(अ) इंदौर (ब) डिण्डोरी
(स) होशंगाबाद (द) मंडला

कूट:- (अ) 1,3,4,2 (ब) 4,2,1,3
(स) 4,1,3,2 (द) 1,2,3,4

व्याख्या- म.प्र. के जिलों का प्रति हैक्टेयर खाद के उपयोग के घटते क्रम के अनुसार जिलों का क्रम निम्न है-

(अ) इंदौर (ब) होशंगाबाद
(स) मण्डला (द) डिण्डोरी

**108. 'नहर सिंचाई' किस राज्य में ज्यादा प्रचलित है? (MPIS-2011)**

(अ) म.प्र. (ब) महाराष्ट्र
(स) आंध्र प्रदेश (द) तमिलनाडु

व्याख्या- नहर सिंचाई म.प्र. राज्य में ज्यादा प्रचलित है। भारत में नहरो द्वारा सर्वाधिक सिंचाई पंजाब, हरियाणा, उत्तरप्रदेश में होती है।

**109. वर्तमान में म.प्र. में सोयाबीन की खेती लगभग कितने क्षेत्र में की जाती है? (कराधान सहायक-2012)**

(अ) 10,000 हैक्टेयर (ब) 50,000 हैक्टेयर
(स) 25,000 हैक्टेयर (द) 75,000 हैक्टेयर

व्याख्या- म.प्र. में सोयाबीन की खेती लगभग 50,000 हैक्टेयर क्षेत्र में की जाती है। म.प्र. सोयाबीन के उत्पादन के क्षेत्र में देश में प्रथम स्थान पर है। इसलिए इसे सोया स्टेट भी कहा जाता है।

**110. म.प्र. की सबसे महत्वपूर्ण अनाज वाली फसल कौनसी है? (ADA-2013)**

(अ) मक्का (ब) ज्वार
(स) जौ (द) गेहूँ

व्याख्या- म.प्र. में सबसे महत्वपूर्ण अनाज वाली फसल गेहूँ है। यह एक रबी फसल है। जिसका वैज्ञानिक नाम 'ट्रिटिकम' है। यह फसल अक्टूबर-नवम्बर में बोई जाती है और मार्च-अप्रैल में काटी जाती है।

**111. भारत के किस राज्य में उड़द सबसे ज्यादा पाई जाती है? (ADA-2013)**

(अ) आन्ध्रप्रदेश (ब) म.प्र.
(स) छत्तीसगढ़ (द) तमिलनाडु

व्याख्या- देश में सर्वाधिक उड़द उत्पादनकर्ता राज्य म.प्र. है। दूसरे और तीसरे स्थान पर उ.प्र. और पंजाब हैं। जबकि आंध्रप्रदेश 6 ठे स्थान पर है।

**112. मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने "भावांतर भुगतान योजना" का आरंभ किस जिले से किया है? (पटवारी परीक्षा 2017)**

(अ) शिवपुरी (ब) सागर
(स) हरदा (द) रीवा

व्याख्या- "भावांतर भुगतान योजना" का आरम्भ सागर जिले से किया गया है। यह योजना किसानों के हितों के लिए बनायी गई है जिसमें उन्हें फसलों का उचित मूल्य दिया जाता है।

**113. निम्नलिखित में से किस स्थान पर कैबिनेट ने खाद्य पौध अनुसंधान केंद्र की स्थापना की अनुमति दी है? (पटवारी परीक्षा 2017)**

(अ) इंदौर (ब) अमलहा सीहोर
(स) भोपाल (द) खजुराहो

व्याख्या- अमलहा सीहोर में कैबिनेट ने खाद्य पौध अनुसंधान केन्द्र की स्थापना की अनुमति दी है। यह इच्छावर तहसील में स्थित एक छोटा गाँव हैं।


**114. भोपाल में किस वर्ष में केंद्रीय कृषि अभियांत्रिकी संस्थान की स्थापना की गयी थी? (जेल प्रहरी 2017)**

(अ) 1975 (ब) 1978
(स) 1976 (द) 1977

व्याख्या- भोपाल में 1976 में केंद्रीय कृषि अभियांत्रिकी संस्थान की स्थापना की गई थी।

* * *

106.(अ) 107.(अ) 108.(अ) 109.(ब) 110.(द) 111.(ब) 112.(ब) 113.(ब) 114.(स)



# अध्याय– 10

# मध्यप्रदेश में खनिज

**1. मध्यप्रदेश के किस जिले में रॉक फॉस्फेट की चट्टानें पायी जाती है।**

(1) अलीराजपुर (2) झाबुआ

(3) खण्डवा (4) खरगौन

**व्याख्या**– मध्य प्रदेश के झाबुआ जिले में रॉक फॉस्फेट के विशाल भण्डार है। इस खनिज का उपयोग सुपर फॉस्फेट उर्वरक बनाने में होता है। खरगौन जिले में उच्च श्रेणी के रॉक फॉस्फेट उर्वरक का पता चला है। इसके भण्डार में प्रदेश का देश में प्रथम स्थान है।

**2. मध्यप्रदेश के किस जिले में सर्वाधिक मैगनीज पायी जाती है।**

(1) जबलपुर (2) बालाघाट

(3) झाबुआ (4) ग्वालियर

**व्याख्या**– मध्य प्रदेश में मैंगनीज के भण्डार आर्कियन समय की गोडाइट सीरीज के अंतर्गत मुख्य रूप से बालाघाट में मिलते है। देश में कुल मैंगनीज भण्डार में मध्यप्रदेश का योगदान (लगभग 50%) सर्वाधिक है। बालाघाट में पाए जाने वाले मैंगनीज के 211प्रमुख क्षेत्र है।

**3. टंगस्टन के लिए मध्यप्रदेश में कौन सा क्षेत्र प्रसिद्ध है।**

(1) होशंगाबाद क्षेत्र (2) बुन्देलखण्ड क्षेत्र

(3) बालाघाट क्षेत्र (4) ग्वालियर क्षेत्र

**व्याख्या**– टंगस्टन के लिए मध्यप्रदेश में होशंगाबाद क्षेत्र प्रसिद्ध है। टंगस्टन का मुख्य खनिज वूलफ्रामाइट (बुल फ्राम) है। जो होशंगाबाद जिले के आगर गाँव में मिलता है।

**4. मध्यप्रदेश का कौन–सा क्षेत्र कोयला के लिए प्रसिद्ध है।**

(1) सिंगरौली क्षेत्र (2) सोहागपुर क्षेत्र

(3) कोरार क्षेत्र (4) सतपुडा क्षेत्र

**व्याख्या**– मध्यप्रदेश का सोहागपुर क्षेत्र कोयले के लिए प्रसिद्ध है। यह प्रदेश का सबसे बड़ा कोयला क्षेत्र है। यह क्षेत्र दक्षिणी रीवा कोयला क्षेत्र के अंतर्गत आता है। यहाँ कोयला खनन विधि द्वारा निकाला जाता है।

**5. मध्यप्रदेश में हीरा उत्खनन किस क्षेत्र में होता है–**

(अ) नर्मदा की तलहटी में (ब) जबलपुर क्षेत्र

(स) सतपुड़ा प्रदेश (द) पन्ना क्षेत्र।

**व्याख्या**– पन्ना के क्षेत्र में विद्यमान ज्वालामुखी विभेदों के कारण हीरा मिलता है, जो कि रीवा–पन्ना के पठार के अन्तर्गत आता है।

1.(ब) 2.(ब) 3.(अ) 4.(ब) 5.(द)

6. मैगनीज उत्पादन में म.प्र. का भारत में कौन सा स्थान है-

(अ) प्रथम (ब) तृतीय

(स) चतुर्थ (द) पंचम

व्याख्या- देश के कुल भण्डार का 50 प्रतिशत मैंग्नीज मध्यप्रदेश में पाया जाता है। इसके भण्डार छिंदवाड़ा, बालाघाट, झाबुआ, सिवनी, धार, मण्डला आदि जिलों में हैं।

7. मध्यप्रदेश में हीरे की खदान निम्न में से कहाँ स्थित है-

(अ) रीवा (ब) पन्ना

(स) ग्वालियर (द) सागर

व्याख्या- म.प्र. के पन्ना जिले में पन्ना और हीनौता नामक स्थान पर हीरा पाया जाता है।

8. प्रदेश में सर्वाधिक पाया जाने वाला खनिज कौन सा है-

(अ) डोलोमाइट (ब) ताँबा

(स) मैंगनीज (द) लोहा

9. प्रदेश में ग्रेफाइट किस जिले में मिलता है-

(अ) झाबुआ (ब) बैतूल

(स) छिंदवाड़ा (द) होशंगाबाद

व्याख्या- यह खनिज म.प्र. के बैतूल जिले में पाया जाता है। इस खनिज का उपयोग बैटरी, पेन्सिल और पेन्ट उद्योग में होता है।

10. प्रदेश में कोरंडम निम्न में से किस जिले में मिलता है-

(अ) सतना (ब) सागर

(स) सीधी (द) सिवनी

व्याख्या- प्रदेश में कोरण्डम सीधी जिले के परकोटा में पाया जाता है। यह एक अत्यधिक कठोर खनिज पदार्थ होता है।

11. प्रदेश में कोयला निम्न स्थानों में से कहाँ प्राप्त होता है-

(अ) शहडोल, छिंदवाड़ा, होशंगाबाद

(ब) ग्वालियर, सरगुजा

(स) सीधी, सरगुजा

(द) शहडोल, ग्वालियर।

व्याख्या- देश के कुल भण्डार का 35 प्रतिशत कोयला मध्यप्रदेश में है। म.प्र. में कोयला क्षेत्र शहडोल, छिंदवाड़ा, होशंगाबाद, नरसिंहपुर, बैतूल है।

12. देश का सम्पूर्ण हीरा उत्पादन निम्न में से किस प्रदेश में प्राप्त होता है-

(अ) उत्तरप्रदेश (ब) राजस्थान

(स) असम (द) मध्यप्रदेश

व्याख्या- हीरा अधात्विक खनिज है यह बड़ा कठोर होता है। देश में हीरे का उत्पादन म.प्र. में होता है। यहाँ खदानों से विश्वविख्यात हीरा कोहिनूर, महान मुगल, पिट, ओरलोक आदि निकाले गये थे।

13. यूरेनियम खनिज किस स्थान से प्राप्त होता है-

(अ) रीवा (ब) बैतूल

(स) झाबुआ (द) शहडोल

व्याख्या- यूरेनियम खनिज शहडोल जिले से निकाला जाता है। हालाँकि प्रदेश में यूरेनियम बहुत कम मात्रा में पाया जाता है।

14. नर्मदा नदी घाटी में निम्न में से खनिज पाया जाता है-

(अ) सिलिका सैण्ड, संगमरमर, चूना, बॉक्साइट

(ब) ग्रेफाइट

(स) अभ्रक

(द) इनमें से कोई नहीं।

व्याख्या- नर्मदा नदी घाटी में प्रमुख रूप से सिलिका, संगमरमर, चूना, बॉक्साइट आदि खनिज पाये जाते है।

15. राज्य खनिज निगम की स्थापना हुई थी-

(अ) 1958 (ब) 1960

(स) 1962 (द) 1963।

व्याख्या- मध्यप्रदेश में खनिज पदार्थों के उत्पादन में वृद्धि करने के लिये राज्य खनिज विकास निगम की स्थापना 19 जनवरी 1962 को की गई थी।

16. मध्यप्रदेश में देश का कुल कोयला कितने प्रतिशत है-

(अ) 30% (ब) 35%

(स) 10% (द) 40%।

व्याख्या- प्रदेश में देश का लगभग 35% कोयला निकाला जाता है। जबकि सबसे ज्यादा झारखण्ड से।

17. म.प्र. में चूने की खदानों के लिये प्रसिद्ध है-

(अ) इन्दौर (ब) धार

(स) मन्दसौर (द) कटनी।

व्याख्या- म.प्र. की सर्वाधिक चूने की खदानें, कटनी जिले में है।

18. मध्यप्रदेश में एस्बेस्टस किस जिले में पाया जाता है-

(अ) झाबुआ (ब) जबलपुर

(स) धार (द) बालाघाट।

व्याख्या- यह अग्निरोधी रेशेदार खनिज है। इसका उपयोग सीमेन्ट की चद्दरें, सेनिटरी पाइप व अग्निरोधी वस्त्र बनाने में होता है यह झाबुआ जिले में मिलता है।

19. निम्न में से किसमें म.प्र. का स्थान प्रथम नहीं है-

(अ) हीरा (ब) चूना पत्थर

(स) मैंगनीज (द) बाक्साइट।

व्याख्या- म.प्र., हीरा, मैंगनीज, और बाक्साइट उत्पादन में प्रथम स्थान रखता है जबकि चूने पत्थर में राजस्थान पहले स्थान पर है।

6.(अ) 7.(ब) 8.(स) 9.(ब) 10.(स) 11.(अ) 12.(द) 13.(द) 14.(अ) 15.(स) 16.(ब) 17.(द) 18.(अ) 19.(ब) 20.(द)

**20. निम्न में से कौन-सा अयस्क लौह अयस्क नहीं है-**

(अ) हेमेटाइट (ब) साइडेराइट
(स) मेग्नेटाइट (द) पायरोसाइट।

व्याख्या- लौह अयस्क मुख्य रूप से चार प्रकार का होता है- हेमेटाइट, मेग्नेटाइट, लाइमोनाइट, साइडेराइट।

**21. उत्तम प्रकार लौह अयस्क है-**

(अ) हेमेटाइट (ब) लाइमोनाइट
(स) मेग्नेटाइट (द) साइडेराइट।

व्याख्या- हेमेटाइट लाल व भूरे रंग का होता है। इसमें धातु का अंश 60 से 70% तक होता है।

**22. मैंगनीज पाया जाता है-**

(अ) बालाघाट (ब) झाबुआ
(स) ग्वालियर (द) अ + ब

व्याख्या- मैग्नीज प्रमुख रूप से बालाघाट एवं झाबुआ में पाया जाता है।

**23. बाक्साइट अयस्क है-**

(अ) एल्युमीनियम का (ब) मैंगनीज का
(स) लोहे का (द) कोई भी नहीं।

व्याख्या- बाक्साइट एल्युमीनियम का खनिज अयस्क है। यह अलौहयुक्त खनिज है। इसमें 50 से 65 प्रतिशत तक एल्युमीनियम का अंश रहता है। यह बहुत हल्का खनिज है तथा आसानी से जुड़ जाता है।

**24. रेनकूट एल्युमीनियम कारखाने (उ.प्र.) को बाक्साइट भेजा जाता है-**

(अ) शहडोल (ब) अमरकंटक
(स) सतना (द) बारोहित

व्याख्या- अमरकंटक से निकाला गया बाक्साइट उत्तरप्रदेश के मिर्जापुर जिले में रेनकूट के एल्युमीनियम कारखाने HINDALCO को निर्यात किया जाता है।

**25. केओलीन है-**

(अ) लौह अयस्क (ब) चीनी मिट्टी
(स) एल्युमीनियम (द) खान।

व्याख्या- चीनी मिट्टी के अयस्क को केओलिन कहा जाता है।

**26. केओलिन का प्रयोग होता है-**

(अ) बर्तन बनाने में (ब) कागज बनाने में
(स) दवाई बनाने में (द) उक्त सभी में।

व्याख्या- केओलिन का प्रयोग अधिकतर बर्तन बनाने में किया जाता है।

**27. रॉक फॉस्फेट मुख्यतः उपलब्ध है-**

(अ) इन्दौर (ब) सागर
(स) अम्बिकापुर (द) झाबुआ

व्याख्या- इस खनिज के प्राप्त होने से काफी विदेशी मुद्रा की बचत हुई है क्योंकि सुपर फास्फेट जैसे उर्वरक बनाने के लिये इसका विदेशों से आयात करना पड़ता है। इसका भण्डार झाबुआ में है।

**28. हीरों की खानें पन्ना जिले के मोटारिवां से मझगवां तक गई हैं। मझगवां स्थित है-**

(अ) हीरापुर (ब) डायमण्ड सेन्टर
(स) सतना (द) राधौगढ़

व्याख्या- मझगवां सतना जिले में स्थित हीरे की खदान है।

**29. पन्ना जिले में हीरा उत्खनन कार्य सम्पन्न किया जाता है-**

(अ) केवल प्रायवेट कम्पनी द्वारा
(ब) खनिज निगम द्वारा
(स) नेशनल मिनरल डेवलपमेंट कार्पोरेशन द्वारा
(द) उक्त सभी द्वारा।

व्याख्या- पन्ना जिले में हीरे उत्खनन का कार्य (NMDC) नेशनल मिनरल्स डेवल्पमेंट कार्पोरेशन द्वारा किया जाता है।

**30. सिलिका धातु का उपयोग होता है-**

(अ) बर्तन बनाने में (ब) औजार बनाने में
(स) रेल पटरी बनाने में (द) काँच बनाने में।

व्याख्या- सिलिका धातु का उपयोग काँच बनाने में होता है। इसका रासायनिक सूत्र $Sio_2$ होता है।

**31. कोयले पर आधारित ताप विद्युत केन्द्र स्थित है-**

(अ) सोहागपुर (ब) सिंगरौली
(स) सोहागपुर, सिंगरौली (द) सोहागपुर, कोरबा।

व्याख्या- म.प्र. में कोयले पर आधारित ताप विद्युत केन्द्र, सोहागपुर एवं सिंगरौली में है। कोयले से बिजली उत्पादन करने का कोर्य NTPC द्वारा किया जाता है।

**32. ताँबे के लिए प्रसिद्ध सलीमनाबाद किस जिले के अन्तर्गत आता है-**

(अ) कटनी (ब) रीवा
(स) धार (द) ग्वालियर।

व्याख्या- ताँबे के लिये प्रसिद्ध सलीमनाबाद कटनी जिले में है।

**33. हीरे के बाद कठोरतम खनिज कौन सा है**

(अ) कोरण्डम (ब) ताँबा
(स) मैंगनीज (द) कोयला।

व्याख्या- कोरण्डम विश्व का दूसरा कठोरतम खनिज है। यह एल्युमीनियम का प्राकृतिक ऑक्साइड है। इसका उपयोग समतल शीशे और क्वार्ट्ज सतह आदि के घिसने में होता है।

**34. चूना पत्थर किस उद्योग के लिये आधारभूत कच्चा माल प्रदान करता है-**

21.(अ) 22.(द) 23.(अ) 24.(ब) 25.(ब) 26.(अ) 27.(द) 28.(स) 29.(स) 30.(द) 31.(स) 32.(अ) 33.(अ) 34.(अ)

(अ) सीमेन्ट उद्योग (ब) बर्तन उद्योग
(स) पेन्ट उद्योग (द) उपरोक्त सभी।

व्याख्या- चूना पत्थर सीमेन्ट उद्योग के लिये आधारभूत कच्चा माल प्रदान करता है। सीमेन्ट उत्पादन में म.प्र. का स्थान राजस्थान के बाद द्वितीय है।

**35. मध्यप्रदेश में श्वेत संगमरमर किस जिले में पाया जाता है-**
(अ) जबलपुर (ब) सिवनी
(स) छिंदवाड़ा (द) नरसिंहपुर।

व्याख्या- श्वेत संगमरमर, जबलपुर जिले में पाया जाता है।

**36. मध्यप्रदेश का डोलोमाइट किस इस्पात संयंत्र को भेजा जाता है-**
(अ) राउरकेला (ब) भिलाई
(स) दुर्गापुर (द) हीरापुर।

व्याख्या- म.प्र. का डोलोमाइट, राउरकेला इस्पात संयंत्र को भेजा जाता है।

**37. म.प्र. में डोलोमाइट का उत्पादन क्षेत्र कौन सा है-**
(अ) झाबुआ, जबलपुर (स) सतना, सीधी
(द) इन्दौर, ग्वालियर (द) उपरोक्त सभी।

व्याख्या- म.प्र. में डोलोमाइट, झाबुआ, जबलपुर, सतना, सीधी, इन्दौर, ग्वालियर सभी जिलों में पाया जाता है।

**38. राज्य में सुरमा का उत्पादन किस जिले में होता है-**
(अ) इन्दौर (ब) जबलपुर
(स) टीकमगढ़ (द) सतना

व्याख्या- राज्य में सुरमा का उत्पादन, जबलपुर जिले में होता है। इसका उपयोग सौंदर्य प्रसाधन हेतु किया जाता है।

**39. राष्ट्रीय खनिज नीति के अनुसरण में मध्यप्रदेश खनिज नीति कब घोषित हुई-**
(अ) 1990 (ब) 1995
(स) 1998 (द) 1999।

व्याख्या- राष्ट्रीय खनिज नीति 1995 में घोषित हुई। इस नीति में मुख्य खनिजों के अन्वेषण और दोहन के लिये आधुनिकतम तकनीकी खनिजों पर आधारित उद्योगों में स्थानीय लोगों की भागीदारी तथा पर्यावरण सन्तुलन आदि विषयों को प्राथमिकता दी गई है।

**40. मध्यप्रदेश में जिप्सम कहाँ पाया जाता है-**
(अ) शिवपुरी (ब) ग्वालियर
(स) रीवा (द) इन्दौर

व्याख्या- म.प्र. में जिप्सम, रीवा जिले में पाया जाता है। यह पदार्थ सीमेण्ट की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए प्रयुक्त होता है।

**41. चूने का पत्थर किस चट्टान प्रतिनिधि का होता है-**
(अ) कराकोरम चट्टान (ब) केसियम चट्टान
(स) केल्केरियस चट्टान (द) मेग्नेशियम चट्टान।

व्याख्या- चूने का पत्थर केल्केरियस चट्टानों का प्रमुख प्रतिनिधि है। इसमें कैल्सियम कार्बोनेट की प्रधानता होती है।

**42. डोलोमाइट है-**
(अ) लौह अयस्क (ब) चूने का पत्थर
(स) कार्बन अयस्क (द) क्वार्ट्स का अयस्क।

व्याख्या- बालूमय तथा लौहमय पदार्थ होते हैं जिन चट्टानों में मैग्नीशियम कार्बोनेट होता है। ऐसे चूने के पत्थर को डोलोमाइट कहते हैं। यह चूने की जाति का खनिज है इसका उपयोग लोहा साफ करने में किया जाता है।

**43. प्लाम्बगो या काला सीसा है-**
(अ) एल्युमीनियम (ब) चीनी मिट्टी
(स) ग्रेफाइट (द) उपरोक्त सभी।

व्याख्या- यह खनिज बैतूल जिले में पाया जाता है इस खनिज का उपयोग बैटरी, पेन्सिल तथा पेन्ट उद्योग में होता है।

**44. फायर क्ले उत्पत्ति है-**
(अ) गोण्डवाना युग की चट्टानों में (ब) मेरियन युग में
(स) एपियन युग में (द) उक्त सभी में।

व्याख्या- म.प्र. में गोंडवाना युग की चट्टानों में इसके निक्षेपण मिलते हैं। यह मिट्टी अधिकतर कोयले की खानों में मिलती है।

**45. मध्यप्रदेश में लौह भण्डार किस युग की चट्टानों की तहों के रूप में मिलता है-**
(अ) कैम्ब्रियन युग (ब) प्रेरियन युग
(स) फेरायानयुग (द) केसियम युग

व्याख्या- मध्यप्रदेश में लौह अयस्क के विशाल भण्डार हैं। यहाँ प्रमुख लौह अयस्क भण्डार केम्ब्रियन युग की चट्टानों की तहों में पाये जाते हैं।

**46. सेलखड़ी पायी जाती है-**
(अ) झाबुआ (ब) धार
(स) जबलपुर (द) होशंगाबाद

व्याख्या- मध्यप्रदेश में नर्मदा की घाटी में गोदावरी, लालपुर और घरवारा में सेलखड़ी मिलती है। जबलपुर जिले में भेड़ाघाट और कपौड़ से यह प्राप्त होती है।

**47. स्टीएटाइट के लिये निम्न कथन सत्य है-**
(अ) इसे टाल्क व सोप स्टोन भी कहते हैं।
(ब) इससे बिजली का सामान बनता है।
(स) इसका पावडर पेस्ट बनाने में उपयोगी है
(द) स्टीएटाइट उत्पादन में म.प्र. अग्रणी है।

35.(अ) 36.(अ) 37.(द) 38.(ब) 39.(ब) 40.(स) 41.(स) 42.(बा) 43.(स) 44.(अ) 45.(अ) 46.(स) 47.(अ)

व्याख्या- यह टाल्क नामक खनिज की उत्तम किस्म है। इसलिये इसे टाल्क, स्टीएटाइट सोपस्टोन, सेलखड़ी के नामों से भी जाना जाता है। यह खनिज अधिकांशतः मैग्नेशिया सिलिका और जल का सम्मिश्रण होता है। इसका उपयोग बर्तन, प्याले बनाने तथा खुदाई के कार्य के लिये मेजों के ऊपरी भाग, स्नानगृह और गैस के चूल्हे बनाने में होता है।

**48. मलाजखण्ड में उत्खनन किया जा रहा है-**

(अ) हिन्दुस्तान कॉपर उद्योग द्वारा
(ब) ताँबा व्यापारी संघ द्वारा
(स) केन्द्रीय खनिज निगम द्वारा
(द) उक्त सभी द्वारा।

व्याख्या- मलाजखंड म.प्र. का सबसे बड़ा ताँबा उत्पादन क्षेत्र है। यहाँ से ताँबा हिन्दुस्तान कॉपर उद्योग द्वारा उत्पादन किया जाता है।

**49. कोयले के भण्डारण की दृष्टि से किस क्षेत्र का प्रथम स्थान है-**

(अ) विन्ध्यप्रदेश क्षेत्र (ब) सतपुड़ा प्रदेश के क्षेत्र
(स) कान्हन घाटी क्षेत्र (द) ब व स दोनों।

व्याख्या- भूतपूर्व विंध्यप्रदेश की खानें सोन नदी के बेसिन में पड़ती हैं। पूर्व में होने के कारण इनका विस्तार सीधी तथा शहडोल जिलों में है। इसके प्रमुख क्षेत्र उमरिया, कोरार, जोहिला नदी क्षेत्र, सोहागपुर, सिंगरौली हैं।

**50. मध्यप्रदेश का स्लेट उत्पादन में भारत में कौनसा स्थान है-**

(अ) प्रथम (ब) द्वितीय
(स) चतुर्थ (द) छठा।

व्याख्या- म.प्र. का स्लेट उत्पादन में प्रथम स्थान है।

**51. खनिज पदार्थों को कितने भागों में बाँटा गया है-**

(अ) दो (ब) तीन
(स) चार (द) सात।

व्याख्या- खनिज पदार्थों को चार भागों में बाँटा गया है जिसमें धात्विक खनिज, अलौह खनिज, अधात्विक खनिज और अणुशक्ति वाले खनिज।

**52. बूलफ्राम है-**

(अ) टंगस्टन (ब) सुरमा
(स) ग्रेफाइट (द) बाक्साइट

व्याख्या- टंगस्टन का मुख्य खनिज बूलफ्राम है जो टंगस्टन और मैंगनीज की भस्मों का रासायनिक सम्मिलन है। बूलफ्राम का रंग काला होता है। यह एक ओर से अधिक चमकदार होता है।

**53. मध्यप्रदेश में फेल्सपार कहाँ पाया जाता है-**

(अ) जबलपुर तथा मण्डला (ब) डिण्डोरी तथा शहडोल
(स) जबलपुर तथा शहडोल (द) बालाघाट तथा मण्डला।

व्याख्या- म.प्र. में फेल्सपार, जबलपुर एवं शहडोल जिलों में पाया जाता है। फेल्स पार उत्पादन में भी म.प्र. प्रथम स्थान पर है।

**54. म.प्र. में पहली बार 1908 में बाक्साइट का उत्खनन कहाँ प्रारम्भ हुआ-**

(अ) कटनी (ब) नागौद
(स) मण्डला (द) शहडोल।

व्याख्या- म.प्र. में पहली बार 1908 में बाक्साइट का उत्खनन कटनी जिले से हुआ था।

**55. राज्य शासन द्वारा म.प्र. गौण खनिज नियम कब लागू किया गया है-**

(अ) 1995 (ब) 1996
(स) 1997 (द) 1998।

व्याख्या- राज्य शासन द्वारा मध्यप्रदेश गौण खनिज नियम 1996 में लागू किया गया है। इसके अन्तर्गत 10 लाख रु. मूल्य तक की 4898 गौण खनिजों की खदानों को त्रिस्तरीय पंचायतों को सौंपा गया है।

**56. मैंगनीज अयस्क का निर्यात किन देशों को किया जाता है-**

(अ) संयुक्त राज्य अमेरिका (ब) ग्रेट ब्रिटेन
(स) जर्मनी (द) उपर्युक्त सभी।

व्याख्या- मैंगनीज अयस्क का निर्यात अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी एवं रूस को किया जाता है।

**57. किस जिले में नवीन खोजों के दौरान मैंगनीज निक्षेप मिले हैं-**

(अ) खरगोन (ब) खंडवा
(स) देवास (द) जबलपुर।

व्याख्या- नवीन खोजों के दौरान खरगोन जिले में बड़वाह नगर के निकट मैंगनीज के निक्षेप मिले हैं। नन्दनिया तथा अगरवारा में उत्खनन कार्य प्रारम्भ हो गया है।

**58. कौन सी मिट्टी 1600 फारेनहाइट तापमान तक नहीं जलती है-**

(अ) सेलखड़ी (ब) चीनी मिट्टी
(स) अग्निरोधी मिट्टी (द) चूना पत्थर।

व्याख्या- अग्निरोधी मिट्टी 1600 फॉरेनहाइट तापमान तक नहीं जलती है। यही कारण है कि यह भट्टियों की ईंटें बनाने तथा अन्य उच्च तापमान सहने वाली वस्तुएँ बनाने के काम में आती है। इसीलिए इसे फायरक्ले कहते हैं।

**59. लौह-अयस्क के उत्पादन में मध्य प्रदेश का देश में कौन-सा स्थान प्राप्त है?**

(अ) पहला (ब) दूसरा
(स) तीसरा (द) इनमें से कोई नहीं।

व्याख्या- लौह अयस्क के उत्पादन में मध्यप्रदेश का 5वाँ स्थान है।

48.(अ) 49.(अ) 50.(अ) 51.(स) 52.(अ) 53.(स) 54.(अ) 55.(ब) 56.(द) 57.(अ) 58.(स) 59.(द)

60. निम्न में से किसमें लोहे की सर्वाधिक मात्रा पायी जाती है?
(अ) हेमेटाइट (ब) मेग्नेटाइट
(स) लाइमोनाइट (द) साइडेराइट।

व्याख्या- मध्यप्रदेश में मेग्नेटाइट में लोहे की सर्वाधिक मात्रा पायी जाती है।

61. निम्न में से किस खनिज को खनिज उद्योग की जननी के रूप में जाना जाता है?
(अ) हीरा (ब) मैंगनीज
(स) लौह अयस्क (द) कोयला।

व्याख्या- मध्यप्रदेश में कोयले को खनिज उद्योग की जननी के रूप में जाना जाता। विद्युत उत्पादन एवं ईंधन के रूप में कोयला महत्वपूर्ण है।

62. मध्य प्रदेश में सर्वाधिक मात्रा में किस प्रकार का कोयला प्राप्त होता है-
(अ) बिटुमिनस (ब) लिग्नाइट
(स) एन्थ्रेसाइट (द) पीट।

व्याख्या- मध्यप्रदेश में बिटुमिनस कोयला सर्वाधिक मात्रा में पाया जाता है। इसमें 60-70% कार्बन पाया जाता है।

63. प्रदेश के पाथरखेड़ा स्थान से कौन-सा खनिज प्राप्त होता है?
(अ) चीनी मिट्टी (ब) कोयला
(स) कोरण्डम (द) फेलस्पार।

व्याख्या- मध्यप्रदेश के बैतूल के पाथरखेड़ा में कोयला प्रचुर मात्रा में पाया जाता है।

64. मध्य प्रदेश में सीसा का उत्पादन कहाँ से होता है?
(अ) जबलपुर (ब) होशंगाबाद
(स) दतिया (द) उपरोक्त सभी।

व्याख्या- मध्यप्रदेश में सीसा का उत्पादन मुख्यत: होशंगाबाद, जबलपुर व झाबुआ से किया जाता है। रेल्वे इंजन, हवाई जहाज व कारतूस बनाने में सीसा का प्रयोग होता है।

65. गैलेना किसका अयस्क है?
(अ) ताँबा (ब) सीसा
(स) हीरा (द) डोलोमाइट।

व्याख्या- गैलेना सीसा का प्रमुख अयस्क है। यह मुलायम व भारी होता है। इससे मिश्र धातु का निर्माण किया जाता है।

66. निम्न में से कौन-सा खनिज सबसे कम कठोर है?
(अ) केओलिन (ब) टाल्क
(स) हीरा (द) इनमें से कोई नहीं।

व्याख्या- टाल्क (सेलखेड़ी) सबसे कम कठोर खनिज है।

67. ग्वालियर का संतोआ पनिहार क्षेत्र किस खनिज हेतु प्रसिद्ध है?
(अ) कोयला (ब) मैंगनीज
(स) लौह-अयस्क (द) ताँबा।

व्याख्या- ग्वालियर के संतोआ पनिहार क्षेत्र में लौह अयस्क के प्रचुर भण्डार प्राप्त हुए।

68. मध्यप्रदेश के किस जिले में धारवाड़ शैल समुह को सौंसर क्रम के नाम से जाना जाता है।
(अ) नरसिंहपुर (ब) बैतुल
(स) छिन्दवाडा (द) होशंगाबाद

व्याख्या- धारवाड़ शैल समूह मुख्यत: दक्षिण मध्यप्रदेश में पायी जाती है। इस समूह को प्रदेश के छिंदवाडा जिले 'सौसर क्रम'' के नाम से जाना जाता है। जिसमें मेंगनीज निक्षेपण मिलते है। सौसर के ऊपर अपेक्षया नवीन तथा न्यून कायांतरण की चट्टाने मिलती है। जिन्हें ''सकोली क्रम'' के नाम से पुकारा जाता है।

69. मध्यप्रदेश में देश का कुल ताँबा कितने प्रतिशत है-
(अ) 25% (ब) 28%
(स) 22% (द) 20%

व्याख्या- मध्यप्रदेश में देश का कुल ताँबा 22% प्राप्त होता है। ताँबा मध्यप्रदेश में बालाघाट (मलाजखण्ड) जबलपुर (सलीमनाबाद), होशंगाबाद, सागर, ग्वालियर, छतरपुर, सीधी आदि में पाया जाता है। मध्यप्रदेश में ताँबे की विख्यात मलाजखण्ड पेटी में 193 मि. टन ताँबे के अयस्क मौजूद है।

70. कोल बेड मीथेन गैस पायी जाती है।
(अ) सीधी (ब) शहडोल
(स) बालाघाट (द) सिंगरोली

व्याख्या- कोल बेड मीथेन गैस मध्यप्रदेश के शहडोल के कोयला खदानों में पायी जाती है। इसलिए यहाँ धूम्रपान करना सख्त मना है। कोल बेड मीथेन के भण्डार के कारण ही रिलांयस कम्पनी द्वारा मीथेन गैस पॉवर प्लाण्ट शहडोल में स्थापित किए जाने का प्रस्ताव है।

71. मध्यप्रदेश में स्लेट उत्पादन किस जिले से किया जाता है।
(अ) मन्दसौर (ब) झाबुआ
(स) बैतूल (द) शाजापुर

व्याख्या- मध्यप्रदेश में स्लेट उत्पादक जिला मन्दसौर है। मध्यप्रदेश स्लेट उत्पादन में देश में प्रथम स्थान पर है।

72. देश में म.प्र. किन खनिजों का सबसे बड़ा उत्पादक है।
(अ) हीरा एवं लोहा (ब) संगमरमर एवं ग्रेनाइट
(स) ताँबा एवं हीरा (द) कोयला एवं चीनी मिट्टी

60.(ब) 61.(द) 62.(अ) 63.(ब) 64.(द) 65.(ब) 66.(ब) 67.(स) 68.(स) 69.(स) 70.(ब) 71.(अ) 72.(स)

**व्याख्या-** देश में म.प्र. निम्न खनिजों का सबसे बड़ा उत्पादक है। हीरा, तांबा, स्लैट, डायस्पौर, पायरोफिलाइट, है। हीरा उत्पादन में तो म.प्र. को एकाधिकार प्राप्त है। वर्ष 2015-16 में प्रमुख खनिजों के उत्पादन मूल्य एवं राजस्व प्राप्ति में द्वितीय स्थान है।

**73. मध्यप्रदेश में सर्वाधिक मात्रा में किस प्रकार का कोयला प्राप्त होता है।**

(1) लिंग्नाइट (2) बिटूमिनस
(3) एन्थ्रेसाइट (4) पीट

**व्याख्या-** कार्बन की प्रतिशतता के आधार पर कोयला चार प्रकार का होता है। मध्यप्रदेश में बिटुमिनस प्रकार का कोयला ही सर्वाधिक पाया जाता है। इसकी कार्बन प्रतिशतता 65 से 70 प्रतिशत है। जबकि एन्थ्रेसाइट कोयला सबसे अच्छा होता है। जिसकी कार्बन प्रतिशतता 80 से 85% होती है। यह कोयला मुख्य रूप से झारखण्ड में पाया जाता है।

**74. 'पन्ना' की प्रसिद्ध हीरे की खदाने निम्न में से किस क्रम के अंतर्गत आता है।**

(1) बिजावर क्रम (2) डोंगरी क्रम
(3) ग्वालियर क्रम (4) संकोली क्रम

**व्याख्या-** निचले कुडप्पा शैल समूह की ऊपरी तहे बिजावर क्रम के नाम से पुकारी जाती है। इस समूह की चट्टाने बिजावर, पन्ना तथा ग्वालियर के निकट मिलती है। तथा इनमें हुए ज्वालामुखी विभेदो में हीरे मिलते हैं।

**75. प्रदेश में लोह अयस्क का निर्यात किन दो देशों को किया जाता है।**

(1) अमेरिका, ब्रिटेन (2) जापान, जर्मनी
(3) रूस, जर्मनी (4) इन सभी को

**व्याख्या-** प्रदेश में लोहा अयस्क का निर्यात विशाखा पट्टनम बन्दरगाह के द्वारा जापान एवं जर्मनी को किया जाता है।

**76. बालाघाट प्रसिद्ध है (आबकारी आरक्षक 2012)**

(अ) मैंगनीज उत्पादन के लिए (ब) धार्मिक स्थल के लिए
(स) राजनीतिक गतिविधियों के लिए (द) रेलवे कारखाने के लिए

**व्याख्या-** बालाघाट में एशिया की सबसे बड़ी भूमिगत मैंगनीज की खान (भारवेली) है एवं म.प्र. में सर्वाधिक मैंगनीज बालाघाट में पाया जाता है इसलिए बालाघाट को मैगनीज नगरी कहा जाता है।

**77. मध्यप्रदेश में ताँबा किस जिले में मिलता है? (पटवारी परीक्षा 2008)**

(अ) बैतूल (ब) बालाघाट
(स) कटनी (द) सिवनी

**व्याख्या-** म.प्र. में सबसे अधिक ताँबा बालाघाट जिले में मिलता है। म.प्र. ताँबे के उत्पादन में देश में तीसरे स्थान पर है। म.प्र. के बालाघाट जिले के बैहर तहसील मलाजखण्ड में 95% से 97% ताँबा प्राप्त होता है।

**78. श्वेत संगमरमर के पहाड़ कहाँ स्थित हैं? (पटवारी परीक्षा 2008)**

(अ) भेड़ाघाट (जबलपुर) (ब) सतना
(स) छिंदवाड़ा (द) दमोह

**व्याख्या-** म.प्र. के जबलपुर (भेड़ाघाट) जिले में श्वेत संगमरमर मिलता है एवं हरा संगमरमर ग्वालियर में मिलता है।

**79. मध्यप्रदेश में ग्रेफाइट मुख्यत: किस स्थान पर पाया जाता है? (पर्यटन विभाग (सहायक ग्रेड-3), 2013)**

(अ) शहडोल (ब) बैतूल
(स) छिंदवाड़ा (द) सरगुजा

**व्याख्या-** म. प्र. का बैतूल सबसे बड़ा ग्रेफाइट उत्पादक जिला है एवं शहडोल कोयला उत्पादक के लिए और छिन्दवाड़ा जिला फेल्सपार एवं डोलोमाइट उत्पादक के लिए अग्रणी है।
मध्य प्रदेश के बालाघाट एवं छिंदवाड़ा मैंगनीज के मुख्य उत्पादक जिले हैं।

**80. संगमरमर उद्योग म.प्र. में इस जिले में विकसित है- (ट्रांस्लेशन सहायक ग्रेड-3 प्रारम्भिक परीक्षा-2012)**

(अ) रीवा (ब) सतना
(स) कटनी (द) शहडोल

**व्याख्या-** संगमरमर म.प्र. के जबलपुर के भेड़ाघाट में पाया जाता है। संगमरमर उद्योग म.प्र. के कटनी जिले में अवस्थित है। म.प्र. में औद्योगिक विकास निगम का 1965 में गठन किया गया जिसका मुख्यालय भोपाल है।

**81. 'पानपठा' कोयला क्षेत्र मध्यप्रदेश के किस जिले में है-**

(अ) शहडोल (ब) उमरिया
(स) बैतूल (द) सिंगरौली

**व्याख्या-** 'पानपठा' कोयला क्षेत्र मध्यप्रदेश के उमरिया जिले में स्थित है।

**82. म.प्र. में डायमण्ड (हीरा) खोज हेतु अधिकृत कंपनी नहीं है।**

(अ) रिलायंस इंडस्ट्री (ब) रियो टिन्टो
(स) डि बियर्स कंपनी (द) एन.एम.डी.सी.

**व्याख्या-** म.प्र. में डायमण्ड (हीरा) खोज हेतु अधिकृत कंपनी रियो टिन्टो, डिबियर्स कंपनी एवं एन.एम.डी.सी. है जबकि रिलायंस इण्डस्ट्रीज डायमण्ड खोज के लिये अधिकृत नहीं है।

**83. मध्यप्रदेश के होशंगाबाद जिले का 'आगर गांव' किस खनिज उत्पादन के लिये प्रसिद्ध है-**

(अ) सुरमा (ब) सेलखड़ी
(स) टंगस्टन (द) फेलस्पार

**व्याख्या-** टंगस्टन खनिज मध्यप्रदेश में होशंगाबाद जिले के 'आगर गांव' नामक स्थान से प्राप्त होता है।

73.(ब) 74.(अ) 75.(ब) 76.(अ) 77.(ब) 78.(अ) 79.(ब) 80.(स) 81.(ब) 82.(अ) 83.(स)

**84. मध्यप्रदेश में कौन-सा स्थान हीरा उत्पादन से संबंधित नहीं है-**

(अ) मझगवां (ब) हीनोता और रामखेरिया

(स) अंगोर (द) देवभोग

**व्याख्या**- मध्यप्रदेश में सतना जिले में मझगवां, पन्ना जिले में हीनोता और रामखेरिया एवं छतरपुर जिले में अंगोर हीरा उत्पादक क्षेत्र है जबकि देवभोग क्षेत्र छत्तीसगढ़ के अंतर्गत आता है।

**85. सतपुड़ा-मैकल श्रृंखला से निकलने वाला प्रमुख खनिज कौन-सा है? (डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016)**

(अ) कोयला (ब) कॉपर

(स) चूना पत्थर (द) उपर्युक्त सभी

**व्याख्या** : सतपुड़ा-मैकल श्रृंखला से निकलने वाले प्रमुख खनिज कोयला, कॉपर, मैंगनीज चूना पत्थर एवं ग्रेफाइट आदि हैं।

**86. मध्य प्रदेश में मलाजखंड किस के लिए प्रसिद्ध है? (डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016)**

(अ) मैंगनीज (ब) ताँबा

(स) लौह अयस्क (द) टंगस्टन

**व्याख्या** : मध्यप्रदेश में बालाघाट जिले के अंतर्गत स्थित मलाजखण्ड ताँबा अयस्क के भण्डारण एवं उत्खनन के लिये प्रसिद्ध हैं। यहाँ पर हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड का संयंत्र कार्यरत है।

**87. भारत में सर्वाधिक ताँबे का उत्पादन किस राज्य से होता है? (डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016)**

(अ) राजस्थान (ब) मध्यप्रदेश

(स) उड़ीसा (द) छत्तीसगढ़

**व्याख्या** : भारत में सर्वाधिक ताँबे का उत्पादन राजस्थान (खेतड़ी) में होता है जबकि मध्यप्रदेश में सर्वाधिक ताँबा का उत्पादन मलाजखण्ड (बालाघाट) में होता है।

**88. कौन सा जिला चूना नगरी के रूप में विख्यात है?**

(अ) कटनी (ब) रीवा

(स) भोपाल (द) सिवनी

**व्याख्या** : मध्यप्रदेश में चूना पत्थर की बाहुल्यता के कारण कटनी जिले को चूना नगरी के नाम से जाना जाता है।

**89. हीरा उत्पादन का म.प्र. देश में स्थान है-**

(अ) चौथा (ब) तीसरा

(स) दूसरा (द) पहला

**व्याख्या** : हीरा उत्पादन में मध्यप्रदेश का देश में पहला स्थान है। म.प्र. में सर्वाधिक हीरा का उत्पादन पन्ना जिले में होता है।

**90. 'लाख' उत्पादन में मध्यप्रदेश का देश में कौन सा स्थान है?**

(अ) पहला (ब) दूसरा

(स) तीसरा (द)-चौथा

**व्याख्या** : 'लाख' उत्पादन में मध्यप्रदेश का देश में झारखण्ड के बाद दूसरा स्थान है। म.प्र. में सर्वाधिक लाख उत्पादन उमरिया जिले में होता है।

**91. भारत में मेंगनीज़ उत्पादन में मध्यप्रदेश का स्थान कौन सा है?**

(अ) प्रथम (ब) द्वितीय

(स) तृतीय (द) चतुर्थ

**व्याख्या** : भारत में मैंगनीज उत्पादन में मध्यप्रदेश का स्थान तृतीय है।

**92. मैंग्नीज के खानों के लिए मध्यप्रदेश में निम्नलिखित में से कौनसा प्रसिद्ध है? (सिविल इंजीनियरिंग 2016)**

(अ) घाटशिला (ब) कटनी

(स) पाथाखेड़ा (द) बालाघाट

**व्याख्या**- मैंगनीज के लिये मध्यप्रदेश के बालाघाट जिले की भारवेली खदान प्रसिद्ध है।

**93. मध्यप्रदेश भारत में ... का सबसे बड़ा भंडार घर है। (महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता 2016)**

(अ) तांबा (ब) सोना

(स) कोयला (द) लौह अयस्क

**व्याख्या** : मध्यप्रदेश भारत में तांबे का सबसे बड़ा भंडार घर है। MP में लगभग 50% ताँबा पाया जाता है। मलाजखण्ड बालाघाट ताँबे के लिए प्रसिद्ध है।

**94. मध्यप्रदेश के दो सबसे महत्वपूर्ण खनिज हैं ...। (महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता 2016)**

(अ) तांबा और लौह अयस्क (ब) लौह अयस्क और कोयला

(स) जस्ता और मैगनीज (द) सोना और हीरा

**व्याख्या** : मध्यप्रदेश में मुख्यत: 30 प्रकार के खनीजों का उत्खनन होता है जिनमे से दो सबसे महत्वपूर्ण खनिज लौह अयस्क और कोयला है।

**95. निम्नलिखित जिलों में से किसमे मैंगनीज बहुतायत में पाया जाता है। (महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता 2016)**

(अ) बालाघाट और छिंदवाड़ा (ब) अनुपपुर, भिण्ड

(स) सीहोर और विदिशा (द) हरदा और ग्वालियर

**व्याख्या** : सर्वाधिक मैंगनीज बालाघाट और छिंदवाड़ा जिलों में पाया जाता है। खुले मुंह की खदान भारवेली बालाघाट में स्थित है।

**96. सीमेंट के उत्पादन में मध्यप्रदेश का भारत में कौन-सा स्थान है (जेल प्रहरी 2015)**

(अ) पहला (ब) दूसरा

(स) तीसरा (द) चौथा

**व्याख्या** : सीमेन्ट के उत्पादन में मध्यप्रदेश का भारत में चौथा स्थान है। मध्यप्रदेश का भारत में जनसंख्या की दृष्टि से पाँचवा स्थान है। तथा क्षेत्रफल की दृष्टि से दूसरा स्थान है।

84.(द) 85.(द) 86.(ब) 87.(ब) 88.(अ) 89.(द) 90.(ब) 91.(अ) 92.(द) 93.(अ) 94.(ब) 95.(अ) 96.(द)

97. निम्न में से म.प्र. में मैंगनीज के कुल भंडारण का कितना प्रतिशत है?

(अ) 20% (ब) 40%

(स) 30% (द) 50%

व्याख्या- देश के कुल मैगनीज भंडारण का 50% मैगनीज म.प्र. में पाया जाता है। म.प्र. मैगनीज का मुख्य उत्पादन राज्य है।

98. मैंगनीज की सबसे बड़ी खदान कौनसी है?

(अ) भारवेली (ब) डोंगरी

(स) कजरी (द) थांदली

व्याख्या- भारवेली खदान एशिया की सबसे बड़ी मैंगनीज की खदान है जो कि म.प्र. के बालाघाट में है।

99. निम्न में से म.प्र. में बॉक्साइट का अनुमानित भण्डार लगभग है:-

(अ) 15 से 02 करोड़ टन (ब) 20 से 25 करोड़ टन

(स) 25 से 30 करोड़ टन (द) 30 से 35 करोड़ टन

व्याख्या- प्रदेश में बॉक्साइट का अनुमानित भण्डारण 20 से 25 करोड़ टन लगाया जाता है। प्रदेश में बॉक्साइट का प्रमुख साधन विंध्यन युग बालू शैलिका और क्वार्टजाइट है।

100. म.प्र. के किस जिले में सिंगरौली कोयला खदानें पड़ती हैं?

(अ) सिंगरौली (ब) सीधी

(स) रीवा (द) मंडला

व्याख्या- सिंगरौली कोयला खदानें म.प्र. के सिंगरौली जिले में पड़ती हैं। यह क्षेत्र राज्य का महत्वपूर्ण कोयला क्षेत्र है। इस क्षेत्र में कोयले की परत 1.5 से 2 मी की है।

101. किस खनिज का उपयोग भट्टी की ईंटें बनाने में किया जाता है?

(अ) सेलखड़ी (ब) अग्निरोधी मिट्टी

(स) चीनी मिट्टी (द) चूने का पत्थर

व्याख्या- भट्टें की ईंटें बनाने में अग्निरोधी मिट्टी का उपयोग किया जाता है। यह मिट्टी 1600F तक भी नहीं जलती है।

102. निम्न में से किस खनिज के उत्पादन में म.प्र. का प्रथम स्थान है?

(अ) गेरू (ब) ताँबा

(स) ग्रेफाइट (द) कोयला

व्याख्या- गेरू के उत्पादन में म.प्र. भारत का अग्रणी राज्य है।

103. निम्न में से म.प्र. में अभ्रक किस स्थान पर मिलता है?

(अ) छिंदवाड़ा (ब) होशंगाबाद

(स) बालाघाट (द) उपरोक्त सभी

व्याख्या- अभ्रक मुख्यतः बालाघाट में पाया जाता है, साथ ही होशंगाबाद, छिंदवाड़ा, झाबुआ, शहडोल, सीधी आदि में भी पाया जाता है।

104. निम्न में से म.प्र. में सेलखड़ी कहाँ पर मिलता है?

(अ) लालपुर (ब) धरावर

(स) कपोड़ (द) सभी जगह

व्याख्या- सेलखड़ी राज्य के नर्मदा की घाटी के गोदावरी, लालपुर व धरावर के साथ ही साथ जबलपुर जिले के भेड़ाघाट व कपोड़ से भी प्राप्त की जाती है।

105. म.प्र. किसका एकमात्र उत्पादक राज्य है?

(अ) स्लेट (ब) हीरा

(स) (अ) और (ब) (द) केवल अ

व्याख्या- प्रदेश के पन्ना जिले में हीरे का उत्पादन प्रथम स्थान पर होता है तथा स्लेट का भी उत्पादन म.प्र. में होता है। अतः हीरा तथा स्लेट के उत्पादन में म.प्र. अग्रणी है।

106. कौन-सा खनिज सबसे कम कठोर होता है?

(अ) हीरा (ब) टाल्क

(स) केओलीन (द) कोई नहीं

व्याख्या- टाल्क (सेलखड़ी) सबसे कम कठोर खनिज होता है जबकि हीरा सबसे अधिक कठोर खनिज है।

107. निम्न में से कौनसा लौह अयस्क का प्रकार नहीं है?

(अ) हेमेटाइट (ब) लिमोनाइट

(स) मैग्नेटाइट (द) एंथरेसाइट

व्याख्या- हेमेटाइट, मैग्नेटाइट, लिमोनाइट ये तीनों लौह के प्रकार है, जबकि एंथरेसाइट कोयले का प्रकार है।

108. निम्न में से किन स्थानों पर अग्नि मिट्टी के प्रकार मिलते हैं?

(अ) शहडोल (ब) जबलपुर

(स) नरसिंहपुर (द) सभी स्थानों पर

व्याख्या- म.प्र. के शहडोल, नरसिंहपुर, जबलपुर में अग्नि मिट्टी के प्रचुर भंडारण मिलते हैं।

109. म.प्र. तथा छ.ग. के किस जिले में कोयला खनिज के रूप में नहीं मिलता? (MPPSC Pre-2003)

(अ) बिलासपुर (ब) छिंदवाड़ा

(स) कोरिया (द) रीवा

व्याख्या- रीवा में सिनिमिनाइट खनिज मिलता है। बिलासपुर, छिंदवाड़ा तथा कोरिया में कोयला खनिज पाया जाता है।

110. म.प्र. में निम्नलिखित में से एक खनिज बिल्कुल नहीं पाया जाता है? (MPSI-1999)

(अ) पन्ना (ब) हीरा

(स) अभ्रक (द) लोहा

97.(द) 98.(अ) 99.(ब) 100.(अ) 101.(ब) 102.(अ) 103.(द) 104.(द) 105.(स) 106.(ब) 107.(द) 108.(द) 109.(द) 110.(अ)

व्याख्या- म.प्र. में पन्ना नामक खनिज बिल्कुल नहीं पाया जाता है, परंतु पन्ना जिले में हीरा पाया जाता है।

**111. म.प्र. में कोयला कहाँ से नहीं निकाला जाता है?** (MPSI-1997)

(अ) पचमढ़ी (ब) सरगुजा
(स) राजगढ़ (द) बैतूल

व्याख्या- पचमढ़ी से कोयला नहीं निकाला जाता, जबकि पचमढ़ी म.प्र. का एकमात्र हिल स्टेशन है।

**112. म.प्र. के किस जिले को ग्रेफाइट उत्पादन के लिए जाना जाता है?** (MPPSC Pre-2014)

(अ) शिवपुरी (ब) सतना
(स) मुरैना (द) बैतूल

व्याख्या- म.प्र. के बैतूल जिले को ग्रेफाइट उत्पादन के लिए जाना जाता है। ग्रेफाइट का उपयोग पेंसिल, बैटरी तथा पेंट उद्योग में होता है।

**113. निम्न में से म.प्र. का कौन-सा शहर बॉक्साइट उत्पादन करने वाला मुख्य केन्द्र नहीं है?** (पुलिस आरक्षक-2016)

(अ) शहडोल (ब) सतना
(स) रीवा (द) रतलाम

व्याख्या- देश के कुल बॉक्साइट का लगभग 45% भाग अकेले म.प्र. से प्राप्त होता है। म.प्र. के पश्चिमी तथा दक्षिणी जिले में प्रचुर मात्रा में बॉक्साइट के भंडार मिलते हैं। वर्तमान में प्रदेश में केवल जबलपुर, कटनी, मंडला, सतना तथा शंहडोल जिलों में बॉक्साईट पाया जाता है। जबकि रतलाम बाक्साइट उत्पादन का केन्द्र नहीं है।

**114. बॉक्साइट एल्यूमीनियम एक अयस्क है, यह प्रचुर मात्रा में पाया जाता है?** (पुलिस आरक्षक-2016)

(अ) पन्ना खदान में (ब) कटनी खदान में
(स) दुर्ग खदान में (द) बस्तर खदान में

व्याख्या- देश के कुल बॉक्साइट का लगभग 45% भाग अकेले म.प्र. में है। वर्तमान में प्रदेश के केवल जबलपुर, कटनी, मण्डला, सतना तथा शहडोल जिलो में बॉक्साइट पाया जाता है। सन् 1908 में कटनी में पहली बार बॉक्साइट का उत्खनन प्रारंभ हुआ है।

**115. सतपुड़ा मैकल श्रृंखला से निकलने वाला प्रमुख खनिज कौन-सा है?** (Daily Federation Recruitment Exam 2016)

(अ) कोयला (स) चूना पत्थर
(ब) कॉपर (द) उपर्युक्त सभी

व्याख्या- चूना पत्थर, कॉपर, कोयला तीनों ही सतपुड़ा मैकल श्रृंखला से निकलने वाले प्रमुख खनिज हैं। सतपुड़ा श्रृंखला खनिजों क दृष्टि से समृद्धिशील है। यहाँ पर कोयला (बैतूल), कॉपर (बालाघाट) भी पाया जाता है।

**116. म.प्र. के किस जिले में बॉक्साइट्स पाया जाता है?** (State forest service Exam-2014)

(अ) छतरपुर (ब) टीकमगढ़
(स) भोपाल (द) जबलपुर

व्याख्या- म.प्र. के मुख्यत: जबलपुर जिले में बॉक्साईट्स खनिज पाया जाता है। बॉक्साइट्स भारी व सफेद रंग का होता है। यह रबर, रंग, कागज, छापखाने व चमड़ा उद्योग में भी प्रयोग में आता है।


**117. मध्यप्रदेश में कौन-सा क्षेत्र बॉक्साइट, कॉपर और डोलोमाइट के लिए प्रसिद्ध है?** पटवारी परीक्षा 2017

(अ) बालाघाट (ब) जावद
(स) भैरोंगढ़ (द) सतना

व्याख्या- बालाघाट, मध्यप्रदेश में बॉक्साइट, कॉपर और डोलोमाइट के लिए प्रसिद्ध है।

* * *

111.(अ) 112.(द) 113.(द) 114.(ब) 115.(द) 116.(द) 117.(अ)



# अध्याय–11

# मध्यप्रदेश में उद्योग

1. **भेल ( BHEL ) कारखाना कहाँ स्थित है।**
   (1) इन्दौर (2) होशंगाबाद
   (3) जबलपुर (4) भोपाल

**व्याख्या-** भेल (BHEL) कारखाना भोपाल में स्थित है। भोपाल में वर्ष 1960-61 में बिजली का भारी सामान बनाने का उद्योग स्थापित किया गया। इसके निर्माण कार्य में ब्रिटेन से सहायता ली गयी। वर्तमान में यह कारखाना 'भारत हेवी इलेक्ट्रीकल्स' के नाम से जाना जाता है। यहाँ स्विचगियर, विद्युत मोटर, रेलवे ट्रेक्शन, रेक्ट्रीफायर ट्रॉसफार्मर जैसे भारी उपकरण बनाए जाते है। भेल को देश में विद्युत उपकरणों में अग्रणी भूमिका एवं प्रथम स्थान प्राप्त है।

2. **औद्योगिक दृष्टि से म.प्र. का भारत में कौन सा स्थान है-**
   (अ) दूसरा स्थान (ब) पाँचवाँ स्थान
   (स) सातवाँ स्थान (द) आठवाँ स्थान।

**व्याख्या-** औद्योगिक दृष्टि से म.प्र. का भारत में स्थान सातवाँ है। जबकि प्रथम स्थान पर महाराष्ट्र है।

3. **वर्तमान में म.प्र. का किस उद्योग में अग्रणी स्थान है-**
   (अ) ताँबा उद्योग (ब) कागज उद्योग
   (स) चीनी उद्योग (द) कोयला उद्योग।

**व्याख्या-** वर्तमान में म.प्र. ताँबा उत्पादन में प्रथम स्थान पर है।

4. **म.प्र. उद्योग निगम द्वारा संचालित एम्पोरियम का नाम क्या है-**
   (अ) गायत्री (ब) सरस्वती
   (स) मृगनयनी (द) उपरोक्त में से कोई नहीं।

**व्याख्या-** म.प्र. उद्योग निगम एम्पोरियम भोपाल, इन्दौर, रीवा, जबलपुर, ग्वालियर व उज्जैन में है। इन्हें मृगनयनी नाम दिया गया है।

5. **म.प्र. में तेन्दूपत्ता सर्वाधिक निम्नलिखित में से किस उद्योग में प्रयुक्त होता है-**
   (अ) लाख उद्योग (ब) बीड़ी उद्योग
   (स) गोंद उद्योग (द) चमड़े रंगने का उद्योग

**व्याख्या-** बीड़ी बनाने का उद्योग प्रदेश का महत्वपूर्ण लघु उद्योग है। यह उद्योग तेन्दूपत्ता पर निर्भर है। इस उद्योग में 2 लाख से अधिक श्रमिक लगे हैं।

1.(द) 2.(स) 3.(अ) 4.(स) 5.(ब)

6. **चीनी बर्तन उद्योग कहाँ स्थित है-**
(अ) मुरैना (ब) भिण्ड
(स) ग्वालियर (द) दतिया।

व्याख्या- चीनी मिट्टी के चाय, दूध आदि के बर्तन ग्वालियर में बनते हैं।

7. **नेशनल न्यूज प्रिन्ट व पेपर कारखाने का निर्माण मध्यप्रदेश के किस नगर में हुआ है-**
(अ) इन्दौर (ब) नेपानगर (स) देवास (द) होशंगाबाद

व्याख्या- 1947 के पश्चात् केन्द्रीय सरकार के नियोजन के अन्तर्गत 1948-49 में नेशनल न्यूज प्रिन्ट व पेपर मिल नेपानगर में स्थापित किया गया है। बुरहानपुर जिले के अन्तर्गत नेपानगर आता है।

8. **मध्यप्रदेश के किस स्थान पर बजाज टेम्पो का कारखाना स्थापित है-**
(अ) मण्डीदीप (ब) मेघनगर
(स) मक्सी (द) पीथमपुर।

व्याख्या- मध्यप्रदेश में पीथमपुर (धार) में बजाज टेम्पो का कारखाना स्थापित है। वाहनों का अत्यधिक उत्पादन करने के कारण, पीथमपुर को भारत का डेट्राइट कहा जाता है।

9. **मध्यप्रदेश में तेलशोधन कारखाने की स्थापना कहाँ हो रही है-**
(अ) मैहर (सतना) (ब) बीना (सागर)
(स) जावरा (टीकमगढ़) (द) पथरिया (दमोह)

व्याख्या- मध्यप्रदेश में तेलशोधन कारखाना बीना (सागर) में स्थापित किया जा रहा है- यह रिफाइनरी ओमान की सहायता से स्थापित की जा रही है।

10. **पीथमपुर भारत का डेट्राइट कहा जाता है यह किस जिले में है-**
(अ) ग्वालियर (ब) श्योपुर
(स) धार (द) छिंदवाड़ा।

व्याख्या- भारत में अत्याधुनिक वाहनों को निर्मित करने के कारखाने पीथमपुर में हैं। पीथमपुर को भारत का डेट्राइट कहा जाता है। धार जिले के अन्तर्गत पीथमपुर आता है।

11. **सिक्योरिटी पेपर मिल कहाँ है-**
(अ) देवास (ब) नेपानगर
(स) होशंगाबाद (द) अमलाई।

व्याख्या- सिक्यूरिटी पेपर मिल में नोट बनाने का कागज बनाया जाता है। यह मिल होशंगाबाद जिले में है।

12. **मध्यप्रदेश में लेदर कॉम्पलेक्स कहाँ है-**
(अ) उज्जैन (ब) शाजापुर
(स) देवास (द) धार।

व्याख्या- म.प्र. में लेदर कॉम्पलेक्स देवास में स्थित है। जबकि एग्रो-काम्पलेक्स-छिंदवाड़ा
स्टील कॉम्पलेक्स- सागर
इलेक्ट्रानिक्स काम्पलेक्स इन्दौर में है।

13. **भारत का सबसे बड़ा कागज कारखाना कहाँ स्थित है-**
(अ) नेपानगर (ब) अमलाई
(स) टीटागढ़ (द) सहारनपुर।

व्याख्या- भारत का सबसे बड़ा कागज कारखाना नेपानगर बुरहानपुर में है। एक सरकारी कारखाना है।

14. **इन्दौर में स्थापित किये जाने वाले भाभा परमाणु केन्द्र के प्रथम औद्योगिकरण केन्द्र का क्या नाम है-**
(अ) टाइगर (ब) कैट
(स) लाइफ (द) प्रोग्रेस।

व्याख्या- इन्दौर में स्थापित किये जाने वाले भाभा परमाणु केन्द्र के प्रथम औद्योगीकरण केन्द्र का नाम कैट है। केट (Cat) Center for Advance Technology)

15. **मालनपुर औद्योगिक केन्द्र किस जिले में है-**
(अ) मुरैना (ब) भिण्ड
(स) ग्वालियर (द) श्योपुर।

व्याख्या- मालनपुर औद्योगिक केन्द्र भिण्ड जिले में स्थापित किया गया है। यह म.प्र. शासन द्वारा स्थापित किये गये औद्योगिक विकास केन्द्रों में से एक है।

16. **मध्यप्रदेश का बरलाई चीनी कारखाना सबसे बड़ा है, यह किस जिले में है-**
(अ) मन्दसौर (ब) सीहोर
(स) मुरैना (द) उज्जैन।

व्याख्या- मध्यप्रदेश का बरलाई चीनी कारखाना सबसे बड़ा है। यह सीहोर जिले में है।

17. **मध्यप्रदेश में देश का प्रथम आप्टिकल फाइबर प्लांट कहाँ लगाया गया है-**
(अ) मण्डीदीप (ब) उज्जैन
(स) जावरा (द) दलौदा

व्याख्या- भारत का प्रथम और एकमात्र आप्टिकल फाइबर कारखाना मध्यप्रदेश में मण्डीदीप (रायसेन) में स्थित है।

18. **मण्डीदीप (रायसेन) में आप्टिकल फाइबर कारखाना किस देश की इलेक्ट्रिक कम्पनी के सहयोग से स्थापित किया गया-**
(अ) रूस (पूर्व सोवियत संघ) (ब) जर्मनी
(स) ब्रिटेन (द) जापान।

6.(स) 7.(ब) 8.(द) 9.(ब) 10.(स) 11.(स) 12.(स) 13.(अ) 14.(ब) 15.(ब) 16.(ब) 17.(अ) 18.(द)

व्याख्या- मण्डीदीप (रायसेन) में आप्टिकल फाइबर कारखाना जापान के सहयोग से स्थापित किया गया है।

19. कागज उद्योग से सम्बन्धित निम्न कथन असत्य है-
(अ) नेशनल न्यूज प्रिंट पेपर मिल बुरहानपुर में है।
(ब) ओरिएंटल पेपर मिल शहडोल में है।
(स) महीन कागज का उद्योग इन्दौर में है।
(द) नोट बनाने के कागज का कारखाना देवास में है।

व्याख्या- नोट बनाने के कागज का कारखाना होशंगाबाद में है जिसका नाम सिक्योरिटी पेपर मिल है। देवास में बैंक नोट प्रेस है, जहाँ नोटों की छपाई का कार्य होता है।

20. बीड़ी उद्योग का महत्वपूर्ण केन्द्र है-
(अ) रायपुर (ब) जबलपुर
(स) इन्दौर (द) देवास।

व्याख्या- बीड़ी उद्योग का महत्वपूर्ण केन्द्र जबलपुर है। म.प्र. में विल्स ब्रांड की सिगरेट बनायी जाती है।

21. कत्था बनाने के कारखाने स्थित हैं-
(अ) शिवपुरी (ब) मुरैना
(स) शिवपुरी-मुरैना (द) शिवपुरी, भिण्ड, मुरैना।

व्याख्या- खैर वृक्ष की लकड़ी से कत्था बनाने के कारखाने शिवपुरी व मुरैना जिले के बानमौर में हैं।

22. कृत्रिम रेशे से कपड़ा बनाने का कारखाना कहाँ पर स्थित है-
(अ) इन्दौर (ब) ग्वालियर
(स) नागदा (द) सनावद।

व्याख्या- कृत्रिम रेश से कपड़े बनाने का कारखाना नागदा (उज्जैन) में स्थापित किया गया है।

23. भोपाल शुगर मिल्स स्थित है-
(अ) भोपाल (ब) बैरागढ़
(स) सीहोर (द) इन्दौर।

व्याख्या- भोपाल सुगर मिल्स सीहोर जिले में स्थापित की गई है।

24. कीटनाशक संयंत्र बीना किस जिले में स्थित है-
(अ) सरगुजा (ब) सागर
(स) जबलपुर (द) सतना।

व्याख्या- निगम द्वारा कीटनाशक औषधियों के निर्माण के उद्देश्य से एक कारखाना सागर जिले के बीना नामक स्थान पर स्थापित किया है। निगम द्वारा बनायी गयी दवाओं का उपयोग प्रदेश में मलेरिया उन्मूलन हेतु भी किया जा रहा है।

25. डीजल इंजन का कारखाना कहाँ स्थापित किया गया है-
(अ) इन्दौर (ब) देवास
(स) उज्जैन (द) भोपाल।

व्याख्या- डीजल इंजन कारखाने की स्थापना इन्दौर जिले में की गई है।

26. मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम की स्थापना कब हुई थी-
(अ) सितम्बर 1964 (ब) सितम्बर 1965
(स) सितम्बर 1966 (द) सितम्बर 1967।

व्याख्या- म.प्र. औद्योगिक विकास निगम की स्थापना, सितम्बर 1965 में भोपाल में की गई थी।

27. भारत का प्रथम रत्न परिष्करण केन्द्र कहाँ स्थापित किया गया है-
(अ) शहडोल (ब) जबलपुर
(स) मण्डला (द) डिण्डोरी।

व्याख्या- भारत का प्रथम रत्न परिष्करण केन्द्र जबलपुर में स्थापित किया गया है।

28. केन्द्र शासन ने किस जिले में निर्यात संवर्धन औद्योगिक पार्क की स्थापना की स्वीकृति दी है-
(अ) इन्दौर (ब) देवास
(स) धार (द) उज्जैन।

व्याख्या- केन्द्र शासन ने देवास के ग्राम सिया में निर्यात संवर्धन औद्योगिक पार्क की स्थापना की स्वीकृति दी है। इसकी परियोजना लागत 13.65 करोड़ रुपये है।

29. मध्यप्रदेश का प्रथम सीमेन्ट कारखाना कब स्थापित हुआ है-
(अ) 1920 (ब) 1921
(स) 1922 (द) 1923

व्याख्या- म.प्र. का प्रथम सीमेन्ट कारखाना 1922 में बानमौर मे स्थापित किया गया था।

30. मध्यप्रदेश में दवाइयों के सर्वाधिक कारखाने किस नगर में स्थापित हैं-
(अ) उज्जैन (ब) देवास
(स) धार (द) इन्दौर।

व्याख्या- म.प्र. में दवाईयों के सर्वाधिक कारखाने इन्दौर जिले में स्थित है।

31. मध्यप्रदेश का एकमात्र भारी विद्युत उपकरण बनाने वाला कारखाना कहाँ है-
(अ) भोपाल (ब) सीहोर
(स) विदिशा (द) रायसेन।

व्याख्या- म.प्र. का एकमात्र भारी विद्युत उपकरण बनाने का कारखाना (BHEL) 1960–61 में ब्रिटेन की सहायता से भोपाल में स्थापित किया गया था। वर्तमान में यह एक महारत्न कंपनी है।

32. चिपबोर्ड व पार्टिकल बोर्ड बनाने का कारखाना कहाँ है-
(अ) इटारसी (ब) ग्वालियर

19.(द) 20.(ब) 21.(स) 22.(स) 23.(स) 24.(ब) 25.(अ) 26.(ब) 27.(ब) 28.(ब) 29.(स) 30.(द) 31.(अ) 32.(अ)

(स) भिंड (द) सीहोर।

व्याख्या- चिपबोर्ड व पार्टिकल बोर्ड बनाने का कारखाना इटारसी (होशंगाबाद) में स्थापित किया गया है।

33. म.प्र. में सूती वस्त्र उद्योग का सबसे बड़ा उत्पादक केन्द्र कौन-सा है-
(अ) भोपाल (ब) राजनांदगाँव
(स) इन्दौर (द) उज्जैन।

व्याख्या- इन्दौर में सूती वस्त्र उद्योग की कई मिलें स्थापित हैं। इनमें कल्याण मिल्स लि., इन्दौर मालवा यूनाइटेड मि.लि. आदि हैं।

34. म.प्र. में ऊनी वस्त्र बनाने के कारखाने किस नगर में अवस्थित हैं-
(अ) धार (ब) उज्जैन
(स) इन्दौर (द) देवास।

व्याख्या- म.प्र. में ऊनी वस्त्र बनाने के सर्वाधिक कारखाने इन्दौर जिले में अवस्थित हैं।

35. म.प्र. में जीवाणु खाद बनाने का संयंत्र कहाँ लगाया गया है-
(अ) भोपाल (ब) सीहोर
(स) विदिशा (द) सागर।

व्याख्या- म.प्र. में जीवाणु खाद संयंत्र भोपाल में स्थापित किया गया है। जीवाणु खाद से गेहूँ, चावल, ज्वार, मक्का, बाजरा आदि फसलों के उत्पादन में आशातीत वृद्धि होगी।

36. म.प्र. में फल व सब्जी संरक्षण का कारखाना कहाँ स्थापित है?
(अ) सीहोर (ब) इटारसी
(स) इन्दौर (द) भोपाल।

व्याख्या- म.प्र. में फल व सब्जी संरक्षण का कारखाना, भोपाल में स्थापित किया गया है।

37. म.प्र. में सोयाबीन के बिस्कुट बनाने का कारखाना कहाँ स्थापित किया गया है-
(अ) जबलपुर (ब) भोपाल
(स) ग्वालियर (द) रीवा

व्याख्या- म.प्र. में सोयाबीन के बिस्कुट बनाने का कारखाना भोपाल में स्थापित किया गया है।

38. म.प्र. में अखबारी कागज बनाने वाला एकमात्र सार्वजनिक उपक्रम कौन सा है-
(अ) नेपा लि. (ब) बी.एच.एल.
(स) टाटा संस (द) ओरियंट पेपर मिल।

व्याख्या- म.प्र. में अखबारी कागज बनाने का एकमात्र सार्वजनिक नेपानगर उपक्रम नेपा.लि. है, जो बुरहानपुर में है।

39. दियासलाई के डिब्बे बनाने का कारखाना कहाँ है-
(अ) भिण्ड (ब) ग्वालियर
(स) मुरैना (द) शिवपुरी।

व्याख्या- दियासलाई के डिब्बे बनाने का कारखाना ग्वालियर में है।

40. दानेदार मिश्रित खाद संयंत्र कहाँ है-
(अ) होशंगाबाद (ब) इटारसी
(स) विदिशा (द) रतलाम।

व्याख्या- म.प्र. कृषि उद्योग विकास निगम ने संयुक्त क्षेत्र में होशंगाबाद के रसलपुर ग्राम में एम.पी. एग्रो. मोरारजी फर्टिलाइजर्स कारखाने की स्थापना की है।

41. म.प्र. में मस्टर्ड ऑयल मिल कहाँ है-
(अ) भिण्ड (ब) मुरैना
(स) ग्वालियर (द) धार।

व्याख्या- म.प्र. कृषि उद्योग विकास निगम ने मुरैना में सरसों का तेल निकालने का एक कारखाना स्थापित किया है।

42. राज्य शासन के उद्योग विभाग द्वारा कहाँ परीक्षण केन्द्र स्थापित किया गया है-
(अ) इन्दौर (ब) भोपाल
(स) सागर (द) रीवा।

व्याख्या- राज्य शासन के उद्योग विभाग द्वारा इन्दौर में परीक्षण केन्द्र स्थापित किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य लघु उद्योगों के द्वारा निर्मित माल के स्तर को ऊँचा उठाना है।

43. म.प्र. निर्यात निगम की स्थापना कब की गई-
(अ) 1975 (ब) 1976
(स) 1977 (द) 1978

व्याख्या- म.प्र. निर्यात निगम की स्थापना प्रदेश के निर्यात व्यापार को बढ़ावा देने की दृष्टि से फरवरी 1977 में की गई। इसका मुख्यालय भोपाल में है।

44. म.प्र. राज्य उद्योग निगम कहाँ स्थित है-
(अ) भोपाल (ब) सागर
(स) जबलपुर (द) विदिशा।

व्याख्या- इसकी स्थापना सन् 1969 में हुई थी इसका मुख्यालय भोपाल में है।

45. एल्कोलॉयड फैक्ट्री कहाँ स्थित है-
(अ) जबलपुर (ब) नीमच
(स) देवास (द) सतना।

व्याख्या- एल्कोलायड फोर्जिंग नीमच में स्थापित की गई हैं।

46. स्टील कोर्पिंग व इंजन वाल्व कहाँ बनते हैं-
(अ) बुधनी (ब) नेपानगर

33.(स) 34.(स) 35.(अ) 36.(द) 37.(ब) 38.(अ) 39.(ब) 40.(अ) 41.(ब) 42.(अ) 43.(स) 44.(अ) 45.(ब)

(स) भोपाल (द) ग्वालियर

व्याख्या- स्टील कोर्पिंग व इंजन वाल्व भोपाल में बनते हैं।

47. म.प्र. में लघु उद्योग निगम कब स्थापित किया गया- (MPPSC 2016)

(अ) 1960 (ब) 1961
(स) 1962 (द) 1963

व्याख्या- म.प्र. में लघु उद्योग निगम, 1961 में भोपाल में स्थापित किया गया था।

48. इसमें से किसका मुख्यालय इन्दौर में है-

(अ) म.प्र. औद्योगिक विकास निगम
(ब) म.प्र. लघु उद्योग निगम
(स) म.प्र. वित्त निगम
(द) उपरोक्त सभी।

व्याख्या- म.प्र. वित्त निगम का मुख्यालय इन्दौर में है जबकि म.प्र. औद्योगिक विकास निगम एवं लघु उद्योग निगम के मुख्यालय भोपाल में हैं।

49. म.प्र. माइनिंग कार्पोरेशन का मुख्यालय कहाँ है-

(अ) सतना (ब) भोपाल
(स) पन्ना (द) जबलपुर।

व्याख्या- इसका मुख्यालय भोपाल में है। बहुमूल्य खनिजों की खोज व उनके उत्खनन एवं व्यापार में सहायता करता है।

50. म.प्र. में रेलवे स्लीपर बनाने का कारखाना कहाँ है-

(अ) मुरैना (ब) मालनपुर
(स) बुधनी (द) मक्सी।

व्याख्या- म.प्र. में रेलवे स्लीपर बनाने का कारखाना सिहोर के बुधनी में स्थापित किया गया है।

51. स्ट्राबोर्ड मिल कहाँ है-

(अ) बीना (ब) धार
(स) बाबई (द) शाजापुर।

व्याख्या- स्ट्राबोर्ड मिल शाजापुर में है।

52. म.प्र. राज्य वस्त्र निगम कब स्थापित किया गया-

(अ) 1976-77 (ब) 1977-78
(स) 1978-79 (द) 1979-80

व्याख्या- म.प्र. राज्य वस्त्र निगम 1976-77 में भोपाल में स्थापित किया गया था।

53. म.प्र. विद्युत यंत्र लिमिटेड कहाँ है-

(अ) मेघनगर (झाबुआ) (ब) गोसलपुर (जबलपुर)
(स) बैढ़न (सीधी) (द) चैन्तुरा (गुना)।

व्याख्या- म.प्र. विद्युत यंत्र लिमिटेड, गोसलपुर (जबलपुर) में है।

54. मध्य प्रदेश में निर्यात् संवर्द्धन औद्योगिक पार्क कहाँ स्थापित किया जा रहा है?

(अ) पीथमपुर (ब) देवास
(स) इन्दौर (द) मण्डीद्वीप।

व्याख्या- मध्यप्रदेश के धार जिले के पीथमपुर में निर्यात संवर्धन औद्योगिक पार्क स्थापित किया जा रहा है, जिसे भारत का डेट्राइट कहा जाता है।

55. मध्य प्रदेश में कैमूर क्यों प्रसिद्ध है?

(अ) सीमेंट उद्योग के लिए (ब) लौह उद्योग के लिए
(स) कोयला उद्योग के लिए (द) चीनी उद्योग के लिए।

व्याख्या- मध्यप्रदेश में कैमूर कटनी जिला में सीमेंट कारखाना स्थापित है एवं यहाँ आर्द्र विधि के प्रयोग द्वारा सीमेंट का निर्माण किया जाता है।

56. मध्य प्रदेश में एग्रो कॉम्पलेक्स की स्थापना किस जिले में की गई हैं?

(अ) छतरपुर (ब) सागर
(स) छिंदवाड़ा (द) देवास।

व्याख्या- मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा में एग्रो कॉम्पलेक्स स्थापित किया गया तथा यह प्रथम जिला है, जहाँ से 3G सेवा का शुभारंभ किया गया।

57. मध्य प्रदेश में कृत्रिम रेशे से कपड़े निम्न स्थान पर बनाए जाते हैं-

(अ) नागदा (ब) इन्दौर
(स) उज्जैन (द) उपरोक्त सभी स्थानों पर।

व्याख्या- मध्यप्रदेश में कृत्रिम रेशे से कपड़े बनाने के कारखाने इन्दौर, उज्जैन, नागदा, ग्वालियर व देवास में है, जबकि कृत्रिम रेशा नागदा में बनाया जाता है।

58. कलेंडरिंग प्लांट कहाँ स्थित है-

(अ) उज्जैन (ब) देवास
(स) सतना (द) इनमें से कोई नहीं।

व्याख्या- मध्यप्रदेश में कलेंडरिंग प्लांट की स्थापना उज्जैन में की गई। केपयार्ड यार्म शोडी यार्म तथा सिंथेटिक यार्न बनाने का कारखाना देवास में स्थापित है।

59. म.प्र. में औद्योगिक संवर्धन नीति कब बनी?

(अ) 2003 (ब) 2004
(स) 2005 (द) 2006

व्याख्या- उद्योगों के संरक्षण एवं विकास हेतु मध्यप्रदेश औद्योगिक संवर्धन नीति 2004 में बनी। 2007 में इसमें संशोधन भी किया गया।

46.(स) 47.(ब) 48.(स) 49.(ब) 50.(स) 51.(द) 52.(अ) 53.(ब) 54.(अ) 55.(अ) 56.(स) 57.(द) 58.(अ) 59.(ब)

60. म.प्र. में जेम्स एण्ड ज्वेलरी पार्क कहाँ स्थापित किया जा रहा है?

(अ) रतलाम (ब) भोपाल
(स) इन्दौर (द) जबलपुर।

व्याख्या- मध्यप्रदेश में इन्दौर में जेम्स एण्ड ज्वेलरी पार्क की स्थापना की जा रही है। इसे व्यावसायिक एवं खेल राजधानी भी कहा जाता है।

61. म.प्र. में HMT का कारखाना किस जिले में है-

(अ) दतिया (ब) बैतूल
(स) भोपाल (द) इनमें से कोई नहीं।

व्याख्या- भोपाल में BHEL का कारखाना, बैतूल में घड़ी बनाने का कारखाना एवं दतिया में मावा का कारखाना है।

62. सुमेलित कीजिए-

| | |
|---|---|
| (अ) सिक्योरिटी पेपर मिल | (1) देवास |
| (ब) करेंसी प्रिंटिंग प्रेस | (2) होशंगाबाद |
| (स) अखबारी कागज कारखाना | (3) बुरहानपुर |
| (द) गवर्नमेन्ट आर्डीनेन्स फैक्ट्री | (4) खमरिया (जबलपुर) |

कूट :

| | (अ) | (ब) | (स) | (द) |
|---|---|---|---|---|
| (अ) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (ब) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (स) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (द) | 4 | 3 | 2 | 1 |

व्याख्या- म.प्र. में कुल 9 उद्योग केन्द्र सरकार एवं वित्त मंत्रालय द्वारा संचालित हैं। सिक्योरिटी पेपर मिल होशंगाबाद में है जो वित्त मंत्रालय के अधीन है। 1967-68 करेंसी प्रिंटिंग प्रेस देवास में है जो वित्त मंत्रालय के आधीन है। अखबारी कागज कारखाना नेपानगर (बुरहानपुर) एवं गवर्नमेण्ट आर्डिनेन्स फैक्ट्री खमरिया (जबलपुर) में है जो कि रक्षा मंत्रालय द्वारा निगमित हैं। (1943-44)

63. सुमेलित कीजिए

| निगम | स्थापना वर्ष |
|---|---|
| (अ) म.प्र. औद्योगिक विकास निगम | (1) 1965 |
| (ब) म.प्र. लघु उद्योग निगम | (2) 1961 |
| (स) म.प्र. वस्त्र निगम | (3) 1972 |
| (द) म.प्र. राज्य उद्योग निगम | (4) 1961 |

कूट :

| | (अ) | (ब) | (स) | (द) |
|---|---|---|---|---|
| (अ) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (ब) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (स) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (द) | 4 | 3 | 2 | 1 |

व्याख्या- म.प्र. औद्योगिक विकास निगम की स्थापना 1965, म.प्र. लघु उद्योग निगम 1961, म.प्र. वस्त्र निगम 1976-77, म.प्र. राज्य उद्योग निगम की 1961 में हुई थी।

64. सुमेलित कीजिए-

| | |
|---|---|
| (अ) पैलथिको फार्मास्युटिकल लिमिटेड | (1) मांगलिया (इन्दौर) |
| (ब) रैनबैक्सी फार्मास्युटिकल लिमिटेड | (2) देवास |
| (स) मेडीकैप्स लिमिटेड | (3) पीथमपुर (धार) |
| (द) इफ्का फार्मास्युटिकल लिमिटेड | (4) रतलाम |

कूट

| | (अ) | (ब) | (स) | (द) |
|---|---|---|---|---|
| (अ) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (ब) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (स) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (द) | 2 | 3 | 4 | 1 |

व्याख्या- पैलथिको फार्मास्युटिकल लिमिटेड- मांगलिया (इन्दौर)
रैन बैक्सी फार्मास्युटिकल लिमिटेड - देवास में स्थापित हैं।
मेडीकैप्स लिमिटेड - पीथमपुर (धार)
इफ्का फार्मास्युटिकल लिमिटेड - रतलाम मे स्थापित है।

65. भारतीय मुद्रा की छपाई कहाँ होती है?

(आबकारी आरक्षक 2012)

(अ) भोपाल (ब) देवास
(स) इन्दौर (द) जबलपुर

व्याख्या- वित्त मंत्रालय द्वारा 1975 में करेंसी प्रिंटिग प्रेस की स्थापना देवास में की गई। यहाँ 20 रुपये तथा इससे अधिक मूल्य वर्ग के नोट छापे जाते हैं। जबकि नासिक (महाराष्ट्र), मैसूर, (कर्नाटक) और सालवनी (पश्चिम बंगाल) में भी मुद्रा की छपाई होती है।

66. यहाँ पर औद्योगिक क्षेत्र विकसित नहीं है-

(सहायक ग्रेड-3, 2012)

(अ) पीथमपुर (ब) खजुराहो
(स) मालनपुर (द) प्रतापपुरा

व्याख्या- म.प्र. शासन द्वारा 26 औद्योगिक विकास केन्द्र स्थापित किए गए हैं। इसमें खजुराहो शामिल नहीं है। 26 औद्योगिक विकास केन्द्र में से 6 केन्द्र सरकार द्वारा स्वीकृत हैं।

| | |
|---|---|
| 1. पीथमपुर (धार) | 2. मालनपुर (भिण्ड) |
| 3. मेघनगर (झाबुआ) | 4. मनेरी (मण्डला) |
| 5. पीलूखेड़ी (राजगढ़) | 6. पुरेना (पन्ना) |

60.(स) 61.(ब) 62.(अ) 63.(स) 64.(अ) 65.(ब) 66.(ब)

67. मध्यप्रदेश का सबसे बड़ा हथकरघा उद्योग है- ( मध्यप्रदेश हाईकोट स्टेनो ग्राफर परीक्षा 2012 )

(अ) अलीराजपुर (ब) बुरहानपुर
(स) डिंडोरी (द) श्योपुर

व्याख्या- मध्यप्रदेश का सबसे बड़ा हथकरधा उद्योग केन्द्र बुरहानपुर है। हथकरधा और पावरलूम को बढ़ावा देने के लिए म.प्र. राज्य सरकार द्वारा वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। वर्तमान में म.प्र. में हथकरधा उद्योग बुरहानपुर, जबलपुर और राजगढ़क्षेत्र में है।

68. निम्नलिखित में से कौन-सा शहर औद्योगिक रूप से विकसित शहरों में नहीं आता? ( असीस्टेन्ट सब इंस्पेक्टर परीक्षा- 2013 )

(अ) भोपाल (ब) सागर
(स) इन्दौर (द) जबलपुर

व्याख्या- सागर शहर औद्योगिक रूप से विकसित शहर नहीं है, जबकि भोपाल, इन्दौर, जबलपुर औद्योगिक रूप से विकसित शहर है।

म. प्र. के जिलो का औद्योगिक वर्गीकरण
↓
विकसित जिले
- इन्दौर
- भोपाल
- जबलपुर

अविकसित जिले
↓
श्रेणी A: कटनी, सतना, देवास
श्रेणी B: होशंगाबाद
श्रेणी C: — शेष जिले

69. अगासोद ( बीना ) की तेल शोधक रिफाइनरी किस देश के सहयोग से बनी है? ( वनरक्षक भर्ती परीक्षा- 2013 )

(अ) कुवैत (ब) इराक
(स) जोर्डन (द) ओमान

व्याख्या- अगासोद (बीना) तेल रिफाइनरी ओमान देश के सहयोग से स्थापित की गयी है। 20 मई 2011 को प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने बीना रिफाइनरी को राष्ट्र को समर्पित किया। इसी दिन से रिफाइनरी में उत्पादन की औपचारिक शुरूआत हो गई थी।

70. निम्नलिखित में से कौन-सा कारखाना जबलपुर जिले में स्थापित नहीं है-

(अ) गन कैरिज कारखाना (ब) भारी वाहन कारखाना
(स) आयुध कारखाना
(द) एचएमटी (HMT) कारखाना

व्याख्या- गन कैरिज, भारी वाहन एवं आयुध कारखाना जबलपुर जिले में स्थापित है, जबकि एचएमटी (HMT) कारखाना बैतूल में स्थापित है।

71. 'सिक्योरिटी पेपर मिल होशंगाबाद' की स्थापना कब की गई-

(अ) वर्ष 1975-76 में (ब) वर्ष1948-49 में
(स) वर्ष 1960-61 में (द) वर्ष 1967-68

व्याख्या- 'करेंसी नोट के कागज छापने हेतु भारत सरकार के उपक्रम के रूप में वर्ष 1967-68 में सिक्योरिटी पेपर मिल होशंगाबाद की स्थापना की गई।

72. डबरा किस जिले में है? ( डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016 )

(अ) ग्वालियर (ब) शिवपुरी
(स) भिण्ड (द) मुरैना

व्याख्या : डबरा ग्वालियर जिले में स्थित है, यहाँ शक्कर कारखाना स्थापित है।

73. पीलूखेड़ी औद्योगिक केंद्र किस जिले में स्थित हैं? ( डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016 )

(अ) भिंड (ब) पन्ना
(स) धार (द) राजगढ़

व्याख्या : पीलूखेड़ी औद्योगिक केन्द्र राजगढ़जिले में है जबकि मालनपुर भिण्ड जिले में, पीथमपुर धार जिले में एवं पुरैना पन्ना जिले में औद्योगिक केन्द्र स्थित है।

74. म.प्र. में रक्षा उद्योग किस जिले में केंद्रित हैं? ( डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016 )

(अ) भोपाल (ब) ग्वालियर
(स) जबलपुर (द) इंदौर

व्याख्या : म.प्र. में रक्षा उद्योग जबलपुर जिले में केन्द्रित है। यहाँ पर रक्षा उपकरण संबंधी कारखाने वर्ष 1943-44 से स्थापित है।

75. जिलेटिन बनाने का कारखाना स्थित हैं? ( डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016 )

(अ) जबलपुर (ब) रीवा
(स) सतना (द) इंदौर

व्याख्या : जिलेटिन बनाने का कारखाना जबलपुर में स्थित है।

76. मध्यप्रदेश में स्टेनलेस स्टील काम्पलेक्स कहाँ पर स्थित है? ( डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016 )

(अ) इंदौर (ब) छिंदवाड़ा
(स) सागर (द) देवास

व्याख्या : मध्यप्रदेश में स्टेनलेस स्टील कॉम्पलेक्स सागर में स्थित है, जबकि एग्रोकॉम्पलेक्स छिंदवाड़ा में, लेदर कॉम्पलेक्स देवास में एवं इलेक्ट्रॉनिक्स कॉम्पलेक्स इंदौर में स्थित है।

77. मध्यप्रदेश का एकमात्र छाता उद्योग कहाँ है। ( डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016 )

67.(ब) 68.(ब) 69.(द) 70.(द) 71.(द) 72.(अ) 73.(द) 74.(स) 75.(अ) 76.(स) 77.(अ)

(अ) महू (ब) भोपाल
(स) देवास (द) विदिशा

व्याख्या : मध्यप्रदेश का एकमात्र छाता उद्योग महू में स्थित है।

78. म.प्र. में मसाला पार्क कहाँ स्थापित किया जा रहा है? ( डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016 )
(अ) विदिशा (ब) भोपाल
(स) छिन्दवाड़ा (द) रायसेन

व्याख्या : म.प्र. में मसाला पार्क छिंदवाड़ा में स्थापित किया जा रहा है।

79. 'चंदेरी' किस लिए प्रसिद्ध है? ( डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016 )
(अ) साड़ी उत्पादन (ब) कालीन
(स) सूती वस्त्र (द) लोहा इस्पात

व्याख्या : चंदेरी साड़ियों एवं ऐतिहासिक किले के लिये प्रसिद्ध है म.प्र. के साड़ियों के लिये प्रसिद्ध स्थल है चंदेरी, महेश्वर, एवं बुरहानपुर।

80. देश का पहला और दुनिया का चौथा डेटा सेंटर पार्क कहाँ बनाया जाना प्रस्तावित है? ( डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016 )
(अ) भोपाल (ब) इंदौर
(स) रीवा (द) जबलपुर

व्याख्या : देश का पहला और दुनिया का चौथा डाटा सेंटर पार्क भोपाल में बनाया जाना प्रस्तावित है।

81. म.प्र. में प्लास्टिक पार्क कहाँ निर्माणधीन है? ( डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016 )
(अ) तामोट (रायसेन) (ब) अमलाहा (सीहोर)
(स) भोपाल (द) गुना

व्याख्या : म.प्र. में प्लास्टिक पार्क तामोट (रायसेन) में निर्माणाधीन है।

82. म.प्र. में RRCAT कहाँ है? ( डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016 )
(अ) जबलपुर (ब) भोपाल
(स) मुरैना (द) इंदौर

व्याख्या : म.प्र. में राजा रमन्ना सेण्टर फार एडवांस्ड टैक्नोलाजी (RRCAT) इंदौर में स्थित है इसकी स्थापना वर्ष 1984 में हुई है।

83. निम्नलिखित में कौन-सा चूना पत्थर स्रोत है और भारत के कुल सीमेंट उत्पादन में 10% से भी अधिक का योगदान देता है? ( महिला स्वास्थ 2016 )
(अ) भोपाल (ब) सतना
(स) इंदौर (द) जबलपुर

व्याख्या : सतना जिला चूना पत्थर का स्रोत है और यह भारत के कुल सीमेंट उत्पादन में 10% से भी अधिक का योगदान देता है।

84. बड़ा उद्योग, बी.एच.ई.एल. मध्य प्रदेश में कहां पर स्थित है? ( महिला स्वास्थ 2016 )
(अ) ग्वालियर (ब) इंदौर
(स) उज्जैन (द) भोपाल

व्याख्या- बड़ा उद्योग BHEL म.प्र. के भोपाल में स्थित है। यह उद्योग ब्रिटेन के सहयोग से लगाया गया है।

85. कौन-सा युग्म सही नहीं है? ( महिला स्वास्थ 2016 )
(अ) जबलपुर-गन कैरिज फैक्ट्री
(ब) चंदेरी-सिल्क
(स) भिलाई-स्टील (द) पन्ना-महोत्सव

व्याख्या- पन्ना-महोत्सव एक गलत युग्म है पन्ना हीरे की खदानों के लिए प्रसिद्ध है।

86. प्रियदर्शिनी पार्क ...... में स्थित है। ( महिला स्वास्थ 2016 )
(अ) भोपाल (ब) इंदौर
(स) ग्वालियर (द) उज्जैन

व्याख्या- प्रियदर्शिनी पार्क भोपाल में स्थित है।

87. भारत की प्रथम पेपर मिल कहाँ स्थापित की गई? ( जेल प्रहरी 2016 )
(अ) इन्दौर (म.प्र.) (ब) नेपानगर (म.प्र.)
(स) पुणे (महाराष्ट्र) (द) बरौदरा (गुजरात)

व्याख्या- भारत की प्रथम पेपर मिल नेपानगर (बुरहानपुर) में स्थापित की गई थी। यह ताप्ती नदी के किनारे स्थित है।

88. मध्यप्रदेश का कौन-सा जिला मिनरल प्रोसेसिंग और पत्थरों के लिए जाना जाता है? ( जेल प्रहरी 2016 )
(अ) इन्दौर
(ब) भोपाल
(स) सागर
(द) ग्वालियर

व्याख्या- मध्यप्रदेश का सागर जिला मिनरल प्रोसेसिंग और पत्थरों के लिए जाना जाता है।

89. निम्न में से मध्यप्रदेश के कौन-से स्थान पर आयुध कारखाना नहीं है? ( जेल प्रहरी 2016 )
(अ) जबलपुर (ब) इटारसी
(स) कटनी (द) इंदौर

व्याख्या- म.प्र. में आयुध निर्माण कारखाना जबलपुर इटारसी, कटनी में स्थापित किन्तु इंदौर में नहीं है। जबलपुर में गन कैरिज फैक्ट्री, हैवी व्हीकल फैक्ट्री गर्वनमेंट आर्डिनेस फैक्ट्री है जो देश के रक्षा उपकरणों का निर्माण करती है।

90. निम्नलिखित में से किन दो जिलों में म.प्र. सरकार द्वारा औद्योगिक क्षेत्र विकसित किए जा रहे हैं।
(अ) देवास-उज्जैन (ब) इंदौर-ग्वालियर

78.(स) 79.(अ) 80.(अ) 81.(अ) 82.(द) 83.(ब) 84.(द) 85.(द) 86.(अ) 87.(ब) 88.(स) 89.(द)

(स) जबलपुर सागर (द) उज्जैन रतलाम

व्याख्या- देवास-उज्जैन को म.प्र. सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा उज्जैन जिले में 2 नवीन तथा देवास में शिरसौदा ग्राम में नवीन औद्योगिक क्षेत्र विकसित किए जा रहे हैं।

**91. ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2016 का आयोजन निम्न में से कहाँ किया गया था।**

(अ) खजुराहो (ब) जबलपुर
(स) भोपाल (द) इंदौर

व्याख्या- 21-23 अक्टूबर 2016 को म.प्र. के इंदौर में ग्लोबल समिट का आयोजन किया गया था, जिसका उद्देश्य औद्योगिक निवेश को बढ़ाना था। यह प्रति दो वर्ष में आयोजित की जाती है।

**92. ग्लोबल समिट 2014 में स्वास्थ्य क्षेत्र में कितने निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए-**

(अ) 16612 करोड़ (ब) 59826 करोड़
(स) 94372 करोड़ (द) 38070 करोड़

व्याख्या- 16612 करोड़ रुपए स्वास्थ्य क्षेत्र में ग्लोबल समित 2014 में प्रस्ताव प्राप्त हुआ यह समित इंदौर में आयोजित थी।

**93. महारत्न BHEL ( भारत हैवी इलेक्ट्रानिक लि. ) किस देश के सहयोग से स्थापित किया गया-**

(अ) जर्मनी (ब) अमेरिका
(स) ब्रिटेन (द) रूस

व्याख्या- ब्रिटेन की सहायता से सन् 1960 में BHEL की स्थापना की गई। इसका मुख्यालय भोपाल (म.प्र.) है। इसे महारत्न का दर्जा प्राप्त है।

**94. म.प्र. में निर्यात निगम की स्थापना किस वर्ष की गई थी।**

(अ) 1981 (ब) 1977
(स) 1961 (द) 1882

व्याख्या- म.प्र. निर्यात निगम की स्थापना सन 1977 में की गई तथा म.प्र. ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड की स्थापना 1982 में की गई थी।

**95. भारत सरकार द्वारा म.प्र. के किस स्थान को एकीकृत अधोसंरचना विकास केन्द्र के रूप में विकसित कया जा रहा है।**

(अ) जग्गाखेड़ी (ब) निमरानी तथा नादर्नटोला
(स) अ और ब दोनों (द) उपरोक्त में से नहीं

व्याख्या- अ और ब अर्थात् जग्गाखेड़ी (मंदसौर), निमरानी, खरगोन तथा नादर्नटोला (सतना) एकीकृत अधोसंरचना विकास केन्द्र में अंतर्गत स्वीकृत है।

**96. राष्ट्रीय बैंक नोट प्रेस ( BNP ) म.प्र. में कहाँ स्थित है-**

(अ) देवास (ब) होशंगाबाद
(स) नेपानगर (द) खरगोन

व्याख्या- देवास में बैंक नोट प्रेस है तथा होशंगाबाद में सिक्यूरिटी पेपर मिल का कारखाना स्थित है। यहाँ नोट छापने का कागज बनाया जाता है।

**97. म.प्र. में गैस पर आधारित उर्वरक कारखाना कहाँ है-**

(अ) रीवा (ब) गुना
(स) ग्वालियर (द) रतलाम

व्याख्या- म.प्र. के गुना जिले में गैस आधारित उर्वरक कारखाना स्थापित किया गया है।

**98. म.प्र. में रेयॉन बनाने का कारखाना कहाँ स्थित है।**

(अ) सोहागपुर (ब) चन्देरी
(स) बीना (द) नागदा

व्याख्या- नागदा में रेयॉन बनाने का कारखाना स्थित है। यहाँ कृत्रिम रेशा अर्थात् रेयॉन लुग्दी कॉस्टिक सोडा और गंधक से रेयॉन तैयार किया जाता है।

**99. घड़ी कारखाना म.प्र. में कहाँ स्थित है-**

(अ) गुना (ब) सागर
(स) बैतूल (द) इंदौर

व्याख्या- बैतूल म.प्र. में एकमात्र घड़ी कारखाना है जबकि गुना साइकल उद्योग तथा महू (इन्दौर) में डीजल इंजन बनाने का कारखाना है।

**100. म.प्र. सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क कहा स्थापित किया जा रहा है?**

(अ) भोपाल (ब) इंदौर
(स) ग्वालियर (द) उज्जैन

व्याख्या- इंदौर (म.प्र.) में सॉफ्टवेयर टेक्नालॉजी पार्क स्थापित किया जा रहा है। जिसकी लगभग 85 हजार करोड़ है, तथा 32740 वर्ग भी फैला है?

**101. म.प्र. सरकार द्वारा घोषित औद्योगिक केन्द्रों में से भारत सरकार ने कितने केन्द्र स्वीकार किए?**

(अ) 9 (ब) 6
(स) 11 (द) 15

व्याख्या- म.प्र. सरकार द्वारा घोषित 6 केन्द्रों को केन्द्र सरकार ने स्वीकृत किए हैं। जिसमें पीथमपुर (धार), मेघनगर (झाबुआ), पुरैना (पन्ना), मनेरी (मण्डला), पीलूखेड़ी (राजगढ़), मालनपुर भिण्ड सम्मिलित है?

**102. नई उद्योग नीति 2010 के अनुसार कितनी राशि से ज्यादा स्थायी पूँजी नितेश वाले उद्योग को मेगा प्रोजेक्ट माना जाएगा।**

(अ) 12 करोड़ से अधिक (ब) 15 करोड़ से अधिक
(स) 20 करोड़ से अधिक (द) 25 करोड़ से अधिक

व्याख्या- 25 करोड़ से अधिक राशि वाले उद्योग को स्थायी पूँजी निवेश वाले उद्योग मेगा प्रोजेक्ट माने जाएँगे।

90.(अ) 91.(द) 92.(अ) 93.(स) 94.(ब) 95.(स) 96.(अ) 97.(ब) 98.(द) 99.(स) 100.(ब) 101.(ब) 102.(द) 103.(स)

103. भिलाई इस्पात कारखाने में उत्पादन कब शुरू हुआ-

(अ) 1956 (ब) 1969

(स) 1959 (द) 1966

व्याख्या- 1956 में भिलाई इस्पात कारखाने की स्थापना सेवियत संघ की सहायता से की गई।

104. म.प्र. में औद्योगिक पिछड़ेपन का कारण है?

(अ) वित्त का अभाव (ब) शक्ति (ऊर्जा का अभाव)

(स) कच्चे माल का अभाव (द) उपर्युक्त सभी

व्याख्या- म.प्र. में औद्योगिक पिछड़ेपन का मुख्य कारण वित्त का अभाव, शक्ति ऊर्जा का अभाव एवं कच्चे माल का अभाव है?

105. निम्नलिखित में से किस जिले में डीजल इंजन के संकर्षण आल्टरनेटर उद्योग प्रस्तावित है?

(अ) विदिशा (ब) सागर

(स) भोपाल (द) जबलपुर

व्याख्या- विदिशा में उच्च क्षमता वाले डीजल इंजनों के लिए आल्टरनेटर्स कारखाना लगाने का प्रस्ताव किया गया है।

106. ग्रेनाइट काटने एवं पॉलिश करने का उद्योग किस जिले में स्थित है?

(अ) दतिया (ब) जबलपुर

(स) सागर (द) सिंगरौली

व्याख्या- ग्रेनाइट काटने एवं पॉलिश करने का उद्योग म.प्र. के दतिया में स्थित है।

107. औद्योगिक क्षेत्र मण्डीदीप म.प्र. के किस जिले में है?

(अ) विदिशा (ब) रायसेन

(स) सीहोर (द) भोपाल

व्याख्या- रायसेन- मण्डीदीप औद्योगिक क्षेत्र रायसेन जिले में आता है, यह भोपाल के निकट है।

108. म.प्र. में सीमेण्ट उत्पादन की प्रथम फैक्टरी कौनसी है।

(अ) सतना सीमेण्ट (ब) बानमौर फैक्टरी

(स) कैमोर (द) एसीसी सीमेंट

व्याख्या- बानमौर फैक्टरी म.प्र. की सीमेंट उत्पादन की प्रथम फैक्टरी है। यह वानमौर मुरैना में स्थित है।

109. म.प्र. के सिंगरोली में संचालित सभी प्रमुख सक्रिय कंपनियाँ किस भारतीय उद्योग से संबंधित हैं?

(अ) सीमेंट (ब) कोयला

(स) इस्पात (द) ऊर्जा

व्याख्या- सिंगरोली को प्रदेश की ऊर्जा राजधानी की संज्ञा दी गई है। यहाँ संचालित सभी कंपनियाँ ऊर्जा उद्योग से संबंधित हैं।

110. मध्यप्रदेश के विशेष आर्थिक क्षेत्र हैं।

(Labour Inspector Recruitment 2017)

(अ) जबलपुर (ब) भोपाल

(स) भोजपुर (द) उज्जैन

व्याख्या- जबलपुर में विशेष आर्थिक क्षेत्र अर्थात्त Special Economic Zone (Sez) स्थित है।

111. प्रदेश का पहला डीजल लोकोमोटिव संयंत्र किस जिले में स्थित है?

(अ) भोपाल (ब) टीकमगढ़

(स) सीहोर (द) विदिशा

व्याख्या- म.प्र. के सीहोर में प्रथम डीजल लोकोमोटिव संयंत्र स्थापित किया जा रहा है।

112. म.प्र. में रक्षा गाड़ी कारखाना कहाँ स्थित है-

(MPPSC Pre 2009)

(अ) जबलपुर (ब) सागर

(स) रीवा (द) सतना

व्याख्या- म.प्र. के जबलपुर में रक्षा गाड़ी का कारखाना स्थित है। जबलपुर को म.प्र. की संस्कार राजधानी की संज्ञा दी गई है।

113. मध्यप्रदेश में 'बाग प्रिंट निम्न से संबंधित है Group-2 2018

(अ) कम्प्यूटर मुद्रण

(ब) आभूषणों की डिजाइनों का मुद्रण

(स) ऑफसेट मुद्रण (द) कपड़ा मुद्रण

व्याख्या- 'बाग प्रिंट' कपड़ा मुद्रण से संबंधित है।

114. मध्यप्रदेश के ...... में विशेष आर्थिक क्षेत्र है। (Group-2 2018)

(अ) जबलपुर (ब) भोपाल

(स) भोजपुर (द) उज्जैन

व्याख्या- मध्यप्रदेश के जबलपुर में मिनरल एवं मिनरल बेस्ट प्रोडक्ट्स प्रकार का विशेष आर्थिक क्षेत्र (SEL) है। प्रदेश का प्रथम विशेष आर्थिक क्षेत्र धार (पीथमपुर) है।

115. होशंगाबाद प्रतिभूति कागज कारखाना का उद्घाटन मोरारजी देसाई ने किया था, जो तत्कालीन ...... थे? जेल प्रहरी 2017

(अ) मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री (ब) भारत के प्रधान मंत्री

(स) भारत के राष्ट्रपति (द) भारत के उप प्रधान मंत्री

व्याख्या- होशंगाबाद प्रतिभूति कागज कारखाना का उद्घाटन मोरारजी देसाई ने किया था जो कि भारत के उपप्रधानमंत्री थे।

116. भेल, भोपाल के आईटी विभाग को किस वर्ष में मध्यप्रदेश में ई-गवर्नेंस पहलों में उत्कृष्टता पुरस्कार विजेता घोषित किया गया था? जेल प्रहरी 2017

(अ) 2012-13 (ब) 2013-14

103.(अ) 104.(द) 105.(अ) 106.(अ) 107.(ब) 108.(ब) 109.(द) 110.(अ) 111.(स) 112.(अ) 113.(द) 114.(अ) 115.(द)

(स) 2014-15 (द) 2015-16

व्याख्या- भेल, भोपाल के आईटी विभाग को वर्ष 2012-13 में म. प्र. में गवर्नेंस पहलों में उत्कृष्टता पुरस्कार विजेता घोषित किया गया था।

117. निम्न में से कौन-सी कम्पनी होशंगाबाद में अभिन्नव प्रकार का बॉटलिंग प्लांट स्थापित करेगी? जेल प्रहरी 2017
(अ) पेप्सी (ब) कोको-कोला
(स) बिसलरी (द) एक्काकिनी

व्याख्या- कोको-कोला कम्पनी होशंगाबाद में अभिन्नव प्रकार का बॉटलिंग प्लांट स्थापित करेगी। कम्पनी इस प्लांट के सेटअप में 750 करोड़ रु. खर्च करेगी।

118. मध्यप्रदेश में कौन से जिले में अधिकतम उद्योग घनत्व है? जेल प्रहरी 2017
(अ) इंदौर (ब) भोपाल
(स) गुना (द) रतलाम

व्याख्या- मध्यप्रदेश के इंदौर जिले में अधिकतम उद्योग घनत्व है।

119. हाल ही में भिंड जिले में उद्घाटित किया गया विश्व स्तरीय अस्त्र-उत्पादन इकाई पुँज लायड एवं ........ के बीच संयुक्त साझेदारी के तहत बना है। जेल प्रहरी 2017
(अ) इजराइल वेपन इंडस्ट्री (ब) फ्रांस वेपन इंडस्ट्री
(स) अमेरिकन वेपन इंडस्ट्री (द) ब्रिटेन वेपन इंडस्ट्री

व्याख्या- हाल ही में भिंड जिले में उद्घाटित किया गया विश्व स्तरीय अस्त्र-उत्पादन इकाई पुँज लायड एवं इजरायल वेपन इंडस्ट्री के बीच संयुक्त साझेदारी के तहत बना है।

120. टीकमगढ़के .... में जी आई टैग होता है। MPSI 2017
(अ) बेल धातु सामग्री (ब) साड़ी
(स) चमड़े के खिलौने (द) कपड़ा

व्याख्या- टीकमगढ़ के बेल धातु सामग्री में GI टैग होता है।

121. भिंड जिले में गोला- बारूद कारखाना कहाँ स्थित है? पटवारी परीक्षा 2017
(अ) गोहाद (ब) मालनपुर
(स) अटेर (द) लहर


व्याख्या- भारत की पहली निजी क्षेत्र की लघु हथियार इकाई का उद्घाटन मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान द्वारा किया गया था। यह ग्वालियर के समीप भिण्ड जिले के मालनपुर औद्योगिक क्षेत्र में पुंज लायड कंपनी और इजरायल वेपन इंडस्ट्रीज की संयुक्त भागीदारी से इकाई को स्थापित किया गया।

122. मध्य प्रदेश में, एल्कालॉइड कारखानें, ........और गाजीपुर में स्थित हैं। मध्यप्रदेश पशुपालन 2017
(अ) भोपाल (ब) सागर
(स) गुना (द) नीमच

व्याख्या- म.प्र. में एल्कोलाईड कारखाने नीमच और गाजीपुर में स्थित है।

* * *

116.(अ) 117.(ब) 118.(अ) 119.(अ) 120.(अ) 121.(ब) 122.(द)



# अध्याय–12

# मध्यप्रदेश में सिंचाई सुविधाएँ

1. **बाणसागर बाँध निर्मित है–**
   (अ) चम्बल पर (ब) नर्मदा पर
   (स) सोन नदी पर (द) बेतवा नदी।

**व्याख्या**– यह परियोजना म.प्र., उ.प्र. व बिहार राज्यों के सहयोग से निर्मित की जा रही है। यह बाँध सोन नदी पर निर्मित है।

2. **तवा बाँध परियोजना किस जिले में स्थित है–**
   (अ) होशंगाबाद (ब) जबलपुर
   (स) रायपुर (द) मुरैना।

**व्याख्या**– तवा बाँध परियोजना, होशंगाबाद में तवा नदी पर स्थित है। तवा नदी पर म.प्र. का सबसे लम्बा ब्रिज स्थित है।

3. **म.प्र. की सबसे महत्वपूर्ण परियोजना कौन सी है–**
   (अ) चम्बल परियोजना (ब) नर्मदा घाटी परियोजना
   (स) सेमस्त्रोत परियोजना (द) उपरोक्त सभी।

**व्याख्या**– म.प्र. की सबसे महत्वपूर्ण परियोजना, नर्मदा घाटी परियोजना है। इसके अंतर्गत 29 बड़े बाँध, 135 मध्यम बाँध एवं 3000 छोटी श्रेणी के बाँध बनाया जाना प्रस्तावित है।

4. **नर्मदा घाटी विकास योजना में कौन सी परियोजना नहीं है–**
   (अ) इन्दिरा सागर परियोजना
   (ब) ओंकारेश्वर परियोजना
   (स) रविशंकर सागर
   (द) महेश्वर जल विद्युत परियोजना।

**व्याख्या**– नर्मदा घाटी विकास योजना में इंदिरा सागर परियोजना (खंडवा, पुनासा) ओंकारेश्वर (खंडवा) एवं महेश्वर जल विद्युत परियोजना (महेश्वर) शामिल हैं।

5. **राजघाट बाँध किन प्रदेशों की संयुक्त परियोजना है–**
   (अ) मध्यप्रदेश व उत्तरप्रदेश (ब) उड़ीसा–म.प्र.
   (स) म.प्र. व हरियाणा (द) उपरोक्त सभी।

**व्याख्या**– राजघाट बाँध परियोजना (बेतवा नदी) म.प्र. एवं उ.प्र. की संयुक्त परियोजना है।

6. **प्रदेश में सिंचाई का सर्वोत्तम साधन–**
   (अ) नलकूप (ब) कुएँ

1.(स) 2.(अ) 3.(ब) 4.(स) 5.(अ)

(स) तालाब (द) नहरें

व्याख्या- प्रदेश में सर्वाधिक सिंचाई कुँओं द्वारा की जाती है।

7. बरगी बाँध परियोजना नदी पर निर्मित है-
(अ) नर्मदा (ब) चम्बल
(स) सोन (द) बरगी।

व्याख्या- बरगी बाँध परियोजना बरगी नदी (जबलपुर) पर बनाई गई है।

8. बाघ परियोजना संयुक्त परियोजना है-
(अ) म.प्र. व महाराष्ट्र (ब) म.प्र. व राजस्थान
(स) म.प्र., महाराष्ट्र, राजस्थान (द) महाराष्ट्र व गुजरात।

व्याख्या- बाघ परियोजना म.प्र. एवं महाराष्ट्र की संयुक्त परियोजना है।

9. म.प्र. की कौन-सी परियोजना उ.प्र. के सहयोग से बनी है-
(अ) केन बहुउद्देश्यीय परियोजना (ब) पेंच परियोजना
(स) कुरनाला परियोजना (द) चम्बल घाटी परियोजना।

व्याख्या- केन परियोजना म.प्र. एवं उ.प्र. की संयुक्त परियोजना है एवं यह परियोजना केन नदी पर बनी है।

10. म.प्र. में कितने प्रतिशत क्षेत्र में तालाब से सिंचाई होती है-
(अ) 6% (ब) 6.2%
(स) 6.3% (द) 6.5%

व्याख्या- म.प्र. में तालाबों द्वारा केवल 6.5% क्षेत्रों में सिंचाई की जाती है।

11. म.प्र. के किस क्षेत्र में अधिकतर सिंचाई नहरों द्वारा होती है-
(अ) नर्मदा घाटी (ब) चम्बल घाटी
(स) मालवा का पठार (द) उच्च प्रदेश।

व्याख्या- म.प्र. के चम्बल घाटी में अधिकतर सिंचाई नहरों द्वारा की जाती है।

12. बैनगंगा नहर किन राज्यों की संयुक्त परियोजना है-
(अ) म.प्र. व छत्तीसगढ़ (ब) म.प्र. व उ.प्र.
(स) म.प्र. व महाराष्ट्र (द) म.प्र. व आन्ध्र प्रदेश।

व्याख्या- बैनगंगा नहर परियोजना म.प्र. एवं महाराष्ट्र की संयुक्त परियोजना है।

13. तवा बाँध की नहर किन नदियों के संगम पर बनी है-
(अ) तवा व देनबा (ब) नर्मदा व तवा
(स) तवा व हलाली (द) बारना व तवा।

व्याख्या- तवा बाँध परियोजना होशंगाबाद जिले में तवा एवं घेनवा नदी पर बनाई गई है।

14. शुद्ध सिंचित क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत में म.प्र. का कौन-सा स्थान है-
(अ) तीसरा (ब) पाँचवाँ
(स) छठा (द) सातवाँ।

व्याख्या- शुद्ध सिंचित क्षेत्रफल की दृष्टि से म.प्र. का स्थान सातवाँ है जबकि पहले स्थान पर उत्तरप्रदेश है।

15. चम्बल घाटी परियोजना के चरण में कौन से बाँध बने हैं-
(अ) गाँधीसागर बाँध (ब) जवाहर सागर बाँध
(स) कोटा बाँध (द) उपरोक्त सभी।

व्याख्या- चम्बल घाटी परियोजना में गाँधी सागर, जवाहर सागर एवं कोटा बाँध (राणा प्रताप सागर) बने हुये।

16. मध्यप्रदेश की उर्मिल परियोजना निम्नलिखित में से किस राज्य के सहयोग से बनी है-
(अ) उड़ीसा (ब) उ.प्र.
(स) बिहार (द) महाराष्ट्र।

व्याख्या- म.प्र. की उर्मिल परियोजना उ.प्र. के सहयोग से बनाई गई है। यह केन नदी (छतरपुर) पर बनाई गई है।

17. मध्यप्रदेश की बहुप्रतीक्षित नर्मदा सागर परियोजना कब आरम्भ हुई-
(अ) 18 नवम्बर 1987 (ब) 19 नवम्बर 1987
(स) 17 नवम्बर 1987 (द) 20 नवम्बर 1987

व्याख्या- भारत की तत्कालीन प्रधानमन्त्री श्रीमती इंदिरा गाँधी ने इंदिरा सागर परियोजना का शिलान्यास 23 अक्टू. 1984 को कर दिया था। 19 नवम्बर 1987 को इस योजना का कार्य प्रारम्भ हुआ।

18. बाणसागर नियन्त्रण बोर्ड का मुख्यालय कहाँ है-
(अ) जबलपुर (ब) रीवा
(स) भोपाल (द) इन्दौर।

व्याख्या- सोन नदी पर बनाया गया बाणसागर नियन्त्रण बोर्ड का मुख्यालय रीवा जिले में है।

19. बरगी परियोजना किस जिले में निर्माणाधीन है-
(अ) जबलपुर (ब) इन्दौर
(स) ग्वालियर (द) सागर।

व्याख्या- यह परियोजना जबलपुर जिले के ग्राम बिजोर के समीप बरगी नदी पर स्थित है।

20. निम्नांकित में कौन-सी परियोजना मध्यप्रदेश व गुजरात की संयुक्त परियोजना है-
(अ) महानदी घाटी (ब) तुंगभद्रा
(स) नर्मदा घाटी (द) तवा घाटी।

व्याख्या- नर्मदा घाटी या सरदार सरोवर परियोजना म.प्र. एवं गुजरात राज्य की संयुक्त परियोजना है।

6.(ब) 7.(द) 8.(अ) 9.(अ) 10.(द) 11.(ब) 12.(स) 13.(अ) 14.(द) 15.(द) 16.(ब) 17.(ब) 18.(ब) 19.(अ) 20.(स)

21. पेंच परियोजना छिंदवाड़ा जिले के किस ग्राम में पेंच नदी पर स्थित है-
(अ) मंचगोरा (ब) बावड़ी
(स) पानीगाँव (द) बिंझवार।

व्याख्या- पेंच परियोजना, मंचगोरा, छिंदवाड़ा जिले में बनाई गई है।

22. रानी अवन्तीबाई सागर परियोजना को किस नाम से जाना जाता है-
(अ) बारना परियोजना (ब) बरगी परियोजना
(स) पेंच परियोजना (द) अशोका परियोजना।

व्याख्या- रानी अवन्तीबाई सागर परियोजना को बरगी परियोजना के नाम से भी जाना जाता है। बरगी परियोजना, नर्मदा की सहायक बरगी नदी पर, जबलपुर में बनाई गई है।

23. हलाली परियोजना का नाम-
(अ) अशोक सागर (ब) बाण सागर
(स) हलाली बाँध (द) साँचा सागर।

व्याख्या- हलाली परियोजना को सम्राट अशोक सागर परियोजना के नाम से जाना जाता है। यह परियोजना विदिशा और रायसेन जिलों की है।

24. बोधी संगठन का कार्य क्या है-
(अ) बाँधों की डिजाइन (ब) जलाशयों का रखरखाव
(स) जल संसाधन का निर्माण (द) उपरोक्त सभी।

व्याख्या- बोधी संगठन बाँधों की डिजाइन जलाशयों का रखरखाव, जल संसाधन का निर्माण आदि कार्यों का संचालन करता है।

25. थावर परियोजना किस जिले में है-
(अ) मण्डला (ब) अमरकंटक
(स) शहडोल (द) डिण्डोरी।

व्याख्या- यह योजना मण्डला जिले के झुलपुर गांव के निकट थावर नदी पर स्थित है। इसका निर्माण कार्य 1977 में प्रारम्भ हुआ था।

26. इंदिरा सागर बाँध किस स्थान पर बनाया गया है?
(अ) नौगाँव (ब) हण्डिया
(स) पुनासा (द) इनमें से कोई नहीं।

व्याख्या- मध्यप्रदेश के खण्डवा जिले के पुनासा में इंदिरा गाँधी सागर बाँध का निर्माण नर्मदा नदी पर किया गया।

27. बाणासागर परियोजना में मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश बिहार का क्रमश: वित्तीय अनुपात क्या है?
(अ) 1:2:1 (ब) 2:1:1
(स) 1:1:2 (द) 2:2:1

व्याख्या- मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश एवं बिहार का बाणसागर परियोजना में वित्तीय अनुपात 2:1:1 है।

28. केन-बेतवा परियोजना से कितना क्षेत्र डूब में आयेगा?
(अ) 6400 हेक्टेयर (ब) 7400 हेक्टेयर
(स) 8650 हेक्टेयर (द) 9000 हेक्टेयर।

व्याख्या- केन-बेतवा लिंक परियोजना से मध्यप्रदेश का 8650 हेक्टेयर क्षेत्र डूब में आएगा।

29. केन-बेतवा परियोजना किस राष्ट्रीय उद्यान से होकर गुजरेगी?
(अ) पन्ना (ब) माधव
(स) कान्हा (द) किसी से नहीं।

व्याख्या- मध्यप्रदेश में केन-बेतवा लिंक परियोजना पन्ना राष्ट्रीय उद्यान से होकर गुजरेगी।

30. निम्न में से मध्य प्रदेश में स्थित बाँध है-
(अ) राणाप्रताप सागर बाँध (ब) सरदार सरोवर बाँध
(स) उकाई परियोजना (द) जोबट परियोजना।

व्याख्या- मध्यप्रदेश में वर्तमान में अलीराजपुर जिले के जोबट में जोबट परियोजना का संचालन किया जा रहा है।

31. रानी अवन्ति बाई सागर परियोजना का प्रारंभ किस सन् में हुआ?
(अ) 1971 (ब) 1962
(स) 1977 (द) 1978

व्याख्या- रानी अवंतिबाई या बरगी परियोजना का शुभारंभ 1971 को, राजघाट 1972, दावर 1977 व बाणसागर को 1978 में प्रारंभ किया गया।

32. तवा परियोजना से कितनी भूमि सिंचित करने का लक्ष्य है?
(अ) 63,338 हेक्टेयर (ब) 3.33 लाख हेक्टेयर
(स) 60867 हेक्टेयर (द) 4.22 लाख हेक्टेयर।

व्याख्या- तवा परियोजना होशंगाबाद जिले में इटारसी के रानीपुर में स्थित है, इससे 3.33 लाख हेक्टेयर भूमि सिंचित की जा सकेगी।

33. निम्न नदी घाटी परियोजना मध्य प्रदेश की संयुक्त परियोजना नहीं है-
(अ) बावनथड़ी परियोजना (ब) राजघाट परियोजना
(स) बाणसागर परियोजना (द) बारना परियोजना।

व्याख्या- मध्यप्रदेश में मध्यप्रदेश व महाराष्ट्र की बावनथड़ी, बिहार मध्यप्रदेश व उत्तरप्रदेश की बाणसागर परियोजना है। एवं म.प्र., उ.प्र. की राजघाट परियोजना।

34. म.प्र. की नदी घाटी परियोजनाओं को उनके प्रारंभ हुए वर्ष से मिलान कीजिए।

| परियोजना | प्रारंभ का वर्ष |
|---|---|
| (1) बाण सागर परियोजना - | (अ) 1953-54 |
| (2) राजघाट परियोजना - | (ब) 1971 |
| (3) बारगी परियोजना - | (स) 1978 |
| (4) चम्बल घाटी परियोजना - | (द) 1972 |

21.(अ) 22.(ब) 23.(अ) 24.(द) 25.(अ) 26.(स) 27.(ब) 28.(स) 29.(अ) 30.(द) 31.(अ) 32.(ब) 33.(द) 34.(ब)

सही कूट का चयन करें-

| | 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|---|
| (अ) | अ | ब | स | द |
| (ब) | स | द | ब | अ |
| (स) | द | स | अ | ब |
| (द) | ब | अ | द | स |

व्याख्या- म.प्र. में बाणसागर परियोजना 1978, राजघाट परियोजना 1972, बरगी परियोजना 1971, चम्बल घाटी परियोजना 1953-54 में प्रारंभ की गई।

**35. थाँवर परियोजना किस नदी पर निर्मित की गई है?**

(अ) वर्धा (ब) बावन
(स) थाँवर (द) तुंगभद्रा।

**36. म.प्र. की पहली अंतरघाटी परियोजना किस नदी पर निर्मित की जा रही है?**

(अ) माही (ब) सोन
(स) चोरल (द) कोलार

व्याख्या- मध्यप्रदेश में पहली अंतरघाटी परियोजना इन्दौर के महू की चोरल नदी पर स्थित है।

**37. वर्ष 2006 में लोकार्पित की गई म.प्र. की मान परियोजना किस नदी पर निर्मित की गई है?**

(अ) माही नदी (ब) मान नदी
(स) चोरल नदी (द) चम्बल।

व्याख्या- मध्यप्रदेश में 2006 में मान परियोजना का शुभारंभ धार जिले में किया गया।

**38. निम्नलिखित बाँध तथा नदी को सुमेलित कीजिए-**

| बाँध | सम्बन्धित नदी |
|---|---|
| (1) पुनासा | - (अ) सोन |
| (2) गाँधी सागर | - (ब) बेतवा |
| (3) बाणसागर | - (स) चम्बल |
| (4) माताटीला | - (द) नर्मदा |

कूट:-

| | 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|---|
| (अ) | अ | ब | स | द |
| (ब) | ब | स | द | अ |
| (स) | द | स | अ | ब |
| (द) | स | अ | द | ब |

**39. निम्न को सुमेलित कीजिए-**

| परियोजना का पुराना नाम | नया नाम |
|---|---|
| (1) बारगी परियोजना | (अ) संजय सरोवर |
| (2) हलाली परियोजना | (ब) राजघाट |
| (3) रानी लक्ष्मीबाई | (स) सम्राट अशोक परियोजना |
| (4) अपर बेनगंगा परियोजना | (द) अवन्ती सागर |

कूट:-

| | 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|---|
| (अ) | द | स | ब | अ |
| (ब) | द | स | अ | ब |
| (स) | स | अ | द | ब |
| (द) | ब | द | अ | स |

व्याख्या- मध्यप्रदेश में बरगी परियोजना- अवंतीबाई, हलाली परियोजना सम्राट अशोक -राजघाट, लक्ष्मीबाई परियोजना व अपर बेनगंगा परियोजना संजय सरोवर के नाम से प्रसिद्ध है।

**40. सुमेलित कीजिए**

| | |
|---|---|
| (अ) दुग्ध धारा जल प्रपात | (1) बीहड़ नदी |
| (ब) कपिलधारा जल प्रपात | (2) चंबल नदी |
| (स) चुलिया प्रपात | (3) नर्मदा नदी |
| (द) चचाई प्रपात | (4) नर्मदा नदी |

कूट :

| | (अ) | (ब) | (स) | (द) |
|---|---|---|---|---|
| (अ) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (ब) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (स) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (द) | 3 | 4 | 1 | 2 |

व्याख्या- (1) दुग्धधारा जल प्रपात : यह नर्मदा नदी पर है। नर्मदा के उद्गम स्थल से 10km की दूरी पर बना है।

(2) कपिल धारा जल प्रपात : यह नर्मदा नदी के उद्गम से 8km दूरी पर बना हैं।

(3) चूलिया जल प्रपात : यह चम्बल नदी द्वारा बनाया गया हैं।

(4) चचाई जल प्रपात : बीहड़ नदी द्वारा बनाया जाता हैं।

**41. इन्द्रिरा सागर बाँध किस स्थान पर बनाया गया है।**

(अ) नौगाँव (ब) हण्डिया
(स) पुनासा (द) महेश्वर

व्याख्या- मध्यप्रदेश की जीवनरेखा कहलाने वाली नर्मदा नदी पर इन्दिरा सागर बाँध का निर्माण किया गया है। यह बाँध मध्यप्रदेश के खण्डवा जिले के पुनासा में निर्मित है जबकि सरदार बाँध गुजरात के नौगाँव नामक स्थान पर निर्माणाधीन है।

**42. मध्यप्रदेश का सबसे कम सिंचित जिला कौन-सा है।**

(अ) डिण्डोरी (ब) अलीराजपुर
(स) झाबुआ (द) शहडोल

व्याख्या- मध्यप्रदेश के सबसे कम सिंचित जिले में प्रथम नाम डिण्डोरी का आता है। जिसकी सिंचाई क्षमता बोए गए की मात्र 0.46% है जबकि

35.(स) 36.(स) 37.(ब) 38.(स) 39.(अ) 40.(स) 41.(स) 42.(अ)

झाबुआ 1.9% सिचाई क्षमता के साथ दूसरा सबसे कम सिंचित जिला है। और शहडोल 3.8% सिंचाई के साथ तीसरे स्थान पर है।

मध्यप्रदेश के शुद्ध सिंचित क्षेत्र में सर्वाधिक सिंचाई कुएँ एवं नलकूप (69.56%) से होती है। उसके नहरी, तालाबों से सिंचाई का प्रतिशत 19.74 तथा अन्य स्त्रोतों से सिचिंत क्षेत्र का प्रतिशत 14.63 है। प्रदेश के प्रत्येक जिले में नलकूप उत्खनित हो गए है। या निरन्तर हो रहे है। जिनमें भिण्ड, मुरैना, दतिया, छतरपुर टीकमगढ, जबलपुर, विदिशा, इन्दौर में नलकूपों की सेवा काफी है।

43. माता टीला बाँध परियोजना मध्यप्रदेश में किस नदी पर चलाई जा रही है।

(अ) बरगी (ब) बेतवा
(स) केन (द) सिंध

व्याख्या- माता टीला बाँध परियोजना मध्यप्रदेश में बेतवा नदी पर चलाई जा रही है। यह परियोजना म.प्र. व उ.प्र. की संयुक्त परियोजना है। यह परियोजना उ.प्र. शासन द्वारा निर्मित है। इसका नाम बदलकर रानी लक्ष्मीबाई परियोजना कर दिया गया है। इस परियोजना से मध्यप्रदेश के 6 जिलों के 1.16 लाख हेक्टेयर क्षेत्र तथा उ.प्र. के 4 जिलों के 1.09 लाख हेक्टेयर सिंचित होगा।

44. सिंचाई क्षमता का पूर्ण उपयोग करने हेतु मध्यप्रदेश में आयाकट विभाग का गठन कब किया गया।

(अ) 1970 (ब) 1980
(स) 1990 (द) 2000

व्याख्या- मध्यप्रदेश में बेहतर भूमि, जल संबंध सिंचाई परियोजनाओं के सिंचाई क्षेत्र में एकीकृत क्षेत्र विकास हेतु वर्ष 1974-75 में सर्वप्रथम तवा तथा चम्बल सिंचाई, परियोजनाओं के सेंच्य क्षेत्र में दो आयाकट विकास प्राधिकरणों की स्थापना की गई। इसी क्रम में सितम्बर 1980 में आयाकट विभाग का प्रदेश में स्वतंत्र निर्माण किया गया। वर्तमान समय में राज्य में आठ आयाकट विकास प्राधिकरण कार्यरत है जिनमें 32 बड़ी एवं मध्यम सिंचाई योजना सम्मिलित है।

45. मध्यप्रदेश का सबसे बड़ा नदी समूह कौन-सा है।

(अ) नर्मदा, चम्बल, सोन (ब) नर्मदा, सोन, बेतवा
(स) चम्बल, ताप्ती, कालीसिंध (द) बेतवा, सोन, ताप्ती

व्याख्या- मध्यप्रदेश की नदियों में सबसे बड़ी चार नदियों का क्रम इस प्रकार है नर्मदा (1312 वर्ग किमी), चम्बल (965 वर्ग कि.मी.) सोन (780 वर्ग कि.मी.), तथा ताप्ती (724 वर्ग कि.मी.) है इसके बाद बेतवा पाँचवी सबसे बड़ी नदी है जिसकी लम्बाई 380 वर्ग कि.मी. है।

46. मध्यप्रदेश का सर्वाधिक ऊंचा बाँध निम्नलिखित में से कौन सा है।

(अ) ओंकारेश्वर बाँध (ब) महेश्वर बाँध
(स) इन्दिरा गाँधी बाँध (द) राणा प्रताप सागर बाँध

व्याख्या- मध्यप्रदेश का सर्वाधिक ऊँचा बाँध इन्दिरा सागर बाँध है। इन्दिरा सागर परियोजना की नींव स्वर्गीय श्रीमती इन्दिरा गाँधी द्वारा 23 अक्टूबर 1984 को रखी गई थी। इस बाँध के द्वारा खण्डवा, खरगौन और बडवानी जिलों के 572 गाँवों के 1 लाख 23 हजार हेक्टेयर सिंचाई क्षमता निर्मित किया गया है।

47. कौनसा प्रान्त सरदार सरोवर परियोजना से जुड़ा हुआ नहीं है? (जेल प्रहरी 2012)

(अ) म.प्र. (ब) गुजरात
(स) महाराष्ट्र (द) सभी से

व्याख्या- उपरोक्त दिए गए सभी विकल्प सही हैं। सरदार सरोवर परियोजना नर्मदा नदी पर सबसे बड़ी परियोजना है, जिसके अन्तर्गत गुजरात, म.प्र., महाराष्ट्र और राजस्थान राज्य सम्मिलित हैं। यह चारों राज्यों की एक बहुउद्देशीय संयुक्त परियोजना है।

48. म.प्र. में वर्षा के अप्रवाहित जल को सिंचाई के लिये रोकने हेतु कौन-सी योजना है? (पटवारी परीक्षा 2008)

(अ) जीवनधारा योजना (ब) बलराम ताल योजना
(स) राजीव गाँधी योजना (द) जलधन योजना

व्याख्या- **बलराम ताल योजना**—25 मई, 2007 से इस योजना को क्रियान्वित किया गया। इसका उद्देश्य वर्षा में बह जाने वाले जल की अधिकतम मात्रा खेतों में रोककर सिंचाई के लिए उपयोग करना है।

49. राणा प्रताप सागर परियोजना किन-किन राज्यों की संयुक्त परियोजना है? (ड्रग इंस्पेक्टर परीक्षा 2012)

(अ) मध्यप्रदेश एवं उत्तरप्रदेश (ब) मध्यप्रदेश एवं राजस्थान
(स) मध्यप्रदेश एवं महाराष्ट्र (द) मध्यप्रदेश एवं गुजरात

व्याख्या- राणा प्रताप सागर परियोजना चम्बल नदी पर स्थित है। यह परियोजना मध्यप्रदेश एवं राजस्थान की संयुक्त परियोजना है।

50. गाँधी सागर "जल विद्युत शक्ति संयंत्र" (Hydro Power Plant) स्थित है- (मध्यप्रदेश स्टोनो ग्राफर परीक्षा 2012)

(अ) भानपुरा (ब) रीवा
(स) जबलपुर (द) खारगाँव

व्याख्या- गाँधी सागर "जल विद्युत शक्ति संयंत्र म.प्र. का पहला जल विद्युत केन्द्र है जो मन्दसौर जिले के भानपुरा तहसील में चम्बल नदी पर 1960-61 में स्थापित किया गया, यह म.प्र. तथा राजस्थान की संयुक्त परियोजना है। इसकी कुल क्षमता 115 मेगावाट है। जिसमें म.प्र. तथा राजस्थान का हिस्सा 50 : 50% है।

51. मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश और बिहार की संयुक्त परियोजना है- (मध्यप्रदेश स्टोनो ग्राफर परीक्षा 2012)

(अ) माही (ब) बाण सागर
(स) कोलार (द) बारना

43.(ब) 44.(ब) 45.(अ) 46.(स) 47.(द) 48.(ब) 49.(ब) 50.(अ) 51.(ब)

व्याख्या- बाण सागर परियोजना सोन नदी पर स्थित है। यह मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश तथा बिहार की संयुक्त परियोजना है। बाण सागर परियोजना के बाँध को 'ग्रेटर गंगऊ' बाँध भी कहा जाता है। इस परियोजना में मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, बिहार का अंशदान 2:1:1 है। बाणसागर बाँध शहडोल जिले के देवलोद में स्थित है।

52. ओंकारेश्वर जल विद्युत केंद्र की उत्पादन क्षमता कितनी हैं? ( डेयरी फेडरेशन 2016 )

(अ) 400 MW (ब) 300 MW
(स) 520 MW (द) 600 MW

व्याख्या : नर्मदा नदी पर निर्मित ओंकारेश्वर जल विद्युत केन्द्र की विद्युत उत्पादन क्षमता 520 मेगावाट है

53. इंदिरा सागर बाँध किस जिले में स्थित है? ( डेयरी फेडरेशन 2016 )

(अ) खंडवा (ब) मन्दसौर
(स) इंदौर (द) बड़वानी

व्याख्या : इंदिरासागर बांध खण्डवा जिले के पुनासा नामक स्थान पर नर्मदा नदी पर निर्मित है।

54. नर्मदा घाटी विकास परियोजना के अंतर्गत कौन सा राज्य शामिल नहीं है? ( डेयरी फेडरेशन 2016 )

(अ) मध्यप्रदेश (ब) गुजरात
(स) कर्नाटक (द) महाराष्ट्र

व्याख्या : नर्मदा घाटी परियोजना के अंतर्गत मध्यप्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र एवं राजस्थान राज्य शामिल है कर्नाटक राज्य शामिल नहीं है।

55. मध्यप्रदेश का सबसे बड़ा बाँध कौन सा है? ( डेयरी फेडरेशन 2016 )

(अ) गांधी सागर बाँध (ब) बाणसागर बाँध
(स) अर्जुन सागर बाँध (द) तवा बाँध

व्याख्या : गांधी सागर बांध (मंदसौर) बाणसागर बांध (शहडोल) तवा बांध (होशंगाबाद) में से मध्यप्रदेश का सबसे बड़ा बांध तवा बांध है।

56. माही परियोजना किस जिले में है? ( डेयरी फेडरेशन 2016 )

(अ) इन्दौर (ब) धार
(स) शहडोल (द) भोपाल

व्याख्या : माही परियोजना माही नदी पर धार जिले में स्थित है बाद में माही नदी राजस्थान राज्य में प्रवाहित होती है।

57. हलाली या अशोक नहर किस जिले में स्थित है? ( डेयरी फेडरेशन 2016 )

(अ) विदिशा (ब) रायसेन
(स) राजगढ़ (द) धार

व्याख्या : हलाली या अशोक नहर विदिशा जिले में हलाली नदी से निकाली गयी है।

58. भारत का सबसे अधिक भंडारण क्षमता वाला बांध है ( महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता 2016 )

(अ) गोविंद सागर बांध (ब) इंदिरा सागर बांध
(स) सरदार सरोवर बांध (द) पगारा बांध

व्याख्या- भारत का सबसे अधिक भंडारण क्षमता वाला बांध इन्दिरा सागर बांध (खण्डवा) है।

59. भोपाल का पहला सिंचाई टैंक, पलकमती इस जगह में स्थित है।

(अ) रायसेन (ब) शाहपुरा
(स) उमरिया (द) भोपाल

व्याख्या- भोपाल का पहला सिंचाई टैंक पलकमती रायसेन में स्थित है।

60. मध्य प्रदेश में चट्टानी इलाका है जो इसके के लिए उपयुक्त है। ( महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता 2016 )

(अ) टैंक सिंचाई (ब) नहर सिंचाई
(स) कुआँ सिंचाई (द) नलकूप सिंचाई

व्याख्या- मध्यप्रदेश में चट्टानी इलाका है, जो टैंक सिंचाई के लिए उपयुक्त है।

61. सरदार सरोवर बांध की परिकल्पना इन्होंने की थी। ( महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता 2016 )

(अ) इंदिरा गांधी (ब) मेनका गांधी
(स) जवाहरलाल नेहरू (द) मेधा पाटकर

व्याख्या- सरदार सरोवर बांध की परिकल्पना जवाहरलाल नेहरू ने की थी। यह बांध नर्मदा नदी पर बनाया गया है।

62. जिला ........ में अवदा बांध स्थित है। ( महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता 2016 )

(अ) शिवपुरी (ब) मुरैना
(स) श्योपुर (द) जबलपुर

व्याख्या- मुरैना जिले में अवदा बांध स्थित है।

63. बाग सिंचाई परियोजना में ...... नदी के द्रोणी को शामिल किया गया है। ( महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता 2016 )

(अ) गंगा (ब) चम्बल
(स) गोदावरी (द) यमुना

व्याख्या- बाग सिंचाई परियोजना में गोदावरी नदी के द्रोणी को शामिल किया गया है। यह परियोजना बालाघाट जिलों को लाभ पहुँचाता है।

64. वर्ष .......... में बंजर सिंचाई परियोजना पूरी हुई थी। ( महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता 2016 )

(अ) 1975 (ब) 2000
(स) 1982 (द) 2003

52.(स) 53.(अ) 54.(स) 55.(द) 56.(ब) 57.(अ) 58.(ब) 59.(अ) 60.(अ) 61.(स) 62.(ब) 63.(स) 64.(द)

व्याख्या- वर्ष 2003 में बंजर सिंचाई परियोजना पूरी हुई थी।

65. रानी अवन्ती बाई लोधी सागर के ...... नदी क्षेत्र में स्थित है।
(महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता 2016)
(अ) नर्मदा (ब) ताप्ती
(स) गंगा (द) चम्बल

व्याख्या- रानी अवन्ती बाई लोधी सागर के नर्मदा नदी क्षेत्र में स्थित है।

66. चोरल सिंचाई परियोजना जिला ...... को लाभ पहुंचाती है।
(महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता 2016)
(अ) ग्वालियर (ब) इंदौर
(स) भोपाल (द) शिवपुरी

व्याख्या- चोरल सिंचाई परियोजना से इन्दौर जिले को लाभ होता है। यह चंबल नदी पर स्थित है।

67. हाल ही में एन.वी.डी.ए. द्वारा जिला नरसिंहपुर में प्रस्तावित की गयी परियोजनाओं में से एक परियोजना ..... है।
(महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता 2016)
(अ) कुण्डालिया (ब) चिंकी
(स) करजर (द) तावा

व्याख्या- हाल ही में NVDA द्वारा जिला नरसिंहपुर में प्रस्तावित की गई परियोजनाओं में से एक परियोजना चिंकी है।

68. एन.बी.पी.सी.एल. से तात्पर्य है (महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता 2016)
(अ) नर्मदा बेसिन प्रोजेक्ट कंपनी लिमिटेड
(ब) नर्मदा बचाओ प्रोग्राम
(स) नेशनल ब्यूरो फॉर प्रोजेक्ट कारपोरेशन लिमिटेड
(द) नेशनल बेसिन प्रोजेक्ट कंपनी लिमिटेड

व्याख्या- NBPCL से तात्पर्य नर्मदा बेसिन प्रोजेक्ट कंपनी लिमिटेड है।

69. बेनीगंज ..... जिले में एक सिंचाई नहर है।
(महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता 2016)
(अ) छतरपुर (ब) रीवा
(स) बैतूल (द) देवास

व्याख्या- बेनीगंज छतरपुर जिले में एक सिचाई नहर है। यह खुरार नदी पर है। यह 1974 में बनकर तैयार हुई।

70. मध्यप्रदेश में सबसे बड़ा जलग्रहण मिशन ..... वाटरशेड मिशन है।
(महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता 2016)
(अ) इंदिरा गांधी (ब) राजीव गांधी
(स) गंगा बेसिन (द) गंगा-यमुना

व्याख्या- मध्यप्रदेश में सबसे बडा जलग्रहण मिशन राजीव गांधी वाटरशेड मिशन है।

71. सिंचाई के संदर्भ में ईआरएम ..... को दर्शाता है।
(महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता 2016)
(अ) नदी प्रबंधन का विस्तार
(ब) बढ़े हुए नदी प्रबंधन
(स) विस्तार, नवीनीकरण और आधुनिकीकरण
(द) नदी प्रबंधन मध्यम विस्तारित

व्याख्या- सिंचाई के सन्दर्भ में ERM विस्तार, नवीनीकरण और आधुनिकीकरण को दर्शाता है।
ERM- Extension, Renovation and Modernisation

72. अपर तिवारा नहर परियोजना ...... में स्थित है।
(महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता 2016)
(अ) सिवनी जिले (ब) नीमच जिले
(स) रतलाम जिले (द) गुना जिले

व्याख्या- अपर तिवारा परियोजना सिवनी जिले में स्थित है।

73. मध्यप्रदेश के सबसे पुराने बाँधों में से एक है
(महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता 2016)
(अ) पगारा बांध (ब) इंदिरा सागर
(स) सरदार सरोवर (द) रिहंद बांध

व्याख्या- मध्यप्रदेश के सबसे पुराने बाँधो में से पगारा बांध एक है। यह 1927 में ग्वालियर जिले में स्थापित किया गया है।

74. जब आप मध्य प्रदेश में यात्रा करते हैं तो मूरम नाला आपको कहाँ मिलता है? (महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता 2016)
(अ) जबलपुर (ब) बालाघाट
(स) हसनपुर (द) सोलापुर

व्याख्या- मुरम नाला बालाघाट जिले में 1936 में सिंचाई के लिए स्थापित किया गया।

75. इंदिरा सागर मूल रूप से एक ...... परियोजना है।
(महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता 2016)
(अ) सिंचाई (ब) बाढ़नियंत्रण
(स) बहुउद्देशीय (द) पनबिजली

व्याख्या- इन्दिरा सागर मूल रूप से एक बहुउद्देशीय परियोजना है। जो नर्मदा नदी पर खण्डवा जिले में स्थित है।

76. मध्यप्रदेश में सबसे अधिक पनबिजली उत्पन्न करने वाली परियोजना है- (महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता 2016)
(अ) इंदिरा सागर परियोजना (ब) मान सागर परियोजना
(स) पगारा बांध (द) कुंडलिया परियोजना

व्याख्या- मध्यप्रदेश में सबसे अधिक पनबिजली उत्पन्न करने वाली परियोजना इंदिरा सागर परियोजना है। यह खण्डवा जिले में स्थित है।

65.(अ) 66.(ब) 67.(ब) 68.(अ) 69.(अ) 70.(ब) 71.(स) 72.(अ) 73.(अ) 74.(ब) 75.(स) 76.(अ)

**77. गुलाब सागर बांध किस जिला में है?** **( महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016 )**

(अ) शाहपुरा जिला (ब) सीधी जिला
(स) चम्बल घाटी (द) बंजार जिला

व्याख्या- गुलाब सागर बांध सीधी जिले में है।

**78. संजय सागर और रेहती में क्या समानता है?** **( महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016 )**

(अ) दोनों एक ही नदी पर बने बांध हैं
(ब) दोनों एक ही जिले में स्थित हैं
(स) दोनों प्रमुख सिंचाई परियोजनाएं हैं
(द) दोनों निजी परियोजनाएं हैं

व्याख्या- संजय सागर और रेहती दोनों एक ही जिले में स्थित है।

**79. एम.पी. के खण्डवा जिले में स्थित बांध का नाम बताईये जिसमें भारत का सबसे बड़ा जलाषय है।** **( महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016 )**

(अ) इन्दिरा सागर बांध (ब) महेश्वर बांध
(स) मान बांध (द) तवा बांध

व्याख्या- म.प्र. के खण्डवा जिले में स्थित इन्दिरा सागर बांध भारत का सबसे बड़ा जलाशय है। यह नर्मदा नदी पर बनाया गया है। इससे 1000 MW पावर का उत्पादन किया जाता है। इसका निर्माण 23 Oct. 1984 को शुरु हुआ था।

**80. बैनगंगा नहर है ....... में** **( महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016 )**

(अ) बालाघाट जिले (ब) रायसेन जिले
(स) विदिशा जिले (द) बारना बांध

व्याख्या- बैनगंगा नहर बालाघाट जिले में है। बैनगंगा नदी सिवनी जिले के मुन्दरा से निकलकर प्राणहिता नदी में मिल जाती है। इसकी कुल लम्बाई 569 किमी है। बालाघाट और भंडारा जिले बैनगंगा नदी के तट पर स्थित है।

**81. बांध जो की तांदुला नदी पर है उसमें शामिल है** **( महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016 )**

(अ) तांदुला और जामनी (ब) तांदुला और सुखा
(स) तांदुला और मुरैना (द) तांदुला और होलाली

व्याख्या- तांदुला और सुखा बांध तांदुला नदी पर है। तान्दुला बांध छत्तीसगढ़में स्थित है। यह 1921 में तांदुला और सुखा नाला नदी के संगम पर बनाया गया।

**82. बरना स्थित है** **( महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016 )**

(अ) रायसेन जिले में (ब) बड़वानी जिले में
(स) डिंडोरी जिले में (द) अशोकनगर में

व्याख्या- बरना परियोजना बरना नदी पर रायसेन जिले में स्थित है।

**83. मध्य प्रदेश में बड़ी और माध्यम आकार की सिंचाई परियोजनाओं की कुल संख्या हैं** **( महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016 )**

(अ) 7 प्रमुख और 100 माध्यम आकार की परियोजनाएं
(ब) 10 प्रमुख और 250 मध्यम आकार की परियोजनाएं
(स) 100 प्रमुख और 100 मध्यम आकार की परियोजनाएं
(द) कोई प्रमुख नहीं और 10 मध्यम आकार की परियोजनाएं

व्याख्या- मध्यप्रदेश में 7 बड़ी और 100 मध्यम आकार की सिंचाई परियोजनाएँ चल रही है।

**84. NVDC का पूरा रूप है।** **( महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016 )**

(अ) नर्मदा घाटी विकास निगम (ब) नए घाटी विकास केंद्र
(स) नर्मदा घाटी विभाग केंद्र (द) राष्ट्रीय घाटी विकास केंद्र

व्याख्या- NVDC का पूरा नाम Narmada Valley Development Corporation (नर्मदा घाटी विकास निगम) है।

**85. वेलस्पन सौर परियोजना ...... में स्थित है।** **( महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016 )**

(अ) विदिशा (ब) सिद्धि
(स) नीमच (द) धार

व्याख्या- वेलस्पन सौर परियोजना नीमच में स्थित है।

**86. सांक नदी पर ताजा पानी जलाशय जो की ग्वालियर के पास है।** **( महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016 )**

(अ) तिगरा बांध (ब) बाणसागर
(स) बरगी बांध (द) धुती बांध

व्याख्या- सांक नदी पर ताजा पानी जलाशय तिगरा बांध ग्वालियर के पास है।

**87. धुति बांध ...... के ऊपर स्थित है।** **( महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016 )**

(अ) वैनगंगा (ब) बारना
(स) चंबल (द) सोन

व्याख्या- धूति बांध बैनगंगा के ऊपर स्थित है।

**88. मड़ीखेड़ा बांध .... के ऊपर बना हुआ है।** **( महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016 )**

(अ) सिंध नदी (ब) यमुना नदी
(स) केन नदी (द) चंबल नदी

व्याख्या- मड़ीखेड़ा बांध नरवर के पास जिला-शिवपुरी में सिंध नदी के ऊपर बना है।

**89. मध्यप्रदेश सिंचाई प्रणाली में सुधार हुआ है और इसका परिणाम हुआ है ...... ।** **( महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016 )**

(अ) पूरी क्षमता से इस्तेमाल किया जा रहा है।

77.(ब) 78.(ब) 79.(अ) 80.(अ) 81.(ब) 82.(अ) 83.(अ) 84.(अ) 85.(स) 86.(अ) 87.(अ) 88.(अ)

(ब) बाढ़नियंत्रण

(स) कुल बुवाई क्षेत्र में वृद्धि

(द) कई विवादास्पगद परियोजनाएं

व्याख्या- मध्यप्रदेश सिंचाई प्रणाली में सुधार हुआ है, और इसका परिणाम कुल बुवाई क्षेत्र में वृद्धि है।

90. रेहटी एक मध्यम आकार की सिंचाई परियोजना है ... में। (महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता 2016)

(अ) रीवा (ब) विदिशा

(स) सागर (द) रतलाम

व्याख्या- रेहटी एक मध्यम आकार की सिंचाई परियोजना है जो विदिशा में है।

91. चंबल क्षेत्र उनकी नालों के लिए जाना जाता है। इस क्षेत्र में सिंचाई का प्रमुख स्रोत .... है। (महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता 2016)

(अ) नदियां (ब) टैंक

(स) नलकूप (द) नहरें

व्याख्या- चंबल क्षेत्र उनकी नालों के लिए जाना जाता है, इस क्षेत्र में सिंचाई का प्रमुख साधन नहरें है।

92. मध्यप्रदेश में सिंचाई के बारे में बड़ी समस्या जल का जमाव है। इस जल जमाव का कारण है। (महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता 2016)

(अ) नालियों का कटाव और राज्य के नाले

(ब) अधिक बारिश और कम भंडारण टैंक और जलाशय

(स) फसल पद्धति पारी

(द) नदी के तालों और नहरों में शहरीकरण और इमारतों का बनना

व्याख्या- मध्यप्रदेश में सिंचाई के बारे में बड़ी समस्या जल का जमाव है, इस जल जमाव का कारण फसल पद्धति पारी है।

93. मध्यप्रदेश की इन .......... नदियों में, बरगी एक प्रमुख सिंचाई परियोजना है। (महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता 2016)

(अ) नर्मदा और गंगा (ब) नर्मदा और यमुना

(स) नर्मदा और ताप्ती (द) चंबल और ताप्ती

व्याख्या- मध्यप्रदेश की नर्मदा और गंगा नदियों में, बरगी एक प्रमुख सिंचाई परियोजना है।

94. बावनथड़ी सिंचाई परियोजना किन राज्यों की संयुक्त परियोजना है? (चतुर्थ श्रेणी 2015)

(अ) मध्यप्रदेश एवं राजस्थान (ब) मध्यप्रदेश एवं उत्तरप्रदेश

(स) मध्यप्रदेश एवं महाराष्ट्र (द) मध्यप्रदेश एवं गुजरात

व्याख्या- बावनथड़ी सिंचाई परियोजना मध्यप्रदेश तथा महाराष्ट्र राज्य की संयुक्त परियोजना है जो बावन थडी नदी पर ही बनाई गई है।

95. पेंच जल-विद्युत परियोजना किन दो राज्यों की संयुक्त परियोजना है? (पैरामेडिकल टेस्ट 2014)

(अ) मध्यप्रदेश एवं महाराष्ट्र (ब) मध्यप्रदेश एवं बिहार

(स) मध्यप्रदेश एवं राजस्थान (द) मध्यप्रदेश एवं उत्तरप्रदेश

व्याख्या- पेंच जल विद्युत परियोजना मध्यप्रदेश तथा महाराष्ट्र राज्य की संयुक्त परियोजना है।

96. निम्न में से कौन-सा युग्म असत्य है? (MPSI 2014)

| बाँध | नदी |
|---|---|
| (अ) राजघाट बाँध | बेतवा नदी |
| (ब) तवा बाँध | तवा नदी |
| (स) बाण सागर बाँध | सोन नदी |
| (द) बरगी बाँध | बारना नदी |

व्याख्या- बरगी बांध बरगी नदी पर बनाया गया है जो नर्मदा की सहायक नदी है। म.प्र के अन्य बाँध जैसे बारना नदी पर ही बारना बाध बना हुआ है जो होशंगाबाद में है। सरदार सरोवर नर्मदा नदी पर, साटक बांध साटक नदी पर खरगौन में है।

97. नर्मदा घाटी परियोजना के संबंध में कौनसा कथन सत्य है।

(अ) इस पर 29 वृहद परियोजना निर्मित है।

(ब) इससे लगभग 2600 मेगावॉट विद्युत उत्पादन होगा

(स) इससे लगभग 27 लाख हैक्टेयर क्षेत्र की सिंचाई की जाती है।

(द) उपर्युक्त सभी

व्याख्या- उपरोक्त सभी कथन सत्य हैं। यह एक बड़ी परियोजना है। इससे लगभग 2600 मेगावॉट विद्युत का उतपादन किया जाएगा।

98. म.प्र. की अपर बैनगंगा को किस अन्य नाम से जाना जाता है?

(अ) संजय सरोवर (ब) इंदिरा सागर

(स) बाण सागर (द) बावन भड़ी

व्याख्या- अपर बैनगंगा को संजय सरोवर के नाम से भी जाना जाता है। यह म.प्र. के गोदावरी कछार में बैनगंगा नदी पर निर्माणधीन है।

99. बाणसागर परियोजना के जल वितरण में प्रदेश का हिस्सा कितना है?

(अ) 246 689 हैक्टेयर मी (ब) 1233454 हैक्टेयर मी.

(स) 34311 हैक्टेयर मी. (द) (द) 11010 हैक्टेयर मी

व्याख्या- बाणसागर परियोजना में म.प्र. को 246689 हैक्टेयर मी. उत्तरप्रदेश को 123345 है.मी. तथा बिहार को 123345 है.मी. जल वितरण किया गया है। बाणसागर की जलभरात क्षमता 541000 हैक्टेयर मीटर है।

100. नर्मदा नदी घाटी परियोजना का शिलान्यास कब हुआ?

(अ) 1980 (ब) 1981

(स) 1984 (द) 1983

89.(स) 90.(ब) 91.(द) 92.(स) 93.(अ) 94.(स) 95.(अ) 96.(द) 97.(द) 98.(अ) 99.(स) 100.(स)

व्याख्या- नर्मदा घाटी परियोजना म.प्र., महाराष्ट्र व गुजरात की संयुक्त परियोजना है जो नर्मदा नदी पर है। इसका शिलान्यास अक्टूबर 1984 में किया गया।

**101. रानी लक्ष्मीबाई परियोजना किस नदी पर निर्मित है?**

(अ) नर्मदा (ब) बेतवा
(स) कालीसिंध (द) चम्बल

व्याख्या- बेतवा नदी पर निर्मित माता टीला बाँध को रानी लक्ष्मीबाई परियोजना कहा जाता है। यह म.प्र. तथा उत्तरप्रदेश की संयुक्त परियोजना है।

**102. महेश्वर परियोजना किस जिले में स्थित है।**

(अ) खण्डवा (ब) धार
(स) खरगोन (द) झाबुआ

व्याख्या- खरगोन, महेश्वर परियोजना नर्मदा नदी पर मण्डलेश्वर के निकट खरगोन जिले में है। यहाँ 400 मेगावॉट विद्युत का उत्पादन होगा।

**103. राष्ट्रीय नदी संरक्षण योजना में म.प्र. की कौनसी नदी सम्मिलित नहीं है?**

(अ) चम्बल (ब) ताप्ती
(स) नर्मदा (द) हलाली

व्याख्या- राष्ट्रीय नदी संरक्षण योजना में नर्मदा नदी को सम्मिलित नहीं किया गया किन्तु ताप्ती, हलाली व चम्बल को शामिल किया है।

**104. बरियापुर बायीं नहर परियोजना किस नदी पर है।**

(अ) चम्बल (ब) नर्मदा
(स) ताप्ती (द) केन

व्याख्या- बरियापुर बायीं नहर परियोजना केन नदी पर। यह म.प्र. के छतरपुर तथा पन्ना जिले के मध्य स्थित है।

**105. हलाली नहर मध्यप्रदेश के किस जिले में स्थित है-**

**( Diary Federation Recruitement Exam 2016 )**

(अ) रायसेन (ब) भोपाल
(स) विदिशा (द) बालाघाट

व्याख्या- रायसेन जिले में हलाली नहर परियोजना निर्मित है। यह बेतवा नदी पर है। विदिशा भी इससे लाभान्वित है।

**106. 'नर्मदा मालवा गंभीर' लिंक परियोजना को म.प्र. सरकार द्वारा कब लागू किया गया।** **( Pre B.Ed. Entrance Exam 2016 )**

**( प्लाटून कमांडर 2015 )**

(अ) 17 जून 2014 (ब) 17 जून 2015
(स) 17 दिसम्बर 2015 (द) 17 मार्च 2015

व्याख्या- मध्यप्रदेश सरकार ने नर्मदा मालवा गंभीर लिंक परियोजना की शुरुआत 17 जून 2014 से की थी। इससे लगभग 50 हजार हैक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी।

**107. मध्यप्रदेश में सिंचाई की गंभीर समस्याओं में से एक क्या है?**

**( पुलिस आरक्षक 2016 )**

(अ) पानी स्राव (ब) बाढ़
(स) जल भराव (द) सूखा

व्याख्या- जल भराव मध्यप्रदेश की सिंचाई में एक गंभीर समस्या है। जिससे मृदा की दशा में गिरावट आती है तथा उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

**108. NBPCL से क्या तात्पर्य है?**

**( ANM Training Selection Test 2016 )**

(अ) नर्मदा बेसिन प्रोजेक्ट कंपनी लिमिटेड
(ब) नर्मदा बचाओ प्रोग्राम
(स) नेशनल ब्यूरो फॉर प्रोजेक्ट कॉपरेशन लि.
(द) नेशनल बेसिन प्रोजेक्ट

व्याख्या- NBPCL से तात्पर्य नर्मदा बेसिन प्रोजेक्ट कंपनी लिमिटेड है। नर्मदा बचाओ आंदोलन मेधा पाटकर द्वारा चलाया जा रहा है।

**109. बेनीगंज सिंचाई नहर किस जिले में है?**

(अ) रीवा (ब) पन्ना
(स) सतना (द) छतरपुर

व्याख्या- छतरपुर जिले में बेनीगंज सिंचाई नहर। इससे छतरपुर सिंचाई के लिए पानी का प्रयोग करता है।

**110. एशिया का सबसे बड़ा तालाब है-**

**( ANM Training Selection Test 2016 )**

(अ) बड़ा तालाब (ब) गोविंद गढ़
(स) गोविंद सागर (द) बरगी झील

व्याख्या- बड़ा तालाब भोपाल में स्थित है। यह एशिया का सबसे बड़ा तालाब है। इसका निर्माण राजा भोज ने 11वीं सदी में कराया था।

**111. म.प्र. का सबसे बड़ा बाँध कौन सा है?**

**( Dairy Federation Recpcelement Exam 2016 )**

(अ) गाँधी सागर (ब) बाणसागर
(स) अर्जुन सागर (द) तवा बाँध

व्याख्या- तवा बाँध म.प्र. का सबसे बड़ा बाँध है। इसका निर्माण 1958 में शुरू किया था। यह तवा नदी तथा वेतवा नदी के संगम पर बना हुआ है।

**112. 1010-1053 ई. में निर्मित सबसे पुराने बांधों में से एक है।**

**( ANM Training Selection Test-2016 )**

(अ) गाँधी सागर (ब) बारना बाँध
(स) साइक्लोपियन (द) तवा बाँध

व्याख्या- साइक्लोपियन बाँध बेतवा नदी के किनारे स्थित है। इसका निर्माण राजा भोज ने करवाया था- यह सर्वाधिक प्राचीन है। यह रायसेन जिले में है।

101.(ब) 102.(स) 103.(स) 104.(द) 105.(अ) 106.(अ) 107.(स) 108.(अ) 109.(द) 110.(अ) 111.(द) 112.(स)

113. भीमगढ़ बाँध का निर्माण किस नदी पर किया गया है। ( Combined Group 4 Ast. Grade 2016 )

(अ) बेतवा (ब) वेनगंगा
(स) चम्बल (द) ताप्ती

व्याख्या- भीमगढ़ बाँध वेनगंगा नदी पर निर्मित है यह म.प्र. के सिवनी जिले में स्थित है। इसकी जलभराव क्षमता 519.38 मीटर है।

114. नर्मदा नदी पर निर्मित 30 बड़े बाँधों की श्रृंखला में से कौन सा बाँध पहले पूर्ण हुए बाधों में से एक है।

(अ) बाणसागर (ब) बरगी बाँध
(स) मदीखेडी (द) तिगरा बाँध

व्याख्या- बरगी, नर्मदा की सहायक नदी पर निर्मित बरगी बाँध है, जिसका निर्माण कार्य सर्वप्रथम पूर्ण हुआ है। इस बाँध से 100 मेगावाट बिजली उत्पादन होना।

115. भोपाल का पहला सिंचाई टैंक, पलकमती इस जगह में स्थित है? ( ANM Training Selection Test-2016 )

(अ) रायसेन (ब) शाहपुरा
(स) उमरिया (द) भोपाल

व्याख्या- भोपाल का पहला सिंचाई टैंक रायसेन में स्थित है। इस टैंक का निर्माण 1933 में किया गया था।

116. मध्य प्रदेश के अलावा, किस राज्य को केन-बेतवा नदी को जोड़ने की परियोजना से लाभ मिलेगा? (Group-2 2018)

(अ) छत्तीसगढ़ (ब) महाराष्ट्र
(स) उत्तर प्रदेश (द) राजस्थान

व्याख्या- केन-बेतवा नदी को आपस में जोड़ने से उत्तरप्रदेश को इस परियोजना का लाभ कृषि के क्षेत्र में प्राप्त होगा।

117. ............... मध्यप्रदेश का राजकीय पक्षी है। (Group-2 2018)

(अ) एथियाई कोयल
(ब) दूधराज ( भारतीय पैराडाइज फ्लाईकैचर)
(स) बैंडेड बे कोयल
(द) बार्न स्वालो

व्याख्या- मध्य प्रदेश का राजकीय पक्षी दूधराज (भारतीय पैराडाइज फलाईकैचर) है इसे शाहबुलबुल भी कहा जाता है।

118. हनुमान ताल किस स्थान पर स्थित है? जेल प्रहरी 2017

(अ) भोपाल (ब) ग्वालियर
(स) इनमें से कोई नहीं (द) जबलपुर

व्याख्या- हनुमान ताल जबलपुर में स्थित है। यह एक झील है। जबलपुर की 52 झीलों में से 13 सूख चुकी हैं। हालांकि हनुमान ताल को सरकार ने अभी तक बचा रखा है।

119. मध्य प्रदेश में पहला जलाभिषेक अभियान ......... में प्रारम्भ किया गया था। पुलिस आरक्षक 2017

(अ) 2015 (ब) 2008
(स) 2002 (द) 2006

व्याख्या- मध्य प्रदेश में पहला जलभिषेक अभियान 2006 में प्रारम्भ किया था। इस अभियान का उद्देश्य लोगों की भागीदारी के साथ मध्य प्रदेश में प्रचुर मात्रा में पानी उपलब्ध कराना है।

120. 1956 में मध्य प्रदेश के पुन: संगठन के समय राज्य में कितनी बड़ी सिंचाई योजनाएँ थीं? MPSI 2017

(अ) 4 (ब) 2
(स) 3 (द) 1

व्याख्या- 1956 में म. प्र. के पुन: संगठन के समय राज्य में कुल 3 बड़ी सिंचाई योजनाएँ थी।

121. मध्य प्रदेश में जिला सड़कों के विकास और उन्नयन के लिए एनडीबी के साथ भारत ने कितनी राशि के लिए पहले ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं? MPSI 2017

(अ) 350 मिलियन डॉलर (ब) 250 मिलियन डॉलर
(स) 300 मिलियन डॉलर (द) 400 मिलियन डॉलर

व्याख्या- म. प्र. में मेजर जिला सड़क परियोजना के विकास और उन्नयन के लिए भारत सरकार और न्यू डेवलमेंट बैंक के मध्य 350 मिलियन डॉलर का ऋण-समझौता हुआ।

122. मठ घोघरा का मेला कितने दिनों तक चलता है? MPSI 2017

(अ) 21 दिन (ब) 15 दिन
(स) 10दिन (द) 1 माह

व्याख्या- म. प्र. में सिवनी जिला के भौरोंनाथ में मठ घोघरा का मेला शिवरात्रि के पावन अवसर पर पंद्रह दिन तक चलता है।

123. पयाली जल परिसर कहाँ स्थित है ......? पटवारी परीक्षा 2017

(अ) जबलपुर (ब) बुरहानपुर
(स) भोपाल (द) सिवनी

व्याख्या- पयाली जल परिसर सिवनी में स्थित है। इसके अतिरिक्त.सिवनी का पेंच राष्ट्रीय उद्यान प्रसिद्ध है। इसकी स्थापना 1884 में की गई थी।

124. मध्यप्रदेश में पहला जलाभिषेक अभियान ...... में प्रारंभ किया गया था। पटवारी परीक्षा 2017

(अ) 2008 (ब) 2015
(स) 2006 (द) 2002

व्याख्या- जलाभिषेक अभियान का उद्देश्य पानी को संचित करके नए प्रोजेक्ट लाभ में किया जाता है। म. प्र. में यह 2006 में शुरू हुआ था।

113.(ब) 114.(ब) 115.(अ) 116.(स) 117.(ब) 118.(द) 119.(द) 120.(स) 121.(अ) 122.(ब) 123.(द) 124.(स)

125. बत्तीसी बावडी, जो एक जल निकाय है ...... में स्थित है।
पटवारी परीक्षा 2017

(अ) अनूपपुर (ब) अशोकनगर
(स) छतरपुर (द) चंदेरी

व्याख्या- बत्तीसी बावड़ी गोल, चौकोर और समकोण बावड़ियों से भरे इस नगर में अफगान वास्तुकला की दूसरी जगमगाती निशानी चार मंजिला घाटों से सजी यह बावड़ी है। चंदेरी मध्यप्रदेश के अशोक नगर जिले में स्थित सौंदर्य से ओत-प्रोत जगह है। यहीं पर यह जल निकाय है।

126. पूर्व भोपाल राज्य का पहला सिंचाई टैंक, पलाकमती ....... में स्थित है। पटवारी परीक्षा 2017

(अ) रासयेन (ब) शाहपुरा
(स) उमरिया (द) भोपाल

व्याख्या- पूर्व भोपाल राज्य का पहला सिंचाई टैंक, पलाकमती रायसेन में स्थित है।

127. कौन-सा बाँध पश्चिमी मध्य प्रदेश में खंडवा जिले के पुनासा गाँव से लगभग 10 किमी. दूर नर्मदा नदी पर बनाया गया है?
पटवारी परीक्षा 2017

(अ) हलाली बाँध (ब) जोबट बाँध
(स) इंदिरा सागर बाँध (द) तवा बाँध

व्याख्या- "इंदिरा सागर बाँध' म. प्र. के खण्डवा जिले के पुनासा से 10 कि.मी. दूरी पर 'मुंदी' में स्थित है। जो कि नर्मदा नदी पर बनाया गया है। इसकी ऊंचाई 92m व लंबाई 653m. है। इसका उपयोग 1,230 वर्ग किमी. तक की भूमि पर सिंचाई हेतु किया जाता है।


128. पेहसारी बाँध ......... में स्थित है? पटवारी परीक्षा 2017

(अ) भोपाल (ब) इंदौर
(स) ग्वालियर (द) उज्जैन

व्याख्या- पेहसारी बांध ग्वालियर में स्थित है यह मोवर नदी पर बना है।

***

125.(ब) 126.(अ) 127.(अ) 128.(स)




# अध्याय– 13

# मध्यप्रदेश में परिवहन संचार

1. **निम्न में से किस स्थान पर हवाई अड्डा नहीं है ?**
   **( पर्यटन विभाग ( सहायक ग्रेड-3 ), 2013 )**
   (अ) खजुराहो (ब) इन्दौर
   (स) जबलपुर (द) सागर

**व्याख्या**– मध्य प्रदेश में पाँच हवाई अड्डे है—(1) भोपाल (2) इन्दौर (3) खजुराहो (4) जबलपुर (5) ग्वालियर
मध्य प्रदेश के प्रथम व एकमात्र अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट का दर्जा भोपाल को प्राप्त हुआ है।
भोपाल हवाई अड्डे का नया नाम ''राजा भोज हवाई अड्डा'' रखा गया है।

2. **विवेक एक्सप्रेस म. प्र. के किस स्टेशन से होकर गुजरती है।**
   (अ) भोपाल (ब) कटनी
   (स) इटारसी (द) कोई नहीं

**व्याख्या**– भारत की सबसे लंबी दूरी की ट्रेन विवेक एक्सप्रेस (लगभग 4286 कि. मी.) म. प्र. राज्य से नहीं गुजरती है।

3. **प्रदेश में रेलवे के कार्यालय कहाँ स्थापित हैं-**
   (अ) भोपाल (ब) इन्दौर
   (स) जबलपुर (द) उपरोक्त सभी।

**व्याख्या**– भोपाल, इन्दौर, जबलपुर में रेलवे के कार्यालय स्थापित हैं। इन तीनों सेक्शनों में स्थापित रेलवे पुलिस थानों की कुल संख्या 21 है।

4. **म.प्र. का सबसे लम्बा राजमार्ग कौन सा है-**
   (अ) राजमार्ग क्रं. 4 (ब) राजमार्ग क्रं. 3
   (स) राजमार्ग क्रं. 2 (द) राजमार्ग क्रं. 7

**व्याख्या**– म.प्र. से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग में राजमार्ग क्रं. 3 (आगरा से मुम्बई) सबसे लम्बा है।

5. **आगरा–बाम्बे राष्ट्रीय राजमार्ग का क्रमांक है-**
   (अ) NH-1 (ब) NH-2
   (स) NH-3 (द) NH-4

**व्याख्या**– आगरा–बाम्बे राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-3 है। यह प्रदेश का सबसे बड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग है।

6. **वह प्रादेशिक राजमार्ग जो राष्ट्रीय राजमार्ग प्रस्तावित है-**
   (अ) महू–नीमच (ब) दुर्ग–बालाघाट
   (स) कांकेर से भानुप्रताप नगर (द) उक्त सभी।

1.(द) 2.(द) 3.(द) 4.(ब) 5.(स) 6.(अ)

7. मध्यप्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की स्थापना कब की गई थी-

(अ) वर्ष 1963 (ब) वर्ष 1962
(स) वर्ष 1964 (द) वर्ष 1965।

व्याख्या- म.प्र. राज्य सड़क परिवहन निगम की स्थापना सड़क यातायात कार्पोरेशन एक्ट 1950 के अधीन वर्ष 1962 में की गई थी।

8. मध्यप्रदेश में देश के कुल रेलमार्ग का कितना प्रतिशत भाग आता है-

(अ) 7.45 प्रतिशत (ब) 7.55 प्रतिशत
(स) 10 प्रतिशत (द) 7.50 प्रतिशत।

9. मध्यप्रदेश में कुल रेलमार्ग की लम्बाई-

(अ) 5015 कि.मी. (ब) 5538 कि.मी.
(स) 6200 कि.मी. (द) 4903 कि.मी.।

10. मध्यप्रदेश में शासकीय पोस्ट एण्ड टेलीग्राम रिपेयरिंग सेंटर कहाँ पर स्थित है-

(अ) इन्दौर (ब) जबलपुर
(स) ग्वालियर (द) गुना

व्याख्या- मध्यप्रदेश में शासकीय पोस्ट एण्ड टेलीग्राम रिपेयरिंग सेंटर जबलपुर में स्थित है।

11. प्रदेश का सबसे बड़ा रेलवे जंक्शन-

(अ) रतलाम (ब) नागदा
(स) उज्जैन (द) इटारसी।

व्याख्या- मध्यप्रदेश का सबसे बड़ा रेलवे जंक्शन इटारसी है जो होशंगाबाद जिले के अंतर्गत आता है।

12. मध्यप्रदेश में कुल कितने हवाई अड्डे हैं-

(अ) 4 (ब) 5
(स) 6 (द) 7।

व्याख्या- मध्यप्रदेश में 5 प्रमुख हवाई अड्डे हैं जो भोपाल, इन्दौर, जबलपुर, खजुराहो और ग्वालियर में हैं।

13. म.प्र. के कितने जिलों में टेलेक्स सुविधा उपलब्ध है-

(अ) 15 (ब) 14
(स) 16 (द) 17।

14. म.प्र. में आकाशवाणी के कार्यक्रम का प्रसारण कब प्रारम्भ हुआ-

(अ) 1954 (ब) 1955
(स) 1956 (द) 1957।

व्याख्या- म.प्र. में आकाशवाणी कार्यक्रम 22 मई 1955 को शुरू हुआ।

15. सबसे पहला आकाशवाणी केन्द्र कहाँ स्थापित किया गया-

(अ) भोपाल (ब) इन्दौर
(स) ग्वालियर (द) जबलपुर।

व्याख्या- म.प्र. में सर्वप्रथम आकाशवाणी केन्द्र इंदौर में स्थापित किया गया।

16. म.प्र. में कितने दूरदर्शन रिले केन्द्र हैं-

(अ) 60 (ब) 65
(स) 78 (द) 75

17. मध्य प्रदेश में रेल सेवा आयोग का मुख्यालय कहाँ हैं?

(अ) इंदौर (ब) जबलपुर
(स) भोपाल (द) ग्वालियर।

व्याख्या- भोपाल में रेल सेवा आयोग का मुख्यालय व भोपाल, रतलाम व उज्जैन में क्षेत्रीय रेलवे मुख्यालय है।

18. जबलपुर एवं भोपाल निम्नलिखित किस रेलवे के अंतर्गत आते हैं।

(1) पश्चिम मध्य रेलवे (2) दक्षिण-पूर्व रेलवे
(3) पश्चिम रेलवे (4) पूर्व रेलवे

व्याख्या- ग्वालियर, भोपाल, जबलपुर, रीवा आदि पश्चिम मध्य रेलवे में आते है। शहडोल, छिन्दवाडा, बालाघाट, और सिवनी क्षेत्र दक्षिणी-पूर्वी रेलवे के अंतर्गत है। इन्दौर, देवास, सीहोर, उज्जैन, रतलाम, मन्दसौर, आदि पश्चिमी रेलवे के अंतर्गत आते है।

19. मध्यप्रदेश से कुल कितने राष्ट्रीय राजमार्ग गुजरते हैं।

(1) 14 (2) 15
(3) 16 (4) 20

व्याख्या- मध्यप्रदेश में कुछ नये राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित होने से प्रदेश में इनकी संख्या 20 हो गयी है जो क्रमश: निम्न है- NH3, 7, 12, 12A, 25, 26,2 7, 59, 59A, 69, 75, 75a, 76, 78, 79, 86, 86A तथा nH92, 26A-X, NH.25A-X है।

20. मध्यप्रदेश प्रदेश के निम्नलिखित किस स्थान से नियमित वायु सेवा उपलब्ध है।

(1) इन्दौर (2) जबलपुर
(3) खजुराहों (4) उपर्युक्त सभी

व्याख्या- मध्यप्रदेश के 5 नगर, इन्दौर, भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर, एवं खजुराहों ऐसे है जो नियमित वायु सेवा उपलब्ध कराते है। साथ ही खजुराहो जिला में मुख्यालय न होते हुए भी अंतर्राष्ट्रीय वायु सेवा से जुडा हुआ है।

21. राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-3 कहाँ से शुरू होकर कहाँ समाप्त होता है।

(1) आगरा-मुम्बई (2) देवास-कानपुर
(3) रीवा-रांची (4) इन्दौर-अहमदाबाद

व्याख्या- NH-3 आगरा से मुम्बई जाता है। यह म.प्र. का सबसे लम्बा राष्ट्रीय राजमार्ग है। यह राजमार्ग आगरा, ग्वालियर, शिवपुरी, इन्दौर, धुले, नासिक, थाणे-मुम्बई को जाता है। इसकी कुल लम्बाई 717 कि.मी. है।

7.(ब) 8.(स) 9.(स) 10.(ब) 11.(द) 12.(ब) 13.(स) 14.(ब) 15.(ब) 16.(स) 17.(स) 18.(अ) 19.(द) 20.(द) 21.(अ)

22. मध्यप्रदेश सड़क परिवहन निगम की स्थापना कब की गयी है।
(1) 5 जून 1965 (2) 1 जून 1962
(3) 12 जून 1963 (4) 4 जून 1966

व्याख्या- म.प्र. सड़क परिवहन निगम की स्थापना 1950 के अधिनियम के तहत 1 जून 1962 को की गई थी और एक अधिसूचना के तहत 31 दिसम्बर 2002 को विघटित कर दिया गया।

23. मध्यप्रदेश से हिन्दी और उर्दू का पहला साप्ताहिक समाचार-पत्र कौन-सा है।
(1) ग्वालियर, अखबार (2) मालवा, अखबार
(3) दिल्ली अखबार (4) मध्य प्राप्त अखबार

व्याख्या- मध्यप्रदेश का पहला समाचार पत्र अखबार ग्वालियर (1840) था जबकि 1844 में मालवा अखबार हिन्दी और उर्दू का पहला साप्ताहिक पत्र था और विशुद्ध उर्दू भाषा का अखबार दिल्ली अखबार था।

24. मध्यप्रदेश का सबसे छोटा राष्ट्रीय राजमार्ग कौन-सा है।
(1) NH-27 (2) NH-76
(3) NH-59A (4) NH-86A

व्याख्या- मध्यप्रदेश का सबसे छोटा राष्ट्रीय राजमार्ग NH-76 है जो उदयपुर कोटा, शिवपुरी, बाँदा से जाता है। इसकी प्रदेश में लम्बाई मात्र 30 कि.मी. है। जबकि NH-27 (इलाहबाद, गंगवान) की लम्बाई 52 कि.मी. तथा NH-86 A, 340 कि.मी. लम्बे मार्ग है।

25. मध्यप्रदेश की खेल पत्रिका कौन-सी है।
(1) खेल हलचल (2) खेल खिलाडी
(3) खेल-कूद (4) आओ खेले खेल

व्याख्या- मध्यप्रदेश की खेल पत्रिका 'खेल-हलचल' के नाम से इन्दौर में प्रकाशित होती है।

26. मध्यप्रदेश में सड़कों का सर्वाधिक घनत्व किस जिले में है।
(1) सतना (2) पन्ना
(3) सीधी (4) छिंदवाडा

व्याख्या- मध्य प्रदेश में सड़कों की दृष्टि से सर्वाधिक घनत्व वाला जिला सतना है जबकि सर्वाधिक सड़के (3,228.7 कि.ममी.) प्रदेश के सीधी जिले में है।

27. मध्यप्रदेश का प्रथम हिन्दी मासिक पत्र कौन-सा था।
(1) मध्यप्रदेश संदेश (2) जयाजी प्रताप
(3) नवजीवन (4) नयी दुनिया

व्याख्या- मध्यप्रदेश का प्रथम हिन्दी मासिक 'नवजीवन' था। यह वर्ष 1915 में इन्दौर से प्रकाशित हुआ।

28. मध्यप्रदेश के किस हवाई अड्डे का नाम राजा भोज हवाई अड्डा रखा गया।
(1) भोपाल (2) इन्दौर
(3) जबलपुर (4) ग्वालियर

व्याख्या- मध्यप्रदेश में पाँच हवाई अड्डे क्रमश: भोपाल, इन्दौर जबलपुर, ग्वालियर, एवं खजुराहों है इनमें से भोपाल हवाई अड्डे का नाम राजा भोज हवाई अड्डा रखा गया है। जबकि इन्दौर हवाई अड्डे का नाम बदलकर देवी अहिल्याबाई हवाई अड्डा कर दिया गया है।

29. निम्न में से कौन-सा राष्ट्रीय राजमार्ग मध्य प्रदेश से नहीं गुजरता? (SI 2012)
(अ) NH 27 (ब) NH 28
(स) NH 78 (द) NH 79

व्याख्या- म.प्र. से NH 28 नहीं गुजरता है।
NH 27 Þ इलाहबाद, चाकघाट, गंगेव, मनगवा (रीवा) म.प्र. में इसकी लम्बाई 42 किमी. है।
NH 78 Þ कटनी - उमरिया - शहडोल, मनेन्द्रगढ़, विश्रामपुर, अम्बिकापुर (छ.ग.)
म.प्र. में इसकी लम्बाई 244 किमी है।

30. कौन-सा शहर स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना का हिस्सा नहीं है- (आबकारी आरक्षक 2012)
(अ) दिल्ली (ब) मुम्बई
(स) चेन्नई (द) भोपाल

व्याख्या- स्वर्णिम चतुर्भुज योजना के अन्तर्गत 5846 किमी. लंबे राष्ट्रीय राजमार्ग द्वारा चार महानगरों, दिल्ली, मुम्बई, चेन्नई एवं कोलकाता को जोड़ा गया है। इस परियोजना में भोपाल सम्मिलित नहीं है।

31. भारतीय रेल का "पश्चिम मध्य रेलवे जोन" का मुख्यालय कहाँ स्थित है? (चतुर्थ श्रेणी परीक्षा 2012)
(अ) इन्दौर (ब) भोपाल
(स) जबलपुर (द) रीवा

व्याख्या- पश्चिम मध्य रेलवे जोन का मुख्यालय म.प्र. के जबलपुर में है। भारत के 17 रेलवे जोन में म.प्र. में एक है। इसकी स्थापना वर्ष 2003 में की गई।
म.प्र. में सर्वप्रथम रेलमार्ग का 1865 ई. में निर्माण किया गया।

32. निम्न में से कौन-सा राष्ट्रीय राजमार्ग मध्य प्रदेश से नहीं गुजरता? (चतुर्थ श्रेणी परीक्षा 2012)
(अ) एन एच 76 (ब) एन एच 77
(स) एन एच 78 (द) एन एच 75

व्याख्या- म.प्र. के कुल राष्ट्रीय राजमार्गों की संख्या 20 है।
NH-76 – यह म.प्र. का सबसे छोटा राष्ट्रीय राजमार्ग है। इसकी लम्बाई 30 किमी है।
NH-75 – इसकी लम्बाई 211 किमी. है, इसका मार्ग रीवा-रेनकूट-डाल्टनगंज रावी है।
NH-78 – लम्बाई 244 किमी, मार्ग कटनी-शहडोल-अम्बिकापुर।

22.(ब) 23.(ब) 24.(ब) 25.(अ) 26.(अ) 27.(स) 28.(अ) 29.(ब) 30.(द) 31.(स) 32.(ब)

**33. मध्य प्रदेश का प्रथम सूखा बंदरगाह कहाँ स्थापित है?** **( चतुर्थ श्रेणी परीक्षा 2012 )**

(अ) पीथमपुर (ब) मालनपुर
(स) विजयपुर (द) मंडीदीप

**व्याख्या-** मध्यप्रदेश का प्रथम सूखा बन्दरगाह पीथमपुर (धार) को कहा जाता है। यह केन्द्र सरकार के सहयोग से निर्मित औद्योगिक विकास केन्द्र है।
इसको विशेष आर्थिक क्षेत्र (SEZ) का दर्जा प्राप्त है।

**34. भोपाल से इस जिला मुख्यालय की सड़क मार्ग से दूरी सर्वाधिक है-** **( सहायक ग्रेड-3, 2012 )**

(अ) टीकमगढ़ (ब) कटनी
(स) धार (द) अशोकनगर

**व्याख्या-** दिए गए विकल्पों में से कटनी जिला मुख्यालय की भोपाल से सड़क मार्ग से दूरी सर्वाधिक है।

**35. किस रेलगाड़ी को आई.एस.ओ. 9001 गुणवत्ता प्रमाणी-करण मिला है?** **( पटवारी परीक्षा 2008 )**

(अ) भोपाल एक्सप्रेस (ब) मालवा एक्सप्रेस
(स) बीना पैसेन्जर (द) अमरकंटक एक्सप्रेस

**व्याख्या-** म.प्र. के भोपाल से दिल्ली चलने वाली भोपाल एक्सप्रेस ISO 9001 प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाली देश की पहली ट्रेन है। भोपाल के हबीबगंज स्टेशन को ISO9001 प्रमाण पत्र प्राप्त करने का गौरव हासिल है।

**36. निम्न में से किस स्थान पर हवाई अड्डा नहीं है?** **( पर्यटन विभाग ( सहायक ग्रेड-3 ), 2013 )**

(अ) खजुराहो (ब) इन्दौर
(स) जबलपुर (द) सागर

**व्याख्या-** मध्य प्रदेश में पाँच हवाई अड्डे है—(1) भोपाल (2) इन्दौर (3) खजुराहो (4) जबलपुर (5) ग्वालियर

**37. जबलपुर एवं भोपाल किस रेलवे जोन के अंतर्गत आते हैं?** **( असीस्टेन्ट सब इंस्पेक्टर परीक्षा- 2013 )**

(अ) पश्चिम मध्य रेलवे (ब) दक्षिण पूरब रेलवे
(स) पश्चिम रेलवे (द) पूरब रेलवे

**व्याख्या-** जबलपुर एवं भोपाल पश्चिम केन्श्वेय रेलवे जोन के अन्तर्गत आते है।
वर्तमान में तीन रेलवे जोन है-
1. पश्चिम मध्य रेलवे- जबलपुर, सागर, सतना, खण्डवा, विदिशा, होशंगाबाद एवं भोपाल।
2. पश्चिम रेलवे- इन्दौर, देवास, सीहोर, उज्जैन, रतलाम, मन्दसौर, नीमच आदि
3. दक्षिणी पूर्वी मध्य रेल्वे- शहडोल, छिंदवाड़ा, बालाघाट, सिवनी आदि।

**38. निम्न में से कौन-सा मध्यप्रदेश में नहीं है?** **( परिवहन आरक्षक परीक्षा- 2012 )**

(अ) मध्य रेलवे (ब) पश्चिम रेलवे
(स) दक्षिण पूर्वी रेलवे (द) उत्तर पूर्वी रेलवे

**व्याख्या-** वर्तमान में मध्यप्रदेश में तीन रेलवे जोन है- पश्चिम रेलवे, मध्य रेलवे तथा दक्षिण-पूर्वी रेलवे मध्य प्रदेश के रेल मार्ग प्रशासनिक दृष्टि से इन क्षेत्रों में बाँटा गया है।

**39. राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-7 एवं क्रमांक-27 का संगमन बिन्दु इस जिले में है-** **( ट्रांस्लेशन सहायक ग्रेड-3 प्रारम्भिक परीक्षा- 2012 )**

(अ) सतना (ब) कटनी
(स) रीवा (द) जबलपुर

**व्याख्या-** राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-7 एवं क्रमांक-27 का संगमन बिन्दु रीवा जिले में है। यह रीवा जिले के मनगवा में मिलता है।

**40. मध्यप्रदेश के कितने हवाई अड्डों को अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डों का दर्जा प्राप्त है-**

(अ) 2 (ब) 3
(स) 4 (द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**व्याख्या-** मध्यप्रदेश के दो हवाई अड्डों देवी अहिल्या बाई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा इन्दौर एवं राजा भोज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा भोपाल को अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का दर्जा प्राप्त है। इंदौर हवाई अड्डे से अन्तर्राष्ट्रीय उड़ान दिसम्बर 2018 से प्रारंभ होना है।

**41. देश की पहली निजी टेलीफोन सेवा एयरटेल ( टचटेल कहाँ से प्रारंभ की गई थी-**

(अ) भोपाल (ब) इन्दौर
(स) देवास (द) जबलपुर

**व्याख्या-** देश की पहली निजी टेलीफोन सेवा एयरटेल (टचटेल) देवास से प्रारंभ की गयी थी।

**42. जंतर-मंतर वेधशाला उज्जैन के निर्माता हैं-**

(अ) जीवाजीराव सिंधिया (ब) राजा विक्रमादित्य
(स) सवाई जयसिंह (द) वराहमिहिर

**व्याख्या-** जयपुर के राजा सवाई जयसिंह ने उज्जैन में जंतर-मंतर वेधशाला का निर्माण करवाया था इसके अलावा सवाई जयसिंह ने दिल्ली, मथुरा एवं वाराणसी में भी वेधशालाओं का निर्माण करवाया था।

**43. मध्यप्रदेश से निकटतम बदरगाह कौन- सा है**

(अ) मुंबई (ब) विशाखापट्नम
(स) पारादीप (द) कांडला

**व्याख्या-** उपर्युक्त बंदरगाहों में से मुंबई बंदरगाह मध्यप्रदेश राज्य से सबसे नजदीक है।

33.(अ) 34.(ब) 35.(अ) 36.(द) 37.(अ) 38.(द) 39.(स) 40.(अ) 41.(स) 42.(स) 43.(अ)

44. अंतर्राष्ट्रीय मानक समय (IST) $82\frac{1}{2}^{\circ}$ पूर्वी देशांतर रेखा मध्यप्रदेश के किस जिले से होकर गुजरती है-

(अ) रीवा (ब) सिंगरौली

(स) सीधी (द) शहडोल

व्याख्या- अंतर्राष्ट्रीय मानक समय (IST) 82½ पूर्वी देशांतर रेखा मध्यप्रदेश के सिंगरौली जिले से होकर निकलती है। यही रेखा इलाहाबाद के समीप नैनी से निकलती है जहाँ भारत का मानक समय निर्धारित किया जाता है।

45. मध्यप्रदेश के कितने जिलों की सीमा उत्तरप्रदेश राज्य से स्पर्श करती है।

(अ) 12 (ब) 15

(स) 9 (द) 7

व्याख्या- मध्यप्रदेश के 12 जिलों की सीमा उत्तरप्रदेश से लगती है जो इस प्रकार हैं- 1. मुरैना, 2. भिण्ड, 3. दतिया, 4. शिवपुरी, 5. अशोकनगर, 6. सागर, 7. टीकमगढ़, 8. छतरपुर, 9. पन्ना 10 सतना, 11. रीवा 12. सिंगरौली।

46. क्षेत्रफल की दृष्टि से मध्यप्रदेश के दो बड़े जिले हैं-

(अ) छिंदवाड़ा, शिवपुरी (ब) जबलपुर, सीधी

(स) इन्दौर, होशंगाबाद (द) शहडोल, रीवा

व्याख्या- क्षेत्रफल की दृष्टि से मध्यप्रदेश के दो सबसे बड़े जिले छिंदवाड़ा एवं शिवपुरी हैं।

47. मध्यप्रदेश का दूसरा सबसे लम्बा राष्ट्रीय राजमार्ग कौन सा है? (डेयरी फेडरेशन 2016)

(अ) NH-7 (ब) NH-8

(स) NH-10 (द) NH-20

व्याख्या- मध्यप्रदेश का सबसे बड़ा राजमार्ग NH-3 (आगरा-मुंबई) एवं दूसरा बड़ा राजमार्ग NH-7 (वाराणसी-कन्याकुमारी) है। NH-3 की मध्यप्रदेश में लम्बाई 717 किमी. म.प्र. में NH-7 की लम्बाई 511 किमी है।

48. म.प्र. में प्रथम रेलमार्ग कब शुरु हुआ? (डेयरी फेडरेशन 2016)

(अ) 1886 (ब) 1897

(स) 1867 (द) 1857

व्याख्या- म.प्र. में प्रथम रेलमार्ग वर्ष 1867 में शुरू हुआ जब दिल्ली मुंबई रेलमार्ग को निर्मित किया गया।

49. सॉफ्टवेयर कंपनी इन्फोसिस का सुपर कॉरिडोर कहाँ निर्माणाधीन है? (डेयरी फेडरेशन 2016)

(अ) भोपाल (ब) इंदौर

(स) जबलपुर (द) ग्वालियर

व्याख्या- साफ्टवेयर कंपनी इन्फोसिस का सुपर कोरिडोर इंदौर में निर्माणाधीन है।

50. रेल मंत्रालय द्वारा म.प्र. में रेलवे कोच फैक्ट्री के स्थापना कब की गयी? (डेयरी फेडरेशन 2016)

(अ) 1975 (ब) 1976

(स) 1977 (द) 1978

व्याख्या- रेल मंत्रालय द्वारा मध्यप्रदेश में रेलवे कोच फैक्ट्री की स्थापना वर्ष 1976 में की गयी थी।

51. भोपाल में स्थित विमानपत्तन का नाम है। (महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता 2016)

(अ) धाना अंतर्राष्ट्रीय विमानपत्तन

(ब) राजा सिंधिय अंतर्राष्ट्रीय विमानपत्तन

(स) राजा भोज विमानपत्तन

(द) दुमना विमानपत्तन

व्याख्या- भोपाल में स्थित विमानपत्तन का नाम राजा भोज विमानपत्तन है।

52. ISO-9001 प्रमाण-पत्र प्राप्त करने वाले मध्यप्रदेश का प्रथम रेलवे स्टेशन कौनसा है? (चतुर्थ श्रेणी 2015)

(अ) सतना रेलवे स्टेशन (ब) रीवा रेलवे स्टेशन

(स) हबीबगंज रेलवे स्टेशन (द) इटारसी रेलवे स्टेशन

व्याख्या- ISO-9001 प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाला प्रदेश का प्रथम रेलवे स्टेशन हबीबगंज रेलवे स्टेशन है तथा इटारसी प्रदेश का सबसे बड़ा रेलवे जंक्शन है।

53. क्षेत्रफल के आधार पर मध्यप्रदेश राज्य का देश में कौन-सा स्थान है? (सहायक ग्रेड-3 2014)

(अ) पहला (ब) दूसरा

(स) तीसरा (द) चौथा

व्याख्या- समस्त म.प्र. का क्षेत्रफल 3,08,252 वर्ग किमी. है जो देश के कुल क्षेत्रफल का 9.38% है जिसका स्थान देश में राजस्थान के बाद दूसरा स्थान प्राप्त है।

54. निम्न में से म.प्र. में राष्ट्रीय राज्यमार्गों की लंबाई कितनी है?

(अ) 3236 Km. (ब) 5193.57 Km.

(स) 806 Km. (द) 7806 Km.

व्याख्या- म.प्र. में राष्ट्रीय राज्यमार्गों की कुल लंबाई 5193.57 Km. है।

55. राष्ट्रीय राजमार्ग कहते हैं:-

(अ) देश के प्रमुख नगरों को जोड़ने वाले मार्ग को

(ब) राजधानी से जाने वाले मार्ग को।

(स) राजाओ के नाम से रखे जाने वाले मार्ग।

(द) इनमें से कोई नहीं।

44.(ब) 45.(अ) 46.(अ) 47.(अ) 48.(स) 49.(ब) 50.(ब) 51.(स) 52.(स) 53.(ब) 54.(द) 55.(अ)

**व्याख्या-** किसी भी देश के राष्ट्रीय राजमार्ग उसके प्रमुख नगरों को एक-दूसरे से जोड़ते है और इनकी देख-रेख का जिम्मा केन्द्र सरकार का होता है।

**56. म.प्र. के किस रेलवे जोन द्वारा प्रदेश में परिवहन नहीं होता?**

(अ) मध्य रेलवे (ब) पश्चिमी रेलवे
(स) उत्तरी रेलवे (द) दक्षिण पूर्वी रेलवे

**व्याख्या-** म.प्र. में उत्तरी रेलवे द्वारा परिवहन नहीं होता जबकि मध्य, पश्चिम तथा दक्षिण-पूर्वी रेलवे द्वारा होता है।

**57. निम्नलिखित में से कौनसे स्थान नियमित वायुसेवा से जुड़े हैं?**

(अ) जबलपुर (ब) खजुराहो
(स) इंदौर (द) उपरोक्त सभी

**व्याख्या-** म.प्र. के 5 नगर खजुराहो, जबलपुर, भोपाल, इंदौर, ग्वालियर ये सभी नियमित वायुसेवा से जुड़े हैं।

**58. किस वर्ष म.प्र. में डाक-तार मण्डल का गठन हुआ?**

(अ) 1962 (ब) 1963
(स) 1964 (द) 1965

**व्याख्या-** म.प्र. में डाक-तार मण्डल का गठन 1 अप्रैल, 1962 को किया गया। तत्पश्चात् 1 जुलाई, 1963 को इसका मुख्यालय नागपुर से भोपाल स्थानांतरित कर दिया गया।

**59. निम्न में से म.प्र. में रेलवे समाचार पूर्ण चंश्वेदय व सत्यवोधनी कहाँ से प्रकाशित होते थे?**

(अ) खजुराहो (ब) ग्वालियर
(स) इंदौर (द) भोपाल

**व्याख्या-** म.प्र. के इंदौर से पूर्ण चंश्वेदय (1860) तथा सत्यबोधनी (1885) में प्रकाशित हुए। साथ ही रेलवे समाचार (1882) और मालवा अखबार (1892) में प्रकाशित हुए।

**60. निम्न में से म.प्र. संदेश समाचार पत्र किस नाम से प्रकाशित होता था?**

(अ) भारत भ्राता (ब) नव-जीवन
(स) जीवाजी प्रताप (द) म.प्र. भ्रमण

**व्याख्या-** म.प्र. का सबसे पुराना संदेश समाचार पत्र पूर्व में जीवाजी प्रताप के नाम से प्रकाशित होता था। 1905 में इसका सर्वप्रथम प्रकाशन ग्वालियर में हुआ।

**61. निम्नलिखित में से विश्व का दूसरा तथा देश का पहला आदिवासी संचार शोध केन्द्र कहाँ स्थापित है?**

(अ) मंदसौर (ब) अलीराजपुर
(स) झाबुआ (द) धार

**व्याख्या-** झाबुआ में भारत का पहला ही नहीं बल्कि विश्व का भी दूसरा आदिवासी संचार शोध केन्द्र है। जबकि विश्व का पहला ऐसा केन्द्र ऑस्ट्रेलिया है।

**62. किस प्रादेशिक स्थल पर हवाई अड्डा नहीं है?**

(अ) खजुराहो (ब) भोपाल
(स) जबलपुर (द) सीधी

**व्याख्या-** म.प्र. में कुल 5 हवाई अड्डे हैं- भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर, इंदौर, खजुराहो। सीधी में हवाई अड्डा नहीं है।

**63. निम्न में से म.प्र. में राष्ट्रीय राजमार्ग कुल सड़क मार्ग का कितना प्रतिशत है?**

(अ) 8.03% (ब) 8.04%
(स) 8.05% (द) 8.06%

**व्याख्या-** म.प्र. में राष्ट्रीय राजमार्ग कुल सड़क मार्ग का 8.06% है। क्योंकि प्रदेश में कुल सड़कों की लंबाई 58,243 हजार कि.मी. है। जबकि राष्ट्रीय राजमार्ग की लंबाई 7806 Km. है।

**64. म.प्र. के किस जिले में सड़कों का घनत्व सर्वाधिक है?**

(अ) छिंदवाड़ा (स) सतना
(ब) बैतूल (द) शिवपुरी

**व्याख्या-** म.प्र. के सतना जिले में सड़कों का घनत्व सर्वाधिक है। परंतु सर्वाधिक सड़कें सीधी में हैं।

**65. निम्न में से प्रदेश का पहला टीवी स्टूडियो कहाँ स्थापित किया गया?**

(अ) ग्वालियर (ब) भोपाल
(स) सागर (द) जबलपुर

**व्याख्या-** म.प्र. की राजधानी भोपाल में प्रदेश का पहला टीवी स्टूडियो स्थापित हुआ। अल्पशक्ति ट्रांसमीटर 1982 में भोपाल में स्थापित किया गया।

**66. इनमें से कौन सुमेलित है?**

(अ) बुरहानपुर-वीर संतरी (स) बालाघाट-कर्तव्य
(ब) रतलाम-चेतना (द) मुरैना-युग प्रणेता

**व्याख्या-** बालाघाट में विश्व सूर्य नामक समाचार पत्र का प्रकाशन होता है, जबकि कर्तव्य का प्रकाशन दमोह में होता है।

**67. म.प्र. के किस स्थान पर देश का पहला कार्गो हवाई अड्डा स्थापित करने की योजना है:-**

(अ) डबरा (ब) ओरछा
(स) सागर (द) खजुराहो

**व्याख्या-** ग्वालियर के निकट डबरा में देश का पहला कार्गो हवाई अड्डा स्थापित करने की योजना है। यह अड्डा राज्य सरकार GSCL (ग्वालियर चीनी कंपनी लिमिटेड के साथ मिलकर स्थापित करेगी।

**68. पुलिस वायरलेस प्रशिक्षण महाविद्यालय, म.प्र. के किस स्थान पर स्थित है? (परिवहन आरक्षक-2012, करादान सहायक-2010)**

(अ) सागर (ब) जबलपुर

56.(स) 57.(द) 58.(अ) 59.(स) 60.(स) 61.(स) 62.(द) 63.(द) 64.(स) 65.(ब) 66.(स) 67.(अ)

(स) भोपाल (द) इंदौर

व्याख्या- म.प्र. में पुलिस वायरलेस प्रशिक्षण महाविद्यालय की स्थापना प्रदेश के इंदौर में की गई है।

69. म.प्र. का एकमात्र सिंधी समाचार पत्र कौनसा है?

( Labour Inspector Recruitment Test-2017 )

( Combined Assitant Grade III-2012 )

(अ) फर्ज (स) अकबर टाइम्स

(ब) हल ओ-इंसाफ (द) कोई नहीं

व्याख्या- म.प्र. का एकमात्र सिंधी समाचार पत्र फर्ज है।

70. निम्न में से म.प्र. में कौन-सा प्रसिद्ध अखबार नहीं छपता?

( पर्यटन विभाग-2013 )

(अ) दैनिक जागरण (ब) राजस्थान पत्रिका

(स) द हिन्दू (द) नवभारत

व्याख्या- 'द हिन्दू' अखबार म.प्र. में नहीं छपता जबकि दैनिक जागरण, नवभारत, राजस्थान पत्रिका प्रदेश में छपते है।

71. राज्य में सर्वाधिक प्रसार संख्या वाला समाचार पत्र वर्तमान में कौनसा है?

( पुलिस उपनिरीक्षक/प्लाटून कमाण्डर/सूबेदार भर्ती परीक्षा-2016 )

(अ) नईदुनिया (ब) रंगभूमि

(स) दैनिक भास्कर (द) नवभारत

व्याख्या- दैनिक भास्कर राज्य का सर्वाधिक प्रसार संख्या वाला समाचार पत्र है, परंतु प्रदेश में सर्वाधिक बिकने वाला अखबार नईदुनिया है, जो कि इंदौर में छपता है।

72. वसुधा पत्रिका का प्रकाशन होता था?

( Dairy Federation Recruitment Exam-2016 )

(अ) जबलपुर (ब) रतलाम

(स) भोपाल (द) इंदौर

व्याख्या- वसुधा पत्रिका का प्रकाशन जबलपुर में होता था। इसका सर्वप्रथम प्रकाशन (1956), हरिशंकर परसाई ने किया था।

73. म.प्र. में भू-उपग्रह दूरसंचार अन्वेषण केन्द्र कहाँ है?

( State Engineering Service ( Pre ) Exam-2016 )

(अ) भोपाल (ब) इंदौर

(स) गुना (द) कोई नहीं

व्याख्या- म.प्र. के गुना में भू-उपग्रह दूरसंचार अन्वेषण केन्द्र स्थित है।

74. 'नदीम' उर्दू का सबसे पुराना अखबार म.प्र. के किस शहर से प्रकाशित होता है?

( Steno Typist and Assistant Grade 3 : 2016 )

(अ) जबलपुर (ब) भोपाल

(स) सागर (द) रीवा

व्याख्या- 'नदीम' का प्रकाशन भोपाल से होता है। नदीम उर्दू का सबसे पुराना अखबार है। यह अखबार वर्तमान में भी प्रकाशित हो रहा है।

75. म.प्र. से सड़कों से जुड़े ग्रामों की संख्या कितनी है?

( Dairy Federation Recruitment Exam-2016 )

(अ) 51,000 (ब) 47,000

(स) 49,000 (द) 39,000

व्याख्या- म.प्र. में 7806 किमी राष्ट्रीय राजमार्ग, 11060 प्रांतीय राजमार्ग, 20412 मुख्य जिला मार्ग तथा 24359 किमी अन्य ग्रामीण मार्ग हैं। म.प्र. में सड़कों से जुड़े ग्रामों की संख्या 49,000 है।

76. मध्यप्रदेश का सबसे व्यस्ततम हवाई अड्डा .... है।

Group-2 2018


(अ) देवी अहिल्याबाई होलकर (ब) राजा भोज

(स) जबलपुर (द) ग्वालियर

व्याख्या- मध्य प्रदेश में कुल 5 हवाई अड्डे हैं जो इन्दौर भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर व खजुराहों में है। प्रदेश का सर्वाधिक व्यस्ततम हवाई अड्डा इंदौर का देवी अहिल्याबाई होल्कर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा है।

* * *

68.(द) 69.(अ) 70.(स) 71.(स) 72.(अ) 73.(स) 74.(ब) 75.(स) 76.(अ)




# अध्याय–14

# मध्यप्रदेश में पर्यटन

1. इवेन पूल जो एक स्नान पूल है ...... में स्थित है।
   (महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता 2016)

   (अ) पचमढ़ी (ब) चंबल
   (स) खजुराहो (द) ताप्ती

व्याख्या- इवेन पूल पंचमढ़ी में स्थित है।

2. किस राज्य को बेस्ट स्टेट टूरिज्म बोर्ड ऑफ द ईयर 2013 पुरस्कार दिया गया है।

   (अ) गुजरात (ब) उत्तरप्रदेश
   (स) राजस्थान (द) मध्यप्रदेश

व्याख्या- मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम को ट्रेवल्स एजेंट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के बेस्ट स्टेट टूरिज्म बोर्ड ऑफ द ईयर पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

3. म. प्र. पर्यटन विभाग के ब्रांड एम्बेसडर के रूप में किसे चुना गया है।

   (अ) अमिताभ बच्चन (ब) आमिर खान
   (स) अक्षय कुमार (द) अभिषेक बच्चन

व्याख्या- म. प्र. पर्यटन विभाग के ब्रांड एम्बेसडर के रूप में अभिषेक बच्चन को चुना गया है, जबकि अमिताभ बच्चन गुजरात पर्यटन बोर्ड के ब्रांड एम्बेसडर हैं।

4. असीरगढ़ का किला किस जिले में स्थित है-
   (जैल प्रहरी परीक्षा 2015)

   (अ) रायसेन (ब) मन्दसौर
   (स) धार (द) बुरहानपुर

व्याख्या- असीरगढ़ का किला अहीर राजा 'आसा' ने बनवाया था, जो बुरहानपुर में है, यहाँ पर आशा देवी की प्रतिमा व मंदिर स्थित है तथा 10वीं शताब्दी में निर्मित एक प्राचीन शिव मंदिर भी है।

5. 'बाघ की गुफाएँ' इस जिले में स्थित हैं- (सहायक ग्रेड-3, 2012)

   (अ) अलीराजपुर (ब) धार
   (स) झाबुआ (द) बड़वानी

व्याख्या- बाघ की गुफाएँ धार में स्थित हैं। इन गुफाओं की तुलना अजंता की गुफाओं से की गई है। यह विंध्यांचल की पहाड़ियों पर निर्मित है। वर्तमान में 5 गुफाएँ शेष व सुरक्षित हैं।

1.(अ) 2.(द) 3.(द) 4.(द) 5.(ब)

6. मध्यप्रदेश में स्नेह प्रपात कहाँ पर स्थित है-
(अ) अमरकंटक (ब) माण्डू
(स) खजुराहो (द) पचमढ़ी

व्याख्या- मध्यप्रदेश में स्नेह जलप्रपात पर्यटन स्थल खजुराहो के समीप स्थित है।

7. मध्यप्रदेश में यूनेस्को द्वारा कितने स्थलों को 'विश्व पैतृक स्थल' के रूप में घोषित किया गया? (पुलिस आरक्षक 2013)
(अ) 3 (ब) 4
(स) 5 (द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

व्याख्या- यूनेस्को द्वारा मध्यप्रदेश के तीन स्थलों को विश्व धरोहर सूची में शामिल किया गया है।
(1) खजुराहो (1986 में)
(2) साँची स्तूप (1989 में)
(3) भीम बैटका गुफाएँ (2003 में)

8. भेडाघाट जलप्रपात किस जिले में स्थित है।
(अ) इन्दौर (ब) रीवा
(स) होशंगाबाद (द) जबलपुर

व्याख्या- भेडाघाट जलप्रपात (ऊँचाई 18 मीटर) जबलपुर में स्थित है। नर्मदा एवं बावन नदी के संगम पर स्थित है। तथा यहाँ बन्दर कूदनी और चौसठ योगिनी के मन्दिर है। भृगु ऋषि ने यही तपस्या की थी।

9. झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई की समाधि किस स्थान पर है।
(अ) मण्डला (ब) जबलपुर
(स) इन्दौर (द) ग्वालियर

व्याख्या- झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई 28 जून 1858 में ग्वालियर में ह्यूरोज की सेना के साथ मुकाबला करते हुए शहीद हो गयी, यही पर उनकी समाधि बनाई गई है।

10. उदयगिरि की गुफाएँ किस जिले में स्थित है।
(अ) रायसेन (ब) खजुराहो
(स) विदिशा (द) उज्जैन

व्याख्या- यह गुफाएँ विदिशा में है जिनकी संख्या 20 है। गुफा न. 2 व 20 जैन धर्म से सम्बन्धित है। शेष गुफाएँ बौद्ध धर्म से संबंधित है। इनका निर्माणकाल गुप्त काल माना जाता है।

11. भीम बेटका की गुफाएँ कहाँ स्थित है।
(अ) सिंगरौली (ब) होशंगाबाद
(स) रायसेन (द) पचमढ़ी

व्याख्या- भीम बेटका गुफाओं की खोज श्री वाकणकर ने की। यूनेस्को ने विश्व धरोहर में शामिल किया है। भीम बेटका की गुफाएँ रायसेन जिले में स्थित है।

12. विश्व प्रसिद्ध खजुराहों के मंदिरों की कुल संख्या क्या है? (असीस्टेन्ट सब इंस्पेक्टर परीक्षा- 2013)
(अ) 20 (ब) 22
(स) 25 (द) 28

व्याख्या- विश्व प्रसिद्ध खजुराहों के मन्दिरों की संख्या वर्तमान में 25 है। प्रारम्भ में यह संख्या 85 थी। खजुराहों को यूनेस्कों ने 1986 में विश्वधरोहर घोषित किया था।

13. सावन भादौं खम्ब कहाँ पर स्थित है-
(अ) खजुराहो (ब) ओरछा
(स) माण्डू (द) अमरकंटक

व्याख्या- सावन-भादौ खम्ब ओरछा में स्थित है ऐसा माना जाता है कि 17वीं 18वीं शताब्दी में दो खम्बें सावन-भादौ के महीने में झुककर एक-दूसरे से जुड़ जाते थे।

14. सिंधिया, होल्कर सहित मध्यभारत की 22 रियासतों ने भारत संघ में विलय हेतु किस तिथि को विलयपत्र पर हस्ताक्षर किये।
(अ) 22 अप्रैल 1948 (ब) 20 अप्रैल 1948
(स) 19 अगस्त 1947 (द) 26 जनवरी 1950

व्याख्या- सिंधिया, होल्कर सहित मध्य भारत की 22 रियासतों ने 22 अप्रैल 1948 को भारत संघ में विलय हेतु हस्ताक्षर किये।

15. प्रदेश का एकमात्र हिल स्टेशन कौन सा है-
(अ) खजुराहो (ब) चित्रकूट
(स) पचमढ़ी (द) भेड़ाघाट।

व्याख्या- म.प्र. का एकमात्र हिल स्टेशन पचमढ़ी है जो होशंगाबाद जिले में स्थित है।

16. प्रदेश में कितने प्रकार के पर्यटन स्थल हैं-
(अ) 6 (ब) 7
(स) 5 (द) 8।

व्याख्या- म.प्र. के पर्यटन स्थलों का वर्गीकरण इस प्रकार है- प्राचीन गुफाएँ, ऐतिहासिक दुर्ग, राजसी महल, समाधि व मकबरे, धार्मिक तीर्थ-स्थल, राष्ट्रीय उद्यान हिल स्टेशन हैं।

17. भेड़ाघाट में गौरीशंकर का विख्यात मंदिर किसने बनवाया?
(अ) चंदेल (ब) परमार
(स) कलचुरी (द) चोल।

व्याख्या- भेड़ाघाट जबलपुर से 21 कि.मी. दूर स्थित एक प्राकृतिक भू-स्थल है। भेड़ाघाट में गौरीशंकर का सुविख्यात मंदिर कलचुरी वंश के राजाओं ने 1156 में बनवाया था।

18. धुआँधार जलप्रपात किस नदी पर है-
(अ) धुआँ (ब) सोन

6.(स) 7.(अ) 8.(द) 9.(द) 10.(स) 11.(स) 12.(स) 13.(ब) 14.(अ) 15.(स) 16.(ब) 17.(स)

(स) चम्बल (द) नर्मदा।

व्याख्या- धुआँधार प्रपात जबलपुर से 21 कि.मी. दूर भेड़ाघाट के निकट संगमरमर की चट्टान के मध्य प्रवाहपूर्ण वेग से बहती नर्मदा नदी से गिरकर घोर गर्जन के साथ वाष्पकणों सहित बनता प्रपात है।

19. केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय ने म.प्र. के किस क्षेत्र को जैवमण्डल रिजर्व घोषित कर दिया है-
(अ) भेड़ाघाट (ब) चचाई (स) पचमढ़ी (द) मेनपाट।

व्याख्या- केन्द्रीय वन व पर्यावरण मंत्रालय ने म.प्र. के पचमढ़ी को जैवमण्डल रिजर्व घोषित कर दिया है। मंत्रालय द्वारा बायोस्फीयर रिजर्व में घोषित यह प्रदेश का पहला व देश का 10वाँ क्षेत्र है।

20. भारतीय दुर्गों की मणिमाला किसे कहते हैं-
(अ) अजयगढ़ (ब) नरवर का किला
(स) ग्वालियर का किला (द) ओरछा का दुर्ग।

व्याख्या- राजा सूरजसेन (525 ई.पू.) द्वारा बनवाया गया ग्वालियर का किला सम्भवतः सर्वाधिक महत्व का है। यह इतना विशाल भव्य व सुदृढ़दुर्ग है कि इसे भारत के किलों का रत्न कहा जाता है।

21. चंदेरी का किला किस जिले में है-
(अ) ग्वालियर (ब) अशोकनगर
(स) भोपाल (द) रायगढ़।

व्याख्या- चंदेरी बीना-कोटा रेलमार्ग के मुंगावली स्टेशन से 38 कि.मी. दूर है। इसका निर्माण प्रतिहार नरेश कीर्तिपाल ने कराया था। चंदेरी का किला अशोक नगर जिले में स्थित है।

22. अजयगढ़ का किला किस राजा ने बनवाया था-
(अ) अजयसिंह (ब) अर्जुनसिंह
(स) अजयपाल (द) आजिंक्य देव।

व्याख्या- पन्ना नगर से 34 कि.मी. दूर उत्तर में अजयगढ़एक छोटा नगर है। यहाँ एक विशाल सुदृढ़किला है जिसका निर्माण राजा अजयपाल ने कराया था।

23. ओरछा दुर्ग किस वंश की यशोगाथा है-
(अ) पाल वंश (ब) चन्देल वंश
(स) परमार वंश (द) बुन्देल वंश।

व्याख्या- ओरछा दुर्ग की यशोगाथा बुंदेल वंश से जुड़ी हुई है।

24. धार के दुर्ग का पुनर्निर्माण किस मुस्लिम शासक ने करवाया था-
(अ) अकबर (ब) अलाउद्दीन खिलजी
(स) मुहम्मद तुगलक (द) मुहम्मद शाह।

व्याख्या- म.प्र. के पश्चिमी भाग में धार जिला है जहाँ एक छोटी पहाड़ी पर यह किला है जिसका पुनःनिर्माण 1344 ई. में सुल्तान मोहम्मद तुगलक ने किया था।

25. रायसेन के दुर्ग का निर्माण किसने करवाया था-
(अ) राजवसंती (ब) अहीर
(स) आशादेवी (द) अजय।

व्याख्या- भोपाल से 46 कि.मी. दूर रायसेन अवस्थित है। यहीं एक पहाड़ी के शिखर पर रायसेन का दुर्ग 16वीं शताब्दी में राजा राजवसंती ने बनवाया था।

26. ग्वालियर के दुर्ग का निर्माण किसने करवाया था-
(अ) वीरसिंह (ब) जुमेरसिंह
(स) सूरजसेन (द) चन्द्रसेन।

व्याख्या- इस दुर्ग का निर्माण 525 ई. में राजा सूरजसेन ने करवाया था।

27. ग्वालियर दुर्ग में सास-बहू का मंदिर किसने बनवाया-
(अ) महिपाल (ब) सूरजपाल
(स) जयपाल (द) चन्द्रपाल।

व्याख्या- ग्वालियर में स्थित प्रसिद्ध सास-बहू का मंदिर महिपाल द्वारा बनवाया गया था।

28. धार में कालका देवी का मंदिर किसने बनवाया
(अ) पल्लव नरेश भोज (ब) चोलवंश भुज
(स) परमार नरेश मुंज (द) चंदेल नरेश।

व्याख्या- कालका देवी का मन्दिर प्राचीन झील के किनारे एक छोटी सी पहाड़ी पर निर्मित है इसका निर्माण परमार नरेश मुंज ने करवाया था।

29. कपिलधारा व दुग्धधारा जलप्रपात किस जिले में हैं-
(अ) अनुपपुर (ब) होशंगाबाद
(स) जबलपुर (द) कटनी।

व्याख्या- कपिलधारा एवं दुग्धधारा जलप्रपात वर्तमान अनुपपुर जिले में स्थित है जो कि अमरकंटक से नर्मदा नदी के उदगम के बाद ही बनते हैं।

30. अमरकंटक के चौबीस मन्दिर किस शासक वंश ने बनवाए थे-
(अ) चंदेल (ब) परमार
(स) कलचुरी (द) काण्य।

व्याख्या- अमरकंटक के अधिकांश मंदिर 10 वीं व 11 वीं शताब्दी में कलचुरी वंश के शासकों द्वारा बनवाए गए थे। यहाँ प्राचीन व नवीन 24 मंदिर हैं।

31. साँची में कितने स्तूप हैं-
(अ) 2 (ब) 3
(स) 4 (द) 5।

व्याख्या- म.प्र. के रायसेन जिले में स्थित प्रसिद्ध बौद्ध तीर्थ स्थल में 3 स्तूप हैं।

32. ओंकारेश्वर व उज्जैन में समानता है-
(अ) दोनों नर्मदा के किनारे पर हैं

18.(द) 19.(स) 20.(स) 21.(ब) 22.(स) 23.(द) 24.(स) 25.(अ) 26.(स) 27.(अ) 28.(स) 29.(अ) 30.(स) 31.(ब)

(ब) दोनों में ज्योतिर्लिंग हैं
(स) दोनों इन्दौर से 60 कि.मी. दूर
(द) उपरोक्त सभी।

व्याख्या- ओंकारेश्वर (खंडवा) और उज्जैन में देश के कुल 12 ज्योतिर्लिंगों में से 2 ज्योतिर्लिंग स्थित हैं।

**33. उदयगिरी की गुफाएँ किस वंशकाल की निर्मित हैं-**
(अ) मौर्यकाल (ब) गुप्तकाल
(स) वर्धनकाल (द) नागवल।

व्याख्या- उदयगिरि की गुफाएँ ईसा के बाद चौथी और पाँचवीं शताब्दी की हैं, जो गुप्तवंश की अद्भुत निर्माण कला का सुंदर उदाहरण हैं।

**34. भर्तृहरि की गुफाएँ किस जिले में हैं-**
(अ) भोपाल (ब) धार
(स) उज्जैन (द) ग्वालियर।

व्याख्या- उज्जैन से 12 कि.मी. दूर कलियादह महल की ओर भर्तृहरि की गुफाएँ हैं।

**35. भर्तृहरि की गुफाएँ किस वंश ने बनाई थीं-**
(अ) परमार (ब) चंदेल
(स) विक्रमादित्य (द) पाल

व्याख्या- इन गुफाओं की संख्या 9 है जिनमें से 4 खण्डित हो चुकी हैं। अब शेष पाँच गुफाएँ हैं। इन गुफाओं का निर्माण राजा भर्तृहरि की यादगार में परमार वंश के राजाओं ने ग्यारहवीं शताब्दी में कराया था।

**36. हेलियोडोरस का विशाल स्तम्भ कहाँ है-**
(अ) विदिशा (ब) सांची
(स) बड़वानी (द) ग्वालियर।

व्याख्या- हेलियोडोरस का विशाल स्तम्भ विदिशा में स्थित है।

**37. रानी दुर्गावती की समाधि कहाँ है-**
(अ) बरेली (जबलपुर) (स) अमरकंटक (जबलपुर)
(स) पनागर (जबलपुर) (द) पाटन (जबलपुर)।

व्याख्या- जबलपुर से 17 कि.मी. दूर बरेली ग्राम में रानी दुर्गावती की समाधि है।

**38. रानी दुर्गावती ने किससे पराजित होकर आत्म बलिदान किया था-**
(अ) खिलजियों से (ब) मुगलों से
(स) तुगलकों से (द) गुलामों से।

व्याख्या- रानी दुर्गावती ने मुगल सेनापति आसफ खाँ से पराजित होकर आत्म बलिदान किया था। (1564 में अकबर द्वारा)

**39. महारानी सख्याराजे सिंधिया की समाधि कहाँ पर है-**
(अ) ग्वालियर (ब) शिवपुरी
(स) शहडोल (द) अजयगढ़।

व्याख्या- शिवपुरी में सांख्यनगर के निकट महारानी सख्याराजे सिन्धिया की समाधि है, जिसका निर्माण महारानी के पुत्र महाराज माधवराव सिन्धिया ने कराया था।

**40. पर्यटन विकास निगम कहाँ पर स्थित है-**
(अ) भोपाल (ब) ग्वालियर
(स) पचमढ़ी (द) खजुराहो।

व्याख्या- पर्यटन विकास निगम भोपाल में स्थित है। इसकी स्थापना सन् 1975 में हुई।

**41. मुहम्मद गौस का मकबरा कहाँ स्थित है-**
(अ) शिवपुरी (ब) ग्वालियर
(स) धार (द) विदिशा।

व्याख्या- मुहम्मद गौस का मकबरा ग्वालियर में है।

**42. उज्जैन का प्राचीन नाम क्या है-**
(अ) महिष्मती (ब) उज्जयिनी
(स) दशापुर (द) अवन्ती

व्याख्या- राजा विक्रमादित्य बहुत बड़े विद्वान, कलाप्रिय और प्रतापी सम्राट थे। उनके राज्य में प्रजा बहुत सुखी थी। उस समय उज्जैन का नाम अवन्ती था।

**43. म.प्र. के किस स्थान पर शंकराचार्य की गुफाएँ स्थित हैं-**
(अ) ओंकारेश्वर (ब) महेश्वर
(स) मंडलेश्वर (द) उज्जैन।

व्याख्या- म.प्र. के ओंकारेश्वर (खंडवा) में शंकराचार्य की गुफाएँ स्थित हैं।

**44. नोहटा को किस राजवंश ने राजधानी बनाया था-**
(अ) पाल (ब) चंदेल
(स) गोंड (द) चोल।

व्याख्या- बीना-कटनी रेलमार्ग पर दमोह से 21 कि.मी. दूर नोहटा 12वीं शताब्दी में चंदेल राजाओं की राजधानी था। यह गुरइया और बेरमा नदियों के संगम पर बसा है।

**45. खजुराहो किस जिले में है-**
(अ) टीकमगढ़ (ब) छतरपुर
(स) छिंदवाड़ा (द) सतना।

व्याख्या- खजुराहो, छतरपुर जिले में है। जो यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची (1986) में शामिल हैं।

**46. म.प्र. में वह कौन-सा स्थान है जहाँ ब्रह्मा, विष्णु, महेश ने बाल अवतार लिया था-**
(अ) अमरकंटक (ब) महेश्वर

32.(ब) 33.(ब) 34.(स) 35.(अ) 36.(अ) 37.(अ) 38.(ब) 39.(ब) 40.(अ) 41.(ब) 42.(द) 43.(अ) 44.(ब) 45.(ब)

(स) चित्रकूट (द) ओंकारेश्वर।

व्याख्या- म.प्र. के चित्रकूट नामक स्थान पर पौराणिक कथाओं के अनुसार सती अनुसुईया के आश्रम पर ब्रह्मा, विष्णु, महेश ने बाल अवतार लिये थे।

**47. विख्यात गूजरी महल कहाँ स्थित है-**
(अ) इन्दौर (ब) ग्वालियर
(स) दतिया (द) शिवपुरी।

व्याख्या- ग्वालियर के प्रख्यात राजा मानसिंह तोमर ने 1486-1516 के मध्य अपनी प्रेमिका मृगनयनी के लिए ग्वालियर के दुर्ग के द्वार के निकट गूजरी महल बनवाया था।

**48. अशरफी महल कहाँ है-**
(अ) ओरछा (ब) चंदेरी
(स) माण्डू (द) रायसेन।

व्याख्या- यह महल माण्डू की प्रमुख इमारत है। यह महल कटोरी की भाँति बना है। यह अफगान कला का सुंदर नमूना है।

**49. विश्वविख्यात खजुराहो मंदिर का निर्माण चंदेल राजाओं ने कब कराया था-**
(अ) 950 से 1050 ई. के मध्य
(ब) 1001 से 1026 ई. के मध्य
(स) 1077 से 1089 ई. के मध्य
(द) 1486 से 1516 ई. के मध्य।

व्याख्या- मध्य रेलवे के हरपालपुर स्टेशन से 94 कि.मी. दूर छतरपुर जिले में प्रख्यात खजुराहो के मंदिर हैं जो हिन्दू स्थापत्य कला के उत्कृष्ट नमूने हैं। विश्वविख्यात् खजुराहो मंदिर का निर्माण चंदेल राजाओं ने 950-1050 ई. के मध्य कराया था।

**50. चंदेरी क्यों प्रसिद्ध है-**
(अ) उत्कृष्ट कला (ब) शिवालय
(स) साड़ियाँ (द) राष्ट्रीय पार्क।

व्याख्या- चंदेरी, साडियों की कलाओं एवं निर्माण के लिये प्रसिद्ध है।

**51. अकबर महान के दरबार के प्रसिद्ध संगीतज्ञ तानसेन का मकबरा कहाँ है-**
(अ) आगरा (ब) फतेहपुर सीकरी
(स) मंदसौर (द) ग्वालियर।

व्याख्या- अकबर महान के दरबार के प्रसिद्ध संगीतज्ञ तानसेन का मकबरा ग्वालियर में है। ये अकबर के नौ रत्नों में से एक थे।

**52. म.प्र. की कौन सी गुफा अजन्ता की गुफाओं के समान कलापूर्ण भित्तिचित्रों से युक्त है-**
(अ) बाघ की गुफाएँ (ब) भर्तृहरि गुफाएँ
(स) उदयगिरि की गुफाएँ (द) उपरोक्त में से कोई नहीं।

व्याख्या- बाघ की गुफाएँ विंध्याचल की पहाड़ियों में धार जिले में स्थित हैं। ये गुफाएँ अजंता की गुफाओं के समान कलापूर्ण भित्तिचित्रों से युक्त हैं।

**53. बाघ की गुफा को किस महल के नाम से जाना जाता है-**
(अ) हवा महल (ब) रंगमहल
(स) इत्रदार महल (द) बादल महल।

व्याख्या- गुफा नं. 4 में रंग-बिरंगे चित्र थे और गुफा की छत पर भी रंगीन चित्रकारी थी जिसके कारण इसे रंगमहल कहा जाता था।

**54. चंदेरी के किले का निर्माण किसने किया-**
(अ) प्रतिहार नरेश कीर्तिपाल (ब) गौड शासक कमलापति
(स) अजयपाल (द) वीरसिंह जूदेव।

व्याख्या- बेतवा नदी के किनारे अवस्थित चंदेरी के किले का निर्माण प्रतिहार नरेश कीर्तिपाल ने 11वीं शताब्दी में कराया था।

**55. जौहरकुण्ड किस किले में है जिसमें बाबर के आक्रमण के समय आठ सौ राजपूत स्त्रियाँ आग में जलकर भस्म हो गईं थीं-**
(अ) असीरगढ़का किला (ब) चंदेरी का किला
(स) धार का किला (द) नरवर का किला।

व्याख्या- जौहरकुण्ड चंदेरी के किले (अशोकनगर) में स्थित है। जौहर वह प्रथा थी, जिसमें राजाओं की पत्नियाँ, सामूहिक रूप से आत्मदाह करती थी।

**56. अजयगढ़ के किले में विशेष दर्शनीय स्थल कौन-सा है-**
(अ) अशरफी महल (ब) राजा अमन का महल
(स) मदन महल (द) बघेलिन महल।

व्याख्या- अजयगढ़ किले का निर्माण राजा अजयपाल ने कराया था 18वीं शताब्दी में पन्ना रियासत के राजाओं ने इस किले का पुनर्निर्माण कराया था। इस किले में राजा अमन का महल प्रसिद्ध है।

**57. चतुर्भुज मंदिर का निर्माण सत्रहवीं शताब्दी में किसने कराया था-**
(अ) कमलापति (ब) अजयपाल
(स) वीरसिंह जूदेव (द) कीर्तिपाल।

व्याख्या- ओरछा में चतुर्भुज मंदिर का निर्माण सत्रहवी शताब्दी में वीरसिंह जूदेव द्वारा निर्मित किया गया था।

**58. कन्हरगढ़ दुर्ग किस जिले में है-**
(अ) ग्वालियर (ब) भिण्ड
(स) मुरैना (द) दतिया

व्याख्या- यह दुर्ग दतिया जिले में सिंध नदी के तट पर बना है। इसको सेवड़ा के महाराजा पृथ्वीसिंह रसनिधि ने बनवाया था।

**59. बंजर एवं नर्मदा नदी के संगम पर कौन-सा दुर्ग विद्यमान है-**
(अ) नरवर का दुर्ग (ब) कन्हरगढ़दुर्ग

46.(स) 47.(ब) 48.(स) 49.(अ) 50.(स) 51.(द) 52.(अ) 53.(ब) 54.(अ) 55.(ब) 56.(ब) 57.(स) 58.(द)

(स) मण्डला का दुर्ग (द) रायसेन का दुर्ग।

व्याख्या- बंजर नदी एवं नर्मदा नदी के संगम पर मंडला का दुर्ग निर्मित किया गया था।

60. जहाँगीर ने अपने विश्राम के लिये किस दुर्ग में जहाँगीर महल बनवाया था-
(अ) कन्हरगढ़दुर्ग (ब) ओरछा दुर्ग
(स) ग्वालियर दुर्ग (द) गिन्नोरगढ़।

व्याख्या- जहाँगीर ने अपने विश्राम के लिये जहाँगीर महल का निर्माण, ओरछा दुर्ग में करवाया था।

61. सारिपुत्र व महायोगलायन के अस्थि अवशेष काँच की मंजूषा में कहाँ सुरक्षित हैं-
(अ) जयविलास (ब) साँची
(स) विदिशा (द) ग्वालियर।

व्याख्या- मध्य रेलवे के झाँसी-इटारसी मार्ग पर एक छोटा स्टेशन, भोपाल से 46 कि.मी. दूर साँची स्थित है। यहाँ पर महात्मा बुद्ध के शिष्य सारिपुत्र एवं महायोगलायन के अस्थि अवशेष काँच मजूषा में सुरक्षित रखे है।

62. किस जिले में जैनियों का पवित्र तीर्थस्थल मुक्तागिरी स्थित है-
(अ) बैतूल (ब) छिंदवाड़ा
(स) होशंगाबाद (द) हरदा।

व्याख्या-मुक्तागिरी जो कि जैन तीर्थस्थल है, बैतूल जिले में अवस्थित है।

63. किस नगर के दक्षिण में प्रख्यात जंतरमंतर 1733 में जयपुर के महाराजा जयसिंह ने बनवाया था-
(अ) उज्जैन (ब) कलकत्ता
(स) जयपुर (द) दिल्ली।

व्याख्या- उज्जैन नगर के दक्षिण में प्रख्यात जंतर-मंतर 1733 में जयपुर के महाराजा जयसिंह ने बनवाया था।

64. भगवान आदिनाथ की 72 फीट ऊँची विशाल खडगासन प्रतिमा कहाँ है-
(अ) बड़वानी (ब) बावनगजा
(स) महेश्वर (द) खरगोन।

व्याख्या- भगवान आदिनाथ की 72 फीट ऊँची प्रतिमा बावनगजा बड़वानी जिले में है।

65. खजुराहो के मंदिर कितने समूह में बँटे हैं-
(अ) चार समूह (ब) दो समूह
(स) तीन समूह (द) उपरोक्त में से कोई नहीं।

व्याख्या- खजुराहो छतरपुर जिले में है। यहाँ मंदिर तीन समूहों में बँटे हैं- पश्चिमी समूह, पूर्वी समूह, दक्षिणी समूह।

66. जैनियों का तीर्थ स्थल ऊन किस जिले में स्थित है-
(अ) बड़वानी (ब) खंडवा
(स) खरगोन (द) महेश्वर।

व्याख्या- पावागिरी (ऊन) यह सिद्ध क्षेत्र खरगोन जिले में बसा है। यहाँ कई मुनियों ने मोक्ष प्राप्त किया इसलिए इसे सिद्ध क्षेत्र भी कहते हैं।

67. सोनागिरी किस जिले में है-
(अ) भिण्ड (ब) मुरैना
(स) दतिया (द) गुना।

व्याख्या- जैन तीर्थस्थल सोनागिरी, दतिया जिले में है।

68. भगवान बाहुबली की 27 फीट ऊँची खडगासन प्रतिमा कहाँ है-
(अ) सोनगिरि (ब) गोम्मटगिरि
(स) पावागिरि (द) मुक्तागिरि।

व्याख्या- गोम्मटगिरि जो कि इन्दौर में स्थित है, यहाँ भगवान बाहुबली की 27 feet ऊँची खड़गासन प्रतिमा स्थापित है।

69. पीताम्बरा पीठ कहाँ पर स्थित है-
(अ) ग्वालियर (ब) श्योपुर
(स) दतिया (द) शिवपुरी।

व्याख्या- दतिया में स्थित पीताम्बरा पीठ मध्यकालीन पूज्यपाद स्वामीजी महाराज द्वारा स्थापित एक पूर्ण जागृत शक्तिपीठ है।

70. रानी रूपमती का महल किसने बनवाया था-
(अ) बाजबहादुर (ब) जहाँगीर
(स) अलाउद्दीन खिलजी (द) हुमायूँ।

व्याख्या- रानी रूपमती का महल, धार (मांडू) के राजा बाजबहादुर ने बनवाया था।

71. वराह की विशाल प्रतिमा किस गुफा में स्थित है-
(अ) उदयगिरि की गुफाएँ (ब) बाघ की गुफाएँ
(स) भर्तृहरि की गुफाएँ (द) भीमबेटका की गुफा।

व्याख्या-वराह की प्रतिमा, उदयगिरि की गुफाओं में स्थित है।

72. किस गुफा को पांडव गुफा कहा जाता है-
(अ) उदयगिरि की गुफा (ब) बाघ की गुफाएँ
(स) भर्तृहरि की गुफा (द) भीमबेटका की गुफाएँ।

व्याख्या- बाघ की गुफाओं को पांडवगुफा भी कहते हैं। गुफा नं. 2 में पाँच बौद्धों के चित्र हैं, जिन्हें यहाँ के निवासी पाँच पांडव समझते थे।

73. मुंज परमार वंश के नरेश थे। इनका क्षेत्र क्या था?
(अ) विदिशा (ब) धार

59.(स) 60.(ब) 61.(ब) 62.(अ) 63.(अ) 64.(ब) 65.(स) 66.(स) 67.(स) 68.(ब) 69.(स) 70.(अ) 71.(अ) 72.(ब)

(स) ग्वालियर (द) गोंडवाना।

व्याख्या- कालकादेवी के मंदिर का निर्माण परमार नरेश मुंज ने कराया था। उसका क्षेत्र धार था।

**74. सुविख्यात महाकालेश्वर का मंदिर कहाँ स्थित है-**

(अ) मंदसौर (ब) नीमच
(स) उज्जैन (द) खण्डवा।

व्याख्या- उज्जैन में महाकाल या महाकालेश्वर का प्रसिद्ध शिव मंदिर है, जो देश में शिवजी के बारह ज्योतिर्लिंग मंदिरों में से एक है।

**75. मध्य प्रदेश में पाण्डव गुफाएँ कहाँ पर स्थित है?**

(अ) पचमढ़ी (ब) अमरकंटक
(स) भेड़ाघाट (द) बैतूल।

व्याख्या- मध्यप्रदेश में पाण्डव गुफाएँ हिल स्टेशन पंचमढ़ी में स्थित है। पाण्डवों ने अपने अज्ञातवास का समय यहाँ व्यतीत किया था।

**76. हिण्डोला महल कहाँ है?**

(अ) ओरछा (ब) माण्डू
(स) ग्वालियर (द) फतेहपुर सीकरी।

व्याख्या- बाजबहादुर एवं रानी रूपमति की प्रणय गाथाओं के लिए प्रसिद्ध हिण्डोला महल मध्यप्रदेश के माण्डू में स्थित है।

**77. मध्य प्रदेश के किस जिले में असीरगढ़का किला उपस्थित है?**

(अ) बैतूल (ब) खण्डवा
(स) बुरहानपुर (द) धार।

व्याख्या- अकबर की विजय का प्रतीक असीरगढ़ का किला बुरहानपुर जिले में आता है। पूर्व में यह खण्डवा ज़िले के अंतर्गत आता था।

**78. मध्य प्रदेश के किस दुर्ग में लक्ष्मी नारायण का मंदिर है-**

(अ) बाँधवगढ़ (ब) गिन्नौर
(स) अजयगढ़ (द) नरवर का किला।

व्याख्या- मध्यप्रदेश में लक्ष्मी नारायण का मंदिर बाँधवगढ़के तालाब के किनारे स्थित है। बाँधवगढ़ दुर्ग में क्षीर सागर कुण्ड भी है।

**79. राजा नल और दमयंती की प्रणय गाथा से यह किला जुड़ा है-**

(अ) अजयगढ़ (ब) मंदसौर
(स) नरवर (द) मण्डला का दुर्ग।

व्याख्या-शिवपुरी में स्थित नरवर के किले को राजा नल एवं दमयंती की प्रणय गाथा के रूप में जाना जाता है।

**80. सांदीपनी आश्रम कहाँ है?**

(अ) उज्जैन (ब) इंदौर
(स) ओंकारेश्वर (द) महेश्वर।

व्याख्या- कृष्ण, सुदामा एवं बलराम ने उज्जैन के सांदीपनी आश्रम में शिक्षा प्राप्त की थी।

**81. मध्य प्रदेश में मदनमहल कहाँ स्थित हैं-**

(अ) जबलपुर (ब) ग्वालियर
(स) मण्डवा (द) धार।

व्याख्या- मध्यप्रदेश के जबलपुर में मदन महल स्थित है, जिसे गौंड राजा मदनशाह ने बनवाया था।

**82. शिवपुरी में किस वंश के दो व्यक्तियों की समाधियाँ हैं?**

(अ) सिंधिया (ब) होल्कर
(स) परमार (द) गोंडवंश।

व्याख्या- सिंधिया वंश के प्रमुख महाराजा माधवराव सिंधिया एवं महारानी सांख्याराजे सिंधिया की समाधि शिवपुरी में बनाई गई है।

**83. मध्यप्रदेश में भारत का एकमात्र स्थान जहाँ संयुक्त शिवलिंग है-**

(अ) महेश्वर (ब) ओंकारेश्वर
(स) उज्जैन (द) भोजपुर।

व्याख्या- मध्यप्रदेश के ओंकारेश्वर में दो शिवलिंगों को संयुक्त रूप से एक ज्योतिर्लिंग माना जाता है।

**84. म.प्र. में बावन गजा क्यों प्रसिद्ध है?**

(अ) आदिनाथ की मूर्ति के लिए (ब) भव्य मंदिरों के लिए
(स) बावन किलों के लिए (द) इनमें से सभी।

व्याख्या- भगवान आदिनाथ की 72 फुट ऊची प्रतिमा बड़वानी के बावनगजा में स्थापित है।

**85. म.प्र. में 'दादाजी दरबार' कहाँ पर है?**

(अ) खण्डवा (ब) बड़वानी
(स) नोहटा (द) इनमें से कोई नहीं।

व्याख्या- पूर्वी निमाड़ खण्डवा में दादाजी की समाधि पर संत दादाजी का दरबार है। यहाँ पर प्रतिवर्ष मेले का आयोजन भी होता है।

**86. म.प्र. के किस पर्यटक स्थल की खोज केप्टन वार्डन ने की थी?**

(अ) पचमढ़ी (ब) माण्डू
(स) भेड़ाघाट (द) अमरकंटक।

व्याख्या-केप्टन वार्डन ने सर्वप्रथम 1858 में प्रमुख पर्यटक स्थल पचमढ़ी की खोज की थी। यहाँ चौरागढ़, पाण्डव गुफा, जटाशंकर, डचेस फाल इत्यादि दर्शनीय स्थल है।

**87. 'राजा अमन' का महल किस किले में है?**

(अ) गिन्नौर (ब) अजयगढ़
(स) चंदेरी (द) मण्डला।

73.(ब) 74.(स) 75.(अ) 76.(ब) 77.(स) 78.(अ) 79.(स) 80.(अ) 81.(अ) 82.(अ) 83.(ब) 84.(अ) 85.(अ) 86.(अ) 87.(ब)

व्याख्या- अजयगढ़ में राजा अमन का महल राजा अजयपाल ने बनवाया था।

88. बघेलिन महल कहाँ स्थित है?

(अ) माण्डू (ब) चन्देरी

(स) मण्डला (द) ओरछा।

व्याख्या- राजा हृदयशाह द्वारा निर्मित बघेलिन एवं मोतीमहल मण्डला में स्थित है।

89. इन्द्रगढ़पुरास्थल किस जिले में स्थित हैं?

(अ) मंदसौर (ब) उज्जैन

(स) विदिशा (द) धार।

व्याख्या- शिलालेख प्राप्ति के लिए विख्यात इन्द्रगढ़मन्दसौर जिले में स्थित है।

90. वर्तमान 'तेवर' ग्राम किस पुराने नगर के नाम से विख्यात था?

(अ) त्रिपुरी (ब) त्रिवेणी

(स) त्रिसला (द) त्रियम्बकेश्वर।

व्याख्या- कलचुरी व चेदी वंश के राजाओं ने तेवर को अपनी राजधानी बनाया, जो कि त्रिपुरी नाम से विख्यात था।

91. प्रसिद्ध पुरातत्व स्थल कायथा किस जिले में आता है?

(अ) उज्जैन (ब) विदिशा

(स) खरगौन (द) शाजापुर।

व्याख्या- प्राचीन स्थल कायथा मध्यप्रदेश के उज्जैन जिले के अंतर्गत आता है, जहाँ से ताम्रपाषाणकालीन सभ्यता के साक्ष्य प्राप्त हुए।

92. म.प्र. के निम्न स्थलों व उनके उत्खननकर्ता के सम्बन्ध में असत्य सुमेल को छाँटिए-

(अ) कायथा का उत्खनन - श्री वाकणकर के निर्देशन में

(ब) एरण स्थल का उत्खनन - प्रो. कृष्णदत्त वाजपेयी के निर्देशन में

(स) आदमगढ़का उत्खनन - डॉ. एच.व्ही.त्रिवेदी कार्य ने कराया

(द) उपरोक्त सभी सुमेल सत्य है।

व्याख्या- मध्यप्रदेश में एरण स्थल उत्खनन कृष्णदत्त वाजपेयी, कायथा का श्री वाकणकर एवं आदमगढ़का उत्खनन श्री आर.व्ही.जोशी तथा खरे के निर्देशन में हुआ।

93. चीनी यात्री ह्वेनसांग ने किस स्थल का भ्रमण किया था-

(अ) महिष्मती (ब) चन्देरी

(स) भूमरा (द) दशपुर

व्याख्या- चीनी यात्री हेनसांग ने महिष्मती (महेश्वर) का भ्रमण किया। महेश्वर साड़ियों के लिए भी प्रसिद्ध है।

94. म.प्र. के इस पुरा स्थल से मानव खोपड़ी का कंकाल प्राप्त हुआ-

(अ) गुज्जरा (ब) धरमल

(स) आदमगढ़ (द) हथनौरा।

व्याख्या- हथनौरा जो कि होशंगाबाद जिले में आता है, यहाँ पर मानव खोपड़ी के कंकाल प्राप्त हुए है। इसे सन् 1982 में अरुण सोनकिया जी ने खोजा तथा इस जीवाश्म को आस्ट्रेलीपिथेकस नर्मेन्दिस नाम दिया गया।

95. म.प्र में भास्कर मंदिर कहाँ हैं?

(अ) कुण्डल गिरी (ब) गोम्मट गिरी

(स) बालाजी (द) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या- दतिया से कुछ दूरी पर स्थित बालाजी नामक स्थान पर भास्कर का विशाल मंदिर है। यहाँ पर आदि शंकराचार्य द्वारा स्थापित 'सूर्य यंत्र' है।

96. बड़े बाबा का मंदिर कहाँ है?

(अ) बालाजी (ब) कुण्डलगिरी

(स) नाफ्था (द) धरमत

व्याख्या- मध्यप्रदेश में बड़े बाबा का मंदिर जैन धर्मावलंबियों के प्रमुख तीर्थ स्थल कुण्डलगिरी में है।

97. म.प्र. की पर्यटन नगरी का गौरव किस जिले को प्राप्त हैं?

(अ) शिवपुरी (ब) सिवनी

(स) होशंगाबाद (द) धार

व्याख्या- मध्यप्रदेश में शिवपुरी को प्रथम पर्यटन नगरी कहा जाता है यहाँ पर माधव राष्ट्रीय उद्यान है जो कि वनीय सघनता के लिए प्रसिद्ध है।

98. ग्वालियर राज्य की स्थापना किसने की थी-

(अ) माधवराव सिंधिया (ब) बाजीराव सिंधिया

(स) महादजी सिंधिया (द) जीवाजी राव सिंधिया

व्याख्या- ग्वालियर नगर की स्थापना महादजी सिंधिया द्वारा की गई यहाँ पर गुजरी महल, जयविलास पैलेस एवं सास-बहु का मंदिर है।

99. चतुर्भुज मंदिर, रामलला मंदिर तथा लक्ष्मी नारायण मंदिर म.प्र. के किस दुर्ग में है?

(अ) ग्वालियर दुर्ग (ब) गिन्नौरगढ़दुर्ग

(स) ओरछा दुर्ग (द) रायसेन दुर्ग

व्याख्या- चतुर्भुज मंदिर, रामलला मंदिर तथा लक्ष्मी नारायण मंदिर ओरछा में स्थित है।

100. निम्न में से किसकी छत्री म.प्र. में स्थित हैं-

(अ) चैनसिंह (ब) बाजीराव

(स) मस्तानी बाई (द) उपरोक्त सभी।

व्याख्या- मध्यप्रदेश में पेशवा बाजीराव की छत्री नर्मदा किनारे रावेरखेड़ी में व प्रथम शहीद कुअर चैनसिंह की छत्री सीहोर में बनी हुई है।

88.(स) 89.(अ) 90.(अ) 91.(अ) 92.(स) 93.(अ) 94.(द) 95.(स) 96.(ब) 97.(अ) 98.(स) 99.(स) 100.(द)

**101. कच्छपघात मंदिर स्थापत्य कहाँ देखने को मिलता है-**

(अ) ग्वालियर (ब) खजुराहो
(स) विदिशा (द) उज्जैन

व्याख्या- ग्वालियर जिले में कनमठ सुहानियाँ, कदवाहा के मंदिर है जो कि कच्छपघात कला के उत्कृष्ट नमूने है।

**102. मध्यप्रदेश में सतीप्रथा का प्रमाण एरण अभिलेख से मिलता है। यह अभिलेख किसका था।**

(अ) बुद्ध गुप्त (ब) रामगुप्त
(स) भानुगुप्त (द) गोपराज

व्याख्या- गुप्त शासक भानु गुप्त के एरण अभिलेख से सती प्रथा के प्रचलन का प्रथम प्रमाण मिलता है। इस अभिलेख से सामंत गोपराज की पत्नी के सती होने की जानकारी मिलती है।

**103. मध्यप्रदेश के खजुराहों के मंदिर को बनाने वाले राजा किस राज परिवार से सम्बन्धित थे।**

(अ) परमार वंश (ब) चन्देल वंश
(स) नाग वंश (द) हैहय वंश

व्याख्या-खजुराहो के मंदिरों का निर्माण वर्ष 950-1050 के मध्य चंदेल राजाओं ने कराया था, भारत के प्रमुख पर्यटन केन्द्रों में खजुराहों का तीसरा स्थान है यहाँ के मन्दिरों में मैथुन एवं रति क्रीड़ा को मूर्ति कला द्वारा सजीव चित्रण किया गया है। मध्यप्रदेश के पर्यटन उद्योग का केन्द्र बिन्दु खजुराहों है। जो चन्देल शासको द्वारा 10-11वी सदी में निर्मित मंदिरों के लिए विश्वविख्यात है। वर्ष 2002 में इन मन्दिरों के निर्माण के 2000 वर्ष पूरे होने पर खजुराहों महोत्सव मनाया गया। खजुराहों में चौसठ योगिनी, कंदरिया महादेव मंदिर, आदिनाथ एवं पार्श्व नाथ मन्दिर है।

**104. निम्न स्थलों में बन्दर कूदनी कहाँ स्थित है।**

(अ) ओंकारेश्वर (ब) अमरकंटक
(स) भेडाघाट (द) पंचमढी

व्याख्या- मध्यप्रदेश की जीवन रेखा नर्मदा नदी पर 'बन्दर कूदनी' नामक एक प्रसिद्ध दर्शनीय स्थल है। जो जबलपुर के निकट भेडाघाट में स्थित है। यहाँ पर नर्मदा नदी ऊंची-ऊंची पहाड़ियों के मध्य एक संकरी-धारा के रूप में बहती है।

**105. मध्यप्रदेश के किलो/दुर्ग के सम्बन्ध में असत्य कथन को चुनिए।**

(अ) धार का किला मोहम्मद तुगलक ने दक्षिण विजय पर बनवाया
(ब) असीरगढके किले का निर्माण आसा नामक अहीर राजा ने कराया
(स) चन्देरी का किला प्रतिहार शासक कीर्तिपाल ने बनवाया
(द) गिन्नौरगढका किला राजबसंती द्वारा बनवाया गया।

व्याख्या- गिन्नौरगढ़का किला गिन्नौर पहाडी पर 13वीं शताब्दी में महाराजा उदयवर्मन द्वारा बनवाया गया जबकि राजबंसती ने रायसेन का दुर्ग बनवाया था, शेष विकल्प सत्य है अर्थात् धार का किला मोहम्मद तुगलक ने दक्षिण विजय के दौरान, असीरगढ़का किला आसा नामक अहीर राजा ने तथा चन्देरी का किला कीर्तिपाल ने बनवाया।

**106. निम्नलिखित किस दुर्ग/किले के प्रवेश द्वारा पर "Justice is the gem of Crown" उत्कीर्ण किया गया है।**

(अ) मण्डला का दुर्ग (ब) मन्दसौर का किला
(स) नरवर का किला (द) दतिया का किला

व्याख्या- दतिया किला का निर्माण बुन्देलखण्ड नरेश वीरसिंह देव ने 1626 ई. में कराया था। हाथी पर खडे होकर भी ऊँचाई तक नहीं पहुँचने वाले किले के प्रवेश द्वार पर काफी मोटे और मजबूत लकड़ी के दरवाजे लगे है जिनमें हाथी चिक्कार कीले लगी हुई है दतिया नरेश महाराज भवानीसिंह के शासन काल में दुर्ग के प्रवेश द्वार पर "Justice is the Gem of Crown" लिखवाया गया था।

**107. ग्वालियर दुर्ग में स्थित निम्नलिखित कौन-सा मन्दिर सबसे ऊँचा है।**

(अ) सास-बहू मन्दिर (ब) तेली का मन्दिर
(स) चतुर्भुज मन्दिर (द) विष्णु मन्दिर

व्याख्या- ग्वालियर दुर्ग के पश्चिम में तेली का मन्दिर स्थित है किले में यह सबसे ऊँचा मन्दिर स्थित है। 27 मीटर ऊंचा यह मन्दिर दक्षिण भारत की प्रविड कला का उत्कृष्ट उदाहरण है 'तेली' का तात्पर्य यहाँ तेलंगाना (आंध्रप्रदेश) का अपभ्रंश रूप है। यह इस बात का प्रतीक है कि प्राचीनकाल में उत्तर एवं दक्षिण भारत के मध्य आदान-प्रदान होता था।

**108. मध्यप्रदेश सरकार ने वर्ष 2008 में किस स्थान को धार्मिक पर्यटन स्थल घोषित किया है।**

(अ) बावनगजा (ब) भेडाघाट
(स) ओंकारेश्वर (द) पंचमढ़ी

व्याख्या- मध्यप्रदेश के बड़वानी जिले में स्थित भगवान आदिनाथ की मूर्ति (बावनगजा) को जनवरी 2008 में महामस्तिष्काभिषेक के दौरान मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने बावनगजा को धार्मिक पर्यटन स्थल घोषित किया।

**109. मध्यप्रदेश के महलों एवं उनकी स्थिति से सम्बन्धित असत्य युग्म का चयन करें।**

(अ) मोती महल- ग्वालियर
(ब) बादल महल- रायसेन
(स) दाई का महल- दतिया
(द) गिन्नौरगढ का महल- गिन्नौर गढ़

व्याख्या- माण्डू में सागर तालाब के किनारे दाई का महल निर्मित है कहा जाता है। कि मुगल शासक अकबर खान देश विजय अभियान के लिए जब आगरा से निकला था तो मार्ग में यही विश्राम किया था, विजय प्राप्ति के बाद लौटते समय भी वह वहाँ रूका था। यहाँ नीलकंण्ठ महादेव का भव्य मन्दिर है।

101.(अ) 102.(स) 103.(ब) 104.(स) 105.(द) 106.(द) 107.(ब) 108.(अ)

**110. म.प्र. का कौनसा नगर बौद्ध नगरी के नाम से प्रख्यात है?**

**( जेल प्रहरी 2012 )**

(अ) साँची (ब) विदिशा
(स) धार (द) माण्डू

व्याख्या- साँची को बौद्ध नगरी कहा जाता है । सम्राट अशोक द्वारा बनवाया गया सांची स्तूप बौद्ध धर्म का तीर्थ है। विदिशा को शुंग वंश की राजधानी एवं गरुड़ स्तम्भ के लिए जाना जाता है ।

**111. सांची पर्यटन स्थल .......... के निकट स्थित है-**

**( ड्रग इंस्पेक्टर परीक्षा 2012 )**

(अ) भोपाल (ब) उज्जैन (स) ग्वालियर (द) इन्दौर

व्याख्या- साँची स्तूप का निर्माण सम्राट अशोक ने करवाया था । यह म.प्र. के रायसेन जिले में स्थित है, जो कि भोपाल के निकट स्थित है।

**112. यह स्थान विश्व धरोहर में सम्मिलित है-**

**( मध्यप्रदेश हाईकोट स्टेनो ग्राफर परीक्षा 2012 )**

(अ) भीम बेटका (ब) भोजपुर
(स) ग्वालियर दुर्ग (द) मांडू

व्याख्या- भीमबेटका वर्तमान में मध्यप्रदेश के रायसेन जिले में स्थित है । भीमबेटका का उत्खनन श्री विष्णु नरहरि वाकण्कर ने करवाया था।
भीम बेटका गुफाओं को यूनेस्को ने 2003 में विश्व धरोहर की सूची में शामिल किया है । मध्यप्रदेश में तीन स्थल विश्व धरोहर सूची में शामिल है— 1. खजुराहो 2. भीमबेटका 3. साँची

**113. भीम बैठका के शैल चित्र निम्न में से किसको प्रदर्शित करते हुए है?**

**( मध्यप्रदेश स्टोनो ग्राफर परीक्षा 2012 )**

(अ) शिकार (ब) घुड़ सवारी
(स) संगीत एवं नृत्य (द) उपर्युक्त सभी

व्याख्या- भीम बैठका वर्तमान में म.प्र. के रायसेन जिले में स्थित है। भीम बैठका की गुफाओं में आदिमानव ने अपनी कलात्मक अभिरूचि व्यक्त की है । भीम बैठका के शैलचित्र शिकार, घुड़सवारी एवं संगीत एवं नृत्य को प्रदर्शित करते हैं । भीम बैठका की गुफाओं की खोज श्री 'वाकणकर' ने की थी। भीम बैठका की गुफाओं को यूनेस्को ने 2003 में विश्व धरोहर की सूची में शामिल किया है।

**114. निम्नलिखित में से कौन-सा विश्व धरोहर स्थल नहीं है?**

**( मध्यप्रदेश स्टोनो ग्राफर परीक्षा 2012 )**

(अ) भीम बेटका की गुफाएँ (ब) साँची के स्तूप
(स) मांडू का महल (द) खजुराहो के मन्दिर

व्याख्या- यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर सूची में म.प्र. के तीन पर्यटक एवं सौन्दर्य स्थल को शामिल किया गया है। खजुराहो (1986 में), साँची (1989 में) तथा भीमबैठका। (2003 में) ।
माण्डू का महल विश्व धरोहर स्थल नहीं है।

**115. निम्न में से कौन-सा महल ग्वालियर में नहीं है?**

**( पर्यटन विभाग ( सहायक ग्रेड-3 ), 2013 )**

(अ) गूजरी महल (ब) मदन महल
(स) मोतीमहल (द) जयविलास पैलेस

व्याख्या- मदन महल जबलपुर नगर में एक विशाल पहाड़ी पर स्थित है। गौंड राजा मदनशाह ने इस महल का निर्माण करवाया था।
ग्वालियर के किले का निर्माण राजा सूरजसेन ने 525 ई. में करवाया था। ग्वालियर के महल में गुजरी महल, सास-बहू का मंदिर, तेली का मंदिर प्रमुख दर्शनीय स्थान है।
जयविलास पैलेस एवं मोतीमहल ग्वालियर में स्थित है। इनका निर्माण महाराजा जीवाजी राव सिंधिया ने करवाया।

**116. भीमबैठका प्रसिद्ध है क्योंकि-**

**( पर्यटन विभाग परीक्षा- 2013 )**

(अ) यह डॉ. भीमराव अम्बेडकर का जन्म स्थान है
(ब) यह डॉ. भीमराव अम्बेडकर का मृत्यु स्थान है
(स) यहाँ एक राष्ट्रीय जीव उद्यान है
(द) यहाँ गुफाओं में पत्थरों पर की गई प्राचीन कलाकृतियाँ है।

व्याख्या- भीमबैठका वर्तमान में मध्य प्रदेश के रायसेन जिले में स्थित है। भीम बेटका का उत्खनन श्री विष्णु नरहरि वाकणकर ने करवाया था। भीम बेटका गुफाओ में प्राचीन शैलचित्र एवं प्राचीन कलाकृतियां है।
भीम बेटका की गुफाओं को यूनेस्को ने 2003 में विश्व धरोहर की सूची में शामिल किया है।

**117. बुन्देला की छतरी किस शहर में है?**

**( पर्यटन विभाग परीक्षा- 2013 )**

(अ) ओरछा (ब) शिवपुरी
(स) सागर (द) दतिया

व्याख्या- बुन्देल राजाओं की राजधानी ओरछा में बुंदेला की छतरी स्थित है। ओरछा बेतवा नदी के किनारे स्थित है।

**118. जय विलास पैलेस संग्रहालय म.प्र. में कहाँ है?**

**( पर्यटन विभाग परीक्षा- 2013 )**

(अ) ग्वालियर (ब) इन्दौर
(स) जबलपुर (द) विदिशा

व्याख्या- जयविलास पैलेस संग्रहालय ग्वालियर में स्थित है। इसका निर्माण जीवाजी राव सिंधिया ने करवाया था। यह पाश्चात्य नमूने का बना है। जयविलास पैलेस जीवाजी राव का निवास महल था।

**119. पचमढ़ी की प्रसिद्धि का कारण है-**

**( पर्यटन विभाग परीक्षा- 2013 )**

(अ) जागेश्वर नाथ मन्दिर (ब) बड़ा अभ्यारण्य
(स) एक सुन्दर पहाड़ी सैरगाह (द) औद्योगिक नगरी

109.(स) 110.(अ) 111.(अ) 112.(अ) 113.(द) 114.(स) 115.(ब) 116.(द) 117.(अ) 118.(अ) 119.(स)

व्याख्या- प्रदेश का एकमात्र हिल स्टेशन पचमढ़ी होशंगाबाद जिले के सतपुड़ा पठार में स्थित है । पचमढ़ी को 'पर्वतों की रानी' भी कहा जाता है । पचमढ़ी पहाड़ी सैरगाह के लिए प्रसिद्ध है । प्रदेश का एकमात्र बायोस्फीयर रिजर्व पंचमढ़ी मे है।

**120. अमरकंटक की प्रसिद्धि का कारण है-**

( पर्यटन विभाग परीक्षा- 2013 )

(अ) पहाड़ी सैरगाह (ब) वनजीव अभ्यारण्य
(स) महेश्वर मन्दिर (द) नर्मदा नदी का उद्गम स्थल

व्याख्या- अमरकंटक नर्मदा नदी के उद्गम स्थल के कारण प्रसिद्ध है। अमरकंटक की पहाड़ियों से तीन नदियों का उद्गम हुआ है।
(1) नर्मदा (2) सोन (3) जोहिला। अमरकंटक अनूपपुर जिले में स्थित है।

**121. प्रसिद्ध मैहर माता का मन्दिर किस जिले में है?**

( पर्यटन विभाग परीक्षा- 2013 )

(अ) सतना (ब) जबलपुर
(स) सागर (द) दमोह

व्याख्या- मैहर माता शारदा का मंदिर सतना जिले में स्थित है। मध्य प्रदेश सरकार द्वारा मैहर को पवित्र स्थल घोषित किया है। यहाँ माँ शारदा देवी का भव्य मंदिर है एवं मैहर को संगीत नगरी के नाम से भी जाना जाता है।

**122. मैहर माता के मन्दिर में माँ दुर्गा का कौनसा रूप है?**

( पर्यटन विभाग परीक्षा- 2013 )

(अ) माँ शीतला (ब) माँ शारदा
(स) माँ रेणुका देवी (द) माँ काली

व्याख्या- मैहर माता मंदिर में माँ शारदा के रूप में माँ दुर्गा विराजमान है। मैहर की माता शारदा का प्राचीन मंदिर सतना जिले में स्थित है।
मैहर सुप्रसिद्ध शास्त्रीय संगीतकार अलाउद्दीन खाँ की कर्मभूमि व साधना स्थली भी है।

**123. देश का एकमात्र दक्षिणमुखी ज्योतिर्लिंग ( शिवलिंग ) कहाँ पर स्थापित है-**

(अ) महाकालेश्वर (उज्जैन) (ब) ममलेश्वर (ओंकारेश्वर)
(स) काशी विश्वनाथ (वाराणसी) (द) केदारनाथ (उत्तराखण्ड)

व्याख्या- देश में भगवान शिव जी का एकमात्र दक्षिणमुखी ज्योतिर्लिंग क्षिप्रा नदी पर तट पर स्थित महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग उज्जैन में स्थापित है।

**124. 'सतखण्डा महल' कहाँ पर स्थित है-**

(अ) दतिया (ब) चंदेरी
(स) माण्डू (द) मण्डला

व्याख्या- सतखण्डा महल दतिया में स्थित है। इसका निर्माण बुंदेला शासक बीरसिंह जूदेव ने करवाया था।

**125. मध्यप्रदेश के किस जिले में प्रसिद्ध चामुण्डा माता एवं तुलजा भवानी का मंदिर स्थित है-**

(अ) उज्जैन (ब) दतिया
(स) रतलाम (द) देवास

व्याख्या- मध्यप्रदेश के देवास में देवी वैशिनी की पहाड़ियों में देवी चामुण्डा एवं तुलजा भवानी का मंदिर है।

**126. देश का एकमात्र नाग चंद्रेश्वर मंदिर जिसके दर्शन वर्ष में केवल एक बार नागपंचमी के अवसर पर होते हैं, यह मध्यप्रदेश में कहाँ पर स्थित है।**

(अ) ओंकारेश्वर (ब) उज्जैन
(स) भोजपुर (द) पचमढ़ी

व्याख्या- नाग चन्द्रेश्वर मंदिर उज्जैन में महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग के मंदिर के ऊपरी हिस्से में स्थित है, जिसके वर्ष भर में केवल एक बार नागपंचमी के अवसर पर दर्शन होते हैं।

**127. मृगेन्द्रनाथ की गुफायें मध्यप्रदेश के किस जिले में स्थित है-**

(अ) विदिशा (ब) रायसेन
(स) धार (द) बालाघाट

व्याख्या- मृगेन्द्रनाथ की गुफाएँ रायसेन जिले में स्थित है। इन्हें वर्ष 2008 में खोजा गया है।

**128. खूनी भण्डारा राज्य संरक्षित स्मारक कहाँ पर स्थित है-**

(अ) धार (ब) बुरहानपुर
(स) चंदेरी (द) माण्डू

व्याख्या- 'खूनी भण्डारा' स्मारक बुरहानपुर जिले में स्थित है जिसे यूनेस्को विश्व धरोहर श्रेणी के लिए 2017 में प्रस्तावित किया किया गया।

**129. अश्वत्थामा मंदिर कहाँ पर स्थित है-**

(अ) चंदेरी (ब) कायथा
(स) असीरगढ़ (द) एरण

व्याख्या- महाभारतकालीन गुरु द्रोणाचार्य के पुत्र अश्वत्थामा का मंदिर बुरहानपुर जिले के असीरगढ़ में स्थित है।

**130. मध्यप्रदेश का वह गाँव जहाँ पर रावण की पूजा की जाती है-**

(अ) भादखेड़ी (शाजापुर)
(ब) सालरिया (आगर-मालवा)
(स) पोटलोद (इन्दौर)
(द) भानपुरा (मंदसौर)

व्याख्या- मध्यप्रदेश के शाजापुर जिले के भादखेड़ी गाँव में रावण की पूजा की जाती है।

120.(द) 121.(अ) 122.(ब) 123.(अ) 124.(अ) 125.(द) 126.(ब) 127.(ब) 128.(ब) 129.(स) 130.(अ)

131. देश का पहला शहीद मंदिर मध्यप्रदेश में कहाँ स्थापित किया गया है-

(अ) श्योपुर (ब) भिण्ड
(स) मुरैना (द) ग्वालियर

व्याख्या- स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रामप्रसाद बिस्मिल की स्मृति में वर्ष 2008 में देश का पहला शहीद मंदिर मुरैना में स्थापित किया गया है।

132. कबरा की गुफाएँ कहाँ पर स्थित हैं।

(अ) राजगढ़ (ब) ग्वालियर
(स) शहडोल (द) सिंगरौली

व्याख्या- कबरा की गुफाएँ शहडोल जिले में स्थित हैं जबकि मारा की गुफायें सिंगरौली में स्थित हैं।

133. मोगलीलैण्ड उत्सव किस राष्ट्रीय उद्यान में मनाया जाता है-

(अ) माधव राष्ट्रीय उद्यान शिवपुरी
(ब) कान्हा राष्ट्रीय उद्यान मण्डला
(स) पेंच राष्ट्रीय उद्यान सिवनी/छिंदवाड़ा
(द) बांधवगढ़राष्ट्रीय उद्यान, उमरिया

व्याख्या- मोगलीलैण्ड उत्सव पेंच राष्ट्रीय उद्यान (सिवनी/छिंदवाड़ा) में मनाया जाता है।

134. निम्न में से कौन सा मालवा पठार के ऐतिहासिक स्थान का नाम है? (डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016)

(अ) इंदौर के अन्नपूर्णा मंदिर (ब) मांडू शहर
(स) महाकाल मंदिर, उज्जैन (द) उपर्युक्त सभी

व्याख्या- इंदौर का अन्नपूर्णा मंदिर, राजबाड़ा, लाल बाग पैलेस माण्डू शहर, उज्जैन का महाकाल मंदिर, भर्तुहरी गुफायें, मंगलनाथ, जीवाजी, वेधशाला, बाबा भैरव का मंदिर, देवास का चामुण्डा माता मंदिर, मालवा पठार के ऐतिहासिक स्थान है

135. कजलीगढ़ किला कहाँ स्थित है? (डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016)

(अ) खंडवा (ब) बैतूल
(स) बालाघाट (द) इंदौर

व्याख्या- कजलीगढ़ किला इंदौर जिले में सिमरोल के समीप स्थित है यहाँ पर प्रसिद्ध कजलीगढ़ महादेव का मंदिर भी है।

136. निम्न में से कौन मांडू से सम्बन्धित है?

(डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016)

(अ) जीवाजी राव (ब) रानी रूपमती
(स) अलाउद्दीन खान (द) झलकारी बाई

व्याख्या- रानी रूपमती माण्डू से संबंधित है जबकि जीवाजीराव ग्वालियर से संबंधित, अलाउद्दीन खाँ मैहर से संबंधित है एवं झलकारी बाई, महारानी लक्ष्मीबाई की अंगरक्षिका थी।

137. राहत गढ़ का किला कहाँ स्थित है?

(डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016)

(अ) देवास (ब) धार
(स) सागर (द) रीवा

व्याख्या- राहतगढ़ का किला **सागर** जिले में स्थित है।

138. पुरातत्व स्थल आदमगढ़ किस जिले में स्थित है?

(डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016)

(अ) भोपाल (ब) इटारसी
(स) होशंगाबाद (द) सिवनी

व्याख्या- पुरातत्व स्थल आदमगढ़होशंगाबाद जिले में नर्मदा नदी के किनारे स्थित है।

139. यूनेस्को की विश्व विरासत सूची में शामिल म.प्र. का प्रथम स्थल है- (डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016)

(अ) साँची (ब) भरहुत
(स) भीमबेटका (द) खजुराहो

व्याख्या- यूनेस्को की विश्व विरासत सूची में शामिल म.प्र. का प्रथम स्थल खजुराहो के मंदिर (वर्ष 1986 में) है तत्पश्चात् भीमबेटका की गुफायें (वर्ष 2003 में) एवं सांची के स्तूप (वर्ष 1989) में शामिल किये गये हैं।

140. रानी दुर्गावती संग्रहालय किस नगर में स्थित है?

(डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016)

(अ) भोपाल (ब) जबलपुर
(स) मंदसौर (द) खरगौन

व्याख्या- रानी दुर्गावती संग्रहालय जबलपुर में स्थित है यह गोण्डवाना शासकों से संबंधित है।

141. म.प्र. में किस किले को किलों का रत्न कहा जाता है?

(डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016)

(अ) ओरछा किला (ब) रायसेन किला
(स) असीरगढ़किला (द) ग्वालियर किला

व्याख्या- म.प्र. के ग्वालियर के किले को किलों का रत्न कहा जाता है इसका निर्माण 5वीं शताब्दी में राजा सूरजसेन ने करवाया था।

142. प्रसिद्ध ''सास-बहु'' मंदिर किस शहर में स्थापित है?

(डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016)

(अ) इंदौर (ब) भोपाल
(स) जबलपुर (द) ग्वालियर

व्याख्या- प्रसिद्ध सास-बहू मंदिर ग्वालियर शहर में स्थापित किया गया है इस मंदिर में भगवान विष्णु की मूर्ति स्थापित है।

143. इनमें से भगवान महादेव का कौन सा ''ज्योतिर्लिंग'' उज्जैन, मध्य प्रदेश में स्थित है?

131.(स) 132.(स) 133.(स) 134.(द) 135.(द) 136.(ब) 137.(स) 138.(स) 139.(द) 140.(ब) 141.(द) 142.(द)

(अ) त्रयंबकेश्वर (ब) महाकालेश्वर
(स) भीमाशंकर (द) ओमकारेश्वर

**व्याख्या**- महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग महादेव मंदिर उज्जैन में क्षिप्रा नदी के तट पर है। यह भारत का एकमात्र दक्षिण मुखी ज्योतिर्लिंग है।

**144. अटल बिहारी वाजपेयी पार्क किस नाम से अधिक जाना जाता है?**
**( महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016 )**

(अ) कान्हा पार्क (ब) इंदौर रीजनल पार्क
(स) ग्वालियर क्षेत्रीय पार्क (द) प्रोजेक्ट टाइगर पार्क

**व्याख्या**- अटल बिहारी वाजपेयी पार्क को इन्दौर रिजनल पार्क के नाम से भी जाना जाता है। यह पार्क 100 एकड़ क्षेत्र में फैला है। इसका उद्‌घाटन 20 फरवरी, 2011 को मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान द्वारा किया गया है।

**145. कन्दरिया महादेव मंदिर यहाँ स्थित है।**
**( महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016 )**

(अ) उज्जैन (ब) खजुराहो
(स) भीमबेतका गुफा (द) मारगी का गुफा मंदिर

**व्याख्या** : कन्दरिया महादेव मन्दिर खजुराहों में स्थित है। यह मन्दिर चन्देल वंश के राजाओं ने बनवाए थे।
खजुराहो विश्व विरासत में 1986 में शामिल हुआ।

**146. प्रसिद्ध सांची स्तूप कहाँ स्थित है?**
**( महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016 )**

(अ) भोपाल (ब) शिवपुरी
(स) रायसेन (द) उमरिया

**व्याख्या** : प्रसिद्ध सांची स्तूप रायसेन में स्थित है। ये स्तूप अशोक ने बनवाए थे। यहाँ पर बौद्ध विश्वविद्यालय भी है।

**147. ''तीर्थराज'' नाम दिया गया है।( महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016 )**

(अ) खजुराहो को (ब) कान्हा राष्ट्रीय उद्यान को
(स) ओरछा कस्बे को (द) अमरकंटक को

**व्याख्या**- तीर्थराज नाम अमरकंटक को दिया गया है। यह अनुपपुर जिले में स्थित है। इसे 2005 में पवित्र स्थल घोषित किया गया है।

**148. सोनागिरि इसके लिए प्रसिद्ध है।**
**( महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016 )**

(अ) हिंदू मंदिर (ब) बौद्ध स्तूप
(स) मस्जिदें (द) जैन मंदिर

**व्याख्या**- सोनागिरी जैन मन्दिरों के लिए प्रसिद्ध है। और यह दतिया जिले में स्थित है। यहाँ पर 108 जैन मंदिर स्थित है।

**149. उज्जैन के मंदिर ............... के उदाहरण है।**
**( महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016 )**

(अ) मथुरा स्कूल ऑफ आर्ट (ब) गंधारा स्कूल ऑफ आर्ट
(स) चंदेला आर्ट (द) दि बुंदेला आर्ट

**व्याख्या**- उज्जैन के मन्दिर दि बुन्देला आर्ट के उदाहरण है।

**150. सुंदर महल एक पर्यटन स्थल है जो ..... में स्थित है।**
**( महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016 )**

(अ) ओरछा (ब) मांडू
(स) खजुराहो (द) कंदरिया

**व्याख्या**- सुन्दर महल एक पर्यटन स्थल है जो ओरछा में स्थित है।

**151. रेवा कुंड ....... में स्थित है। ( महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016 )**

(अ) उज्जैन (ब) इंदौर
(स) चंदेरी (द) माण्डू

**व्याख्या**- रेवा कुण्ड माण्डू में स्थित है।
जहाज महल, हिण्डोला महल, हुशंगशाह का मकबरा आदि माण्डू में स्थित है।

**152. आप करेरा पर जाएँ, तो निकटतम पर्यटन स्थल ...... हैं।**
**( महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016 )**

(अ) ग्वालियर, शिवपुरी और ओरछा
(ब) उज्जैन, रतलाम और धार
(स) सिंगरौली, सीधी और रीवा
(द) भोपाल, विदिशा और रायगढ़

**व्याख्या**- करेरा जाने पर निकटतम पर्यटन स्थल ग्वालियर, शिवपुरी और ओरछा है।

**153. घुमाओ महल को ....... भी कहा जाता है।**
**( महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016 )**

(अ) हिंडोला महल (ब) जूलन महल
(स) हवा महल (द) सोमनाथ महल

**व्याख्या**- घुमाओं महल को हिंडोला महल भी कहा जाता है। यह माण्डू में स्थित है।

**154. यदि आप डचेज़ फाल महादेव पहाड़ी, अप्सरा विहार और पांडव गुफाओं को देख रहे हैं, तो आप ...... में हैं।**
**( महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016 )**

(अ) उज्जैन (ब) मांडू
(स) भोजपुर (द) पचमढ़ी

**व्याख्या**- डचेस फाल, महादेव पहाडी, अप्सरा विहार, वी फाल, पांडव गुफा आदि दर्शनीय स्थल पंचमढी होशंगाबाद में स्थित है।

**155. खजुराहो ..... के लिए प्रसिद्ध है।**
**( महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016 )**

143.(ब) 144.(ब) 145.(ब) 146.(स) 147.(द) 148.(द) 149.(द) 150.(अ) 151.(द) 152.(अ) 153.(अ) 154.(द) 155.(द)

(अ) हिंदू और जैन मंदिरों (ब) विदेशी वास्तुकला
(स) विश्व प्रसिद्ध नृत्य महोत्सव (द) उपर्युक्त सभी

व्याख्या- खजुराहो हिन्दु और जैन मंदिरों, विदेशी वास्तुकला व विश्व प्रसिद्ध नृत्य महोत्सव के लिए प्रसिद्ध है।

**156. अगर आप खजुराहो जायें, तो यहां जाना आसान होगा**
**( महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016 )**
(अ) मांडू में होशंगशाह का मकबरा
(ब) केन घड़ियाल अभयारण्य
(स) भोजपुर (द) सांची स्तूप

व्याख्या- खजुराहो छतरपुर जिले में स्थित है । अत: केन घडियाल अभ्यारण्य जाना आसान होगा, क्योंकि यह भी छतरपुर व पन्ना जिले में स्थित है।

**157. 'भेड़ाघाट' कहाँ स्थित है? ( महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016 )**
(अ) जबलपुर (ब) शहडोल
(स) शिवपुरी (द) पन्ना

व्याख्या- 'भेडाघाट' जबलपुर में स्थित है । यह सफेद संगमरमर की चट्टानों के लिए प्रसिद्ध है। धुआधार जलप्रपात यही पर स्थित है।

**158. मध्य प्रदेश को ...... में सर्वश्रेष्ठ पर्यटन राज्य पुरस्कार मिला।**
**( महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016 )**
(अ) 2015 (ब) 2013
(स) 1998 (द) 2000

व्याख्या : मध्यप्रदेश को 2013 में सर्वश्रेष्ठ पर्यटन राज्य पुरस्कार मिला था। म.प्र. पर्यटन बोर्ड का मुख्यालय भोपाल है।

**159. हिंडोला महल और जहाज़ महल दोनों ....... में स्थित हैं।**
**( महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016 )**
(अ) मांडू (ब) रीवा
(स) भोजपुर (द) राजगढ़

व्याख्या- हिंडोला महल और जहाज महल दोनों मांडू ( धार ) में स्थित है।

**160. निम्न में से कौन-सा मध्यप्रदेश का हिल स्टेशन है-**
**( जेल प्रहरी 2015 )**
(अ) पचमढ़ी (ब) जबलपुर
(स) सांची (द) मांडू

व्याख्या- पंचमढ़ी मध्यप्रदेश का एक हिल स्टेशन है। यहाँ पर मध्यप्रदेश की सबसे ऊँची चोटी धूपगढ़ 1350 m सतपुड़ा पर्वत में स्थित है।

**161. निम्न में से किसे किलों का रत्न कहाँ जाता है?**
(अ) ओरछा का किला (ब) असीरगढ़किला
(स) ग्वालियर का किला (द) रायसेन किला

व्याख्या- ग्वालियर को "किलों का रत्न" संज्ञा दी गई है। इसका निर्माण राजा सूरजसेन द्वारा करवाया गया था।

**162. निम्न में से किस जिले में मुक्तागिरी नामक प्रसिद्ध स्थान स्थित है?**
(अ) बैतूल (ब) छिंदवाड़ा
(स) हरदा (द) सागर

व्याख्या- मुक्तागिरी बैतूल जिले में स्थित है, जो कि एक जैन तीर्थ स्थल है। इसी प्रकार सोनगिरी दतिया तथा गोम्मटगिरी इंदौर में स्थित है।

**163. निम्न में से म.प्र. में दक्षिण भारतीय पद्धति का मंदिर कौन सा है?**
(अ) भैरव मंदिर (ब) तेली मंदिर
(स) काली मंदिर (द) खजुराहो मंदिर

व्याख्या- तेली मंदिर दक्षिण भारतीय पद्धति पर बना हुआ मंदिर है जो कि 525 ई में सूरजसेन द्वारा बनवाया गया था।

**164. अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त इस हवाई अड्डे का नाम बताएँ जो म.प्र. में स्थित है और दैनिक वायु सेवा से भी जुड़ा है?**
(अ) सागर (ब) जबलपुर
(स) इंदौर (द) खजुराहो

व्याख्या- खजुराहो हवाई अड्डे को अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त है, साथ ही दैनिक वायु सेवा से भी जुड़ा है।

**165. म.प्र. में कौन-सा गुप्तकालीन मंदिर है?**
(अ) भूभरा शिव मंदिर (ब) तिगवा का विष्णु मंदिर
(स) नचना कुठार का पार्वती मंदिर (द) उक्त सभी

व्याख्या- भूभरा का शिव मंदिर- सतना, नचना कुठार का पार्वती मंदिर- पन्ना, तिगवा का विष्णु मंदिर- जबलपुर में स्थित है। ये सभी गुप्तकालीन मंदिर हैं। उदयगिरि की गुफाएँ व बाग की गुफाएँ भी गुप्तकालीन हैं।

**166. निम्न में से संदीपनी आश्रम कहाँ है?**
(अ) उज्जैन (ब) होशंगाबाद
(स) महेश्वर (द) जबलपुर

व्याख्या- संदीपनी आश्रम में भगवान कृष्ण, बलराम तथा कृष्ण के मित्र सुदामा ने शिक्षा प्राप्त की थी। यह आश्रम उज्जैन में स्थित है।

**167. निम्न में से जयविलास पैलेस कहाँ स्थित है?**
(अ) इंदौर (ब) ग्वालियर
(स) नीमच (द) जबलपुर

व्याख्या- जयविलास पैलेस ग्वालियर में स्थित है, जो कि ग्वालियर के राजा जीवाजीराव सिंधिया का निवास स्थल कहलाता है।

**168. निम्न में से तानसेन का मकबरा कहाँ स्थित है?**
(अ) उज्जैन (ब) मैहर
(स) ग्वालियर व बैहर (द) जबलपुर

156.(ब) 157.(अ) 158.(ब) 159.(अ) 160.(अ) 161.(स) 162.(अ) 163.(ब) 164.(द) 165.(द) 166.(अ) 167.(ब) 168.(स)

व्याख्या– तानसेन का वास्तविक आम रामतनु पाण्डे था। तानसेन अकबर के नवरत्नों में से एक थे। तानसेन एक महान संगीतकार थे। इनका मकबरा ग्वालियर में स्थित है।

169. निम्न में से होशंगशाह का मकबरा किसलिए प्रसिद्ध है?
(अ) विशेष शैली में बने होने के लिए
(ब) संगमरमर से बनी प्रथम इमारत हेतु
(स) अपनी भव्यता के लिए (द) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या– संगमरमर से बनी प्रथम इमारत हेतु प्रदेश के माण्डू में मालवा के मुस्लिम शासक होशंगशाह का मकबरा स्थित है जो कि संगमरमर से बनी प्रथम इमारत के लिए प्रसिद्ध है।

170. निम्न में से कन्हरगढ़ दुर्ग किस जिले में है?
(अ) दतिया (ब) छतरपुर
(स) ग्वालियर (द) उज्जैन

व्याख्या– कन्हरगढ़दुर्ग दतिया जिले में स्थित है। इसको सेवड़ा के महाराज पृथ्वीसिंह रसनिधी ने बनवाया था।

171. निम्न में से 'पीतांबरा पीठ' कहाँ स्थित है?
(अ) शिवपुरी (ब) दतिया
(स) उज्जैन (द) होशंगाबाद

व्याख्या– पीतांबरा पीठ, म.प्र. के दतिया में स्थित है। यह पीठ पीतांबरा देवी अथवा बगलामुखी देवी का प्रसिद्ध स्थल है। इसकी स्थापना पूज्यपाद स्वामीजी द्वारा मध्यकाल में की गई थी।

172. निम्न में से जहाँगीर ने किस जगह शरण ली?
(अ) मैहर (ब) ओरछा का दुर्ग
(स) ग्वालियर का दुर्ग (द) नरवर

व्याख्या– जहाँगीर ने विश्राम के लिए ओरछा का दुर्ग बनवाया था।

173. निम्न में से बघेलिन महल कहाँ स्थित है?
(अ) माण्डू (ब) चंदेरी
(स) मण्डला (द) ओरछा

व्याख्या– म.प्र. के मण्डला में दो महल हैं, एक मोती महल और दूसरा बघेलिन का महल दोनों ही पर्यटन स्थल हैं जो कि राजा हृदयशाह ने बनवाए थे।

174. निम्न में से इन्द्रगढ़पुरास्थल किस जिले में स्थित है?
(अ) विदिशा (ब) मंदसौर
(स) इंदौर (द) धार

व्याख्या– इंद्रगढ़पुरास्थल प्रदेश के मंदसौर जिले में स्थित है। इसी पुरास्थल से एक शिलालेख भी प्राप्त हुआ है।

175. निम्न में से किस स्तूप में महात्मा बुद्ध के दो शिष्यों की अस्थियाँ रखी हुई हैं?
(अ) गरुड़ (ब) साँची
(स) भरहूत (द) कोई नहीं

व्याख्या– महात्मा बुद्ध के दो शिष्य सरिपुत्र तथा महामोदगलायन के अस्थि अवशेष साँची के स्तूप में सुरक्षित रखे हुए हैं।

176. निम्न में से बेसनगर का गरुड़ स्तंभ किस धर्म से संबंधित माना जाता है?
(अ) शैव धर्म (ब) भागवत धर्म
(स) जैन धर्म (द) मुस्लिम धर्म

व्याख्या– बेसनगर में स्थित गरुड़ स्तंभ भागवत धर्म से संबंधित है। यह स्तंभ होलियोडोरस द्वारा बनवाया गया था। गरुड़ स्तंभ में वासुदेव मंदिर के भग्नावशेषों को खोजा गया।

177. निम्न में से किसने ग्वालियर दुर्ग बनवाया था?
(अ) महिपाल (ब) सूरजसेन
(स) मानसिंह (द) कोई नहीं

व्याख्या– ग्वालियर दुर्ग का निर्माण राजा सूरजसेन ने 525 ई. में करवाया था। तथा सास बहु के मंदिर का निर्माण महिपाल ने करवाया था।

178. निम्न में किस शासक ने जबलपुर के मदन महल का निर्माण कराया था?
(अ) राजा मदनसिंह (ब) राजा संग्राम सिंह
(स) राजा मानसिंह (द) राजा महिपाल सिंह

व्याख्या– राजा मदनसिंह द्वारा जबलपुर के मदनमहल का निर्माण कराया गया था। यह एक दर्शनीय इमारत है, जिसका जीर्णोद्धार संग्राम सिंह ने कराया था।

179. म.प्र. का प्रथम पर्यटन नगर कौन-सा है?
(म.प्र. राज्य वन सेवा परीक्षा- 2010)
(अ) भोपाल (ब) ग्वालियर
(स) शिवपुरी (द) खण्डवा

व्याख्या– म.प्र. राज्य का प्रथम पर्यटन नगर शिवपुरी है। शिवपुरी का प्राचीन नाम सिपरी था। यहाँ पर सर्वाधिक प्रसिद्ध राष्ट्रीय उद्यान माधव राष्ट्रीय उद्यान स्थित है।

180. म.प्र. में साँची स्तूप का निर्माण किस शताब्दी में हुआ था?
(ANM Training Selecton Test- 2016)
(Combined Assistant Grade III-2012)
(अ) तीसरी शताब्दी (ब) चौथी शताब्दी
(स) दूसरी शताब्दी (द) कोई नहीं

व्याख्या– साँची स्तूप का निर्माण तीसरी शताब्दी में मौर्य सम्राट अशोक ने करवाया था। रायसेन में स्थित यह स्तूप विश्व धरोहर सूची में शामिल है।

181. चित्रकूट किस नदी के किनारे स्थित है?
(कराधान सहायक-2012)

169.(ब) 170.(अ) 171.(स) 172.(ब) 173.(स) 174.(ब) 175.(ब) 176.(ब) 177.(ब) 178.(अ) 179.(स) 180.(अ)

(अ) गंगा (ब) यमुना
(स) तमस (द) मन्दाकिनी

व्याख्या- प्राचीनकाल में तपस्या और शांति का स्थल चित्रकूट मन्दाकिनी नदी के किनारे स्थित है। वर्तमान में यह एक प्रसिद्ध पूजनीय स्थल है। मन्दाकिनी नदी को पाईसुनी नदी भी कहा जाता है।

**182. बाबा शाहबुद्दीन की मजार कहाँ है? (वन रक्षक-2013)**
(अ) निमाड़ (ब) सिवनी
(स) नीमच (द) नरसिंहपुर

व्याख्या- बाबा साहबुद्दीन की मजार नीमच में स्थित है। बाबा साहबुद्दीन एक सूफी संत थे। प्रतिवर्ष फरवरी के महीने में चार दिन का उर्स नीमच में लगता है। शाहबुद्दीन उ.प्र. के बरेली के रहने वाले थे।

**183. भारत का पहला रामायण कला संग्रहालय कहाँ स्थापित हुआ है? (Group 2 (Sub Group 2) Combined Recruitment Test - 2017) (जेल प्रहरी- 2015, लैब टैक्नीशियन-2015)**
(अ) बिलासपुर (छ.ग.) (ब) इंदौर (म.प्र.)
(स) दमोह (म.प्र.) (द) ओरछा (म.प्र.)

व्याख्या- भारत का पहला रामायण कला संग्रहालय ओरछा में स्थित है। इसकी स्थापना 17 अप्रैल, 2005 को की गई थी। रामायण से संबंधित पारंपरिक कलाओं का यह भारत का नहीं बल्कि दुनिया का संभवत: पहला अनूठा केन्द्र है।

**184. लाट की मस्जिद कहाँ स्थित है? (पुलिस आरक्षक-2016)**
(अ) भोपाल (ब) धार
(स) अनुपपूर (द) मुरैना

व्याख्या- लाट की मस्जिद धार जिले में स्थित है। यह मस्जिद जैन मंदिरों के खंडहरों पर निर्मित है। धार में कमाल मौलाना की भव्य समाधि और 14वीं या 15वीं शताब्दी में निर्मित एक मस्जिद भी है।

**185. गुजरी महल किसने बनवाया था? (Labour Inspector Recruitment Test-2017), (आबकारी आरक्षक-2012), (परिवहन आरक्षक-2012), (MPPSC Pre-2010)**
(अ) सूरज सेन ने (ब) मानसिंह ने
(स) तेजकरण ने (द) अकबर ने

व्याख्या- ग्वालियर के प्रसिद्ध राजा मानसिंह तोमर ने गुजरी महल का निर्माण कराया था।

**186. किस स्थान को मध्यप्रदेश का पहला जल पर्यटन केंद्र कहा जाता है? (जेल प्रहरी 2017)**
(अ) भेड़ाघाट (ब) अपरलेक भोपाल
(स) हनुवंतीया टापू (द) रीवा

व्याख्या- हनुवंतीया टापू को मध्य प्रदेश का पहला जल पर्यटन केन्द्र कहा जाता है। यह कृत्रिम रूप से जल को रोककर बनाया गया सुंदर टापू है, जिसे पर्यटन बढ़ाने की दृष्टि से बनाया गया है।

**187. मध्य प्रदेश के ताज-उल-मस्जिद, गौहर महल और वन विहार राष्ट्रीय उद्यान के पर्यटन स्थल ........ में स्थित है। Group-2 2018**
(अ) इंदौर (ब) भोपाल
(स) इनमें से कोई नहीं (द) ग्वालियर

व्याख्या- तीनों पर्यटन स्थल- राजधानी भोपाल में स्थित है। ताज-उल-मस्जिद का निर्माण शाहजहाँ बेगम के शासन में प्रारंभ हुआ। गौहर महल का निर्माण गौहर बेगम के द्वारा करवाया गया तथा वन विहार राष्ट्रीय उद्यान की स्थापना 1983 में की गई।

**188. राष्ट्रीय पर्यटन पुरस्कार 2016 में कौन, से पर्यटन स्थल स्मारकों को सर्वश्रेष्ठ संरक्षित और निष्क्रिय मैत्रीपूर्ण स्मारक से सम्मानित किया गया था? जेल प्रहरी 2017**
(अ) खजुराहो (ब) अमरकंटक
(स) भोपाल (द) मांडू

व्याख्या- राष्ट्रीय पर्यटन पुरस्कार 2016 में अमरकंटक पर्यटन स्थल स्मारकों को सर्वश्रेष्ठ संरक्षित और निष्क्रिय मैत्रीपूर्ण स्मारक से सम्मानित किया गया था।

**189. शाही किला कहाँ स्थित है? जेल प्रहरी 2017**
(अ) बुरहानपुर (ब) चंदेरी
(स) होशंगाबाद (द) मांडू

व्याख्या- शाही किला बुरहानपुर में स्थित है।

**190. चेतियागिरि मंदिर कहाँ स्थित है? जेल प्रहरी 2017**
(अ) ओरछा (ब) ओंकारेश्वर
(स) खजुराहों (द) साँची

व्याख्या- चेतियागिरि मंदिर साँची में स्थित हैं।

**191. पर्सिली कौन-से जिले में स्थित है? जेल प्रहरी 2017**
(अ) सीधी (ब) इंदौर
(स) भोपाल (द) मंदसौर

व्याख्या- पर्सिली सीधी जिले में स्थित है।

**192. मंदिरों का बटेश्वर समूह ............ में स्थित है। पुलिस आरक्षक 2017**
(अ) मुरैना (ब) उज्जैन
(स) खजुराहो (द) रतलाम

व्याख्या- बटेश्वर समूह, मुरैना से 25 कि.मी. दूर पुरातात्विक स्थल है। इसमें लगभग 200 प्राचीन मंदिर है।

181.(द) 182.(स) 183.(द) 184.(ब) 185.(ब) 186.(स) 187.(ब) 188.(ब) 189.(अ) 190.(द) 191.(अ) 192.(अ)

**193. बड़ा महादेव और छोटा महादेव मंदिर ............के पास स्थित हैं।** पुलिस आरक्षक 2017

(अ) उज्जैन (ब) भोजपुर

(स) नरसिंहगढ़ (द) मांडू

**व्याख्या-** नरसिंहगढ़ राजगढ़ जिले के अंतर्गत आता है। यहाँ का मुख्य पर्यटन स्थलों में बड़ा महादेव और छोटा महादेव मंदिर प्रसिद्ध है।

**194. बटेश्वर मंदिरों का समूह .......... में स्थित है।** पटवारी परीक्षा 2017

(अ) उज्जैन (ब) मुरैना

(स) खजुराहो (द) रतलाम

**व्याख्या-** बटेश्वर मंदिरों का समूह मुरैना में स्थित है। इसका निर्माण 8वीं शताब्दी से 11वीं शताब्दी में गुर्जर और प्रतिहार राजाओं के वंश के दौरान किया गया था।

**195. दमोह जिले में स्थित जागेश्वर नाथ मंदिर कहाँ है?** पटवारी परीक्षा 2017

(अ) बांदकपुर (ब) कुण्डलपुर

(स) अल्मोड़ा (द) कालुभार गाँव

**व्याख्या-** जागेश्वर नाथ मंदिर दमोह जिले के बादंकपुर में स्थित है। यह भगवान शिव का मंदिर है इसमें कांवरिया नर्मदा से जल लाकर चढ़ाते हैं।

**196. मुरैना जिले का सूर्य मंदिर.............में स्थित हैं।** पटवारी परीक्षा 2017

(अ) ऐती (ब) लहरी

(स) जौरा (द) नूरपुर

**व्याख्या-** मुरैना जिले का सूर्य मंदिर ऐती में स्थित है।

**197. उमरिया मंदिरों में नक्काशियाँ ...... के समान हैं।** पटवारी परीक्षा 2017

(अ) खजुराहों (ब) सांची

(स) ओरछा (द) सोनागिरि

**व्याख्या-** उमरिया मंदिरों में नक्काशियाँ खजुराहो के समान है। उमरिया में लोधी राजपूत का शासन था। लोधी राजपूत परिवार ने नारबादा बर्मान घाट के दक्षिणी तट पर लक्ष्मी नारायण के प्रसिद्ध और महत्वपूर्ण मंदिर का निर्माण किया।

**198. आदेगाँव का किला कहाँ स्थित है?** पटवारी परीक्षा 2017

(अ) होशंगाबाद (ब) बुरहानपुर

(स) सिवनी (द) दतिया

**व्याख्या-** आदेगाँव का किला मध्यप्रदेश के सिवनी जिले में स्थित है।

**199. राहेली का सूर्य मंदिर ............. में स्थित है।** पटवारी परीक्षा 2017

(अ) सिवनी (ब) सागर

(स) जबलपुर (द) उज्जैन

**व्याख्या-** सागर जिला भारत के राज्य मध्यप्रदेश का एक संभाग है। संभाग का मुख्यालय सागर है। सागर में राहेली का सूर्य एवं प्रदेश का सबसे पुराना विश्वविद्यालय है।

**200. मध्य प्रदेश में निम्नलिखित इमारतों में से किसने वास्तुकला के लिए आगा खान पुरस्कार जीता?** पटवारी परीक्षा 2017

(अ) शौर्य स्मारक (ब) वल्लभ भवन

(स) विधान भवन (द) ताज-उल-मस्जिद

**व्याख्या-** आगा खान पुरस्कार, आगा खान IV द्वारा 1977 में स्थापित एक वास्तुकला पुरस्कार है। मध्यप्रदेश के विधान-भवन को 1998 में दिया गया था।

**201. मध्यप्रदेश के किसे जिले में गढ़कोटा किला है?** पटवारी परीक्षा 2017

(अ) होशंगाबाद (ब) ग्वालियर

(स) रायसेन (द) सागर

**व्याख्या-** गढ़कोटा का किला सागर जिला में स्थित है। यह किला सुनार और गधरी दो नदियों के किनारे स्थित है। यह किला राजपूत रांजाओं का रहने का स्थान था। 1857 की क्रांति में यहाँ के राजा को रानी लक्ष्मीबाई ने पत्र लिखकर ब्रिटिश शासन के खिलाफ लड़ाई में भाग लेने को कहा था।

**202. दतिया में वीर सिंह महल में कुल कितने तल है?** पटवारी परीक्षा 2017

(अ) 7 (ब) 8

(स) 11 (द) 10

**व्याख्या-** दतिया के वीरसिंह महल एक भव्य महल हैं जो वीरसिंह राजा के द्वारा बनवाया गया था। इस महल में कुल 7 तल है। यह महल 9 साल में बनकर तैयार हुआ था। इस किले को पत्थरों पर नक्काशी की गई है। जो मुगल कालीन इतिहासकारी से प्रेरित है।

**203. विदिशा में उदयगिरि की कितनी गुफाएँ हैं?** पटवारी परीक्षा 2017

(अ) 20 (ब) 16

(स) 28 (द) 12

**व्याख्या-** विदिशा के उदयगिरि गुफाओं में प्रस्तर- मूर्तियों के प्रमाण मिलते हैं। यहाँ 20 गुफाएँ हैं। इन गुफाओं में कई बौद्ध अवशेष पाएँ जाते हैं। ये गुफाएँ गुप्तकाल की सबसे प्रमुख पुरातात्विक क्षेत्र हैं।

**204. मध्य प्रदेश के निम्नलिखित जिलों में से किसमें शाही मस्जिद और मोती मस्जिद स्थित है?** पटवारी परीक्षा 2017

(अ) विदिशा (ब) सिंगरौली

(स) कटनी (द) धार

193.(स) 194.(ब) 195.(अ) 196.(अ) 197.(अ) 198.(स) 199.(ब) 200.(स) 201.(द) 202.(अ) 203.(अ) 204.(अ)

व्याख्या- मध्यप्रदेश के विदिशा जिले में शाही मस्जिद और मोती मस्जिद स्थित है।

205. कटनी में झिंजरी गाँव किसलिए प्रसिद्ध है? पटवारी परीक्षा 2017

(अ) चट्टान/गुफा चित्रकारी (ब) शिव मंदिर

(स) झरना (द) सिंचाई परियोजना

व्याख्या- कटनी जिले के जबलपुर रोड पर कटनी से 3 किलोमीटर दूर झिंझरी शैलाश्रय स्थित है।

206. मध्य प्रदेश में सबसे महत्वपूर्ण नदी द्वीप है : पटवारी परीक्षा 2017

(अ) कालभैरव (ब) ओंकारेश्वर

(स) वैनगंगा (द) नौरादेही

व्याख्या- म. प्र. के इंदौर संभाग में ओंकारेश्वर प्रमुख नदी द्वीप है। यहाँ नर्मदा नदी बहती है तथा यहाँ 12 ज्योतिर्लिंग में से एक प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग हैं।

207. शिवपुरी में करवाला क्या है? पटवारी परीक्षा 2017

(अ) पर्यावरण पर्यटन केन्द्र (ब) पुरातात्विक केन्द्र

(स) शिला चित्रकारी (द) मुस्लिक आर्ट सेंटर

व्याख्या- ''करवाला'' पर्यावरण पर्यटन केन्द्र है जो कि शिवपुरी में स्थित है।

208. निम्नलिखित में से कौन-सी गर्मियों की छुट्टियों के लिए मुगलों की लोकप्रिय घूमने वाली जगह थी? पटवारी परीक्षा 2017


(अ) आगर मालवा (ब) शिवपुरी

(स) ग्वालियर (द) झाबुआ

व्याख्या- गर्मियों की छुट्टियों में मुगलों द्वारा घूमने वाली लोकप्रिय जगह आगर-मालवा थी। आगर-मालवा ही परमार वंश की राजधानी थी।

* * *

205.(अ) 206.(ब) 207.(अ) 208.(अ)



# अध्याय– 15

# मध्यप्रदेश में विद्युत

1. **म.प्र. में विद्युत का उत्पादन कब से प्रारम्भ हुआ–**

(अ) 1906 (ब) 1905

(स) 1904 (द) 1907।

**व्याख्या**– म.प्र. में विद्युत का उत्पादन 1905 से ग्वालियर में प्रारम्भ हुआ।

2. **मध्यप्रदेश में विद्युत प्रदाय अधिनियम कब से लागू किया गया–**

(अ) 10 सितम्बर 1948 (ब) 10 अक्टूबर 1948

(स) 15 सितम्बर 1948 (द) 30 सितम्बर 1948।

**व्याख्या**– 1945 में पुराने सी.पी. में शासकीय स्तर पर स्वतन्त्र विद्युत विभाग की स्थापना की गई। 10 सितम्बर 1948 को विद्युत प्रदाय अधिनियम लागू किया गया।

3. **मध्यप्रदेश विद्युत मण्डल का गठन कब किया गया था–**

(अ) 5 सितम्बर 1950 (ब) 15 सितम्बर 1950

(स) 1 दिसम्बर 1950 (द) 20 सितम्बर 1950।

**व्याख्या**– मध्यप्रदेश विद्युत मण्डल का गठन 1 दिसम्बर 1950 को किया गया। यह भारत का प्रथम विद्युत मण्डल है।

4. **मध्यप्रदेश राज्य में ऊर्जा का सर्वाधिक उपयोग किन कार्यों में होता है–**

(अ) कृषि व सिंचाई (ब) उद्योग

(स) कारखाने (द) उपरोक्त सभी।

**व्याख्या**– प्रदेश में ऊर्जा का सर्वाधिक उपयोग कृषि व सिंचाई में होता है।

5. **राज्य का प्रथम गैस पर आधारित विद्युत गृह कहाँ स्थापित किया जा रहा है–**

(अ) श्योपुर (ब) भाण्डेर

(स) भिंड (द) मुरैना।

**व्याख्या**– भाण्डेर (दतिया) में गैस पर आधारित विद्युत गृह स्थापित किया जा रहा है। इसे गैस की आपूर्ति हजीरा–विजयपुर जगदीशपुर गैस लाइन से होगी।

6. **मध्यप्रदेश में ऊर्जा विकास निगम की स्थापना कब की गई–**

(अ) 1983 (ब) 1984

(स) 1985 (द) 1982।

1.(ब) 2.(अ) 3.(स) 4.(अ) 5.(ब) 6.(द)

व्याख्या- पारम्परिक ऊर्जा स्रोत के अतिरिक्त ऊर्जा के वैकल्पिक साधनों का पता लगाने, उन्हें अधिकाधिक उपयोग में लाने के लिए मध्यप्रदेश ऊर्जा विकास निगम की स्थापना अगस्त 1982 में की गई।

7. मध्यप्रदेश किस ऊर्जा के साधन पर सबसे अधिक निर्भर है-
(अ) ताप विद्युत ऊर्जा (ब) जलविद्युत
(स) गैस विद्युत (द) उपरोक्त सभी।

व्याख्या- जिन स्थानों पर कोयले से विद्युत का उत्पादन किया जाता है, उन्हें तापीय विद्युत गृह कहते हैं। मध्यप्रदेश में ताप विद्युत ऊर्जा पर अधिक निर्भरता है।

8. भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स की स्थापना म.प्र. के किस नगर में की गई है-
(अ) जबलपुर (ब) इन्दौर
(स) भोपाल (द) ग्वालियर।

व्याख्या- भारी बिजली उद्योग के लिये उपकरण तैयार करने का कारखाना भारत हैवी इलेक्ट्रीकल्स लि. भी म.प्र. के भोपाल नगर में ही है। (ब्रिटेन के सहयोग से)

9. अमरकंटक ताप विद्युत गृह किस क्षेत्र में है-
(अ) सतना (ब) शहडोल
(स) बैतूल (द) छिंदवाड़ा

व्याख्या- अमरकंटक ताप विद्युत गृह शहडोल जिले में स्थित है।

10. ग्रामीण विद्युतीकरण निगम की स्थापना कब की गई-
(अ) 1962 (ब) 1961
(स) 1960 (द) 1963

व्याख्या- ग्रामों में उन्नति के लिए भारत सरकार ने सन् 1960 में ग्रामीण विद्युतीकरण निगम की स्थापना की। इसका उद्देश्य बिजली को पिछड़े क्षेत्रों, अनुसूचित क्षेत्रों तथा जनजातीय क्षेत्रों तक ग्राम-ग्राम में पहुँचाना है।

11. पेंच ताप विद्युत गृह किस जिले में स्थापित किया गया-
(अ) बैतूल (ब) छिंदवाड़ा
(स) बालाघाट (द) होशंगाबाद

व्याख्या- मध्यप्रदेश-महाराष्ट्र सीमा पर छिंदवाड़ा जिले में यह विद्युत गृह स्थापित किया गया है। इसमें 210 मेगावाट की दो इकाइयाँ स्थापित की गईं।

12. एशिया के प्रथम लेसर किरण परमाणु ऊर्जा अनुसंधान संस्थान की स्थापना कहाँ की गई-
(अ) देवास (ब) इन्दौर
(स) पीथमपुर (द) धार

व्याख्या- एशिया के प्रथम लेसर किरण परमाणु ऊर्जा अनुसंधान संस्थान की स्थापना इन्दौर में की गई थी।

13. नेपानगर के कागज उद्योग को ताप विद्युत आपूर्ति किस विद्युत गृह से होती है-
(अ) चाँदनी ताप विद्युत गृह (ब) अमरकंटक ताप विद्युत गृह
(स) सतपुड़ा ताप विद्युत गृह (द) संजय गाँधी ताप विद्युत गृह

व्याख्या- बुरहानपुर जिले के नेपानगर के कागज उद्योग को विद्युत आपूर्ति चाँदनी ताप विद्युत गृह से होती है।

14. संसार का सबसे बड़ा सौर ऊर्जा संयंत्र कहाँ लगाया जा रहा है-
(अ) उदयनगर (ब) रायसेन
(स) इटारसी (द) विदिशा

व्याख्या- संसार का सबसे बड़ा सौर ऊर्जा संयंत्र, इटारसी में लगाया गया है।

15. मध्यप्रदेश विद्युत मण्डल का प्रधान कार्यालय कहाँ है-
(अ) अमरकंटक (ब) जबलपुर
(स) भोपाल (द) शहडोल

व्याख्या- म.प्र. विद्युत मंडल का प्रधान कार्यालय जबलपुर में है।

16. अमरकंटक तथा सतपुड़ा किस प्रकार के विद्युत केन्द्र हैं-
(अ) कोयला चलित ताप विद्युत केन्द्र
(ब) जल विद्युत केन्द्र
(स) गैस विद्युत केन्द्र
(द) सौर ऊर्जा केन्द्र

व्याख्या- अमरकंटक तथा सतपुड़ा, कोयला चलित ताप विद्युत केन्द्र हैं।

17. उड़ीसा में स्थित हीराकुण्ड परियोजना से मध्यप्रदेश को कितनी बिजली मिलती है-
(अ) 6 मेगावाट (ब) 5 मेगावाट
(स) 4 मेगावाट (द) 10 मेगावाट

व्याख्या- उड़ीसा में स्थित हीराकुंड परियोजना से म.प्र. को 5 मेगावाट बिजली मिलती है।

18. चाँदनी ताप विद्युत केन्द्र किस जिले में स्थापित किया गया-
(अ) महेश्वर (ब) बड़वानी
(स) बुरहानपुर (द) खरगोन।

व्याख्या- चाँदनी ताप विद्युत गृह बुरहानपुर जिले में स्थित है।

19. गाँधी सागर विद्युत केन्द्र किस नदी पर है-
(अ) नर्मदा (ब) बेतवा
(स) चम्बल (द) ताप्ती।

व्याख्या- गांधी सागर विद्युत केन्द्र चम्बल नदी पर मंदसौर जिले में स्थित है, जो म.प्र. एवं राजस्थान की संयुक्त परियोजना है।

20. मध्यप्रदेश में क्षेत्रफल की दृष्टि से विस्तृत कोयला क्षेत्र कौन-सा है-
(अ) सोहागपुर (ब) तातापानी

7.(अ) 8.(स) 9.(ब) 10.(स) 11.(ब) 12.(ब) 13.(अ) 14.(स) 15.(ब) 16.(अ) 17.(ब) 18.(स) 19.(स) 20.(अ)

(स) पाथरखेड़ा (द) सिंगरौली।

व्याख्या- म.प्र. में क्षेत्रफल की दृष्टि से विस्तृत कोयला क्षेत्र सोहागपुर है, जो कि शहडोल जिले में स्थित है।

21. मध्यप्रदेश में कोयले के सर्वाधिक विशाल भण्डार किस क्षेत्र में हैं-

(अ) सतपुड़ा क्षेत्र (ब) मालवा क्षेत्र

(स) मैकल क्षेत्र (द) विन्ध्य क्षेत्र।

व्याख्या- म.प्र. में कोयले का सर्वाधिक भंडार क्षेत्र विध्य क्षेत्र में है।

22. जिन स्थानों पर कोयले से विद्युत उत्पादन किया जाता है उन्हें कौन सा विद्युत गृह कहते हैं-

(अ) तापीय विद्युत गृह (ब) जल विद्युत गृह

(स) गैस विद्युत गृह (द) सौर ऊर्जा।

व्याख्या- जिन स्थानों पर कोयले से बिजली उत्पादित होती है उन स्थानों को तापीय विद्युत गृह कहा जाता है।

23. 1986 में नेशनल सेफ्टी काउंसिल ऑफ यू.एस.ए. की ओर से अवार्ड ऑफ ऑनर 1986 किस विद्युत केन्द्र को दिया गया-

(अ) बालको तापीय विद्युत केन्द्र

(ब) चाँदनी ताप विद्युत केन्द्र

(स) जबलपुर के तापीय विद्युत केन्द्र

(द) संजय गाँधी केन्द्र।

व्याख्या- 1986 में नेशनल सेफ्टी काउंसिल ऑफ यू.एस.ए. की ओर से अवार्ड ऑफ ऑनर 1986 बालकों तापीय विद्युत केन्द्र को दिया गया।

24. मध्य प्रदेश में कितने ताप विद्युत केन्द्र हैं-

(अ) 6 (ब) 8

(स) 9 (द) 10।

व्याख्या- म.प्र. में 10 ताप विद्युत केन्द्र हैं- अमरकंटक, सतपुड़ा, बालको, चाँदनी, जबलपुर, संजय गाँधी, पेंच और बाँधव व मांडू, बीना, विंध्याचल ताप विद्युत केन्द्र है।

25. अमरकंटक विद्युत गृह में कितनी इकाइयाँ कार्यरत हैं-

(अ) 2 (ब) 4

(स) 3 (द) 5

व्याख्या- अमरकंटक विद्युत गृह में 4 इकाइयाँ कार्यरत हैं।

26. देश का प्रथम विद्युत मण्डल कहाँ स्थापित किया गया-

(अ) मध्यप्रदेश (ब) उत्तरप्रदेश

(स) गुजरात (द) महाराष्ट्र।

व्याख्या- देश का प्रथम विद्युत मण्डल 1 दिसम्बर 1950 को मध्यप्रदेश में स्थापित किया गया।

27. प्रदेश में सर्वाधिक पवन चक्की किस जिले में है-

(अ) धार (ब) इन्दौर

(स) देवास (द) उज्जैन।

व्याख्या- प्रदेश में सर्वाधिक पवन चक्कियाँ देवास जिले में हैं।

28. किस नदी पर विद्युत उत्पादन के लिए तीन बाँध बने हैं तथा उसके पानी को बैराज द्वारा राजस्थान और मध्य प्रदेश में सिंचाई के लिए उपयोग में लाया जाता है?

(अ) बेतवा (ब) सोन

(स) चम्बल (द) ताप्ती।

व्याख्या- मध्यप्रदेश में विद्युत उत्पादन हेतु प्रथम परियोजना चम्बल घाटी परियोजना थी जो कि राजस्थान व मध्यप्रदेश के द्वारा संयुक्त रूप से प्रारंभ की गई।

29. सतपुड़ा ताप विद्युत केन्द्र कहाँ है?

(अ) वीरसिंहपुर- उमरिया (ब) अमरकंटक-शहडोल

(स) पाथरखेड़ा-बैतूल (द) बैढ़न-सीधी।

व्याख्या- मध्यप्रदेश में सतपुड़ा ताप विद्युत केन्द्र बैतूल के पाथरखेड़ा में अवस्थित है।

30. पूर्व में मध्य प्रदेश की ऊर्जा राजधानी वाला सीधी जिला के स्थान पर अब यह खिताब किस जिले को मिल गया है-

(अ) सिंगरौली (ब) उमरिया

(स) डिण्डोरी (द) पीपरा।

व्याख्या- पूर्व में ऊर्जा राजधानी कहलाने वाला बैढ़न सिंगरौली में चला गया हैं, अत: मध्यप्रदेश की ऊर्जा राजधानी सिंगरौली को कहा जाता है।

31. निम्न परियोजना निजी क्षेत्र को सौंपी गयी है

(अ) महेश्वर (ब) ओंकारेश्वर

(स) अमरकंटक (द) इनमें से कोई नहीं।

व्याख्या- मध्यप्रदेश में निजी क्षेत्र के सहयोग से महेश्वर एवं पेंच ताप विद्युत केन्द्र का निर्माण किया गया।

32. गाँधी सागर जल विद्युत केन्द्र के उत्पादित विद्युत में मध्य प्रदेश का हिस्सा कितना मेगावाट है-

(अ) 49.5m.w. (ब) 57.5m.w.

(स) 86.m.w. (द) 86.m.w

व्याख्या- मध्यप्रदेश में गाँधी सागर जल विद्युत केन्द्र से 57.5 मेगावाट विद्युत उत्पादन मध्यप्रदेश के हिस्से में आता है।

33. राणा प्रताप सागर जल-विद्युत केन्द्र से उत्पादित जल विद्युत में मध्य प्रदेश को कितनी मेगावाट विद्युत प्राप्त हुई-

(अ) 49.5m.w. (ब) 65m.w.

21.(द) 22.(अ) 23.(अ) 24.(द) 25.(ब) 26.(अ) 27.(स) 28.(स) 29.(स) 30.(अ) 31.(अ) 32.(ब)

(स) 80.m.w.　　(द) 86.m.w

व्याख्या- मध्यप्रदेश में राणा प्रताप सागर से 86 मेगावाट विद्युत का उत्पादन किया जा रहा है।

**34. निम्न में से कौन-सी परियोजना म.प्र. की संयुक्त परियोजना नहीं है-**

(अ) सतपुड़ा ताप विद्युत परियोजना
(ब) रिहन्द ताप विद्युत परियोजना
(स) विंध्याचल ताप विद्युत परियोजना
(द) इंदिरा सागर ताप विद्युत परियोजना।

व्याख्या- सतपुड़ा ताप विद्युत परियोजना मध्यप्रदेश व राजस्थान की, रिहन्द जल विद्युत परियोजना मध्यप्रदेश तथा गुजरात की संयुक्त विद्युत परियोजनाएँ हैं। जबकि इंदिरा सागर ताप विद्युत परियोजना म.प्र. की संयुक्त परियोजना नहीं है।

**35. म.प्र. में सोलर फोटोवोल्टिक प्लांट कहाँ लगाया गया?**

(अ) बैतूल　　(ब) होशंगाबाद
(स) झाबुआ　　(द) उपरोक्त सभी में

व्याख्या- गैर परंपरागत ऊर्जा स्त्रोतों के विकास हेतु सोलर फोटो वोल्टिक प्लांट बैतूल, होशंगाबाद व झाबुआ में लगाया जा रहा है।

**36. 'कोरबा' सुपर-थर्मल पॉवर स्टेशन कहाँ स्थित है? ( SI 2011 )**

(अ) गोवा　　(ब) मध्य प्रदेश
(स) उड़ीसा　　(द) महाराष्ट्र

व्याख्या- वर्तमान में कोरबा सुपर थर्मल पॉवर स्टेशन छत्तीसगढ़राज्य में है, परन्तु विकल्प में छ.ग. नहीं दिया है, इसलिए सही उत्तर म.प्र. होगा।

**37. सारणी ताप विद्युत-गृह किस जिले में है? ( पटवारी परीक्षा 2008 )**

(अ) शहडोल　　(ब) बैतूल
(स) रीवा　　(द) सीधी

व्याख्या- सारणी ताप विद्युत गृह बैतूल में स्थित है। इसकी स्थापना 1967 में की गई।
इसकी कुल उत्पादन क्षमता 1142.5 मेगावाट है।

**38. निम्न में से कौन-सा ऊर्जा का गैर परम्परागत स्त्रोत है?**
**( परिवहन आरक्षक परीक्षा- 2012 )**

(अ) सौर लालटेन　　(ब) टॉर्च
(स) मोमबत्ती　　(द) घासलेट बल्ब

व्याख्या- ऊर्जा संसाधन-

| परम्परागत ऊर्जा स्त्रोत | गैर परम्परागत ऊर्जा स्त्रोत |
|---|---|
| 1. जल ऊर्जा | 1. सौर ऊर्जा |
| 2. कोयला भण्डार | 2. पवन ऊर्जा |
| 3. लिग्नाइट | 3. बायोमास |
| 4. कच्चा तेल | 4. बायो गैस संयंत्र |
| 5. यूरेनियम | 5. ज्वारीय ऊर्जा |
| 6. प्राकृतिक गैस | 6. बायो डीजल |
| 7. थोरियम | 7. हाइड्रेज जलवाटर पम्प |
| 8. परमाणु | 8. उन्नत चूल्हा |

**39. भीमपुर परमाणु विद्युत गृह प्रस्तावित स्थल किस जिले में स्थित है।**

(अ) शिवपुरी　　(ब) मण्डला
(स) गुना　　(द) डिण्डोरी

व्याख्या- प्रस्तावित भीमपुर परमाणु विद्युत गृह स्थल शिवपुरी जिले में स्थित है जबकि म.प्र. का पहला परमाणु विद्युत गृह चुटका गाँव जिला मण्डला में प्रस्तावित है।

**40. मध्यप्रदेश के सभी जिलों में 24 घण्टे बिजली प्रदाय हेतु अटल ज्योति अभियान मध्यप्रदेश सरकार द्वारा कब से प्रारंभ किया गया-**

(अ) 20 जनवरी 2013　　(ब) 25 जनवरी 2015
(स) 26 जनवरी 2012　　(द) 1 जनवरी 2014

व्याख्या- मध्यप्रदेश सरकार ने 20 जनवरी 2013 से जबलपुर से अटल ज्योति अभियान की शुरुआत की।

**41. कौन सा कोयला क्षेत्र सतपुड़ा कोयला क्षेत्र नहीं आता है?**
**( डेयरी फेडरेशन 2016 )**

(अ) उमरिया　　(ब) मोहपानी
(स) कान्हन　　(द) पेंच

व्याख्या- उमरिया कोयला क्षेत्र सतपुड़ा कोयला क्षेत्र में नहीं आता, उमरिया कोयला क्षेत्र मध्यभारत कोयला क्षेत्र में आता है जबकि मोहपानी, कान्हन एवं पेंच कोयला क्षेत्र सतपुड़ा कोयला क्षेत्र में आते हैं।

**42. चाँदनी ताप गृह की शुरुआत हुई- ( डेयरी फेडरेशन 2016 )**

(अ) 1982　(ब) 1963　(स) 1953　(द) 1973

व्याख्या- चांदनी ताप गृह की शुरुआत वर्ष 1953 में नेशनल न्यूज प्रिंट कारखाना नेपानगर के विद्युत आपूर्ति हेतु की गई थी। यह मध्यप्रदेश का पहला ताप विद्युत गृह है।

**43. विंध्याचल ताप विद्युत केंद्र की उत्पादन क्षमता क्या है**
**( डेयरी फेडरेशन 2016 )**

(वर्तमान में उत्पादन क्षमता - 4760 MW　13 इकाई　6X210 MW　7X500 MW

(अ) 1060 MW　　(ब) 1500 MW
(स) 1860 MW　　(द) 2260 MW

व्याख्या- विंध्यांचल ताप विद्युत केन्द्र की उत्पादन क्षमता 2260 मेगावाट है। यह बैढ़न सिंगरौली में स्थित है इसकी आधारशिला सन् 1962 में तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमति इंदिरा गांधी ने रखी गयी। **सोवियत संघ रूस** की सहायता से स्थापित यह मध्यप्रदेश का सबसे बड़ा ताप विद्युत संयंत्र है इसलिए बैढ़न (सिंगरोली) को म.प्र. की ऊर्जा राजधानी कहा जाता है।

आधारशिला - 1982.

33.(द) 34.(द) 35.(द) 36.(ब) 37.(ब) 38.(अ) 39.(अ) 40.(अ) 41.(अ) 42.(स) 43.(द)

44. निम्नलिखित में से किस स्थान को ऊर्जा नगरी कहा जाता है? (डेयरी फेडरेशन 2016)

(अ) नेपानगर (ब) सिंगरौली
(स) सोहागपुर (द) जबलपुर

व्याख्या- सिंगरौली को ऊर्जा नगरी कहा जाता है क्योंकि यहाँ पर म.प्र. का सबसे बड़ा ताप विद्युत संयत्र स्थापित है जिसकी विद्युत उत्पादन क्षमता 2260 मेगावाट है।

45. इनमें से मध्यप्रदेश का कौनसे क्षेत्र में एनटीपीसी (NTPC) थर्मल प्लांट स्थित है? (उपयंत्री सिविल-2016)

(अ) सासन (ब) सिंगरौली
(स) सतपुरा (द) मुसमुधि

व्याख्या- मध्यप्रदेश के सिंगरौली जिले में एनटीपीसी (NTPC) का थर्मल प्लांट स्थित है।

46. किस जिले में संजय गाँधी ताप विद्युत केन्द्र स्थित है? (चतुर्थ श्रेणी 2015)

(अ) शहडोल (ब) उमरिया
(स) छिन्दवाड़ा (द) सागर

व्याख्या- संजय गांधी ताप विद्युत केन्द्र की स्थापना वीरसिंह पुर उमरिया मे की गई है।

47. इन्दिरा सागर हाइड्रोइलेक्ट्रिक पॉवर प्लान्ट स्थित है- (सहायक ग्रेड-3 2014)

(अ) खण्डवा जिले में (ब) सिहोर जिले में
(स) छतरपुर जिले में (द) होशंगाबाद जिले में

व्याख्या- इंदिरा सागर हाइड्रोइलेक्ट्रिक पॉवर प्लांट म.प्र. के खण्डवा जिले में स्थित है जिससे बिजली बनाई जाती है।

48. भेल (BHEL) है?

(अ) विद्युत निर्माण कंपनी (ब) केन्द्र सरकार की इकाई
(स) राज्य सरकार की इकाई (द) ताप विद्युत गृह

व्याख्या- महारत्न BHEL (भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड) एक केन्द्र सरकार की इकाई है। इसकी स्थापना ब्रिटेन की मदद से 1960 में की गई।

49. 4 वर्षो के अंतराल (2003-07) में प्रदेश में कितने प्रतिशत विद्युत क्षमता में वृद्धि हुई।

(अ) 76% (ब) 96%
(स) 72% (द) 92%

व्याख्या- वर्ष 2003-2007 में मध्यप्रदेश में 92% विद्युत क्षमता में वृद्धि हुई है। अर्थात् 4 वर्षो में 2792 मेगावॉट की वृद्धि की गई।

50. निम्न में से गाँधी सागर जल विद्युत केन्द्र कहाँ पर है?

(अ) पुनासा (ब) मंदसौर
(स) बैढ़न (द) देवलोन

व्याख्या- प्रदेश के मंदसौर जिले में स्थित गाँधी सागर बाँध स्थापित किया गया है। यह बाँध चंबल नदी पर बना हुआ है, जिसकी विद्युत उत्पादन क्षमता 115 mw है।

51. गुजरात में स्थित सरदार सरोवर बाँध द्वारा विद्युत उत्पादन में म.प्र. का कितना हिस्सा है?

(अ) 12% (ब) 48%
(स) 36% (द) 57%

व्याख्या- सरदार सरोवर बाँध नर्मदा नदी पर गुजरात में बनाया गया है, जिसमें कुल विद्युत उत्पादन का 57% हिस्सा म.प्र. का है। तत्पश्चात् गुजरात का 27% और महाराष्ट्र का 16% हिस्सा है।

52. निम्न में से किस स्थान पर रिहन्द विद्युत परियोजना स्थित हैं?

(अ) पुनासा (ब) देवलोन
(स) पीपरी (द) सिवनी

व्याख्या- रिहन्द विद्युत परियोजना उ.प्र. तथा म.प्र. की संयुक्त परियोजना है। यह पीपरी में स्थित है।

53. निम्न में से किस स्थान पर म.प्र. का पहला ऊर्जा संयंत्र लगाया गया है?

(अ) अलीराजपुर (ब) जामगोदरानी
(स) सीधी (द) जादुखेड़ा

व्याख्या- जामगोदरानी प्रदेश के देवास में आता है। यहीं पर म.प्र. का पहला ऊर्जा संयंत्र लगाया गया है। धार के जादुखेड़ा में भूसी आधारित विद्युत संयंत्र लगाया गया है।

54. म.प्र. में सौर ऊर्जा से पानी गरम करने का सबसे बड़ा संयंत्र कहाँ लगाया है?

(अ) भोपाल (ब) देवास
(स) सागर (द) नीमच

व्याख्या- प्रदेश की राजधानी भोपाल में सौर ऊर्जा से पानी गरम करने का सबसे बड़ा संयंत्र लगाया गया है। इस संयंत्र की क्षमता 54 हजार लीटर प्रतिदिन है।

55. निम्न में म.प्र. में कितना प्रतिशत विद्युतीकरण हो चुका है?

(अ) 92% (ब) 96%
(स) 97% (द) 94%

व्याख्या- म.प्र. में 97% विद्युतीकरण हो चुका है। यह विद्युतीकरण प्रदेश के 50,000 से अधिक गाँवों में हो चुका है।

56. किस वर्ष ग्रामीण विद्युतीकरण निगम की स्थापना की गई?

(अ) 1998 (ब) 1962
(स) 1972 (द) 1960

44.(ब) 45.(ब) 46.(ब) 47.(अ) 48.(स) 49.(द) 50.(ब) 51.(द) 52.(स) 53.(ब) 54.(अ) 55.(स) 56.(द)

व्याख्या- भारत सरकार द्वारा 1960 में ग्रामीण विद्युतीकरण निगम की स्थापना की गई। इसका उद्देश्य पिछड़े व जनजातीय क्षेत्रों तक विद्युत पहुँचाना है।

57. निम्न में प्रदेश के किस स्थान पर 500 मेगावॉट उत्पादन क्षमता वाली यूनिट से उत्पादन प्रारंभ हुआ है।

(अ) शहडोल (ब) बैढ़न
(स) अनूपपुर (द) वीरसिंहपुर

व्याख्या- म.प्र. के उमरिया जिले के वीरसिंहपुर में 500 मेगावॉट उत्पादन वाली यूनिट से उत्पादन प्रारंभ हुआ है। जिसका उद्घाटन 28 जून 2007 को लालकृष्ण आडवाणी द्वारा किया गया।

58. म.प्र. में बदली हुई अवधारणा के अनुसार विद्युतीकरण का औसत कितना है?

(अ) 79% (ब) 71%
(स) 76% (द) 77%

व्याख्या- बदली हुई अवधारणा के अनुसार राज्य में ग्रामीण विद्युतीकरण का औसत 71% है।

59. वर्ष 2003, मार्च में म.प्र. की विद्युत स्थापित क्षमता कितनी थी?

(अ) 2900 M.W. (ब) 2600 M.W.
(स) 2200 M.W. (द) 3200 M.W.

व्याख्या- म.प्र. में विद्युत की कुल उत्पादित क्षमता 2900 M.W. थी। इनमें से 2100 M.W. ताप विद्युत तथा 800 mw जल विद्युत क्षमता है।

60. म.प्र. की कुल जल-विद्युत क्षमता है- (म.प्र. राज्य वन सेवा परीक्षा 2010)

(अ) 40,79 00 KW (ब) 38,70,000 KW
(स) 40,30,000 KW (द) 42,70,000 KW

वर्तमान में 5657500KW + mppgcl. mp-gov. in

व्याख्या- म.प्र. की कुल जल-विद्युत क्षमता 40,79,000 KW है। यह देश की कुल जल विद्युत उत्पादन क्षमता का 10% है।

61. म.प्र. में प्रथम सौर ऊर्जा गाँव है? (कराधान सहायक-2010)

(अ) कस्तूरबा (ब) मवई
(स) तेवर (द) अमवार

व्याख्या- कस्तूरबा ग्राम जो कि (इंदौर के पास स्थित हैं) प्रदेश का प्रथम सौर ऊर्जा गाँव है। यह ग्राम पूर्वत: सौर ऊर्जा पर आधारित बनाया गया है।

62. निम्न में से कौनसा अन्य राज्य में स्थित जल विद्युत गृह है।
(State Engineering Service (Pre) Exam - 2016)

(अ) बाणसागर (ब) जवाहरसागर
(स) पेंच (द) कोई नहीं

व्याख्या- जवाहरसागर परि. राजस्थान में स्थित है, परंतु यह म.प्र. तथा राजस्थान की संयुक्त परि. है। बाणसागर तथा पेंच जल विद्युत परि. म.प्र. में स्थित है।

63. म.प्र. विद्युत नियामक प्राधिकरण का कार्यालय किस नाम से प्रसिद्ध है? (Group 2 (Sub Group 2) Combined Recruitment Test - 2017)

(अ) ऊर्जा भवन (ब) सौर भवन
(स) यातायात भवन (द) विद्युत भवन

व्याख्या- म.प्र. विद्युत नियामक प्राधिकरण भोपाल में स्थित है जो कि ऊर्जा भवन के नाम से प्रसिद्ध है।

64. म.प्र. में बी एच ई एल ने 600 मेगावॉट थर्मल पावर प्लांट कहाँ कमीशन किया? (B.A.B.Ed/B.Sc.B.Ed/B.E., Ed 2016)

(अ) सिवनी (ब) बड़वानी
(स) भिण्ड (द) दमोह

व्याख्या- म.प्र. राज्य के सिवनी जिले में बीएचईएल ने 600 मेगावॉट का थर्मल पारव प्लांट कमीशन किया। इसका शुभारंभ 3 मई 2016 को हुआ।


65. निम्नलिखित में से किसने झाबुआ में 600 मेगावाट ताप विद्युत संयंत्र चालू किया है? जेल प्रहरी 2017

(अ) भेल (ब) इनमें से कोई नहीं
(स) ओएनजीसी (द) एनटीपीसी।

व्याख्या- भेल ने झाबुआ में 600 MW ताप विद्युत संयंत्र की शुरुआत की।

* * *

57.(द) 58.(ब) 59.(अ) 60.(अ) 61.(अ) 62.(ब) 63.(अ) 64.(अ) 65.(अ)




# अध्याय– 16
# मध्यप्रदेश में शिक्षा

1. मध्य प्रदेश के किस जिले में "भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान" स्थित है? ( जेल प्रहरी 2015 )
   (अ) देवास (ब) भोपाल
   (स) सीधी (द) इंदौर

व्याख्या- "भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसन्धान संस्थान" भोपाल में स्थित है। इन्दौर में सोयाबीन अनुसन्धान संस्थान स्थित है।

2. हिन्दी क्षेत्र का प्रथम राज्य नाट्य विद्यालय कहां खोला जाना है।
   (अ) सागर (ब) जबलपुर
   (स) भोपाल (द) टीकमगढ़

व्याख्या- हिन्दी क्षेत्र का प्रथम राज्य नाट्य विद्यालय भोपाल में स्थापित किया जाना है।

3. म. प्र. का नवीनतम महर्षि पाणिनी संस्कृत विश्वविद्यालय कहाँ स्थापित किया गया है।
   (अ) चित्रकूट (ब) होशंगाबाद
   (स) खरगोन (द) उज्जैन

व्याख्या- म. प्र. का नवीनतम महर्षि पाणिनी संस्कृत विश्वविद्यालय उज्जैन में स्थापित किया गया है।

4. म. प्र. में हिन्दी विश्वविद्यालय की स्थापना कहाँ की जानी है।
   (अ) इन्दौर (ब) भोपाल
   (स) जबलपुर (द) कटनी

व्याख्या- म.प्र. में हिन्दी विश्वविद्यालय की स्थापना सन् 2012 में भोपाल में की गई।

5. म. प्र. का कौन सा शहर, देश का ऐसा पहला शहर है जहाँ दो उच्चस्तरीय राष्ट्रीय शैक्षणिक संस्थाओं (IIT एवं IIM) वाला शहर बना।
   (अ) ग्वालियर (ब) इंदौर
   (स) भोपाल (द) सागर

व्याख्या- इंदौर देश का ऐसा पहला शहर है IIT एवं IIM दोनों हैं।

6. एशिया में प्रथम शारीरिक विश्वविद्यालय किस जिले में स्थापित किया गया है।
   (अ) भोपाल (ब) ग्वालियर
   (स) इन्दौर (द) जबलपुर

1.(ब) 2.(स) 3.(द) 4.(ब) 5.(ब) 6.(ब)

व्याख्या- एशिया में प्रथम शारीरिक विश्वविद्यालय ग्वालियर में स्थापित किया गया है। जिसका नाम लक्ष्मीबाई शारीरिक प्रशिक्षण विश्वविद्यालय है। इसे डीम्ड यूनिवर्सिटी का दर्जा प्राप्त है। इसकी स्थापना 1957 में की गई।

**7. बौद्ध विश्वविद्यालय मध्यप्रदेश के किस स्थान पर स्थापित जा रहा है।**

(अ) साँची (रायसेन) (ब) बानमोर (मुरैना)
(स) जबलपुर (द) भोपाल

व्याख्या- बौद्ध विश्वविद्यालय मध्यप्रदेश के रायसेन जिले के साँची में स्थापित किया जा रहा है। इस विश्व विद्यालय के शिल्यान्यास के अवसर पर मुख्य अतिथि रहे श्रीलंकाई मैत्रीपाल सरीसेना एवं भूटान के प्रधानमंत्री जिग्मेथिनले थे।

**8. मध्यप्रदेश का एकमात्र यूनानी चिकित्सा महाविद्यालय कहाँ है-**

(अ) ग्वालियर (ब) रतलाम
(स) बुरहानपुर (द) होशंगाबाद।

व्याख्या- मध्यप्रदेश का एकमात्र यूनानी चिकित्सा महाविद्यालय बुरहानपुर में स्थित है।

**9. डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय किस विश्वविद्यालय का परिवर्तित नाम है-**

(अ) इन्दौर विश्वविद्यालय (ब) भोपाल विश्वविद्यालय
(स) जबलपुर विश्वविद्यालय (द) सागर विश्वविद्यालय।

व्याख्या- डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर की स्थापना 1946 में हुई थी।

**10. मध्यप्रदेश का सर्वाधिक शिक्षित जिला कौन सा है**

(अ) जबलपुर (ब) छिंदवाड़ा
(स) बालाघाट (द) बैतूल।

व्याख्या- मध्यप्रदेश में सर्वाधिक साक्षरता वाला जिला जबलपुर है, जहाँ साक्षरता का प्रतिशत 81.1% है।

**11. मध्यप्रदेश का न्यूनतम प्रतिशत का साक्षरता जिला कौन सा है-**

(अ) अलीराजपुर (ब) धार
(स) रतलाम (द) भिंड।

व्याख्या- म.प्र. का न्यूनतम साक्षरता जिला अलीराजपुर 36.1% है।

**12. प्रदेश का समाज कार्य महाविद्यालय कहाँ है-**

(अ) उज्जैन (ब) भोपाल
(स) इन्दौर (द) खण्डवा।

व्याख्या- मध्यप्रदेश का समाज कार्य विश्वविद्यालय महू (इन्दौर) में स्थित है।

**13. निम्नांकित में किस नगर में दो विश्वविद्यालय हैं-**

(अ) इन्दौर (ब) ग्वालियर
(स) सागर (द) जबलपुर।

व्याख्या- जबलपुर में दो विश्वविद्यालय हैं- रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय।

**14. गजरा राजा चिकित्सा महाविद्यालय कहाँ है-**

(अ) इन्दौर (ब) ग्वालियर
(स) भोपाल (द) रीवा।

व्याख्या- गजराराजे चिकित्सा महाविद्यालय ग्वालियर में है। इसकी स्थापना 1946 में हुई, जहाँ एलोपैथी पद्धति की शिक्षा दी जाती है।

**15. प्रदेश का एकमात्र दंत चिकित्सा महाविद्यालय कहाँ है-**

(अ) भोपाल (ब) खण्डवा
(स) ग्वालियर (द) इन्दौर।

व्याख्या- म.प्र. के एकमात्र दंत चिकित्सा महाविद्यालय की स्थापना 1961 में इन्दौर में हुई।

**16. प्रदेश का एकमात्र नर्सिंग ट्रेनिंग कॉलेज कहाँ स्थित है-**

(अ) इन्दौर (ब) बुरहानपुर
(स) बड़वानी (द) ग्वालियर।

व्याख्या- मध्यप्रदेश का एकमात्र नर्सिंग ट्रेनिंग कॉलेज इन्दौर में स्थित है।

**17. मध्यप्रदेश के आदिवासी क्षेत्रों के विकास प्रक्रिया में विद्यालयों को भागीदार बनाने के लिये कौन-सी योजना प्रारम्भ की गई-**

(अ) शंखनाद योजना (ब) एकलव्य योजना
(स) स्वावलम्बन योजना (द) पढ़ो-कमाओ योजना।

व्याख्या- मध्यप्रदेश के आदिवासी क्षेत्रों के विकास प्रक्रिया में विद्यालयों को भागीदार बनाने हेतु "शंखनाद योजना" का आरंभ किया गया।

**18. मध्यप्रदेश पाठ्यपुस्तक निगम की स्थापना कब की गई-**

(अ) 1967 (ब) 1968
(स) 1969 (द) 1970।

व्याख्या- इस निगम की स्थापना 1968 में की गई। म.प्र. पाठ्यपुस्तक निगम शालेय स्तर की पुस्तकें प्रकाशित करता है।

**19. माध्यमिक शिक्षा मण्डल का कार्यालय कहाँ है-**

(अ) भोपाल (ब) इन्दौर
(स) उज्जैन (द) जबलपुर।

व्याख्या- माध्यमिक शिक्षा मण्डल का कार्यालय भोपाल में है। इसका संभागीय कार्यालय इन्दौर में है।

**20. शिक्षा गारण्टी योजना कब प्रारम्भ की गई-**

(अ) 26 जनवरी 1997 (ब) 1 जनवरी 1997
(स) 15 अगस्त 1997 (द) 1 अप्रैल 1997।

7.(अ) 8.(स) 9.(द) 10.(अ) 11.(अ) 12.(स) 13.(द) 14.(ब) 15.(द) 16.(अ) 17.(अ) 18.(ब) 19.(अ) 20.(ब)

व्याख्या- शिक्षा गारण्टी योजना 1 जनवरी 1997 से लागू हुई है। यह योजना ऐसे क्षेत्रों में लागू हैं जहाँ एक किलोमीटर तक प्राथमिक शिक्षा की सुविधा नहीं है।

21. डॉ. अम्बेडकर राष्ट्रीय सामाजिक विज्ञान संस्थान कहाँ स्थित है-

(अ) महू (ब) कुक्षी

(स) धार (द) झाबुआ।

व्याख्या- डॉ. अम्बेडकर राष्ट्रीय सामाजिक संस्थान महू में है। इसका उद्देश्य अनुसूचित जाति व पिछड़े वर्गों की महिलाओं एवं बच्चों को उन्नति के अवसर प्रदान करना है। 14 अप्रैल 2016 से इसे अब विश्वविद्यालय का दर्जा दिया गया है।

22. देश का इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय का प्रथम केन्द्र कहाँ स्थापित किया गया-

(अ) इन्दौर (ब) जबलपुर

(स) भोपाल (द) ग्वालियर।

व्याख्या- देश के इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय का प्रथम केन्द्र भोपाल में स्थापित किया गया।

23. मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा अनुदान आयोग का मुख्यालय कहाँ है-

(अ) सीहोर (ब) भोपाल

(स) होशंगाबाद (द) विदिशा।

व्याख्या- इस आयोग का गठन 27 जुलाई 1973 को भोपाल में किया गया। इस आयोग का उद्देश्य राज्य में विश्वविद्यालयीन शिक्षा का पर्यवेक्षण, सुधार और सम्बन्धित अन्य विषयों की व्यवस्था करना है।

24. मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रन्थ अकादमी कब से प्रकाशन का कार्य कर रही है-

(अ) 1970 (ब) 1968

(स) 1969 (द) 1967।

व्याख्या- यह अकादमी उच्च शिक्षा से सम्बन्धित विभिन्न पुस्तकों का प्रकाशन करती है। यह संस्थान हिन्दी में विश्वविद्यालयीन पाठ्य एवं संदर्भ ग्रन्थों के प्रकाशन कार्य 1969 से कर रही है।

25. मध्यप्रदेश में निजी क्षेत्र में पहला पत्रकारिता महाविद्यालय कहाँ स्थापित किया गया है-

(अ) सीहोर (ब) जबलपुर

(स) इन्दौर (द) भोपाल।

व्याख्या- मध्यप्रदेश में निजी क्षेत्र में पहला पत्रकारिता महाविद्यालय इन्दौर में स्थापित किया गया है। इसका उद्घाटन 4 दिसम्बर 1999 को मुख्यमंत्री दिग्विजयसिंह ने किया।

26. म.प्र. में सैनिक स्कूल कहाँ है-

(अ) सागर (ब) महू

(स) रीवा (द) ग्वालियर।

व्याख्या- मध्यप्रदेश का सैनिक स्कूल रीवा जिले में स्थित है। रीवा के अलावा सागर में भी सैनिक स्कूल की व्यवस्था की गई है।

27. माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्व विद्यालय की स्थापना कब की गई?

(अ) 1988 (ब) जनवरी, 1991

(स) फरवरी, 1992 (द) 1993

व्याख्या- मध्यप्रदेश में जनवरी 1991 में माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय की स्थापना की गई। 1991 में ही चित्रकूट ग्रामोदय विश्व विद्यालय एवं राजा भोज विश्वविद्यालय की भी स्थापना की गई।

28. मध्य प्रदेश उच्च शिक्षा अनुदान आयोग की स्थापना कब की गई?

(अ) 1969 (ब) 1971

(स) 1973 (द) 1978

व्याख्या- शैक्षणिक प्रणाली में सुधार हेतु 27 जुलाई 1973 में उच्च शिक्षा अनुदान आयोग की स्थापना की गई।

29. कस्तूरबा गाँधी विद्यालय योजना लागू की गई?

(अ) 1997 (ब) 2001

(स) 2003 (द) 2005

व्याख्या- कस्तूरबा गाँधी योजना को 2005 में प्रारंभ किया गया, जिसमें छात्रावास की सुविधा एवं उच्च शिक्षा हेतु छात्रवृत्ति प्रदान करने का प्रावधान है।

30. प्रदेश के किस स्कूल को ISO-9001 तथा 14001 प्रमाण-पत्र मिलने का गौरव प्राप्त हुआ है?

(अ) जवाहरलाल नेहरू स्कूल (भोपाल)

(ब) एमराल्ड स्कूल (इन्दौर)

(स) नवोदय विद्यालय (देवास)

(द) दिल्ली इंटरनेशनल स्कूल (इन्दौर)

व्याख्या- मध्यप्रदेश के जवाहरलाल नेहरू स्कूल (भोपाल) को देश में पहली बार ISO-9001 तथा 14001 प्रमाण पत्र मिला। यह BHEL द्वारा संचालित किया जा रहा है।

31. शंकर गान्धर्व महाविद्यालय मध्य प्रदेश के किस जिले में है? (पुलिस आरक्षक 2012)

(अ) भोपाल (ब) ग्वालियर

(स) इन्दौर (द) रतलाम

व्याख्या- शंकर गान्धर्व महाविद्यालय ग्वालियर में स्थित है तथा एशिया का प्रथम फिजिकल कॉलेज लक्ष्मीबाई फिजिकल कॉलेज भी ग्वालियर में स्थापित है।

32. निम्न में से कौन सा विश्वविद्यालय मध्य प्रदेश में नहीं है? (पुलिस आरक्षक 2012)

21.(अ) 22.(स) 23.(ब) 24.(स) 25.(स) 26.(स) 27.(ब) 28.(स) 29.(द) 30.(अ) 31.(ब) 32.(स)

(अ) बरकतुल्ला विश्वविद्यालय

(ब) जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय

(स) गुरु घासीदास विश्वविद्यालय

(द) इन्दिरा गाँधी कृषि विश्वविद्यालय

व्याख्या- म.प्र. का प्रथम विश्वविद्यालय हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय है। इसकी स्थापना 1946 में सागर में की गई थी। बरकातुल्ला विश्वविद्यालय भोपाल में, जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर में तथा इंदिरा गांधी राष्ट्रीय आदिवासी विश्वविद्यालय अमरकंटक में स्थापित है। गुरु घासीदास विश्वविद्यालय म.प्र. में नहीं है।

**33. इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय का मुख्यालय कहाँ है? ( आबकारी आरक्षक 2012 )**

(अ) जबलपुर (ब) भोपाल

(स) इन्दौर (द) अमरकंटक

व्याख्या- इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय की स्थापना वर्ष 2009 में अनूपपुर जिले के अमरकंटक में की गयी है। इसका मुख्यालय अमरकंटक में स्थित है । इसमें सिर्फ जनजाति विद्यार्थियों को ही प्रवेश दिया जाता है ।

**34. बालिकाओं के शैक्षणिक व आर्थिक स्तर में सुधार हेतु कौन-सी योजना मध्यप्रदेश में है? ( पटवारी परीक्षा 2008 )**

(अ) पुत्री कल्याण योजना (ब) बालिका सुधार योजना

(स) पुत्री उत्थान योजना (द) लाड़ली लक्ष्मी योजना

व्याख्या- मध्यप्रदेश सरकार ने कन्याओं के लिए 1 अप्रैल, 2007 से लाडली लक्ष्मी योजना शुरू की है। इस योजना के माध्यम से बालिकाओं के शैक्षणिक व आर्थिक स्तर में सुधार करना है। इसमें कन्या को 8, 10, 12 में कुछ अंश तथा 21 वर्ष की आयु में एक लाख रुपये दिए जाएँगे।

**35. मध्यप्रदेश का सबसे प्राचीन विश्वविद्यालय कौन-सा है? ( पटवारी परीक्षा 2008 )**

(अ) विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन

(ब) डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर

(स) देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर

(द) रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर

व्याख्या- डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय की स्थापना 1946 में हुई। यह म.प्र. का सबसे पुराना विश्वविद्यालय है । वर्ष 2009 से इसे केन्द्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा दिया गया है।

**36. क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान मध्यप्रदेश में कहाँ स्थित है? ( डूग इंस्पेक्टर परीक्षा 2012 )**

(अ) भोपाल (ब) इन्दौर

(स) जबलपुर (द) उज्जैन

व्याख्या- म.प्र. में क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान भोपाल में स्थित है।
म.प्र. शिक्षा मण्डल अधिनियम 1965 में बना। इसका मुख्यालय भोपाल में है।

**37. मध्यप्रदेश सरकार द्वार स्कूली पाठ्यक्रम में 'गीतासार' शामिल करने का निर्णय .......... को लिया गया- ( डूग इंस्पेक्टर परीक्षा 2012 )**

(अ) 20 अप्रैल, 2011 (ब) 20 अप्रैल, 2012

(स) 19 अप्रैल, 2011 (द) 20 मार्च, 2011

व्याख्या- स्कूली पाठ्यक्रम में गीतासार शामिल करने का निर्णय म.प्र. सरकार द्वारा 20 अप्रैल, 2011 को लिया गया।

**38. जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय कहाँ है? ( डूग इंस्पेक्टर परीक्षा 2012 )**

(अ) ग्वालियर (ब) इन्दौर

(स) जबलपुर (द) भोपाल

व्याख्या- जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना 2 अक्टूबर, 1964 को जबलपुर में की गई थी। यह म.प्र. का पहला कृषि विश्वविद्यालय है।

**39. लक्ष्मीबाई इन्स्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एज्यूकेशन कहाँ स्थित है? ( मध्यप्रदेश स्टोनो ग्राफर परीक्षा 2012 )**

(अ) ग्वालियर (ब) भोपाल

(स) इन्दौर (द) रीवा

व्याख्या- लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान की स्थापना 17 अगस्त, 1957 को ग्वालियर में की गई। यह देश एवं एशिया का अपनी तरह का पहला तथा एकमात्र संस्थान है । शारीरिक शिक्षा एवं खेल के प्रशिक्षण हेतु यहाँ प्रशिक्षक तैयार किये जाते हैं।

**40. मध्यप्रदेश के किस शहर में ''राजा मानसिंह तोमर संगीत विश्वविद्यालय'' स्थित है? ( मध्यप्रदेश सहायक ग्रेड-3, 2013 )**

(अ) जबलपुर (ब) ग्वालियर

(स) इन्दौर (द) सागर

व्याख्या- राजा मानसिंह तोमर संगीत विश्वविद्यालय ग्वालियर म.प्र. में स्थित है।
गजराराजे चिकित्सा महाविद्यालय ग्वालियर-राज्य का पहला मेडिकल कॉलेज।
जीवाजी राव विश्वविद्यालय ग्वालियर में स्थापित है।

**41. ''द डेली कॉलेज'' जो कि भारत का एक जाना माना स्कूल है, वह मध्य प्रदेश के किस शहर में है? ( मध्यप्रदेश सहायक ग्रेड-3, 2013 )**

(अ) ग्वालियर (ब) इन्दौर

(स) भोपाल (द) सागर

33.(द) 34.(द) 35.(ब) 36.(अ) 37.(अ) 38.(स) 39.(अ) 40.(ब) 41.(ब)

व्याख्या- डेली कालेज म.प्र. के इन्दौर में स्थित है।
कृषि महाविद्यालय इन्दौर में है।
महात्मा गाँधी मेडिकल कॉलेज इन्दौर में है।
म.प्र. का एकमात्र शासकीय डेण्टल कॉलेज इन्दौर में है।

42. महर्षि वैदिक विश्वविद्यालय कहाँ स्थित है?

(परिवहन आरक्षक परीक्षा- 2012)

(अ) कटनी (ब) भोपाल
(स) ग्वालियर (द) सतना

व्याख्या- महर्षि वैदिक विश्वविद्यालय कटनी में है। म.प्र. में सर्वाधिक विश्वविद्यालय भोपाल में स्थित है।

43. मध्यप्रदेश में पहला निजी विश्वविद्यालय कहाँ स्थापित किया गया है।

(अ) इन्दौर (ब) देवास
(स) भोपाल (द) धार

व्याख्या- मध्यप्रदेश में पहला निजी विश्वविद्यालय देवास में वर्ष 2008 में स्थापित किया गया है।

44. मध्यप्रदेश में खुला विश्वविद्यालय स्थित है-

(अ) ग्वालियर (ब) उज्जैन
(स) जबलपुर (द) भोपाल

व्याख्या- म.प्र. में खुला विश्वविद्यालय भोपाल में राजा भोज ओपन यूनिवर्सिटी के नाम से है जिसकी स्थापना वर्ष 1988 में की गयी थी।

45. कृषि विश्वविद्यालय कहाँ पर स्थित है?

(डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016)

(अ) मंडला (ब) खंडवा
(स) रीवा (द) जबलपुर

व्याख्या- मध्यप्रदेश में दो कृषि विश्वविद्यालय हैं :-
(i) जवाहर लाल नेहरु कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर (1964)
(ii) राजमाता विजयाराजे कृषि विश्वविद्यालय ग्वालियर (2008)

46. प्रदेश में कितने आयुर्वेदिक महाविद्यालय हैं?

(डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016)

(अ) 5 (ब) 6
(स) 7 (द) 8

व्याख्या- प्रदेश में कुल 7 आयुर्वेदिक महाविद्यालय है।

47. 'निराला' सृजनपीठ किस विश्वविद्यालय में स्थित हैं?

(डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016)

(अ) बरकतउल्ला विश्वविद्यालय (ब) विक्रम विश्वविद्यालय
(स) दुर्गावती विश्वविद्यालय (द) हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय

व्याख्या- "निराला" सृजनपीठ बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में स्थित है।
म.प्र. की प्रमुख सृजनपीठ निम्नलिखित हैं-
(i) निराला सृजनपीठ – बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल
(ii) प्रेमचन्द सृजनपीठ – विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन
(iii) मुक्तिबोध सृजनपीठ – हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर
(iv) सुभद्राकुमारी चौहान सृजनपीठ – रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर

48. महात्मा गांधी ग्रामोदय विश्वविद्यालय की स्थापना मध्यप्रदेश में कहाँ की गई है?

(अ) सतना (ब) रीवा (स) सागर (द) दमोह

व्याख्या- मध्यप्रदेश के सतना जिले में मन्दाकिनी नदी के किनारे चित्रकूट में स्थित है। इसकी स्थापना 12 फरवरी सन् 1991 को महाशिवरात्रि के दिन मध्यप्रदेश सरकार के अधिनियम (9, 1991) के द्वारा हुई।

49. यूनेस्की द्वारा मेगा यूनिवर्सिटी का दर्जा किस विश्वविद्यालय को दिया गया है?

(अ) राजा भोज विश्वविद्यालय भोपाल
(ब) डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर
(स) राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय भोपाल
(द) अवधेश प्रताप सिंह

व्याख्या- यूनेस्को द्वारा मेगा यूनिवर्सिटी का दर्जा राजा भोज विश्वविद्यालय भोपाल को दिया गया है।

50. म.प्र. सरकार ने शिक्षकों के शैक्षणिक सम्बंधित जानकारी के लिए कौन सी मोबाइल एप्लीकेशन का शुभारम्भ किया है?

(डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016)

(अ) गवर्नमेंट एजुकेशन (ब) टीचर वेलफेयर
(स) एम-शिक्षा मित्र (द) शिक्षा सहायता

व्याख्या- म.प्र. सरकार ने शिक्षकों के शैक्षणिक संबंधित जानकारी के लिये एम शिक्षा मित्र मोबाइल एप्लीकेशन का शुभारंभ किया है।

51. कौन सुमेलित नहीं हैं? (डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016)

(अ) रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय – जबलपुर
(ब) जीवाजी राव विश्वविद्यालय – सागर
(स) बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय – भोपाल
(द) विक्रम विश्वविद्यालय – उज्जैन

व्याख्या- सुमेलन
(i) रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय – जबलपुर
(ii) जीवाजी विश्वविद्यालय – ग्वालियर
(iii) बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय – भोपाल
(iv) विक्रम विश्वविद्यालय – उज्जैन

52. हरि सिंह गौर विश्वविद्यालय को केन्द्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा किस वर्ष दिया गया? (डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016)

42.(अ) 43.(ब) 44.(द) 45.(द) 46.(स) 47.(अ) 48.(अ) 49.(अ) 50.(स) 51.(ब) 52.(द)

(अ) 2006 (ब) 2007
(स) 2008 (द) 2009

53. मध्यप्रदेश के महाविद्यालयों में सेमेस्टर कब लागू की गयी? (डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016)
(अ) 2007-2008 (ब) 2008-2009
(स) 2009-2010 (द) 2010-2011

व्याख्या- मध्यप्रदेश के महाविद्यालयों में सेमेस्टर प्रणाली वर्ष 2008-2009 में लागू की गयी है।

54. वेबसाइट "anmoladoption.mp.in" किस प्रक्रिया में सम्बंधित है? (डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016)
(अ) दिव्यांग बच्चों की शिक्षा
(ब) अनुसूचित जाति जनजाति के बच्चों की शिक्षा
(स) दत्तक ग्रहण को आसान बनाना
(द) अनाथ बच्चों के कल्याण सम्बंधित

व्याख्या- वेबसाइट "anmoladoption.mp.in." बच्चों के दत्तक ग्रहण की प्रक्रिया को आसान बनाने से संबंधित है।

55. सागर में स्थित प्रसिद्ध सागर विश्वविद्यालय की स्थापना करने वाले महत्वपूर्ण शिक्षाविद् कौन थे? (महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता 2016)
(अ) डॉ. खुराना (ब) डॉ. हरि सिंह गौड़
(स) दामोदर ठाकुर (द) डॉ. शिवमंगल सिंह सुमन

व्याख्या- सागर में स्थित प्रसिद्ध सागर विश्वविद्यालय की स्थापना 1946 में हरिसिंह गौड ने की थी।

56. मध्यप्रदेश में रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय कहाँ स्थित है? (जेल प्रहरी 2015)
(अ) जबलपुर (ब) उज्जैन
(स) इंदौर (द) ग्वालियर

व्याख्या- मध्यप्रदेश में रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर में स्थित है।

57. मध्य प्रदेश के किस शहर में "देवी अहिल्या विश्वविद्यालय" स्थित है? (जेल प्रहरी 2015)
(अ) भोपाल (ब) इंदौर
(स) जबलपुर (द) विदिशा

व्याख्या- मध्यप्रदेश के इन्दौर शहर में देवी अहिल्या विश्वविद्यालय (सन् 1964) में स्थापित किया गया है।

58. साक्षरता दर के मामले में राज्य का स्थान कौन-सा है।
(अ) 27 वाँ (ब) 28 वाँ
(स) 26 वाँ (द) 29 वाँ

व्याख्या- मध्यप्रदेश के इन्दौर जिले में IIM (1996) व IIT (2009) में स्थापित किए गए।

59. निम्नलिखित में से किस विश्वविद्यालय की स्थापना मध्यप्रदेश में सबसे पहले की गई थी? (पैरामेडिकल टेस्ट 2014)
(अ) डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय
(ब) रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय
(स) विक्रम विश्वविद्यालय
(द) देवी अहिल्याबाई विश्वविद्यालय

व्याख्या- डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय की स्थापना 1946 में सर्वप्रथम की गई थी, जबकि रानी दुर्गावती व विक्रम विश्वविद्यालय की स्थापना 1957 में तथा देवी अहिल्याबाई विश्वविद्यालय की स्थापना 1964 में हो गई थी।

60. निम्न में से कौन-सा युग्म सत्य नहीं है?
(अ) विक्रम विश्वविद्यालय - उज्जैन
(ब) ग्रामोदय विश्वविद्यालय - चित्रकूट
(स) इन्दिरा कला संस्कृत विश्वविद्यालय - इन्दौर
(द) माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय - भोपाल

व्याख्या- इंदिरा कला संस्कृत महाविद्यालय, इन्दौर में नहीं है जबकि महाविद्यालय महर्षि पणिनी संस्कृत विश्वविद्यालय उज्जैन में है। विक्रम महाविद्यालय की स्थापना 1957 में उज्जैन में, माखनलाल रा. पत्रकारिता महाविद्यालय भोपाल की 1990 में स्थापना की गई।

61. 2011 की जनगणना के अनुसार मध्यप्रदेश की औसत साक्षरता दर कितनी थी?
(अ) 63.32 (स) 69.32
(ब) 64.01 (द) 59.32

व्याख्या- 2011 की जनगणना के अनुसार मध्यप्रदेश की औसत साक्षरता दर 69.32 थी।

62. निम्न में से किस स्थान पर म.प्र. का पहला कृषि विश्वविद्यालय खोला गया?
(अ) सागर (स) जबलपुर
(ब) अजयगढ़ (द) गंजबसौदा

व्याख्या- म.प्र. का पहला कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर में खोला गया। इसकी स्थापना 2007-08 में की गई।

63. निम्न में से किस स्थान पर महाराज छत्रसाल बुंदेलखण्ड विश्वविद्यालय स्थापित किया गया?
(अ) दमोह (ब) टीकमगढ़
(स) ओरछा (द) छतरपुर

व्याख्या- म.प्र. के छतरपुर जिले में, महाराज छत्रसाल वि.वि. स्थापित किया गया। यह स्थापना म.प्र. वि.वि. संशोधन विधेयक 2011 के तहत 2015 की गई।

53.(ब) 54.(स) 55.(ब) 56.(अ) 57.(ब) 58.(ब) 59.(अ) 60.(स) 61.(ब) 62.(द) 63.(द)

64. म.प्र. के किस जिले में एकमात्र यूनानी चिकित्सा महाविद्यालय कहाँ स्थापित है?

(अ) नीमच (ब) बैतूल
(स) बुरहानपुर (द) झाबुआ

व्याख्या- म.प्र. का एकमात्र यूनानी चिकित्सा महाविद्यालय बुरहानपुर में स्थित है। यह महाविद्यालय सागर वि.वि. के अंतर्गत क्रियान्वित हैं।

65. म.प्र. के किस संभाग में राजा भोज खुला वि.वि. कहाँ स्थित है?

(अ) जबलपुर (ब) भोपाल
(स) इंदौर (द) शहडोल

व्याख्या- प्रदेश की राजधानी भोपाल में राजा भोज खुला वि.वि. 1991 में स्थापित किया गया।

66. निम्न में से किस वर्ष म.प्र. पाठ्य-पुस्तक निगम की स्थापना की गई?

(अ) 1966 (ब) 1968
(स) 1970 (द) 1972

व्याख्या- म.प्र. पाठ्य पुस्तक निगम की स्थापना सन् 1968 में की गई थी।

67. निम्न में से किस स्थान पर 'लक्ष्मीबाई कॉलेज ऑफ फिजिकल फिटनेस' स्थित है?

(अ) सागर (ब) भोपाल
(स) ग्वालियर (द) जबलपुर

व्याख्या- म.प्र. के ग्वालियर जिले में 'लक्ष्मीबाई कॉलेज ऑफ फिजिकल फिटनेस' स्थापित किया गया है। यह एशिया का दूसरा और प्रदेश का पहला शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय है।

68. कहा जाता है कि म.प्र. के इस जिले में कृष्ण और बलराम ने अपनी शिक्षा प्राप्त की थी?

(ANM Training Selection Test-2016)

(अ) रतलाम (ब) अवंती
(स) उज्जैन (द) मांडू

व्याख्या- म.प्र. के उज्जैन जिले के संदीपनी आश्रम से भगवान कृष्ण और बलराम ने शिक्षा ग्रहण की थी। भगवान ने 64 विधाओं तथा 64 कलाओं का ज्ञान अर्जित किया था।

69. आर्मी वॉर कॉलेज ......... में स्थित है? (पुलिस आरक्षक-2016)

(अ) भोपाल (ब) मोरार
(स) महू (द) पचमढ़ी

व्याख्या- आर्मी वॉर कॉलेज महू में स्थित है। यह अधिकारियों के लिए प्रमुख संपूर्ण शस्त्र सामरिक प्रशिक्षण संस्थान है। इस संस्था को पहले कॉलेज ऑफ कॉम्बेट के नाम से जाना जाता था।

70. कौन-सा वि.वि. ग्वालियर में मौजूद है? (जेल प्रहरी-2015)

(अ) विक्रम विश्वविद्यालय (ब) जीवाजी विश्वविद्यालय
(स) देवी अहिल्या वि.वि. (द) उपरोक्त सभी

व्याख्या- म.प्र. के ग्वालियर जिले में जीवाजी वि.वि. स्थित है। जबकि विक्रम वि.वि. उज्जैन में स्थित है। जीवाजी वि.वि. की स्थापना 1964 में की गई थी।

71. अटलबिहारी वाजपेयी हिन्दी वि.वि. की स्थापना किस वर्ष हुई?

(State Engineering-2014)

(अ) 2000 (ब) 2014
(स) 2011 (द) 1990

व्याख्या- वर्ष 2011में पूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी के नाम पर हिन्दी विश्वविद्यालय की स्थापना म.प्र. के भोपाल में की गई। यह वि.वि. अटल बिहारीजी के जन्म दिवस 25 दिसंबर, 2011 से शुरू हो गया।

72. म.प्र. में 'सैनिक स्कूल' किस जिले में स्थित है?

(Dairy Federation Recruitment Exam-2016)
(State Engineering 2014)

(अ) इंदौर (ब) रीवा
(स) जबलपुर (द) ग्वालियर

व्याख्या- म.प्र. में सैनिक स्कूल रीवा जिले में स्थित है। भूतपूर्व रक्षा मंत्री स्वर्गीय श्री कृष्ण मेनन के प्रयत्नों के फलस्वरूप सन् 1961 में देश के विभिन्न अंचलों में सैनिक स्कूल की स्थापना हुई।

73. म.प्र. क किस शहर में 'राजा मानसिंह तोमर' संगीत वि.वि. स्थित है? (Combined Assistant Grade III-2012)

(अ) जबलपुर (ब) ग्वालियर
(स) इंदौर (द) सागर

व्याख्या- प्रदेश के ग्वालियर शहर में वर्ष 2008 में 'राजा मानसिंह तोमर संगीत वि.वि. की स्थापना की गई।

74. म.प्र. में वर्तमान में कृषि महाविद्यालयों की संख्या कितनी है?

(अ) 6 (ब) 10
(स) 18 (द) 11

व्याख्या- वर्तमान में म.प्र. 10 कृषि महाविद्यालय हैं। हाल ही में 2016 में पावरखेड़ा (होशंगाबाद) में नया कृषि वि.वि. खोला गया।

75. निम्न में से म.प्र. में शासकीय मेडिकल कॉलेजों की संख्या कितनी है?

(अ) 4 (ब) 9
(स) 6 (द) 3

व्याख्या- हाल ही में प्रदेश के सागर में एक नए मेडिकल कॉलेज (BMC) की स्थापना की गई। जिसे मिलाकर म.प्र. में कुल 6 मेडिकल कॉलेज है।

64.(स) 65.(ब) 66.(ब) 67.(स) 68.(स) 69.(स) 70.(ब) 71.(स) 72.(ब) 73.(ब) 74.(ब) 75.(स)

76. निम्नलिखित में से किस मध्यप्रदेश सरकारी विभाग को एक भारत श्रेष्ठ भारत योजना को अंजाम देने के लिए नोडल एजेंसी बनाया गया है? **Group-2 2018**

(अ) संस्कृति विभाग

(ब) संस्कृति और पर्यटन विभाग संयुक्त रुप से

(स) पर्यटन विभाग (द) उच्च शिक्षा विभाग

**व्याख्या-** सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक भारत-श्रेष्ठ भारत योजना की शुरुआत की थी। इस योजना के तहत मध्यप्रदेश को मणिपुर तथा नागालैण्ड राज्य को साझेदार बनाया गया। योजना के क्रियान्वयन के लिए म.प्र. का उच्च शिक्षा विभाग को नोडल एजेंसी बनाया गया है।

77. मध्यप्रदेश सरकार ने किस वर्ष मिशन वन क्लिक शुरू किया था? **MP Rajya 2018**

(अ) 2017 (ब) 2015

(स) 2016 (द) 2018

**व्याख्या-** मध्यप्रदेश में सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले छात्रों को छात्रवृत्ति का भुगतान उनके बैंक खाते में एक साथ पहुँचे, इसके लिए स्कूल शिक्षा विभाग ने इस वर्ष मिशन वन क्लिक योजना शुरू की है। इस योजना में कक्षा से 1 से 12 में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के खाते में छात्रवृत्ति, 12 जनवरी को हुई, पंचायत में 400 करोड़ ट्रांसफर किए गए हैं।

78. भोपाल में ऊपरी झील में भारत का पहला नौकायन स्कूल किस वर्ष स्थापित हुआ था? **MP Rajya 2018**

(अ) 2007 (ब) 2008

(स) 2006 (द) 2009

**व्याख्या-** देश में कुल 3 सेलिंग में से एक नेशनल सेलिंग स्कूल भोपाल में स्थित है। इस सेलिंग स्कूल के स्टूडेंट्स के लिए इंटरनेशनल लेवल की प्रैक्टिस के लिए तेज रफ्तार का 49 नर सेट लाई गई है। इस तरह की बोट इंडिया में सिर्फ चेन्नई में है।

79. वेटननिरी साइंस यूनिवर्सिटी निम्न शहर में स्थित है : **पुलिस आरक्षक 2017**


(अ) सिवनी (ब) जबलपुर

(स) नीमच (द) म्हो

**व्याख्या-** वेटननिरी साइंस यूनिवर्सिटी मध्यप्रदेश के जबलपुर शहर में हैं।

* * *

76.(द) 77.(द) 78.(स) 79.(ब)




# अध्याय– 17

# मध्यप्रदेश में खेलकूद

1. 34वें राष्ट्रीय खेलों में पदक तालिका में म. प्र. का स्थान कौन सा रहा।

(अ) सातवाँ (ब) पाँचवाँ

(स) दसवाँ (द) आठवाँ

**व्याख्या**– 34वें राष्ट्रीय खेल में मध्यप्रदेश का आठवां स्थान रहा।

प्रथम– सर्विसेज सेना

द्वितीय– मणिपुर

तृतीय– हरियाणा

मध्यप्रदेश– आठवाँ स्थान

2. सुमेलित कीजिए-

(अ) भोपाल – एथलेटिक्स एवं तैराकी

(ब) जबलपुर – वेटलिफ्टिंग तीरंदाजी, साइक्लिंग

(स) इंदौर – टेबल टेनिस

(द) उज्जैन – मलखम्ब व जिम्नास्टिक

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (अ) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (ब) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (स) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (द) | 4 | 3 | 2 | 1 |

**व्याख्या**– म. प्र. खेल व युवा कल्याण विभाग 2011-12 में 6 खेलों की अकादमी प्रारंभ की गई।

भोपाल – एथलेटिक्स एवं तैराकी

जबलपुर – वेटलिफ्टिंग, तीरंदाजी, साइक्लिंग

इंदौर– टेबल टेनिस

उज्जैन– मलखम्ब व जिम्नास्टिक

3. सुमेलित कीजिए-

| फ्रीडर केन्द्र | खेल |
|---|---|
| (अ) जबलपुर | 1. कबड्डी |
| (ब) इंदौर | 2. तैराकी |
| (स) महू | 3. फुटबॉल |
| (द) सागर | 4. हॉकी |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (अ) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (ब) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (स) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (द) | 4 | 1 | 2 | 3 |

1.(द) 2.(स) 3.(ब)

व्याख्या- जबलपुर - हॉकी
इंदौर - तैराकी
महू - फुटबॉल
सागर - कबड्डी

4. म. प्र. के किस खिलाड़ी ने मलेशिया की अन्तर्राष्ट्रीय .... प्रतियोगिता जीती।
(अ) मयंक नेता (ब) आशीष कुमार
(स) हरदीप सिंह (द) शिवेन्द्र कुमार

व्याख्या- म. प्र. के शुजालपुर के मयंक नेता ने मलेशिया में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय ....कक्ष प्रतियोगिता जीतकर विश्व विजेता का खिताब जीता।

5. भोपाल में पैदा हुए पटौदी के नवाब थे।
( महिला स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता 2016 )
(अ) मंसुर अली खान (ब) मोहम्मद अब्दुल अली
(स) वाजिद अली (द) जहांगीर मोहम्मद खान

व्याख्या- भोपाल में पैदा हुए पटौदी के नवाब मंसूर अली खान थे। जो एक क्रिकेटर थे।

6. प्रदेश में खेलकूद एवं युवक कल्याण निगम की स्थापना कब की गई थी-
(अ) 10 अक्टूबर 1975 (ब) 15 अक्टूबर 1975
(स) 1 अक्टूबर 1975 (द) 20 अक्टूबर 1975।

व्याख्या- मध्यप्रदेश में खेलकूद गतिविधियों के विकास एवं उनके प्रचार-प्रसार हेतु राज्य सरकार ने 1 अक्टूबर 1975 को खेलकूद एवं युवक कल्याण विभाग की स्थापना की थी।

7. राष्ट्रीय क्रीड़ा संस्थान, पटियाला के सहयोग से कहाँ पर क्षेत्रीय-प्रशिक्षण केन्द्र का संचालन किया जा रहा है-
(अ) भोपाल (ब) जबलपुर
(स) सागर (द) ग्वालियर।

व्याख्या- राष्ट्रीय क्रीड़ा संस्थान जिसका मुख्य कार्यालय पटियाला में स्थापित है, का क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र मध्यप्रदेश के भोपाल में स्थापित किया गया।

8. म.प्र. में बैडमिंटन एसोसिएशन की स्थापना कब हुई-
(अ) 19 नवम्बर 1946 (ब) 19 अक्टूबर 1946
(स) 1 नवम्बर 1946 (द) 1 अक्टूबर 1946।

व्याख्या- मध्यप्रदेश में बैडमिंटन एसोसिएशन की स्थापना 19 अक्टूबर 1946 को की गई, जिसका मुख्यालय जबलपुर में स्थित है।

9. खेल एवं युवा कल्याण विभाग का गठन कब किया गया-
(अ) 10 अक्टूबर 1975 (ब) 10 नवम्बर 1976
(स) 2 अक्टूबर 1974 (द) 19 नवम्बर 1981।

व्याख्या- खेल एवं युवा कल्याण विभाग का गठन 1 अक्टूबर 1975 को हुआ।

10. मध्यप्रदेश शासन द्वारा किस वर्ष से एकलव्य पुरस्कार देना प्रारम्भ किया गया-
(अ) 1994 (ब) 1995
(स) 1996 (द) 1997

व्याख्या- यह पुरस्कार 1994 से प्रारम्भ किया गया। यह म.प्र. के मूल निवासी उन खिलाड़ियों को जिनकी उम्र 19 वर्ष से कम आयु की है, दिया जाती है। जिन्होने पिछले पाँच वर्षों में न्यूनतम 2 वर्षों में राष्ट्रीय/अन्तर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में राज्य का प्रतिनिधित्व किया हो।

11. मध्यप्रदेश में खेल तथा खिलाड़ियों के बारे में अधिकाधिक जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कहाँ संग्रहालय स्थापित किया गया है-
(अ) इन्दौर (ब) सागर
(स) भोपाल (द) जबलपुर।

व्याख्या- मध्यप्रदेश में खेल तथा खिलाड़ियों के बारे में अधिकाधिक जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से भोपाल में संग्रहालय की स्थापना की गई।

12. विक्रम पुरस्कार कब से प्रारम्भ किया गया-
(अ) 5 मई 1990 (ब) 15 मई 1990
(स) 25 मई 1990 (द) 5 जून 1990।

व्याख्या- विक्रम पुरस्कार 15 मई 1990 को मध्यप्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री सुंदरलाल पटवा द्वारा खेल क्षेत्र हेतु प्रारम्भ किया गया।

13. मध्यप्रदेश में क्रिकेट के लिए कौन सा नगर प्रख्यात है-
(अ) इन्दौर (ब) सागर
(स) रीवा (द) भोपाल।

व्याख्या- म.प्र. में क्रिकेट के क्षेत्र में इन्दौर का नाम काफी समय से चर्चित रहा है। यहाँ 1890 ई. में पारसी क्लब की स्थापना से क्रिकेट की परम्परा प्रारम्भ हुई थी।

14. मध्यप्रदेश में टेबल टेनिस एसोसिएशन की स्थापना किस वर्ष में हुई-
(अ) 1957 (ब) 1958
(स) 1959 (द) 1960।

व्याख्या- मध्यप्रदेश में टेबल टेनिस एसोसिएशन की स्थापना 1957 में जबलपुर में की गई।

15. मध्यप्रदेश में महाराजा तुकोजीराव होल्कर ने इन्दौर नगर में किस प्रसिद्ध क्रिकेटर को बसाया था-
(अ) कर्नल सी.के. नायडू (ब) मेजर जगदाले
(स) मुश्ताक अली (द) उपरोक्त सभी।

4.(अ) 5.(अ) 6.(स) 7.(अ) 8.(ब) 9.(अ) 10.(अ) 11.(स) 12.(ब) 13.(अ) 14.(अ) 15.(अ)

व्याख्या- तुकोजीराव ने बम्बई-पूना के चतुर्थ वर्षीय खेलों में प्रसिद्ध खिलाड़ी सी.के. नायडू व प्रसिद्ध गेंदबाज बलसार को इन्दौर में बसाया था।

16. किस एसोसिएशन को वर्तमान में मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के नाम से जाना जाता है-
(अ) होलकर क्रिकेट एसोसिएशन
(ब) पारसी एसोसिएशन
(स) डेली एसोसिएशन
(द) नायडू एसोसिएशन।

व्याख्या- मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन राज्य में शीर्ष संगठन है तथा म.प्र. के विभिन्न अंचलों में रणजी ट्राफी हेतु चयन के लिए खिलाड़ी आमन्त्रित करती है।

17. मध्यप्रदेश के कौन से खिलाड़ी ध्यानचन्द के सह खिलाड़ी रहे हैं-
(अ) इस्माइल अब्बासी (ब) अहमद शेर खाँ
(स) अ व ब दोनों (द) दोनों नहीं।

व्याख्या- मध्यप्रदेश के इस्माइल अब्बासी एवं अहमद शेर खाँ प्रसिद्ध खिलाड़ी ध्यानचन्द के सह खिलाड़ी रहे।

18. खेलकूद के क्षेत्र में प्रशिक्षकों को कौन-सा पुरस्कार दिया जाता है-
(अ) एकलव्य पुरस्कार (ब) विक्रम पुरस्कार
(स) विश्वामित्र पुरस्कार (द) खेल वृत्ति।

व्याख्या- खेलकूद में म.प्र. के प्रशिक्षकों को विश्वामित्र पुरस्कार दिया जाता है। इसकी स्थापना 1994 में की गई।

19. म.प्र. राज्य क्रीडा परिषद् का नया नाम क्या है?
(अ) म.प्र. खेल न्यायाधिकरण
(ब) म.प्र. खेल अनुसंधान संस्थान
(स) म.प्र. खेल प्राधिकरण
(द) म.प्र. खेल विकास आयोग।

व्याख्या- मध्यप्रदेश में म.प्र. राज्य क्रीडा परिषद् को समाप्त कर म.प्र. राज्य खेल प्राधिकरण की स्थापना कर दी गई।

20. 2005 की खेल-नीति में राज्य सरकार ने ओलम्पिक स्वर्ण पदक विजेता को कितनी राशि दिए जाने की घोषणा की?
(अ) 20 लाख (ब) 30 लाख
(स) 50 लाख (द) 1 करोड़।

व्याख्या- मध्यप्रदेश में 2005 में नवीन खेल नीति के अनुसार ओलंपिक में स्वर्ण पदक विजेता को 1 करोड़ रुपए दिये जाने का प्रावधान है।

21. 'टू हेल विथ हॉकी' किसकी पुस्तक है-
(अ) लतीफ अनवर (ब) मुश्ताक अली
(स) असलम शेर खान (द) किसी की नहीं।

व्याख्या- मध्यप्रदेश के प्रसिद्ध खिलाड़ी असलम खान ने "टू हेल विथ हॉकी" पुस्तक लिखी।

22. आदिवासी खेल-कूद विद्यालय प्रदेश में कहाँ है?
(अ) सागर (ब) रीवा
(स) भोपाल (द) सीहोर।

व्याख्या- मध्यप्रदेश में आदिवासियों हेतु खेल-कूद विद्यालय की स्थापना सीहोर में की गई।

23. म.प्र. की पहली क्रिकेट प्रतियोगिता कब खेली गई?
(अ) 1913 (ब) 1917
(स) 1941 (द) 1951

व्याख्या- मध्यप्रदेश में 1913 में पहली क्रिकेट प्रतियोगिता कर्नल डेली के नाम से खेली गई।

24. मध्य प्रदेश के इस शहर में देश का प्रथम 'सेलिंग स्कूल' की स्थापना की गई-
(अ) ग्वालियर (ब) भोपाल
(स) उज्जैन (द) इंदौर।

व्याख्या- भोपाल के बड़े तालाब पर देश के पहले "सेलिंग स्कूल" की स्थापना की गई। यहाँ नौका विहार हेतु अत्यधिक आकर्षक एवं मनोहारी स्थान है।

25. 'सेलिंग स्कूल' खोलने में निम्न में से किसका सहयोग रहा है-
(अ) भारतीय नौसेना (ब) भारतीय वायु सेना
(स) भारतीय थल सेना (द) उपरोक्त सभी।

व्याख्या- भोपाल के बड़े तालाब पर देश के पहले "सेलिंग स्कूल" की स्थापना की गई। यहाँ नौका विहार हेतु अत्यधिक आकर्षक एवं मनोहारी स्थान है। इसमें भारतीय नौसेना का सहयोग रहा है।

26. मध्य प्रदेश सरकार ने हाल ही में किस खेल को 'राज्य खेल' का दर्जा प्रदान किया है-
(अ) गिल्ली डण्डा (ब) मलखम्ब
(स) क्याकिंग और केनोइंग (द) कबड्डी।

व्याख्या- खेलकूद प्रोत्साहन हेतु मध्यप्रदेश में मलखम्ब को राज्य खेल का दर्जा दिया गया है। यह एक प्राचीनतम खेल है।

27. मध्य प्रदेश सरकार ने प्रदेश के इस स्थान पर 'खेलगाँव' स्थापित करने की घोषणा की है-
(अ) सतगढ़ी (ब) पचमढ़ी
(स) पीलूखेड़ी (द) कुण्डलेश्वर।

व्याख्या- मध्यप्रदेश में खेलगाँव की स्थापना भोपाल से कुछ दूरी पर स्थित सतगढ़ी में की जाएगी।

28. म.प्र. में बैडमिन्टन की अधिकारिक शुरुआत कब से मानी जाती है?
(अ) 1942 से (ब) 1946 से
(स) 1948 से (द) 1956 से।

16.(अ) 17.(स) 18.(स) 19.(स) 20.(द) 21.(स) 22.(द) 23.(अ) 24.(ब) 25.(अ) 26.(ब) 27.(अ) 28.(ब)

व्याख्या- मध्यप्रदेश में बैडमिंटन एसोसिएशन की स्थापना 1946 में की गई, इसका मुख्यालय जबलपुर में स्थित है।

**29. म.प्र. की कौन-सी खिलाड़ी महिला क्रिकेट की कप्तान रही?**

(अ) संध्या अग्रवाल (ब) स्निग्धा मेहता
(स) मीना (द) इनमें से कोई नहीं।

व्याख्या- अर्जुन एवं विक्रम अवार्ड से सम्मानित संध्या अग्रवाल भारतीय क्रिकेट टीम की कप्तान रही।

**30. नौकायन के क्षेत्र में मध्य प्रदेश से संबंधित अर्जुन अवार्ड प्राप्त कौन है-**

(अ) जी.एल.यादव (ब) शिवेन्द्र सिंह
(स) सुनील कीर (द) रूपसिंह मल्लाह।

व्याख्या- नौकायन के क्षेत्र में 2009 अर्जुन अवार्ड मध्यप्रदेश के जी.एल.यादव को प्रदान किया गया।

**31. निम्न को सुमेलित कीजिए।**

| कूट I (स्टेडियम) | कूट II (जिले) |
|---|---|
| (अ) रूपसिंह स्टेडियम | (1) ग्वालियर |
| (ब) ऐशबाग स्टेडियम | (2) भोपाल |
| (स) ठाकुर रणमतसिंह स्टेडियम | (3) रीवा |
| (द) तात्या टोपे स्टेडियम | (4) भोपाल |

कूट :

| | (अ) | (ब) | (स) | (द) |
|---|---|---|---|---|
| (अ) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (ब) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (स) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (द) | 4 | 3 | 2 | 1 |

व्याख्या- रूपसिंह स्टेडियम ग्वालियर क्रिकेट के लिए प्रसिद्ध है, ऐशबाग स्टेडियम भोपाल में हॉकी के लिए एवं ठाकुर रणमतसिंह स्टेडियम रीवा तथा तात्या टोपे स्टेडियम भोपाल में है।

**32. मध्य प्रदेश के किस नगर में रूपसिंह स्टेडियम है?** (पुलिस आरक्षक 2012)

(अ) भोपाल (ब) जबलपुर
(स) ग्वालियर (द) इन्दौर

व्याख्या-

| स्टेडियम | स्थान |
|---|---|
| रूपसिंह स्टेडियम | ग्वालियर |
| तात्या टोपे स्टेडियम | भोपाल |
| होल्कर स्टेडियम | इन्दौर |
| नेहरू स्टेडियम | इन्दौर |
| ऐशबाग स्टेडियम | भोपाल |
| ठाकुर रणमतसिंह स्टेडियम | रीवा |

**33. मुश्ताक अली किस खेल से सम्बद्ध थे? (पटवारी परीक्षा 2008)**

(अ) फुटबॉल (ब) टेनिस
(स) हॉकी (द) क्रिकेट

व्याख्या- सुप्रसिद्ध क्रिकेटर मुश्ताक अली ने भारतीय टीम में खेलते हुए 1936 ई. में शतक बनाया था। यह इंग्लैण्ड में किसी भारतीय क्रिकेटर द्वारा बनाया गया प्रथम शतक था।

**34. गोटमार का खेल कहाँ प्रचलित है? (पटवारी परीक्षा 2008)**

(अ) रीवा (ब) भिण्ड
(स) छिन्दवाड़ा (द) धार

व्याख्या- गोटमारी का खेल छिन्दवाड़ा के पार्ढुना तहसील के जाम नदी के किनारे प्रचलित है। छिन्दवाड़ा मध्यप्रदेश का क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे बड़ा जिला है।

**35. 'खेल स्कूल संस्थान' इस जिले में स्थापित है- (मध्यप्रदेश हाईकोट स्टेनो ग्राफर परीक्षा 2012)**

(अ) रीवा (ब) खण्डवा
(स) सीहोर (द) रायसेन

व्याख्या- मध्यप्रदेश का खेल स्कूल संस्थान सीहोर में स्थित है एवं आवासीय खेलकूद संस्था भी सीहोर में स्थित है।

**36. क्रिकेट का अन्तर्राष्ट्रीय स्टेडियम "उषा राजे स्टेडियम" कहाँ स्थित है? (मध्यप्रदेश स्टोनो ग्राफर परीक्षा 2012)**

(अ) जबलपुर (ब) ग्वालियर
(स) भोपाल (द) इन्दौर

व्याख्या- क्रिकेट का अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम उषा राजे स्टेडियम इन्दौर में स्थित है अब इसका नाम होल्कर स्टेडियम हो गया है।

**37. निम्न में से कौन-सा खेल पुरस्कार मध्य प्रदेश सरकार द्वारा दिया जाता है? (मध्यप्रदेश स्टोनो ग्राफर परीक्षा 2012)**

(अ) विक्रम पुरस्कार (ब) अर्जुन पुरस्कार
(स) श्वेणाचार्य पुरस्कार (द) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या- मध्यप्रदेश सरकार द्वारा विक्रम पुरस्कार, एकलव्य पुरस्कार एवं विश्वामित्र पुरस्कार खेल के क्षेत्र में प्रदान किये जाते हैं।
विक्रम पुरस्कार की शुरुआत वर्ष 1990 से की गयी यह पुरस्कार म.प्र. के प्रतिभावान खिलाड़ियों को प्रदान किया जाता है तथा पुरस्कार के रूप में 1 लाख रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की जाती है।

**38. म.प्र. के किस स्टेडियम में सबसे ज्यादा अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच खेले गये हैं? (पर्यटन विभाग परीक्षा- 2013)**

(अ) नेहरू स्टेडियम, इन्दौर
(ब) होल्कर स्टेडियम, इन्दौर

29.(अ) 30.(अ) 31.(अ) 32.(स) 33.(द) 34.(स) 35.(स) 36.(द) 37.(अ)

(स) पं. रविशंकर शुक्ल स्टेडियम, जबलपुर
(द) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या- म.प्र. में इन्दौर के होल्कर स्टेडियम में सर्वाधिक अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच खेले गए है, दूसरे स्थान पर ग्वालियर का रूपसिंह स्टेडियम है, जहाँ कई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया है।

**39. निम्न में से म.प्र. का कौनसा खिलाड़ी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में भारतीय क्रिकेट टीम के सदस्य के रूप में खेला है?**
**( पर्यटन विभाग परीक्षा- 2013 )**

(अ) नरेन्द्र हिरवानी (ब) नीलेश मलिक
(स) अशोक पटेल (द) अमित मिश्रा

व्याख्या- मध्य प्रदेश के क्रिकेट खिलाड़ी नरेन्द्र हिरवानी ने पहली बार 1997-98 में भारत-वेस्ट इंडीज टेस्ट में खेलकर ख्याति प्राप्त की। एक ही मैच में सर्वाधिक विकेट लेने वाले विश्व के दूसरे खिलाड़ी बने।

**40. मध्यप्रदेश में क्रिकेट एसोसिएशन का मुख्यालय कहाँ स्थित है-**
**( ट्रांस्लेशन सहायक ग्रेड-3 प्रारम्भिक परीक्षा- 2012 )**

(अ) भोपाल (ब) ग्वालियर
(स) जबलपुर (द) इन्दौर

व्याख्या- मध्यप्रदेश में क्रिकेट एसोसिएशन का मुख्यालय इन्दौर में स्थित है।
1941 में महाराजा यशवंतराव ने कर्नल सी.के. नायडू के नेतृत्व में होलकर क्रिकेट एसोसिएशन की स्थापना की। म.प्र. का सबसे पुराना क्लब पारसी क्लब इन्दौर है।

**41. 'रोहित इमोलिया' किस खेल से संबंधित है-**

(अ) बैडमिंटन (ब) कराते
(स) तैराकी (द) बॉक्सिग

व्याख्या- 'रोहित इमोलिया' तैराकी से संबंधित है।

**42. मध्यप्रदेश में मलखम्ब अकादमी कहाँ पर स्थापित की जा रही है-**

(अ) इन्दौर (ब) भोपाल
(स) उज्जैन (द) विदिशा

व्याख्या- मध्यप्रदेश के राजकीय खेल मलखम्ब से संबंधित मलखम्ब अकादमी उज्जैन में स्थापित की जा रही है।

**43. बाबा अली स्टेडियम कहाँ पर स्थित है-**

(अ) इन्दौर (ब) जबलपुर
(स) सागर (द) भोपाल

व्याख्या-बाबा अली स्टेडियम भोपाल में स्थित है।

**44. मध्यप्रदेश के किस खिलाड़ी को अर्जुन पुरस्कार नहीं मिला है-**

(अ) गिरधारी लाल यादव (ब) राजकुमारी राठौर
(स) कृपाशंकर पटेल (द) अमय खुरासिया

व्याख्या- उपर्युक्त खिलाड़ियों में अमय खुरासिया को अर्जुन पुरस्कार नहीं मिला है।

**45. खेल संग्रहालय की स्थापना कहाँ पर की गई है-**

(अ) कैप्टन रूपसिंह स्टेडियम ग्वालियर
(ब) तात्या टोपे स्टेडियम भोपाल
(स) रानी दुर्गावती स्टेडियम जबलपुर
(द) होल्कर स्टेडिययम इन्दौर

व्याख्या- खेल संग्रहालय तात्या टोपे स्टेडियम भोपाल में स्थापित किया गया है।

**46. कैप्टन रूप सिंह स्टेडियम किस शहर में स्थित है?**
**( डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016 )**

(अ) भोपाल (ब) ग्वालियर
(स) इंदौर (द) रीवा

व्याख्या- कैप्टन रूपसिंह स्टेडियम ग्वालियर में स्थित है। कैप्टन रूपसिंह हॉकी के खिलाड़ी थे पहले यह स्टेडियम हॉकी खेल से संबंधित था, बाद में इसे क्रिकेट स्टेडियम के रूप में विकसित किया गया है।

**47. शंकर लक्ष्मण किस खेल से संबंधित है?**
**( डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016 )**

(अ) पोलो (ब) खो-खो
(स) हॉकी (द) क्रिकेट

व्याख्या-शंकर लक्ष्मण हॉकी खेल से संबंधित है। शंकर लक्ष्मण म.प्र. के इंदौर जिले की महू तहसील से है जो वर्ष 1960 (रोम) एवं 1964 (टोकियो) के ओलंपिक खेलों में भारतीय हॉकी टीम के गोलकीपर रहे हैं।

**48. तात्या टोपे स्टेडियम' किस नगर में स्थित है?**
**( डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016 )**

(अ) भोपाल (ब) इंदौर
(स) रीवा (द) जबलपुर

व्याख्या- तात्या टोपे स्टेडियम भोपाल नगर में स्थित है जबकि होल्कर क्रिकेट स्टेडियम इंदौर में स्थित है।

**49. राजेश्वरी ढोलकिया का संबंध किस खेल से है?**
**( डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016 )**

(अ) हॉकी (ब) क्रिकेट
(स) टेनिस (द) टेबल टेनिस

व्याख्या-राजेश्वरी ढोलकिया का संबंध क्रिकेट खेल से हैं।

**50. मध्यप्रदेश का पहला खेल क्लब किस खेल से संबंधित था?**
**( डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016 )**

(अ) क्रिकेट (ब) हॉकी
(स) पोलो (द) कबड्डी

38.(ब) 39.(अ) 40.(द) 41.(स) 42.(स) 43.(द) 44.(द) 45.(ब) 46.(ब) 47.(स) 48.(अ) 49.(ब) 50.(अ)

व्याख्या- मध्यप्रदेश का पहला खेल क्लब (पारसी क्लब) क्रिकेट से संबंधित था। पारसी क्लब की स्थापना सन् 1890 में इंदौर में हुई थी।

51. मध्यप्रदेश में इनमें से वह कौनसा मैदान है, जहाँ सचिन तेन्दुलकर ने ओ डी आई में नाबाद दोहरा शतक बनाया था? (उपयंत्री सिविल-2016)

(अ) नेहरू स्टेडियम, इन्दौर (ब) होलकर स्टेडियम, इन्दौर
(स) नेहरू स्टेडियम, भोपाल
(द) कैप्टन रूप सिंह स्टेडियम, ग्वालियर

व्याख्या- 24 अप्रैल 2010 को कैप्टन रूपसिंह स्टेडियम ग्वालियर में दक्षिण अफ्रीका के विरुद्ध सचिन तेंडुलकर ने ओ.डी.आई. (ODI) में नाबाद दोहरा शतक लगाया था।

52. एथेंस में आयोजित स्पेशल ओलंपिक 2011 में 200 और 1600 मीटर की दौड़ में मध्य प्रदेश के कौन से कांस्य पदक विजेता थे (बीज प्रमाणीकरण परीक्षा 2016)

(अ) सीता साहू (ब) महेंद्र कुमार
(स) शिवाजी चौहान (द) वर्षा वर्मन

व्याख्या- एथेंस में आयोजित स्पेशल ओलंपिक 2011 में 200 और 1600 मीटर की दौड़ में मध्यप्रदेश के सीता साहू ने कांस्य पदक जीता था।

53. उस प्रसिद्ध खिलाड़ी का नाम बताइये जो मध्य प्रदेश से थे (बीज प्रमाणीकरण परीक्षा 2016)

(अ) मंसूर अली खान पटौदी (ब) कपिल देव
(स) सलीम दुरान (द) विनू मनकद

व्याख्या- मध्यप्रदेश के प्रसिद्ध खिलाडी मंसूर अली खान पटौदी थे। ये क्रिकेट खेलते थे।

54. अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम स्थित है। (महिला स्वास्थ 2016)

(अ) ग्वालियर और भोपाल में (ब) ग्वालियर और इंदौर में
(स) इंदौर और भोपाल में (द) जबलपुर और भोपाल में

व्याख्या- अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम इन्दौर और ग्वालियर में है रूपसिंह स्टेडियम ग्वालियर में है, जबकि उषा राजे होल्कर स्टेडियम इन्दौर में स्थित है।

55. प्रसिद्ध क्रिकेटर राहुल द्रविड़ का जन्म कहाँ हुआ था? (महिला स्वास्थ 2016)

(अ) ग्वालियर (ब) इंदौर
(स) भोपाल (द) जबलपुर

व्याख्या-प्रसिद्ध क्रिकेटर राहुल द्रविड़ का जन्म स्थान इन्दौर है।

56. विषम जोड़ी कौनसी है? (महिला स्वास्थ 2016)

(अ) जे.एस.वर्मा-कानून/न्याय
(ब) किशोर कुमार-संगीत/बॉलीवुड
(स) रमेश चंद्र अग्रवाल-व्यापार/समाचार पत्र
(द) मुश्ताक अली-हॉकी/खेल प्रशासन

व्याख्या- मुश्ताक अली-हॉकी/खेल प्रशासन एक विषम जोडी है। मुश्ताक अली का संबंध क्रिकेट से है।

57. इन सभी में क्या समानता है- शिवेंद्र सिंह, रूप सिंह, असलम शेर खान और अहमद खान (महिला स्वास्थ 2016)

(अ) सभी हॉकी खिलाड़ी हैं (ब) सभी क्रिकेट खिलाड़ी हैं
(स) सभी संगीतकार हैं (द) सभी राजनेता हैं

व्याख्या-शिवेन्द्र सिंह, रूप सिंह, असलम शेर खान, और अहमद खान ये सभी हॉकी खिलाडी है।

58. निम्न हॉकी खिलाड़ियों में कौन-सा मध्य प्रदेश से सम्बन्धित है? (वन रक्षक 2015)

(अ) ध्यान चन्द (ब) असलम शेर खान
(स) मुकेश कुमार (द) मोहम्मद शाहिद

व्याख्या- असलम शेर खान MP के प्रसिद्ध हॉकी खिलाड़ी थे। तथा मेजर ध्यानचंद को हॉकी का जादुगर कहा जाता है जिनके नेतृत्व में भारत ने हॉकी मे गोल्ड मेडल जीता।

59. मध्य प्रदेश में सबसे बड़ा इन्डोर स्टेडियम कहाँ स्थित है? (सिविल इंजीनियरिंग 2014)

(अ) ग्वालियर (ब) इन्दौर
(स) भोपाल (द) जबलपुर

व्याख्या- मध्यप्रदेश मे सबसे बड़ा इन्डोर स्टेडियम इन्दौर में है तथा इंदौर को 'खेल राजधानी' भी कहा जाता है।

60. होलकर क्रिकेट स्टेडियम कहाँ स्थित है?

(अ) इन्दौर (ब) ग्वालियर
(स) भोपाल (द) रेवार

व्याख्या-

| | क्रिकेट स्टेडियम | स्थान |
|---|---|---|
| 1. | होलकर क्रिकेट स्टेडियम | इंदौर |
| 2. | ऐशबाग स्टेडियम | भोपाल |
| 3. | रूपसिंह स्टेडियम | ग्वालियर |

61. राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2013 में एक नया खेल पुरस्कार आरंभ किया गया? इस पुरस्कार को किससे नाम से स्थापित किया गया?

(अ) प्रभाष जोशी खेल पुरस्कार (ब) कैप्टन रूपसिंह खेल पुरस्कार
(स) शंकर लक्ष्मण खेल पुरस्कार (द) ध्यानचंद खेल पुरस्कार

व्याख्या- प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2013 में एक नया खेल पुरस्कार आरंभ किया गया। इस पुरस्कार को प्रभाष जोशी खेल पुरस्कार नाम से स्थापित किया गया। यह प्रदेश का 5वाँ खेल पुरस्कार है।

62. खेलों के विकास के लिए मध्यप्रदेश में अपनी खेल नीति कब घोषित किया गया?

(अ) 1979 (ब) 1985
(स) 1989 (द) 1992

51.(द) 52.(अ) 53.(अ) 54.(ब) 55.(ब) 56.(द) 57.(अ) 58.(ब) 59.(ब) 60.(अ) 61.(अ) 62.(स)

व्याख्या- खेलों के विकास के लिए मध्यप्रदेश में अपनी खेल नीति 1989 में घोषित की गई।

63. निम्न में से म.प्र. का कौनसा खिलाड़ी पाकिस्तान टीम का कप्तान बना?

(अ) असलम शेरखान (ब) मेजर जगदाले
(स) लतीफ अनवर (द) बन्ने खाँ

व्याख्या- लतीफ अनवर पाकिस्तान की टीम के कप्तान बने, जो कि म.प्र. के थे। जबकि असलम शेरखान बैतूल के सांसद बने।

64. मध्यप्रदेश में हॉकी के कितने राज्य स्तरीय संगठन है?

(अ) 2 (ब) 3
(स) 4 (द) 5

व्याख्या- मध्यप्रदेश में हॉकी के 2 राज्य स्तरीय संगठन है
(i) भोपाल हॉकी एसोसिएशन
(ii) मध्यप्रदेश हॉकी एसोसिएशन

65. म.प्र. एकलव्य पुरस्कार निम्न में से किस आयु वर्ग के खिलाड़ी को दिया जाता है?

(अ) 19 वर्ष से कम (ब) 21 वर्ष से कम
(स) 15 वर्ष से कम (द) 22 वर्ष से कम

व्याख्या- 19 वर्ष से कम आयु वर्ग वाले खिलाड़ी को म.प्र. एकलव्य पुरस्कार दिया जाता है। यह पुरस्कार वितरण योजना 1997 से प्रारंभ हुई थी।

66. निम्न में से विश्वामित्र खेल पुरस्कार की राशि कितनी है?

(अ) 19 हजार (ब) 26 हजार
(स) 50 हजार (द) 1 लाख

व्याख्या- म.प्र. शासन द्वारा विश्वामित्र खेल पुरस्कार खेल प्रशिक्षकों को दिया जाता है। इसकी कुल राशि 1 लाख होती है, जबकि एकलव्य पुरस्कार की राशि 50 हजार होती हैं।

67. निम्न में से सम्मान निधि किसे दी जाती है?

(अ) म.प्र. के किसी भी व्यक्ति को।
(ब) भारत के किसी भी खिलाड़ी को।
(स) म.प्र. के मूल निवासी खिलाड़ी को।
(द) किसी भी वर्ग के व्यक्ति को

व्याख्या- म.प्र. के मूल निवासी खिलाड़ी को सम्मान निधि पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है। जिसने अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं, ओलिम्पिक, वर्ल्ड चैम्पियन, वर्ल्ड कप आदि में अच्छा प्रदर्शन किया हो।

68. निम्न में से असंगत को छाँटिए?

(अ) बन्ने खाँ (ब) रमेश भाटिया
(स) भगवान दास (द) विजय नायडू

व्याख्या- भगवान दास, रमेश भारिया, विजय नायडू म.प्र. के प्रसिद्ध क्रिकेट खिलाड़ी हैं जबकि बन्ने खाँ हॉकी खिलाड़ी हैं।

69. निम्न में से कौनसा खिलाड़ी 33वें राष्ट्रीय एथलेटिक्स में स्वर्ण पदक विजेता है?

(अ) अरुण जीत (ब) विपिन मैथ्यू
(स) काशीनाथ (द) सुनील कुमार

व्याख्या- 33वें राष्ट्रीय खेलों में एथलेटिक्स में एकमात्र स्वर्ण पदक विजेता म.प्र. के खिलाड़ी विपिन मैथ्यू है। उन्होंने 400 मी. दौड़ में यह पदक जीता।

70. निम्न में से खेल पंचायत का आयोजन करने वाला राज्य है?

(अ) म.प्र. (ब) उ.प्र.
(स) छ.ग. (ग) राजस्थान

व्याख्या- म.प्र. खेल पंचायत का आयोजन करने वाला राज्य है। म.प्र. ने 29 अगस्त, 2007 को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर 'खेल पंचायत' का आयोजन किया।

71. मध्यप्रदेश के अमिताभ विजयवर्गीय किस खेल से संबंधित है?

(अ) फुटबॉल (ब) शतरंज
(स) हॉकी (द) क्रिकेट

व्याख्या- मध्यप्रदेश के अमिताभ विजयवर्गीय क्रिकेट से संबंधित है।

72. वर्ष .. में मध्यप्रदेश के किस स्थान पर "महिला हॉकी एकेडमी" की स्थापना की गई है?

(अ) जबलपुर (ब) होशंगाबाद
(स) भोपाल (द) ग्वालियर

व्याख्या- वर्ष .. में मध्यप्रदेश के ग्वालियर जिले में "महिला हॉकी एकेडमी" की स्थापना की गई है।

73. म.प्र. के मशहूर क्रिकेट खिलाड़ी कौन रहे?

(कराधान सहायक-2010)

(अ) सी.के. नायडू (ब) नरेन्द्र हिरवानी
(स) मंसूल अली खान पटौदी (द) असलम शेर खान

व्याख्या- नरेन्द्र हिरवानी म.प्र. के मशहूर खिलाड़ियों में से एक हैं।

74. इनमें से कौन-सा क्रिकेट स्टेडियम म.प्र. में स्थित है?

(पशुपालन-2012)

(अ) ईडन गार्डन स्टेडियम (ब) फिरोज शाह कोटला
(स) उषा राजे स्टेडियम (द) ग्रीन पार्क स्टेडियम

व्याख्या- उषा राजे स्टेडियम म.प्र. के इंदौर शहर में स्थित है जबकि इडेन गार्डन कोलकाता में, फिरोजशाह कोटला दिल्ली में है।

75. मधु यादव का संबंध किस खेल से है?

(State Forest Service Examination 2014)

63.(स) 64.(अ) 65.(अ) 66.(द) 67.(स) 68.(अ) 69.(ब) 70.(अ) 71.(द) 72.(द) 73.(ब) 74.(स)

(अ) क्रिकेट (ब) टेबल टेनिस
(स) हॉकी (द) कुश्ती

व्याख्या- मधु यादव का संबंध हॉकी खेल से है। इन्हें वर्ष 2000 में अर्जुन अवार्ड से सम्मानित किया गया।

**76. म.प्र. में मार्शल आर्ट अकादमी स्थित है? ( पुलिस संरक्षक-2016 )**
(अ) इंदौर (ब) जबलपुर
(स) भोपाल (द) उमरिया

व्याख्या-म.प्र. के भोपाल में मार्शल आर्ट अकादमी स्थित है।

**77. ठाकुर रनमत सिंह स्टेडियम किस शहर में स्थित है?**
**( Group 2 ( Sub Group 2 ) Combined Recruitment Test-2017 )**
**( Rural Horticulture Extension Officer-2016 )**
(अ) इटारसी (ब) सतना
(स) रीवा (द) भोपाल

व्याख्या- ठाकुर रनमत सिंह स्टेडियम म.प्र. के रीवा शहर में स्थित है। यह कथन सर्वविदित हैं कि अँग्रेजों के खिलाफ स्वतंत्रता संग्राम छेड़ने वालों में ठाकुर रनमत सिंह का नाम प्रमुख है।

**78. साई सेन्ट्रल रीजनल सेंटर म.प्र. के कौन से शहर में स्थित है?**
**( Group 2 ( Sub Group 2 ) Combined Recruitment Test 2019 )**
(अ) इंदौर (स) ग्वालियर
(ब) झाँसी (द) भोपाल

व्याख्या- साई सेंट्रल रीजनल सेंटर म.प्र. की राजधानी भोपाल में स्थित है।

**79. ग्रेट बॉल ऑफ चायना के नाम से कौन प्रसिद्ध खिलाड़ी है?**
(अ) मुश्ताक अली (ब) विजय नायडु
(स) रमेश भाटिया (द) जाल गोदरेज

व्याख्या- ग्रेट बॉल ऑफ चायना के नाम से जाल गोदरेज प्रसिद्ध खिलाड़ी है।

**80. चंदू सरवटे का जन्म कहाँ हुआ था? पुलिस आरक्षक 2017**
(अ) सागर (ब) ग्वालियर
(स) भोपाल (द) रीवा

व्याख्या- 1946 से 1951 के बीच भारतीय टेस्ट क्रिकेट टीम में बतौर आलराउंडर खेलने वाले 'चंद्रशेखर त्रिम्बक सरवटे' या (चंदू सरवटे) का जन्म 22 जुलाई, 1920 को सागर जिला मध्यप्रदेश में हुआ था।

**81. अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता फवरी 2010 में कहां सम्पन्न हुई थी।**
(अ) ग्वालियर (ब) झाँसी
(स) भोपाल (द) इंदौर

व्याख्या- अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता फरवरी 2010 में भोपाल में सम्पन्न हुई थी।

**82. निम्न में से कौनसा खेल मध्यप्रदेश के हर्षिता तोमर से संबंधित है? MP Rajya 2018**
(अ) तीरंदाजी (ब) शूटिंग
(स) कुश्ती (द) सेलिंग

व्याख्या- मध्यप्रदेश की हर्षिता तोमर देश के लिए एक होनहार नौका दौड़ में लोन रेंजर हैं। नौका दौड़ के लिए उनका चयन स्पोर्ट्स एंड यूथ वेलफेयर निदेशालय खेल अकादमी में आने पर हुआ था।

**83. इंदौर में आयोजित राष्ट्रीय फुटबॉल लीग किस वर्ष हुआ था? जेल प्रहरी 2017**
(अ) 2013 (ब) 2015
(स) 2016 (द) 2014

व्याख्या-इंदौर में आयोजित राष्ट्रीय फुटबाल लीग 2013 में हुआ था।

**84. गौरव चौहान निम्न में से कौन-से खेल से सम्बन्धित है? जेल प्रहरी 2017**
(अ) बॉक्सिंग (ब) फुटबॉल
(स) क्रिकेट (द) हॉकी


व्याख्या-गौरव चौहान बॉक्सिंग खेल से सम्बन्धित है।


**85. निम्नलिखित में से किस खेल के साथ मध्यप्रदेश खिलाड़ी वर्षा वर्मन जुड़ी हैं? जेल प्रहरी 2017**
(अ) निशानेबाजी (ब) टेनिस
(स) बैडमिंटन (द) शॉट-पुट

व्याख्या-मध्यप्रदेश की खिलाडी वर्षा वर्मन निशानेबाजी से सम्बन्धित है।

* * *

75.(स) 76.(स) 77.(स) 78.(द) 79.(द) 80.(अ) 81.(स) 82.(द) 83.(अ) 84.(अ) 85.(अ)






# अध्याय– 18

# मध्यप्रदेश में पुलिस प्रशासन

1. **म. प्र. पुलिस संगठन की स्थापना कब की गई –**

(अ) 1861 (ब) 1865

(स) 1863 (द) 1868

**व्याख्या–** ले.कर्नल टेलर के प्रतिवेदन के अनुसार वर्ष 1861 में म. प्र. में पुलिस संगठन स्थापित किया गया।

2. **पुलिस के महानिदेशक के पद का सृजन कब किया गया?**

(अ) 1981 (ब) 1982

(स) 1983 (द) 1984

**व्याख्या–** म. प्र. में सन् 1982 से पुलिस महानिरीक्षक के पद के स्थान पर पुलिस महानिदेशक का पद सृजित किया गया।

3. **मध्य प्रदेश में पहला पुलिस थाना कहाँ खोला गया।**

(अ) भोपाल (ब) रीवा

(स) जबलपुर (द) इन्दौर

**व्याख्या–** मध्य प्रदेश में पहला पुलिस थाना भोपाल में खोला गया तथा प्रथम खुली जेल अशोकनगर के मुंगावली में खोली गई।

4. **म. प्र. के किस जेल का नाम प्रसिद्ध क्रांतिकारी टंट्या भील के नाम पर रखा गया है।**

(अ) झाबुआ जेल (ब) खरगोन जेल

(स) खंडवा जेल (द) अलीराजपुर जेल

**व्याख्या–** म. प्र. की खंडवा जेल का नाम परिवर्तित कर टंट्या भील के नाम पर किया गया है।

5. **म. प्र. के नक्सल प्रभावित जिलों की संख्या कितनी है।**

(अ) 7 (ब) 8

(स) 10 (द) 9

**व्याख्या–** म. प्र. के आठ जिले बालाघाट, सिवनी, मंडला, छिंदवाड़ा, अनुपपुर, सीधी, सिंगरौली और डिंडोरी कुल 8 जिले नक्सल प्रभावित हैं।

6. **मध्यप्रदेश की पहली खुली जेल कहाँ स्थापित हुई–**

(अ) गुना (ब) दतरपुर

(स) मुगावली (द) बैतूल

**व्याख्या–** मध्यप्रदेश की पहली खुली जेल की स्थापना नवजीवन शिविर के नाम से 1973 में मुंगावली, अशोक नगर में की गई।

1.(अ) 2.(ब) 3.(अ) 4.(स) 5.(ब) 6.(स)

7. वर्तमान में प्रदेश में कितनी पुलिस रेंज हैं-
(अ) 8 (ब) 9
(स) 10 (द) 11।

व्याख्या- म.प्र. में पुलिस रेंज इस प्रकार हैं- इन्दौर, उज्जैन, भोपाल, होशंगाबाद, ग्वालियर, जबलपुर, सागर, रीवा, चम्बल बालाघाट व शहडोल हैं।

8. प्रदेश का पुलिस मुख्यालय कहाँ स्थित है-
(अ) सागर (ब) इन्दौर
(स) भोपाल (द) ग्वालियर।

व्याख्या- मध्यप्रदेश का पुलिस मुख्यालय भोपाल में स्थित है।

9. प्रदेश में एक विशेष सशस्त्र बल का गठन क्यों किया गया-
(अ) डाकू समस्या के निराकरण हेतु
(ब) भ्रष्टाचार निवारण हेतु
(स) बलात् श्रम पर नियन्त्रण हेतु
(द) उपरोक्त सभी।

व्याख्या- प्रदेश के उत्तरी तथा पूर्वी क्षेत्रों में डाकू समस्या के निराकरण हेतु शासन ने एक विशेष सशस्त्र बल के गठन पर बल दिया।

10. मध्यप्रदेश विशेष सशस्त्र बल एक्ट कब लागू किया गया-
(अ) 1968 (ब) 1969
(स) 1970 (द) 1971

व्याख्या- मध्यप्रदेश में विशेष सशस्त्र बल एक्ट 1968 में लागू किया गया।

11. सशस्त्र पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना कहाँ की गई है-
(अ) रीवा (ब) चम्बल
(स) इन्दौर (द) ग्वालियर।

व्याख्या- मध्यप्रदेश में सशस्त्र पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना इन्दौर में की गई।

12. मध्यप्रदेश में फॉरेन्सिक साइंस लैबोरेटरी की स्थापना कहाँ की गयी है-
(अ) उज्जैन (ब) भोपाल
(स) होशंगाबाद (द) सागर।

व्याख्या- सागर में ही फॉरेन्सिक साइंस लेबोरेटरी भी कार्यरत है। यह लेबोरेटरी आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित है और अपराधों की विवेचना में उल्लेखनीय योगदान देती है।

13. पुलिस प्रशिक्षण हेतु सागर महाविद्यालय को क्या नाम दिया गया है-
(अ) लालबहादुर शास्त्री पुलिस अकादमी
(ब) जवाहरलाल नेहरू पुलिस अकादमी
(स) रानी लक्ष्मीबाई पुलिस अकादमी
(द) पुलिस प्रशिक्षण अकादमी।

व्याख्या- पुलिस प्रशिक्षण हेतु सागर महाविद्यालय का नाम बदलकर जवाहरलाल नेहरू पुलिस अकादमी कर दिया गया।

14. प्रत्येक जिले का सबसे बड़ा पुलिस अधिकारी कौन होता है?
(अ) पुलिस महानिरीक्षक (ब) पुलिस महानिदेशक
(स) पुलिस अधीक्षक (द) एडीशनल पुलिस।

व्याख्या- प्रत्येक जिले का एक नियन्त्रण अधिकारी होता है जिसे पुलिस अधीक्षक (एस.पी.) कहते हैं।

15. नये मध्यप्रदेश के सर्वप्रथम पुलिस महानिरीक्षक कौन थे-
(अ) वी.जी. घाटे (ब) के.एफ. रुस्तमजी
(स) बी.एम. शुक्ला (द) बी.एम. शर्मा।

व्याख्या- म.प्र. के निर्माण के उपरान्त पुलिस प्रशासन को संगठित रखने एवं उसके व्यवस्थित संचालन हेतु पुलिस महानिरीक्षक के पद का सृजन किया गया। 1965 में श्री. वी.जी. घाटे को प्रदेश का पुलिस महानिरीक्षक बनाया गया।

16. प्रदेश में पुलिस यातायात प्रशिक्षण संस्थान कहाँ है-
(अ) उज्जैन (ब) होशंगाबाद
(स) भोपाल (द) ग्वालियर।

व्याख्या- यातायात के विभिन्न पहलुओं की जानकारी देने के लिये भोपाल में पुलिस यातायात प्रशिक्षण संस्थान स्थापित किया गया है।

17. प्रदेश में पुलिस मोटर वर्कशाप प्रशिक्षण शाला कहाँ है-
(अ) गोविंदगढ़(रीवा) (ब) मेघनगर (झाबुआ)
(स) करोठरा (शिवपुरी) (द) मनेरी (मण्डला)

व्याख्या- वाहन कर्मचारियों को विशेष प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध कराने की दृष्टि से रीवा में पुलिस मोटर वर्कशाप प्रशिक्षण शाला स्थापित की गई है।

18. पुलिस वायरलेस प्रशिक्षण महाविद्यालय कहाँ स्थापित है-
(अ) शिवपुरी (ब) इन्दौर
(स) चम्बल (द) रीवा।

व्याख्या- वायरलेस के कार्य के बारे में पुलिसकर्मियों को जानकारी देने के उद्देश्य से पुलिस वायरलेस प्रशिक्षण विद्यालय इन्दौर में स्थापित किया गया।

19. भोपाल में पुलिस कम्प्यूटर की स्थापना कब की गई-
(अ) 15 अप्रैल 1982 (ब) 30 अप्रैल 1982
(स) 1 अप्रैल 1982 (द) 20 अप्रैल 1982।

व्याख्या- अपराध और अपराधियों के रिकार्ड रखने के लिए भोपाल में पुलिस कम्प्यूटर की स्थापना 15 अप्रैल 1982 को की गई।

20. मध्यप्रदेश में विशिष्ट अपराध प्रवृत्तियों के अनुसंधान हेतु अनुसंधान इकाई कहाँ है-

7.(द) 8.(स) 9.(अ) 10.(अ) 11.(स) 12.(द) 13.(ब) 14.(स) 15.(अ) 16.(स) 17.(अ) 18.(ब) 19.(अ)

(अ) इन्दौर (ब) भोपाल
(स) सागर (द) रीवा।

व्याख्या- मध्यप्रदेश में विशिष्ट अपराध प्रवृत्तियों के अनुसंधान हेतु सागर में अनुसंधान की स्थापना की गई।

21. प्रथम पुलिस महानिदेशक कौन हैं-
(अ) जे.एस. कुकरेजा (ब) पी.आर. खुराना
(स) बी.पी. दुबे (द) बी.के. मुकर्जी।

व्याख्या- म.प्र. में पुलिस महानिरीक्षक के स्थान पर अब पुलिस का सबसे वरिष्ठ अधिकारी 'पुलिस महानिदेशक' होता है। प्रथम पुलिस महानिदेशक बी.पी. दुबे 1982-83 तक पद पर रहे।

22. नव आरक्षकों व प्लाटून कमाण्डरों को कहाँ छठवीं वाहिनी में प्रशिक्षण दिया जाता है।
(अ) जबलपुर (ब) सागर
(स) भोपाल (द) रीवा।

व्याख्या- नव आरक्षकों एवं प्लाटून कमाण्डरों को जबलपुर छठवी वाहिनी में प्रशिक्षण दिया जाता है।

23. प्रदेश में सर्वप्रथम किस महाविद्यालय में अपराधशास्त्र में स्नातक पाठ्यक्रम प्रारम्भ किया गया-
(अ) सागर (ब) भोपाल
(स) उज्जैन (द) इन्दौर।

व्याख्या- अपराधों की विवेचना में विज्ञान की सहायता लेने के प्रयासों को मध्यप्रदेश में और तेज किया गया है। मध्यप्रदेश देश के अग्रणी राज्यों में है जहाँ सर्वप्रथम सागर महाविद्यालय में अपराधशास्त्र में स्नातक पाठ्यक्रम प्रारम्भ किया गया है।

24. महिलाओं के उत्पीड़न से संबंधित शिकायत के निराकरण के लिए विशेष सेल का गठन कहाँ किया गया?
(अ) इंदौर (ब) भोपाल
(स) झाबुआ (द) ग्वालियर।

व्याख्या- मध्यप्रदेश में भोपाल में महिला उत्पीड़न संबंधी शिकायतों की जाँच हेतु विशेष सेल के गठन का प्रावधान किया गया है।

25. पुलिस प्रशासन किस मंत्रालय के अधीन होता है।
(अ) गृह (ब) संचार
(स) विदेश (द) वित्त

व्याख्या- पुलिस प्रशासन गृह मंत्रालय के अधीन होता है।

26. मध्य प्रदेश में नारकोटिक्स थाने की स्थापना कहाँ की गई-
(अ) इंदौर (ब) उज्जैन
(स) देवास (द) ग्वालियर।

व्याख्या- मादक द्रव्यों के अवैध व्यापार को रोकने हेतु इन्दौर में नारकोटिक्स थाने की स्थापना की गई है।

27. मध्य प्रदेश पुलिस का फिंगर प्रिंट ब्यूरो कहाँ स्थापित है?
(अ) सागर (ब) भोपाल
(स) इंदौर (द) ग्वालियर।

व्याख्या- भोपाल में मध्यप्रदेश पुलिस का फिंगर प्रिंट ब्यूरो स्थापित किया गया एवं डी.एन.ए. प्रयोगशाला सागर में स्थापित की गई।

28. निम्न में से एक नवीन महिला बटालियन है-
(अ) रानी लक्ष्मीबाई बटालियन (ब) रानी दुर्गावती बटालियन
(स) रानी अवन्तिका बटालियन (द) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या- मध्यप्रदेश में रानी दुर्गावती नामक नवीन बटालियन की स्थापना की गई।

29. मध्य प्रदेश में 'हरिजन आदिवासी प्रकोष्ठ' की स्थापना की गयी हैं?
(अ) उज्जैन (ब) दतिया
(स) जबलपुर (द) भोपाल।

व्याख्या- मध्यप्रदेश के भोपाल में हरिजन एवं आदिवासी प्रकोष्ठ की स्थापना की गई है।

30. म.प्र. पुलिस अकादमी इस जिले में स्थित है-
(सहायक ग्रेड-3, 2012)
(अ) ग्वालियर (ब) शिवपुरी
(स) रीवा (द) सागर

व्याख्या- सागर में जवाहरलाल नेहरू राज्य पुलिस अकादमी स्थित है। साथ ही सागर में फोरेंसिक लेबोरेटरी भी स्थापित है। रीवा में वाहन प्रशिक्षण केन्द्र स्थित है तथा ग्वालियर में महालेखाकार कार्यालय भवन स्थित है।

31. सीमा सुरक्षा बल की अकादमी इस जिले में स्थित है-
(सहायक ग्रेड-3, 2012)
(अ) ग्वालियर (ब) शिवपुरी
(स) भिण्ड (द) दतिया

व्याख्या- सीमा सुरक्षा बल की अकादमी ग्वालियर जिले के टेकनपुर में स्थित है। एवं राज्य का एक-मात्र सैनिक अड्डा महाराजपुरा ग्वालियर में स्थित है।

32. मध्यप्रदेश की एकमात्र महिला जेल कहाँ पर है?
(ड्रग इंस्पेक्टर परीक्षा 2012)
(अ) नरसिंहपुर (ब) होशंगाबाद
(स) बैतूल (द) धार

व्याख्या- मध्यप्रदेश की एकमात्र महिला जेल होशंगाबाद में है तथा प्रदेश का बाल बंदीगृह जबलपुर व नरसिंहपुर में है।

20.(स) 21.(स) 22.(अ) 23.(अ) 24.(ब) 25.(अ) 26.(अ) 27.(ब) 28.(ब) 29.(द) 30.(द) 31.(अ) 32.(ब)

33. पुलिस अपराध रिकार्ड कार्यालय की स्थापना कब की गई थी?
(अ) 10 जून 1981 (ब) 12 अक्टूबर 1980
(स) 15 अप्रैल 1982 (द) 28 जनवरी 1989

व्याख्या- पुलिस अपराध रिकार्ड कार्यालय की स्थापना 15 अप्रैल 1982 को की गई थी।

34. म.प्र. राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो की स्थापना कब की गई है।
(अ) वर्ष 1972 में (ब) वर्ष 1991 में
(स) वर्ष 1983 में (द) वर्ष 1987 में

व्याख्या- म.प्र. राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो की स्थापना वर्ष 1983 में की गई। इसका मुख्यालय भोपाल में है।

35. पुलिस स्मृत दिवस कब मनाया जाता है।
(अ) 21 जून (ब) 21 जुलाई
(स) 21 अगस्त (द) 21 अक्टूबर

व्याख्या- पुलिस स्मृत दिवस 21 अक्टूबर को मनाया जाता है।

36. म.प्र. ग्राम एवं नगर रक्षा समिति विधेयक कब से प्रभावी है।
(अ) 1999 (ब) 1998
(स) 1997 (द) 1996

व्याख्या- म.प्र. ग्राम एवं नगर रक्षा समिति विधेयक 1999 से प्रभावी है।

37. निम्न में से म.प्र. की प्रथम महिला आई.पी.एस. अधिकारी कौन थी?
(अ) कु. आशा गोपालन (ब) सरला ग्रेवाल
(स) निर्मला बुच (द) कोई नहीं

व्याख्या- म.प्र. की पहली महिला I.P.S. बने कु. आशा गोपालन है। जबकि निर्मला बुच प्रदेश की प्रथम I.A.S. थी।

38. निम्न में से म.प्र. के रेलवे पुलिस सेन्सन की संख्या है-
(अ) दो (ब) तीन
(स) चार (द) पाँच

व्याख्या- म.प्र. में रेलवे पुलिस सेन्सन की कुल संख्या तीन है। यह सेन्सन क्रमशः भोपाल, इंदौर, जबलपुर है।

39. म.प्र. सरकार द्वारा कब बंदी हित दिवस का आयोजन किया गया था।
(अ) 15 फरवरी 1964 (ब) 16 फरवरी 1964
(स) 24 फरवरी 1964 (द) 25 फरवरी 1964


व्याख्या- म.प्र. सरकार द्वारा 15 फरवरी 1964 को भोपाल जिला में बंदी हित दिवस का आयोजन किया गया था।

40. वर्तमान में म.प्र. में कितनी केन्द्रीय जेल मौजूद है?
(पुलिस आरक्षक-2016)
(अ) 9 (ब) 11
(स) 14 (द) 12

व्याख्या- म.प्र. में कुल 11 केन्द्रीय जेल मौजूद है। साथ हो प्रदेश में 34 जिला जेल तथा 78 उपजेल है।

✻ ✻ ✻

33.(स) 34.(स) 35.(द) 36.(अ) 37.(अ) 38.(ब) 39.(अ) 40.(ब)



# अध्याय– 19

# कला, संस्कृति एवं साहित्य

1. **अवन्ती के महान कवि कौन थे-**

(अ) कबीर (ब) कालिदास

(स) भवभूति (द) बाणभट्ट।

**व्याख्या-** अवन्ती के महान कवि भारत के शेक्सपियर कहे जाने वाले कालिदास थे।

2. **निम्नलिखित के बीच क्या समानता है? बधाई,सायरा, जावरा, खालसा** **(महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016)**

(अ) सभी मध्य प्रदेश में उगाई जाने वाली फसलों के नाम हैं।

(ब) सभी नृत्य के रूप हैं जो मध्य प्रदेश में किये जाते हैं।

(स) सभी प्रकार के भोजन है जो मध्यप्रदेश में आम है।

(द) सभी मध्यप्रदेश में मनाये जाने वाले त्योहारों के नाम है।

**व्याख्या-** बधाई, सायरा, जावरा, खालसा ये सभी नृत्य है जो कि म.प्र. में अलग–अलग क्षेत्रों में किए जाते हैं।

3. **पीर बुधान का मेला कहाँ लगता है?**

**(डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016)**

(अ) ग्वालियर (ब) रतलाम

(स) सतना (द) शिवपुरी

**व्याख्या-** पीर बुधान का मेला भाद्रपद माह में शिवपुरी जिले के सांवरा गांव में लगता है।

4. **अमृता शेरगिल फेलोशिप किस क्षेत्र में दी जाती हैं?**

**(डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016)**

(अ) साहित्य (ब) ललित कला

(स) लोक कला (द) पत्रकारिता

**व्याख्या-** अमृता फैलोशिप ललित कला के क्षेत्र में दी जाती है। इसके अंतर्गत एक वर्ष तक रु. 1000/- प्रति माह शिष्यवृत्ति दी जाती है।

5. **'चंडी देवी' मेला कहाँ लगता है?**

**(डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016)**

(अ) सीधी (ब) शहडोल

(स) रीवा (द) सतना

**व्याख्या-** 'चण्डी देवी' मेला सीधी जिले के घोघरा गाँव में लगता है।

1.(ब) 2.(ब) 3.(द) 4.(ब) 5.(अ)

6. तुलसी महोत्सव कहाँ मनाया जाता है?
(डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016)
(अ) भोपाल (ब) चित्रकूट
(स) सागर (द) देवास

व्याख्या- तुलसी महोत्सव चित्रकूट में आयोजित होता है।

7. मालवा अंचल का प्रसिद्ध लोकनाट्य क्या है?
(डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016)
(अ) गम्मत (ब) स्वांग
(स) माच (द) हिंगोला

व्याख्या- मालवा अंचल का प्रसिद्ध लोक नाट्य माच है, जबकि बुंदेलखण्ड का प्रसिद्ध लोकनाट्य स्वांग एवं बघेलखण्ड का प्रसिद्ध लोकनाट्य छाहुर है। म.प्र. का राजकीय नाट्य माच है।

8. जोगेश्वरी देवी का मेला कहाँ लगता है?
(डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016)
(अ) शाजापुर (ब) सोडलपुर (होशंगाबाद)
(स) चंदेरी अशोक नगर (द) धामोनी (सागर)

व्याख्या- जोगेश्वरी देवी का मेला प्रतिवर्ष चैत्र माह में चंदेरी अशोक नगर में लगता है।

9. अमीर खान समारोह मनाया जाता है-
(डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016)
(अ) भोपाल (ब) इंदौर
(स) ग्वालियर (द) धार

व्याख्या- अमीर खान समारोह इंदौर में मनाया जाता है जबकि तानसेन समारोह ग्वालियर एवं कालिदास समारोह प्रतिवर्ष उज्जैन में मनाया जाता है।

10. तानसेन समारोह आयोजित किया जाता है-
(डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016)
(अ) इन्दौर में (ब) मैहर में
(स) भोपाल में (द) ग्वालियर में

व्याख्या- तानसेन समारोह प्रतिवर्ष ग्वालियर में आयोजित किया जाता है जबकि अलाउद्दीन समारोह मैहर में आयोजित किया जाता है।

11. मध्यप्रदेश उर्दु अकादमी का गठन कब किया गया?
(डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016)
(अ) 1976 (ब) 1977
(स) 1986 (द) 1987

व्याख्या- मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी का गठन वर्ष 1976 में किया गया इसका मुख्यालय भोपाल में है।

12. चक्रधर स्मृति समारोह कहाँ मनाया जाता है?
(डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016)
(अ) मैहर (ब) भोपाल
(स) रायगढ़ (द) रायसेन

व्याख्या- चक्रधर स्मृति समारोह रायगढ़में मनाया जाता है जो वर्तमान में छत्तीसगढ़राज्य में है।

13. नागाजी का मेला किस जिले में लगता है?
(डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016)
(अ) भिण्ड (ब) मुरैना
(स) गुना (द) रीवा

व्याख्या- नागाजी का मेला मुरैना जिले के पोरसा में प्रतिवर्ष अगहन माह (नवम्बर-दिसम्बर) में लगता है।

14. मध्यप्रदेश समारोह कहाँ आयोजित किया जाता है?
(डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016)
(अ) भोपाल (ब) मांडू
(स) दिल्ली (द) ग्वालियर

व्याख्या- मध्यप्रदेश समारोह नई दिल्ली में आयोजित होता है जबकि माण्डू उत्सव माण्डू में आयोजित होता है.

15. निम्न में से म.प्र. का राजकीय नृत्य कौन सा है?
(डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016)
(अ) माच (ब) राई
(स) मटकी (द) सुआ

व्याख्या- मध्यप्रदेश का राजकीय नृत्य राई है जो बुंदेलखण्ड में काफी प्रचलित है।

16. गुलाम हुसैन खान का संबंध है- (डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016)
(अ) सितार वादन से (ब) तबला वादन से
(स) बांसुरी वादन से (द) शास्त्रीय नृत्य से

व्याख्या- गुलाम हुसैन खान का संबंध सितार वादन से है वह संगीत के ग्वालियर घराने से संबंधित है।

17. बड़ा महादेव और छोटा महादेव मंदिर ....... के पास स्थित हैं।
(महिला स्वास्थ्य 2016)
(अ) उज्जैन (ब) मांडू
(स) नरसिंहगढ़ (द) भोजपुर

व्याख्या- बड़ा महादेव और छोटा महादेव मंदिर नरसिंहगढके पास स्थित है।

18. अधूरा लेकिन एक अद्‌भूत शिव मंदिर राजा परमार द्वारा निर्मित, ...... में स्थित है (महिला स्वास्थ्य 2016)
(अ) उज्जैन (ब) खजुराहो
(स) भोजपुर (द) ग्वालियर

व्याख्या- अधूरां लेकिन एक अद्‌भूत शिवमन्दिर राजा परमार द्वारा निर्मित भोजपुर रायसेन में स्थित है।

6.(ब) 7.(स) 8.(स) 9.(ब) 10.(द) 11.(अ) 12.(स) 13.(ब) 14.(स) 15.(ब) 16.(अ) 17.(स) 18.(स)

19. मध्यप्रदेश में पत्रकारिता का उद्‌भव कब हुआ-
(अ) 1848 (ब) 1840
(स) 1853 (द) 1845

व्याख्या- मध्यप्रदेश में पत्रकारिता का उदय 1840 में हुआ।

20. ग्वालियर से उर्दू भाषा का कौन-सा साप्ताहिक पत्र प्रकाशित हुआ-
(अ) नवजीवन (ब) ग्वालियर अखबार
(स) प्रदेश बंधु (द) जागरण

व्याख्या- म.प्र. में पत्रकारिता का उद्‌भव सन् 1840 में हुआ जब ग्वालियर से उर्दू भाषा का साप्ताहिक पत्र ग्वालियर अखबार प्रकाशित हुआ।

21. इन्दौर से हिन्दी भाषा का प्रथम समाचार पत्र कौन-सा था-
(अ) इन्दौर समाचार (ब) गोल दुनिया
(स) राष्ट्रभ्रमण (द) मालवा अखबार।

व्याख्या- मालवा अखबार का प्रकाशन 6 मार्च 1849 को प्रारम्भ हुआ जो हिन्दी भाषा का प्रथम समाचार पत्र था।

22. प्रदेश का पहला हिन्दी मासिक नवजीवन कब प्रकाशित हुआ-
(अ) 1905 (ब) 1910
(स) 1915 (द) 1930

व्याख्या- प्रदेश का पहला हिन्दी मासिक नवजीवन था। यह हिन्दी मासिक सन् 1915 में इन्दौर से प्रकाशित हुआ।

23. इन्दौर से प्रकाशित होने वाला कौन-सा दैनिक समाचार पत्र 5 जून 1947 से प्रारम्भ किया-
(अ) नईदुनिया (ब) दैनिक भास्कर
(स) नवभारत (द) स्वदेश।

व्याख्या- इन्दौर से प्रकाशित होने वाला नईदुनिया प्रदेश का प्रमुख दैनिक समाचार पत्र है। नईदुनिया का प्रकाशन 1947 में प्रारम्भ किया गया।

24. वीणा साहित्यिक पत्रिका कहाँ से प्रकाशित होती है-
(अ) उज्जैन (ब) ग्वालियर
(स) इन्दौर (द) भोपाल

व्याख्या- वीणा साहित्यिक पत्रिका इन्दौर से प्रकाशित की जाती है।

25. भोपाल से प्रकाशित होने वाली साहित्यिक पत्रिका कौन-सी है-
(अ) साक्षात्कार (ब) चौमासा
(स) कलावती (द) उपर्युक्त सभी।

व्याख्या- भोपाल से प्रकाशित होने वाली साहित्यिक पत्रिका साक्षात्कार, चौमासा एवं कलावती हैं।

26. संस्कृत के अमर साहित्यकार कालिदास किस स्थान के निवासी थे-
(अ) उज्जैन (ब) शाजापुर
(स) भर्तृहरि (द) उपरोक्त में से कोई नहीं।

व्याख्या- कालिदास के निवास के सम्बन्ध में मतैक्य है। मेघदूत में उज्जयिनी का विशेष उल्लेख होने के कारण इन्हें उज्जैन का निवासी माना जाता है।

27. प्रदेश के विख्यात कवि स्व. माखनलाल चतुर्वेदी कौन सा समाचार पत्र निकालते थे-
(अ) लाजवाब (ब) विंध्यांचल
(स) कर्मवीर (द) युग प्रणेता।

व्याख्या- जबलपुर से प्रकाशित होने वाले पत्र कर्मवीर के सम्पादक के रूप में चतुर्वेदीजी ने राष्ट्र की अभूतपूर्व सेवा की।

28. मध्यप्रदेश के प्रसिद्ध बाल साहित्य लेखक कौन हैं-
(अ) जहूरबख्श (ब) जांनिसार अख्तर
(स) सलीम (द) भ्रमर।

व्याख्या- म.प्र. के सुप्रसिद्ध बाल साहित्य लेखक श्री जहूरबख्श हिन्दी भाषा में लिखते हैं।

29. कल्पना नामक मासिक पत्रिका के सम्पादक कौन रहे-
(अ) सेठ गोविन्ददास (ब) भवानी प्रसाद मिश्रा
(स) रामेश्वर शुक्ल (द) दुष्यंत कुमार

व्याख्या- भवानी प्रसाद मिश्रा 1952 से 1955 तक हैदराबाद से प्रकाशित कल्पना नामक मासिक पत्रिका के सम्पादक रहे।

30. पण्डवानी में क्या गाया जाता है-
(अ) वीरगाथा (ब) छत्तीसगढ़का वर्णन
(स) महाभारत कथा (द) पाण्डवों का यशोगान।

व्याख्या- पण्डवानी प्रसिद्ध लोककला है। इसमें कलाकार द्वारा पाण्डवों के यशो का गान होता है।

31. अभिज्ञान शाकुन्तलम् व मेघदूत किस की रचनाएँ हैं-
(अ) भारवि (ब) दण्डि
(स) कालिदास (द) पृथ्वीधर।

व्याख्या- अभिज्ञान शाकुंतलम् व मेघदूत कालिदास की रचनाएँ है।

32. हिन्दी की प्रथम कहानी कौन-सी थी-
(अ) एक चादर मैली सी (ब) एक टोकरी भर मिट्टी
(स) एक ही भूल (द) अंग्रेजों का दमन।

व्याख्या- हिन्दी की प्रथम कहानी "एक टोकरी भर मिट्टी" थी जिसके रचयिता माधवराव सप्रे थे।

33. मान्य व्याकरण रचियता कौन हैं जो मध्य प्रदेश निवासी हैं-
(अ) महावीरप्रसाद (ब) मुकुटधर पाण्डे
(स) कामताप्रसाद गुरु (द) सूर्यकान्त त्रिपाठी।

19.(ब) 20.(ब) 21.(द) 22.(स) 23.(अ) 24.(स) 25.(द) 26.(अ) 27.(स) 28.(अ) 29.(ब) 30.(द) 31.(स) 32.(ब)

व्याख्या- हिन्दी भाषा का पहला, पूर्ण एवं मान्य व्याकरण रचने वाले मध्यप्रदेश निवासी श्री कामताप्रसाद गुरु हैं।

**34. मध्यप्रदेश निवासी व सर्वश्रेष्ठ व्यंग्यकार-**

(अ) हरिशंकर परसाई (ब) खुशवंत सिंह
(स) एफ.एम. किदवई (द) विनोद शुक्ल।

व्याख्या- मध्यप्रदेश के प्रसिद्ध व्यंग्यकार हरिशंकर परसाई है इनको जन्म होशंगाबाद जिले में हुआ।

**35. खूब लड़ी मर्दानी वह तो झाँसी वाली रानी थी, के रचनाकार कौन हैं-**

(अ) श्रीमती सुभद्रा कुमारी चौहान (ब) माखनलाल चतुर्वेदी
(स) कुन्तर गोयल (द) हरिशंकर परसाई।

व्याख्या- खूब लड़ी मर्दानी वह तो झाँसी वाली रानी थी, की लेखिका सुभद्रा कुमारी चौहान थी।

**36. छत्रसाल दशक के रचयिता कौन मध्ययुगीन रचनाकार थे-**

(अ) संत स्वरूपदास (ब) महाकवि भूषण
(स) महाकवि बिहारी (द) महाकवि पद्माकर।

व्याख्या- छत्रसाल दशक के रचयिता महाकवि भूषण मध्ययुगीन रचनाकार थे।

**37. 'हिम तरंगिणी' के द्विवेदी युगीन साहित्यकार कौन थे-**

(अ) सुन्दरलाल शर्मा (ब) हरिभाऊ उपाध्याय
(स) माखनलाल चतुर्वेदी (द) पदुमलाल पुन्नालाल।

व्याख्या- 'हिम तरंगिणी' के द्विवेदी युगीन साहित्यकार माखनलाल चतुर्वेदी हैं।

**38. व्यंग्यकार शरद जोशी कहाँ के निवासी हैं-**

(अ) मध्यप्रदेश (ब) उत्तरप्रदेश
(स) बिहार (द) दिल्ली।

व्याख्या- इनका जन्म म.प्र. के उज्जैन में सन् 1931 में हुआ था। जोशी की अनेकानेक रचनाएँ विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित होती रहती हैं।

**39. मध्यप्रदेश के निम्नलिखित में से किस साहित्यकार को लोकसभा में सर्वाधिक समय बैठने का अवसर मिला था-**

(अ) द्वारिकाप्रसाद मिश्र (ब) बालकवि बैरागी
(स) सेठ गोविंददास (द) माखनलाल चतुर्वेदी।

व्याख्या- मध्यप्रदेश के साहित्यकार एवं स्वतंत्रता सेनानी सेठ गोविंददास को लोकसभा में सर्वाधिक समय तक बैठने का मौका मिला।

**40. भोपाल ट्रेजेडी के रचयिता हैं-**

(अ) डेविड वियर (ब) एम.अरुण सुब्रह्मण्यम
(स) एन. के चोपड़ा (द) खुशवंतसिंह।

व्याख्या- भोपाल ट्रेजेडी के रचयिता एम. अरुण सुब्रह्मण्यम हैं।

**41. 'राष्ट्रीय रामलीला मेला' मध्यप्रदेश के किस नगर में आयोजित किया जाता है-**

(अ) भोपाल (ब) बालाघाट
(स) जबलपुर (द) शिवपुरी।

व्याख्या- राष्ट्रीय रामलीला मेला मध्यप्रदेश के भोपाल में आयोजित किया जाता है।

**42. मध्यप्रदेश के किस स्थान पर जागेश्वरी देवी का मेला आयोजित होता है-**

(अ) चंदेरी (अशोकनगर) (ब) पारेसा (मुरैना)
(स) घोघरा (सीधी) (द) भाण्डेर (ग्वालियर)

व्याख्या- म.प्र. के अशोकनगर जिले में चंदेरी नामक स्थान पर प्रतिवर्ष चैत्र माह में जोगेश्वरी देवी का मेला आयोजित होता है।।

**43. 1992 में मध्यप्रदेश के किस नगर में सिंहस्थ मेला आयोजित किया गया था-**

(अ) इन्दौर (ब) भोपाल
(स) अमरकंटक (द) उज्जैन।

व्याख्या- यह मेला क्षिप्रा नदी के तट पर बसे उज्जैन में महाकालेश्वर मंदिर पर लगता है। यहाँ प्रति 12 वर्ष बाद विशाल कुम्भ का मेला लगता है।

**44. मध्यप्रदेश में बेरोजगार युवाओं को रोजगार की सूचना देने व उनका मार्गदर्शन करने वाला साप्ताहिक रोजगार और निर्माण का प्रकाशन किस वर्ष में प्रारम्भ हुआ था-**

(अ) 1984 (ब) 1985
(स) 1986 (द) 1984।

व्याख्या- मध्यप्रदेश में बेरोजगार युवाओं को रोजगार की सूचना देने व उनका मार्गदर्शन करने वाले साप्ताहिक रोजगार और निर्माण का प्रकाशन 1984 से प्रारंभ किया गया।

**45. निम्नलिखित समाचार पत्र तथा उनके प्रकाशन स्थान से सम्बन्धित गलत जोड़ा बताइए-**

(अ) अंजाम-दतिया (ब) अमृत मंथन-देवास
(स) अवन्तिका-इन्दौर (द) ब्लैक टाइगर-सागर।

व्याख्या- अमृत मंथन का प्रकाशन नीमच से होता है न कि देवास से होता है।

**46. हर्षचरित में हर्ष की जीवनी का वर्णन है। यह ग्रन्थ किसने लिखा है-**

(अ) केशवदास (ब) कालिदास
(स) भवभूति (द) बाणभट्ट।

व्याख्या- हर्षचरित ग्रन्थ बाणभट्ट ने लिखा।

**47. उर्वशी नामक कृति किसकी है-**

(अ) पद्माकर (ब) भूषण

33.(स) 34.(अ) 35.(अ) 36.(ब) 37.(स) 38.(अ) 39.(स) 40.(ब) 41.(अ) 42.(अ) 43.(द) 44.(अ) 45.(ब) 46.(द)

(स) गजानन माधव मुक्तिबोध (द) केशवदास।

**व्याख्या**- गजानंद माधव मुक्तिबोध ने उर्वशी नामक रचना की।

**48. जलबिहारी का मेला कहाँ आयोजित होता है-**

(अ) सीधी (ब) छतरपुर

(स) रीवा (द) गुना।

**व्याख्या**- जलबिहारी का मेला मध्यप्रदेश के छतरपुर में प्रतिवर्ष अक्टूबर माह में लगता है।

**49. काना बाबा का मेला किस स्थान पर लगता है-**

(अ) सोडलपुर (हरदा)

(ब) पिपल्याखुर्द (पश्चिमी निमाड़)

(स) सांवरा (शिवपुरी)

(द) पोरसा (मुरैना)।

**व्याख्या**- म.प्र. के हरदा जिले के ग्राम सोडलपुर में प्रतिवर्ष काना बाबा का मेला लगता है। यह मेला 278 वर्ष पुराना है।

**50. म.प्र. के किस सम्भाग में सर्वाधिक मेले आयोजित होते हैं-**

(अ) चम्बल (ब) होशंगाबाद

(स) उज्जैन (द) रीवा।

**व्याख्या**- मध्यप्रदेश के उज्जैन सम्भाग में सर्वाधिक मेले आयोजित किये जाते हैं। यहाँ लगभग 227 मेले लगते हैं।

**51. निम्न में से किस क्षेत्र में भीली नहीं बोली जाती है-**

(अ) रतलाम (ब) धार

(स) झाबुआ (द) खण्डवा।

**व्याख्या**- खण्डवा में निमाड़ी बोली जाती है।

**52. सुमेलित कीजिए-**

(अ) गरीबनाथ का मेला (1) रीवा

(ब) काना बाबा का मेला (2) सोडलपुर (हरदा)

(स) कुंभ मेला (3) उज्जैन

(द) महामृत्युंजय मेला (4) शाजापुर

कूट :

| | (अ) | (ब) | (स) | (द) |
|---|---|---|---|---|
| (अ) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (ब) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (स) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (द) | 3 | 4 | 2 | 1 |

**व्याख्या**-गरीबनाथ बाबा का मेला – शाजापुर
काना बाबा का मेला – सोडलपुर (हरदा)
कुंभ मेला – उज्जैन
महामृत्युंजय का मेला – रीवा (महामृत्युंजय मंदिर में)

**53. सुमेलित कीजिए-**

**सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए-**

| सूची-I (सृजनपीठ) | सूची-II (विश्वविद्यालय) |
|---|---|
| (अ) मुक्तिबोध सृजनपीठ | (1) डॉ. हरिसिंह गौर वि.वि. सागर |
| (ब) निराला सृजनपीठ | (2)विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन |
| (स) प्रेमचन्द्र सृजनपीठ | (3) बरकतउल्ला वि.वि. भोपाल |
| (द) सुभश्व कुमारी चौहान | (4) रानी दुर्गावती सृजनपीठ वि. वि. जबलपुर |

कूट :

| | (अ) | (ब) | (स) | (द) |
|---|---|---|---|---|
| (अ) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (ब) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (स) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (द) | 1 | 4 | 3 | 2 |

**व्याख्या**- मुक्तिबोध सृजनपीठ – डॉ. हरिसिंह गौर वि.वि. सागर
निराला सृजनपीठ – बरकतउल्ला वि.वि. भोपाल
प्रेमचन्द्र सृजनपीठ – विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन
सुभश्व कुमारी चौहान – रानी दुर्गावती वि.वि.
सृजन पीठ – जबलपुर

**54. सुमेलित कीजिए-**

| कूट-I (समारोह) | कूट-II (आयोजन स्थल) |
|---|---|
| (अ) माखनलाल चतुर्वेदी समारोह | (1) खंडवा |
| (ब) पद्माकर स्मृति समारोह | (2) सागर |
| (स) बालकृष्ण शर्मा नवीन स्मृति समारोह | (3) शाजापुर |
| (द) सुभश्व कुमारी चौहान स्मृति समारोह | (4) जबलपुर |

कूट :

| | (अ) | (ब) | (स) | (द) |
|---|---|---|---|---|
| (अ) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (ब) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (स) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (द) | 4 | 3 | 2 | 1 |

**व्याख्या**- माखनलाल चतुर्वेदी समारोह खण्डवा में पदमाकर स्मृति समारोह सागर में, बालकृष्ण शर्मा नवीन स्मृति समारोह शाजापुर में एवं सुभद्रा कुमारी चौहान स्मृति समारोह जबलपुर में आयोजित होता है।

47.(स) 48.(ब) 49.(अ) 50.(स) 51.(द) 52.(ब) 53.(स) 54.(अ)

55. सुमेलित कीजिए-

| कूट-I ( म.प्र. के सांस्कृतिक समारोह ) | कूट-II ( आयोजन स्थल ) |
|---|---|
| (अ) तानसेन संगीत समारोह | (1) उज्जैन |
| (ब) कालिदास समारोह | (2) ग्वालियर |
| (स) खजुराहो नृत्य समारोह | (3) छतरपुर |
| (द) अमीर खाँ समारोह | (4) इंदौर |

कूट :

| | (अ) | (ब) | (स) | (द) |
|---|---|---|---|---|
| (अ) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (ब) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (स) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (द) | 3 | 4 | 2 | 1 |

व्याख्या- तानसेन समारोह – ग्वालियर
कालिदास समारोह – उज्जैन
खजुराहो समारोह – छतरपुर
अमीर खाँ समारोह– इन्दौर

56. सुमेलित कीजिए-

| कूट-I ( पुरातात्विक स्थल ) | कूट-II सम्बन्धित जिला |
|---|---|
| (अ) एरण | (1) सागर |
| (ब) डांगवाला | (2) उज्जैन |
| (स) इन्द्रगढ़ | (3) मंदसौर |
| (द) भरहुत | (4) सतना |

कूट :

| | (अ) | (ब) | (स) | (द) |
|---|---|---|---|---|
| (अ) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (ब) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (स) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (द) | 2 | 1 | 3 | 4 |

(अ) एरण– सागर
(ब) डांगवाला – उज्जैन
(स) इंद्रगढ़– मंदसौर
(द) भरहुत – सतना में स्थित हैं।

57. बरमान का मेला आयोजित किया जाता है ( SI 2012 )

(अ) सोदालपुर में (ब) पोरसा में
(स) पिपलिया खुर्द में (द) गाडरवारा में

व्याख्या- बरमान का मेला प्रदेश के नरसिंहपुर जिले के गाडरवाड़ा तहसील में प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है । मकर संक्राति से प्रारंभ होकर यह मेला 13 दिन चलता है।

58. निम्न में से कौनसा सम्मान मध्य प्रदेश सरकार द्वारा नहीं दिया जाता? ( पुलिस आरक्षक 2012 )

(अ) तुलसी सम्मान (ब) कालिदास सम्मान
(स) तानसेन सम्मान (द) संगीत नाटक सम्मान

म.प्र. के प्रमुख राष्ट्रीय सम्मान -
(1) महात्मा गांधी सम्मान (2) कबीर सम्मान
(3) तुलसी सम्मान (4) तानसेन सम्मान
(5) कालिदास सम्मान (6) लता मंगेशकर सम्मान
(7) किशोर कुमार सम्मान (8) कुमार गंधर्व सम्मान

59. कालिदास समारोह कहाँ आयोजित होता है- ( आबकारी आरक्षक 2012 )

(अ) ग्वालियर (ब) उज्जैन
(स) पचमढ़ी (द) इन्दौर

व्याख्या- कालिदास की स्मृति को अमर बनाने के लिए कालिदास अकादमी द्वारा उज्जैन में कालिदास समारोह का आयोजन किया जाता है । इस समारोह में परम्परागत रंगमंच प्रदर्शन, परिसंवाद, वाद-विवाद, नाट्य प्रदर्शन एवं चित्र प्रदर्शनी का भी आयोजन होता है।

60. 'मालती माधव' के रचयिता हैं- ( चतुर्थ श्रेणी परीक्षा 2012 )

(अ) जगनिक (ब) कालिदास
(स) भवभूति (द) बाणभट्ट

व्याख्या- भवभूति की अन्य रचनाएँ हैं-
महावीर चरित, उत्तर रामचरित, मालती माधव।
कालिदास की रचनाएँ– रघुवंश, कुमारसंभव, मेघदूत, मालविकाग्नि-मित्रम्।
बाणभट्ट की रचनाएँ– हर्षचरित्र, कादम्बरी, पार्वती परिणय
जगनिक की रचनाएँ — आल्हा खण्ड।

61. निम्न में से कौन-सी भाषा मध्य प्रदेश में नहीं बोली जाती? ( चतुर्थ श्रेणी परीक्षा 2012 )

(अ) बुन्देली (ब) मालवी
(स) गोन्डी (द) गढ़वाली

व्याख्या- (1) म.प्र. में कई प्रकार की बोलियाँ बोली जाती हैं।
(2) म.प्र. में सबसे ज्यादा बुन्देलखण्डी भाषा बोली जाती है।
(3) गढ़वाली भाषा म.प्र. में नहीं बोली जाती है।

62. राई स्वांग लोकनृत्य किस क्षेत्र में प्रचलित है ? ( पटवारी परीक्षा 2008 )

(अ) मालवा (ब) बुंदेलखण्ड
(स) निमाड़ (द) झाबुआ

व्याख्या- बुन्देलखण्ड का प्रमुख लोक नृत्य राई स्वांग है। ये विभिन्न त्यौहार तथा उत्सवों पर किया जाता है । काठी लोक नृत्य निमाड़ अंचल में प्रचलित है । कर्मा नृत्य बैगा जनजाति का लोकनृत्य है । यह मण्डला क्षेत्र में प्रचलित है।

55.(ब) 56.(अ) 57.(द) 58.(द) 59.(ब) 60.(स) 61.(द) 62.(ब)

63. उस्ताद अलाउद्दीन खाँ किस स्थान से सम्बद्ध थे?

(पटवारी परीक्षा 2008)

(अ) देवास (ब) बुरहानपुर
(स) ग्वालियर (द) मैहर

व्याख्या- सुप्रसिद्ध सरोद वादक अलाउद्दीन खाँ का सम्बन्ध म.प्र. के मैहर से है। यह उनकी कर्मभूमि है। अलाउद्दीन खाँ ने मैहर में मैहर बैण्ड की स्थापना की। अलाउद्दीन खाँ समारोह प्रतिवर्ष म.प्र. शासन के संस्कृति विभाग द्वारा मैहर में आयोजित किया जाता है।

64. प्रसिद्ध 'साँची स्तूप' निम्नलिखित में से किस जिले में स्थित है?

(आई.टी.आई. कम्प्यूटर प्रोग्रामर परीक्षा 2012)

(अ) विदिशा (ब) इन्दौर
(स) रतलाम (द) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या- साँची स्तूप म.प्र. के रायसेन जिले में स्थित हैं। यहाँ पर सम्राट अशोक द्वारा निर्मित बौद्ध स्तूप है। जिसमें महामोगलायन व सारीपुत्र की अस्थियाँ रखी हुई हैं। साँची के स्तूप को यूनेस्को ने विश्व विरासत की सूची में शामिल किया है।

65. धार का एक गाँव 'बाघ' प्रसिद्ध है .......... के लिये-

(ड्रग इंस्पेक्टर परीक्षा 2012)

(अ) मूर्तिकला (ब) आर्किटेक्चर
(स) गुफा चित्रकला (द) उपरोक्त सभी

व्याख्या- 'बाघ' गाँव धार के समीप स्थित है। यह गुफा चित्रकला के लिए प्रसिद्ध है।

66. उषा किरन महल .......... में स्थित है-

(ड्रग इंस्पेक्टर परीक्षा 2012)

(अ) ग्वालियर (ब) भोपाल
(स) उज्जैन (द) जबलपुर

व्याख्या- उषा-किरन महल ग्वालियर में स्थित है। ग्वालियर में मृगनयनी महल, तेली का मंदिर, सास-बहु का मंदिर स्थित है। ग्वालियर के किले को भारत का जिब्राल्टर कहा जाता है।

67. मध्यप्रदेश में निम्नलिखित में से कौन-सी बोली नहीं बोली जाती है?

(मध्यप्रदेश स्टोनो ग्राफर परीक्षा 2012)

(अ) बुंदेलखण्डी (ब) कौरवी
(स) मालवी (द) गौंडी

व्याख्या- म.प्र. की प्रमुख बोलियाँ बुन्देलखण्डी, मालवी, गौडी, बघेली, निमाड़ी, भीली तथा ब्रजभाषा है। कौरवी म.प्र. में नहीं बोली जाती है। कौरवी दिल्ली तथा मेरठ के आस-पास वाले क्षेत्र में बोली जाती है।

म.प्र. की बोलियाँ और उनका क्षेत्र-

| | | |
|---|---|---|
| 1. बुन्देल खण्डी | – | ग्वालियर, दतियां, टीकमगढ़, पन्ना व नरसिंहपुर, शिवपुरी। |
| 2. मालवी | – | इन्दौर, उज्जैन, देवास, |
| 3. निमाड़ी | – | खण्डवा, खरगोन व बुरहानपुर |
| 4. बघेली | – | रीवा, सतना, शहडोल व उमरिया |
| 5. भीली | – | झाबुआ, अलीराजपुर व धार (भील जनजाति द्वारा) |
| 6. ब्रजभाषा | – | भिण्ड, मुरैना, ग्वालियर |
| 7. गौंडी | – | मण्डला, जबलपुर (गौंड जनजाति द्वारा) |
| 8. कोरकू | – | बैतूल, होशंगाबाद |

68. अलाउद्दीन खान समारोह कहाँ मनाया जाता है?

(पर्यटन विभाग (सहायक ग्रेड-3), 2013)

(अ) उज्जैन (ब) भोपाल
(स) मैहर (द) सागर

व्याख्या- प्रसिद्ध शास्त्रीय संगीतकार उस्ताद अलाउद्दीन खाँ की स्मृति को अमर बनाये रखने के लिए मैहर में प्रतिवर्ष उस्ताद अलाउद्दीन खाँ संगीत समारोह का आयोजन किया जाता है।

69. लोक नृत्य एवं कला संग्रहालय म.प्र. में कहाँ स्थित है?

(पर्यटन विभाग परीक्षा- 2013)

(अ) ग्वालियर (ब) माण्डू
(स) चन्देरी (द) खजुराहो

व्याख्या- लोक नृत्य एवं कला संग्रहालय म. प्र. के खजुराहो में स्थित है। चन्देल राजाओं की नगरी खजुराहो में अखिल भारतीय नृत्य समारोह का आयोजन किया जाता है। यहाँ भारत का सबसे बड़ा नृत्य समारोह होता है।

70. निम्न में से कौनसा शास्त्रीय एवं लोक संगीत घराना नहीं है?

(पर्यटन विभाग परीक्षा- 2013)

(अ) मैहर (ब) ग्वालियर
(स) इन्दौर (द) भोपाल

व्याख्या- भोपाल शास्त्रीय एवं लोक संगीत घराना नहीं है जबकि मैहर, ग्वालियर और इन्दौर शास्त्रीय एवं लोग संगीत से संबंधित है।

71. प्रसिद्ध शास्त्रीय गायक तानसेन का सम्बन्ध किस घराने से था?

(पर्यटन विभाग परीक्षा- 2013)

(अ) इन्दौर (ब) ओरछा
(स) ग्वालियर (द) जबलपुर

व्याख्या- संगीत सम्राट तानसेन का जन्म संवत् 1553 वेह्ट (ग्वालियर) में हुआ था। तानसेन का मूलनाम रामतनु पाण्डे था। शास्त्रीय संगीत गायक तानसेन का सम्बन्ध ग्वालियर घराने से है। यह अकबर के नवरत्नों में से एक थे।

72. अमजद अली खान, एक भारतीय शास्त्रीय संगीतज्ञ जो सरोद बजाते हैं, उनका जन्म किस शहर में हुआ था?

(पर्यटन विभाग परीक्षा- 2013)

63.(द) 64.(द) 65.(स) 66.(अ) 67.(ब) 68.(स) 69.(द) 70.(द) 71.(स) 72.(ब)

(अ) इन्दौर (ब) ग्वालियर
(स) विदिशा (द) खण्डवा

व्याख्या- भारत के प्रसिद्ध शास्त्रीय संगीतज्ञ एवं सरोदवादक अमजद अली खाँ का जन्म ग्वालियर में हुआ था।

**73. बाबा शाहबुद्दीन की मज़ार कहाँ स्थित है?**

**( वनरक्षक भर्ती परीक्षा- 2013 )**

(अ) निमाड़ (ब) नीमच
(स) सिवनी (द) नरसिंहपुर

व्याख्या- बाबा शाहबुद्दीन की मजार नीमच में स्थित है। यहाँ प्रतिवर्ष फरवरी माह में मेला लगता है। बाबा शाहबुद्दीन की दरगाह पर यह मेला 90 वर्षों से चला आ रहा है।

**74. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही है?**

**( वनरक्षक भर्ती परीक्षा- 2013 )**

(अ) होशंगशाह का मकबरा – भोपाल
(ब) नवाब हसन का मकबरा – माण्डू
(स) गौस मोहम्मद का मकबरा – शिवपुरी
(द) झलकारी बाई की समाधि – ग़्वालियर

व्याख्या-

| | | |
|---|---|---|
| होशंगशाह का मकबरा | | माण्डू |
| नवाब हसन का मकबरा | – | भोपाल |
| मोहम्मद गौस का मकबरा | – | ग्वालियर |
| झलकारी बाई की समाधि | – | मण्डला |
| तानसेन की समाधि | – | ग्वालियर |
| तात्या टोपे की समाधि | – | शिवपुरी |
| लक्ष्मीबाई की समाधि | – | ग्वालियर |
| रानी अवंतीबाई की समाधि | – | मण्डला |
| बैजू बावरा की समाधि | – | चन्देरी |
| पेशवा बाजीराव की समाधि | – | बुरहानपुर |
| रानी दुर्गावती की समाधि | – | जबलपुर |

**75. 'हीरा भूमिया मेला' निम्नलिखित में से किस जिले में आयोजित किया जाता है?** **( वनरक्षक भर्ती परीक्षा- 2013 )**

(अ) देवास (ब) धार
(स) ग्वालियर (द) बालाघाट

व्याख्या- हीरा भूमिया का मेला ग्वालियर गुना के आस-पास के गाँव में प्रतिवर्ष भाद्र माह (अगस्त-सितम्बर) में भरता है। यह मेला लगभग 1000 वर्ष पुराना है। यह मेला हीरामन बाबा की स्मृति में भरता है।

**76. मध्यप्रदेश में कालिदास अकादमी कहाँ स्थित है?**

**( परिवहन आरक्षक परीक्षा- 2012 )**

(अ) उज्जैन (ब) भोपाल
(स) इन्दौर (द) जबलपुर

व्याख्या- कालिदास अकादमी उज्जैन में स्थित है। इसकी स्थापना वर्ष 1977 में की गई। कालिदास समारोह का आयोजन भी उज्जैन में किया जाता है।

**77. 'सैरा नृत्य' इस क्षेत्र में प्रचलित है-**

**( ट्रांस्लेशन सहायक ग्रेड-3 प्रारम्भिक परीक्षा- 2012 )**

(अ) निमाण (ब) मालवा
(स) बुन्देलखण्ड (द) बघेलखण्ड

व्याख्या- "सैरा नृत्य" बुन्देलखण्ड क्षेत्र में होता है। लेकिन अब यह नृत्य बघेलखण्ड व बुन्देलखण्ड दोनों ही क्षेत्रों में किया जाता है।

**78. म.प्र. शासन द्वारा 'ईसुरी पुरस्कार' इस क्षेत्र में दिया जाता है-**

**( ट्रांस्लेशन सहायक ग्रेड-3 प्रारम्भिक परीक्षा- 2012 )**

(अ) गीत प्रबन्ध (ब) नाटक एवं एकांकी
(स) कविता (द) लोक भाषा कृति

व्याख्या- म.प्र. शासन द्वारा ईसुरी पुरस्कार लोक भाषा कृति के क्षेत्र में दिया जाता है।

**79. रंगपंचमी का त्यौहार इस माह में पड़ता है-**

**( ट्रांस्लेशन सहायक ग्रेड-3 प्रारम्भिक परीक्षा- 2012 )**

(अ) माघ (ब) फाल्गुन
(स) चैत्र (द) बैसाख

व्याख्या- रंगपंचमी का त्यौहार चैत्र माह में पड़ता है।

**80. प्रसिद्ध संगीतकार तानसेन का मूल नाम था:**

**( इकोनॉमिक्स एण्ड स्टेटीक्स विभाग परीक्षा- 2012 )**

(अ) मकरंद पाण्डे (ब) रामतनु पाण्डे
(स) लाल कलवंत (द) बाज बहादुर

व्याख्या- तानसेन अकबर के नवरत्न में से एक था, इनका जन्म ग्वालियर में हुआ था। तानसेन का मूल नाम रामतनु पाण्डे था।

**81. 'कालिदास सम्मान' कितने क्षेत्र में दिया जाता है-**

(अ) 4 (ब) 5
(स) 6 (द) 3

व्याख्या- 'कालिदास सम्मान' पांच क्षेत्रों में दिया जाता है- (i) शास्त्रीय संगीत (ii) शास्त्रीय नृत्य (iii) रूपंकर कला (iv) रंगकर्म (v) संस्कृत साहित्य

**82. किस प्राचीन स्थान को भारत की सांस्कृतिक काया का मणिचक्र माना गया है-**

(अ) वाराणसी (ब) मथुरा
(स) उज्जैन (द) हरिद्वार

73.(ब) 74.(द) 75.(स) 76.(अ) 77.(स) 78.(द) 79.(स) 80.(ब) 81.(ब) 82.(स)

व्याख्या- पुण्य सलिला क्षिप्रा नदी के पूर्वी तट पर स्थित महाभागा नगरी उज्जैयिनी (उज्जैन) को भारत की सांस्कृतिक काया का मणिचक्र माना गया है।

83. 'काठी' मध्यप्रदेश के किस क्षेत्र का प्रमुख लोक नाट्य है-
(अ) मालवा (ब) निमाड़
(स) बुंदेलखण्ड (द) बघेलखण्ड

व्याख्या- 'काठी' मध्यप्रदेश के निमाड़ क्षेत्र का प्रमुख लोकनाट्य है।

84. मध्यप्रदेश साहित्य परिषद द्वारा अखिल भारतीय महाराज वीरसिंह देव पुरस्कार किस विधा के लिये दिया जाता है-
(अ) नाटक (ब) कविता
(स) उपन्यास (द) वीरता एवं साहस

व्याख्या- म.प्र. साहित्य परिषद द्वारा स्थापित अखिल भारतीय वीरसिंह देव पुरस्कार उपन्यास लेखन के लिये दिया जाता है।

85. बाल साहित्य पीठ की स्थापना कहाँ पर की जा रही है-
(अ) जबलपुर (ब) सागर
(स) भोपाल (द) इन्दौर

व्याख्या- मध्यप्रदेश में बाल साहित्य रचनाओं के सृजन, संवर्द्धन एवं पल्लवित करने के उद्देश्य से भोपाल में बाल साहित्य पीठ की स्थापना की जा रही है-

86. मध्यप्रदेश कालिदास अकादमी की स्थापना किस वर्ष हुई?
(अ) सन् 1952 में (ब) वर्ष 1981 में
(स) सन् 1977 में (द) वर्ष 1954 में

व्याख्या- मध्यप्रदेश कालिदास अकादमी की स्थापना वर्ष 1977 में उज्जैन में की गई है।

87. मध्यप्रदेश में 'भूषण प्रसंग' समारोह कहाँ पर आयोजित किया जाता है-
(अ) उज्जैन (ब) सागर
(स) चित्रकूट (द) पन्ना

व्याख्या- मध्यप्रदेश में 'भूषण प्रसंग' समारोह पन्ना में आयोजित किया जाता है।

88. मध्यप्रदेश के किस ग्राम के सभी निवासी संस्कृत में बात करते हैं-
(अ) महिदपुर (ब) मऊगंज
(स) मोहद (द) करेली

व्याख्या- मध्यप्रदेश के नरसिंहपुर जिले के मोहद ग्राम के सभी निवासी संस्कृत में बात करते हैं।

89. 'मौरते' मध्यप्रदेश के किस क्षेत्र की लोक कलाकृति है-
(अ) मालवा (ब) निमाड़
(स) बुंदेलखण्ड (द) बघेलखण्ड

व्याख्या- 'मौरते' बुंदेलखण्ड की लोक कलाकृति है जो विवाह के अवसर पर दीवारों पर उकेरी जाती है।

90. 'कोहबर एवं तिलंगा चित्रकला किस अंचल से संबंधित है-
(अ) बुंदेलखण्ड (ब) बघेलखण्ड
(स) छत्तीसगढ़ (द) निमाड़

व्याख्या- 'कोहबर एवं तिलंगा' चित्रकला बघेलखण्ड अंचल से संबंधित है।

91. छिंदवाड़ा के पाण्ढुर्ना तहसील में होने वाली 'गोटमार' प्रथा किस नदी के किनारे होती है।
(अ) पेंच नदी (ब) कान्हन नदी
(स) जाम नदी (द) जोहिला नदी

व्याख्या- छिंदवाड़ा के पाण्ढुर्ना तहसील के अंतर्गत आने वाले दो गांवों के लोगों के बीच जाम नदी के किनारों पर गोटमार प्रथा होती है जिसमें लोग एक-दूसरे पर पत्थर फेंकते हैं।

92. उज्जैन में सिंहस्थ कुंभ मेला का आयोजन हुआ है-
(अ) 2015 (ब) 2016
(स) 2018 (द) 2020

व्याख्या- उज्जैन में सिंहस्थ कुंभ मेला का आयोजन वर्ष 2016 में हुआ है। इससे पूर्व वर्ष 2004 में हुआ था।

93. संत रविदास महाकुंभ का आयोजन कहां पर होता है-
(अ) विदिशा (ब) सागर
(स) देवास (द) डिण्डोरी

व्याख्या- संत रविदास महाकुंभ का आयोजन सागर में होता है।

94. छाहुर लोकनाट्य किस अंचल में प्रचलित है-
(अ) बुंदेलखण्ड (ब) बघेलखण्ड
(स) मालवा (द) निमाड़

व्याख्या- छाहुर लोकनाट्य बघेलखण्ड अंचल में प्रचलित है।

95. माखनलाल चतुर्वेदी उत्सव कहाँ पर मनाया जाता है-
(अ) खण्डवा में (ब) होशंगाबाद में
(स) जबलपुर में (द) सागर में

व्याख्या- प. माखनलाल चतुर्वेदी उत्सव खण्डवा में मनाया जाता है।

96. शास्त्रीय संगीतज्ञ कुमार गंधर्व मूलतः किस राज्य के निवासी थे।
(अ) कर्नाटक (ब) आंध्रप्रदेश
(स) त्रिपुरी (द) तेलंगाना

व्याख्या- शास्त्रीय संगीतज्ञ कुमार गंधर्व मूलतः कर्नाटक राज्य के सुलेमावी के निवासी थे। तपेदिक रोग होने के कारण स्वास्थ्य लाभ हेतु वह म.प्र. के देवास में आकर बस गये। यहीं पर उन्होंने संगीत साधना एवं भानुकूल संस्था स्थापित की।

83.(ब) 84.(स) 85.(स) 86.(स) 87.(द) 88.(स) 89.(स) 90.(ब) 91.(स) 92.(ब) 93.(ब) 94.(ब) 95.(अ) 96.(अ)

97. संस्कृत महाकवि कालिदास ने शास्त्रार्थ करके उज्जैयिनी की किस राजकुमारी से विवाह किया था-

(अ) अहिंकारा (ब) वैशाली

(स) विधोत्तमा (द) पिंगला

व्याख्या- संस्कृत महाकवि कालिदास ने शास्त्रार्थ करके उज्जैयिनी की राजकुमारी विद्योत्तमा से विवाह किया था। और वही उनकी प्रेरणास्त्रोत बनी।

98. मध्यप्रदेश सरकार द्वारा स्थापित महात्मा गांधी सम्मान में कितनी राशि प्रदान की जाती हैं-

(अ) ₹5 लाख (ब) ₹10 लाख

(स) ₹7.5 लाख (द) ₹3 लाख

व्याख्या- मध्यप्रदेश सरकार द्वारा गांधीदर्शन के अनुरूप उत्कृष्ट कार्य करने वाली संस्था को पुरस्कृत करने हेतु वर्ष 1995 से महात्मा गांधी सम्मान स्थापित किया है जिसमें वर्तमान देय राशि ₹10 लाख है।

99. विवेकानंद के बड़े भाई एवं संगीत गुरु हाबूदत्त के शिष्य थे।

(अ) तानसेन (ब) अलाउद्दीन खाँ

(स) पं. शंकरराव (द) बैजू बावरा

व्याख्या- प्रसिद्ध सरोद वादक उस्ताद अलाउद्दीन खाँ संगीत गुरु हाबूदत्त के शिष्य थे। उन्होंने इनसे वायलिन वादन सीखा था।

100. मध्यप्रदेश में कितनी लोक संस्कृतियों का समावेशी संसार है?

(अ) 1 (ब) 3

(स) 4 (द) 5

व्याख्या- मध्यप्रदेश में .. लोक संस्कृतियों का समावेशी संसार है।

(i) निमाड़ (ii) मालवा (iii) बुन्देलखण्ड

(iv) बघेलखण्ड (v) ग्वालियर (चंबल)

101. पं. रविशंकर शुक्ल पुरस्कार किस क्षेत्र में दिया जाता है।

(अ) बाल साहित्य (ब) एकांकी नाटक

(स) उपन्यास (द) आलोचना

व्याख्या- मध्यप्रदेश सरकार द्वारा प्रादेशिक पुरस्कार के रूप में पं. रविशंकर शुक्ल पुरस्कार बाल साहित्य के क्षेत्र में दिया जाता है।

102. प्रथम लता मंगेशकर सम्मान से सम्मानित व्यक्ति कौन है-

(अ) नौशाद अली (ब) किशोर कुमार

(स) मन्ना डे (द) आर.डी. बर्मन

व्याख्या- वर्ष 1984 में सुगम संगीत के क्षेत्र में देय हेतु स्थापित लता मंगेशकर पुरस्कार सर्वप्रथम नौशाद अली को प्रदान किया गया था।

103. मध्यप्रदेश में मालवा उत्सव निम्नलिखित में से किस स्थान पर मनाया जाता है-

(अ) इंदौर (ब) माण्डू

(स) उज्जैन (द) उपर्युक्त सभी

व्याख्या- मध्यप्रदेश में मालवा उत्सव इन्दौर, माण्डू एवं उज्जैन (उपर्युक्त सभी) स्थानों पर मनाया जाता है इसलिये विकल्प (द) सही है।

104. 'परचरी' किस लोककवि की रचना है-

(अ) संत सिंगाजी (ब) लोक कवि ईसुरी

(स) पं. जगनिक (द) घाघ

व्याख्या- निर्गुण भक्तिधारा से संबंधित लोककवि संत सिंगाजी की प्रमुख रचना 'परचरी' है।

105. लोक कवि 'ईसुरी' किस क्षेत्र से संबंधित हैं?

(डेयरी फेडरेशन 2016)

(अ) मालवा (ब) बुंदेलखंड

(स) बघेलखण्ड (द) मध्यभारत

व्याख्या- लोककवि 'ईसुरी' बुंदेलखण्ड क्षेत्र से संबंधित है। ईसुरी फाग गायन के लिये प्रसिद्ध है, इन्हें "बुंदेलखण्ड का जयदेव" कहा जाता है।

106. 'वसुधा' पत्रिका का प्रकाशन होता था-

(डेयरी फेडरेशन 2016)

(अ) जबलपुर (ब) रतलाम

(स) भोपाल (द) इंदौर

व्याख्या- 'वसुधा' पत्रिका का प्रकाशन जबलपुर से होता था। वसुधा नामक पत्रिका मासिक पत्रिका के रूप में म.प्र. के प्रसिद्ध व्यंग्य लेखक हरिशंकर परसाई ने निकाली थी।

107. मध्यप्रदेश साहित्यिक परिषद का मुख्यालय कहाँ स्थित है?

(डेयरी फेडरेशन 2016)

(अ) इंदौर (ब) भोपाल

(स) रीवा (द) सागर

व्याख्या- मध्यप्रदेश साहित्य परिषद का मुख्यालय भोपाल में है एवं इसकी स्थापना वर्ष 1954 में की गई थी।

108. "हँसते हैं रोते हैं" किसकी कृति हैं?

(डेयरी फेडरेशन 2016)

(अ) शरद जोशी (ब) हरिशंकर परसाई

(स) मुल्ला रामूजी (द) जेठराम

व्याख्या- हँसते हैं रोते हैं म.प्र. के प्रसिद्ध व्यंग्यकार हरिशंकर परसाई की कृति है।

109. व्यंग्यकार शरद जोशी का जन्म कहाँ हुआ था?

(डेयरी फेडरेशन 2016)

(अ) इंदौर (ब) उज्जैन

(स) जबलपुर (द) रीवा

97.(स) 98.(ब) 99.(ब) 100.(द) 101.(अ) 102.(अ) 103.(द) 104.(अ) 105.(ब) 106.(अ) 107.(ब) 108.(ब) 109.(ब)

व्याख्या- व्यंग्यकार शरद जोशी का जन्म 21 मई, 1931 को उज्जैन में हुआ था। शरद जोशी की प्रमुख रचनायें हैं जीप पर सवार इल्लियों, परिक्रमा, फिर किसी बहाने आदि।

**110. चाँद का मुँह टेढ़ा'' किसकी रचना है?** (डेयरी फेडरेशन 2016)

(अ) गजानन माधव मुक्तिबोध (ब) बालकृष्ण शर्मा
(स) भवानी प्रसाद मिश्र (द) माखनलाल चतुर्वेदी

व्याख्या- 'चांद का मुंह टेड़ा है' गजानन माधव मुक्तिबोध की रचना है जबकि बालकृष्ण शर्मा 'नवीन' की प्रमुख रचना हम विषपायी जन्म के, है पं. भवानी प्रसाद मिश्र की रचना गीत फरोश, पं. माखनलाल चतुर्वेदी की रचना हिमकिरीटिनी है।

**111. उस्ताद अमीर खान किस नगर से सम्बंधित है?** (डेयरी फेडरेशन 2016)

(अ) खंडवा (ब) खरगोन
(स) धार (द) इंदौर

व्याख्या- उस्ताद अमीर खान मध्यप्रदेश के इंदौर जिले से संबंधित है। संगीतकार उस्ताद अमीर खान इंदौर घराने के प्रसिद्ध ख्याल एवं तराना गायक रहे हैं।

**112. व्यंग्य लेखन क्षेत्र में सर्वोच्च सम्मान कौन-सा है?** (डेयरी फेडरेशन 2016)

(अ) शरद जोशी सम्मान (ब) हरिशंकर परसाई सम्मान
(स) कबीर सम्मान (द) तुलसी सम्मान

व्याख्या- व्यंग्य लेखन क्षेत्र में म.प्र. शासन की ओर से सर्वोच्च सम्मान शरद जोशी सम्मान दिया जाता है इसके अंतर्गत ₹ 2 लाख नकद राशि दी जाती है।

**113. माखनलाल चतुर्वेदी का जन्म कहाँ हुआ?** (डेयरी फेडरेशन 2016)

(अ) बाबई (ब) आष्टा (स) उचेहरा (द) चचाई

व्याख्या- पं. माखनलाल चतुर्वेदी का जन्म बाबई जिला होशंगाबाद में था। पं. माखनलाल चतुर्वेदी को "एक भारतीय आत्मा" के उपनाम से जाना जाता है।

**114. "मैथिलीशरण गुप्त" सम्मान किस क्षेत्र में दिया जाता है?** (डेयरी फेडरेशन 2016)

(अ) हिंदी कविता (ब) भाषा
(स) साहित्य (द) पत्रकारिता

व्याख्या- मैथिलीशरण गुप्त सम्मान "हिन्दी कविता" के क्षेत्र में दिया जाता है। यह सम्मान वर्ष 1987-88 से प्रारंभ किया गया है। वर्तमान में इस सम्मान के अंतर्गत ₹ 2 लाख नकद राशि एवं प्रशस्ति पत्र दिया जाता है।

**115. आल्हा खंड की रचना की है-** (डेयरी फेडरेशन 2016)

(अ) घाघ ने (ब) जगनिक ने
(स) ईसुरी ने (द) संत सिंगाजी ने

व्याख्या- आल्हाखण्ड की रचना पं. जगनिक ने की इसमें चंदेल शासक परमार्दिदेव के सेनापति आल्हा-उदल की वीरगाथाओं का वर्णन है।

**116. "रानी नागफनी की कहानी" के लेखक है-** (डेयरी फेडरेशन 2016)

(अ) बालकृष्ण शर्मा 'नवीन' (ब) गजानन माधव 'मुक्तिबोध'
(स) शरद जोशी (द) हरिशंकर परसाई

व्याख्या- "रानी नागफनी की कहानी" के लेखक हरिशंकर परसाई हैं।

**117. "समरागणसूत्र" की रचना किसने की?** (डेयरी फेडरेशन 2016)

(अ) कालिदास (ब) राजा भोज
(स) पद्मगुप्त (द) भानुप्रताप

व्याख्या- समरांगणसूत्र की रचना परमार वंश के राजा भोज ने की थी।

**118. मध्यप्रदेश में सर्वाधिक समाचार-पत्र किस स्थान से प्रकाशित होते हैं?** (डेयरी फेडरेशन 2016)

(अ) जबलपुर (ब) ग्वालियर
(स) इंदौर (द) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या- मध्यप्रदेश में सर्वाधिक समाचार पत्र इंदौर से प्रकाशित होते हैं।

**119. अमजद अली खान कौन सा वाद्ययंत्र बजाते हैं?** (डेयरी फेडरेशन 2016)

(अ) वीणा (ब) तबला
(स) सरोद (द) सारंगी

व्याख्या- अमजद अली खान सरोद वादन से संबंधित है ग्वालियर घराने से संबंधित संगीतकार एवं सरोदवादक अमजद अली खान उस्ताद हाफिज अली खाँ के पुत्र हैं।

**120. मालवी मध्य प्रदेश में बोली जाने वाली एक आम भाषा है। इस बोली का मूल है** (महिला स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता 2016)

(अ) महाराष्ट्र (ब) राजस्थान
(स) मध्य प्रदेश की जनजाति (द) छत्तीसगढ़

व्याख्या- मालवी मध्यप्रदेश में बोली जाने वाली एक आम भाषा है, इस बोली का मूल राजस्थान राज्य से है।

**121. सिहोनिया, मुरैना में स्थित एक पवित्र स्थल है जो इस के लिए जाना जाता है।** (महिला स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता 2016)

(अ) जैन तीर्थ स्थल (ब) हिंदू मंदिर
(स) ध्यान केंद्र (द) धार्मिक प्रवचलन केंद्र

व्याख्या-सिहोनिया, मुरैना में स्थित एक पवित्र जैन तीर्थ स्थल है।

110.(अ) 111.(द) 112.(अ) 113.(अ) 114.(अ) 115.(ब) 116.(द) 117.(ब) 118.(स) 119.(स) 120.(ब) 121.(अ)

122. आदिनाथ की अखंड पत्थर की प्रतिमा इस जगह के समीप स्थित है। ( बडवानी महिला 2016 )

(अ) बड़वानी क़स्बा (ब) भगोरिया
(स) चतुर्भुज (द) खांडवा

व्याख्या- आदिनाथ की अखंड पत्थर की प्रतिमा बडवानी जिले में स्थित है। यह 72 फीट ऊँची प्रतिमा है।

123. होशंगाबाद जिले के ऐसे प्रसिद्ध व्यक्ति का नाम बताइये, जिन्होंने हिन्दी साहित्य में योगदान कर, 1955 में पहला साहित्य अकादमी पुरस्कार जीता। ( महिला स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता 2016 )

(अ) माखनलाल चतुर्वेदी (ब) महादेवी वर्मा
(स) रघुवीर सहाय (द) विश्णु प्रभाकर

व्याख्या- होशंगाबाद जिले के माखनलल चतुर्वेदी ने हिन्दी साहित्य का 1955 में साहित्य अंकादमी पुरस्कार जीता था।

124. खण्डवा में जन्में प्रसिद्ध पुरुष जो हिन्दी पार्श्वगायक, गीतकार, संगीतकार, अभिनेता, और वीणावादक थे। ( महिला स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता 2016 )

(अ) किशोर कुमार (ब) सलीम खान
(स) दीपक चौसाला (द) वर्षा वर्मा

व्याख्या- खण्डवा में जन्में प्रसिद्ध पुरुष किशोर कुमार हिन्दी पार्श्वगायक, गीतकार, संगीतकार, अभिनेता और वीणावादक थे।

125. भीमबेटका की गुफाएं और आश्रय .... साइट रहे हैं। ( महिला स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता 2016 )

(अ) धार्मिक (ब) यूनेस्को की विश्व धरोहर
(स) यूनीसेफ की विश्व धरोहर (द) वास्तु मध्यकालीन

व्याख्या- भीमबेटका की गुफाएँ और आश्रय यूनेस्को की विश्व धरोहर में 2003 में शामिल किए गए।

126. जरी ( पैटर्न ) का काम किस क्षेत्र की विशेषता है? ( महिला स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता 2016 )

(अ) ग्वालियर (ब) उज्जैन
(स) टीकमगढ़ (द) चित्रकूट

व्याख्या- जरी (पैटर्न) का काम ग्वालियर क्षेत्र की विशेषता है।

127. चतुर्भुज मंदिर के मुख्य देवता हैं ( महिला स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता 2016 )

(अ) भगवान शिव (ब) भगवान विष्णु
(स) भगवान राम (द) भगवान चतुर्वेदी

व्याख्या- चतुर्भुज मंदिर के मुख्य देवता भगवान विष्णु है। यह मन्दिर खजुराहों में स्थित है।

128. मध्य प्रदेश में जोड़ी मिलन और होली के त्योहार को ........ कहा जाता है। ( महिला स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता 2016 )

(अ) देओकोथर (ब) भगोरिया
(स) फाग (द) लोकरंग

व्याख्या- मध्यप्रदेश में जोडी मिलन और होली के त्योहार को भगोरिया कहा जाता है। यह त्योहार भील जनजाति द्वारा मनाया जाता है।

129. तानसेन संगीत समारोह ..... का एक सार्वजनिक संगीत उत्सव है। ( महिला स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता 2016 )

(अ) इंदौर (ब) भोपाल
(स) उज्जैन (द) ग्वालियर

व्याख्या- तानसेन संगीत समारोह ग्वालियर का एक सार्वजनिक संगीत उत्सव है।

130. उज्जैन का एक प्रसिद्ध हिन्दू त्योहार है ( महिला स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता 2016 )

(अ) भगोरिया (ब) लोटा और फाग
(स) कुम्भ मेला (द) जोड़ी मिलन और होली

व्याख्या- उज्जैन का एक प्रसिद्ध हिन्दू त्यौहार कुम्भ मेला है। 2016 में कुम्भ का आयोजन उज्जैन में हुआ।

131. मध्यप्रदेश के प्रसिद्ध सितार वादक का नाम बताइये। ( महिला स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता 2016 )

(अ) पं. निखिल बनर्जी (ब) पं. रविशंकर
(स) अनुपमा देवी (द) उस्ताद शाही परवेज खान

व्याख्या- मध्यप्रदेश के सितार वादक पंडित रविशंकर हैं।

132. सांची पहाड़ी की चोटी पर असली पुरातत्व संग्रहालय की स्थापना किसने की थी? ( महिला स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता 2016 )

(अ) चार्ल्स कोरिया (ब) सर जॉन मार्शल
(स) मार्शल डूरंड (द) सर थॉमस रो

व्याख्या- सांची पहाड़ी की चोटी पर असली पुरातत्व संग्रहालय की स्थापना सर जान मार्शल ने की थी।

133. नाखून पेंटिंग के लिए जाना जाने वाला कलाकार जिसे ए.पी.जे. अब्दुल कलाम द्वारा तीन बार सम्मानित किया गया। ( महिला स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता 2016 )

(अ) सुमित्रा महाजन (ब) वाजिद खान
(स) आदित्य जोशी (द) मीरा कुमार

व्याख्या- नाखून पेंटिग के लिए जाना जाने वाला कलाकार वाजिद खान को ए.पी.जे. अब्दुल कलाम द्वारा तीन बार सम्मानित किया गया।

122.(अ) 123.(अ) 124.(अ) 125.(ब) 126.(अ) 127.(ब) 128.(ब) 129.(द) 130.(स) 131.(ब) 132.(ब) 133.(ब)

**134. कौन-सी सही युग्म नहीं है? ( महिला स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता 2016 )**

(अ) तानसेन–अकबर (ब) कालीदास–मेघदूत
(स) घराना–संगीत (द) उमरिया–वसंत महोत्सव

व्याख्या- उमरिया–बसंत महोत्सव एक गलत युग्म है।

**135. निम्न में से कौन-सा संग्रहालय है जिसमें सोने से रंगा दरबार हॉल है जो कि बहुत आकर्षक है? ( महिला स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता 2016 )**

(अ) महाराजा जीवाजी राव सिंधिया संग्रहालय, ग्वालियर
(ब) पुरातत्व संग्राहलय, खजुराहो
(स) नौगंज में धुबेला राज्य संग्राहलय
(द) भारत भवन

व्याख्या- 'महाराजा जीवाजी राव सिंधिया संग्रहालय ग्वालियर में सोने से रंगा दरबार हाल है। जो कि बहुत ही आकर्षक है।

**136. भगोरिया एक ( महिला स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता 2016 )**

(अ) बसंत त्योहार है
(ब) ग्वालियर के भीतरी भाग की एक
(स) चंदेल शासकों के कला का एक प्रकार है
(द) मार्गी में स्थित गुफा मंदिर है

व्याख्या- भगोरिया एक बसंत त्यौहार है, जो कि होली के समय भील जनजाति द्वारा हर्ष उल्लास से मनाया जाता है।

**137. भारत में 12 ज्योर्तिलिंग हैं। उनमें से दो मध्य प्रदेश में कहाँ स्थित हैं? ( महिला स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता 2016 )**

(अ) भोपाल और इंदौर (ब) उज्जैन और होशंगाबाद
(स) ओंकारेश्वर और इंदौर (द) उज्जैन और ओंकारेश्वर

व्याख्या- भारत के 12 ज्योर्तिलिंग में से दो मध्यप्रदेश के उज्जैन व ओंकारेश्वर में स्थित है।

**138. सुंदर महल प्रतीक है ( महिला स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता 2016 )**

(अ) राजकुमार धुरभजन और उनकी प्रेमिका के प्रेम का
(ब) हिंदुओं और मुसलमानों के बीच एकता का
(स) कलिंग पर अशोक की जीत का
(द) बुंदेलखंड शासकों के ग्रीष्मकालीन राजधानी का

व्याख्या- सुन्दर महल राजकुमार धुरभजन और उनकी प्रेमिका के प्रेम का प्रतीक है।

**139. प्रसिद्ध गायक तानसेन कहाँ से थे? ( महिला स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता 2016 )**

(अ) ग्वालियर (ब) भोपाल
(स) उज्जैन (द) इंदौर

व्याख्या- तानसेन ग्वालियर से थे। इसके बचपन का नाम रामतनु पांडे था। इनकी समाधि ग्वालियर में स्थित है।

**140. भारत में केवल ....... संग्रहालय है जो की रॉक आश्रयों को चित्रित करता है ( महिला स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता 2016 )**

(अ) मानव (ब) विदिशा
(स) सोन (द) ग्वालियर

व्याख्या- भारत में केवल मानव संग्रहालय भोपाल में है, जो की राक आश्रयों को चित्रित करता है। इसका नाम इन्दिरा गांधी मानव संग्रहालय है।

**141. मांडू के पास गुफाएं जो की अजंता गुफाओं के प्रतिकृति का प्रतिनिधित्व करती है वो है ( महिला स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता 2016 )**

(अ) अंबा गुफाएं (ब) मांडू गुफाएं
(स) बाघ गुफाएं (द) मंडला गुफाएं

व्याख्या- मांडू के पास गुफाएँ जो की अजंता गुफाओं का प्रतिनिधित्व करती है, वो बाघ की गुफाएँ है। ये गुफाए गुप्त कालीन है।

**142. ग्वालियर में पैदा हुए प्रसिद्ध सरोद वादक थे ( महिला स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता 2016 )**

(अ) पंडित रवि शंकर (ब) अमजद अली खान
(स) पंडित जसराज (द) रविशंकर शुक्ला

व्याख्या- ग्वालियर में पैदा हुए प्रसिद्ध सरोद वादक अमजद अली खान थे।

**143. प्राचीन संगीत काल का विद्वान हमेशा से किसे कहा जाता हैं? ( महिला स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता 2016 )**

(अ) तानसेन (ब) मीरा बाई
(स) तुलसीदास (द) संत कबीर

व्याख्या- प्राचीन संगीत कला का विद्वान हमेशा से तानसेन को कहा जाता है। तानसेन के बचपन का नाम रामतनु पाण्डे था।

**144. दि ताज-उल-मस्जिद ...... कला की उत्कृष्ट कृति है। ( महिला स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता 2016 )**

(अ) तुर्की (ब) मुगल
(स) मैसेडोनिया (द) यूनानी

व्याख्या- भोपाल स्थित दि ताज-उल-मस्जिद मुगल कला की उत्कृष्ट कृति है।

**145. मध्य प्रदेश में कौन-सा संग्रहालय यूरोपीय चित्रों को आश्रत देता है? ( महिला स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता 2016 )**

(अ) भारत भवन
(ब) एच.एच.महाराजा जीवाजी राव सिंधिया संग्राहलय
(स) भारत भवन
(द) केंद्रीय संग्राहलय, इंदौर

व्याख्या- केन्द्रीय संग्रहालय इन्दौर यूरोपिय चित्रों को आश्रय देता है।

**146. भारत में मानव जीवन का शीघ्रातिशीघ्र अनुरेखण ......... में प्रदर्शित किया है। ( महिला स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता 2016 )**

134.(द) 135.(अ) 136.(अ) 137.(द) 138.(अ) 139.(अ) 140.(अ) 141.(स) 142.(ब) 143.(अ) 144.(ब) 145.(द)

(अ) भीमबेटका की गुफाओं (ब) खजुराहो के मंदिरों
(स) ग्वालियर का किला (द) रीवा महाराजा के किले

व्याख्या- भारत में मानव जीवन का शीघ्रातिशीघ्र अनुरेखण भीमबेटका की गुफाओं में प्रदर्शित किया है।

**147. खजुराहो के मंदिरों के सबसे प्रभावशाली और सबसे बड़ा समूह है-** **( महिला स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता 2016 )**

(अ) उत्तरी समूह (ब) दक्षिणी समूह
(स) पश्चिमी समूह (द) पूर्वी समूह

व्याख्या- खजुराहों के मंदिरों के सबसे प्रभावशाली और सबसे बड़ा समूह पश्चिमी समूह है।

**148. कौन-सा किला "भारत में किलों के बीच मोती" के रूप में जाना जाता है?** **( महिला स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता 2016 )**

(अ) इंदौर किला (ब) ग्वालियर का किला
(स) महाराजा के किला (द) राणा सांगा किला

व्याख्या- ग्वालियर का किला "भारत में किलो के बीच मोती" के रुप में जाना जाता है। इसका निर्माण सूरजसेन ने करवाया।

**149. चित्र को पहचानें और सही उत्तर चुनें। यह है ....।** **( महिला स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता 2016 )**



(अ) उज्जैन में शिव मंदिर (ब) भोजपुर में शिव मंदिर
(स) खजुराहो में जैन मंदिर (द) भीमबेटका में रॉक कट मंदिर

व्याख्या- उक्त चित्र भोजपुर में शिव मंदिर का है।

**150. कुंभ मेला ........ में एक बार मनाया जाता है।** **( महिला स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता 2016 )**

(अ) 14 साल (ब) 12 साल
(स) 10 साल (द) 3 साल

व्याख्या- कुम्भ मेला 12 साल में एक बार मनाया जाता है। कुम्भ मेला भारत में चार स्थानों उज्जैन, हरिद्वार, नासिक, इलाहाबाद (प्रयाग) में लगता है।

**151. सही जोड़ी चुने :** **( महिला स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता 2016 )**

(अ) उदयगिरि गुफाओ – भोजपुर
(ब) भर्तृहरि गुफाओं – विदिशा
(स) पांडव गुफाओं – पचमढ़ी
(द) भीमबेटका की गुफाएं – उज्जैन

व्याख्या- पांडव गुफा पंचमढ़ी जिले में स्थित है।
उदयगिरी की गुफा विदिशा जिले में स्थित है।
भीमबैटका गुफा रायसेन जिले में स्थित है।
भृतहरि गुफा उज्जैन जिले में स्थित है।

**152. बदरूद्दीन जमालुद्दीन काजी, प्रसिद्ध फिल्म हास्य अभिनेता और अधिक लोकप्रिय ... के नाम से जाना जाता था।** **( महिला स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता 2016 )**

(अ) देवेन वर्मा (ब) केष्टो मुखर्जी
(स) जॉनी लीवर (द) जॉनी वाकर

व्याख्या- बदरुद्दीन जमालुद्दीन काजी, प्रसिद्ध फिल्म हास्य अभिनेता और अधिक लोकप्रिय जॉनी वाकर के नाम से जाना जाता था।

**153. भारत में सबसे बड़ा किला है ...... ।** **( महिला स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता 2016 )**

(अ) लाल किला (ब) जामा मस्जिद
(स) ग्वालियर का किला (द) रीवा के महाराजा का किला

व्याख्या- भारत में ग्वालियर का किला सबसे बड़ा किला है।

**154. देओरकथा अपने ..... के लिए लोकप्रिय है।** **( महिला स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता 2016 )**

(अ) गुफाओं (ब) जैन मंदिरों
(स) बौद्ध स्तूप (द) जीवाश्म पार्क

व्याख्या- देओर कथा अपने बौद्ध स्तूप के लिए लोकप्रिय है।

**155. चतुर्भुजनाथ मंदिर ........ में स्थित है।** **( महिला स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता 2016 )**

(अ) राजगढ़ (ब) उज्जैन
(स) भोपाल (द) रायसेन

व्याख्या- चतुर्भुजनाथ मंदिर राजगढ़में स्थित है।

**156. खजुराहो के मंदिरों का निर्माण हुआ है ....... से।**

(अ) संगमरमर (ब) नवपाषाण पत्थर
(स) ग्रेनाइट (द) बलुआ पत्थर

व्याख्या- खजुराहों के मंदिरों का निर्माण बलुआ पत्थर से हुआ है।

**157. खजुराहो इसकी ........ के लिए प्रसिद्ध है।** **( महिला स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता 2016 )**

(अ) मुगल वास्तुकला (ब) मराठा वास्तुकला
(स) नगरी वास्तुकला (द) मथुरा वास्तुकला

व्याख्या- खजुराहों नगरी वास्तुकला के लिए विश्व प्रसिद्ध है। यह छतरपुर जिले में स्थित है। खजुराहो यूनेस्को में 1986 में सम्मिलित हुआ।

146.(अ) 147.(स) 148.(ब) 149.(ब) 150.(ब) 151.(स) 152.(द) 153.(स) 154.(स) 155.(अ) 156.(द) 157.(स)

**158. पौराणिक कथाओं में कहा जाता है भिण्ड पर शासन किया था .... ने। ( महिला स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता 2016 )**

(अ) राजा भरत (ब) राजा शिशुपाल
(स) राजा बलराम (द) राजा राम

व्याख्या- पौराणिक कथाओं के अनुसार भिण्ड पर शासन राजा शिशुपाल ने किया था।

**159. इन स्थानों चौसठ योगिनी, मतंगेश्वर, लाल्गुन महादेव, और वराह में समानता क्या है? ( महिला स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता 2016 )**

(अ) सभी गुफाएं भीमबेटका के पास हैं
(ब) सभी उज्जैन में मंदिर हैं
(स) सभी उज्जैन के पास जैन मंदिर हैं
(द) सभी खजुराहो के मंदिर हैं

व्याख्या- चौसठ यौगिनी, मतंगेश्वर, लाल्गुन महादेव और वराह ये सभी खजुराहो के मन्दिर है।

**160. निम्न में से भीमबेटका गुफाएं जो अद्‌भुत चित्रों को आश्रय देती हैं, किस युग की हैं? ( महिला स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता 2016 )**

(अ) नवपाषाण काल (ब) पाषाण काल
(स) हिमयुग (द) पुराषाण काल

व्याख्या- भीमबेटका की गुफाएँ जो अद्‌भुत चित्रों को आश्रय देती है, नवपाषाण काल की है।

**161. ओरछा के चतुर्भुज मंदिर में कौन से मुख्य देवता है? ( महिला स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता 2016 )**

(अ) विष्णु (ब) शिव
(स) पार्वती (द) लक्ष्मी

व्याख्या- चतुर्भुज मंदिर के मुख्य देवता विष्णु है।

**162. चतुर्भुज नाथ नंदिर ........ अभ्यारण्य के पास स्थित है। ( महिला स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता 2016 )**

(अ) गांधी सागर (ब) करेरा
(स) केन घड़ियाल (द) शिवपुरी

व्याख्या- चतुर्भुज नाथ मंदिर गांधी सागर अभ्यारण्य के पास मंदसौर में स्थित है।

**163. यूनेस्को के अनुसार विरासत स्थलों में से एक है ......। ( महिला स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता 2016 )**

(अ) उज्जैन में महांकाल मंदिर (ब) मांडू में जहाज महल
(स) खजुराहो स्मारक (द) भोजपुर

व्याख्या- यूनेस्को के अनुसार विरासत स्थलों में से खजुराहो स्मारक एक है। इसे विश्व विरासत की सूची में 1986 में शामिल किया गया था। यह छतरपुर जिले में स्थित है।

**164. संग्रहालय जो की रीवा के महाराजा की निजी चीजे बरकरार रखता है, वो है ......। ( महिला स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता 2016 )**

(अ) इंदौर में इंदौर संग्रहालय (ब) भोपाल में क्षिप्रा संग्रहालय
(स) बांधवगढ़में बघेर संग्रहालय
(द) उज्जैन में सतपुड़ा संग्रहालय

व्याख्या- संग्रहालय जो की रीवा के महाराजा की निजी चीजे बरकार रखता है, वो बांधवगढ़ में बघेर संग्रहालय है।

**165. देश का पहला रामायण कला संग्रहालय कहाँ स्थापित किया गया था- ( जैल प्रहरी परीक्षा 2015 )**

(अ) बिलासपुर, मध्यप्रदेश (ब) इन्दौर, मध्यप्रदेश
(स) दमोह, मध्यप्रदेश (द) ओरछा, मध्यप्रदेश

व्याख्या- देश का पहला रामायण कला संग्रहालय ओरछा (मध्यप्रदेश) में स्थापित किया गया है।

**166. इकबाल सम्मान किसके लिए दिया जाता है- ( जैल प्रहरी परीक्षा 2015 )**

(अ) हिन्दी कविता (ब) उर्दू साहित्य
(स) आलोचना (द) संगीत

व्याख्या- इकबाल सम्मान उर्दू साहित्य के लिए दिया जाता है।

**167. महामृत्युंजय मेला का आयोजन कहाँ किया जाता है- ( जैल प्रहरी परीक्षा 2015 )**

(अ) रीवा (ब) उज्जैन
(स) गुना (द) ग्वालियर

व्याख्या- महामृत्युंजय मेला रीवा में आयोजित किया जाता है।

**168. मध्य प्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र का लोकनृत्य कौन-सा है? ( जैल प्रहरी परीक्षा 2015 )**

(अ) बधाई (ब) गणगौर
(स) मटकी (द) भगोरिआ

व्याख्या- मध्यप्रदेश के बुन्देलखण्ड क्षेत्र का बधाई लोकनृत्य है। मटकी मालवा का लोकनृत्य है।

**169. मध्य प्रदेश का सबसे पुराना उर्दू समाचार पत्र कौन-सा है? ( जैल प्रहरी परीक्षा 2015 )**

(अ) नदीम (ब) अवधनामा
(स) सिआसत (द) सहाफत

व्याख्या- मध्यप्रदेश का सबसे पुराना उर्दू समाचार पत्र नदीम है।

**170. मध्यप्रदेश के किस जिले में रामलीला के मेले का आयोजन किया जाता है ( जैल प्रहरी परीक्षा 2015 )**

(अ) भोपाल (ब) जबलपुर
(स) इंदौर (द) ग्वालियर

158.(ब) 159.(द) 160.(अ) 161.(अ) 162.(अ) 163.(स) 164.(स) 165.(द) 166.(ब) 167.(अ) 168.(अ) 169.(अ) 170.(द)

व्याख्या- मध्यप्रदेश के ग्वालियर जिले में भाण्डेर में रामलीला के मेले का आयोजन किया जाता है। ग्वालियर के किले में तेली का मंदिर है, जो कि दक्षिण (द्रविड़) पद्धति से बना है।

171. जवारा नृत्य सम्बन्धित है- ( चतुर्थ श्रेणी-2015 )
(अ) बघेलघण्ड से (ब) निमाड़ से
(स) मालवा से (द) बुन्देलखण्ड से

जवारा नृत्य मध्यप्रदेश के बुन्देलखंड मे किया जाता है।

172. बसदेवा लोक गायन किस क्षेत्र से सम्बन्धित है? ( चतुर्थ श्रेणी-2014 )
(अ) बघेलखण्ड (ब) बुन्देलखण्ड
(स) बालाघाट (द) निमाड़

व्याख्या- बसदेवा लोक गायन बघेलखंड क्षेत्र में प्रसिद्ध हैं।

173. निम्नलिखित में से किस शहर का प्राचीन नाम 'अवंतिका' था? ( पैरामेडिकल टेस्ट-2014 )
(अ) इन्दौर (ब) देवास
(स) उज्जैन (द) ग्वालियर

व्याख्या- उज्जैन शहर का प्राचीन नाम अवंतिका तथा ग्वालियर का वत्स था।

174. निम्न में से कौन-सा युग्म असत्य है? (MPSI 2014)

| नाम | स्थापना वर्ष |
|---|---|
| (अ) म.प्र. कला परिषद | 1952 |
| (ब) म.प्र. साहित्य परिषद् | 1954 |
| (स) म.प्र. हिन्दी ग्रंथ अकादमी | 1970 |
| (द) म.प्र. उर्दू अकादमी | 1976 |

व्याख्या- म.प्र. हिन्दी ग्रन्थ अकादमी की स्थापना 1969 में हिन्दी में विश्वविद्यालयीन पाठ्य सामग्री व प्रतियोगी परिक्षाओं के लिए पुस्तकों का प्रकाशन करती है।

175. कानड़ा नृत्य मुख्यत: कौन करते हैं? (MPSI 2014)
(अ) धोबी (ब) नाई
(स) बढ़ई (द) जुलाहे

व्याख्या- कानडा नृत्य बुन्देलखण्ड का पारम्परिक लोक नृत्य है जो यहाँ की धोबी जाती द्वारा किसी विशेष शुभ अवसर जन्म, विवाह में किया जाता है, इसमें नृत्य के साथ गायन में भक्तिगीत कृष्ण तथा शिव की लीलाओं का वर्णन होता है।

176. हिन्दुओं के सात प्रमुख तीर्थों या पवित्र स्थलों में से कौन सा तीर्थ मध्य प्रदेश में स्थित है? (Civil Eng Exam 2014)
(अ) अयोध्या (ब) नर्मदा
(स) उज्जैन (द) साँची

व्याख्या- उज्जैन हिन्दुओं का प्रमुख तीर्थ स्थल है जहाँ पर प्रति 12 वर्ष पर कुम्भ का मेला लगता है।

177. 'माण्डू सिटी ऑफ जॉय' के लेखक हैं- ( अन्वेषक परीक्षा-2014 )
(अ) गुलाम यजदानी (ब) जगनिक
(स) महात्मा गाँधी (द) दिलाबर खाँ

व्याख्या- 'माण्डू सिटी ऑफ जॉय' के लेखक गुलाम यजदानी है, तथा आल्हा खंड-जगनिक, मेरे सत्य के प्रयोग' गांधी जी की आत्म कथा है।

178. होशंगाबाद के निकट बान्दराभान में बालू की मूर्ति/स्थापत्य कला को प्रदर्शित किया- ( सहायक ग्रेड-3 परीक्षा-2014 )
(अ) मानस कुमार साहु ने (ब) सुदर्शन पटनयक ने
(स) राघवेन्द्र कुमार हेगड़े ने (द) नितिश कुमार भारती ने

व्याख्या- होशंगाबाद के निकट बान्दरामान में बालू की मूर्ति स्थापत्य कला को प्रदर्शित सुदर्शन पटनायक ने किया।

179. कालीदास समारोह सम्बन्धित है- ( सहायक ग्रेड-3 परीक्षा-2014 )
(अ) दृश्य एवं प्रदर्शनात्मक कलाओं से
(ब) शास्त्रीय संगीत से
(स) लोक नृत्य से
(द) लोक संगीत से

व्याख्या- काली दास समारोह मध्यप्रदेश से कालीदास की स्मृति मे प्रतिवर्ष उज्जैन में आयोजित किया जाता है जो शास्त्रीय संगीत से सम्बन्धित है।

180. सिन्धी अखबार 'फर्ज' कहाँ से प्रकाशित होता है? ( असिस्टेंट सब-इस्पेक्टर-2014 )
(अ) ग्वालियर (ब) भोपाल
(स) सागर (द) उज्जैन

व्याख्या- मं.प्र. राज्य से अनेक अखबार दैनिक मासिक तथा सप्ताह अखबार प्रकाशित होते है जिसमें से एक 'फर्ज' जो सिन्धी अखबार है वह भोपाल से प्रकाशित होता है।

181. मध्यप्रदेश साहित्य परिषद का मुख्यालय कहाँ स्थित है?
(अ) इंदौर (ब) भोपाल
(स) रीवा (द) सागर

व्याख्या- मध्यप्रदेश साहित्य परिषद का मुख्यालय भोपाल में है एवं इसकी स्थापना वर्ष 1954 में की गई थी।

182. नर्मदा उत्सव की शुरुआत कहाँ की गई है।
(अ) अमरकंटक (ब) भेड़ाघाट
(स) होशंगाबाद (द) महेश्वर

व्याख्या- नर्मदा उत्सव की शुरुआत भेड़ाघाट से की गई है जो हर वर्ष 14 फरवरी को मनाया जाता है।

171.(द) 172.(अ) 173.(स) 174.(स) 175.(अ) 176.(स) 177.(अ) 178.(ब) 179.(ब) 180.(ब) 181.(ब) 182.(अ)

**183. निम्नलिखित में से किसे हिंदी साहित्य में उनके योगदान के लिए 1955 में पहली बार साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया है?**

(अ) माखनलाल चतुर्वेदी (ब) महादेवी वर्मा
(स) रघुवीर सहाय (द) विष्णु प्रभाकर

**व्याख्या**– माखनलाल चतुर्वेदी के हिंदी साहित्य में उनके योगदान के लिए 1955 में पहली बार साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

**184. वर्तमान में हिन्दी उत्सव का आयोजन कहाँ किया गया–**

(अ) भोपाल (ब) इन्दौर
(स) जबलपुर (द) ग्वालियर

**व्याख्या**– वर्तमान में हिन्दी उत्सव का आयोजन भोपाल में 10 सितम्बर से 12 सितम्बर, 2015 तक आयोजित किया गया। इस सम्मेलन का मुख्य विषय हिन्दी जगत विस्तार एवं सम्भावनाएँ हैं।

**185. "रसिक प्रिया" के लेखक कौन हैं?**

(अ) केशवदास (ब) पद्माकर
(स) बिहारीलाल (द) इनमें से कोई भी नहीं

**व्याख्या**– "रसिका प्रिया" के लेखक–केशव दास हैं।

**186. पुस्तक 'रंगों की बोली' के लेखक कौन हैं?**

(अ) माखनलाल चतुर्वेदी (ब) भवानी प्रसाद मिश्र
(स) हरिशंकर परसाई (द) शरद जोशी

**व्याख्या**– रंगो की बोली, पुष्प की अभिलाषा, कृष्णार्जुन युद्ध, अमीर इरादे गरीब इरादे, साहित्य देवता आदि रचनाएं माखनलाल चतुर्वेदी द्वारा रचित है।

**187. अनूप राग' किसने लिखा?**

(अ) तानसेन (ब) अलाउद्दीन खां
(स) कुमार गन्धर्व (द) आमिर खां

**व्याख्या**– 'अनूप राग' संगीतकार कुमार गंधर्व ने लिखा था। कुमार गंधर्व को **"संगीत का कबीर"** कहा जाता है जबकि 'दीपक राग' के लिये महान संगीतकार **तानसेन** प्रसिद्ध थे।

**188. पुरास्थल नवदा टोली कहाँ स्थित है?**

(अ) खंडवा (ब) इंदौर
(स) खरगोन (द) भोपाल

**व्याख्या**– पुरास्थल नवदाटोली नर्मदा नदी के किनारे खरगोन जिले में स्थित है।

**189. पुरातत्व स्थल आदमगढ़ किस जिले में स्थित है?**

(अ) भोपाल (ब) इटारसी
(स) होशंगाबाद (द) सिवनी

**व्याख्या**– पुरातत्व स्थल आदमगढ़ होशंगाबाद जिले में नर्मदा नदी के किनारे स्थित है।

**190. निम्न में से म.प्र. के किस कवि को भारत का 'शेक्सपियर' कहा जाता है?**

(अ) माखन लाल चतुर्वेदी (ब) कालिदास
(स) भवभूति (द) भर्तृहरि

**व्याख्या**– संस्कृत के महाकवि कालिदास की जन्मभूमि उज्जैन (म.प्र.) है। कालीदास केवल म.प्र. के नहीं बल्कि पूरे देश के महान कवि हैं। इनको भारत का शेक्सपियर कहा जाता है।

**191. निम्न में कवि पद्माकर किस राजा के दरबार में रहे?**

(अ) जगतसिंह (ब) दौलतराव सिंधिया
(स) प्रतापसिंह (द) सभी

**व्याख्या**– महाकवि पद्माकर एक महान कवि रहे। पद्माकर अनेक राजाओं के दरबारों में रहे। जैसे कि जयपुर के राजा जगतसिंह, ग्वालियर के राजा दौलतराव सिंधिया व प्रतापसिंह (जयपुर)।

**192. किस कवि का उपनाम 'जटाशंकर' था?**

(अ) पद्माकर (ब) भूषण
(स) बाणभट्ट (द) मैथिलीशरण

**व्याख्या**– कवि भूषण का उपनाम 'जटाशंकर' था। इनका जन्म 1630 में हुआ था।

**193. भवभूति की रचना निम्न में से कौनसी है?**

(अ) मालती माधव (ब) उत्तराम चरित
(स) महावीर चरित (द) उपरोक्त सभी

**व्याख्या**– महाकवि भवभूति संस्कृत नाटक के महान नाटककार थे। जिन्होंने तीन नाटक लिखे थे– महावीर चरित, मालती माधव, उत्तराम चरित।

**194. निम्न में से किस रचना द्वारा भवानी प्रसाद मिश्र को विशेष ख्याति प्राप्त हुई?**

(अ) गीत फरोश (ब) चकित है दुख
(स) अँधेरी कविताएँ (द) बुनी हुई रस्सी

**व्याख्या**– गीत फरोश की रचना के पश्चात् भवानी प्रसाद मिश्र को विशेष ख्याति प्राप्त हुई। वैसे तो मिश्र के आठ कविता संग्रह प्रकाशित हुए हैं। परन्तु सर्वाधिक प्रसिद्ध गीत फरोश है।

**195. निम्न में से म.प्र. के लोक कवि घाघ किस मुगल बादशाह के समकालीन थे?**

(अ) बाबर (ब) अकबर
(स) जहाँगीर (द) हुमायूँ

183.(अ) 184.(अ) 185.(अ) 186.(अ) 187.(स) 188.(स) 189.(स) 190.(ब) 191.(द) 192.(ब) 193.(द) 194.(अ) 195.(ब)

व्याख्या- म.प्र. के लोक कवि घाघ अकबर के समकालीन थे। साथ ही घाघ को 'चौधरी' की उपाधि भी अकबर द्वारा दी गई थी।

196. 'मैहर बैंड' का गठन निम्न में से किस संगीतकार ने किया?

(अ) अलाउद्दीन (ब) तानसेन
(स) उस्ताद आमिर खाँ (द) कृष्ण राय

व्याख्या- अलाउद्दीन खान द्वारा मैहर में मैहर बैंड का गठन किया गया। अलाउद्दीन खान उत्कृष्ट सरोदवाहक थे।

197. निम्न में म.प्र. के किस संगीतकार ने फिल्म 'बैजू बावरा' में संगीत दिया था?

(अ) कुमार गंधर्व (ब) शंकर राव
(स) आमिर अली खाँ (द) कोई नहीं

व्याख्या- आमिर अली खाँ म.प्र. के निवासी थे, जिन्होंने 'बैजू बावरा' फिल्म में संगीत दिया था। इसके अलावा झनक-झनक पायल बाजे में भी अपने संगीत दिया था।

198. निम्न में से कोरकू बोली के मुख्य जिले कौनसे हैं?

(अ) छिंदवाड़ा (ब) होशंगाबाद
(स) बैतूल (द) उपरोक्त सभी

व्याख्या- म.प्र. में कोरकू बोली के प्रमुख जिले छिंदवाड़ा, होशंगाबाद, बैतूल, खरगोन आदि हैं।

199. गोंड समतुल्य लछमनजति देतकथा है?

(अ) रामायण (ब) महाभारत
(स) कृष्ण कथा (द) लक्ष्मण कथा

व्याख्या- गोंड समतुल्य लछमनजति देतकथा रामायण से संबंधित है।

200. म.प्र. के किस जिले में दुर्लभ वाद-विनोद समारोह आयोजित किया जाता है?

(अ) ग्वालियर (ब) शिवपुरी
(स) रतलाम (द) भोपाल

व्याख्या- म.प्र. की राजधानी भोपाल में वाद-विनोद समारोह आयोजित किया जाता है। इसमें प्राचीन से लेकर वर्तमान तक के वाद्ययंत्रों का आयोजन होता है।

201. रश्मिरेखा नामक पुस्तक का लेखक कौन था?

(MPPSC Pre 2017)

(अ) गजानन माधव 'मुक्तिबोध' (ब) हरिशंकर परसाई
(स) बालकृष्ण शर्मा नवीन (द) भवानी प्रसाद मिश्र

व्याख्या- रश्मिरेखा पुस्तक के लेखक बालकृष्ण शर्मा नवीन थे। इनका जन्म म.प्र. के शाजापुर जिले में हुआ था। इनकी महत्वपूर्ण रचनाएँ- उर्मिला, प्राणर्पण, कुमकुम, क्वासि।

202. महेश्वर किस नदी के किनारे पर स्थित एक सुंदर शहर है?

(B.Ed/M.Ed/MP.Ed-(Two years) and B.Ed M-Ed - 2017)

(अ) गंगा (ब) नर्मदा
(स) ताप्ती (द) माही

व्याख्या- नर्मदा नदी के किनारे महेश्वर नामक एक प्रसिद्ध शहर बसा हुआ है। यह शहर अपनी महेश्वर साड़ियों हेतु प्रसिद्ध है। रामायण काल में इसको महिष्मति के नाम से जाना जाता था।

203. म.प्र. में सबसे कम मेले किस जिले में आयोजित होते हैं?

(Labour Inspector Recruitment Test 2017)

(अ) खंडवा (ब) होशंगाबाद
(स) राजगढ़ (द) इंदौर

व्याख्या- म.प्र. के होशंगाबाद जिले में सबसे कम मेले आयोजित होते हैं जबकि सबसे ज्यादा मेलों का आयोजिन इंदौर में किया जाता है।

204. भारतीय शास्त्रीय संगीत का ........ पराना आमिर खान द्वारा स्थापित किया गया था?

(Labour Inspector Recruitment Test-2017)

(अ) आगरा (ब) इंदौर
(स) किराना (द) पटियाला

व्याख्या- भारतीय शास्त्रीय संगीत का इंदौर घराना आमिर खान द्वारा स्थापित किया गया था। उनका जन्म 15 अगस्त 1912 को हुआ था। इन्हें ख्याल गायन का अजीम-ओ-शान शहंशाह माना जाता है।

205. हिंगोट युद्ध किस त्योहार के बाद खेला जाता है।

(अ) दीपावली (ब) होली
(स) नवरात्री (द) रक्षाबंधन

व्याख्या- हिंगोट युद्ध म.प्र. के इन्दौर के आसपास के क्षेत्रों में दीपावली के बाद खेले जाने वाला पारंपरिक युद्ध है।

206. 'गोलकी मठ' निम्नलिखित में से किस एक का दूसरा नाम था?

(Block Development officer-2016)

(अ) कंदरिया महादेव मंदिर (ब) चौसठ योगिनी मंदिर
(स) रामराजा मंदिर (द) त्रिपुर संदरी मंदिर

व्याख्या- चौसठ योगिनी मंदिर जबलपुर में स्थित एक प्रसिद्ध पर्यटन स्थल है। जिसका एक नाम 'गोलकी मठ' भी है। इस मंदिर की विशेषता इसके बीच में स्थापित भगरान शिव की प्रतिमा है।

207. डोल ग्यारस (निमाड़ अंचल में मनाया जाने वाला पर्व) किस देवता की पूजा से संबंधित है?

(Dairy Federation Recruitment Exam 2016)

(अ) भगवान राम (स) भगवान कृष्ण
(ब) भगवान शिव (द) भगवान पशुपतिनाथ

196.(अ) 197.(स) 198.(द) 199.(अ) 200.(द) 201.(स) 202.(ब) 203.(ब) 204.(ब) 205.(अ) 206.(ब) 207.(ब)

व्याख्या- डोल ग्यारस भगवान कृष्ण की पूजा से संबंधित है। इस दिन भगवान विष्णु करवट बदलते हैं। इसलिए इसे परिवर्तनी एकादशी भी कहते हैं।

**208. बलमा नृत्य किस जनजाति द्वारा किया जाता है?**
**( Dairy Fedration Recruitment Exam 2016 )**

(अ) बैगा (ब) भील
(स) गोंड (द) कँवर

व्याख्या- बलमा नृत्य बैगा जनजाति द्वारा किया जाता है। इसमें एक ग्राम के युवक अलग-अलग समूह में दूसरे ग्राम में नृत्य करने के लिए जाते हैं।

**209. म.प्र. में पुरुषों के लिए पारंपरिक पोशाक है?**
**( ANM Training Selection Test 2016 )**

(अ) पजामा और कुर्ता (ब) धोती
(स) पगड़ी के साथ पजामा
(द) पजामा के साथ काला वेस्टकोट

व्याख्या- म.प्र. में पुरुषों के लिए पारंपरिक पोशाक धोती है।

**210. आठखंभा और बज्रमठ मंदिर ...... में स्थित है?**
**( पुलिस आरक्षक-2016 )**

(अ) ग्यारसपुर (ब) खजुराहो
(स) हत्था (द) रानेह

व्याख्या- म.प्र. के ग्यारसपुर में आठखंभा और बज्रमठ मंदिर स्थित है। आठखंभा मंदिर आठ खंभों का समूह का अवशेष है। जबकि बज्रमठ मंदिर में एक ही पंक्ति में तीन मूर्तियाँ स्थापित की गई हैं।

**211. भोजेश्वर ( शिव ) मंदिर .......... में है। ( पुलिस आरक्षक-2016 )**

(अ) भोपाल (ब) जबलपुर
(स) अनूपपुर (द) भोजपुर

व्याख्या- भोजेश्वर (शिव) मंदिर भोजपुर में स्थित है। इस शिव मंदिर का निर्माण परमार वंश के प्रसिद्ध राजा भोज (1010 ई. - 1055 ई.) द्वारा किया गया था।

**212. उस्ताद अल्लाउद्दीन खान संगीत एवं कला अकादमी मध्य प्रदेश में कहां स्थित है ?** **Group-2 2018**

(अ) ग्वालियर (ब) होशंगाबाद
(स) भोपाल (द) इंदौर

व्याख्या- इसको ध्रुपद केन्द्र भी कहा जाता है। इसकी स्थापना 1981 में करायी गयी थी। यह भोपाल में स्थित है।

**213. मध्यप्रदेश के एक प्रसिद्ध कलाकार अमजद अली खान, निम्नलिखित में से किस वाद्य यंत्र से जुड़े हुए हैं? Group-2 2018**

(अ) सितार (ब) तबला
(स) बाँसुरी (द) सरोद

व्याख्या- प्रसिद्ध कलाकार अमजद अली खान, सरोद वाद्ययंत्र से जुड़े हुए हैं।

**214. मध्य प्रदेश सरकार ने ........... में 'रामायण सर्किट' को विकसित करने का प्रस्ताव दिया है।** **पुलिस आरक्षक 2017**

(अ) सांची (ब) चित्रकूट
(स) खजुराहो (द) ओरछा

व्याख्या- चित्रकूट को राम की भूमि के रूप में माना जाता है। मुख्यमंत्री द्वारा चित्रकूट को रामायण सर्किट के अंतर्गत घोषित किया गया है। इस कार्यक्रम में करोड़ों रूपये खर्च करके राज्य सरकार द्वारा पर्यावरण तथा पर्यटन को बढ़ावा दिया जा रहा है।

**215. धार के भोजशाला मंदिर की देवी की छवि अब ...... के एक संग्रहालय में प्रदर्शित की गई है।** **MPSI 2017**

(अ) लंदन (ब) न्यूयॉर्क
(स) बर्लिन (द) मैनचेस्टर

व्याख्या- धार के भोजशाला मंदिर की देवी की छवि अब लंदन के एक संग्रहालय में प्रदर्शित की गई है।

**216. किस जिले में जनवरी- फरवरी के महीने में रामलीला मेला का आयोजन किया जाता है?** **MPSI 2017**

(अ) इंदौर (ब) ग्वालियर
(स) रतलाम (द) दतिया

व्याख्या- ग्वालियर जिले मे जनवरी- फरवरी के महीने में रामलीला मेल का आयोजन किया जाता है। ग्वालियर जिले में स्थित मानमंदिर महल, मानसिंह तोमर द्वारा बनवाया गया था। (1486-1517)

**217. दमोह जिले में कुंडलपुर तीर्थयात्रा केंद्र किस विशेष धार्मिक संप्रदाय के लिए है?** **पटवारी परीक्षा 2017**

(अ) जैन (ब) हिंदु
(स) बौद्धों (द) पारसियों

व्याख्या- कुण्डलपुर तीर्थ जैन सम्प्रदाय का धार्मिक स्थल है। यह दमोह का प्रसिद्ध स्थल है। यहाँ पर श्रीधर केवती को मोक्ष प्राप्त हुआ था। इस तीर्थस्थल पर ऋषभदेव की विशाल प्रतिमा स्थापित है।

**218. निम्नलिखित में से कौन-सा भारतीय शहर, भगवान पशुपतिनाथ के शहर के रूप में प्रसिद्ध है?** **पटवारी परीक्षा 2017**

(अ) भोपाल (ब) मंदसौर
(स) सीधी (द) दतिया

व्याख्या- मंदसौर में भगवान पशुपतिनाथ का प्रसिद्ध मंदिर है। यहाँ पर पशुपतिनाथ की विशाल प्रतिमा है जो कि भगवान शिव के अवतार माने जाते हैं।

208.(अ) 209.(ब) 210.(अ) 211.(द) 212.(स) 213.(द) 214.(ब) 215.(अ) 216.(ब) 217.(अ) 218.(ब)

219. मध्य प्रदेश के किस शहर में मशहूर गायक कुमार गंधर्व संबंधित है ?
पटवारी परीक्षा 2017

(अ) उज्जैन (ब) सागर
(स) देवास (द) धार

व्याख्या- म.प्र. के मशहूर गायक कुमार गंधर्व देवास के रहने वाले हैं। यहाँ माता की टेकरी पर दुर्गा माँ का प्रसिद्ध मंदिर है।

220. नीमच में जावद और मनास ...... के लिए प्रसिद्ध हैं।
पटवारी परीक्षा 2017

(अ) चट्टान चित्रकारी (ब) उद्योग
(स) उद्यान (द) बाग

व्याख्या- नीमच में जावद और मनासा चट्टान चित्रकारी के लिए प्रसिद्ध है। नीमच के किलेश्वर महादेव, सुखानंद महादेव जावद, और केदारेश्वर महादेव मंदिर प्रसिद्ध है।

221. निम्नलिखित घरानों में से कौन मध्यप्रदेश से संबधित नहीं है?
पटवारी परीक्षा 2017

(अ) मैहर (ब) ग्वालियर
(स) किराना (द) सेनिया

व्याख्या- किराना घराना मध्यप्रदेश से संबंधित नहीं है। यह गुजरात में है।

222. बैतूल में प्रत्येक वर्ष 'भूत मेला' कहाँ आयोजित किया जाता है ?
पटवारी परीक्षा 2017

(अ) रामपुर (ब) मलाजपुर
(स) बैतूल बाजार (द) सिमोरी

व्याख्या- बैतूल में प्रतिवर्ष "भूत मेला" बैतूल से 42 किमी. दूर मलाजपुर में आयोजित किया जाता है। इस मेले का आयोजन 200 वर्षों से किया जा रहा है।

223. भिंड जिले में पृथ्वीराज चौहान के द्वारा निर्मित मंदिर का नाम क्या है ?
पटवारी परीक्षा 2017

(अ) वनखंडेश्वर मंदिर (ब) माता रेणुका मंदिर
(स) नारद देव मंदिर (द) नीलकंठेश्वर मंदिर

व्याख्या- पृथ्वीराज चौहान ने भिण्ड जिले में वनखंडेश्वर मंदिर बनवाया था। यह मंदिर भगवान शिव को समर्पित है। इसका निर्माण 1175 ई. में करवाया गया था। यहाँ वर्ष 1175 से अखण्ड ज्योति जल रही है।

224. भगवान बुद्ध के शिष्यों, सारिपुत्र और महा मोगत्लयान के अवशेष कहाँ रखे गये हैं?
पटवारी परीक्षा 2017

(अ) साँची (ब) अंधेर
(स) सतधारा (द) राँची

व्याख्या- साँची में भगवान बुद्ध के शिष्यों, सारिपुत्र और महामोगलयान के अवशेष रखे गये हैं। पहले ये दोनों संजय नाम के श्रवण के अनुयायी बने और बाद में दोनों बुद्ध के दो प्रमुख छात्र थे।

225. भारतीय पर्यटन और यात्रा प्रबंधन संस्थान का मुख्यालय ............. में हैं।
पटवारी परीक्षा 2017

(अ) नेल्लोर (ब) भोपाल
(स) ग्वालियर (द) गोवा


व्याख्या- भारतीय पर्यटन और यात्रा प्रबंधन (आई. आई. टी. टी. एम) एक संस्थान है जो ग्वालियर (मध्यप्रदेश के साथ भारत के भुवनेश्वर नोएडा, नेल्लोर और गोवा आदि) में स्थित है। इसे 1983 में स्थापित किया गया था।

226. बेतवा त्यौहार ( समारोह ) ........ में आयोजित किया जाता है।
मध्यप्रदेश पशुपालन 2017

(अ) भेड़ाघाट (ब) शिवपुरी
(स) विदिशा (द) राजगढ़

व्याख्या- बेतवा त्यौहार (समारोह) विदिशा में आयोजित किया जाता है। यह त्यौहार 5 दिवसीय होता है।

219.(स) 220.(अ) 221.(स) 222.(ब) 223.(अ) 224.(अ) 225.(स) 226.(स)




# अध्याय– 20

# मध्यप्रदेश में कलाओं का विकास

1. **कालिदास सम्मान की स्थापना किस वर्ष में हुई–**

(अ) 1980 (ब) 1981

(स) 1982 (द) 1983।

**व्याख्या–** इस पुरस्कार की स्थापना सन् 1980 में कला के क्षेत्र में सृजनात्मक श्रेष्ठता को प्रोत्साहन देने की दृष्टि से की गई थी।

2. **तानसेन सम्मान की स्थापना कब हुई–**

(अ) 1976 (ब) 1977

(स) 1978 (द) 1980

**व्याख्या–** तानसेन सम्मान की स्थापना 1980 में की गई।

3. **तानसेन सम्मान किस क्षेत्र में दिया जाता है–**

(अ) रूपंकर (ब) रंगकर्म

(स) शास्त्रीय संगीत (द) युवा शास्त्रीय।

**व्याख्या–** तानसेन सम्मान शास्त्रीय संगीत के क्षेत्र में दिया जाता है। इस सम्मान में 2 लाख रुपए नकद राशि दी जाती है।

4. **प्रदेश सरकार द्वारा सुगम संगीत के लिए दिए जाने वाले लता मंगेशकर पुरस्कार की स्थापना कब की गई–**

(अ) 1982 (ब) 1984

(स) 1986 (द) 1988

**व्याख्या–** नवम्बर 1984 से मध्यप्रदेश शासन द्वारा सुगम संगीत के लिए लता मंगेशकर पुरस्कार दिया जाता है। इस सम्मान में भी 2 लाख रुपये दिया जाता है।

5. **सरकार द्वारा भारतीय कविता के लिए 3 लाख रु. का कौन सा सम्मान दिया जाता है–**

(अ) इकबाल (ब) कालिदास

(स) कबीर (द) तानसेन।

**व्याख्या–** म.प्र. सरकार द्वारा कविता के क्षेत्र में दिया जाने वाला कबीर सम्मान है। प्रारम्भ में 1 लाख रु. की राशि दी जाती थी किन्तु वर्तमान में 3 लाख रु. दिये जाते हैं।

6. **मध्यप्रदेश शासन साहित्य परिषद् पुरस्कार कौन-से हैं–**

(अ) कबीर सम्मान (ब) इकबाल सम्मान

(स) मैथलीशरण गुप्त सम्मान (द) उपर्युक्त सभी।

1.(अ) 2.(द) 3.(स) 4.(ब) 5.(स) 6.(द)

व्याख्या- मध्यप्रदेश शासन साहित्य परिषद पुरस्कार कबीर सम्मान, इकबाल सम्मान एवं मैथिलीशरण गुप्त सम्मान तीनों है।

7. मध्यप्रदेश उत्सव का आयोजन कहाँ होता है-

(अ) भोपाल (ब) ग्वालियर
(स) दिल्ली. (द) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

व्याख्या- यह उत्सव दिल्ली में आयोजित होता है जिसमें प्रदेश की संस्कृति विकास तथा लोक परम्पराओं की झाँकी प्रदर्शित की जाती है।

8. मध्यप्रदेश में स्थित भारत भवन किससे सम्बन्धित है-

(अ) ललित कला (ब) प्रदर्शनकारी कला
(स) साहित्य (द) उपर्युक्त सभी।

व्याख्या- भोपाल स्थित भारत भवन का उद्‌घाटन 13 फरवरी 1982 को किया गया था। यह ललित और प्रदर्शनकारी कलाओं तथा साहित्य का समागम स्थल है।

9. मध्यप्रदेश के भोपाल नगर में स्थित रवीन्द्र भवन क्या है-

(अ) विशाल संग्रहालय (ब) विशाल भवन
(स) विशाल सभागार (द) इनमें से कोई नहीं।

व्याख्या- मध्यप्रदेश के भोपाल में स्थित रवीन्द्र भवन एक विशाल सभागार है।

10. मध्यप्रदेश कला परिषद् की स्थापना 6 जून 1952 को कहाँ की गई-

(अ) भोपाल (ब) इन्दौर (स) उज्जैन (द) सागर।

व्याख्या- मध्यप्रदेश कला परिषद की स्थापना 1952 को भोपाल में की गई जिसका कार्य शास्त्रीय संगीत, नाटक, रूपांकर, शास्त्रीय नृत्य, रंगकर्म को संरक्षण प्रदान करना एवं उनके उन्नयन हेतु प्रयास करना है।

11. खजुराहो नृत्य समारोह किस वर्ष प्रारम्भ किया गया है-

(अ) 1974 (ब) 1975 (स) 1976 (द) 1977

व्याख्या- खजुराहो नृत्य समारोह सन् 1976 में प्रारम्भ किया गया था। इस समारोह का मुख्य उद्देश्य देशी व विदेशी पर्यटकों को अत्यधिक संख्या में आकर्षित करना था।

12. भारत भवन का उद्‌घाटन कब स्व. श्रीमती इन्दिरा गाँधी के कर कमलों से हुआ-

(अ) 13 फरवरी 1982 (ब) 16 फरवरी 1982
(स) 19 फरवरी 1982 (द) 23 फरवरी 1982।

व्याख्या- भारत भवन की स्थापना 1982 में की गई जिसका प्रमुख उद्देश्य भारतीय साहित्य एवं कलाओं का अन्वेषण, संवर्धन एवं प्रचार-प्रसार करना है। इसका उद्‌घाटन तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने 13 फरवरी 1982 में किया था।

13. राष्ट्रीय हिन्दी रंगमंच समारोह का आयोजन कहाँ होता है-

(अ) भोपाल (ब) सागर (स) सतना (द) उज्जैन।

व्याख्या- राष्ट्रीय हिन्दी रंगमंच समारोह का आयोजन भोपाल में किया जाता है।

14. मध्यप्रदेश संस्कृत अकादमी का गठन कब हुआ-

(अ) 1985 (ब) 1986 (स) 1987 (द) 1988।

व्याख्या- संस्कृत साहित्य को प्रोत्साहन व संरक्षण के लिए परिषद्, संस्कृत विद्वानों को सम्मान, सम्मेलन, गोष्ठियों, दुर्लभ पाण्डुलिपियों का संग्रह आदि हेतु 1985 में संस्कृत अकादमी का गठन हुआ।

15. शासन द्वारा भारतीय शास्त्रीय संगीत के विकास हेतु 1979 में कौन-सी अकादमी की स्थापना की गई-

(अ) चक्रधर अकादमी (ब) तानसेन अकादमी
(स) उस्ताद अलाउद्दीन खाँ संगीत अकादमी
(द) अमीर खाँ संगीत अकादमी।

व्याख्या- मध्यप्रदेश शासन द्वारा अलाउद्दीन खाँ की स्मृति में शास्त्रीय संगीत को चिरस्थायी बनाने के उद्देश्य से उस्ताद अलाउद्दीन खाँ संगीत अकादमी की स्थापना 1979 में की गई।

16. मध्यप्रदेश में उर्दू अकादमी की स्थापना कब हुई थी-

(अ) 1976 (ब) 1977 (स) 1979 (द) 1982

व्याख्या- मध्यप्रदेश में उर्दू साहित्य के संरक्षण एवं प्रचार प्रसार हेतु उर्दू अकादमी की स्थापना 1976 में की गई।

17. म.प्र. शासन के संस्कृत विभाग द्वारा दिए जाने वाला राज्य सम्मान कितने क्षेत्रों में दिया जाता है।

(अ) चार (ब) पाँच
(स) छह (द) सात

व्याख्या- म.प्र. शासन के संस्कृत विभाग द्वारा सात क्षेत्रों संगीत, नाटक, नृत्य, रूपंकर कलाएँ, आदिवासी एवं लोक कलाएँ, दुर्लभ वाद्य वंदन एवं साहित्य के लिए राज्य सम्मान म.प्र. के मूल निवासी अथवा म.प्र. को अपना कार्यक्षेत्र बनाने वालों को दिया जाता है। इस पुरस्कार के तहत एक लाख रुपए नकद एवं प्रशस्ति पट्टिका भेंट की जाती है।

18. म.प्र. शासन द्वारा दिया जाने वाला सबसे बड़ा राष्ट्रीय सम्मान है-

(अ) तानसेन सम्मान (ब) कबीर सम्मान
(स) महात्मा गाँधी सम्मान (द) मैथिलीशरण गुप्त सम्मान

व्याख्या- म.प्र. शासन द्वारा दिया जाने वाला सबसे बड़ा सम्मान राष्ट्रीय महात्मा गाँधी सम्मान है इसके तहत दस लाख रुपए की राशि प्रदान की जाती है। यह सम्मान 1995-96 में शुरू किया गया। यह पुरस्कार गांधीवादी दर्शन के अनुरूप कार्य करने वाली किसी संस्था को प्रदान किया जाता है। प्रथम गांधी सम्मान कस्तूरबा गाँधी स्मारक ट्रस्ट इन्दौर (म.प्र.) को 1995-96 में दिया गया।

7.(स) 8.(द) 9.(स) 10.(अ) 11.(स) 12.(अ) 13.(अ) 14.(अ) 15.(स) 16.(अ) 17.(द) 18.(स)

**19. म.प्र. सरकार द्वारा आदिवासी, लोक व पारम्परिक कलाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए कौन सा सम्मान प्रदान किया जाता है।**

(अ) कबीर सम्मान (ब) तुलसी सम्मान

(स) कालिदास सम्मान (द) इकबाल सम्मान

**व्याख्या-** म.प्र. सरकार द्वारा आदिवासी, लोक एवं पारम्परिक कलाओं के क्षेत्र में तुलसी सम्मान प्रदान किया जाता है, इसकी शुरूआत 1983-84 में की गई इसके तहत दो लाख रुपए की राशि प्रदान की जाती है।

**20. म.प्र. सरकार द्वारा दिया जाने वाला कबीर सम्मान किस क्षेत्र से संबंधित है-**

(अ) भारतीय कविता (ब) हिन्दी साहित्य

(स) शासकीय संगीत (द) लोक संगीत

**व्याख्या-** म.प्र. शासन द्वारा कबीर सम्मान भारतीय कविता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान करने वाले साहित्यकार का दिया जाता है इसकी स्थापना 1986-87 में की गई। इस पुरस्कार के तहत तीन लाख रुपए की सम्मान राशि प्रदान की जाती है। पहला कबीर सम्मान श्री गोपाल कृष्ण अडिग को (1985-87) में प्रदान किया गया।

**21. निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में कालिदास सम्मान प्रदान नहीं किया जाता।**

(अ) शास्त्रीय नृत्य (ब) शासकीय संगीत

(स) रंगकर्म (द) हिंदुस्तानी संगीत

**व्याख्या-** म.प्र. शासन द्वारा प्रदान किया जाने वाला कालिदास सम्मान चार क्षेत्र शास्त्रीय नृत्य, शास्त्रीय संगीत, रंगकर्म एवं रूपंकर कलाओं के क्षेत्र में प्रदान किया जाता है। हाल ही में यह पुरस्कार संस्कृत साहित्य के क्षेत्र में देने की भी घोषणा की गई है।

**22. शास्त्रीय संगीत के क्षेत्र में गायन एवं वादन हेतु युवा कलाकार को कौन सा पुरस्कार प्रदान किया जाता है।**

(अ) किशोर कुमार सम्मान (ब) कुमार गंधर्व सम्मान

(स) इकबाल सम्मान (द) तानसेन सम्मान

**व्याख्या-** शास्त्रीय संगीत के क्षेत्र में गायन एवं वादन हेतु युवा कलाकार को म.प्र. शासन द्वारा कुमार गंधर्व सम्मान प्रदान किया जाता है इसकी सम्मान राशि एक लाख इक्यावन हजार है।

**23. निम्नलिखित में कौन सही सुमेलित नहीं है-**

(अ) लता मंगेशकर सम्मान- सुगम संगीत

(ब) किशोर कुमार सम्मान- फिल्म

(स) शरद जोशी सम्मान- हिन्दी व्यंग्य, निबंध, आदि

(द) मैथिलीशरण गुप्त सम्मान- भारतीय कविता

**व्याख्या-** मैथिलीशरण गुप्त सम्मान हिन्दी कविता व साहित्य के क्षेत्र में योगदान देने के लिए प्रदान किया जाता है। जबकि भारतीय कविता के क्षेत्र में कबीर सम्मान प्रदान किया जाता है।

**24. म.प्र. शासन द्वारा वाकणकर सम्मान किस क्षेत्र में प्रदान किया जाता है-**

(अ) पुरातात्विक संस्कृति में रचनात्मक योगदान के लिए

(ब) उर्दू साहित्य में रचनात्मक लेखन के लिए

(स) आदिवासी एवं लोक कलाओं के क्षेत्र में योगदान के लिए

(द) मराठी साहित्य में सम्पूर्ण सर्जनात्मक विधाओं के लिए।

**व्याख्या-** वाकणकर पुरस्कार पुरातात्विक क्षेत्र में योगदान के लिए प्रदान किया जाता है इसकी शुरूआत 2005-06 में हुई। इस पुरस्कार के तहत एक लाख रुपए की राशि प्रदान की जाती है।

**25. निम्नलिखित में कौन सही सुमेलित नहीं है**

(अ) सुभश्वकुमारी चौहान समारोह- जबलपुर

(ब) ध्रुपद समारोह-ग्वालियर

(स) टेपा समारोह- उज्जैन

(द) पद्माकर समारोह- सागर।

**व्याख्या-** ध्रुपद समारोह का आयोजन भोपाल में किया जाता है। जबकि ग्वालियर में तानसेन समारोह आयोजित किया जाता है।

**26. मध्यप्रदेश के एक प्रसिद्ध व्यक्तित्व मोहम्मद बिलाल खत्री उनके ...... के लिए जाने जाते हैं।** **MP Rajya 2018**

(अ) शिल्पकारिता (ब) पत्रकारिता

(स) गायन (द) कविताएँ

**व्याख्या-** मोहम्मद बिलाल खत्री 10 जून 1987 को मध्यप्रदेश के बाग गाँव में पैदा हुए एक भारतीय युवा मास्टर शिल्पकार हैं। इन्होंने अपने पिता मोहम्मद यूसुफ खत्री और दादा इस्माइल सुलेमानजी खत्री से बाग प्रिंट के पारंपरिक शिल्प को सीखा।

**27. पं. विष्णु नारायण भातखंडे ने माधव संगीत कॉलेज की स्थापना कहाँ की थी?** **जेल प्रहरी 2017**

(अ) इंदौर (ब) भोपाल (स) ग्वालियर (द) उज्जैन

**व्याख्या-** पं. विष्णु नारायण भातखंडे ने माधव संगीत कॉलेज की स्थापना ग्वालियर में की थी।


**28. मध्य प्रदेश की निम्नलिखित में से किस परियोजना ने वास्तुकला (आर्किटेक्चर) के लिए प्रदत्त आगा खान पुरस्कार जीता है ?** **पुलिस आरक्षक 2017**

(अ) स्लम नेटवर्किंग, इन्दौर (ब) अटल आश्रय योजना

(स) एरो-सिटी, मिसरोद (द) अपनी ज़मीन, अपनी छत

**व्याख्या-** आगा खान एक वास्तुशिल्प पुरस्कार है जो वास्तुशिल्प कला की अवधारणा की पहचान करता है। मध्य प्रदेश की स्लम नेटवर्किंग इंदौर को वास्तुकला के लिए यह पुरस्कार प्रदान किया गया है।

19.(ब) 20.(अ) 21.(द) 22.(ब) 23.(द) 24.(अ) 25.(ब) 26.(अ) 27.(स) 28.(अ)



# अध्याय– 21

# मध्यप्रदेश की जनजातियाँ

**1. हरिजन पुलिस कल्याण थाना किन जिलों में स्थापित किया गया?**

(अ) भोपाल, उज्जैन (ब) जबलपुर, दतिया
(स) पन्ना, मुरैना, (द) उपरोक्त सभी

**व्याख्या-** मध्य प्रदेश में भोपाल, उज्जैन, जबलपुर, दतिया, पन्ना, व मुरैना में हरिजन पुलिस कल्याण थाना स्थापित किया गया है। हरिजन से संबंधित विवादों का प्रकरण दर्ज किया जाता है।

**2. म. प्र. में हरिजन एवं आदिवासी प्रकोष्ठ की स्थापना कहाँ की गई है?**

(अ) सागर (ब) भोपाल
(स) इन्दौर (द) जबलपुर

**व्याख्या-** म. प्र. में हरिजन एवं आदिवासी प्रकोष्ठ की स्थापना भोपाल में की गई। हरिजन एवं आदिवासियों की समस्या संबंधी कार्यवाहियाँ की जाती हैं।

**3. भीली सामुदायिक रेडियो केन्द्र वन्या रेडियो का शुभारंभ कहाँ किया गया है।**

(अ) झाबुआ (ब) धार
(स) बडवानी (द) अलीराजपुर

**व्याख्या-** भीली सामुदायिक रेडियो केन्द्र वन्या रेडियो का शुभारंभ 23 जुलाई 2011 से भाबरा (पं. चंद्रशेखर आजाद नगर) जिला अलीराजपुर में किया गया।

**4. मध्यप्रदेश में सबसे अधिक जनजाति कौनसी पायी जाती है।**

(अ) भील (ब) गौंड
(स) कोल (द) कोरकू

**व्याख्या-** मध्यप्रदेश में सबसे अधिक जनजाति भील पायी जाती है। जो मध्यप्रदेश के पश्चिमी भाग यानी अलीराजपुर, झाबुआ, बड़वानी, धार, खण्डवा में भीलों की बड़ी आबादी पायी जाती है। इनका प्रमुख पर्व भगोरिया है।

**5. मध्य प्रदेश में अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों की संख्या है** **( चतुर्थ श्रेणी परीक्षा 2012 )**

(अ) 4 (ब) 5
(स) 6 (द) 7

1.(द) 2.(ब) 3.(द) 4.(अ) 5.(अ)

**व्याख्या-** लोकसभा में-

अनुसूचित जाति के लिए = 4 सीट

अनुसूचित जनजाति के लिए = 6 सीट

विधानसभा में-

अनुसूचित जाति = 35

अनुसूचित जनजाति = 47

**6. आदिम जाति कल्याण विभाग का नाम बदलकर कब आदिवासी एवं हरिजन कल्याण विभाग कर दिया गया-**

(अ) 1965 (ब) 1966

(स) 1967 (द) 1968।

**व्याख्या-** मध्यप्रदेश में आदिम जाति कल्याण विभाग का नाम 1965 में बदलकर आदिवासी एवं हरिजन कल्याण विभाग कर दिया गया।

**7. मध्यप्रदेश के किस जिले में सबसे कम आदिवासी निवास करते हैं-**

(अ) उज्जैन (ब) भिण्ड

(स) दतिया (द) सीहोर।

**व्याख्या-** भिण्ड जिले में सबसे कम आदिवासी निवास करते हैं।

**8. आदिवासी जनसंख्या की दृष्टि से मध्यप्रदेश का प्रथम जिला कौन सा है-**

(अ) धार (ब) रतलाम

(स) खरगोन (द) खण्डवा।

**व्याख्या-** आदिवासी जनसंख्या की दृष्टि से मध्यप्रदेश का प्रथम जिला धार है। झाबुआ में आदिवासी शोध संस्थान भी स्थापित किया गया है।

**9. मध्यप्रदेश की जनजातियों में सर्वाधिक जनसंख्या वाली जनजाति कौन- सी है-**

(अ) भील (ब) सहरिया

(स) कोल (द) गोंड।

**व्याख्या-** जनसंख्या की दृष्टि से मध्यप्रदेश की सबसे बड़ी जनजाति भील है यद्यपि यह जनजाति म.प्र. के पश्चिमी जिलों में निवास करती है।

**10. भील शब्द तमिल भाषा के बिल्लुवर शब्द का क्या अर्थ है-**

(अ) शहर वाले (ब) धनुष

(स) पहाड़ (द) जंगल।

**व्याख्या-** भील शब्द तमिल भाषा के बिल्लुवर शब्द से बना है, जिसका अर्थ होता है धनुष।चूँकि ये लोग धनुर्धारी होते हैं अतः इन्हें भील कहा जाता है।

**11. भील जनजाति द्वारा 'गोल गधेड़ो' नामक उत्सव कब मनाते हैं-**

(अ) होली (ब) दशहरा

(स) दीपावली (द) राखी

**व्याख्या-** होली बड़े उत्साह से मनाई जाती है। होली के अवसर पर 'गोल घधेडा' उत्सव विशेष धूमधाम से मनाया जाता है।

**12. भगोरिया नृत्य किस जिले के आदिवासियों का है-**

(अ) झाबुआ (ब) खण्डवा

(स) देवास (द) नीमच।

**व्याख्या-** भगोरिया भीलों का प्रमुख आनंद एवं परिणय का पर्व है यह होली के अवसर पर होता है जिसका मुख्य केन्द्र झाबुआ अलीराजपुर, धार है।

**13. कर्मा नृत्य किस जाति से सम्बन्धित है-**

(अ) भील (ब) गोंड

(स) मारिया (द) कोल।

**व्याख्या-** कर्म देवता को प्रसन्न करने के उद्देश्य से गोंड व बैगा जनजातियों में कर्मा नृत्य किया जाता है।

**14. सहरिया किस सम्भाग में है-**

(अ) उज्जैन (ब) भोपाल

(स) इन्दौर (द) चम्बल।

**व्याख्या-** पारसी भाषा में सहर का अर्थ जंगल होता है चूँकि ये लोग जंगलों में निवास करते हैं अतः इन्हें सहरिया कहते हैं। यह गुना, शिवपुरी, श्योपुर व मुरैना जिलों में या चम्बल सम्भाग में निवास करते हैं।

**15. एक जनजाति में मामा/बुआ की लड़की से विवाह करना सर्वोत्तम माना जाता है जिसे वे दूध लौटावा कहते हैं। यह प्रथा निम्नलिखित में से किस जनजाति में है-**

(अ) भील (ब) गोंड

(स) बैगा (द) सहरिया।

**व्याख्या-** दूध लोटावा प्रथा जिसमें मामा एवं बुआ की लड़की या लड़के से विवाह उचित माना जाता है, गौंड की प्रमुख विवाह पद्धति है।

**16. भारत सरकार ने म.प्र. के किस क्षेत्र समूहों को विशेष पिछड़े जनजाति के रूप में मान्यता दी है-**

(अ) मण्डला जिले बैगाचक क्षेत्र के बैगा

(ब) छिंदवाड़ा जिले के पातालकोट क्षेत्र के भारिया

(स) ग्वालियर संभाग के सहरिया

(द) उपरोक्त सभी।

**व्याख्या-** मध्यप्रदेश सरकार ने बैगा (मण्डला), भारिया (छिंदवाड़ा) एवं सहरिया (ग्वालियर, भिण्ड, मुरैना) को विशेष पिछड़ी जनजाति घोषित किया है।

**17. गोहिया पंचायत किस जनजाति की है-**

(अ) मारिया (ब) कोल

(स) कोरकू (द) सरहिया।

6.(अ) 7.(ब) 8.(अ) 9.(अ) 10.(ब) 11.(अ) 12.(अ) 13.(ब) 14.(द) 15.(ब) 16.(द) 17.(ब)

व्याख्या- कोल जनजाति में गाँव के पंच गाँव के झगड़ों का निपटारा करते हैं। इनमें अपनी पंचायत होती है जिसे गोहिया कहते हैं।

**18. भारिया जनजाति के प्रमुख देवता कौन से हैं-**

(अ) बूढ़ादेव (ब) भीमसेन
(स) दूल्हादेव (द) शिव।

व्याख्या- धार्मिक दृष्टि से भारिया हिन्दू प्रतीत होते हैं। हिंदू देवी-देवताओं की पूजा करते हैं और यहाँ तक कि सर्प और बाघ आदि को भी पूजते हैं। इनके प्रमुख देवता भीमसेन हैं।

**19. कौन-सी जनजाति कबीर पंथी है-**

(अ) पनिका (ब) सहरिया
(स) रौतेले (द) परधान।

व्याख्या- पनिका जनजाति कबीरपंथी है, जिन्होंने मांस व मदिरा छोड़ दी है।

**20. बिलमा किस जनजाति का नृत्य है-**

(अ) बैगा (ब) भील
(स) सहरिया (द) कोल।

व्याख्या- बिलमा बैगा जनजाति का प्रमुख लोकनृत्य है।

**21. कोरकू जनजाति का नृत्य कौनसा है-**

(अ) राई (ब) चटकोरा
(स) रासलीला (द) मुखौटा नृत्य।

व्याख्या- कोरकू जनजाति का प्रमुख नृत्य चटकोरा है।

**22. पश्चिमी म.प्र. की प्रमुख जनजाति है-**

(अ) गोंड (ब) भील
(स) भारिया (द) मुड़िया।

व्याख्या- भील भारत की द्वितीय और मध्यप्रदेश की सबसे बड़ी जनजाति है इनका निवास क्षेत्र म.प्र. में धार-झाबुआ और खरगोन में है। जबकि भारत की सबसे बड़ी जनजाति गोंड है।

**23. म.प्र. में अनुसूचित जातियों में सबसे अधिक जनसंख्या किस जाति की है-**

(अ) परिधान (ब) रौतेले
(स) जाटव (द) चमार।

व्याख्या- मध्यप्रदेश में अनुसूचित जातियों में सबसे अधिक जनसंख्या जाटव की है।

**24. म.प्र. के उत्तर-पश्चिमी जिलों में केन्द्रित प्रमुख जनजाति कौन-सी है-**

(अ) भील (ब) गोंड
(स) कोल (द) सहरिया।

व्याख्या- मध्यप्रदेश के उत्तर-पश्चिमी जिलों में प्रमुख रूप से सहरिया जनजाति निवास करती है। यह ग्वालियर संभाग में पायी जाती है।

**25. म.प्र. की दूसरी सबसे बड़ी जनजाति कौन-सी है?**

(अ) गोंड (ब) भील
(स) कोरकू (द) इनमें से कोई नहीं।

व्याख्या- मध्यप्रदेश की सबसे बड़ी जनजाति भील एवं दूसरी गोंड है, जबकि गोंड भारत की सबसे बड़ी जनजाति है।

**26. लामानाई उस व्यक्ति को कहा जाता है, जो विवाह करता है-**

(अ) सेवा विवाह (ब) पलायन विवाह
(स) ब्रह्म विवाह (द) इनमें से कोई नहीं।

व्याख्या- गोंड जनजाति में लामानाई विवाह की एक पद्धति है जिसमें वर द्वारा वधू के घर सेवा कार्य किया जाता है ताकि वह वधू मूल्य चुका सके।

**27. सुमेलित कीजिए-**

| सूची-I (जनजाति) | सूची-II (निवास स्थान) |
|---|---|
| (अ) गोंड़ | 1. पश्चिमी म.प्र. |
| (ब) भील | 2. नर्मदा नदी के दोनों ओर व सतपुड़ा पहाड़ी |
| (स) सहरिया | 3. मध्य भारत का पठार |
| (द) भारिया | 4. पातालकोट |

कूट :

| | (अ) | (ब) | (स) | (द) |
|---|---|---|---|---|
| (अ) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (ब) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (स) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (द) | 4 | 3 | 1 | 2 |

व्याख्या- गोंड जनजाति- नर्मदा के दोनों ओर व सतपुड़ा पहाड़ी पर
भील जनजाति- पश्चिमी म.प्र. झाबुआ, अलीराजपुर
सहरिया - मध्य भारत का पठार (ग्वालियर, भिण्ड)
भारिया - पातालकोट (छिन्दवाड़ा)

**28. वर्ष 2011 की जनगणना के अंतिम आँकड़ों के अनुसार म.प्र. की कुल जनसंख्या में अनुसूचित जनजाति का प्रतिशत है-**

(अ) 15.6% (ब) 21.1%
(स) 23% (द) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या- वर्ष 2011 की जनगणना के अंतिम आंकड़ों के अनुसार राज्य की कुल जनसंख्या में अनुसूचित जनजाति जनसंख्या का प्रतिशत 21.1% है। ST जनसंख्या की दृष्टि से म.प्र. भारत में प्रथम स्थान पर है। यहां ST जनसंख्या 1,53,16,784 अंकित की गई है।

**29. सहरिया जनजाति म.प्र. के किन जिलों में पाई जाती है।**

(अ) मुरैना, श्योपुर, झाबुआ (ब) श्योपुर, शिवपुरी, गुना
(स) श्योपुर, मुरैना, धार (द) शाजापुर, राजगढ़, खण्डवा

18.(ब) 19.(अ) 20.(अ) 21.(ब) 22.(ब) 23.(स) 24.(द) 25.(अ) 26.(अ) 27.(ब) 28.(ब) 29.(ब)

व्याख्या- सहरिया म.प्र. की अत्यन्त पिछड़ी जनजाति है जिसे विशेष जनजाति समूह में रखा गया है यह जनजाति म.प्र. के उत्तरी-पश्चिमी भाग के जिलों अर्थात् श्योपुर, शिवपुरी, गुना, मुरैना आदि जिलों में पाई जाती है इसके अतिरिक्त सहरिया जनजाति राजस्थान के बारा, जिले में भी पाई जाती है। जबकि झाबुआ और धार में भील एवं खण्डवा में कोरकू जनजाति पाई जाती है, सहरिया नहीं।

30. म.प्र. के किस जिले में उसकी कुल जनसंख्या का सर्वाधिक प्रतिशत अनुसूचित जनजाति जनसंख्या पाई जाती है।

(अ) डिण्डोरी (ब) झाबुआ
(स) अलीराजपुर (द) भिण्ड

व्याख्या- म.प्र. के अलीराजपुर जिले की कुल जनसंख्या का 89.0% जनसंख्या अनुसूचित जनजाति की है जो कि प्रदेश में सर्वाधिक है।

31. म.प्र. के किस जिले में न्यूनतम जनजाति प्रतिशत पाया जाता है।

(अ) भिण्ड (ब) मुरैना
(स) दतिया (द) मंदसौर

व्याख्या- म.प्र. के भिण्ड जिले में ST का प्रतिशत न्यूनतम 0.4% है इसके बाद क्रमश: मुरैना (0.9%), दतिया (1.9%) तथा मंदसौर (2.5%) का स्थान आता है।

32. निम्नलिखित में सबसे पहली एवं आदिम अवस्था में रहने वाली जनजाति कौन सी है-

(अ) भील (ब) अबुझमाडिया
(स) कोल (द) गोंड

व्याख्या- अबुझमाड़िया सबसे पिछड़ी एवं आदिम अवस्था में जीवन व्यतीत करने वाली जनजाति है इन्हें 'जंगलियों के जंगली' भी कहा जाता है। अबुझमाड़िया जनजाति का मुख्य निवास स्थान छत्तीसगढ़के बस्तर, दंतेवाड़ा जिलों में है। म.प्र. के जिलों में यह प्राय: नहीं पाई जाती।

33. निम्नलिखित में से कौनसी जनजाति को लोहे का काम करने वाला वर्ग माना जाता है-

(अ) सहरिया (ब) अगरिया
(स) भारिया (द) माड़िया

व्याख्या- अगरिया जनजाति को 'लोह शिल्पी' के रूप में जाना जाता है इस जनजाति को पारंपरिक तौर पर लौह अयस्क को पिघला कर लौहे के औजार, कृषि उपकरण बनाने वाली जन जाति माना जाता है। इनके देवता 'लोहासूर' है जिनका निवास स्थान धधकती हुई लौह भट्टी माना जाता है। म.प्र. में यह जनजाति मुख्यत: बालाघाट, सीधी, शहडोल, मण्डला आदि जिलों में पाई जाती है।

34. निम्नलिखित में से म.प्र. की किस जनजाति का उल्लेख ऋग्वेद, पुराणों, महाभारत एवं रामायण जैसे प्राचीन ग्रंथों में मिलता है-

(अ) कोल (ब) कोरकू
(स) बैगा (द) गोंड

व्याख्या- म.प्र. की कोल जनजाति का उल्लेख वेदों, पुराणों, महाभारत एवं रामायण जैसे प्राचीन ग्रंथों में मिलता है। कोल अपना संबंध शबरी से बताते है। म.प्र. में कोल जनजाति रीवा, सतना, कटनी, सीधी, जबलपुर आदि जिलों में पाई जाती है।

35. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए-

| जनजाति | नृत्य |
|---|---|
| (i) भील | 1. दुलदुल घोड़ी नृत्य |
| (ii) सहरिया | 2. सैला |
| (iii) गौंड | 3. थापटी |
| (iv) कोरकू | 4. भगोरिया |

कूट-

| | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
|---|---|---|---|---|
| (अ) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (ब) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (स) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (द) | 4 | 1 | 2 | 3 |

व्याख्या- भगोरिया भील जनजाति का लोक नृत्य है जो होली से आठ दिन पूर्व आयोजित भगोरिया हाट में किया जाता है। दुलदुल घोड़ी सहरिया जनजाति का लोक नृत्य है, सैला गोड़ जनजाति का लोकप्रिय नृत्य है तो दशहरे से प्रारंभ होकर पूरी शरद ऋतु में चलता रहता है। यह वीर नृत्य है। थापटी कोरकू जनजाति का नृत्य है इसमें स्त्री एवं पुरुष सामूहिक रूप से नृत्य करते हैं।

36. 'घोटुल' क्या है?

(अ) जनजातीय लोक नृत्य (ब) युवा गृह
(स) लोक नाट्य
(द) जनजातियों में प्रचलित कृषि का प्रकार

व्याख्या- घोटुल एक प्रकार का युवागृह है यह म.प्र. एवं छत्तीसगढ़की माडिया एवं मुड़िया जनजातियों में पाया जाता है घोटुल में गाँव के सभी युवक एवं युवतियां रात्रि व्यतीत करते है। यहाँ सामाजिक परम्पराओं, रीति रिवाजों का प्रशिक्षण दिया जाता है तथा आपसी सहमति से जीवन साथी चुनने का अवसर भी मिलता है। इस प्रकार घोटुल शिक्षा एवं मनोरंजन का उपयुक्त साधन है। किन्तु अब घोटुल का वजूद समाप्त प्राय: हो गया है।

37. निम्नलिखित में से कौन-सा एक स्थानांतरित कृषि का प्रकार नहीं है-

(अ) बेवार (ब) चिमाता
(स) झूम (द) सिडोली

व्याख्या- सिड़ोली कोरकू जनजाति में पाई जाने वाली एक मृतक संस्कार की प्रथा है। जबकि बेवार (बैगा में) चिमाता (भील में) तथा झूम (उत्तर-पूर्व की जनजातियों में) पाई जाने वाली स्थानातरित कृषि के प्रकार हैं।

30.(स) 31.(अ) 32.(ब) 33.(ब) 34.(अ) 35.(द) 36.(ब) 37.(द)

38. 'करमा' किस जनजाति का लोकप्रिय नृत्य है

(अ) भील (ब) गौड़

(स) बैगा (द) (ब) एवं (स) दोनों का

व्याख्या- 'करमा' गौड़, बैगा जनजातियों एवं इनकी उपजातियों का प्रमुख लोक नृत्य है। यह नृत्य 'कर्म' से संबंधित है। जो जनजाति जीवन में कर्म की प्रधानता के महत्व को रेखांकित करता है। यह नृत्य वर्षाकाल के भाद्रपद में किया जाता है।

39. निम्नलिखित में से म.प्र. की जनजातियों में कौनसी प्रजाति की विशेषताएँ नहीं पाई जाती-

(अ) नीग्रोटो (ब) प्रोटो-आस्ट्रेलायड

(स) मंगोलायड (द) उपरोक्त सभी

व्याख्या- म.प्र. की जनजातियों में प्रायः नीग्रोटो एवं प्रोटो-आस्ट्रेलायड प्रजातियों की विशेषताएँ पाई जाती है। मंगोलायड प्रजाति की विशेषताएँ म.प्र. की जनजातियों में नहीं पायी जाती। उत्तर-पूर्वी भारत की जनजातियों में मंगोलायड प्रजाति की विशेषताएँ पाई जाती हैं।

40. पातालकोट के भारियाओं को म.प्र. की अत्यन्त पिछड़ी जनजाति घोषित किया गया है। यह पातालकोट क्षेत्र म.प्र. के किस जिलें में स्थित है।

(अ) छिंदवाड़ा (ब) झाबुआ

(स) मण्डला (द) रीवा

व्याख्या- पातालकोट क्षेत्र म.प्र. के छिंदवाड़ा जिले की तामिया तहसील में स्थित है यह अत्यंत नीचा क्षेत्र है यहाँ निवास करने वाली भारिया जनजाति को अत्यन्त पिछड़ी जनजाति घोषित किया गया है। इसके अतिरिक्त सहरिया एवं बैगा जनजातियों को भी अत्यंत पिछड़ी जनजाति श्रेणी में रखा गया है।

41. 'भरोतिया' निम्न में से किस जनजातीय समुदाय से संबंधित है? (चतुर्थ श्रेणी परीक्षा 2012)

(अ) गोंड (ब) भील

(स) बैगा (द) कोरकू

व्याख्या- बैगा मध्यप्रदेश की एक जनजाति है। बैगा की उपजनजाति है- बिंझवार, नरोतिया, भरोतिया, नाहर, रैभेना, काढ़भैना।
यह जनजाति मण्डला, बालाघाट, खण्डवा, बुरहानपुर में निवास करती है।

42. कौनसी अनुसूचित जनजाति सामान्यतः मध्य प्रदेश में नहीं पाई जाती है? (सहायक मत्स्य विभाग परीक्षा 2012)

(अ) गरासिया (ब) भील

(स) बंजारा (द) मुंडा

व्याख्या- मुंडा अनुसूचित जनजाति झारखण्ड में पाई जाती है।
म.प्र. की अनुसूचित जनजाति भील, गोंड़, कोरकू, गरासिया, सहरिया, बैगा आदि।

43. इस जिले में आदिवासी नागरिकों की संख्या कम है- (सहायक ग्रेड-3, 2012)

(अ) बालाघाट (ब) बड़वानी

(स) श्योपुर (द) डिण्डौरी

व्याख्या- उपर्युक्त विकल्पों में श्योपुर जिले में आदिवासी नागरिकों की संख्या कम है एवं अनुसूचित जनजाति की सर्वाधिक संख्या झाबुआ में है।

| जिला | जनजाति |
|---|---|
| बालाघाट | बैगा |
| झाबुआ/बड़वानी | भील |
| श्योपुर | सहरिया |
| डिण्डौरी | बैगा |

44. भारिया जनजाति मुख्यतः किस जिले में पाई जाती है? (पटवारी परीक्षा 2008)

(अ) धार जिला (ब) छिंदवाड़ा जिला

(स) रायसेन जिला (द) राजगढ़जिला

व्याख्या- भारिया जनजाति मुख्यतः छिन्दवाड़ा व जबलपुर में तथा भील जनजाति मुख्यतः धार, झाबुआ व अलीराजपुर में व बैगा जनजाति मण्डला क्षेत्र में पायी जाती है।

45. इनमें से कौन-सी जनजाति मध्यप्रदेश में नहीं है? (मध्यप्रदेश सहायक ग्रेड-3, 2013)

(अ) गोंड (ब) भोटिया

(स) भील (द) कोरकु

व्याख्या- मध्यप्रदेश में प्रमुख जनजातियों में गोंड, भील, बैगा, कोरकू, भारिया, हल्बा, कोल, माडिया और सहरिया और इनकी उपजातियाँ निवास करती हैं।
मध्यप्रदेश में सर्वाधिक भील जनजाति पाई जाती है, इसकी उपजातिया- भिलाला, बरेला, पटलिया है।

46. कौनसी अनुसूचित जनजाति सामान्यतः मध्य-प्रदेश में नहीं पाई जाती है? (मत्स्य अधिकारी परीक्षा- 2012)

(अ) गरासिया (ब) भील

(स) बंजारा (द) मुण्डा

व्याख्या- मुण्डा जनजाति मध्य प्रदेश में नहीं पाई जाती है यह जनजाति झारखण्ड में पाई जाती है।

47. म.प्र. अल्पसंख्यक समुदाय में शामिल जातियों की कुल संख्या है-

(अ) 3 (ब) 5

(स) 7 (द) 9

व्याख्या- म.प्र. में अल्पसंख्यक समुदाय में 5 जातियाँ शामिल हैं जो इस प्रकार हैं-

(अ) मुस्लिम (ब) सिक्ख

38.(द) 39.(स) 40.(अ) 41.(स) 42.(द) 43.(स) 44.(ब) 45.(ब) 46.(द) 47.(ब)

(स) ईसाई (द) पारसी
(इ) जैन

**48. सहरिया सामुदायिक रेडियो केन्द्र का शुभारंभ कहाँ किया गया है-**

(अ) सिहोनिवा (ब) गंगरु
(स) सेसईपुरा (द) बडेरा

व्याख्या- सहरिया सामुदायिक रेडियो केन्द्र का शुभारंभ श्योपुर जिले के सेसईपुरा गांव से किया गया।

**49. बादल भोई आदिवासी संग्रहालय कहाँ है।**

(अ) बालाघाट (ब) मण्डला
(स) छिंदवाड़ा (द) सिवनी

व्याख्या- बादलभोई आदिवासी संग्रहालय छिंदवाड़ा में स्थित है।

**50. परधौनी नृत्य किस जनजाति में किया जाता है-**

(अ) भील (ब) बैगा
(स) गोण्ड (द) कोल

व्याख्या- परधौनी लोकनृत्य विवाह के अवसर पर बैंगा जनजाति द्वारा बारात की अगवानी में किया जाता है।

**51. बलमा नृत्य किस जनजाति द्वारा किया जाता है?**

**( डेयरी फेडरेशन 2016 )**

(अ) बैगा (ब) भील
(स) गोंड (द) कँवर

व्याख्या- बलमा नृत्य बैगा जनजाति द्वारा किया जाता है यह प्रेम प्रसंग पर आधारित नृत्य है।

**52. कोरबा जनजाति की पंचायत को कहते हैं-**

**( डेयरी फेडरेशन 2016 )**

(अ) मैयारी (ब) रोकरी
(स) मैक्स (द) रासा

व्याख्या- कोरबा जनजाति की पंचायत को मैयारी कहते हैं जबकि कोल जनजाति की पंचायत को गोहिया कहते हैं।

**53. 'हल्बा जनजाति' का मुख्य निवास जिला है-**

**( डेयरी फेडरेशन 2016 )**

(अ) रीवा (ब) सीधी
(स) बालाघाट (द) जबलपुर

व्याख्या- हल्बा जनजाति का मुख्य निवास जबलपुर जिले में है। हल्बा जनजाति छत्तीसगढ़ में भी पायी जाती है।

**54. घोटुल प्रथा किस जनजाति में पायी जाती है?**

**( डेयरी फेडरेशन 2016 )**

(अ) भील (ब) कमार
(स) मुड़िया (द) बैगा

व्याख्या- घोटुल प्रथा मुड़िया जनजाति में पायी जाती है जिसमें अविवाहित लड़के-लड़कियां एक साथ रहकर यौन एवं सांस्कृतिक प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। इस प्रथा को 'युवागृह' भी कहा जाता है।

**55. कंघी शिल्प" निम्न में से किस जनजाति से संबंधित है?**

**( डेयरी फेडरेशन 2016 )**

(अ) भील (ब) बंजारा
(स) गोंड (द) कोरकू

व्याख्या- कंघी शिल्प से बंजारा जनजाति संबंधित है बंजारा जनजाति को कंघी का अविष्कारक माना जाता है।

**56. भीलों का निवास स्थल क्या कहलाता है?**

**( डेयरी फेडरेशन 2016 )**

(अ) माल्या (ब) आल्या
(स) फाल्या (द) भिल्ल

व्याख्या- भीलों का निवास स्थल 'फाल्या' कहलाता है।

**57. मध्यप्रदेश की विशेष पिछड़ी जनजाति कौन-सी नहीं है?**

**( डेयरी फेडरेशन 2016 )**

(अ) कोल (ब) सहरिया
(स) बैगा (द) भारिया

व्याख्या- म.प्र. की विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा, भारिया और सहरिया है कोल विशेष पिछड़ी जनजाति नहीं है।

**58. जिस जनजाति का मूल पेशा कृषि है, वह है**

**( महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016 )**

(अ) पनिका और कहिवास (ब) गोंड
(स) भील (द) गुर्जर

व्याख्या- पनिका और कहिवास जनजाति का मूल पेशा कृषि है।

**59. बैगा जनजाति, मुख्य रूप से पायी जाती है,**

**( महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016 )**

(अ) मंडला और बालाघाट जिलों में
(ब) विंध्य और सतपुड़ा क्षेत्रों में
(स) उमरिया और मंडी जिलों में
(द) उज्जैन और जबलपुर जिलों में

व्याख्या- बैगा जनजाति, मुख्य रूप से मंडला और बालाघाट जिलों में पायी जाती है। यह अत्यंत पिछड़ी हुई जनजाति है।

**60. जनजातियों के जीवन को दिखाने के लिए एक संग्रहालय जो मध्य प्रदेश के ..... में स्थित है।** **( महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016 )**

(अ) भोपाल (ब) इंदौर
(स) ग्वालियर (द) रतलाम

48.(स) 49.(स) 50.(ब) 51.(अ) 52.(अ) 53.(द) 54.(स) 55.(ब) 56.(स) 57.(अ) 58.(अ) 59.(अ) 60.(अ)

व्याख्या- जनजातियों के जीवन को दिखाने के लिए एक संग्रहालय इन्दिरा गांधी मानव संग्रहालय भोपाल में स्थित है।

61. मध्यप्रदेश में आम जनजाति जिनके लिए गौदना जीवन शैली का अभिन्न हिस्सा हैं (महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016)

(अ) गोंड (ब) बैगा
(स) कीकर (द) भील

व्याख्या- मध्यप्रदेश में बैगा जनजाति के लिए गौदना जीवन शैली का अभिन्न अंग है।

62. विशेष जनजाति की जनसंख्या में नंबर एक स्थान पर राज्य है (महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016)

(अ) राजस्थान (ब) छत्तीसगढ़
(स) मध्यप्रदेश (द) उत्तराखंड

व्याख्या- मध्यप्रदेश, विशेष जनजाति की जनसंख्या में नंबर एक स्थान पर है।

63. जनजातियां जिनका नाम उन्हें प्रायद्वीपीय भारत के पुराने हिस्से से मिला है (महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016)

(अ) गोंड (ब) भील
(स) कीकर (द) अंगा

व्याख्या- गौंड जनजाति को उनका नाम प्रायद्वीपीय भारत के पुराने हिस्से से मिला है।

64. मध्य प्रदेश में कुल कितनी स्वीकारिय (चिह्नित) राज्य जातियाँ है?

(अ) 50 जनजाति (ब) 46 जनजाति
(स) 43 जनजाति (द) 40 जनजाति

व्याख्या- म.प्र. एक जनजातिय बहुल राज्य है जिसमें देश की 46 जनजाति पाई जाती है जो प्रदेश की जनसंख्या का 20.3% है।

65. निम्न में से कौन-सी जनजाति मध्य प्रदेश की नहीं है?

(अ) जौनसारी (ब) गोंड
(स) कोरकु (द) भील

व्याख्या- जौनसारी जनजाति उत्तराखंड की प्रमुख प्रजा है जबकि गौंड, कोरकु, भील मप्र. की जनजाति है।

66. निम्न में से गोंडो की उत्पत्ति किस शब्द से मानी जाती है?

(अ) कोंड (ब) पर्वत
(स) खोंद (द) गोंद

व्याख्या- गोंडों की उत्पत्ति तेलुगु शब्द के 'कोंड' से हुई है। जिसका अर्थ पर्वत होता है।

67. संस्कृत भाषा के किस शब्द से 'भील' शब्द बना है?

(अ) बील (ब) बिवाल
(स) भिल्ल (द) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या- भील शब्द संस्कृत भाषा के 'भिल्ल' से बना है।

68. निम्न में से म.प्र. की किस जनजाति में 'अपहरण' विवाह अधिक प्रचलित है?

(अ) कोरकू (ब) बैगा
(स) गोंड (द) भील

व्याख्या- म.प्र. की भील जनजाति में अपहरण विवाह अधिक प्रचलित है। अर्थात् कन्या का अपहरण कर उससे विवाह करना।

69. निम्न में से किस जाति को 'जंगलियों के भी जंगली' की संज्ञा दी जाती है? (Question Number-32)

(अ) अबुझमाड़ियों (ब) भारिया
(स) बैगाओ (द) सभी को

व्याख्या- भारिया जनजाति को 'जंगलियों का भी जंगली' की संज्ञा दी जाती है। यह जनजाति पातालकोट में पाई जाती है।

70. निम्न में से किस जनजाति के प्रमुख देवता 'बूढ़ादेव' है।

(अ) बैगा (ब) भारिया
(स) भील (द) गोंड

व्याख्या- बैगा जनजाति के प्रमुख देवता 'बूढ़ादेव' कहलाते हैं। यह एक पिछड़ी जनजाति है जो 'साल वृक्ष' को पवित्र मानती है। तथा इस वृक्ष पर रहने वाले बूढ़ा देव को अपना प्रमुख देवता मानते हैं।

71. निम्न में से पारधी जनजाति किन जिलो में निवास करती है?

(अ) सीहोर (ब) भोपाल
(स) रायसेन (द) उपरोक्त सभी

व्याख्या- पारधी जनजाति बहेलिया श्रेणी की एक जनजाति है जो कि सीहोर, भोपाल, रायसेन में पाई जाती है।

72. निम्न में से 'बैगा' पुस्तक के रचयिता कौन थे?

(अ) बैरियर एल्विन (ब) बरनवाल
(स) बर्नियर (द) कोई नहीं

व्याख्या- 'बैगा' पुंस्तक के रचयिता का नाम बैरियर एल्विन था। यह पस्तक एक पिछड़ी हुई जनजाति पर लिखी गई है।

73. म.प्र. की गोंड जनजाति किस भाषा परिवार की है?

(अ) ऑस्ट्रेलियन (ब) द्रविडियन
(स) कोलोरियन (द) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या- गोंड जनजाति द्रविड़ियन परिवार की है। गोंड म.प्र. की दूसरी और भारत की सबसे बड़ी जनजाति है।

74. 'कोइला भुतिस' निम्न में से कहलाते हैं?

(अ) नाचने-गाने वाले गोंड (ब) पुजारी वर्ग

61.(ब) 62.(स) 63.(अ) 64.(ब) 65.(अ) 66.(अ) 67.(स) 68.(द) 69.(ब) 70.(अ) 71.(द) 72.(अ) 73.(ब)

(स) लोहे का काम करने वाला वर्ग
(द) बढ़ईगिरी का काम करने वाला

व्याख्या- नाचने गाने वाले गोंड 'कोइला भुतिस' कहलाते हैं तथा लोहे का काम करने वाला वर्ग अगरिया कहलाता है। पुजारी वर्ग ओझा कहलाते हैं। साथ ही बढ़ईगिरी का काम करने वाले सोलाहस कहलाते हैं।

75. बैगा चक का अधिकांश भाग म.प्र. के किस जिले में आता है? (कराधान सहायग-2012)

| | |
|---|---|
| (अ) डिण्डोरी | (ब) शहडोल |
| (स) मण्डला | (द) बालाघाट |

व्याख्या- बैगा चक का अधिकांश भाग म.प्र. के डिण्डोरी में आता है। बैगा जनजाति प्रदेश के पूर्वी जिलों में जैसे मण्डला, डिण्डोरी, शहडोल, उमरिया औपर बालाघाट में निवास करने वाली पिछड़ी हुई जनजाति है।

76. भिलाला जनजाति का मूलस्थान निम्नांकित में से किस राज्य में पाया जाता है? (State forest scinece Examination 2019)

| | |
|---|---|
| (अ) म.प्र. | (ब) राजस्थान |
| (स) छ.ग. | (द) बिहार |

व्याख्या- भिलाला जनजाति का मूलस्थान मुख्यत: छ.ग. राज्य में माना जाता है। ये अनुसूचित जनजाति के अंतर्गत आते हैं। इन्हें 'उजाला भील' भी कहते हैं। म.प्र. में ये जनजाति अलीराजपुर, धार एवं बड़वानी में निवास करती हैं।

77. गोंड द्वारा सूअर की बलि को प्रचलित रूप से...कहा जाता है? (ANM Training Selection Test 2016)

| | |
|---|---|
| (अ) लरूकज | (ब) झाबुआ |
| (स) हलाली | (द) मरुगी |

व्याख्या- गोंड जनजाति द्वारा सूअर की बलि को प्रचलित रूप से लरूकज कहा जाता है। साथ ही यह म.प्र. की दूसरी सबसे बड़ी जनजाति है।

78. भगोरिया एक- (ANM Training Selection Test 2016)
(अ) बसंत त्योहार है
(ब) ग्वालियर के भीतरी भाग की एक जनजाति है-
(स) चंदेल शासकों की कला का एक प्रकार है
(द) मार्गी में स्थित गुफा मंदिर है

व्याख्या- भगोरिया एक बसंत त्योहार है। यह त्योहार मुख्य रूप से झाबुआ, अलीराजपुर, धार और बड़वानी में मनाया जाता है। यह त्योहार भीलो द्वारा 'प्रणय उत्सव' के रूप में मनाया जाता है।

79. भीलों के मकानों को क्या कहा जाता है? (State Engineering Service (Prelims) Exam 2016)

| | |
|---|---|
| (अ) कू | (ब) हू |
| (स) सू | (द) कोई नहीं |

व्याख्या- भीलों के मकान को कू नाम से जाना जाता है। भील संसार की सबसे अधिक रंगप्रिय जनजाति है।

80. गोंड जनजाति के प्रमुख देवता है? (State Engineering Service (Prelims) Exam 2016)

| | |
|---|---|
| (अ) बूढ़ादेव | (स) दूल्हा देव |
| (ब) ठाकुर देव | (द) ये सभी |

व्याख्या- गोंड जनजाति के मुख्य देवता निम्नलिखित है-
बड़ादेव, दुल्हा देव, बूढ़ादेव, नारायण देव, भीवासू, खेरमाई, ठाकुर देव तथा खीला मुट्ठा आदि। गोंडो का भूत-प्रेत और जादू-टोना पर अत्यधिक विश्वास है।

81. इनमें से कौन-सी अलीराजपुर की एक प्रमुख जनजाति है? पटवारी परीक्षा 2017

| | |
|---|---|
| (अ) खासी | (ब) भिलाला |
| (स) कोरकू | (द) बिरजिया |

व्याख्या- अलीराजपुर की प्रमुख जनजाति भिलाला एक उपजाति है और यह अनुसूचित जनजाति के अंतर्गत आते हैं, इन्हें उजाला भील भी कहते हैं। क्योंकि भील शब्द की उत्पत्ति बिल से हुई है जिसका श्वविड़ भाषा में अर्थ होता है- धनुष चलाने वाला। द्रविड़
(तीर-कमान)

***

74.(अ) 75.(अ) 76.(स) 77.(अ) 78.(अ) 79.(अ) 80.(द) 81.(ब)




# अध्याय– 22

# मध्यप्रदेश की पंचवर्षीय योजनाएँ एवं अन्य योजनाएँ

1. **मध्यप्रदेश राज्य योजना मण्डल के गठन की अधिसूचना कब जारी की गई-**

(अ) 24 अक्टूबर 1972 (ब) 30 अक्टूबर 1972

(स) 1 अक्टूबर 1972 (द) 14 अक्टूबर 1972।

**व्याख्या-** भारत सरकार के योजना आयोग की अनुशंसा पर मध्यप्रदेश सरकार ने 24 अक्टूबर 1972 को एक अधिसूचना जारी कर राज्य योजना मंडल का गठन किया था।

2. **राज्य योजना मण्डल का पदेन अध्यक्ष कौन होता है-**

(अ) राज्यपाल (ब) मुख्यमंत्री

(स) विधानसभा अध्यक्ष (द) उपरोक्त में से कोई नहीं।

**व्याख्या-** राज्य योजना मण्डल के ढाँचे का पदेन अध्यक्ष मुख्यमंत्री होता है। वर्तमान में अध्यक्ष कमलनाथ है।

3. **प्रथम पंचवर्षीय योजना का मुख्य उद्देश्य क्या था-**

(अ) अर्थव्यवस्था के कृषि आधार को सुदृढ़करना

(ब) उद्योगों में वृद्धि करना

(स) रोजगार के अवसरों में वृद्धि करना

(द) उपरोक्त सभी।

**व्याख्या-** प्रथम पंचवर्षीय योजना का मुख्य उद्देश्य अर्थव्यवस्था के कृषि आधार को सुदृढ़ करना था।

4. **तीसरी व चौथी पंचवर्षीय योजना के मध्य अंतराल में कौन सी योजना चलाई गई-**

(अ) त्रिवार्षिक (ब) द्विवार्षिक

(स) वार्षिक (द) कोई नहीं।

**व्याख्या-** पंचवर्षीय योजना के स्थान पर वार्षिक योजनाएँ क्रियान्वित की गईं 1966-67, 1967-68 तथा 1968-69 में।

5. **किस पंचवर्षीय योजना में सर्वाधिक व्यय सिंचाई व विद्युत पर हुआ था-**

(अ) द्वितीय पंचवर्षीय योजना (ब) तृतीय पंचवर्षीय योजना

(स) चतुर्थ पंचवर्षीय योजना (द) उपरोक्त सभी।

**व्याख्या-** द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ पंचवर्षीय योजनाओं में सर्वाधिक व्यय सिंचाई व विद्युत पर हुआ।

1.(अ) 2.(ब) 3.(अ) 4.(स) 5.(द)

6. छठवीं पंचवर्षीय योजना का कार्यकाल कौन सा है-
(अ) 1980-1985 (ब) 1981-1986
(स) 1982-1987 (द) 1983-1988

व्याख्या- छठवीं पंचवर्षीय योजना का कार्यकाल 1980-85 था।

7. म.प्र. के उज्जैन व रतलाम में शिक्षा के प्रसार हेतु गाँव घर स्थापित किये गये हैं। इन गाँव घरों का सम्बन्ध किस प्रकार की शिक्षा से है-
(अ) ग्रामीण शिक्षा (ब) जनजाति शिक्षा
(स) नारी शिक्षा (द) प्रौढ़शिक्षा।

व्याख्या- मध्यप्रदेश के उज्जैन व रतलाम में शिक्षा के प्रसार हेतु गाँव घर स्थापित किये गये है, जिनका संबंध प्रौढ़शिक्षा से है।

8. म.प्र. में जातिगत आधार पर महिलाओं को वेश्यावृत्ति अपनानी पड़ती है। इसके लिये कौन-सी योजना प्रारम्भ की गई-
(अ) जाबालि योजना (ब) एकान्त योजना
(स) महिला कल्याण (द) उपरोक्त सभी।

व्याख्या- मध्यप्रदेश में वेश्यावृत्ति को रोकने एवं नारी के उत्थान हेतु जाबालि योजना चलाई जा रही है।

9. ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिये कौन सी योजना प्रारम्भ की गई-
(अ) मधुबन योजना (ब) ग्राम्या योजना
(स) रफ्तार योजना (द) सहारा योजना।

व्याख्या- ग्राम्या योजना के तहत ग्रामीण महिलाओं को लघु व्यवसाय शुरू करने के लिये कार्यशील पूँजी उपलब्ध कराई जाएगी।

10. म.प्र. में शंखनाद योजना कहाँ प्रारम्भ की गई-
(अ) झाबुआ (ब) मण्डला
(स) अ और ब (द) दोनों नहीं।

व्याख्या- म.प्र. के आदिवासी इलाकों में विकास की प्रक्रिया में विद्यार्थियों को भागीदार बनाने की शंखनाद योजना का प्रारम्भ 26 जनवरी 1997 से झाबुआ, मण्डला में हुआ।

11. 1 अप्रैल 1989 से प्रारम्भ जवाहर रोजगार योजना का प्रमुख उद्देश्य क्या है-
(अ) ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारों हेतु (ब) अल्प बेरोजगार पुरुषों हेतु
(स) महिलाओं के लिये लाभकारी (द) उपरोक्त सभी।

व्याख्या- 1 अप्रैल 1989 से प्रारम्भ योजना में केन्द्र तथा राज्य सरकारों का व्यय 80 : 20 था किन्तु 1999-2000 में व्यय का अनुपात 75 : 25 हो गया है।

12. एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम (IRDP) कब प्रारम्भ की गई-
(अ) 2 अक्टूबर 1980 (ब) 15 अक्टूबर 1980
(स) 15 अगस्त 1980 (द) 26 जनवरी 1980।

व्याख्या- IRDP 2 अक्टूबर 1980 से लागू है। इसका उद्देश्य जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के माध्यम से गरीबी रेखा के नीचे जीवन-यापन करने वाले परिवारों को आर्थिक सहायता दिलाना है।

13. ट्राइसेम योजना किसके लिए प्रारम्भ की गई-
(अ) शहरी युवकों (ब) ग्रामीण युवकों
(स) शहरी व ग्रामीण (द) गरीबो के लिये

व्याख्या- यह योजना गरीबी रेखा के नीचे जीवन-यापन करने वाले ग्रामीण युवकों के लिये है। राज्य में इसका शुभारंभ 15 अगस्त 1979 को किया गया।

14. म.प्र. में पंचधारा योजना कब प्रारम्भ की गई-
(अ) 15 अगस्त 1991 (ब) 1 नवम्बर 1991
(स) 26 जनवरी 1992 (द) 2 अक्टूबर 1993।

व्याख्या- राज्य द्वारा 1 नवम्बर 1991 से पंचधारा योजना ग्रामीण व आदिवासी क्षेत्र की महिलाओं के कल्याण व विकास हेतु प्रारम्भ की गई।

15. ग्रामीण व आदिवासी क्षेत्र की महिलाओं के कल्याण व विकास हेतु कौन सी योजना प्रारम्भ की गई-
(अ) वात्सल्य योजना (ब) आयुष्मती योजना
(स) पंचधारा योजना (द) नारी निकेतन।

व्याख्या- ग्रामीण व आदिवासी क्षेत्र की महिलाओं के कल्याण व विकास हेतु पंचधारा योजना चलाई जा रही है।

16. प्रगति प्रयाग योजना का उद्देश्य क्या है-
(अ) नदियों की सफाई (ब) तालाबों का निर्माण
(स) कुओं का निर्माण (द) ब और स

व्याख्या- प्रगति प्रयांग योजना का मुख्य उद्देश्य तालाबों का निर्माण करना है।

17. म.प्र. में दुग्ध विकास परियोजना को क्या नाम दिया गया-
(अ) ऑपरेशन फेराइज (ब) आपरेशन दुग्ध
(स) ऑपरेशन फ्लड 2 (द) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

व्याख्या- मध्यप्रदेश में दुग्ध विकास परियोजना को आपरेशन फ्लड 2 नाम दिया गया।

18. म.प्र. में किस परियोजना से शिक्षक व बच्चों में अच्छे सम्बन्ध स्थापित हुए हैं-
(अ) शिक्षित समाख्या परियोजना (ब) शिक्षित योजना
(स) स्वायत्त परियोजना (द) उपर्युक्त सभी।

व्याख्या- मध्यप्रदेश में शिक्षित समाख्या परियोजना के माध्यम से शिक्षक व बच्चों के मध्य अच्छे संबंध स्थापित हुए।

6.(अ) 7.(द) 8.(अ) 9.(ब) 10.(स) 11.(द) 12.(अ) 13.(ब) 14.(ब) 15.(स) 16.(ब) 17.(स) 18.(अ)

19. गरीब किसानों के खेतों में सिंचाई साधन बढ़ाने के लिये कौन-सी योजना शुरू की गई है-
(अ) नवजीवन (ब) जीवनधारा
(स) गंगा कल्याण (द) सिंचाई योजना।

व्याख्या- गरीब किसानों के खेतों में सिंचाई साधन बढ़ाने के लिए गंगा कल्याण योजना का आरंभ किया गया।

20. म.प्र. शासन ने सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी परियोजनाओं को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से कौन सी योजना मंजूर की-
(अ) वेंचर कैपिटल योजना (ब) वेंचर परियोजना
(स) सूचना प्रसार योजना (द) संचार केन्द्र।

व्याख्या- मध्यप्रदेश शासन ने सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी परियोजनाओं को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से वेंचर केपिटल योजना का प्रारंभ किया।

21. म.प्र. कहाँ पर पर्यावरण उद्यान एकान्त का निर्माण कर रहा है-
(अ) इन्दौर (ब) भोपाल
(स) देवास (द) विदिशा।

व्याख्या- म.प्र. आवास एवं पर्यावरण विभाग भोपाल की शाहपुरा झील के 349 एकड़ क्षेत्र में पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन के सहयोग से 4.53 करोड़ रु. लागत के पर्यावरण उद्यान एकान्त का निर्माण कर रहा है।

22. म.प्र. राज्य योजना मण्डल का प्रथम अध्यक्ष किसे बनाया गया?
(अ) श्री रविशंकर शुक्ल (ब) श्री मोतीलाल बोरा
(स) श्री प्रकाशचन्द्र सेठी (द) श्री भगवंतराव मण्डलोई

व्याख्या- म.प्र. योजना मण्डल का पदेन अध्यक्ष म.प्र. के मुख्यमंत्री होते है। राज्ययोजना मण्डल के गठन के समय 1972 में श्री प्रकाशचन्द्र सेठी राज्य के मुख्यमंत्री थे अत: वही म.प्र. राज्य योजना मण्डल के प्रथम अध्यक्ष भी थे।

23. सही अर्थो में म.प्र. की पहली पंचवर्षीय योजना कौनसी थी-
(अ) प्रथम पंचवर्षीय योजना (ब) द्वितीय पंचवर्षीय योजना
(स) तृतीय पंचवर्षीय योजना (द) चतुर्थ पंचवर्षीय योजना

व्याख्या- प्रथम एवं द्वितीय पंचवर्षीय योजना के समय म.प्र. चार भागों मध्य भारत, महाकौशल, भोपाल राज्य एवं विन्ध्यप्रदेश में विभक्त था अत: सभी की पृथक-पृथक योजनाएँ बनाई गई थी। तृतीय पंचवर्षीय योजना (1961-66) सही अर्थों में म.प्र. की पहली पंचवर्षीय योजना मानी जाती है जो राज्य पुनर्गठन के बाद सम्पूर्ण म.प्र. के लिए बनाई गई थी।

24. म.प्र. की 12वीं पंचवर्षीय योजना का कार्यकाल है-
(अ) 2007-12 (ब) 2002-07
(स) 2012-17 (द) 2015-20

व्याख्या- भारत की 12वीं पंचवर्षीय योजना का कार्यकाल 2012-17 है यही म.प्र. की 12वीं पंचवर्षीययोजना का कार्यकाल है।

25. म.प्र. में 12वीं पंचवर्षीय योजना में साक्षरता का लक्ष्य रखा गया है-
(अ) 84% (ब) 90%
(स) 95% (द) 100%

व्याख्या- 12वीं पंचवर्षीय योजना (2012-17) के अंत तक राज्य में साक्षरता दर 100% एवं साक्षरता में लिंगभेद शून्य प्रतिशत तक लाने का लक्ष्य रखा गया है।

26. म.प्र. में 12वीं पंचवर्षीय योजना का कुल परिव्यय रखा गया है-
(अ) 21256.60 करोड़ रु. (ब) 201862.00 करोड़ रु.
(स) 31250.69 करोड़ रु. (द) 283646.95 करोड़ रु.

व्याख्या- म.प्र. की 12वीं पंचवर्षीय योजना का कुल परिव्यय 201862.00 करोड़ रु. रखा गया है।

27. 12वीं पंचवर्षीय योजना में सर्वाधिक व्यय किस मद पर किया जा रहा है।
(अ) कृषि एवं संवर्गीय सेवाएँ (ब) ऊर्जा
(स) सामाजिक सेवाएं (द) उद्योग एवं खनन

व्याख्या- 12वीं पंचवर्षीय योजना में राज्य में सर्वाधिक व्यय सामाजिक सेवाओं पर 79839.22 करोड़ रु. का रखा गया है जोकि कुल योजना व्यय का 39.55% है। यह सर्वाधिक है। जबकि कृषि पर कुल परिव्यय का 8.66%, ऊर्जा पर 10.20% तथा उद्योग एवं खनन पर 2.81% का व्यय रखा गया है।

28. जननी सुरक्षा योजना किस वर्ष प्रारंभ की गई-
(अ) 2001 (ब) 2004
(स) 2005 (द) 2011

व्याख्या- म.प्र. में जननी सुरक्षा योजना 2005 से प्रारंभ की गई इसका मुख्य उद्देश्य शिशु एवं मातृ मृत्युदर में कमी लाना है।

29. म.प्र. सरकार ने कुपोषण के खिलाफ कौनसा अभियान चलाया है।
(अ) ममता अभियान (ब) जागरूकता अभियान
(स) प्रोजेक्ट शक्तिमान (द) आयुष्मति अभियान

व्याख्या- म.प्र. सरकार ने कुपोषण को जड़ से मिटाने के लिए सम्पूर्ण राज्य में 'शक्तिमान' के नाम से एक अभियान चलाया है। जिसके तहत बालक कुपोषण को पूरी तरह समाप्त कर राज्य की स्थिति में सुधार लाना है।

30. ममता अभियान किस वर्ष प्रारंभ किया गया-
(अ) 2013 में (ब) 2014 में
(स) 2001 में (द) 2010 में

व्याख्या- प्रदेश में ममता अभियान का शुभारंभ विश्व सुरक्षित मातृत्व दिवस 11 अप्रैल 2013 से किया गया। इसके तहत हर गर्भवती महिला और बच्चों को सभी स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता आरोग्य केन्द्र स्थापित किये गये हैं जो आस्था/ममता अभियान की धुरी है। इस अभियान की ब्राण्ड एम्बेसडर फिल्म अभिनेत्री माधुरी दीक्षित है।

19.(स) 20.(अ) 21.(ब) 22.(स) 23.(स) 24.(स) 25.(द) 26.(ब) 27.(स) 28.(स) 29.(स) 30.(अ)

31. पंच 'प' अभियान कब प्रारंभ किया गया-
(अ) 2010 (ब) 2011
(स) 2012 (द) 2013 में

व्याख्या- राज्य में 9 जुलाई 2012 से पंच 'प' अभियान चलाया गया जिसके तहत विद्यार्थियों को परिवार, परिवेश, परम्परा, पर्यावरण एवं पराक्रम के प्रति जागरूक बनाया जा रहा है।

32. म.प्र. में गांव की बेटी योजना किस वर्ष प्रारंभ की गई-
(अ) 2005 में (ब) 2006 में
(स) 2007 में (द) 2008 में

व्याख्या- राज्य में 29 अगस्त 2005 से गाँव की बेटी योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना का उद्देश्य गाँव की प्रतिभावान बेटियों को उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना है। इसमें 12वीं उत्तीर्ण छात्राएँ पात्र मानी गई है।

33. प्रतिभा किरण योजना किस वर्ष प्रारंभ की गई-
(अ) 2005 ने (ब) 2008 में
(स) 2009 में (द) 2010 में

व्याख्या- प्रतिभा किरण योजना का प्रारंभ 2009 में किया गया। इसका उद्देश्य गरीबी की रेखा (BPL) के नीचे जीवनयापन करने वाली शहर की मेघावी छात्राओं को 12 वीं के बाद शिक्षा प्राप्त करने में सहायता करना है।

34. लाड़ली लक्ष्मी योजना किस वर्ष प्रारंभ की गई-
(अ) 2005 (ब) 2006
(स) 2007 (द) 2008

व्याख्या- अप्रैल 2007 से प्रारंभ यह योजना 1 जनवरी 2006 के पश्चात जन्म लेने वाली बालिकाओं के लिए है। जिनके माता-पिता में से किसी एक ने परिवार नियोजन अपना लिया है तथा जो आंगनवाड़ी केन्द्र में पंजीकृत हो, आयकर दाता न हो।

35. नोराड योजना का संबंध किस क्षेत्र है
(अ) बालकों की शिक्षा (ब) महिलाओं का प्रशिक्षण
(स) कुपोषण से लड़ना (द) महिला उत्पीड़न रोकना

व्याख्या- म.प्र. में नोराड योजना नार्वे सरकार के सहयोग से संचालित की जा रही है। इसके तहत कमजोर वर्ग की महिलाओं को रोजगार मूलक प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है।

36. निम्नलिखित में से कौनसी एक उपयोजना पंचधारा योजना का भाग नहीं है-
(अ) आयुष्मती योजना
(ब) कल्पवृक्ष योजना
(स) सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना
(द) जीवन ज्योति योजना।

व्याख्या- पंचधारा योजना म.प्र. सरकार द्वारा 1991 से प्रारंभ की गई। इसका उद्देश्य ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्र की महिलाओं का कल्याण एवं विकास करना है। इस योजना में निम्न पांच उपयोजनाएं शामिल है- (अ) आयुष्मति योजना (ब) कल्पवृक्ष योजना (स) ग्राम्य योजना (द) वात्सला योजना और (इ) सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना। जबकि जीवन ज्योति योजना का संबंध आदिवासी क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने से है। यह पंचधारा योजना का भाग नहीं है।

37. भारत सरकार द्वारा संचालित रोशनी योजना म.प्र. के किस एकमात्र जिले में लागू है-
(अ) बालाघाट (ब) झाबुआ
(स) मुरैना (द) शहडोल

व्याख्या- भारत सरकार ने नक्सलवाद से प्रभावित देश के 24 जिलों में 7 जून 2013 से रोशनी योजना प्रारंभ की है जिसके तहत ग्रामीण युवाओं और महिलाओं के लिए कौशल विकास और रोजगार दिलाने का लक्ष्य रखा गया है। इसमें म.प्र. का एकमात्र बालाघाट जिला सम्मिलित है।

38. पंच परमेश्वर योजना म.प्र. में किस वर्ष प्रारंभ की गई-
(अ) 2010 में (ब) 2011 में
(स) 2012 में (द) 2013 में

व्याख्या- म.प्र. में पंच परमेश्वर योजना का शुभारंभ वर्ष 2011 में किया गया। इसका उद्देश्य पंचायतों के विकास कार्यों के लिए एकमुश्त राशि उपलब्ध करा कर ग्रामीण अधोसंरचना का विकास करना है। इस योजना के तहत पंचायतों को 5 लाख से 15 लाख रुपए तक की राशि उनकी जनसंख्या के आधार पर एकमुश्त उपलब्ध कराने का प्रावधान है।

39. दीनबन्धु योजना का संबंध किस क्षेत्र है-
(अ) सिंचाई बिल माफी से (ब) बिजली बिल माफी से
(स) निःशुल्क दवा वितरण से (द) उपरोक्त में से कोई नहीं

व्याख्या- राज्य में किसानों के बिजली बिल माफ करने के उद्देश्य से दीनबन्धु योजना वर्ष 2013 से लागू की गई है।

40. मध्यप्रदेश में संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने एवं प्रसव हेतु 24 घण्टे निःशुल्क परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 'जननी एक्सप्रेस योजना' कब से आरंभ की गई है।
(अ) अगस्त 2006 से (ब) जनवरी 2008 से
(स) जून 2010 से (द) अक्टूबर 2007 से

व्याख्या- म.प्र. में गर्भवती महिलाओं के संस्थागत एवं सुरक्षित प्रसव कराने हेतु अगस्त 2006 से जननी एक्सप्रेस योजना का आरंभ किया गया है।

41. देश कीप्रथम बी.ओ.टी. (B.O.T.) आधारित जल प्रदाय योजना निजी क्षेत्र के सहयोग से मध्यप्रदेश के किस जिले में चलायी जा रही है-
(अ) इन्दौर (ब) जबलपुर

31.(स) 32.(अ) 33.(स) 34.(स) 35.(ब) 36.(द) 37.(अ) 38.(ब) 39.(ब) 40.(अ) 41.(स)

(स) देवास (द) उज्जैन

व्याख्या- म.प्र. के देवास में पानी की समस्या को दूर करने के लिये देश की प्रथम बी.ओ.टी. (BOT) आधारित जल प्रदाय योजना चलायी जा रही है।

42. भारत सरकार द्वारा म.प्र. की स्वयंसेवी संस्थाओं के माध्यम से प्रदेश की महिलाओं के लिये स्वरोजगार उन्मुख प्रशिक्षण सह रोजगार परियोजना संचालन के लिये संस्थाओं को सीधे अनुदान हेतु क्रियान्वित 'नोराड योजना' किस देश के सहयोग से क्रियान्वित की जा रही है-
(अ) अमेरिका (ब) ब्रिटेन
(स) नार्वे (द) स्वीडन

व्याख्या- 'नोराड योजना' नार्वे सरकार के सहयोग से क्रियान्वित की जा रही है।

43. मध्य सरकार ने बेटी बचाओ अभियान के तहत किस जिले में महिलाओं को बहुउद्देश्यीय कार्यक्रमों से जोड़ने हेतु प्रोजेक्ट 'मोरे डुबलिया' का आरंभ किया है-
(अ) बालाघाट (ब) डिण्डोरी
(स) झाबुआ (द) बैतूल

व्याख्या- मध्यप्रदेश सरकार ने बेटी बचाओ अभियान के तहत 2 अक्टूबर 2012 को डिण्डोरी जिले में 'मोरे डुबलिया' कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

44. मध्यप्रदेश में क्रियान्वित लाडो अभियान किससे संबंधित है-
(अ) बालविवाह को रोकने से (ब) कन्याभ्रूण हत्या को रोकने
(स) बालिका को साक्षर बनाने से (द) बालिका के स्वास्थ्य सुधार

व्याख्या- मध्यप्रदेश सरकार द्वारा क्रियान्वित लाडो अभियान बालविवाह जैसी सामाजिक बुराई पर रोक हेतु क्रियान्वित किया जा रहा है।

45. मध्यप्रदेश में कितने प्रतिशत आबादी गरीबी रेखा से नीचे (BPL) जीवन यापन करती है-
(अ) 46.2% (ब) 27.6%
(स) 31.6% (द) 21.4%

व्याख्या- मध्यप्रदेश में 31.6 प्रतिशत आबादी गरीबी रेखा से नीचे (BPL) जीवन यापन करती है।

46. राज्यीय अर्थव्यवस्था में कृषि क्षेत्र का योगदान कितना है।
(अ) 42.24% (ब) 37.65%
(स) 24.17% (द) 19.42%

व्याख्या- राज्यीय अर्थव्यवस्था में कृषि क्षेत्र का योगदान 24.17 प्रतिशत है।

47. राम रोटी योजना कब शुरू की गई? (डेयरी फेडरेशन 2016)
(अ) 2008 (ब) 2009
(स) 2010 (द) 2011

व्याख्या- राम रोटी योजना वर्ष 2010 में शुरू की गयी थी। इसका उद्देश्य मजदूर श्रमिक एवं कमजोर वर्ग के लोगों को मात्र 5 रुपये में पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना था किन्तु अब यह योजना बंद हो गयी है।

48. निम्नलिखित में से कौन सा उद्देश्य लाड़ली लक्ष्मी योजना का है? (डेयरी फेडरेशन 2016)
(अ) बालिका जन्म के प्रति सकारात्मक सोच
(ब) लिंग अनुपात में सुधार
(स) बालिकाओं का शैक्षणिक सुधार तथा स्वस्थ में सुधार
(द) उपरोक्त सभी

व्याख्या- म.प्र,. में क्रियान्वित लाड़ली लक्ष्मी योजना का उद्देश्य बालिका जन्म के प्रति सकारात्मक सोच, लिंगानुपात में सुधार, बालिकाओं के शैक्षणिक सुधार तथा स्वास्थ्य में सुधार एवं सर्वांगीण विकास आदि हैं।

49. मुख्यमंत्री अंत्योदय आवास योजना- (डेयरी फेडरेशन 2016)
(अ) समस्त वर्गों को आवास की योजना
(ब) अल्पसंख्यकों का आवास की योजना
(स) पिछड़ा वर्ग को आवास की योजना
(द) अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लिए आवास की योजना

व्याख्या- मुख्यमंत्री अंत्योदय आवास योजना अनुसूचित जाति एवं जनजाति के लिये आवास योजना है।

50. अंत्योदय दीनदयाल उपचार योजना के तहत एक परिवार को कितनी राशि प्रदान की जाती है? (डेयरी फेडरेशन 2016)
(अ) 30 हजार प्रतिवर्ष (ब) 20 हजार प्रतिवर्ष
(स) 15 हजार प्रतिवर्ष (द) 10 हजार प्रतिवर्ष

व्याख्या- अंत्योदय दीनदयाल उपचार योजना के अंतर्गत 20 हजार प्रतिवर्ष राशि एक परिवार को प्रदान की जाती है। यह योजना वर्ष 2007 से प्रारंभ है।

51. कल्पवृक्ष परियोजना किस क्षेत्र से संबंधित है? (डेयरी फेडरेशन 2016)
(अ) पीपल लगाने से (ब) रेशमकीट पालन
(स) वृक्षारोपण (द) तकनीकि विकास

व्याख्या- कल्पवृक्ष परियोजना रेशमकीट पालन में संबंधित है।

52. वर्ष 2015-2016 के म.प्र. बजट में 2018 तक शहरी क्षेत्र के गरीबों के लिए लगभग कितने आवास बनाने का लक्ष्य रखा गया है? (डेयरी फेडरेशन 2016)
(अ) 2 lakh/2 लाख (ब) 5 lakh/5 लाख
(स) 10 lakh/10 लाख (द) 12 lakh/12 लाख

42.(स) 43.(ब) 44.(अ) 45.(स) 46.(स) 47.(स) 48.(द) 49.(द) 50.(ब) 51.(ब) 52.(ब)

व्याख्या- वर्ष 2015-16 के म.प्र. बजट में वर्ष 2018 तक शहरी क्षेत्र के गरीबों के लिये लगभग 5 लाख आवास बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

53. "पानी रोको अभियान" नामक ग्रामीण विकास कार्यक्रम किस वर्ष में शुरू किया गया था? (महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016)

(अ) 1998 (ब) 1994

(स) 2015 (द) 2013

व्याख्या- "पानी रोको अभियान" नामक ग्रामीण विकास कार्यक्रम 3 फरवरी, 1994 में शुरु किया गया।

54. 1010-1053 ईस्वी में निर्मित सबसे पुराने बांधों में से एक है ........... (महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016)

(अ) गांधी सागर बांध (ब) बारना बांध

(स) साइकलोपियन बांध (द) तवा बांध

व्याख्या- 1010-1053 ईस्वी में निर्मित सबसे पुराने बांधो में से एक साइकालोपियन बांध है। यह रायसेन जिले में स्थित है।

55. जल मित्रा योजना है .......। (महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016)

(अ) ग्रामीण पानी शेड प्रबंधन (ब) शहरी छत जल संचयन

(स) स्थायी जल प्रबंधन (द) जल प्रदूषण नियंत्रण

व्याख्या- जलमित्रा योजना शहरी छत जल संचयन से है।

56. दीनदयाल अंत्योदय योजना इनके लिए है- (जेल प्रहरी 2015)

(अ) गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले लोग और परिवार

(ब) केवल गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले व्यक्ति

(स) ऐसे लोग जिनकी वार्षिक आय 3 लाख रुपए से कम है

(द) ऐसे परिवार जिनकी अधिकतम सदस्य संख्या 5 है

व्याख्या- दीनदयाल अंत्योदय योजना गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले लोग और परिवार के लिए मध्यप्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही है।

57. दीनदयाल रोजगार योजना का उद्देश्य? (जेल प्रहरी 2015)

(अ) असंगठित क्षेत्र के बेरोजगार श्रमिकों को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए

(ब) शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए

(स) पलायन किए बेरोजगार व्यक्तियों को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए

(द) इनमे से कोई नहीं

व्याख्या- दीनदयाल रोजगार योजना का उद्देश्य शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है।

58. स्वच्छता संग्राम अभियान का उद्देश्य है-

(अ) पूरे इन्दौर जिले को खुले में शौच करने से मुक्त बनाने के लिए

(ब) शौच करने से मुक्त बनाने के लिए

(स) पूरे इन्दौर जिले को कचरा और मल मुक्त बनाने के लिए

(द) पूरे होशंगाबाद जिले को कचरा और मल मुक्त बनाने के लिए

व्याख्या- स्वच्छता संग्राम अभियान का उद्देश्य पूरे इन्दौर जिले को खुले में शौच करने से मुक्त बनाने के लिए है।

59. कौन-सी परियोजना सोन नदी के ऊपर विकसित की गई है और यह किस जगह पर है- (जेल प्रहरी 2015)

(अ) बरगी परियोजना, जबलपुर

(ब) राजघाट परियोजना, ललितपुर

(स) बाणसागर परियोजना, शहडोल

(द) हलाली परियोजना, विदिशा

व्याख्या- बाणसागर परियोजना, शहडोल जिले के देवलोद में सोन नदी पर विकसित की गई है। यह उत्तरप्रदेश, बिहार व मध्यप्रदेश की संयुक्त परियोजना है।

60. लाड़ली लक्ष्मी योजना के लाभ- (ग्रुप-2लेब-टेक्नीशियन 2015)

(अ) दो लड़कियो तक सीमित हैं

(ब) तीन लड़कियों तक सीमित हैं

(स) एक लड़कियों तक सीमित है

(द) चार लड़कियों तक सीमित हैं।

व्याख्या- लाड़ली लक्ष्मी योजना का लाभ दो लड़कियों तक सीमित है। यह योजना मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने 2007 में शुरु की।

61. 'गाँव की बेटी' योजना को किसलिए प्रारम्भ किया गया है? (लेब टेक्नीशियन-2014)

(अ) कन्या भ्रूण हत्या को कम करने के लिए

(ब) लिंग अनुपात सुधारने के लिए

(स) लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए

(द) कन्या भ्रूण हत्या को बढ़ाने के लिए

व्याख्या- 'गाँव की बेटी' योजना को लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रारम्भ किया गया।

62. मध्यप्रदेश शासन द्वारा दीन दयाल समर्थ योजना को प्रारम्भ किया गया था- (अन्वेषक परीक्षा 2014)

(अ) 2 जून, 2004 को (स) 2 सितम्बर, 2004 को

(ब) 25 जून, 2004 को (द) 25 सितम्बर, 2004 को

व्याख्या- म.प्र. शासन द्वारा दीन दयाल समर्थ योजना का प्रारम्भ 25 सितम्बर 2004 को किया गया है।

63. 'स्वागत लक्ष्मी योजना' का शुभारंभ म.प्र. सरकार द्वारा कब किया गया?

(अ) जनवरी, 2014 (ब) फरवरी, 2014

(स) अगस्त, 2012 (द) सितंबर, 2013

व्याख्या- प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान में प्रदेश की महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और कल्याण वाली योजना का शुभारंभ जनवरी, 2014 में किया।

53.(ब) 54.(स) 55.(ब) 56.(अ) 57.(ब) 58.(अ) 59.(स) 60.(अ) 61.(स) 62.(द) 63.(अ)

64. 'मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना' कब प्रारंभ की गई?

(अ) 1 जनवरी, 2013 (स) 1 अप्रैल, 2013

(ब) 3 अगस्त, 2012 (द) 24 अप्रैल, 2014

व्याख्या- 1 अप्रैल, 2013 को मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना प्रारंभ की गई जिसके तहत सभी वर्गों के लिए स्वयं का उद्योग स्थापित या व्यवसाय शुरू करने हेतु बैंकों के माध्यम से ऋण प्रदान किया जा रहा है।

65. निम्न में से रोजगार निर्माण बोर्ड का अध्यक्ष कौन है?

(अ) मुख्यमंत्री (ब) योजनामंत्री

(स) राज्यपाल (द) कृषि मंत्री

व्याख्या- रोजगार निर्माण बोर्ड का अध्यक्ष 2004 में मुख्यमंत्री को बनाया गया।

66. किस वर्ष ट्राइसेम योजना प्रारंभ की गई?

(अ) 1976 (ब) 1987

(स) 1979 (द) 1982

व्याख्या- ट्राइमेस योजना वर्ष 1979 में प्रारंभ की गई। इसके तहत गरीबी रेखा के नीचे जीवनयापन करने वाले युवकों हेतु चलाई जा रही है।

67. निम्न में से 'सेटविन योजना' किससे संबंधित है?

(अ) आवास निर्माण (ब) एग्रो क्लिनिक निर्माण

(स) गुमटी निर्माण (द) कोई नहीं

व्याख्या- 'सेटविन योजना' गुमटी निर्माण से संबंधित है। इसके तहत बेरोजगारों से रोजगार उपलब्ध कराना है।

68. निम्न में से 'ग्रेन फॉर ग्रीन' योजना क्या है?

(अ) शैक्षणिक योजना (ब) वानिकी योजना

(स) बीज भंडारण योजना (द) औद्योगिकी योजना

व्याख्या- 'ग्रेन फॉर ग्रीन' योजना; वर्ष 2002 में राज्य के बिगड़े वनों एवं उपजाऊ भूमि की खेती योग्य बनाने हेतु विश्व बैंक की सहायता से एक नई वानिकी योजना शुरू की गई।

69. वर्तमान में म.प्र. के कितने आदिवासी विकासखण्डों को दीनदयाल चलित अस्पताल योजना द्वारा संचालित किया जा रहा है?

(अ) 86 (ब) 89

(स) 39 (द) 11

व्याख्या- दीनदयाल चलित अस्पताल योजना द्वारा वर्तमान में म.प्र. में 86 विकासखण्डों को संचालित किया जा रहा है। योजना का विस्तार प्रदेश के सभी 89 आदिवासी विकासखण्डों में करना है।

70. निम्न में से म.प्र. की बाड़ी योजना किससे संबंधित है?

(अ) बाड़ी नामक बाँध बनाने से

(ब) बाड़ियों के फलदार पौधे लगाने से

(स) बाड़ियों के पुनरुद्धार से

(द) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या- म.प्र. की बाड़ी योजना बाड़ियों के फलदार पौधे लगाने से संबंधित है।

71. किस वर्ष मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना प्रारंभ की गई?

(अ) जुलाई, 2011 (ब) अप्रैल, 2012

(स) जनवरी, 2010 (द) जुलाई, 2013

व्याख्या- मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना का प्रारंभ जुलाई 2011 में किया गया। इस योजना में गरीबी रेखा से नीचे एवं ऊपर जीवनयापन करने वाले परिवारों को 0–13 वर्ष आयु के हृदय रोग से पीड़ित बच्चों के ऑपरेशन व उपचार हेतु राशि उपलब्ध कराई जाती है।

72. म.प्र. के कितने जिले एन.आर.ई.जी.ए. के अंतर्गत शामिल हैं-
(MPPSC Pre-2008)

(अ) सभी जिले (ब) 18 जिले

(स) 31 जिले (द) कोई नहीं

व्याख्या- म.प्र. के सभी जिले एन.आर.ई.जी.ए. के अंतर्गत शामिल हैं।

73. कौनसा शहर स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना का हिस्सा नहीं है-
(आबकारी आरक्षक परीक्षा-2012)

(अ) दिल्ली (ब) मुम्बई

(स) चेन्नई (द) भोपाल

व्याख्या- देश चार महानगरों को स्वर्णिम योजना के अंतर्गत रखा गया है- मुम्बई, कोलकाता, दिल्ली, चेन्नई। परंतु भोपाल को इस योजना के अंतर्गत नहीं रखा गया है।

74. किस वर्ष म.प्र. सरकार ने 'राम रोटी योजना' को प्रारंभ किया?
(Dairy Federation Recruitment Exam- 2016)
(वन रक्षक-2013)

(अ) 2008 (ब) 2009

(स) 2010 (द) 2011

व्याख्या- वर्ष 2010 में सरकार ने 'राम रोटी योजना' प्रारंभ की थी। इसके तहत शहरी गरीबो को भरपेट भोजन मुहैया कराने की शुरूआत की गई।

75. 'निर्मल ग्राम पुरस्कार' किससे संबंधित है?
(State Engineering 2014)

(अ) ग्राम विकास योजना (ब) समग्र स्वच्छता अभियान

(स) गाँव सुधार योजना (द) ग्राम सफाई योजना

व्याख्या- समग्र स्वच्छता अभियान को गति प्रदान करने हेतु सरकार द्वारा 'निर्मल ग्राम पुरस्कार' योजना प्रारंभ की गई। यह पुरस्कार उनको दिया जाता जो जिलें विकासखण्ड/ग्राम पंचायत पूर्ण रूप से शौंच मुक्त हो चुके हैं।

76. आर.जी.एफ. योजना म.प्र. में कब से लागू है।
(Block Development Officer Exam-2016)

(अ) 1999-2000 (ब) 2001-2002

64.(ब) 65.(अ) 66.(स) 67.(स) 68.(ब) 69.(अ) 70.(ब) 71.(अ) 72.(अ) 73.(द) 74.(स) 75.(ब)

(स) 2004-2005 (द) 2006-2007

व्याख्या- यह योजना म.प्र. में वर्ष 2006-2007 से लागू है। इसके तहत भारत शासन द्वारा विकास मद एवं प्रशिक्षण एवं क्षमता विकास मद में राशि का आवंटन किया जाता है।

77. मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम परिषद की साधारण सभा के अध्यक्ष कौन होते हैं? (Block Development Officer Exam-2016)

(अ) प्रमुख सचिव (ब) आयुक्त

(स) विकास आयुक्त (द) मुख्य सचिव

व्याख्या- राज्य का मुख्य सचिव ही मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम परिषद की साधारण सभा के अध्यक्ष होते हैं।

78. म.प्र. में सी.एम. हेल्पलाइन नंबर है? (Koushal Vikas Sanchalanalay Recruitment Exam 2016)
(State Engineering Service (Pre) - 2016)

(अ) 139 (ब) 181

(स) 180 (द) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या- म.प्र. में सी.एम. हेल्पलाइन नं. 181 है। म.प्र. में जनसमस्या निराकरण की दिशा में मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान द्वारा पहल की गई है और 30 Dec, 2014 को यह सेवा शुरू की गई।

79. म.प्र. में मुख्यमंत्री अन्नपूर्णा योजना कब प्रारंभ की गयी?
(State Engineering Service (Pre) Exam 2016)

(अ) जनवरी 2013 (ब) अप्रैल 2008

(स) फरवरी 2014 (द) कोई नहीं

व्याख्या- प्रदेश में अन्नपूर्णा योजना अप्रैल, 2008 में प्रारंभ की गई। इसके तहत गरीबी रेखा के नीचे परिवारों को 3 रुपए किलो गेहूँ एवं 4.50 रुपए किलो चावल उपलब्ध कराने का प्रावधान है।

80. मध्य प्रदेश सरकार ने हाल ही में डिजिटल डाकिया योजना कहाँ से शुरू की है? समग्र सामाजिक 2017

(अ) भोपाल (ब) जबलपुर

(स) रीवा (द) इंदौर

व्याख्या- म. प्र. सरकार ने डिजिटल डाकिया योजना इंदौर से प्रारम्भ की गई है।

81. राज्य द्वारा शुरु की गई आनंदम योजना की शुरुआत किसकी सहायता के लिए की गई है? जेल प्रहरी 2017

(अ) उद्यमियों (ब) एथलीट

(स) विकलांग (द) गरीब

व्याख्या- राज्य द्वारा शुरू की गई आनंदम योजना की शुरुआत गरीब की सहायता के लिए की गई है।

82. मध्यप्रदेश सरकार ने किसके समर्पण में वर्ष 2017 को 'गरीब कल्याण वर्ष' घोषित किया है? जेल प्रहरी 2017

(अ) जयप्रकाश नारायण (ब) जवाहरलाल नेहरू

(स) पंडित दीनदयाल उपाध्याय (द) बी. आर. अंबेडकर

व्याख्या- मध्यप्रदेश सरकार ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के समर्पण में वर्ष 2017 को 'गरीब कल्याण वर्ष' घोषित किया है।

83. निम्नलिखित में से किस राज्य सरकार ने ऑनलाइन नगरपालिका सेवाएँ प्रदान करने के लिए 'ई-नगरपालिका' नाम का ऐप आरम्भ किया है? पुलिस आरक्षक 2017

(अ) उत्तर प्रदेश (ब) गुजरात

(स) दिल्ली (द) मध्य प्रदेश

व्याख्या- मध्यप्रदेश के नगरीय निकायों के माध्यम को जानने जनता को सुविधाएँ दिये जाने के लिए एम. पी. ई. (M. P. E.) नगपालिका सिटीजन पोर्टल तैयार किया गया है।

84. म. प्र. ट्रायफेक निम्न में से किससे सम्बन्धित है? पुलिस आरक्षक 2017


(अ) परिवहन (ब) बुनियादी ढांचे की विकास

(स) निवेश की सुविधा (द) शिक्षा

व्याख्या- निवेश की सुविधा हेतु MPTRIFAC (MP TRADE and INVESTMENT FACILITATION CORP LTD)

* * *

76.(द) 77.(द) 78.(ब) 79.(ब) 80.(द) 81.(द) 82.(स) 83.(द) 84.(स)




# अध्याय– 23

# मध्यप्रदेश में जनसंख्या

**1. सन् 2011 की जनगणना के अनुसार मध्य प्रदेश की साक्षरता दर कितनी है?**

(अ) 52.39% (ब) 69.3%
(स) 63.7% (द) 65.38%

व्याख्या– 2011 की जनगणना के अनुसार मध्यप्रदेश की साक्षरता दर 69.3% रही।

**2. सन् 2011 की जनगणना के अनुसार मध्य प्रदेश की जनसंख्या कितनी है?**

(अ) 59045230 (ब) 60348023
(स) 60208230 (द) 72626809

व्याख्या– 2011 की जनगणना के अनुसार मध्यप्रदेश की जनसंख्या 7,26, 26,809 है।

**3. 2011 की जनगणना के अनुसार, मध्य प्रदेश के पुरुष व महिलाओं का प्रतिशत क्रमश: रहा–**

(अ) 51%:49% (ब) 52.10%: 47.90%
(स) 53.2%:46.98% (द) 51.79%: 48:21%

व्याख्या– 2011 की जनगणना के अनुसार मध्यप्रदेश में पुरुष व महिलाओं का क्रमश: 51.79% व 48.21% रहा।

**4. मध्य प्रदेश के कितने जिलों को 2011 की जनगणना का आधार बनाया गया?**

(अ) 50 (ब) 48
(स) 46 (द) 45

व्याख्या– मध्यप्रदेश के 50 जिलों के आधार पर जनगणना को संपादित किया गया। वर्तमान समय में 52 जिले हैं किन्तु जनगणना के समय 50 जिले थे।

**5. सन् 2011 की जनगणना के अनुसार, मध्य प्रदेश में ग्रामीण एवं शहरी जनसंख्या का प्रतिशत अनुपात क्या रहा?**

(अ) 75.2%:24.98% (ब) 72.4%:27.6%
(स) 73.54%:26.46% (द) 72.90%:27.10%

व्याख्या– मध्यप्रदेश में ग्रामीण एवं शहरी जनसंख्या का 2011 के अनुसार अनुपात 72.4 : 27.6 रहा।

1.(ब) 2.(द) 3.(द) 4.(अ) 5.(ब)

6. सन् 2011 की जनगणना के अनुसार देश की जनसंख्या में मध्य प्रदेश की जनसंख्या का प्रतिशत कितना है?

(अ) 8.27% (ब) 7.22%

(स) 6.88% (द) 6%

व्याख्या- 2011 की जनगणना के अनुसार मध्यप्रदेश की जनसंख्या का देश की जनसंख्या में 6% का योगदान रहा।

7. मध्य प्रदेश का जनसंख्या की दृष्टि से देश में कौन-सा स्थान है?

(अ) पाँचवाँ (ब) छठवाँ

(स) सातवाँ (द) आठवाँ।

व्याख्या- जनसंख्या की दृष्टि से मध्यप्रदेश का देश में छठवाँ स्थान है। किन्तु वर्तमान में तेलंगाना राज्य के गठन के बाद पांचवा स्थान हो गया है।

8. वर्ष 2001 व 2011 में मध्य प्रदेश की दशकीय जनसंख्या वृद्धि दर क्या रही?

(अ) 23.46% (ब) 24.26%

(स) 20.3% (द) 25.21%

व्याख्या- 2011 की जनगणना के आधार पर दशकीय जनसंख्या वृद्धि दर 20.3% रही।

9. मध्य प्रदेश के जनसंख्या की दृष्टि से सर्वाधिक वृद्धि दर करने वाले जिलों का सही क्रम है?

(अ) भोपाल, इन्दौर, सीधी (ब) सीधी, इन्दौर, भोपाल

(स) इन्दौर, झाबुआ, भोपाल (द) इन्दौर, भोपाल, सीधी।

व्याख्या- जनसंख्या की दृष्टि से सर्वाधिक वृद्धि दर वाले राज्य इन्दौर, झाबुआ व भोपाल है।

10. मध्य प्रदेश के सबसे कम जनसंख्या वृद्धि करने वाले जिलों का सही क्रम निर्धारित कीजिए।

(अ) अनूपपुर, बैतूल, छिंदवाड़ा

(ब) मन्दसौर, अनूपपुर, बैतूल

(स) छिंदवाड़ा, बालाघाट, बैतूल

(द) बालाघाट, अनूपपुर, बैतूल

व्याख्या- कम जनसंख्या वृद्धि वाले जिले अनूपपुर, बैतूल एवं छिंदवाड़ा है।

11. मध्य प्रदेश में क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे बड़ा जिला है-

(अ) इन्दौर (ब) छिंदवाड़ा

(स) जबलपुर (द) शहडोल

व्याख्या- मध्यप्रदेश में क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे बड़ा जिला छिंदवाड़ा है।

12. मध्य प्रदेश का जनसंख्या घनत्व कितना है?

(अ) 158 (ब) 177

(स) 236 (द) 196

व्याख्या- 2011 की जनगणना के आधार पर मध्यप्रदेश का जनसंख्या घनत्व 236 है, जो कि पूर्व में 196 व्यक्ति प्रति किमी. था।

13. मध्यप्रदेश के सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व वाले जिलों का सही क्रम बताइये-

(अ) भोपाल, इन्दौर, जबलपुर, ग्वालियर

(ब) इन्दौर, भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर

(स) जबलपुर, इन्दौर, भोपाल, भिण्ड

(द) भोपाल, इन्दौर, ग्वालियर, जबलपुर

व्याख्या- मध्यप्रदेश में सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व वाले जिले भोपाल, इन्दौर, जबलपुर, ग्वालियर है।

14. मध्य प्रदेश के सबसे कम जनसंख्या वृद्धि दर करने वाले जिलों का सही क्रम निर्धारित कीजिए?

(अ) डिण्डोरी, श्योपुर, पन्ना, बैतूल

(ब) श्योपुर, डिण्डोरी, रायसेन, बैतूल

(स) डिण्डोरी, पन्ना, बैतूल, रायसेन

(द) उमरिया, डिण्डोरी, शिवपुरी, पन्ना

व्याख्या- सबसे कम जनसंख्या घनत्व वाले जिले डिण्डोरी, श्योपुर, पन्ना तथा बैतूल है।

15. मध्य प्रदेश का लिंगानुपात क्या है? (2011 की जनगणना के अनुसार)

(अ) 100 : 912 (ब) 1000 : 940

(स) 1000 : 919 (द) 1000 : 931

व्याख्या- 2011 की जनगणना के अनुसार मध्यप्रदेश का लिंगानुपात 1000:931 है, जो कि पूर्व में 919 था।

16. म.प्र. के सर्वाधिक लिंगानुपात जिलों को सही क्रम में रखिए-

(अ) बालाघाट, अलीराजपुर, झाबुआ, डिण्डोरी

(ब) बालाघाट डिण्डोरी, झाबुआ, मण्डला

(स) डिण्डोरी, बालाघाट, मण्डला, अलीराजपुर

(द) बालाघाट, अलीराजपुर, मण्डला, डिण्डोरी

व्याख्या- सर्वाधिक लिंगानुपात वाले जिले क्रमशः बालाघाट (1021), अलीराजपुर, मण्डला, डिण्डोरी तथा झाबुआ है।

17. म.प्र. के किस संभाग का लिंगानुपात सर्वाधिक है?

(अ) इन्दौर (ब) शहडोल

(स) जबलपुर (द) उज्जैन

शहडोल = 96
जबलपुर = 97

व्याख्या- 2011 की जनगणना के अनुसार सर्वाधिक लिंगानुपात वाला संभाग शहडोल है, जबकि पूर्व में जबलपुर था।

18. सबसे कम लिंगानुपात वाले जिले कौन-से हैं?

(अ) भिण्ड, मुरैना, ग्वालियर, दतिया

(ब) मुरैना, भिण्ड, ग्वालियर, दतिया

6.(द) 7.(ब) 8.(स) 9.(स) 10.(अ) 11.(ब) 12.(स) 13.(अ) 14.(अ) 15.(द) 16.(द) 17.(ब) 18.(अ)

(स) ग्वालियर, भिण्ड, दतिया, मुरैना

(द) भिण्ड, ग्वालियर, मुरैना, शिवपुरी

व्याख्या- 2011 की जनगणना के आधार पर सबसे कम लिंगानुपात वाले जिले भिण्ड, मुरैना, ग्वालियर, दतिया तथा शिवपुरी है।

**19. मध्य प्रदेश में पुरुष तथा महिला साक्षरता का प्रतिशत क्या है?**

(अ) 78.7% पुरुष, 59.2% महिला

(ब) 76% पुरुष, 50% महिला

(स) 70% पुरुष, 56% महिला

(द) 72% पुरुष, 53% महिला

व्याख्या- मध्यप्रदेश में 2011 की जनगणना के अनुसार पुरुष एवं महिला साक्षरता दर क्रमश: 78.7% व 59.2% है।

**20. मध्य प्रदेश का सर्वाधिक साक्षर जिला कौन-सा है?**

(अ) इन्दौर (ब) भोपाल

(स) जबलपुर (द) नरसिंहपुर।

व्याख्या- मध्यप्रदेश का सर्वाधिक साक्षर जिला जबलपुर है। 2011 की जनगणना में। (81.1%) साक्षर

**21. मध्य प्रदेश के सबसे कम साक्षरता प्रतिशत वाले जिलों का सही क्रम बताइए-**

(अ) अलीराजपुर, झाबुआ, श्योपुर, धार

(ब) झाबुआ, अलीराजपुर, बड़वानी, श्योपुर

(स) बड़वानी, झाबुआ, अलीराजपुर, धार

(द) अलीराजपुर, झाबुआ, बड़वानी, श्योपुर

व्याख्या- सबसे कम साक्षरता वाले जिले अलीराजपुर, झाबुआ, बड़वानी, श्योपुर है। (2011)

**22. मध्यप्रदेश के सर्वाधिक साक्षर जिला समूह को पहचानिए-**

(अ) जबलपुर, इन्दौर, भोपाल, बालाघाट

(ब) इन्दौर, भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर

(स) भोपाल, इन्दौर, जबलपुर, बालाघाट

(द) बालाघाट, जबलपुर, इन्दौर, भोपाल।

व्याख्या- सर्वाधिक साक्षर जिले जबलपुर, इन्दौर, भोपाल, बालाघाट है।

**23. राज्य में सबसे कम पुरुष साक्षरता वाला जिला है?**

(अ) झाबुआ (ब) बड़वानी

(स) श्योपुर (द) अलीराजपुर।

व्याख्या- म.प्र. का सबसे कम पुरुष साक्षरता वाला जिला अलीराजपुर है। (2011 की जनगणना)

**24. मध्यप्रदेश के सबसे कम महिला साक्षरता का प्रतिशत वाला जिला कौन-सा है?**

(अ) अलीराजपुर (ब) बड़वानी

(स) श्योपुर (द) झाबुआ।

व्याख्या- सबसे कम महिला साक्षरता का जिला अलीराजपुर है। (2011)

**25. राज्य में सर्वाधिक महिला साक्षरता का प्रतिशत वाला जिला समूह कौन-सा है?**

(अ) भोपाल, जबलपुर, इन्दौर, बालाघाट

(ब) इन्दौर, भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर

(स) जबलपुर, भोपाल, इन्दौर, नरसिंहपुर

(द) नरसिंहपुर, जबलपुर, भोपाल, इन्दौर।

व्याख्या- म.प्र. में 2011 की जनगणना के अनुसार सर्वाधिक महिला साक्षरता वाले जिले भोपाल, जबलपुर, इन्दौर व बालाघाट है।

**26. मध्य प्रदेश के सर्वाधिक पुरुष साक्षरता वाले जिला समूह को चुनिए-**

(अ) इन्दौर, नरसिंहपुर, भोपाल, जबलपुर

(ब) इन्दौर, जबलपुर, भोपाल, भिण्ड

(स) भोपाल, इन्दौर, बालाघाट, भिण्ड

(द) जबलपुर, इन्दौर, भोपाल, ग्वालियर।

व्याख्या- 2011 की जनगणना के आधार पर सर्वाधिक पुरुष साक्षरता वाले जिले इन्दौर, जबलपुर, भोपाल व भिण्ड है।

**27. मध्य प्रदेश का सर्वाधिक साक्षरता वाला संभाग कौन-सा है?**

(अ) इन्दौर (ब) नर्मदापुरम्

(स) भोपाल (द) जबलपुर।

व्याख्या- मध्यप्रदेश का सर्वाधिक साक्षरता वाला संभाग 2011 की जनगणना के अनुसार जबलपुर है।

**28. सर्वाधिक जनसंख्या वाला संभाग छाँटिए-**

(अ) जबलपुर (ब) इन्दौर

(स) भोपाल (द) उज्जैन।

व्याख्या- 2011 की जनगणना के अनुसार सर्वाधिक जनससंख्या वाला संभाग इन्दौर है।

**29. सर्वाधिक दशकीय वृद्धि दर वाला संभाग है-**

(अ) सागर (ब) ग्वालियर

(स) चम्बल (द) इन्दौर।

व्याख्या- सर्वाधिक दशकीय वृद्धि दर वाला संभाग इन्दौर है।

**30. मध्य प्रदेश के सर्वाधिक नगरीकृत जिलों का सही क्रम बताइये-**

(अ) भोपाल, इन्दौर, ग्वालियर, जबलपुर

(ब) इन्दौर, भोपाल, उज्जैन, होशंगाबाद

(स) इन्दौर, भोपाल, होशंगाबाद, मुरैना

(द) भोपाल, इन्दौर, होशंगाबाद, ग्वालियर।

19.(अ) 20.(स) 21.(द) 22.(अ) 23.(द) 24.(अ) 25.(अ) 26.(ब) 27.(द) 28.(ब) 29.(द) 30.(अ)

व्याख्या- 2011 की जनगणना के अनुसार सर्वाधिक नगरीकृत जिले भोपाल, इन्दौर, ग्वालियर व जबलपुर है।

**31. सबसे कम नगरीकृत जिला समूह के सही क्रम को छाँटिए-**

(अ) डिण्डोरी, अलीराजपुर, सीधी, झाबुआ
(ब) सीधी, डिण्डोरी, सिवनी, झाबुआ
(स) अलीराजपुर, झाबुआ, डिण्डोरी, सीधी
(द) झाबुआ, अलीराजपुर, डिण्डोरी, सिवनी।

व्याख्या- 2011 की जनगणना के अनुसार सबसे कम नगरीकृत जिले डिण्डोरी, अलीराजपुर, सीधी व झाबुआ है।

**32. प्रदेश के सर्वाधिक जनसंख्या वाले जिलों का सही क्रम दर्शाइए-**

(अ) जबलपुर, इन्दौर, रीवा, सागर
(ब) रीवा, जबलपुर, इन्दौर, सागर
(स) इन्दौर, रीवा, सागर, जबलपुर
(द) इन्दौर, जबलपुर, सागर, भोपाल।

व्याख्या- 2011 की जनगणना के अनुसार सर्वाधिक जनसंख्या वाले जिले इन्दौर, जबलपुर, सागर व भोपाल है।

**33. जनसंख्या की दृष्टि से प्रदेश का सबसे छोटा जिला कौन-सा है?**

(अ) हरदा (ब) उमरिया
(स) श्योपुर (द) डिण्डोरी।

व्याख्या- 2011 की जनगणना के अनुसार मध्यप्रदेश का सबसे छोटा जिला हरदा है। वर्तमान में आगर मालवा।

**34. सबसे कम ग्रामीण जनसंख्या वाला जिला कौन-सा है?**

(अ) इन्दौर (ब) भोपाल
(स) हरदा (द) उज्जैन।

व्याख्या- सबसे कम ग्रामीण जनसंख्या वाला जिला हरदा है।

**35. म.प्र. का देश के महिला साक्षरता में कौन-सा स्थान है?**

(अ) 21वाँ (ब) 24 वाँ
(स) 28 वाँ (द) इनमें से कोई नहीं।

व्याख्या- 2011 की जनगणना के अनुसार मध्यप्रदेश का महिला साक्षरता में देश में **28 वाँ** व पुरुष साक्षरता में **26 वाँ** स्थान है।

**36. प्रदेश का सर्वाधिक ग्रामीण जनसंख्या प्रतिशत वाला जिला कौन-सा है-**

(अ) डिण्डोरी (ब) अलीराजपुर
(स) भोपाल (द) सीधी।

व्याख्या- 2011 की जनगणना के अनुसार मध्यप्रदेश का सर्वाधिक ग्रामीण जनसंख्या प्रतिशत वाला जिला डिण्डोरी है।

**37. मध्यप्रदेश के सर्वाधिक शहरी आबादी वाले जिलों का सही क्रम पहचानिये-**

(अ) इन्दौर, भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर
(ब) भोपाल, जबलपुर, इन्दौर, उज्जैन
(स) जबलपुर, भोपाल, ग्वालियर, इन्दौर
(द) इन्दौर, भोपाल, ग्वालियर, उज्जैन।

व्याख्या- 2011 की जनगणना के अनुसार मध्यप्रदेश के सर्वाधिक शहरी आबादी वाले जिलों में इन्दौर, भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर है।

**38. म.प्र. के सर्वाधिक ग्रामीण आबादी वाले जिलों का सही क्रम बताइये।**

(अ) रीवा, सतना, धार, सागर (ब) छिंदवाड़ा, सागर, धार, रीवा
(स) रीवा, धार, सतना, सागर (द) धार, सतना, रीवा, सागर।

व्याख्या- 2011 की जनगणना के अनुसार सर्वाधिक ग्रामीण आबादी वाले जिले रीवा, धार, सतना व सागर है।

**39. निम्नलिखित में किस नगर निगम क्षेत्र की सर्वाधिक जनसंख्या है-**

(अ) इन्दौर (ब) भोपाल
(स) जबलपुर (द) ग्वालियर

व्याख्या- 2011 की जनगणना के आधार पर मध्यप्रदेश का सर्वाधिक जनसंख्या वाला नगर निगम क्षेत्र इन्दौर है।

**40. वर्ष 2001 से 2011 के मध्य प्रदेश की शहरी आबादी के दशकीय वृद्धि में कितनी प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई-**

(अ) 1.17% (ब) 1.53%
(स) 1.87% (द) 2.1%

व्याख्या- वर्ष 2011 की जनगणना अनुसार प्रदेश की 27.6% आबादी शहरी व दशकीय वृद्धि दर 1.17% रही।

**41. 2011 की जनगणनानुसार मध्यप्रदेश में 0-6 वर्ष आयु समूह का लिंगानुपात कितना है-**

(अ) 1000 : 937 (ब) 1000 : 920
(स) 1000 : 932 (द) 1000 : 918

व्याख्या- 2011 की जनगणना के अनुसार मध्यप्रदेश में 0-6 वर्ष आयु समूह का लिंगानुपात 918 है।

**42. 0-6 वर्ष आयु समूह वाले सर्वाधिक लिंगानुपात वाला जिला कौन-सा है-**

(अ) अलीराजपुर (ब) डिण्डोरी
(स) मण्डला (द) बालाघाट

व्याख्या- 0-6 वर्ष आयु समूह वाला सर्वाधिक लिंगानुपात वाला जिला अलीराजपुर है।

**43. सबसे कम लिंगानुपात- (0-6 वर्ष आयु समूह) वाला जिला कौन-सा है?**

(अ) रीवा (ब) मुरैना

31.(अ) 32.(द) 33.(अ) 34.(स) 35.(स) 36.(अ) 37.(अ) 38.(स) 39.(अ) 40.(अ) 41.(द) 42.(अ) 43.(ब)

(स) भिण्ड (द) ग्वालियर।

व्याख्या- सबसे कम लिंगानुपात वाला जिला मुरैना है। मुरैना (829) ग्वालियर।

44. प्रदेश में 2001 से 2011 के मध्य साक्षरता दर में कितनी प्रतिशत का इजाफा हुआ-

(अ) 6.9% (ब) 5.19% (स) 9.7% (द) 4.5%

व्याख्या- मध्यप्रदेश में 2001 से 2011 के मध्य साक्षरता दर में 6.9% की वृद्धि हुई।

45. म.प्र. से सर्वाधिक एवं न्यूनतम जनघनत्व वाले संभागों का युग्म बताइये-

(अ) भोपाल-शहडोल (ब) इन्दौर-शहडोल

(स) चम्बल-नर्मदापुरम् (द) भोपाल-नर्मदापुरम्।

व्याख्या- 2011 की जनगणना के अनुसार मध्यप्रदेश का सर्वाधिक जनघनत्व वाला संभाग भोपाल (331.8 व्यक्ति/km) है। जबकि शहडोल संभाग सबसे कम जनघनत्व (156 व्यक्ति/km) है।

46. सूची-I को सूची II के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कोड का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए-

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| (अ) म.प्र. का सर्वाधिक जनसंख्या वाला जिला | (1) हरदा |
| (ब) म.प्र. का सबसे कम जनसंख्या वाला जिला | (2) इंदौर |
| (स) सर्वाधिक जनसंख्या वृद्धि वाला जिला | (3) बालाघाट |
| (द) सबसे कम जनसंख्या वृद्धि वाला जिला (2011 की जनसंख्या के अनुसार) | (4) इंदौर |

कूट :

| | (अ) | (ब) | (स) | (द) |
|---|---|---|---|---|
| (अ) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (ब) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (स) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (द) | 4 | 3 | 2 | 1 |

व्याख्या - जनणना 2011 के अनुसार सर्वाधिक जनसंख्या एवं जनसंख्या वृद्धि वाला जिला इन्दौर है। जनसंख्या की दृष्टि से सबसे कम जनसंख्या वाला जिला हरदा तथा कम जनसंख्या वृद्धि वाला जिला बालाघाट है।

47. सुमेलित कीजिए-

| | |
|---|---|
| (अ) सर्वाधिक जनसंख्या वृद्धि वाले जिले | 1. इंदौर, सीधी, भोपाल |
| (ब) सबसे कम जनसंख्या वृद्धि वाले जिले | 2. बालाघाट, डिंडोरी,मंडला |
| (स) सर्वाधिक नगरीय जनसंख्या वाला जिला | 3. डिंडौरी |
| (द) सबसे क्रम नगरीय जनसंख्या वाला जिला | 4. इंदौर |

कूट :

| | (अ) | (ब) | (स) | (द) |
|---|---|---|---|---|
| (अ) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (ब) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (स) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (द) | 3 | 4 | 2 | 1 |

व्याख्या- सर्वाधिक जनसंख्या वृद्धि वाले जिले इन्दौर, भोपाल, सीधी हैं। सर्वाधिक कम वृद्धि वाले जिले- बालाघाट, डिण्डौरी, मण्डला हैं। सर्वाधिक नगरीय जनसंख्या वाला जिला इन्दौर तथा सबसे कम नगरीय जनसंख्या वाला जिला डिन्डौरी है।

48. सुमेलित कीजिए-

| | |
|---|---|
| (अ) जनसंख्या की दृष्टि से सबसे बड़ा संभाग | (1) इंदौर |
| (ब) जनसंख्या की दृष्टि से सबसे छोटा संभाग | (2) नर्मदापुरम् |
| (स) सर्वाधिक जनसंख्या वृद्धि वाला संभाग | (3) इंदौर |
| (द) न्यूनतम जनसंख्या वृद्धि वाला संभाग | (4) जबलपुर |

कूट :

| | (अ) | (ब) | (स) | (द) |
|---|---|---|---|---|
| (अ) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (ब) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (स) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (द) | 4 | 2 | 3 | 1 |

व्याख्या - जनसंख्या की दृष्टि से सबसे बड़ा संभाग इंदौर है, जिसमें आठ जिले हैं एवं सबसे छोटा सम्भाग नर्मदापुरम है जिसमें कुल तीन जिले हैं तथा सर्वाधिक जनसंख्या वृद्धि वाला सम्भाग भी इंदौर है एवं न्यूनतम जनसंख्या वृद्धि वाला सम्भाग जबलपुर है।

49. सुमेलित कीजिए-

| | |
|---|---|
| (अ) म.प्र. का सर्वाधिक साक्षर जिला | 1. भोपाल |
| (ब) म.प्र. का सबसे कम साक्षर जिला | 2. आलीराजपुर |

44.(अ) 45.(अ) 46.(ब) 47.(ब) 48.(अ)

(स) म.प्र. का सर्वाधिक पुरुष साक्षर जिला — 3. जबलपुर

(द) म.प्र. का सर्वाधिक महिला साक्षर जिला — 4. इंदौर

कूट :

| | (अ) | (ब) | (स) | (द) |
|---|---|---|---|---|
| (अ) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (ब) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (स) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (द) | 3 | 2 | 4 | 1 |

**व्याख्या** - म.प्र. का सर्वाधिक साक्षर जिला जबलपुर है जिसकी साक्षरता दर 82.5% है एवं सबसे कम साक्षर जिला अलीराजपुर 37.2% है। सर्वाधिक पुरुष साक्षरता 89.2% इंदौर है एवं सर्वाधिक महिला साक्षरता भोपाल 76.6% है।

**50. सुमेलित कीजिए-**

| | |
|---|---|
| (अ) म.प्र. का सर्वाधिक लिंगानुपात वाला जिला | (1) अलीराजपुर |
| (ब) म.प्र. का सबसे कम लिंगानुपात वाला जिला | (2) बालाघाट |
| (स) म.प्र. का सर्वाधिक साक्षर जिला | (3) भिण्ड |
| (द) म.प्र. का सबसे कम साक्षर जिला | (4) जबलपुर |

कूट :

| | (अ) | (ब) | (स) | (द) |
|---|---|---|---|---|
| (अ) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (ब) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (स) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (द) | 3 | 2 | 4 | 1 |

**व्याख्या** - म.प्र. का सर्वाधिक लिंगानुपात वाला जिला बालाघाट है एवं सबसे कम लिंगानुपात भिण्ड है सर्वाधिक साक्षर जिला जबलपुर एवं सबसे कम साक्षर जिला अलीराजपुर है।

**51. सुमेलित कीजिए**

| | |
|---|---|
| (अ) महात्मा गाँधी ग्रामोदय विश्वविद्यालय | 1. चित्रकूट |
| (ब) डॉ. अंबेडकर सामाजिक विज्ञान संस्थान | 2. महू |
| (स) राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय | 3. भोपाल |
| (द) जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय | 4. जबलपुर |

कूट :

| | (अ) | (ब) | (स) | (द) |
|---|---|---|---|---|
| (अ) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (ब) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (स) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (द) | 4 | 1 | 3 | 2 |

**व्याख्या**- महात्मा गांधी ग्रामोदय विश्वविद्यालय चित्रकूट, डॉ. अंबेडकर सामाजिक विज्ञान संस्थान महू (इन्दौर), राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय भोपाल एवं जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर में स्थित हैं।

**52. सुमेलित कीजिए-**

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| (अ) मुख्यमंत्री कन्यादान योजना | (1) 2006 से |
| (ब) मुख्यमंत्री अन्नपूर्णा योजना | (2) 26 अप्रैल 2008 |
| (स) तेजस्विनी महिला सशक्तीकरण योजना | (3) 5 जून 2006 |
| (द) बलराम ताल योजना | (4) 2007-08 से |

कूट :

| | (अ) | (ब) | (स) | (द) |
|---|---|---|---|---|
| (अ) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (ब) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (स) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (द) | 5 | 3 | 2 | 4 |

**व्याख्या**- (1) मुख्यमंत्री कन्यादान योजना गरीब कन्याओं का नि:शुल्क विवाह करने के लिए म.प्र. में 2006 से लागू है।

(2) मुख्यमंत्री अन्नपूर्णा योजना BPL परिवारों को 3 रु. प्रति किलो गेहूँ एवं 4.50रु. प्रति किलो चावल उपलब्ध कराए जाएंगे। यह 26 अप्रैल 2008 से लागू है।

(3) म.प्र. द्वारा ग्रामीण महिला को मजबूत स्थिति में लाने के लिए 5 जून 2006 को तेजस्विनी ग्रामीण महिला सशक्तीकरण योजना लागू की है।

(4) बलराम ताल योजना सिंचाई की स्थिति को मजबूत बनाने के लिए 2007-08 में लागू की गई है।

**53. मध्यप्रदेश में जननांकिय दर क्या है?**

**(ड्रग इंस्पेक्टर परीक्षा 2012)**

(अ) 20.3 प्रतिशत (ब) 20.6 प्रतिशत
(स) 20.1 प्रतिशत (द) 19.3 प्रतिशत

**व्याख्या**-मध्यप्रदेश की जनसंख्या वृद्धि दर 20.30% है। जबकि भारत की जनसंख्या वृद्धि दर 17.6% है एवं मध्य प्रदेश का जनसंख्या घनत्व 236 प्रति वर्ग कि.मी. है।

49.(द) 50.(स) 51.(अ) 52.(अ) 53.(अ)

54. म.प्र. का सर्वाधिक जनसंख्या वाला जिला कौनसा है?
(पर्यटन विभाग परीक्षा- 2013)
(अ) भोपाल (ब) जबलपुर
(स) इन्दौर (द) ग्वालियर

व्याख्या- मध्य प्रदेश का सर्वाधिक जनसंख्या वाला जिला इन्दौर है, इन्दौर की कुल जनसंख्या 3272335 है।
मध्य प्रदेश का न्यूनतम जनसंख्या वाला जिला हरदा (570302) है।
मध्य प्रदेश की कुल जनसंख्या 7,26,26,809 है। मध्य प्रदेश का जनसंख्या घनत्व 236 प्रति वर्ग किमी. है।

55. निम्नलिखित में से कौन-सा जिला न्यूनतम अनुसूचित जनजाति जनसंख्या वाले तीन जिलों में नहीं है?
(वनरक्षक भर्ती परीक्षा- 2013)
(अ) भिण्ड (ब) दतिया
(स) शाजापुर (द) मण्डला

व्याख्या- मध्य प्रदेश में सर्वाधिक अनुसूचित जनजाति- झाबुआ, अलीराजपुर, मण्डला, बालाघाट, धार आदि जिलो में पायी जाती है जबकि न्यूनतम अनुसूचित जनजाति जनसंख्या वाले जिले भिण्ड, दतिया, शाजापुर है।
सर्वाधिक प्रतिशत में अनुसूचित जाति दतिया जिले में ही है।

56. मध्यप्रदेश के सर्वाधिक साक्षरता वाले पाँच जिलों में यह सम्मिलित नहीं है- (ट्रांस्लेशन सहायक ग्रेड-3 प्रारम्भिक परीक्षा- 2012)
(अ) बालाघाट (ब) भोपाल
(स) जबलपुर (द) धार

व्याख्या- मध्यप्रदेश के सर्वाधिक साक्षरता वाले पाँच जिलों में धार सम्मिलित नहीं है।
म.प्र. में सर्वाधिक साक्षरता वाला जिला जबलपुर (82.5%) है तथा न्यूनतम साक्षरता वाला जिला अलीराजपुर (37.2%) है। सर्वाधिक पुरूष साक्षरता वाला जिला इन्दौर (89.2%) है सर्वाधिक महिला साक्षरता वाला जिला भोपाल (76.6%) है।

57. मध्यप्रदेश की कितने प्रतिशत आबादी गांवों में निवास करती है-
(अ) 58.2% (ब) 71.6%
(स) 75.5% (द) 76.1%

व्याख्या- मध्यप्रदेश की 71.6 प्रतिशत आबादी गाँवों में निवास करती है।

58. नवीनतम अनुमानों के अनुसार मध्यप्रदेश में जीवन प्रत्याशा आयु कितनी है-
(अ) 65 वर्ष (ब) 63.5 वर्ष
(स) 57 वर्ष (द) 61.5 वर्ष

व्याख्या- नवीनतम अनुमानों के अनुसार मध्यप्रदेश राज्य में जीवन प्रत्याशा आयु 57 वर्ष है।

59. मध्यप्रदेश में कार्यशील जनसंख्या कितनी है-
(अ) 48.2% (ब) 43.47%
(स) 38.20% (द) 52.21%

व्याख्या- मध्यप्रदेश की कुल जनसंख्या की 43.47% जनसंख्या कार्यशील जनसंख्या है।

60. निम्नलिखित में से कौन-सी जनजाति 'उड़द की दाल' को शुभ मानती है-
(अ) कोरकू (ब) अगरिया
(स) बैगा (द) भादिया

व्याख्या- लोहे के औजार निर्मित करने वाली अगरिया जनजाति उड़द की दाल को शुभ मानती है एवं इसके प्रमुख देवता लौहासुर जो धधकती आग में निवास करते हैं।

61. मध्यप्रदेश के किस जिले में सबसे न्यूनतम नगरीय जनसंख्या है-
(अ) श्योपुर (ब) दतिया
(स) डिण्डोरी (द) अलीराजपुर

व्याख्या- मध्यप्रदेश का डिण्डोरी जिला सबसे न्यूनतम नगरीय जनसंख्या (4.6%) वाला जिला है।

62. मध्यप्रदेश के कितने शहर मिलियन प्लस (10 लाख से अधिक) आबादी वाले हैं
(अ) 4 (ब) 5
(स) 8 (द) 9

व्याख्या- वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार म.प्र. के चार शहर (1 इन्दौर, 2. भोपाल, 3. जबलपुर, 4. ग्वालियर) है जिनकी आबादी मिलियन प्लस (10 लाख से अधिक) है।

63. अनुसूचित जाति की जनसंख्या का न्यूनतम प्रतिशतता वाला जिला कौन सा हैं?
(डेयरी फेडरेशन 2016)
(अ) डिंडोरी (ब) मंडला
(स) बड़वानी (द) झाबुआ

व्याख्या- जनगणना 2011 के अंतिम आंकड़ों के अनुसार म.प्र. में अनुसूचित जाति की जनसंख्या का न्यूनतम प्रतिशत वाला जिला झाबुआ (1.7%) है।

64. सर्वाधिक नागरीकृत जिला हैं-(2011) (डेयरी फेडरेशन 2016)
(अ) भोपाल (ब) इंदौर
(स) जबलपुर (द) ग्वालियर

व्याख्या- सर्वाधिक नगरीकृत जिला भोपाल (80.9%) है जबकि न्यूनतम नगरीकृत जिला-डिण्डोरी (4.6%) है।

54.(स) 55.(द) 56.(द) 57.(ब) 58.(स) 59.(ब) 60.(ब) 61.(स) 62.(अ) 63.(द) 64.(अ) 65.(अ)

65. म.प्र. के किस जिले की जनसंख्या वृद्धि दर अधिकतम हैं? (2011)
(डेयरी फेडरेशन 2016)

(अ) इंदौर (ब) झाबुआ
(स) भोपाल (द) बड़वानी

व्याख्या- वर्ष 2011 की जनगणना के अंतिम आंकड़ों के अनुसार म.प्र. के इंदौर जिले की जनसंख्या वृद्धि दर अधिकतम (32.9 प्रतिशत) है।

66. म.प्र. में न्यूनतम जनसंख्या घनत्व वाला जिला है-
(डेयरी फेडरेशन 2016)

(अ) डिण्डोरी (ब) श्योपुर
(स) पन्ना (द) मुरैना

व्याख्या- म.प्र. में न्यूनतम जनसंख्या घनत्व वाला जिला डिण्डोरी (94 व्यक्ति/वर्ग कि.मी.) है।

67. 2011 के अनुसार इनमें से मध्यप्रदेश का अधिकतम लिंगानुपात वाला जिला है।
(डेयरी फेडरेशन 2016)

(अ) मण्डला (ब) डिण्डोरी
(स) बालाघाट (द) झाबुआ

व्याख्या- वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार मध्यप्रदेश का अधिकमत लिंगानुपात वाला जिला बालाघाट (1021) है।

68. 2011 के अनुसार मध्यप्रदेश का न्यूनतम लिंगानुपात वाला जिला है-
(डेयरी फेडरेशन 2016)

(अ) दतिया (ब) ग्वालियर
(स) मुरैना (द) भिण्ड

व्याख्या- वर्ष 2011 की जनगणना के अंतिम आंकड़ों के अनुसार मध्यप्रदेश का न्यूनतम लिंगानुपात वाला जिला भिण्ड (837/1000) है।

69. 2011 की जनगणना के अनुसार मध्य प्रदेश की औसत साक्षरता दर थी
(महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016)

(अ) 75.2% (ब) 69.32%
(स) 58.19% (द) 24.33%

व्याख्या- 2011 की जनगणना के अनुसार M.P. की औसत साक्षरता दर 69.32% थी। जिसमें पुरुषों की साक्षरता दर 78.7% और महिलाओं की साक्षरता दर 59.2% है। M.P. का सर्वाधिक साक्षर जिला जबलपुर (81.1%) है।

70. 2011 में मध्य प्रदेश की कुल जनसंख्या थी .......।
(महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016)

(अ) 7.2 करोड़ (ब) 1.3 करोड़
(स) 4.0 करोड़ (द) 3.2 करोड़

व्याख्या- 2011 की जनगणना के अनुसार मध्यप्रदेश की कुल जनसंख्या 7, 26, 26, 809 है। इनमें पुरुषों की संख्या 3,76,12,306 है। भारत की जनसंख्या में MP का 6th स्थान है।

71. भारत की 2011 की जनगणना के अनुसार मध्य प्रदेश में लिंग अनुपात है-
(महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016)

(अ) 931 (ब) 950
(स) 910 (द) 830

व्याख्या- भारत की जनगणना 2011 के अनुसार म.प्र. की कुल जनसंख्या 7,26,26,809 है, जिसमें म.प्र का लिंगानुपात 931 है।


72. मध्यप्रदेश की कुल जनसंख्या में जनजातीय जनसंख्या का प्रतिशत है
(महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016)

(अ) 20.27 (ब) 27.20
(स) 25.27 (द) 23.25

व्याख्या- म.प्र. में देश की सर्वाधिक जनजातीय जनसंख्या निवासरत है जिसमें म.प्र. की कुल जनसंख्या का 20.27% जनजातीय जनसंख्या का भाग है।

***

66.(अ) 67.(स) 68.(द) 69.(ब) 70.(अ) 71.(अ) 72.(अ)




# अध्याय– 24

# मध्यप्रदेश में पंचायती राज

**1. भारत की आत्मा गाँवों में रहती है, यह कथन किसका है-**

(अ) लोकमान्य तिलक  (ब) सुभाषचन्द्र बोस
(स) जवाहरलाल नेहरू  (द) महात्मा गाँधी।

**व्याख्या-** महात्मा गाँधी का विचार था कि असली भारत या भारत की आत्मा गाँवों में रहती है। उनके समूचे चिंतन एवं दर्शन का केन्द्र गाँव ही रहे हैं।

**2. अंग्रेजी शासनकाल में 1882 में किस वायसराय ने स्थानीय स्वायत्त शासन की स्थापना की थी-**

(अ) लॉर्ड रिपन  (ब) लार्ड कैनिंग
(स) लॉर्ड वेलेजली  (द) लॉर्ड डलहौजी।

**व्याख्या-** अंग्रेजी शासनकाल में 1882 में लार्ड रिपन ने स्थानीय स्वायत्त शासन की स्थापना की थी।

**3. राजकीय विकेन्द्रीयकरण आयोग का गठन कब किया गया-**

(अ) 1906  (ब) 1907
(स) 1908  (द) 1909।

**व्याख्या-** ब्रिटिश शासकों ने स्थानीय स्वायत्त संस्थाओं की स्थिति की जाँच कराने व उनके संबंध में आवश्यक सुझाव देने के लिये सन् 1907 में राजकीय विकेन्द्रीकरण आयोग का गठन किया।

**4. लोकतान्त्रिक विकेन्द्रीकरण आयोग का सुझाव दिया-**

(अ) प्रशासनिक सुधार आयोग  (ब) सरकारिया आयोग ने
(स) बलवंतराय मेहता समिति ने  (द) आयंगर आयोग ने।

**व्याख्या-** 1957 में बलवंतराय मेहता की अध्यक्षता में गठित मेहता कमेटी ने प्रजातान्त्रिक विकेन्द्रीकरण अर्थात् पंचायती राज की त्रिस्तरीय पद्धति की सिफारिश की थी।

**5. संविधान के किस अनुच्छेद में भारत में राज्य को ग्राम पंचायतों की स्थापना का निर्देश दिया गया-**

(अ) अनुच्छेद 352  (ब) अनुच्छेद 39
(स) अनुच्छेद 51  (द) अनुच्छेद 40।

**व्याख्या-** भारतीय संविधान के अनुच्छेद 40 में ग्राम पंचायतों की स्थापना का निर्देश दिया गया।

1.(द) 2.(अ) 3.(ब) 4.(स) 5.(द)

6. संविधान की ग्यारहवीं अनुसूची किससे सम्बन्धित है-
(अ) पंचायती राज (ब) नगरीय स्थानीय निकाय
(स) भूमि सुधार (द) उपरोक्त सभी।

व्याख्या- संविधान को ग्यारहवीं अनुसूची पंचायती राज से संबंधित है।

7. सामुदायिक विकास कार्यक्रम कब प्रारम्भ किया गया-
(अ) 2 अगस्त 1952 (ब) 15 अगस्त 1952
(स) 2 अक्टूबर 1952 (द) 10 दिसम्बर 1952

व्याख्या- 2 अक्टूबर 1952 को सामुदायिक विकास कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया, जिसका उद्देश्य सामान्य जनता का विकास प्रणाली से अधिक सम्पर्क स्थापित करना था।

8. अशोक मेहता समिति 1977 में गठित की गई। इसने अपनी रिपोर्ट सरकार को कब सौंपी-
(अ) 1977 (ब) 1978
(स) 1979 (द) 1980

व्याख्या- 1977 में जनता पार्टी की सरकार ने अशोक मेहता की अध्यक्षता में पंचायती राज संस्था की एक समिति गठित की जिसने रिपोर्ट 1978 में दी। इसने पंचायती राज संस्था के संगठन के दो स्तर जिला परिषद् तथा मण्डल पंचायत के गठन की सिफारिश की।

9. मध्यप्रदेश में नगरपालिका की स्थापना कब हुई थी-
(अ) 1864 (ब) 1868
(स) 1870 (द) 1872

व्याख्या- मध्यप्रदेश में नगरपालिका की स्थापना 1864 में जबलपुर में की गई।

10. मध्यप्रदेश में कौन-से त्रिस्तरीय निकाय विद्यमान हैं-
(अ) नगरपालिका निगम (ब) नगरपालिका परिषद्
(स) नगर पंचायत (द) उपरोक्त सभी।

व्याख्या- मध्यप्रदेश में नगर निगम, नगरपालिका एवं नगर पंचायत त्रिस्तरीय निकाय विद्यमान है।

11. पंच, सरपंच का चुनाव किस प्रकार किया जाता है-
(अ) प्रत्यक्ष (ब) अप्रत्यक्ष
(स) अ + ब (द) केवल ब

व्याख्या- पंच, सरपंच का चुनाव प्रत्यक्ष रूप से किया जाता है।

12. राज्य वित्त आयोग का प्रावधान किस अनुच्छेद में है-
(अ) 243 क (ब) 243 झ
(स) 243 ङ (द) 243 च।

व्याख्या- पंचायती राज के सम्बन्ध में पारित 73वें संविधान संशोधन विधेयक अनु. 243 झ में प्रत्येक 5 वर्ष में पंचायतों की आर्थिक स्थिति की समीक्षा करने के लिये एक वित्त आयोग की स्थापना का प्रावधान है।

13. मध्यप्रदेश में कितने नगर निगम हैं-
(अ) 8 (ब) 10
(स) 12 (द) 16

व्याख्या- वर्तमान में मध्यप्रदेश में 16 है जिनमें से मुरैना एवं छिंदवाड़ा वर्ष 2015 में नगर निगम बने है। ( दो नए प्रस्तावित )

14. मध्यप्रदेश में कितनी नगर पालिका हैं-
(अ) 86 (ब) 88
(स) 91 (द) 98

व्याख्या- मध्यप्रदेश में नगरपालिका 108 थी। वर्तमान में छत्तीसगढ़के पृथक हो जाने के कारण म.प्र. में नगरपालिका की संख्या 98 है।

15. मध्यप्रदेश में कितनी ग्राम पंचायतें हैं-
(अ) 23040 (ब) 22032
(स) 21024 (द) 23032

व्याख्या- मध्यप्रदेश में ग्राम पंचायतें 30922 थी। वर्तमान में छत्तीसगढ़के पृथक हो जाने के कारण म.प्र. में ग्राम पंचायतों की संख्या 23040 है।

16. मध्यप्रदेश में कितनी जनपद पंचायतें हैं-
(अ) 310 (ब) 313
(स) 316 (द) 322।

व्याख्या- मध्यप्रदेश में जनपद पंचायतें 459 थी। वर्तमान में छत्तीसगढ़ के पृथक हो जाने के कारण म.प्र. में जनपद पंचायतों की संख्या 313 है।

17. मध्यप्रदेश में कितनी जिला पंचायतें हैं-
(अ) 42 (ब) 43
(स) 51 (द) 61।

व्याख्या- वर्तमान में छत्तीसगढ़के पृथक हो जाने के कारण म.प्र. में जिला पंचायतों की संख्या 52 है।

18. मध्यप्रदेश में मेयर इन काउंसिल प्रणाली सबसे पहले कहाँ लागू की गई-
(अ) देवास (ब) भोपाल
(स) जबलपुर (द) इन्दौर।

व्याख्या- मध्यप्रदेश में मेयर इन काउंसिल प्रणाली सर्वप्रथम इन्दौर में लागू की गई।

19. मध्यप्रदेश विधानसभा में 73वाँ संविधान संशोधन कब पारित किया गया-
(अ) 29 दिसम्बर 1993 (ब) 30 दिसम्बर 1993
(स) 10 दिसम्बर 1993 (द) 1 जनवरी 1994।

व्याख्या- 73वें संविधान संशोधन के अनुरूप 29 दिसम्बर 1993 को म.प्र. में विधानसभा में म.प्र. पंचायत राज विधेयक प्रस्तुत किया गया जिसे 30 दिसम्बर 1993 को विधानसभा ने पारित कर दिया।

6.(अ) 7.(स) 8.(ब) 9.(अ) 10.(द) 11.(अ) 12.(ब) 13.(द) 14.(द) 15.(अ) 16.(ब) 17.(स) 18.(द) 19.(ब)

20. म.प्र. में राज्य वित्त आयोग का गठन कब किया गया-
(अ) जुलाई 1994 (ब) अगस्त 1994
(स) अक्टूबर 1994 (द) दिसम्बर 1994।

व्याख्या- मध्यप्रदेश में वित्त आयोग का गठन जुलाई 1994 में किया गया।

21. 73वें संविधान संशोधन के अन्तर्गत 11वीं अनुसूची में पंचायतों को कितने विषय सौंपे गये हैं-
(अ) 97 (ब) 66
(स) 47 (द) 29।

व्याख्या- 1993 में 73 वें संविधान संशोधन अधिनियम द्वारा संविधान में 11वीं अनुसूची को जोड़कर पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक दर्जा दिया गया है। इसके तहत अनु. 243 झ में 29 विषयों को सम्मिलित कर उनका कार्यभार पंचायतों को सौप दिया गया है।

22. संविधान की 12वीं अनुसूची किससे सम्बन्धित है-
(अ) पंचायती राज (ब) नगरपालिकाएँ
(स) दलबदल (द) आरक्षण।

व्याख्या- संविधान की 12वीं अनुसूची नगरीय निकाय से संबंधित है।

23. 12 अनुसूची में कितने विषय हैं-
(अ) 47 (ब) 29
(स) 18 (द) 10

व्याख्या- 74वें संविधान संशोधन अधिनियम द्वारा संविधान में 12 अनुसूची को जोड़कर नगर निकायों को संवैधानिक दर्जा दिया गया है इसमें 18 विषयों को सम्मिलित कर कार्य नगरीय निकायों को सौपा गया।

24. पंचायती राज की अवधारणा को अधिक विस्तृत रूप देने तथा ग्राम सरकार के विधेयक को कब मंजूरी दी गई-
(अ) 15 जनवरी 2001 (ब) 18 जनवरी 2001
(स) 21 जनवरी 2001 (द) 23 जनवरी 2001।

व्याख्या- पंचायती राज की अवधारणा को अधिक विस्तृत रूप देने के लिए ग्राम सरकार का विधेयक 18 जनवरी 2001 को पारित हो गया तथा 26 जनवरी 2001 को लागू किया गया।

25. म.प्र. में महापौर का निर्वाचन कैसे होता है-
(अ) प्रत्यक्ष (ब) अप्रत्यक्ष
(स) मनोनीत (द) प्रशासनिक सेवा से।

व्याख्या- मध्यप्रदेश में नगर निगम में महापौर के पद की व्यवस्था है। नगर निगम में पहले महापौर का चुनाव अप्रत्यक्ष रूप से होता था किन्तु वर्तमान में प्रत्यक्ष होता है।

26. पंचायतों की आर्थिक स्थिति की समीक्षा करने के लिए कितने वर्ष में वित्त आयोग गठित किया जाता है-
(अ) 3 वर्ष (ब) 4 वर्ष
(स) 5 वर्ष (द) 6 वर्ष।

व्याख्या- 73 वें संविधान संशोधन विधेयक अनुच्छेद 243 झ में प्रत्येक 5 वर्ष में पंचायतों की आर्थिक स्थिति की समीक्षा करने के लिये एक वित्त आयोग की स्थापना का प्रावधान है।

27. पंचायतों में महिलाओं के आरक्षण की सुविधा किस संविधान संशोधन के पश्चात् की गई है-
(अ) 73वें संविधान संशोधन (ब) 63वें संविधान संशोधन
(स) 85वें संविधान संशोधन (द) 86वें संविधान संशोधन।

व्याख्या- देश के इतिहास में पहली बार 73वें संविधान संशोधन अधिनियम के अनुसार समाज के कमजोर वर्गों विशेषकर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व अन्य पिछड़े वर्ग के लोगों तथा महिलाओं को विकास कार्यों में सहभागिता सुनिश्चित करने के लिये, महिलाओं को पंचायती राज संस्थाओं के सभी स्तरों के सभी पदों के लिये एक तिहाई पद आरक्षित किये गये हैं।

28. कितनी आबादी पर एक जनपद पंचायत बनायी जाती है?
(अ) 3,000 (ब) 5,000
(स) 20,000 (द) 50,000

व्याख्या- पंचायती राज अधिनियम के अनुसार 1000 की आबादी पर ग्राम पंचायत, 5000 की आबादी पर जनपद एवं 50,000 की आबादी पर जिला पंचायत के गठन का प्रावधान है।

29. जनपद पंचायत में वार्डों की न्यूनतम तथा अधिकतम संख्या होती है?
(अ) 10 से 20 (ब) 10 से 25
(स) 10 से 35 (द) 10 से 45

व्याख्या- जनपद पंचायतों में वार्डों की न्यूनतम तथा अधिकतम संख्या 10 से 25 है।

30. पंचायतों को कर लगाने का अधिकार दे सकता है-
(अ) राज्यपाल (ब) मुख्यमंत्री
(स) राज्य विधान मण्डल (द) इनमें से कोई नहीं।

व्याख्या- राज्य विधानमंडल अनुच्छेद 243(H) के अनुसार पंचायतों के द्वारा कर लगा सकती है।

31. केवल इसका निर्वाचन राज्य के विवेक पर छोड़ा गया है?
(अ) सरपंच का (ब) जनपद अध्यक्ष
(स) जिला पंचायत अध्यक्ष (द) उपरोक्त सभी का।

व्याख्या- सरपंच की निर्वाचन प्रक्रिया का उत्तरदायित्व संबंधित राज्य सरकार पर होता है।

20.(अ) 21.(द) 22.(ब) 23.(स) 24.(ब) 25.(अ) 26.(स) 27.(अ) 28.(ब) 29.(ब) 30.(स) 31.(अ)

32. मध्य प्रदेश ग्राम स्वराज प्रणाली में प्रतिनिधि इकाई माना गया है?
(अ) ग्राम सभा को (ब) ग्राम पंचायत
(स) जनपद पंचायत (द) इनमें से कोई नहीं।

व्याख्या- मध्यप्रदेश में ग्राम सभा को ग्राम स्वराज प्रणाली में प्रतिनिधि इकाई माना जाता है।

33. मध्य प्रदेश में नगर निगम की स्थापना के लिए सत्य कथनों को चुनिए-
(अ) जनसंख्या 1 लाख से अधिक होना चाहिए
(ब) आय 30 लाख से अधिक हो
(स) (अ) और (ब)
(द) इनमें से कोई नहीं।

व्याख्या- नगर निगम की स्थापना हेतु 1 लाख से अधिक जनसंख्या व 30 लाख से अधिक आय का प्रावधान है।

34. महापौर इस समिति का पदेन अध्यक्ष होता है-
(अ) प्रेसीडेन्ट इन कौंसिल
(ब) मेयर इन कौंसिल
(स) नगर पालिका कार्य समिति
(द) नगर पालिका कोष समिति।

व्याख्या- महापौर मेयर इन काउंसिल का पदेन अध्यक्ष होता है। यह नगर निगम का प्रथम नागरिक होता है।

35. नगर निगम आयुक्त का वेतन किससे दिया जाता है?
(अ) राज्य की संचित निधि से
(ब) राज्य के लोक लेखा से
(स) नगर निगम कोष से
(द) केन्द्र को संचित निधि से।

व्याख्या- नगर निगम आयुक्त नगर निगम का मुख्य प्रशासनिक अधिकारी होता है व इसका वेतन नगर निगम कोष पर भारित होता है।

36. मध्य प्रदेश नगरपालिका के संबंध में असत्य कथन बताइये।
(अ) इसकी स्थापना 20 हजार से अधिक व 1 लाख से कम जनसंख्या पर की जाती है
(ब) इसकी सदस्य संख्या 40 से 70 तक होती है
(स) मध्य प्रदेश में 97 नगर पालिकाएँ हैं।
(द) इसकी मुख्य समिति प्रेसीडेन्ट इन कौंसिल है।

व्याख्या- नगरपालिका की स्थापना हेतु 20 हजार से अधिक एवं 1 लाख से कम जनसंख्या होनी आवश्यक है। इसमें सदस्यों की संख्या 15-40 होती है। इसकी मुख्य समिति प्रेसीडेन्ट इन कौंसिल है।

37. मध्य प्रदेश में ग्रामीण सचिवालय व्यवस्था लागू की गई?
(अ) 2001 (ब) 2002
(स) 2003 (द) 2004

व्याख्या- ग्रामीण समस्याओं के निवारण एवं ग्रामीण विकास हेतु ग्रामीण सचिवालय व्यवस्था की शुरुआत 2004 में की गई।

38. मध्य प्रदेश सरकार का पंचायती राज में नया प्रयोग कलेक्टर के पद को-
(अ) कमजोर बनाता है (ब) शक्तिशाली बनाता है
(स) निष्प्रयोज्य बनाता है (द) नई भूमिका देता है।

व्याख्या- मध्यप्रदेश में पंचायती राज स्थापना के फलस्वरूप कलेक्टर की भूमिका नियामकीय कार्यों के साथ ही विकासात्मक कार्यों की भी हो गई है।

39. म.प्र. के जिला प्रशासन के क्षेत्र में कौन नहीं आता हैं?
(अ) जनस्वास्थ (ब) चुनाव
(स) रेलवे (द) नागरिक आपूर्ति।

व्याख्या- जिला प्रशासन के क्षेत्राधिकार में चुनाव, जनस्वास्थ्य एवं नागरिक आपूर्ति आता है।

40. मध्य प्रदेश में नगरीय सरकार का निम्नलिखित में से कौन-सा कार्य आवश्यकरणीय नहीं है-
(अ) जल आपूर्ति (ब) सफाई
(स) सरकारी आवास (द) फायर ब्रिगेड की व्यवस्था।

व्याख्या- जल आपूर्ति, सफाई, फायर ब्रिगेड की व्यवस्था संबंधी कार्य नगरीय निकायों को सौंपे गये हैं।

41. पंचायत पदाधिकारियों के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की समय सीमा में हाल ही में वृद्धि की गई, यह अब कितनी हो गई हैं?
(अ) 1 वर्ष (ब) 2 वर्ष
(स) 2.5 वर्ष (द) 3 वर्ष।

व्याख्या- मध्यप्रदेश में पंचायत पदाधिकारियों के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की सीमा को बढ़ाकर 2.5 वर्ष कर दिया गया है।

42. म. प्र. सरकार ने कब सुशासन दिवस मनाने की घोषणा की।
(अ) 14 Nov (ब) 5 March
(स) 12 Jan (द) 25 Dec

व्याख्या- मध्यप्रदेश सरकार ने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस के अवसर पर 25 दिसम्बर को सुशासन दिवस मनाया। इस अवसर पर प्रदेश के सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने सुशासन के उच्च मानदण्डों की शपथ ली।

43. सुमेलित कीजिए-

| फसल | जिला |
|---|---|
| A गेहूँ | 1. होशंगाबाद |
| B चावल | 2. नरसिंहपुर |
| C सोयाबीन | 3. खण्डवा |
| D कपास | 4. उज्जैन |

32.(अ) 33.(स) 34.(ब) 35.(स) 36.(अ) 37.(द) 38.(द) 39.(स) 40.(स) 41.(स) 42.(द)

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (अ) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (ब) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (स) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (द) | 2 | 1 | 4 | 3 |

**व्याख्या-**

| | | |
|---|---|---|
| गेहूँ | – | नरसिंहपुर |
| चावल | – | होशंगाबाद |
| सोयाबीन | – | उज्जैन |
| कपास | – | खंडवा |

**44. म. प्र. के स्थापना दिवस की वर्ष 2016 की थीम क्या थी।**

(अ) वन (ब) शिक्षा

(स) जल (द) बेटी

**व्याख्या-** म. प्र. शासन ने अपने स्थापना दिवस 1 नवम्बर 2016 को बेटी बचाओ अभियान के रूप में मनाया गया।

**45. परिवार नियोजन में उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए म. प्र. का कौन-सा जिला पुरस्कृत नहीं हुआ है।**

(अ) बुरहानपुर (ब) डिंडोरी

(स) झाबुआ (द) अलीराजपुर

**व्याख्या-** परिवार नियोजन में उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए बुरहानपुर, डिंडोरी, एवं झाबुआ को पुरस्कृत किया गया है। लेकिन अलीराजपुर को नहीं किया गया।

**46. म. प्र. के किस जिले में ''जीरो बजट'' प्राकृतिक खेती का नया मॉडल प्रस्तुत किया गया है।**

(अ) खरगोन (ब) खण्डवा

(स) बड़वानी (द) बुरहानपुर

**व्याख्या-** म. प्र. के खरगोन में जीरो बजट प्राकृतिक खेती का नया मॉडल प्रस्तुत किया गया। इसके प्रणेता सुभाष पालेकर निवासी अमरावती (महाराष्ट्र) हैं। इस खेती को पूर्ण रूप से देशी गाय के गोबर की खाद से किया गया।

**47. म. प्र. में जिला स्तरीय अंत्योदय मेलों की शृंखला की शुरुआत किस जिले से की गई।**

(अ) सतना (ब) उमरिया

(स) रीवा (द) सीधी

**व्याख्या-** पूरे म. प्र. में जिला स्तरीय अंत्योदय मेलों की शृंखला की शुरुआत रीवा जिले से की गई।

**48. म.प्र. में नवीन पंचायती राज अधिनियम किस वर्ष राज्य विधान सभा द्वारा पारित किया गया।**

(अ) 1993 (ब) 1994 (स) 1995 (द) 1996

**व्याख्या-** म.प्र. विधानसभा में म.प्र. पंचायती राज विधेयक, 1993, 73वें संविधान संशोधन के अनुसार 29 दिसंबर, 1993 को विधान सभा में प्रस्तुत किया गया तथा 30 दिसंबर, 1993 को विधानसभा द्वारा इसे बहुमत से पारित कर दिया।

**49. म.प्र. में ग्राम स्वराज की स्थापना किस वर्ष की गई**

(अ) 1993 (ब) 1995

(स) 2001 (द) 2003

**व्याख्या-** म.प्र. पंचायतीराज अधिनियम में संशोधन कर 26 जनवरी 2001 से ग्राम स्वराज की स्थापना की गई है।

**50. प्रत्यक्ष लोकतंत्र का उदाहरण है-**

(अ) ग्राम पंचायत (ब) ग्राम सभा

(स) जनपद पंचायत (द) जिला पंचायत

**व्याख्या-** ग्राम सभा भारत में प्रत्यक्ष लोकतंत्र का एकमात्र उदाहरण है जिसमें गाँव के समस्त नागरिक जिनकी उम्र 18 वर्ष से अधिक है तथा जिनका मतदाता सूची में नाम है, सम्मिलित होते है। ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत तथा जिला पंचायत प्रतिनिधिक संस्थाएँ है इनमें जनता के चुने हुए प्रतिनिधि सम्मिलित रहते है। जनता प्रत्यक्ष रूप से नहीं।

**51. 73वें संविधान संशोधन का संबंध किससे है**

(अ) पंचायतों से (ब) नगरीय निकायों से

(स) शिक्षा के अधिकार से (द) उपरोक्त में से कोई नहीं

**व्याख्या-** 73वें संविधान संशोधन का संबंध पंचायतों से है जिसके तहत ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत एवं जिला पंचायत के गठन का प्रावधान किया गया है।

**52. किसी ग्राम पंचायत में वार्ड हो सकते हैं-**

(अ) 10 से 20 (ब) 10 से 15

(स) 20 से 40 (द) निश्चित नहीं

**व्याख्या-** ग्राम पंचायत में कम-से-कम 10 वार्ड तथा अधिकतम 20 वार्ड हो सकते है। यह संख्या संबंधित गांव की जनसंख्या के आधार पर निर्धारित होती है।

**53. म.प्र. में स्थानीय निकायों में महिलाओं के कितने प्रतिशत आरक्षण किया गया है**

(अ) 20% (ब) 30%

(स) 40% (द) 50%

**व्याख्या-** प्रारंभ में स्थानीय निकायों में एक तिहाई पद महिलाओं के लिए आरक्षित थे। बाद में संविधान संशोधन कर स्थानीय निकायों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण कर दिया गया है।

**54. जिला पंचायत में वार्डों की संख्या कितनी हो सकती है-**

(अ) 10 से 35 के बीच (ब) 20 से 45 के बीच

(स) 30 से 50 के बीच (द) निश्चित नहीं

43.(द) 44.(द) 45.(द) 46.(अ) 47.(स) 48.(अ) 49.(स) 50.(ब) 51.(अ) 52.(अ) 53.(द) 54.(अ)

व्याख्या- जिला पंचायत में वार्डों की संख्या कम से कम 10 तथा अधिकतम 35 हो सकती है।

55. ग्राम सभा की बैठको की अध्यक्षता कौन करता है।

(अ) सरपंच (ब) पंचायत सचिव

(स) उप-सरपंच (द) गांव का वरिष्ठ नागरिक

व्याख्या- ग्राम सभी की बैठकों की अध्यक्षता ग्राम पंचायत के सरपंच द्वारा की जाती है।

56. म.प्र. में वर्ष में कितनी बार ग्राम सभा की बैठकें न्यूनतम अनिवार्य रूप से की जानी चाहिए।

(अ) एक बार (ब) दो बार

(स) तीन बार (द) चार बार

व्याख्या- म.प्र. में ग्राम सभा की एक वर्ष में न्यूनतम चार बैठकें अनिवार्य है। राज्य में 26 जनवरी, 30 जून 15 अगस्त एवं 2 अक्टूबर को ग्राम सभा की बैठकों को अनिवार्य कर दिया गया है।

57. नवीन पंचायती राज व्यवस्था ( 73वाँ संशोधन ) सर्वप्रथम किस राज्य में लागू किया गया-

(अ) म.प्र. में (ब) बिहार में

(स) आंध्रप्रदेश में (द) कर्नाटक में

व्याख्या- 73वें संविधान संशोधन अधिनियम के तहत सर्वप्रथम म.प्र. में नवीन पंचायती राज की स्थापना 1994 में की गई।

58. आधुनिक भारत में नगरीय प्रशासन का प्रारंभ किस वर्ष से माना जाता है-

(अ) 1687 ई. (ब) 1919 ई.

(स) 1882 ई. (द) 1893 ई.

व्याख्या- आधुनिक भारत में नगरीय प्रशासन को प्रारंभ सन् 1687 से माना जाता है जब मश्वस (चेन्नई) में भारत के पहले नगर निगम की स्थापना की गई।

59. 74वें संविधान संशोधन का संबंध किस से है।

(अ) पंचायतों से (ब) नगरीय निकायों से

(स) सूचना के अधिकार से (द) शिक्षा के अधिकार से

व्याख्या- 74वाँ संविधान संशोधन का संबंध नगरीय निकायों से है। म.प्र. में इसी संशोधन के परिणामस्वरूप 30 दिसंबर1 993 को राज्य विधान सभा में म.प्र. नगरपालिका विधेयक पारित किया गया।

60. निम्नलिखित में से कौन-सा नगरीय निकाय है।

(अ) नगर पालिका निगम (ब) नगर पालिका

(स) नगर पंचायत (द) उपरोक्त सभी

व्याख्या- 74वें संविधान संशोधन द्वारा देश में तीन प्रकार के नगरीय निकायों के गठन का प्रावधान किया गया है जिसके तहत महानगर बड़े नगरों के लिए नगर पालिका निगम, छोटे नगरों के लिए नगरपालिका तथा ऐसे नगर जो गाँव से नगर बनने की प्रक्रिया में है, के लिए नगरपंचायत का गठन किया जाता है।

61. मध्यप्रदेश में पंचायती राज की शासन-पद्धति कैसी हैं? ( SI 2012 )

(अ) ग्राम-स्तर पर स्थानीय स्वशासन का एकल स्तर

(ब) ग्राम तथा ज़िला स्तर पर स्थानीय स्वशासन के दो स्तर

(स) ग्राम, ब्लॉक तथा ज़िला स्तर पर स्थानीय स्वशासन के तीन स्तर

(द) ग्राम, ब्लॉक, जिला तथा राज्य स्तर पर स्थानीय स्वशासन के चार स्तर

व्याख्या- म.प्र. में पंचायती राज की शासन पद्धति ग्राम, ब्लॉक तथा जिला स्तर पर स्थानीय स्वाशासन के तीन स्तर पर आधारित है।

62. 73वें संविधान संशोधन के अन्तर्गत 1993 में पंचायती राज-व्यवस्था लागू करने वाला प्रथम राज्य कौनसा था? ( जेल प्रहरी 2012 )

(अ) राजस्थान (ब) कर्नाटक

(स) गुजरात (द) म.प्र.

व्याख्या- 73वें संविधान संशोधन के अन्तर्गत पंचायती राज व्यवस्था लागू करने वाला देश का प्रथम राज्य मध्यप्रदेश है। जबकि पहली बार पंचायती राज व्यवस्था लागू करने वाला राज्य राजस्थान, जहाँ 2 अक्टूबर 1959 को राजस्थान के नागौर में पण्डित जवाहरलाल नेहरू ने उद्घाटन किया। इसकी सिफारिश बलवंत राय मेहता ने की थी।

63. मध्यप्रदेश राज्य का ग्रामीण पंचायत प्रशिक्षण संस्थान कहाँ पर स्थित है-

(अ) बैतूल (ब) जबलपुर

(स) भोपाल (द) अमरकंटकं

व्याख्या- मध्यप्रदेश राज्य का ग्रामीण पंचायत प्रशिक्षण संस्थान अमरकंटक में स्थापित है जबकि महात्मा गांधी राज्य ग्रामीण विकास संस्थान जबलपुर में स्थापित है।

64. मध्यप्रदेश में पंचायतों को कितने प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया जाता है-

(अ) 33% (ब) 50%

(स) 30% (द) 27%

व्याख्या- मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है जिसने वर्ष 2007 से पंचायतों में 50 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया जा रहा है।

65. अटल किसान महापंचायत कार्यक्रम कब शुरू किया गया? ( डेयरी फेडरेशन 2016 )

(अ) 11th अप्रैल 2012 (ब) 15th जुलाई 2012

(स) 3rd फरवरी 2012 (द) 12th जनवरी 2012

55.(अ) 56.(द) 57.(अ) 58.(अ) 59.(ब) 60.(द) 61.(स) 62.(द) 63.(द) 64.(ब) 65.(ब)

व्याख्या- अटल किसान महापंचायत कार्यक्रम 15 जुलाई, 2012 को शुरू किया गया था।

**66. मध्यप्रदेश में नगरीय प्रशासन का प्रारम्भ किस नगर से हुआ?** **( डेरी फोडरेशन 2016 )**

(अ) इंदौर (ब) भोपाल
(स) जबलपुर (द) रीवा

व्याख्या- मध्यप्रदेश में नगरीय प्रशासन का प्रारंभ सन् 1864 में जबलपुर नगर से हुआ है।

**67. मध्यप्रदेश में सड़कों से जुड़े ग्रामों की संख्या कितनी लगभग है?** **( डेरी फोडरेशन 2016 )**

(अ) 51,000 (ब) 47,000
(स) 49,000 (द) 39,000

व्याख्या- मध्यप्रदेश में सड़कों से जुड़े ग्रामों की संख्या लगभग 49000 है। मध्यप्रदेश में ग्रामों में सड़कों को विकास के लिये वर्ष 2000 से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना क्रियान्वित है। एवं मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना में भी क्रियान्वित है।

**68. उनकी रैंक के अनुसार आरोही क्रम में इन स्थानीय निकायों को व्यवस्थित करें-** **( जेल प्रहरी 2015 )**

(अ) नगर पालिका, नगर निगम, नगर पंचायत
(ब) नगर पंचायत, नगर निगम, नगर पालिका
(स) नगर पंचायत, नगर पालिका, नगर निगम
(द) नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत

व्याख्या- स्थानीय निकायों को बढ़ते क्रम में जमाने पर नगर पंचायत, नगर पालिका तथा नगर निगम आते हैं। वर्तमान में मध्यप्रदेश में नगर निगम 16 व नगर पालिका 98 हैं।


**69. मध्यप्रदेश नगर पालिका अधिनियम, 1994 क्या लागू करने के लिए पारित किया गया था-** **( लेब टेक्नीशियन-2014 )**

(अ) संविधान का 73वां संशोधन
(ब) संविधान का 74वां संशोधन
(स) लड़कियों की शिक्षा को बढ़ाने के लिए संविधान का 72वां संशोधन
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं

व्याख्या- मध्यप्रदेश नगर पालिका अधिनियम, 1994 संविधान का 74वां संशोधन लागू करने के लिए पारित किया गया था।

* * *

66.(स) 67.(स) 68.(स) 69.(ब)




# अध्याय– 25

# मध्यप्रदेश में प्रशासन

1. म.प्र. में सर्वप्रथम राज्य निर्वाचन आयोग का गठन कब किया गया।

(अ) 1993 (ब) 1994
(स) 1995 (द) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या- राज्य में स्थानीय निकायों के चुनाव सम्पन्न कराने के लिए सर्वप्रथम 19 जनवरी, 1994 को म.प्र. राज्य निर्वाचन आयोग का गठन किया गया। इसके प्रथम आयुक्त श्री एन.वी. लोहानी को बनाया गया।

2. 13वीं विधानसभा में मध्यप्रदेश की 231वीं मनोनीत विधायक ''लारेंस बी लोबो'' किस शहर की हैं।

(अ) भोपाल (ब) जबलपुर
(स) रायसेन (द) कटनी

व्याख्या- लारेंस बी लोबो जबलपुर क्षेत्र की हैं, जिनका मनोनयन राज्यपाल द्वारा किया गया है।

3. लोहानी की अध्यक्षता में मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग का गठन कब किया गया-

(अ) 2 अक्टूबर 1994 (ब) 15 अगस्त 1994
(स) 26 जनवरी 1994 (द) 19 जनवरी 1994

व्याख्या- राज्य में 19 जनवरी 1994 में राज्य निर्वाचन आयोग का गठन किया गया, जो नगरीय तथा ग्रामीण निकायों में चुनाव कराता है।

4. 1977 में परिसीमन के पश्चात् म. प्र. में लोकसभा की कितनी सीटें थी?

(अ) 35 (ब) 40
(स) 45 (द) 30

व्याख्या- मध्यप्रदेश में 1977 में परिसीमन के पश्चात् लोकसभा की 40 सीटें थी। विभाजन के बाद 11 सीटें छत्तीसगढ़में चली गई और 29 सीटें म. प्र. में बची।

5. विभाजन के पश्चात् म. प्र. में कुल कितनी सीटें शेष बची?

(अ) 220 (ब) 210
(स) 230 (द) 240

व्याख्या- म. प्र. विभाजन के पश्चात 90 विधानसभा सीटें छत्तीसगढ़में चली गई जिस कारण मध्यप्रदेश में 230 सीटें शेष बची जिनमें 35 सीटें अनुसूचित जाति व 47 अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित थी।

1.(ब) 2.(ब) 3.(द) 4.(ब) 5.(स)

6. मध्यप्रदेश में लोकसभा व विधानसभा चुनाव एक महीने के अंदर कब कराये गये?

(अ) 1969 (ब) 1970

(स) 1955 (द) 1952

व्याख्या- 1969 में मध्यप्रदेश में लोकसभा का चुनाव पहले व उसके एक सप्ताह बाद विधानसभा चुनाव कराये गये।

7. 1977 के लोकसभा चुनाव में जनता पार्टी को कितनी सीटें मिली थी?

(अ) 40 (ब) 39

(स) 35 (द) 30

व्याख्या- 1977 के लोकसभा चुनाव में जनता पार्टी को 40 में से 39 सीटे मिली। कांग्रेस के छिंदवाड़ा से केवल कमलनाथ चुनाव जीते थे।

8. मध्यप्रदेश का कौन सा जिला अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है?

(अ) झाबुआ (ब) बड़वानी

(स) डिंडोरी, अनूपपुर (द) सभी

व्याख्या- म. प्र. के झाबुआ, बड़वानी, डिंडोरी, अनूपपुर जिले के सभी विधानसभा क्षेत्र अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं। म.प्र. में सर्वाधिक जनजाति वाला जिला झाबुआ है।

9. म. प्र. में अनुसूचित जाति के लिए सर्वाधिक आरक्षित सीटें किस जिले में हैं?

(अ) उज्जैन (ब) मुरैना

(स) दतिया (द) उपरोक्त सभी

व्याख्या- मध्यप्रदेश में सर्वाधिक 2-2 अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सीटे उज्जैन, मुरैना व दतिया में हैं। दतिया में सबसे अधिक अनुसूचित जाति का प्रतिशत है।

10. म. प्र. में सबसे अधिक समय तक सांसद रहने वाले व्यक्ति कौन थे?

(अ) सेठ गोविन्द दास (ब) कमलनाथ

(स) जमुनादेवी (द) शंकर दयाल शर्मा

व्याख्या- म. प्र. से सेठ गोविन्द दास 50 वर्षों तक लगातार सांसद रहे जो एक कीर्तिमान है।

11. म. प्र. में लगातार चुनाव जीतने वाली महिला कौन है?

(अ) उमा भारती (ब) सुचेता कृपलानी

(स) सरला ग्रेवाल (द) श्रीमती जमुनादेवी

व्याख्या- मध्यप्रदेश में विपक्ष की प्रथम महिला नेता श्रीमती जमुनादेवी 1952 से लगातार चुनाव जीतती आ रही थीं। 2011 में उनका निधन हो गया।

12. म. प्र. में कौन से व्यक्ति राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, राज्यपाल व सांसद रहे?

(अ) सेठ गोविन्द दास (ब) शंकरदयाल शर्मा

(स) अब्दुल कलाम आजाद (द) पंडित रविशंकर शुक्ल

व्याख्या- डॉ. शंकरदयाल शर्मा 1967 में भोपाल से सांसद बने। वे पंजाब, आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र के राज्यपाल रहे, वे 1987-92 तक उपराष्ट्रपति, 1992- 97 तक राष्ट्रपति रहे।

13. मध्यप्रदेश में कांग्रेस कमेटी का गठन कब किया गया?

(अ) 25 अप्रैल 1958 (ब) 25 अप्रैल 1956

(स) 21 अप्रैल 1957 (द) 21 अप्रैल 1958

व्याख्या- भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की म. प्र. कांग्रेस कमेटी का गठन 21 अप्रैल 1957 को किया गया। कांग्रेस की स्थापना 1885 मे की गई थी।

14. म. प्र. के प्रथम मुख्यमंत्री कौन थे?

(अ) कैलाश जोशी (ब) सुखलाल कुशवाह

(स) वीरेन्द्र कुमार सकलेचा (द) रविशंकर शुक्ल

व्याख्या- म. प्र. के प्रथम मुख्यमंत्री पंडित रविशंकर शुक्ल थे।

15. अविभाजित म. प्र. के बसपा के पहले अध्यक्ष कौन थे?

(अ) श्री दाऊराम रत्नाकर (ब) कांशीराम

(स) श्री बाबूलाल (द) पंडित श्यामजी

व्याख्या- अविभाजित मध्य प्रदेश में प्रथम बसपा अध्यक्ष श्री दाउराम रत्नाकर थे। बसपा की स्थापना कांशीराम द्वारा की गई थी।

16. बसपा का कार्यालय भोपाल में कहाँ पर स्थित है?

(अ) स्वामी दयानंद नगर (ब) एम. पी. नगर

(स) हबीबगंज (द) राजेन्द्र नगर

व्याख्या- बसपा का कार्यालय भोपाल में स्वामी दयानंद नगर में स्थित है। बसपा के वर्तमान अध्यक्ष नर्मदा प्रसाद अहिरवार है।

17. समाजवादी पार्टी के पहले अध्यक्ष कौन थे?

(अ) श्री गुलजार सिंह मरकाम (ब) बहादुर सिंह धाकड़

(स) श्री शंभूनाथ बघेल (द) नारायण त्रिपाठी

व्याख्या- समाजवादी पार्टी के पहले प्रादेशिक अध्यक्ष शंभूनाथ बघेल थे। वर्तमान अध्यक्ष श्री गौरीसिंह यादव हैं।

18. भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रथम अध्यक्ष कौन थे?

(अ) लक्ष्मण खांडेकर (ब) सुखलाल कुशवाह

(स) गुलजार सिंह मरकाम (द) राम लखन शर्मा

व्याख्या- भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का प्रदेश में उद्भव राज्य के निर्माण के साथ हो गया था एवं इसके पहले अध्यक्ष लक्ष्मण खांडेकर थे।

19. मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी का सचिवालय कब स्थापित किया गया?

(अ) 1975 (ब) 1973

(स) 1972 (द) 1978

6.(अ) 7.(ब) 8.(द) 9.(द) 10.(अ) 11.(द) 12.(ब) 13.(स) 14.(द) 15.(अ) 16.(अ) 17.(स) 18.(अ) 19.(द)

व्याख्या- मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी का राज्य सचिवालय प्रदेश में 1978 से कार्यरत है। इसके प्रथम राज्य मंडल के महासचिव श्री मोतीलाल शर्मा थे।

20. मध्य प्रदेश का राजस्व मंडल कहां स्थित है?
(अ) इन्दौर (ब) ग्वालियर
(स) भोपाल (द) जबलपुर

व्याख्या- मध्य प्रदेश का राजस्व मंडल ग्वालियर में स्थित है जबकि भोपाल में वल्लभ भवन और जबलपुर में उच्च न्यायालय स्थित है।

21. मध्य प्रदेश का सचिवालय कहाँ स्थित है?
(अ) भोपाल (ब) इन्दौर
(स) रीवा (द) जबलपुर

व्याख्या- मध्य प्रदेश का सचिवालय वल्लभ भवन भोपाल में है, यहीं से समस्त प्रशासनिक गतिविधियों का संचालन किया जाता है।

22. म.प्र. का निदेशालय कहाँ स्थित है?
(अ) उज्जैन (ब) इन्दौर
(स) ग्वालियर (द) भोपाल

व्याख्या- मध्य प्रदेश का निदेशालय सतपुड़ा एवं विंध्याचल भवन भोपाल में है। यहाँ पर विभिन्न विभागों के निदेशक बैठते हैं।

23. म.प्र. में प्रथम मुख्य न्यायाधीश कौन थे?
(अ) कुंजीलाल दुबे (ब) रविशंकर शुक्ल
(स) श्री दयाशंकर नाथ (द) मो. हिदायतुल्ला

व्याख्या- म. प्र. के प्रथम मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति मो. हिदायतुल्ला थे, जो देश के मुख्य न्यायाधीश, कार्यवाहक राष्ट्रपति तथा उपराष्ट्रपति बने थे।

24. म.प्र. के राज्य योजना मंडल के प्रथम उपाध्यक्ष कौन थे?
(अ) प्रकाशचंद्र सेठी (ब) दयाशंकर नाथ
(स) श्रीराम शर्मा (द) विष्णुनाथ सिंह

व्याख्या- म. प्र. के राज्य योजना मंडल के प्रथम उपाध्यक्ष श्री दयाशंकर नाथ थे। उपाध्यक्ष, अध्यक्ष की योजना निर्माण में सहायता करता है।

25. म. प्र. में सर्वाधिक समय तक राज्यपाल कौन रहे?
(अ) पट्टाभि सीतारमैया (ब) के. सी. रेड्डी
(स) हरिविनायक पाटस्कर (द) रामप्रकाश गुप्ता

व्याख्या- म. प्र. के सर्वाधिक समय तक राज्यपाल के पद पर रहने वाले व्यक्ति हरिविनायक पाटस्कर थे। ये दूसरे क्रम के राज्यपाल थे।

26. म. प्र. में सबसे अधिक समय तक विधानसभा के अध्यक्ष रहे?
(अ) श्री यज्ञदत्त शर्मा (ब) राम किशोर शुक्ल
(स) ब्रजमोहन मिश्र (द) कुंजीलाल दुबे

व्याख्या- म. प्र. में सबसे अधिक समय तक कुंजीलाल दुबे विधानसभा के अध्यक्ष थे। ये म. प्र. के प्रथम विधानसभा के अध्यक्ष थे।

27. म. प्र. में कौन विधानसभा उपाध्यक्ष के पद पर सर्वाधिक समय तक रहे?
(अ) भेरूलाल पाटीदार (ब) प्यारेलाल कंवर
(स) कन्हैयालाल यादव (द) हजारीलाल रघुवंशी

व्याख्या- म. प्र. विधानसभा के उपाध्यक्ष श्री भेरूलाल पाटीदार सर्वाधिक समय तक थे। वे म. प्र. के 11वें विधानसभा उपाध्यक्ष थे।

28. प्रशासनिक दृष्टि से सर्वोच्च मुख्य पद कौन-सा है?
(अ) मुख्यमंत्री (ब) राज्यपाल
(स) जिलाधीश (द) मुख्य सचिव

व्याख्या- राज्य में कार्यरत लोक सेवकों में प्रशासनिक दृष्टि से सर्वोच्च पद मुख्य सचिव का होता है। यह राज्य का प्रशासनिक प्रमुख होता है।

29. मुख्य सचिव का चयन कौन करता है?
(अ) राज्यपाल (ब) मुख्यमंत्री
(स) विधानसभा अध्यक्ष (द) न्यायाधीश

व्याख्या- मुख्य सचिव का चयन मुख्यमंत्री के द्वारा भारतीय प्रशासनिक सेवाओं के सुपर टाइम स्केल प्राप्त अधिकारियों में से किया जाता है। मुख्य सचिव प्रशासनिक प्रमुख होता है।

30. जिलाधीश किस रूप में कार्य करता है?
(अ) प्रशासनिक अधिकारी
(ब) राजस्व अधिकारी
(स) दण्डाधिकारी, जिला विकास अधिकारी
(द) उपरोक्त सभी

व्याख्या- म. प्र. में जिलाधीश प्रशासनिक अधिकारी, राजस्व अधिकारी, जिला दण्डाधिकारी एवं जिला विकास अधिकारी के रूप में कार्य करता है।

31. मानव अधिकार आयोग के प्रथम अध्यक्ष कौन थे?
(अ) P.V. दीक्षित (ब) प्रकाशचंद्र सेठी
(स) D. M. धर्माधिकारी (द) P.V. नावलेकर

व्याख्या- म. प्र. मानव अधिकार आयोग के प्रथम अध्यक्ष D.M. धर्माधिकारी थे। इसका गठन 1995 में भोपाल में किया गया था।

32. म. प्र. मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष व सदस्य की नियुक्ति कौन करता है?
(अ) राज्यपाल (ब) मुख्यमंत्री
(स) मुख्य न्यायाधीश (द) विधानसभा अध्यक्ष

व्याख्या- म प्र. मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष व सदस्य की नियुक्ति राज्यपाल द्वारा की जाती है। इसमें 1 अध्यक्ष व 4 सदस्य होते हैं।

33. म.प्र. में उच्च न्यायालय की प्रथम महिला न्यायाधीश कौन थी?
(अ) सरला ग्रेवाल (ब) श्रीमती आशा गोपालन
(स) श्रीमती सरोजनी सक्सेना (द) फातिमा बीबी

20.(ब) 21.(अ) 22.(द) 23.(द) 24.(ब) 25.(स) 26.(द) 27.(अ) 28.(द) 29.(ब) 30.(द) 31.(स) 32.(अ) 33.(स)

व्याख्या- म. प्र. में उच्च न्यायालय की प्रथम महिला न्यायाधीश श्रीमती सरोजनी सक्सेना थीं।

**34. लोकायुक्त की स्थापना की सिफारिश किस आयोग द्वारा की गई?**

(अ) प्रथम प्रशासनिक सुधार आयोग
(ब) द्वितीय प्रशासनिक सुधार आयोग
(स) मानव अधिकार आयोग
(द) संविधान समीक्षा आयोग

व्याख्या- 1969 में गठित प्रथम प्रशासनिक सुधार आयोग ने यह सिफारिश की थी कि भ्रष्टाचार निवारक संस्था के रूप में केन्द्र में लोकपाल व राज्यों में लोकायुक्त की स्थापना की जाए।

**35. म. प्र. के प्रथम लोकायुक्त कौन थे?**

(अ) पी. वी. नावलेकर (ब) P.V. दीक्षित
(स) प्रकाशचंद्र सेठी (द) सवाई सिंह सिसौदिया

व्याख्या- म. प्र. के प्रथम लोकायुक्त PV. दीक्षित थे। लोकायुक्त भ्रष्टाचार निवारण की एक प्रमुख एजेंसी है।

**36. लोकायुक्त का वेतन, भत्ता एवं सेवा शर्ते किसके समान होती हैं?**

(अ) उच्चतम न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश
(ब) उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश
(स) उच्चतम न्यायालय के अन्य न्यायाधीश
(द) उच्च न्यायालय के अन्य न्यायाधीश

व्याख्या- लोकायुक्त का वेतन, भत्ता एवं अन्य सेवा शर्ते उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के समान होती हैं।

**37. लोकायुक्त अपना प्रतिवेदन किसे देता है?**

(अ) विधानसभा अध्यक्ष (ब) मुख्यमंत्री
(स) राज्यपाल (द) संसद

व्याख्या- लोकायुक्त अपना जाँच संबंधी प्रतिवेदन राज्यपाल को देता है। राज्यपाल उस प्रतिवेदन को विधानसभा में रखवाता है।

**38. मुख्यमंत्री को लोकायुक्त के दायरे में कब लाया गया है।**

(अ) 1981 (ब) 1980
(स) 1985 (द) 1982

व्याख्या- 1982 में मुख्यमंत्री को लोकायुक्त के दायरे में लाया गया। अब लोकायुक्त मुख्यमंत्री द्वारा की गई कार्यवाहियों की जाँच कर सकता है।

**39. वित्त आयोग का गठन म. प्र. में कब किया गया?**

(अ) 1992 (ब) 1993
(स) 1994 (द) 1995

व्याख्या- म. प्र. में वित्त आयोग का गठन 17 जून 1994 को किया गया। वित्त आयोग एक संवैधानिक संस्था है जिसका उल्लेख संविधान के अनुच्छेद 280 में किया गया है।

**40. म.प्र. वित्त आयोग के प्रथम अध्यक्ष कौन थे?**

(अ) शीतला सहाय (ब) डॉ. सवाई सिंह सिसौदिया
(स) विजय एल. केलकर (द) रंगराजन

व्याख्या- म.प्र. वित्त आयोग के प्रथम अध्यक्ष डॉ. सवाई सिंह सिसौदिया थे।

**41. वित्त आयोग का क्या कार्य होता है?**

(अ) राज्य शासन तथा नगरीय शासन के मध्य करों का बँटवारा
(ब) राज्यपाल को वित्त संबंधी सलाह प्रदान करना।
(स) उपरोक्त में से कोई नहीं
(द) अ, ब दोनों

व्याख्या- वित्त आयोग राज्य शासन एवं नगरीय तथा ग्रामीण शासन के मध्य करों का बँटवारा करता है तथा राज्यपाल को वित्त संबंधी सलाह प्रदान करता है।

**42. म.प्र. पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन कब किया गया?**

(अ) 1996 (ब) 1995
(स) 1992 (द) 1993

व्याख्या- म. प्र. पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन 1993 में किया गया परंतु वैधानिक स्वरूप 1996 में प्रदान किया गया।

**43. म. प्र. और छत्तीसगढ़में शासकीय सेवकों के विभाजन के लिए किस समिति का गठन किया गया।**

(अ) कृष्णराव समिति (ब) लोहानी समिति
(स) संथानम समिति (द) थुंगन समिति

व्याख्या- म. प्र. और छत्तीसगढ़ में शासकीय सेवकों के विभाजन के लिए लोहानी समिति का गठन किया गया। इस समिति की अनुशंसा पर ही सेवकों का विभाजन किया गया था।

**44. म.प्र. में दस्यु सुंदरी के रूप में प्रख्यात महिला कौन थी?**

(अ) जमुनादेवी (ब) कमलादेवी
(स) फूलनदेवी (द) समादेवी

व्याख्या- म.प्र. में तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री अर्जुनसिंह के समक्ष कई शर्तों के साथ चम्बल की एक बीहड़ महिला फूलनदेवी ने आत्म-समर्पण किया था।

**45. सुमेलित कीजिए-**

(अ) सरपंच — (1) अप्रत्यक्ष चुनाव
(ब) महापौर — (2) प्रत्यक्ष चुनाव
(स) उपसरपंच — (3) म.प्र. सरकार द्वारा नियुक्त
(द) पंचायत सचिव — (4) प्रत्यक्ष चुनाव

कूट :

| | (अ) | (ब) | (स) | (द) |
|---|---|---|---|---|
| (अ) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (ब) | 4 | 3 | 2 | 1 |

34.(अ) 35.(ब) 36.(ब) 37.(स) 38.(द) 39.(स) 40.(ब) 41.(द) 42.(द) 43.(ब) 44.(स)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (स) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (द) | 4 | 2 | 3 | 1 |

व्याख्या -सरपंच का चुनाव प्रत्यक्ष एवं उपसरपंच अप्रत्यक्ष रूप से चुना जाता है। महापौर का चुनाव प्रत्यक्ष और पंचायत सचिव म.प्र. सरकार द्वारा नियुक्त किया जाता है।

46. सुमेलित कीजिए-

(अ) एक जिला पंचायत में (1) 10 से 35 वार्ड

(ब) एक जनपद पंचायत में (2) 10 से 20 वार्ड

(स) एक ग्राम पंचायत में (3) 10 से 25 वार्ड

(द) एक नगर पालिका में (4) 15 से 40 वार्ड

कूट :

| | (अ) | (ब) | (स) | (द) |
|---|---|---|---|---|
| (अ) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (ब) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (स) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (द) | 3 | 1 | 4 | 2 |

व्याख्या - एक जिला पंचायत का गठन 1 से 35 वार्ड होना, एक जनपद पंचायत का गठन 1 से 25 वार्ड होना

एक ग्राम पंचायत से 1 से 20 वार्ड तक तथा एक नगर पालिका में 15 से 40 वार्ड होना आवश्यक हैं।

यह 73वें संविधान संशोधन के प्रावधान हैं।

47. म.प्र. राज्य की कार्यपालिका शक्ति निहित है-

(अ) मुख्यमंत्री में (ब) राज्यपाल में

(स) विधानसभा में (द) मुख्यन्यायाधीश में

व्याख्या- भारत में केन्द्र एवं राज्य दोनों स्तरों पर वास्तविक एवं संवैधानिक कार्यपालिका शक्तियों के अर्थ अलग-अलग है। राज्य की कार्यपालिका शक्ति संवैधानिक रूप से राज्यपाल में निहित है किन्तु वास्तव में इन शक्तियों का प्रयोग राज्य मंत्रिपरिषद करती है जिसका प्रधान मुख्यमंत्री होता है।

48. म.प्र. का विधान मण्डल किससे मिल कर बना है-

(अ) राज्यपाल एवं विधानसभा

(ब) राज्यपाल एवं विधान परिषद

(स) विधान सभा एवं विधान परिषद

(द) केवल विधान सभा से

व्याख्या- म.प्र. राज्य विधान मण्डल राज्य के राज्यपाल एवं राज्य विधान सभा से मिलकर बना है राज्य का विधान मण्डल एक सदनीय है अर्थात इसमें केवल विधान सभा है म.प्र. में विधान परिषद का गठन नहीं किया गया है। यद्यपि राज्य विधानसभा द्वारा विधान परिषद की स्थापना का प्रस्ताव पारित किया था किन्तु उसे भारत की संसद की स्वीकृति नहीं मिलने के कारण राज्य को विधान परिषद अस्तित्व में नहीं है।

49. म.प्र. विधान सभा में प्रथम नेता प्रतिपक्ष का पद किसे मिला-

(अ) श्री वीरेन्द्र कुमार सकलेचा

(ब) श्री चन्द्रप्रताप तिवारी

(स) श्री विश्वनाथ यादव तामस्कर

(द) श्री वंसत सदाशिव प्रधान

व्याख्या- म.प्र. में विपक्ष के नेता का दर्जा सर्वप्रथम श्री विश्वनाथ यादव राव तामस्कर को प्राप्त हुआ, प्रथम विधान सभा में वह 1956-57 की अवधि में नेता प्रतिपक्ष रहे। इस समय राज्य में कांग्रेस का शासन था। नेता प्रतिपक्ष को राज्य के मंत्री के बराबर दर्जा, वेतन और सुविधाएं प्रदान की जाती है।

50. म.प्र. विधान सभा के प्रथम उपाध्यक्ष बने-

(अ) श्री तेजलाल टेभरें (ब) श्री काशीप्रसाद पांडे

(स) श्री श्यामाचरण शुक्ल (द) श्री विष्णु विनायक सरवटे

व्याख्या- म.प्र. की पहली विधान सभा का गठन 1956 में हुआ जिसके अध्यक्ष पं. कुंजीलाल दुबे एवं उपाध्यक्ष श्री विष्णु विनायक सरवटे बने।

51. म.प्र. के प्रथम राज्यपाल थे-

(अ) श्री बी.पट्टाभि सीतारम्मैया

(ब) श्री हरि विनायक पाटस्कर

(स) श्री के.सी. रेड्डी

(द) श्री सत्यनारायण सिन्हा

व्याख्या- म.प्र. के प्रथम राज्यपाल के रूप में श्री बी.पट्टाभि सीतारम्मैया को नियुक्त किया गया उनका कार्यकाल 01 नवंबर 1956 से 13 जून 1957 तक रहा।

52. म.प्र. के राज्यपाल की नियुक्ति कौन करता है।

(अ) मुख्यमंत्री (ब) प्रधानमंत्री

(स) राष्ट्रपति (द) संसद

व्याख्या- म.प्र. के राज्यपाल की नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति द्वारा की जाती है। वह राष्ट्रपति के प्रसाद पर्यंत अपने पद पर कार्यरत रहता है। सामान्यत: राज्यपाल का कार्यकाल 5 वर्ष होता है।

53. राज्य विधान सभा की बैठक की अध्यक्षता व कार्यवाही संचालन किया जाता है-

(अ) मुख्यमंत्री द्वारा (ब) राज्यपाल द्वारा

(स) विधानसभा अध्यक्ष द्वारा (द) मुख्य न्यायाधीश द्वारा।

व्याख्या- राज्य विधान सभा की बैठकों की अध्यक्षता एवं कार्य संचालन विधान सभा अध्यक्ष (स्पीकर) द्वारा की जाती है उसकी अनुपस्थिति में विधानसभा उपाध्यक्ष या किसी अन्य वरिष्ठ सदस्य द्वारा की जाती है जिसे इस कार्य हेतु नियुक्त किया गया हो।

54. सदन का नेता कौन होता है

(अ) मुख्यमंत्री (ब) नेता प्रतिपक्ष

(स) संसदीय कार्य मंत्री (द) विधानसभा अध्यक्ष (स्पीकर)

45.(स) 46.(स) 47.(ब) 48.(अ) 49.(स) 50.(द) 51.(अ) 52.(स) 53.(स) 54.(अ)

व्याख्या- सामान्यत: विधानसभा में सबसे बड़े दल का नेता ही सदन का नेता होता है। वही मुख्यमंत्री भी होता है। लेकिन चतुर्थ विधानसभा में 1967 में संविद सरकार के दौरान श्री विजयाराजे सिंधिया सदन की नेता थी जबकि राज्य के मुख्यमंत्री श्री गोविन्द नारायण सिंह थे। ऐसी स्थितियाँ विरले ही होती हैं।

55. म.प्र. विधानसभा जिसे 'इंदिरा गाँधी विधानसभा भवन' कहते है की डिजाइन किसने बनाई-

(अ) चार्ल्स कोरिया (ब) डी.बी.पुरे
(स) रमन बाड़ा (द) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या- इंदिरा गांधी विधानसभा भवन की डिजाइन विख्यात वास्तुविद चार्ल्स कोरिया ने तैयार किया। चार्ल्स कोरिया ने ही भोपाल स्थिति भारत भवन का डिजाइन तैयार किया है।

56. म.प्र. विधान सभा में कुल 230 निर्वाचित सदस्यों में से कितने सदस्य अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है।

(अ) 148 (ब) 47
(स) 35 (द) 49

व्याख्या- म.प्र. विधानसभा में कुल 230 सदस्यों का निर्वाचन जनता द्वारा प्रत्यक्ष मतदान के द्वारा होता है इनमें से 35 सदस्य अनुसूचित जाति के लिए, 47 सदस्य अनुसूचित जनजाति के लिए तथा शेष 148 सदस्य सामान्य वर्ग के सदस्यों से भरे जाते है। एक सदस्य जो एंग्लो इंडियन समुदाय से होता है, वो राज्यपाल द्वारा नामांकित किया जाता है।

57. वर्तमान में म.प्र. के कितने मुख्यमंत्री/पूर्व मुख्यमंत्री हमारे बीच है-

(अ) 5 (ब) 7
(स) 3 (द) 6

व्याख्या- वर्तमान में म.प्र. के सात मुख्यमंत्री हमारे साथ है- श्री कैलाश जोशी, श्री सुंदरलाल पटवा, श्री मोतीलाल वोरा, श्री दिग्विजय सिंह, सुश्री उमा भारती, श्री बाबूलाल गौर, श्री शिवराज सिंह चौहान।

58. म.प्र. में लगातार तीन बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण करने वाले मुख्यमंत्री है।

(अ) श्री अर्जुन सिंह (ब) श्री सुंदरलाल पटवा
(स) श्री शिवराजसिंह चौहान (द) श्री दिग्विजय सिंह।

व्याख्या- राज्य में मुख्यमंत्री के रूप में लगातार तीन बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण करने वाले वर्तमान मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान है जो 12वीं 13वीं एवं 14वीं विधानसभा के दौरान मुख्यमंत्री बने है वह 29 नवंबर 2005 से नवम्बर 2018 तक राज्य के मुख्यमंत्री थे।

59. अब तक म.प्र. में कितनी बार संयुक्त सरकार बनी है

(अ) एक बार (ब) दो बार
(स) चार बार (द) उपरोक्त में से कोई नहीं

व्याख्या- म.प्र. में 1957 से अब तक केवल दो ही दलों ने सरकार बनाई है कांग्रेस वं भाजपा ने दोनों ही दलों की सरकारें पूर्ण बहुमत में बनी। 1977, 1990, 2003, 2008 एवं 2013 में भाजपा (पूर्व में जनसंघ) की पूर्ण बहुत में सरकार बनी वही शेष चुनावों में कांग्रेस को पूर्ण बहुमत प्राप्त हुआ और सरकारें बनी। अत: म.प्र. में वर्ष 2018 में कांग्रेस सरकार ने संयुक्त सरकार का गठन किया है।।

60. वर्ष 2013 में सम्पन्न चुनाव के द्वारा म.प्र. में कौनसी विधानसभा का गठन हुआ।

(अ) 12वीं (ब) 13वीं
(स) 14वीं (द) 15वीं

व्याख्या- 2013 में म.प्र. विधान के चुनावों द्वारा राज्य की 14वीं विधानसभा का गठन किया गया। प्रथम बार म.प्र. विधानसभा का चुनाव म.प्र. के गठन के पूर्व हो गया था किन्तु 1.11.1956 को राज्य के गठन के समय से विधान सभा को प्रथम विधान सभा माना जाता है। इसके बाद, 1957, 1962, 1967, 1972, 1977, 1980, 1985, 1990, 1993, 1998, 2003, 2008 एवं 2013 में विधानसभा चुनाव सम्पन्न हुए।

61. अब तक कितनी बार म.प्र. में राष्ट्रपति शासन लागू किया जा चुका है।

(अ) एक बार (ब) दो बार
(स) तीन बार (द) एक भी बार नहीं

व्याख्या- अभी तक म.प्र. में तीन बार राष्ट्रपति शासन लागू किया जा चुका है जो क्रमश प्रथम बार अप्रैल 1977 से जून 1977 द्वितीय बार फरवरी 1980 से जून 1980 तृतीय बार दिसंबर 1992 से दिसंबर 1993 तक

62. निम्नलिखित में से किस राजनीतिक दल ने म.प्र. विधानसभा चुनाव में कभी चुनाव नहीं लड़ा है

(अ) हिन्दू महासभा (ब) शिवसेना
(स) भारतीय कम्यूनिष्ट पार्टी (द) प्रजा समाज

व्याख्या- म.प्र. विधानसभा चुनावों में शिवसेना ने कभी भाग नहीं लिया, शिवसेना महाराष्ट्र का एक क्षेत्रीय दल है जबकि हिन्दू महासभा, प्रजा समाज एवं भाजपा ने म.प्र. विधान के विभिन्न चुनावों में अपने प्रत्याक्षी खड़े किये हैं तथा इनमें दलों के प्रत्याशी सदन में चुनाव जीतकर पहुँचे भी हैं।

63. जब फूलनदेवी ने आत्मसमर्पण किया, तब मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री कौन थे? (SI 2011)

(अ) मोतीलाल वोरा (ब) दिग्विजय सिंह
(स) श्यामचरण शुक्ल (द) अर्जुन सिंह

व्याख्या- 1980 से 1985 तक म.प्र. के मुख्यमंत्री रहे अर्जुनसिंह के कार्यकाल में चम्बल की डाकू फूलनदेवी ने आत्मसमर्पण किया।

64. निम्न में से कौन मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री नहीं रहे हैं? (चतुर्थ श्रेणी परीक्षा 2012)

(अ) मोतीलाल वोरा (ब) भगवन्त राव मंडलोई

55.(अ) 56.(ब) 57.(ब) 58.(स) 59.(द) 60.(स) 61.(स) 62.(ब) 63.(द)

(स) कैलाश चन्द्र जोशी (द) कुंजीलाल दुबे

व्याख्या- म.प्र. के पहले विधानसभा अध्यक्ष पं. कुंजीलाल दुबे थे। इनको म.प्र. के विधि पुरुष के रूप में भी जाना जाता है। इनका कार्यकाल 1.11.1956 से 07.03.1967 तक रहा।

65. मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की खण्डपीठ कहाँ-कहाँ स्थित है?
( ड्रग इंस्पेक्टर परीक्षा 2012 )
(अ) इन्दौर एवं भोपाल (ब) इन्दौर एवं ग्वालियर
(स) भोपाल एवं ग्वालियर (द) इन्दौर, भोपाल एवं ग्वालियर

व्याख्या- मध्यप्रदेश का उच्च न्यायालय जबलपुर में स्थित है । उच्च न्यायालय की खण्डपीठ इन्दौर व ग्वालियर में स्थित हैं।

66. निम्न में से 1964 में मध्यप्रदेश का मुख्यमंत्री कौन था?
( ड्रग इंस्पेक्टर परीक्षा 2012 )
(अ) उमा भारती (ब) द्वारिका प्रसाद मिश्र
(स) दिग्विजय सिंह (द) बाबूलाल गौर

व्याख्या- द्वारिका प्रसाद मिश्र का मुख्यमन्त्री के रूप में कार्यकाल 30 अक्टूबर 1963 से 29 जुलाई, 1967 तक रहा। म.प्र. के प्रथम मुख्यमन्त्री पं. रविशंकर शुक्ल थे तथा प्रथम महिला मुख्यमन्त्री सुश्री उमा भारती हैं।

67. निम्न में से कौन मध्य प्रदेश के राज्यपाल के रूप में सेवारत रहे हैं?
( पर्यटन विभाग ( सहायक ग्रेड-3 ), 2013 )
(अ) तैयब अली खाँ (ब) अमीनुद्दीन खाँ
(स) बरकत उल्ला खाँ (द) कुँवर महमूद अली खाँ

व्याख्या- मध्य प्रदेश के प्रथम राज्यपाल डॉ. पट्टाभिसीता रमैया थे एवं पहली महिला राज्यपाल श्रीमती सरला ग्रेवाल है।
कुंवर महमूद अली खाँ मध्य प्रदेश के 18 वें राज्यपाल के रूप में सेवारत रहे हैं।

68. निम्न में से कौन-से मुख्यमन्त्री एक बार से अधिक पद पर नहीं रहे?
( पर्यटन विभाग ( सहायक ग्रेड-3 ), 2013 )
(अ) भगवंतराव मंडलोई (ब) श्यामाचरण शुक्ल
(स) राजा नरेशचन्द्र सिंह (द) सुन्दरलाल पटवा

व्याख्या- राजा नरेश चन्द्र सिंह केवल एक बार मुख्यमंत्री पद पर रहे। यह सबसे कम समय तक मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे। मुख्यमंत्री पद के रूप में इनका कार्य काल मात्र 13 दिन का था।
भगवंतराव मंडलोई एवं सुन्दरलाल पटवा दो बार तथा श्यामाचरण शुक्ल तीन बार मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री पद पर रहे।

69. पी.वी. दीक्षित के सम्बन्ध में निम्न में से कौन-सा कथन सत्य है?
( पर्यटन विभाग ( सहायक ग्रेड-3 ), 2013 )
(अ) प्रथम लोकायुक्त (ब) प्रथम विधानसभा अध्यक्ष
(स) प्रथम विपक्ष का नेता (द) प्रथम राज्य निर्वाचन आयुक्त

व्याख्या- मध्य प्रदेश के प्रथम-

| | |
|---|---|
| प्रथम लोकायुक्त | पी. व्ही. दीक्षित |
| प्रथम विधानसभा अध्यक्ष | कुंजीलाल दुबे |
| प्रथम विपक्ष नेता | विष्णुनाथ तामस्कर |
| प्रथम राज्य निर्वाचन आयुक्त | एन. बी. लोहानी |
| प्रथम राज्यपाल | डॉ. पट्टाभिसीता रमैया |
| प्रथम मुख्यमंत्री | पं. रविशंकर शुक्ल |
| प्रथम मुख्य सचिव | एच. एस. कामथ |

70. भारत के 10 वें प्रधान मंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेई का जन्म म.प्र. के किस शहर में हुआ था? ( पर्यटन विभाग परीक्षा- 2013 )
(अ) होशंगाबाद (ब) जबलपुर
(स) ग्वालियर (द) इन्दौर

व्याख्या- भारत के 10 वे प्रधानमंत्री श्री अटलबिहारी वाजपेयी जी का जन्म 25 दिसम्बर 1926 को ग्वालियर में हुआ था। अटल जी 16 मई 1996 को प्रथम बार भारत के प्रधानमंत्री बने। श्री अटल बिहारी वाजपेयी संयुक्त राष्ट्र महासभा में "हिन्दी" में भाषण देने वाले प्रथम भारतीय है।

71. मध्य प्रदेश से सम्बन्धित कौनसा व्यक्ति भारत का राष्ट्रपति बना था?
( पर्यटन विभाग परीक्षा- 2013 )
(अ) डॉ. आर. वेंकट रमन (ब) डॉ. फखरुद्दीन अली अहमद
(स) डॉ. शंकरदयाल शर्मा (द) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद

व्याख्या- डॉ. शंकरदयाल शर्मा का जन्म 19 अगस्त 1918 को भोपाल में हुआ था । वह 1952 में भोपाल स्टेट के मुख्यमंत्री चुने गए। वह 1987 में उपराष्ट्रपति चुने गए तथा 25 जुलाई 1992 से 25 जुलाई 1997 तक भारत के राष्ट्रपति पद पर रहे।

72. डॉ. शंकरदयाल शर्मा कहाँ के राज्यपाल कभी नहीं बने?
( पर्यटन विभाग परीक्षा- 2013 )
(अ) पंजाब (ब) महाराष्ट्र
(स) मध्य प्रदेश (द) आंध्रप्रदेश

व्याख्या- डॉ. शंकर दयाल शर्मा मध्यप्रदेश के राज्यपाल कभी नहीं बने। यह 1984 में आन्ध्रप्रदेश के राज्यपाल, 1985 पंजाब और 1986 में महाराष्ट्र के राज्यपाल बनाएँ गए।
शंकरदयाल शर्मा 1992 से 1997 तक भारत के राष्ट्रपति रहे।

73. म.प्र. की पहली महिला मुख्यमंत्री कौन थी?
( पर्यटन विभाग परीक्षा- 2013 )
(अ) वसुन्धरा राजे (ब) उमा भारती
(स) सुचेता कृपलानी (ब) नन्दनी सतपथी

व्याख्या- 8 दिसम्बर 2003 में उमा भारती मध्य प्रदेश की पहली महिला मुख्यमंत्री बनी।
मध्य प्रदेश की पहली महिला राज्यपाल श्रीमती सरला ग्रेवाल बनी।

64.(द) 65.(ब) 66.(ब) 67.(द) 68.(स) 69.(अ) 70.(स) 71.(स) 72.(स) 73.(ब)

74. म.प्र. में प्रथम गैर-कांग्रेसी मुख्यमंत्री कौन थे?
(पर्यटन विभाग परीक्षा- 2013)
(अ) मोतीलाल वोरा (ब) उमा भारती
(स) वीरेन्द्र कुमार सकलेचा (द) सुन्दरलाल पटवा

व्याख्या- मध्य प्रदेश के प्रथम गैर कांग्रेसी मुख्यमंत्री वीरेन्द्र कुमार सकलेचा थे।
वह 18 जनवरी 1978 से 19 जनवरी 1980 तक मुख्यमंत्री पद पर रहे।

75. मध्य प्रदेश में राष्ट्रपति शासन सर्वप्रथम कब लगाया गया था?
(असीस्टेन्ट सब इंस्पेक्टर परीक्षा- 2013)
(अ) 1980 (ब) 1967
(स) 1972 (द) 1977

व्याख्या- म.प्र. में सर्वप्रथम राष्ट्रपति शासन 1977 में लगाया गया था। प्रथम राष्ट्रपति शासन मुख्यमंत्री श्यामचरण शुक्ल के शासनकाल में 30 अप्रैल 1977 से 25 जून 1977 तक लगा था।

76. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म गलत है?
(वनरक्षक भर्ती परीक्षा- 2013)

| | | |
|---|---|---|
| (अ) के.एम. चाण्डी | – | राज्यपाल |
| (ब) भगवन्त राव मण्डलोई | – | मुख्यमन्त्री |
| (स) दिग्विजय सिंह | – | नेता प्रतिपक्ष, विधान सभा |
| (द) कुंजी लाल दुबे | – | विधान सभा अध्यक्ष |

व्याख्या- के. एम. चाण्डी म. प्र. के 14 वे राज्यपाल रहें है एवं म. प्र. के पहले राज्यपाल श्री पट्टाभि सीता रमैया थे। श्री भगवत राव मण्डलोई म.प्र. के दूसरे मुख्य मन्त्री थे। म. प्र. के प्रथम मुख्य मंत्री पं. रविशंकर शुक्ल थे। कुँजीलाल दुबे म. प्र. के पहले विधान सभा अध्यक्ष है। वर्तमान में विधानसभा अध्यक्ष है।

77. निम्नलिखित में से कौन सर्वाधिक समय तक मध्यप्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष रहे (64 – Question)
(अ) ईश्वर दास रोहाणी (ब) कुंजीलाल दुबे
(स) श्रीनिवास तिवारी (द) गुलशेर अहमद खान

व्याख्या- कांग्रेस के वरिष्ठ नेता श्रीनिवास तिवारी सर्वाधिक समय (सन् 1993 से 2003) तक मध्यप्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष रहे।

78. वर्तमान में लोकसभा अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन के बारे में कौन-सा कथन असत्य है?
(अ) श्रीमती सुमित्रा महाजन देश की दूसरी महिला लोकसभा अध्यक्ष हैं।
(ब) वह वर्ष 2014 के लोकसभा चुनावों में इन्दौर संसदीय क्षेत्र से म.प्र. में सर्वाधिक मतों से जीतने वाली प्रत्याशी है।
(स) श्रीमती सुमित्रा महाजन वर्ष 1984 में पहली बार इन्दौर से सांसद निर्वाचित हुई।
(द) श्रीमती सुमित्रा महाजन अब तक आठ बार सांसद निर्वाचित हुई हैं।

व्याख्या- श्रीमती सुमित्रा महाजन वर्ष 1989 में पहली बार सांसद निर्वाचित हुई हैं।

79. मध्यप्रदेश लोक सेवा गारंटी अधिनियम कब से प्रभावी किया गया है-
(अ) 25 सितम्बर 2012 (ब) 25 सितम्बर 2009
(स) 25 सितम्बर 2010 (द) 25 दिसम्बर 2011

व्याख्या- मध्यप्रदेश लोकसेवा गारंटी अधिनियम 25 सितम्बर 2010 (पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती) से प्रभावी किया गया।

80. निम्नलिखित में से कौन म.प्र. के तीन बार मुख्यमंत्री नहीं रहे
(अ) दिग्विजयसिंह (ब) शिवराजसिंह चौहान
(स) अर्जुन सिंह (द) श्यामाचरण शुक्ल

व्याख्या- दिग्विजयसिंह केवल दो बार (1993 से 1998 तक एवं 1998 से 2003 तक) मुख्यमंत्री रहे हैं जबकि शिवराजसिंह चौहान अर्जुनसिंह एवं श्यामाचारण शुक्ल म.प्र. के तीन बार मुख्यमंत्री रहे हैं।

81. निम्नलिखित में से किसका निर्वाचन राज्य की आम जनता के विवेक पर छोड़ा जाता है-
(अ) सरपंच का (ब) जनपद अध्यक्ष का
(स) जिला पंचायत अध्यक्ष का (द) उपरोक्त सभी का

व्याख्या- मध्यप्रदेश राज्य में सरपंच का चुनाव आम जनता के विवेक पर छोड़ा जाता है जबकि जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं जिला पंचायत अध्यक्ष का चुनाव अप्रत्यक्ष रूप से उनके निर्वाचित सदस्य करते हैं।

82. राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत पांचवां मानव विकास प्रतिवेदन किस विषय पर आधारित था-
(अ) कृषि (ब) खाद्य सुरक्षा
(स) पोषण (द) उपरोक्त सभी

व्याख्या- राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2011 में प्रस्तुत पांचवां मानव विकास प्रतिवेदन कृषि, खाद्य सुरक्षा एवं पोषण पर आधारित था।

83. उच्चतम न्यायालय (सुप्रीम कोर्ट) के मुख्य न्यायमूर्ति में से निम्नलिखित में से कौन मध्यप्रदेश से संबंधित नहीं रहे-
(अ) एम. हिदायतुल्ला (ब) जगदीश चन्द्र वर्मा
(स) रमेशचन्द्र लाहोटी (द) बी.एन. किरपाल

व्याख्या- उपर्युक्त मुख्य न्यायाधीशों में से न्यायमूर्ति बी.एन. किरपाल मध्यप्रदेश से संबंधित नहीं रहे।

84. मध्यप्रदेश में उच्च न्यायालय में पहली महिला न्यायाधीश कौन थीं-
(अ) फातिमा बीवी (ब) श्रीमती ललिता सेठ

74.(स) 75.(द) 76.(स) 77.(स) 78.(स) 79.(स) 80.(अ) 81.(अ) 82.(द) 83.(द) 84.(स)

(स) श्रीमती सरोजनी सक्सेना (द) सरला ग्रेवाल

व्याख्या- मध्यप्रदेश में उच्च न्यायालय में पहली महिला न्यायाधीश श्रीमती सरोजनी सक्सेना थीं।

85. मध्यप्रदेश में निम्नलिखित में से कौन-सी लोकसभा अनुसूचित जाति ( SC ) वर्ग के लिये आरक्षित नहीं है-

(अ) उज्जैन (ब) देवास

(स) भिण्ड (द) धार

व्याख्या- मध्यप्रदेश में लोकसभा की 4 सीटें (उज्जैन, देवास, भिण्ड और टीकमगढ़) अनुसूचित जाति के लिये आरक्षित हैं जबकि धार लोकसभा सीट अनुसूचित जनजाति (ST) के लिये आरक्षित है।

86. मध्यप्रदेश में प्रथम प्रशासनिक सुधार आयोग कब गठित हुआ-

(अ) 1967 (ब) 1969

(स) 1971 (द) 1973

व्याख्या- मध्यप्रदेश में प्रथम प्रशासनिक सुधार आयोग वर्ष 1969 में गठित हुआ।

87. मध्यप्रदेश में नगरीय प्रशासन का प्रारम्भ किस नगर से हुआ? ( डेयरी फेडरेशन 2016 )

(अ) इंदौर (ब) भोपाल

(स) जबलपुर (द) रीवा

व्याख्या- मध्यप्रदेश में नगरीय प्रशासन का प्रारंभ सन् 1864 में जबलपुर नगर से हुआ है।

88. म.प्र. के उच्च न्यायालय की तीसरी खंडपीठ कहाँ खोली जा रही है? ( डेयरी फेडरेशन 2016 )

(अ) भोपाल (ब) सागर

(स) छिंदवाड़ा (द) बालाघाट

व्याख्या- म.प्र. के उच्च न्यायालय की तीसरी खण्डपीठ भोपाल में खोली जा रही है।

89. राज्यसभा में म.प्र. की कितनी सीटें है? ( डेयरी फेडरेशन 2016 )

(अ) 29 (ब) 11

(स) 230 (द) 250

व्याख्या- राज्यसभा में मध्यप्रदेश की 11 सीटें हैं जबकि लोकसभा की 29 सीटें हैं एवं विधानसभा की 230 सीटें हैं।

90. निम्नलिखित में से किसे ''ताई'' के नाम से जाना जाता है? ( डेयरी फेडरेशन 2016 )

(अ) विजयाराजे सिंधिया (ब) निर्मला बुच

(स) मायावती (द) सुमित्रा महाजन

व्याख्या- वर्तमान लोकसभा अध्यक्ष श्रीमति सुमित्रा महाजन को 'ताई' के नाम से जाना जाता है।

91. निम्नलिखित में से केन्द्र सरकार के कौनसे केन्द्रीय मंत्री मध्यप्रदेश के संसद के सदस्य नहीं है? ( उपयंत्री सिविल-2016 )

(अ) उमा भारती (ब) सुषमा स्वराज

(स) नरेन्द्र सिंह तोमर (द) थावर चंद गहलोत

व्याख्या- केन्द्रीय मंत्री उमा भारती म.प्र. से नहीं बल्कि झाँसी लोकसभा सीट (उत्तरप्रदेश) से सांसद है।

92. मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय का प्रमुख न्यायापीठ स्थित है- ( उपयंत्री सिविल-2016 )

(अ) इन्दौर (ब) ग्वालियर

(स) जबलपुर (द) भोपाल

व्याख्या- मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की प्रमुख न्यायपीठ जबलपुर में स्थित है जबकि ग्वालियर एवं इंदौर में खण्डपीठ स्थित है।

93. इंदौर में पैदा हुए, लंबे समय तक राज्य सभा के सदस्य रहे, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री भी थे और फिर इस्तीफा दे दिया। उनका नाम है ( महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016 )

(अ) माधव राव सिंधिया (ब) कल्याण कुमार

(स) प्रमोद महाजन (द) पृथ्वीराज चौहान

व्याख्या- इन्दौर में पैदा हुए, लम्बे समय तक राज्य सभा के सदस्यं रहे, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री भी थे और फिर इस्तीफा दे दिया उनका नाम पृथ्वीराज चौहान है।

94. मध्य प्रदेश में जन्में भारत के प्रधानमंत्री है। ( महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016 )

(अ) मोरारजी देसाई (ब) चरन सिंह

(स) ए.बी.वाजपेयी (द) आई.के.गुजराल

व्याख्या- मध्यप्रदेश में ग्वालियर में जन्मे भारत के प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी है। इनके जन्म दिवस 25 दिसम्बर को सुशासन दिवस मनाया जाता है।

95. जबलपुर में जन्मी राज्यसभा सदस्य व बॉलीवुड अभिनेत्री है। ( महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016 )

(अ) रेखा (ब) जया बच्चन

(स) हेमा मालिनी (द) आशा पारेख

व्याख्या- जबलपुर में जन्मी राज्यसभा सदस्य व बॉलीवुड अभिनेत्री जया बच्चन है।

96. लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन ने अपनी पढ़ाई ..... से पूरी की। ( महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016 )

(अ) ग्वालियर स्टेट यूनिवर्सिटी

(ब) देवी अहिल्या विश्वविद्यालय जिसे अब इंदौर विश्वविद्यालय भी कहा जाता है।

(स) भोपाल के राजा भोज कॉलेज

85.(द) 86.(ब) 87.(स) 88.(अ) 89.(ब) 90.(द) 91.(अ) 92.(स) 93.(द) 94.(स) 95.(ब)

(द) उज्जैन के सिंधिया कॉलेज

व्याख्या- लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन ने अपनी पढ़ाई देवी अहिल्या विश्वविद्यालय जिसे अब इन्दौर विश्वविद्यालय भी कहा जाता है से पूरी की।

97. ग्वालियर में पैदा हुए और प्रसिद्ध हिंदी लेखक, कांग्रेस के दिग्गज नेता। (महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता 2016)

(अ) शरद पवार (ब) शरद यादव

(स) पृथ्वीराज चौहान (द) गणेश शंकर

व्याख्या- ग्वालियर में पैदा हुए और प्रसिद्ध हिन्दी लेखक, कांग्रेस के दिग्गज नेता गणेश शंकर है।

98. गलत उत्तर चिन्हित करें- (जेल प्रहरी 2015)

(अ) मध्य प्रदेश विधान सभा एंग्लो इंडियन के लिए एक सीट आरक्षित है।

(ब) मध्यप्रदेश की पुलिस के प्रथम महानिदेशक बी.पी. दुबे थे।

(स) केन्द्रीय सशस्त्र बल अधिनियम मध्यप्रदेश में लागू नहीं किया गया है।

(द) उपरोक्त सभी

व्याख्या- निम्न कथनों में से असत्य कथन केन्द्रीय सशस्त्र बल अधिनियम म.प्र. में लागू नहीं किया गया है।

99. दोंगलिया गाँव, मध्यप्रदेश में प्रधानमंत्री ने किसका उद्घाटन किया- (जेल प्रहरी 2015)

(अ) 2 श्री सिंगाजी सौर संयंत्र (ब) बायोगैस संयंत्र

(स) 2 श्री सिंगाजी ताप विद्युत संयंत्र (द) पवन ऊर्जा संयंत्र

व्याख्या- दोंगलिया गाँव, मध्यप्रदेश में प्रधानमंत्री ने श्री सिंगाजी ताप विद्युत संयंत्र का उद्घाटन किया।

100. सरला ग्रेवाल मध्य प्रदेश की पहली .... थीं। (जेल प्रहरी 2015)

(अ) मुख्यमंत्री (ब) महिला राज्यपाल

(स) गृह मंत्री (द) खाद्य निगम मंत्री

व्याख्या- सरला ग्रेवाल मध्यप्रदेश की पहली महिला राज्यपाल थी।

101. भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. शंकरदयाल शर्मा का जन्म निम्नलिखित में से कहाँ हुआ था? (पैरामेडिकल टेस्ट 2014)

(अ) भोपाल (ब) इन्दौर

(स) होशंगाबाद (द) कटनी

व्याख्या- डॉ. शंकरदयाल शर्मा का जन्म भोपाल में 19 अगस्त, 1918 को हुआ था। 1952 से 1956 तक भोपाल स्टेट में मुख्यमंत्री रहे तथा 1992 से 1997 तक भारत के राष्ट्रपति रहे। साथ ही डॉ. शर्मा का निधन 1999 को हो गया।

102. निम्न में से कौन मध्य प्रदेश का राज्यपाल नहीं था? (M.P.S.I. 2014)

(अ) कुंवर महमूद अली खाँ (ब) राम प्रकाश गुप्ता

(स) के.सी. रेड्डी (द) भगवन्तराव मंडलोई

व्याख्या- म.प्र. की स्थापना 1956 में हुई उस समय पहले राज्यपाल पट्टाभि सितारमैया थे। इसके बाद अभी तक 26 राज्यपाल इस पद पर रह चुके है वर्तमान मे आनंदीबेन पटेल है। कुंवर महमुद अली खाँ 1990, रामप्रकाश गुप्ता 2003 में, के.सी. रेड्डी 1966 में राज्यपाल रहे जबकि भगवतराव मंडलोई 2 बार म.प्र. के मुख्यमंत्री रह चुके है।

103. निम्न में से मध्य प्रदेश का कौन-सा राजनेता संविधान सभा का सदस्य था? (M.P.S.I. 2014)

(अ) रविशंकर शुक्ला (ब) द्वारिका प्रसाद मिश्रा

(स) अर्जुनसिंह (द) प्रकाश चन्द्र सेठी

व्याख्या- द्वारिका प्रसाद मिश्रा 1963 से 1967 के बीच म.प्र. के मुख्यमंत्री रहे वह संविधान सभा के सदस्य रहे।

104. मध्य प्रदेश सरकार ने पुलिस में महिलाओं के लिए 30 प्रतिशत आरक्षण देने की घोषणा कब की? (अन्वेषक परीक्षा-2014)

(अ) 3 अगस्त 2014 (ब) 10 अगस्त, 2014

(स) 10 जुलाई, 2014 (द) 15 जुलाई, 2014

व्याख्या- मध्यप्रदेश सरकार ने पुलिस सेवा में महिलाओं के लिए 30 प्रतिशत आरक्षण 3 अगस्त 2014 को घोषणा की।

105. कौन-सा स्मारक 2003 में यूनेस्को द्वारा मध्य प्रदेश में विश्व विरासत स्थल के रूप में घोषित किया गया था। (महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता 2016)

(अ) कान्हा राष्ट्रीय उद्यान (ब) सांची स्तूप

(स) भीमबेटका की गुफाएं (द) नर्मदा ताप्ती नदी के मुहाने

व्याख्या- भीमबेटका की गुफाएँ 2003 में यूनेस्को द्वारा मध्यप्रदेश में विश्व विरासत स्थल के रूप में घोषित किया गया था।

106. महेश श्रीवास्तव निम्न में से किस गीत के लेखक है? (जेल प्रहरी 2015)

(अ) राष्ट्रीय गान के लेखक (ब) असम राज्य गीत

(स) उत्तर प्रदेश का राज्य गीत, (द) मध्य प्रदेश का राज्य गीत

व्याख्या- महेश श्रीवास्तव मध्यप्रदेश राज्य गीत के लेखक हैं।

107. मध्य प्रदेश में इको पर्यटन विकास बोर्ड का मुख्यालय कहाँ स्थित है? (जेल प्रहरी 2015)

(अ) जबलपुर (ब) इंदौर

(स) भोपाल (द) बैतूल

व्याख्या- मध्यप्रदेश में इको पर्यटन विकास बोर्ड का मुख्यालय भोपाल में स्थित हैं।

108. निम्न में से राज्य की विधानसभा के सत्रावसान के आदेश किसके द्वारा दिए जाते हैं?

96.(ब) 97.(द) 98.(स) 99.(स) 100.(ब) 101.(अ) 102.(द) 103.(ब) 104.(अ) 105.(स) 106.(द) 107.(स)

(अ) विधानसभा अध्यक्ष (ब) मुख्यमंत्री
(स) राज्यपाल (द) विधि मंत्री

व्याख्या- राज्य की विधानसभा के सत्रावसान के आदेश राज्य के राज्यपाल द्वारा दिया जाता है जबकि लोकसभा का सत्रावसान राष्ट्रपति के आदेश से होता है।

109. निम्न में से वीरेन्द्र कुमार सकलेचा के पश्चात् म.प्र. के मुख्यमंत्री कौन बने?
(अ) कैलाश जोशी (ब) दिग्विजय सिंह
(स) अर्जुनसिंह (द) सुंदरलाल पटवा

व्याख्या- वीरेन्द्र कुमार सकलेचा के पश्चात् म.प्र. के मुख्यमंत्री सुंदरलाल पटवा थे। सुंदरलाल पटवा 20 जनवरी, 1980 से 17 फरवरी, 1980 तक मुख्यमंत्री रहे।

110. निम्न में से म.प्र. के प्रथम विरोधी दल के नेता कौन थे?
(अ) विश्वनाथ तमस्कर (ब) वीरेन्द्र कुमार सकलेचा
(स) लीला सेठ जोशी (द) शंकरदयाल शर्मा

व्याख्या- म.प्र. के प्रथम विरोधी दल के नेता विश्वनाथ तमस्कर थे। जबकि वीरेन्द्र कुमार सकलेचा प्रदेश के पहले उप-मुख्यमंत्री थे तथा शंकरदयाल शर्मा भोपाल राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री थे।

111. निम्न में से म.प्र. में ग्राम न्यायालयों की शुरुआत किस स्थान से हुई?
(अ) झाँतला (ब) नागदा (स) ढोलपुर (द) जतनपुर

व्याख्या- म.प्र. क झाँतला से ग्राम न्यायालयों की शुरुआत की गई। 11 Dec, 2001 में पहला ग्राम न्यायालय स्थापित किया गया।

112. निम्न में से म.प्र. में फास्ट ट्रेक कोर्ट की स्थापना कब की गई?
(अ) 1998 (ब) 2000 (स) 1999 (द) 2001

व्याख्या- म.प्र. में फास्ट ट्रेक कोर्ट की स्थापना 2001 में की गई। म.प्र. में लंबित पड़े मामलों के शीघ्र निपटारे के लिए इस कोर्ट की स्थापना की गई।

113. निम्न में से जिला पंचायत के अध्यक्ष का चुनाव कैसे होता है?
(अ) मनोनीत (ब) स्वेच्छा से
(स) प्रत्यक्ष रूप से (द) अप्रत्यक्ष रूप से

व्याख्या- जिला पंचायत के अध्यक्ष का चुनाव अप्रत्यक्ष रूप से होता है। साथ ही ग्राम पंचायत के अध्यक्ष का चुनाव प्रत्यक्ष रूप से होता है।

114. नगर निगम के महापौर का चुनाव किस प्रकार होता है?
(अ) प्रत्यक्ष जनता द्वारा (ब) सहमति से
(स) अप्रत्यक्ष रूप से (द) मनोनीत

व्याख्या- म.प्र. में नगर निगम का अध्यक्ष महापौर कहलाता है। वर्तमान में महापौर का निर्वाचन प्रत्यक्ष रूप से 5 वर्ष के कार्यकाल के लिए होता है। परंतु पूर्व में यह चुनाव अप्रत्यक्ष रूप से केवल 2½ वर्ष हेतु होता था।

115. निम्न में से किस वर्ष म.प्र. के उपमहापौर का पद समाप्त कर दिया गया?
(अ) 1998 (ब) 1999 (स) 2000 (द) 2002

व्याख्या- वर्ष 1999 में म.प्र. से उपमहापौर का पद समाप्त कर दिया गया।

116. निम्न में से म.प्र. विधानसभा को भंग करने की सलाह राज्यपाल को कौन दे सकता है?
(अ) स्पीकर (ब) मंत्रिमण्डल
(स) मुख्यमंत्री (द) विधानमण्डल

व्याख्या- म.प्र. विधानसभा को भंग करने की सलाह राज्यपाल को मुख्यमंत्री दे सकता है। जब कभी सरकार के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पारित हो जाता है या मुख्यमंत्री त्यागपत्र दे देता है, तब मुख्यमंत्री की सलाह पर ही राज्यपाल राज्य विधानसभा को भंग कर सकता है।

117. सुशाशन दिवस....के जन्मदिन के अवसर पर मनाया जाता है?
(B.P.Ed, M.P.Ed (Two years) and B.Ed, M.Ed (Combined) 2017)
(अ) सर्वपल्ली राधाकृष्णन (ब) जवाहरलाल नेहरू
(स) अटल बिहारी वाजपेयी (द) नरेन्द्र मोदी

व्याख्या- अटलबिहारी वाजपेयीजी के जन्मदिवस 25 Jan. को सुशासन दिवस मनाया जाता है। वाजपेयीजी आज एक आदर्श नेता के रूप में विख्यात हैं। वाजपेयीजी ने भारत के प्रधानमंत्री पद को भी सुशोभित किया।

118. म.प्र. का औद्योगिक न्यायालय कहाँ स्थित है?
(State Engineering Service (Pre) 2016)
(अ) इंदौर (ब) भोपाल (स) जबलपुर (द) कोई नहीं

व्याख्या- म.प्र. में औद्योगिक न्यायालय इंदौर में स्थित है। साथ ही इंदौर प्रदेश की व्यावसायिक राजधानी है।

119. म.प्र. राज्य रोजगार गारंटी परिषद की सामान्य सभा में कितने अशासकीय सदस्य नामांकित होते हैं?
(Block Development Officer Exam-2016)
(अ) 02 (ब) 06 (स) 04 (द) 08

व्याख्या- म.प्र. राज्य रोजगार गारंटी परिषद की सामान्य सभा में कुल 06 शासकीय सदस्य नामांकित होते हैं। अर्थात् म.प्र. राज्य रोजगार गारंटी परिषद में 06 सदस्य ऐसे होते हैं जो शासकीय सेवा में नहीं हैं।

120. जिला योजना समिति के सदस्य सचिव कौन है?
(Block Development Officer Exam-2016)
(अ) सांसद (ब) विधायक
(स) जिलाधीश (द) जिला पंचायत अध्यक्ष

व्याख्या- जिला योजना समिति के सदस्य सचिव जिलाधीश है।

121. स्कॉच अवॉर्ड ऑफ मेरिट 2013 से निम्न में से किसको पुरस्कृत किया गया? (Block Development Officer Exam-2016)

108.(स) 109.(द) 110.(अ) 111.(अ) 112.(द) 113.(द) 114.(अ) 115.(ब) 116.(स) 117.(स) 118.(अ) 119.(ब) 120.(स)

(अ) पंचायत दर्शिका (ब) पंचायत दर्पण
(स) पंचायत विवरण (द) पंचायत स्मारिक

व्याख्या- वर्ष 2013 में 'पंचायत दर्पण' को स्कॉच अवॉर्ड ऑफ मेरिट से पुरस्कृत किया गया पंचायतों के काम करने के तरीके में पारदर्शिता में वृद्धि करने हेतु प्रदेश शासन द्वारा इस पोर्टल को लॉन्च किया गया।

122. म.प्र. पंचायत सचिव भर्ती एवं सेवा शर्तें नियम 2011 कब प्रभावशील किया गया?

(Block Development Officer Exam-2016)

(अ) 23 मार्च, 2011 (ब) 23 मार्च, 2012
(स) 1 अप्रैल, 2011 (द) 1 अप्रैल, 2012

व्याख्या- म.प्र. पंचायत सचिव भर्ती एवं सेवा शर्तें नियम 2011, 23 मार्च 2011 को प्रभावशील किया गया।

123. म.प्र. में नगरीय प्रशासन का प्रारंभ किस नगर से हुआ है?

(Daily Federation Recruitment Exam-2016)

(अ) इंदौर (ब) जबलपुर (स) भोपाल (द) रीवा

व्याख्या- म.प्र. में नगरीय प्रशासन का प्रारंभ जबलपुर से हुआ। यह नगरीय प्रशासन 1864 में स्थापित हुआ था। तत्पश्चात् 1967 में म.प्र. नगर पालिका अधि. पारित हुआ जो पूरे म.प्र. में एक साथ लागू हुआ।

124. म.प्र. के वित्त मंत्री हैं?

(पुलिस उपनिरिक्षक/प्लाटून कमाण्डर/सूबेदार भर्ती परीक्षा-2016)

(अ) बाबूलाल गौर (ब) जयंत मलैया
(स) गोपाल भार्गव (द) उमाशंकर गुप्ता

व्याख्या- म.प्र. राज्य के वित्तमंत्री जयंत मलैया हैं। वर्ष 2013 में वे चतुर्दश विधानसभा के लिए दमोह के सदस्य चुने गए। उन्होंने 21 Dec, 2013 को कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली।

125. वल्लभ भवन भोपाल किस प्रसिद्ध प्रशासनिक भवन का नाम है?

(State Engineering-2014)

(अ) राज्य निदेशालय (ब) राज्य सचिवालय
(स) राज्य निर्वाचन आयोग (द) कोई नहीं

व्याख्या- म.प्र. राज्य सचिवालय का मुख्यालय भोपाल स्थित वल्लभ भवन में है। म.प्र. राज्य सचिवालय के अंतर्गत लगभग 52 विभाग हैं।

126. डॉ. भीमराव अंबेडकर का जन्म म.प्र. के किस शहर में हुआ था?

(ANM Training Selection Test-2016),
(MPSI-2008 4 11, पर्यटन विभाग-2013)

(अ) धार (ब) महू (स) उज्जैन (द) ग्वालियर

व्याख्या- भारतीय संविधान के जनक कहे जाने वाले डॉ. भीमराव अम्बेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को महू (इंदौर के निकट) में हुआ था। 1990 में इनकी मृत्योपरांत इन्हें भारतरत्न से अलंकृत किया गया।

127. म.प्र. में विधानसभा चुनाव किस वर्ष में हुआ था?

(जेल प्रहरी-2009)

(अ) 2002 (ब) 2003 (स) 2004 (द) 2005

व्याख्या- म.प्र. की विधानसभा हेतु वर्ष 2003 में चुनाव संपन्न हुए थे। जिसमें भाजपा की सरकार बनी थी।

128. कौन म.प्र. के राज्यपाल नहीं थे?

(MPPSC Pre-2003) (बैकलॉग)

(अ) श्री के.सी. रेड्डी (ब) श्रीमती सरला ग्रेवाल
(स) श्री एच.वी. पाटस्कर (द) श्री गोविंद नारायण

व्याख्या- श्री गोविंद नारायण म.प्र. के राज्यपाल कभी नहीं रहे।

129. मध्य प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष श्रीनिवास तिवारी, जो हाल ही में निधन हो चुके हैं, ...... के सदस्य थे। Group-2 2018

(अ) समाजवादी पार्टी (ब) कांग्रेस
(स) बहुजन समाज पार्टी (द) बीजेपी

व्याख्या- श्रीनिवास तिवारी जिन्हें श्रीयुत श्रीनिवास तिवारी के नाम से भी जाना जाता था, वे 2 फरवरी, 1993 से 12 दिसम्बर, 2003 तक विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष रहे एवं भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के वयोवृद्ध नेताओं में से एक थे। जन्म — 17 सितम्बर, 1926, मृत्यु — 19 जनवरी, 2018

130. मध्य प्रदेश के मुख्य मंत्री ने हर महीने राज्य की जनता को सम्बोधित करने के लिए ........नामक रेडियो कार्यक्रम प्रारम्भ किया है।

Group-2 2018

(अ) प्यार से (ब) दिल से
(स) मुख्य मंत्री की बात (द) मन की बात

व्याख्या- मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री ने हर महीने राज्य की जनता को संबोधित करने के 'दिल से' नामक रेडियो कार्यक्रम प्रारम्भ किया है।

131. मध्यप्रदेश राज्य सरकार ने किस वर्ष में समाधान ऑनलाइन का आरंभ किया? MPSI 2017

(अ) 2009 (ब) 2006 (स) 2008 (द) 2007


व्याख्या- मध्यप्रदेश सरकार ने सन् 2006 में "जन शिकायत निवारण विभाग के अंतर्गत 'समाधान ऑनलाइन' की शुरुआत की थी। यह एक सरकारी वेबसाइट है जिसके माध्यम से आम नागरिक ऑनलाइन शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

132. मध्यप्रदेश में जन्म लेने वाले भारत के प्रधानमंत्री का नाम बताइए? पटवारी परीक्षा 2017

(अ) चन्द्रशेखर (ब) अटलबिहारी बाजपेयी
(स) राजीव गांधी (द) पी. वी. नरसिम्हा राव

व्याख्या- अटलबिहारी वाजपेयी का जन्म 25 दिसम्बर 1924 को म. प्र. के ग्वालियर में हुआ था। अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्मदिवस को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है।

121.(ब) 122.(अ) 123.(स) 124.(ब) 125.(ब) 126.(ब) 127.(ब) 128.(द) 129.(ब) 130.(ब) 131.(ब) 132.(ब)




# अध्याय– 26

# मध्यप्रदेश में ग्राम न्यायालय

1. म.प्र. में ग्राम स्वराज योजना कब से लागू की गई–
(अ) 26 जनवरी 2001 (ब) 1 अप्रैल 2001
(स) 15 अगस्त 2001 (द) 2 अक्टूबर 2001

व्याख्या– म.प्र. में जिला सरकार की अवधारणा के पश्चात् 26 जनवरी, 2001 से ग्राम सरकार की अवधारणा प्रारम्भ हुई।

2. ग्राम स्वराज की प्रतिनिधि इकाई किसे माना गया है–
(अ) ग्राम पंचायत (ब) ग्राम सभा
(स) ग्राम समिति (द) ग्राम परिषद्।

व्याख्या– ग्राम स्वराज की प्रतिनिधि इकाई ग्राम सभा को माना जाता है।

3. ग्रामसभा के सदस्य कौन होते हैं–
(अ) विधायक (ब) पंच व सरपंच
(स) ग्राम के प्रत्येक सदस्य (द) ग्राम पंचायत के सदस्य।

व्याख्या– ग्राम के 18 वर्ष की उम्र के ऊपर के सभी व्यक्ति ग्रामसभा के सदस्य होते हैं।

4. ग्रामसभा की बैठक कितने समय में होती है–
(अ) एक माह (ब) छः माह (स) वार्षिक (द) कभी नहीं।

व्याख्या– ग्राम सभा की बैठक प्रत्येक माह होती है जिसकी तिथि गाँव के लोग अपनी सुविधानुसार तय करते हैं।

5. ग्राम सभा की बैठक के कोरम के लिए कितने सदस्य होना अनिवार्य है–
(अ) 35% (ब) 30% (स) 25% (द) 20%

व्याख्या– ग्राम सभा की बैठक के कोरम के लिए 20% सदस्य होना अनिवार्य है।

6. ग्राम सभा के ग्राम कोष के कितने भाग होते हैं–
(अ) चार कोष (ब) तीन कोष
(स) दो कोष (द) कई कोष।

व्याख्या– ग्राम सभा के ग्राम कोष के चार भाग होते हैं– अन्नकोष, वस्तु कोष, नकद कोष, श्रम कोष।

7. ग्राम सभा की बैठक वर्ष में कितनी बार अनिवार्यतः आयोजित की जाती है

1.(अ) 2.(ब) 3.(स) 4.(अ) 5.(द) 6.(अ)

(अ) प्रतिमाह (ब) वर्ष में चार बार
(स) वर्ष में एक बार (द) वर्ष में दो बार

व्याख्या- ग्राम सभा की बैठक आवश्यकता होने पर ग्राम के लोगों को पूर्व सूचना देकर कभी भी आयोजित की जा सकती है किन्तु एक वर्ष में कम से कम चार बार जनवरी, अप्रैल, अगस्त एवं अक्टूबर माह क्रमश: (गणतंत्र दिवस श्रम दिवस स्वतंत्रता दिवस व गांधी जयंती) में अनिवार्य रूप से आयोजित की जाती है।

8. ग्राम सभा की बैठकों की अध्यक्षता कौन करता है।
(अ) सरपंच (ब) उपसरपंच
(स) गांव का वरिष्ठ नागरिक (द) ग्राम पंचायत का सचिव

व्याख्या- ग्राम सभा की बैठकों की अध्यक्षता सरपंच द्वारा की जाती है यदि सरपंच उपस्थित नहीं है तो उप सरपंच द्वारा बैठकों की अध्यक्षता की जाती है।

9. पंचायत को अपनी वार्षिक योजना किसके समक्ष रखनी पड़ती है।
(अ) ग्राम सभा (ब) जनपद पंचायत
(स) जिला पंचायत (द) कलेक्टर

व्याख्या- ग्राम पंचायतों को अपनी वार्षिक योजना अपनी-अपनी ग्राम सभाओं के समक्ष रखनी पड़ती है। ग्राम सभा पंचायतों के लिए ठीक वही भूमिका निभाती है जो राज्य सरकार के लिए विधान सभा एवं केन्द्र सरकार के लिए संसद की भूमिका है।

10. गांव विकास की विभिन्न योजनाओं में हित ग्राही सूची में वरीयता कौन निर्धारित करता है।
(अ) सरपंच (ब) पंच व सरपंच बहुमत से
(स) ग्राम सभा (द) ग्राम पंचायत सचिव

व्याख्या- गांव के हितग्राहियों की वरीयता सूची को ग्राम सभा की बैठक में तैयारं किया जाता है। ग्राम सभा सर्वसम्मति से या बहुमत से आधार पर यह निर्धारित करती है।

11. ग्राम न्यायालय से सही विकल्प चुने-
(ग्रुप लेब-टेक्नीशियन 2015)
(1) सर्वप्रथम मध्यप्रदेश के इन्दौर जिले में प्रारम्भ हुआ।
(2) मध्यप्रदेश में कुल 89 ग्राम न्यायालय हैं।
(अ) केवल अ सही है (ब) केवल ब सही है
(स) अ और ब दोनों सही हैं (द) अ और ब दोनों गलत हैं

व्याख्या- म.प्र. का पहला ग्राम न्यायालय म.प्र. में नीमच जिले के झाँतला ग्राम में स्थापित किया गया।

12. म.प्र. में ग्राम न्यायालय की व्यवस्था कब से प्रारम्भ की गई-
(अ) 1 जनवरी 2001 (ब) 26 जनवरी 2001
(स) 1 अप्रैल 2001 (द) 2 अक्टूबर 2001

व्याख्या- न्यायालयों में बढ़ती कार्य की अधिकता के कारण 26 जनवरी 2001 से ग्राम न्यायालय की व्यवस्था की गई ताकि निर्णय शीघ्र हो सकें।

13. म.प्र. में प्रथम ग्राम न्यायालय कहाँ प्रारम्भ किया गया-
(अ) मनासा (ब) खाचरौद (स) झाँतला (द) तराना।

व्याख्या- मध्यप्रदेश में प्रथम ग्राम न्यायालय की स्थापना झाँतला में की गई।

14. झांतला किस जिले में है-
(अ) हरदा (ब) नीमच (स) देवास (द) सोनकच्छ

व्याख्या- म.प्र. का प्रथम न्यायालय नीमच जिले के जावद विधानसभा के ग्राम झाँतला में 11 दिसम्बर को स्थापित किया गया।

15. प्रत्येक ग्राम न्यायालय में कितने सदस्य होंगे-
(अ) 4 (ब) 5 (स) 6 (द) 7

व्याख्या- ग्राम न्यायालय में कुल 7 सदस्य होंगे जिनमें 1 महिला सदस्य 1-1 अ.जा., अ.ज.जा., 1 पिछड़ा वर्ग, 2 सामान्य व 1 विधि सलाहकार होंगे।

16. ग्राम न्यायालय कितनी राशि तक वसूली के मामलों की सुनवाई कर फैसला देगा-
(अ) 500 रु. (ब) 1000 रु. (स) 2000 रु. (द) 5000 रु.

व्याख्या- ग्राम न्यायालय 1000 रु. तक वसूली के मामलों की सुनवाई कर फैसला देगा।

17. ग्राम न्यायालय की स्थापना की जाती है-
(अ) प्रत्येक गाँव में (ब) ग्राम पंचायत में
(स) 5 से 7 गाँव पर एक (द) 5 से 7 ग्राम पंचायतों पर एक

व्याख्या- 5 से 7 ग्राम पंचायतों पर एक नाम न्यायालय की स्थापना की जाती है। इनमें गांव के छोटे-छोटे विवादों को निपटारा किया जाता है ताकि गाँववासियों को कोर्ट-कचहरी की लंबी प्रक्रिया से बचाया जा सके।

18. ग्राम न्यायालय में विधि सलाहकार की नियुक्ति कौन करता है।
(अ) ग्राम पंचायत (ब) जनपद पंचायत
(स) जिला पंचायत (द) जिला मजिस्ट्रेट

व्याख्या- ग्राम न्यायालय में एक विधि का सलाहकार होता है जिसे जनपद पंचायत द्वारा नामित किया जाता है।


19. ग्राम न्यायालय के सदस्यों का कार्यकाल कितने वर्ष का है
(अ) 1 वर्ष (ब) 2 वर्ष (स) 4 वर्ष (द) 5 वर्ष

व्याख्या- ग्राम न्यायालय के सदस्यों का कार्यकाल 5 वर्ष है। यदि उसे किसी आरोप में हटाया नहीं जाता है तो वह पाँच वर्ष तक अपने पद पर बना रहेगा।

20. ग्राम न्यायालय के सदस्य किसके समक्ष गैर-राजनीतिक होने का घोषणपत्र प्रस्तुत करते है
(अ) जनपद पंचायत के समक्ष (ब) जिला पंचायत के समक्ष
(स) जिलाधीश के समक्ष (द) उपरोक्त में से कोई नहीं।

व्याख्या- ग्राम न्यायालय के प्रत्येक सदस्य को जिलाधीश (कलेक्टर) के समक्ष स्वयं के गैर-राजनीतिक होने का घोषणापत्र देना होता है ताकि उनमें कार्य में राजनीतिक हस्तक्षेप न हो तथा पूर्ण निष्पक्ष रूप से कार्य कर सकें।

7.(ब) 8.(अ) 9.(ब) 10.(स) 11.(ब) 12.(ब) 13.(स) 14.(ब) 15.(द) 16.(ब) 17.(द) 18.(ब) 19.(द) 20.(स)




# अध्याय– 27

# मध्यप्रदेश में विविध

**1. मध्यप्रदेश की सबसे ऊंची आवासीय इमारत है**

**( महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता 2016 )**

(अ) रजवाड़ा पैलेस (ब) बॉम्बे हॉस्पिटल

(स) रैडिसन स्क्वायर (द) पिनेकल ड्रीम्स

**व्याख्या**– मध्यप्रदेश की सबसे ऊँची आवासीय इमारत पिनेकल ड्रीम्स है।

**2. एफिल टॉवर की एक संगमरमर प्रतिकृति यहाँ स्थित है।**

**( महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता 2016 )**

(अ) ग्वालियर के संग्रहालय (ब) आदिनाथ मंदिर

(स) इंदौर के आकाशवाणी परिसर (द) भोपाल के सेल फोन टॉवर

**व्याख्या**– एफिल टावर की एक संगमरमर प्रतिकृति इन्दौर आकाशवाणी स्थित है।

**3. भोपाल में पैदा हुए भारतीय रिजर्व बैंक के वर्तमान गवर्नर**

**( महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता 2016 )**

(अ) वाई वी रेड्डी (ब) अरविंद सुब्रमण्यन

(स) रघुराम गोविंद राजन (द) अरविंद पनगरिया

**व्याख्या**– भोपाल में पैदा हुए भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम गोविंद राजन है।

**4. विदिशा में पैदा हुए, बचपन बचाओं आंदोलन के संस्थापक और नोबेल पुरस्कार विजेता हैं** **( महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता 2016 )**

(अ) अटल बिहारी वाजपेयी (ब) शंकर दयाल शर्मा

(स) कैलाश सत्यार्थी (द) ईश्वर पांडे

**व्याख्या**– विदिशा में पैदा हुए, बचपन बचाओं आन्दोलन के संस्थापक और नोबल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी है। इन्हें सन् 2014 में युसूफ मलाला के साथ शान्ति का नोबल पुरस्कार मिला था।

**5. मिस्टर इंडिया जैसी फिल्मों के लिए लिखा था, जो सतना में पैदा हुए लेखक है।** **( महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता 2016 )**

(अ) जावेद अख्तर (ब) सलीम खान

(स) खान अब्दुल (द) शरत सक्सेना

**व्याख्या**– सतना में पैदा हुए शरत सक्सैना मिस्टर इण्डिया जैसी फिल्मों के लेखक है।

**6. मध्यप्रदेश में गोल्डन ट्रैंगल इन क्षेत्रों को कहा जाता है।**

**( महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता 2016 )**

1.(द) 2.(स) 3.(स) 4.(स) 5.(द)

(अ) धार, सिंगरौली और छिंदवाड़ा
(ब) सिंगरौली, विदिशा और रीवा
(स) ग्वालियर, झांसी और खजुराहो
(द) विदिशा, ग्वालियर और उज्जैन

व्याख्या- मध्यप्रदेश में गोल्डन ट्रैंगल ग्वालियर, झांसी और खजुराहो है।

7. बीडीए का पूरा रूप है ...... । ( महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016 )
(अ) भोपाल विकास प्राधिकरण
(ब) भारत डेटा एजेंसी
(स) भरत डेटा एजेंसी
(द) बायोम डेवलपमेंट एसोसिएशन

व्याख्या- BDA का पूरा नाम Bhopal Development Authority (भोपाल विकास प्राधिकरण) है।

8. भारत का भौगोलिक केन्द्र का गांव है .......।
( महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016 )
(अ) जबलपुर के पास करोड़ी (ब) देवास में बागली
(स) बैतूल में अमला (द) बैतूल का शाहपुर

व्याख्या- भारत के भौगोलिक केन्द्र का गाँव जबलपुर के पास करोडी है।

9. इंदौर में पैदा हुये फिल्म "शोले" के दिग्गज लेखक है .....।
( महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016 )
(अ) जावेद अख्तर (ब) सलीम चिश्ती
(स) सलमान खान (द) सलीम खान

व्याख्या- इंदौर में पैदा हुए सलीम खान फिल्म "शोले" के दिग्गज लेखक है।

10. आपदा प्रबंध संस्थान मध्यप्रदेश के किस जिले में स्थित है
( जेल प्रहरी 2015 )
(अ) उमरिया (ब) मण्डला
(स) भोपाल (द) शिवपुरी

व्याख्या- आपदा प्रबन्धन संस्थान मध्यप्रदेश के भोपाल जिले में स्थित है ।

11. मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान कहाँ स्थित है?
(ASI 2014)
(अ) इन्दौर (ब) भोपाल
(स) सागर (द) होशंगाबाद

व्याख्या- मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान भोपाल में स्थित है।

12. निम्न में से किस फिल्म की शूटिंग मध्य प्रदेश में की गयी थी?
( उपयंत्री सिविल-2016 )
(अ) ओक्टोपुस्सी (ब) जोधा अकबर
(स) राजपूत (द) राजनीति

व्याख्या- उपर्युक्त विकल्पों में से प्रकाश झा निर्देशित फिल्म- राजनीति की शूटिंग म.प्र. के शहर भोपाल में की गई थी।

13. 1984 में भोपाल गैस त्रासदी में रिसने वाली गैस थी।
( महिला स्वास्थ कार्यकर्ता 2016 )
(अ) मिथाइल आइसोसाइनेट (ब) कार्बन डाइऑक्साइड
(स) कार्बन मोनोऑक्साइड (द) मिथाइल क्लोराइड

व्याख्या- 1984 में भोपाल गैस त्रासदी में रिसने वाली गैस मिथाइल आइसोसाइनेट थी। इससे राहत के लिए आपरेशन फेथ चलाया गया था।

14. प्रोजेक्ट एरो कार्यक्रम किस जिले से प्रारंभ किया गया?
(अ) गुना (ब) मुरैना
(स) भिंड (द) ग्वालियर

व्याख्या- म. प्र. के मुरैना जिले से प्रोजेक्ट एरो कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। यह डाक घरों को आधुनिकतम बनाने पर आधारित है।

15. ई. टेंडरिंग प्रणाली की शुरुआत सर्वप्रथम किस राज्य से हुई।
(अ) उत्तर प्रदेश (ब) राजस्थान
(स) गुजरात (द) मध्य प्रदेश

व्याख्या- ई- टेंडरिंग प्रणाली की शुरुआत म. प्र. से की गई जो कि लोक निर्माण एवं नर्मदा घाटी विभाग से शुरू किया गया।

16. म. प्र. में आई. टी. पार्क की स्थापना कहाँ की जानी है।
(अ) इन्दौर (ब) भोपाल
(स) (अ) और (ब) दोनों (द) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या- म. प्र. में आई टी. पार्क की स्थापना इन्दौर और भोपाल में की जानी है।

17. म. प्र. में अटल बिहारी वाजपेयी लोक प्रशासन संस्थान की स्थापना कहाँ की जानी है।
(अ) भोपाल (ब) इन्दौर
(स) ग्वालियर (द) उज्जैन

व्याख्या- म. प्र. में अटल बिहारी वाजपेयी लोक प्रशासन संस्थान की स्थापना भोपाल में की जानी प्रस्तावित है।

18. म. प्र. में 3 फूड पार्क कहाँ स्थापित किये जाने हैं।
(अ) रतलाम (ब) भोपाल
(स) हरदा (द) सभी

व्याख्या- रतलाम जिले की ग्राम करमदी, भोपाल जिले के ग्राम आदमपुर और हरदा जिले के ग्राम अजनास रयत में स्थापित किये जाने की योजना है।

19. म. प्र. में सर्वाधिक झीलें कहाँ हैं।
(अ) भोपाल (ब) जबलपुर
(स) इंदौर (द) ग्वालियर

व्याख्या- म. प्र. में सर्वाधिक झीलें भोपाल में हैं।

20. म. प्र. का प्रथम "सेन्टर फॉर परिशेबल कार्गो' कहाँ स्थापित होना है-

6.(स) 7.(अ) 8.(अ) 9.(द) 10.(स) 11.(ब) 12.(द) 13.(अ) 14.(ब) 15.(द) 16.(स) 17.(अ) 18.(द) 19.(अ)

(अ) सागर (ब) इंदौर
(स) भोपाल (द) धार

व्याख्या- म. प्र. का प्रथम सेंटर फॉर पेरिशेबल कार्गो इंदौर में स्थापित होना है।

21. जैव ऊर्जा पार्क कहाँ बनाया जाना है।
(अ) सीहोर (ब) सतना
(स) अनूपपुर (द) रीवा

व्याख्या- जैव ऊर्जा पार्क रीवा में स्थापित होगा।

22. म.प्र. का राज्यगीत किसने लिखा है-
(अ) गुलजार (ब) जावेद अख्तर
(स) समीर (द) महेश श्रीवास्तव

व्याख्या- म. प्र. का राज्य गीत "मेरा मध्यप्रदेश' को वरिष्ठ पत्रकार महेश श्रीवास्तव ने लिखा है।

23. म.प्र. के राज्य गीत "मेरा मध्यप्रदेश" को किसने गाया है।
(अ) सोनू निगम (ब) शान
(स) अभिजीत (द) कैलाश खैर

व्याख्या- म. प्र. के राज्यगीत को शान ने अपनी आवाज दी है।

24. प्रदेश का पहला गरीब बैंक खोला गया है।
(अ) नीमच (ब) राजगढ़
(स) दमोह (द) शाजापुर

व्याख्या- प्रदेश का पहला गरीब बैंक नीमच में खोला गया है जिसका संचालन नीमच जिला स्व सहायता समूह सहकारी संघ लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है।

25. म. प्र. के किस जिले में देश का चौथा कार्बन अनुसंधान केन्द्र स्थापित किया गया।
(अ) खंडवा (ब) हरदा
(स) होशंगाबाद (द) बैतूल

व्याख्या- 31 जनवरी 2012 को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बैतूल जिले के सुस्वान में इसरो के चौथे कार्बन अनुसंधान केन्द्र का उद्घाटन किया।

26. म.प्र. मे डी. एम. आई. सी. का कार्यालय कहाँ खोला जाना है।
(अ) रतलाम (ब) उज्जैन
(स) देवास (द) इंदौर

व्याख्या- DMIC का कार्यालय रतलाम में खोला जायेगा। DMIC (दिल्ली, मुंबई इंडस्ट्रियल कोरिडोर)

27. कहा जाता है कि इस मध्यप्रदेश के जिले में कृष्णा और बलराम ने अपनी शिक्षा प्राप्त की थी। ( महिला स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता 2016 )
(अ) रतलाम (ब) अवंती
(स) उज्जैन (द) मांडू

व्याख्या- कृष्ण और बलराम ने अपनी शिक्षा म.प्र. के उज्जैन जिले में प्राप्त की थी। सांदीपनी इनके गुरु थे। सांदीपनी आश्रम उज्जैन में हैं।

28. एशिया की सबसे बड़ी तालाब है......।
( महिला स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता 2016 )
(अ) बड़ा तालाब (ब) गोविंद गढ़
(स) गोविंद सागर (द) बरगी झील

व्याख्या- एशिया की सबसे बड़ी तालाब गोविंद गढ़है।

29. भारतीय चलचित्र उद्योग के प्रसिद्ध कहानीकार व गीतकार का नाम बताइये, जो मध्यप्रदेश के ग्वालियर शहर से है?
( महिला स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता 2016 )
(अ) जावेद अख्तर (ब) गुलजार
(स) सलीम अली (द) पं. मुखराम शर्मा

व्याख्या- प्रसिद्ध कहानीकार व गीतकार जावेद अख्तर ग्वालियर शहर म.प्र. के है।

30. ऐसा माना जाता है कि इनके परिवार ने जो कि ग्वालियर से हैं, सरोद का अविष्कार किया। ( महिला स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता 2016 )
(अ) ग्वालियर के महाराजा (ब) उस्ताद भीम सिंह जोशी
(स) अमजद अली खान (द) माधव होल्कर

व्याख्या- अमजद अली खान जो ग्वालियर से है, उन्होंने सरोद का अविष्कार किया था।

31. केवल 2 संगीतकारों को अब तक भारत रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। एक तमिलनाडु से एमएस सुब्बुलक्ष्मी है। अन्य मध्यप्रदेश से थे। वह है- ( महिला स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता 2016 )
(अ) आशा भोसले (ब) लता मंगेशकर
(स) सरोजनी मिश्रा (द) कमला देवी

व्याख्या- भारत में केवल दो ही संगीतकारो को भारत रत्न प्राप्त हुआ है, जो कि तमिलनाडु के एस.एस. सुब्बुलक्ष्मी है और मध्यप्रदेश से लता मंगेशकर है।

32. मध्यप्रदेश के किस जिले में भारत भवन स्थित है?
( जैल प्रहरी परीक्षा 2015 )
(अ) इंदौर (ब) भोपाल
(स) ग्वालियर (द) जबलपुर

व्याख्या- मध्यप्रदेश के भोपाल जिले में भारत भवन स्थित है।

33. जिसके नाम का मतलब "मोरों की जगह" है, मध्य प्रदेश में जिला है।
( महिला स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता 2016 )
(अ) रतलाम (ब) रीवा
(स) धार (द) मुरैना

20.(ब) 21.(द) 22.(द) 23.(ब) 24.(अ) 25.(द) 26.(अ) 27.(स) 28.(ब) 29.(अ) 30.(स) 31.(ब) 32.(ब) 33.(द)

व्याख्या- मध्यप्रदेश के मुरैना जिले का नाम मुरैना मोरों की बहुतायात के कारण पड़ा।

34. इंदौर में पैदा हुए सबसे लोकप्रिय गायक

( महिला स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता 2016 )

(अ) किशोर कुमार (ब) लता मंगेशकर
(स) ज्योति रॉय मिश्रा (द) पुनीत शर्मा

व्याख्या- लोकप्रिय गायक लता मंगेशकर का जन्म स्थल इन्दौर है।

35. मध्य प्रदेश में पुरुषों के लिए पारंपरिक पोशाक है

( महिला स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता 2016 )

(अ) पाजामा और कुर्ता (ब) धोती
(स) पगड़ी के साथ पाजामा
(द) पाजामा के साथ काला वेस्टकोट

व्याख्या- मध्यप्रदेश में पुरुषों के लिए पारंपरिक पोशाक धोती है।

36. मध्यप्रदेश में ज्यादातर महिलाओं की पारंपरिक पोशाक है

( महिला स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता 2016 )

(अ) सलवार (ब) साड़ी
(स) लहंगा (द) चूड़ीदार

व्याख्या- मध्यप्रदेश में ज्यादातर महिलाओं की पारम्परिक पोशाक लहंगा है।

37. ''बाफला'' मध्यप्रदेश का भोजन है। यह गेहूं और घी से बनता है और लोकप्रिय है ..... में ( महिला स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता 2016 )

(अ) ओरछा (ब) मांडू
(स) खजुराहो (द) ग्वालियर

व्याख्या- ''बाफला'' मध्यप्रदेश का भोजन है। यह गेहूँ और घी से बनता है, और लोकप्रिय है ग्वालियर में। दाल, बाफला मालवा का सर्वाधिक लोकप्रिय भोजन है।

38. इन सभी के बीच क्या आम बात है सलीम खान, सलमान खान और लता मंगेशकर? ( महिला स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता 2016 )

(अ) सभी गायक हैं (ब) सभी कहानी लेखक हैं
(स) सभी ग्वालियर में पैदा हुए थे (द) सभी इंदौर में पैदा हुए थे

व्याख्या- सलीम खान, सलमान खान और लता मंगेशकर तीनों का जन्म स्थान इन्दौर है तथा तीनों ही फिल्म उद्योग से सम्बन्धित है।

39. लता मंगेशकर का वास्तविक नाम था

( महिला स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता 2016 )

(अ) हेमा (ब) सीता
(स) मीना (द) गीता

व्याख्या- लता मंगेशकर का वास्तविक नाम हेमा था। इन्हें सुर साम्राज्ञी भी कहा जाता है।

40. इनमें से किसे मध्यप्रदेश का ''झीलों का शहर'' कहा जाता हैं?

( उपयंत्री सिविल-2016 )

(अ) इन्दौर (ब) जबलपुर
(स) ग्वालियर (द) भोपाल

व्याख्या- झीलों का शहर भोपाल को कहते हैं। भोपाल नगर 10वीं-11वीं शताब्दी में राजा भोज परमार ने बसाया था।

41. भारत के किस राज्य में मानव विकास प्रतिवेदनों का प्रकाशन किया है?

(अ) हिमाचल प्रदेश (ब) केरल
(स) मध्य प्रदेश (द) आंध्र प्रदेश।

व्याख्या- मध्यप्रदेश द्वारा 1995 में प्रथम मानव विकास रिपोर्ट प्रस्तुत करने के पश्चात् वह देश का प्रथम मानव विकास रिपोर्ट प्रस्तुत करने वाला राज्य बन गया।

42. प्रदेश में आपदा प्रबंधन संस्थान कहाँ स्थित है।

(अ) इन्दौर (ब) भोपाल
(स) जबलपुर (द) होशंगाबाद

व्याख्या- मध्यप्रदेश में आपदा प्रबंधन संस्थान भोपाल में स्थित है। इसकी स्थापना राज्य शासन द्वारा भोपाल गैस त्रासदी के कारण हुई जनधन की क्षति के प्रतिप्रेक्ष्य में 19 नवम्बर 1987 को की गई थी। इस संस्थान को रासायनिक दुर्घटनाओं के प्रबंधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट केन्द्र के रूप में विकसित करने के लिए नॉर्वे सरकार के अंतर्गत संचालित नोयडा परियोजना में 4 करोड़ की स्वीकृति दी गयी है।

43. म.प्र. का एकमात्र हिल स्टेशन है।

(अ) पचमढ़ी (ब) रीवा
(स) पिपरिया (द) बाँधवगढ़

व्याख्या- मध्यप्रदेश का एकमात्र हिल स्टेशन पंचमढ़ी होशंगाबाद जिले में स्थित है।

44. प्रदेश का एकमात्र अफीम उत्पादक जिला कौन सा है।

(अ) रतलाम (ब) मंदसौर
(स) जबलपुर (द) शहडोल।

व्याख्या- मध्यप्रदेश का एकमात्र अफीम उत्पादक जिला मंदसौर है।

45. म.प्र. का एकमात्र गाँजा उत्पादक जिला कौन सा है।

(अ) शाजापुर (ब) इन्दौर
(स) खंडवा (द) भोपाल।

व्याख्या- मध्यप्रदेश का एकमात्र गाँजा उत्पादक जिला खण्डवा है।

46. म.प्र. में सफेद शेर पाया जाने वाला एकमात्र जिला कौन सा है।

(अ) रीवा (ब) मंदसौर
(स) खरगोन (द) नीमच।

व्याख्या- सफेद शेर पाये जाने वाला एकमात्र जिला रीवा है।

34.(ब) 35.(ब) 36.(स) 37.(द) 38.(द) 39.(अ) 40.(द) 41.(स) 42.(ब) 43.(अ) 44.(ब) 45.(स) 46.(अ)

**47. म.प्र. का सर्वाधिक प्रसार वाला समाचार पत्र है।**

(अ) नईदुनिया (ब) दैनिक भास्कर
(स) स्वदेश (द) नई दुनिया।

व्याख्या- मध्यप्रदेश का सर्वाधिक प्रसार वाला समाचार पत्र दैनिक भास्कर है।

**48. मध्यप्रदेश का सबसे बड़ा रेलवे जंक्शन कौन सा है-**

(अ) बुरहानपुर (ब) पिपरिया
(स) भोपाल (द) इटारसी

व्याख्या- मध्यप्रदेश का सबसे बड़ा रेलवे जंक्शन इटारसी है।

**49. म.प्र. का सबसे बड़ा कोयला भंडार है:-**

(अ) सोहागपुर (ब) बड़नगर
(स) बालमपुर (द) इटारसी।

व्याख्या- सबसे बड़ा कोयला भंडार सोहागपुर में स्थित है, जो कि शहडोल जिले में है।

**50. म.प्र. का सबसे लंबा नदी पुल किस नदी पर स्थित है-**

(अ) नर्मदा नदी (ब) चंबल नदी
(स) तवा नदी (द) शरबती नदी।

व्याख्या- सबसे लंबा नदी पुल तवा नदी पर स्थित है, जो होशंगाबाद जिले में है।

**51. म.प्र. की सबसे ऊँची चोटी है।**

(अ) धूपगढ़ (ब) हजारी पठार
(स) सिगार चोटी (द) जानापाव।

व्याख्या- म.प्र. की सबसे ऊँची चोटी धूपगढ़ (1350 मी.) है।

**52. भारत में सर्वाधिक बाघ किस राज्य में है।**

(अ) म.प्र. (ब) उ.प्र.
(स) कर्नाटक (द) अरूणाचल प्रदेश।

व्याख्या- भारत में सर्वाधिक बाघ कर्नाटक में है।

**53. भोपाल में 1984 में जो गैस त्रासदी हुई थी, वह किस गैस के रिसने के कारण हुई थी?** (SI 2012)

(अ) कार्बन मोनॉक्साइड (ब) हाइड्रोजन सल्फाइड
(स) इथाइल सायनाइड (द) मिथाइल आइसोसायनेट

व्याख्या- भोपाल में 3 दिसम्बर 1984 को यूनियन कार्बाइड कारखाने में मिथाइल आइसोसाइनेट गैस के रिसने से यह घटना हुई थी। यूनियन कार्बाइड अमेरिका की कंपनी थी।

**54. डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर का जन्मस्थान कौन-सा है?** (SI 2011)

(अ) इंदौर (ब) महू
(स) नागपुर (द) औरंगाबाद

व्याख्या- भारतीय संविधान के निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर का जन्म म.प्र. के इंदौर जिले की महू (अम्बेडकर नगर) तहसील में हुआ था।

**55. सोयाबीन अनुसंधान निदेशालय कहाँ स्थित है?** (चतुर्थ श्रेणी परीक्षा 2012)

(अ) उज्जैन (ब) भोपाल
(स) ग्वालियर (द) इन्दौर

व्याख्या- सोयाबीन संयंत्र उज्जैन में है, जो कि एशिया का सबसे बड़ा संयंत्र है। सोयाबीन अनुसंधान निदेशालय इंदौर में है।
सोयाबीन उत्पादन में मध्यप्रदेश भारत में प्रथम स्थान पर है।
सोयाबीन का अत्यधिक उत्पादन के कारण एमपी को सोया स्टेट भी कहते हैं।

**56. कौन-सा किला 'जिब्राल्टर ऑफ इण्डिया' के नाम से जाना जाता है?** (चतुर्थ श्रेणी परीक्षा 2012)

(अ) दतिया का किला (ब) ग्वालियर का किला
(स) रायसेन का किला (द) मंदसौर का किला

व्याख्या- ग्वालियर दुर्ग राजा सूरजसेन ने 525 ई. में बनवाया था। इसके अंदर 5 द्वार- आलमगीर दरवाजा, हिन्डोला दरवाजा, गुजरी महल दरवाजा, चतुर्भुज मंदिर दरवाजा, हाथीफौड़ दरवाजा। इसे किलों का रत्न भी कहा जाता है।

**57. निम्न में से किस दिन भोपाल गैस दुखान्तिका घटित हुई?** (चतुर्थ श्रेणी परीक्षा 2012)

(अ) 2-3 दिसम्बर, 1984 (ब) 2-3 नवम्बर, 1984
(स) 2-3 दिसम्बर, 1982 (द) 2-3 नवम्बर, 1982

व्याख्या- भोपाल में 2-3 दिसम्बर 1984 को मिथाइल आइसो साइनेट (MIC) गैस फैली। इसके प्रभाव को निष्प्रभावी करने के लिए डॉ. बदराजन के नेतृत्व में 'आपरेशन फेथ' चलाया गया।

**58. मध्य प्रदेश स्टॉक एक्सचेन्ज लिमिटेड कहाँ स्थित है?** (चतुर्थ श्रेणी परीक्षा 2012)

(अ) जबलपुर (ब) भोपाल
(स) इन्दौर (द) छिंदवाड़ा

व्याख्या- म.प्र. स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड इंदौर में है।
BSE बाम्बे स्टॉक Exchang का मुख्यालय मुम्बई है।
NSE नेशनल स्टॉक Exchang मुम्बई है।
नास्डाक अमेरिका का स्टॉक एक्सचेंज है।
निक्की जापान का स्टाक Exchange है।

**59. किस प्रान्त को "सोया प्रदेश" कहा जाता है?** (सहायक मत्स्य विभाग परीक्षा 2012)

(अ) उ.प्र. (ब) म.प्र.
(स) केरल (द) गुजरात

47.(ब) 48.(द) 49.(अ) 50.(स) 51.(अ) 52.(स) 53.(द) 54.(ब) 55.(द) 56.(ब) 57.(अ) 58.(स) 59.(ब)

व्याख्या- सोयाबीन उत्पादन अधिक होने के कारण म.प्र. को सोया स्टेट कहा जाता है।
म.प्र. को टाइगर स्टेट, नदियों का मायका, हृदय प्रदेश, लघुभारत, मध्यभारत आदि नामों से भी जाना जाता है।

60. आचार्य रजनीश थे एक- (सहायक ग्रेड-3, 2012)
(अ) साहित्यकार (ब) दार्शनिक
(स) राजनेता (द) उद्योगपति

व्याख्या- आचार्य रजनीश एक सुप्रसिद्ध दार्शनिक थे। इनका वास्तविक नाम राजेन्द्र जैन था एवं यह ओशो के नाम से प्रसिद्ध हैं।

61. म.प्र. में डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर राष्ट्रीय सामाजिक विज्ञान संस्थान कहाँ स्थित है? (पटवारी परीक्षा 2008)
(अ) बालाघाट (ब) महू
(स) सागर (द) बुरहानपुर

व्याख्या- महू बाबा साहेब अम्बेडकर की जन्म स्थली है। महू का नया नाम अम्बेडकर नगर है। यहाँ राष्ट्रीय सामाजिक विज्ञान संस्थान स्थित है।

62. 'कड़कनाथ' किस प्रकार का प्राणी है? (पटवारी परीक्षा 2008)
(अ) भैंस (ब) मुर्गी
(स) गाय (द) बकरी

व्याख्या- कड़कनाथ मुर्गी की एक नस्ल है। यह नस्ल कम संख्या में पायी जाती है। कड़कनाथ नामक नस्ल म.प्र. के झाबुआ क्षेत्र में पायी जाती है। इसके खून का रंग काला होता है।

63. स्वतन्त्रता सेनानी पं. चन्द्रशेखर आजाद किस जिले में पैदा हुए थे? (पटवारी परीक्षा 2008)
(अ) खरगोन (ब) खण्डवा
(स) झाबुआ (द) इन्दौर

व्याख्या- चन्द्रशेखर आजाद का जन्म 23 जुलाई, 1906 ई. को मध्य प्रदेश के झाबुआ जिले के भाबरा नामक गाँव में हुआ था। चन्द्रशेखर आजाद ने 'हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिक एसोसिएशन' की स्थापना की थी।

64. उज्जैन का प्राचीन नाम क्या था? (पटवारी परीक्षा 2008)
(अ) त्रिपुरी (ब) इन्द्रपुर
(स) पद्मावती (द) अवन्तिका

व्याख्या-

| प्राचीन नाम | नवीन नाम |
|---|---|
| त्रिपुरी | तेवर |
| इन्द्रपुर/इन्दूर | इन्दौर |
| अवन्तिका/उज्जयिनी | उज्जैन |
| वत्स | ग्वालियर |
| महिष्मति | महेश्वर |

65. मध्यप्रदेश में किस स्थान की साड़ियाँ प्रसिद्ध हैं? (पटवारी परीक्षा 2008)
(अ) दतिया (ब) सतना
(स) चन्देरी (द) भोपाल

व्याख्या- म.प्र. की चन्देरी की साड़ियाँ प्रसिद्ध हैं।

66. प्रमुख अनुसंधान केन्द्र का मुख्यालय मध्य प्रदेश में कहाँ है? (ड्रग इंस्पेक्टर परीक्षा 2012)
(अ) खरगोन (ब) देवास
(स) रतलाम (द) इन्दौर

व्याख्या- खरगोन जिला कपास उत्पादक जिला है। कपास अनुसंधान केन्द्र का मुख्यालय खरगोन में स्थित है तथा देश का पहला मोबाइल बैंक म.प्र. के खरगोन जिले में कार्यरत है।

67. जल सत्याग्रह .......... दिनों के प्रदर्शन के बाद समाप्त हुआ- (ड्रग इंस्पेक्टर परीक्षा 2012)
(अ) 14 (ब) 15
(स) 16 (द) 17

व्याख्या- मध्यप्रदेश में ओंकारेश्वर बाँध की जल स्तर ऊँचाई को लेकर खण्डवा जिले के घोघला गाँव में स्थानीय किसानों द्वारा देश का पहला जल सत्याग्रह किया गया। जल सत्याग्रह पर बैठे किसानों का आन्दोलन 17वें दिन मुख्यमन्त्री श्री शिवराज सिंह चौहान के आश्वासन के बाद समाप्त हो गया।

68. वेलकम हेरीटेज गोल्फ व्यू होटल ........ में स्थित है- (ड्रग इंस्पेक्टर परीक्षा 2012)
(अ) महू (ब) कान्हा
(स) पचमढ़ी (द) उज्जैन

व्याख्या- वेलकम हेरीटेज गोल्फ व्यू होटल पचमढ़ी में स्थित है। पंचमढ़ी म.प्र. की ग्रीष्म-कालीन राजधानी है, पचमढ़ी म.प्र. का प्रमुख प्रर्यटक स्थल है। यहाँ रजतफॉल तथा बायोस्फीयर रिजर्व है।

69. लघु खजुराहो किस नगर को कहा जाता है? (ड्रग इंस्पेक्टर परीक्षा 2012)
(अ) उज्जैन (ब) भोरमदेव कवर्धा
(स) पचमढ़ी (द) महू

व्याख्या- भोरमदेव कवर्धा को लघु खजुराहो कहा जाता है। यह छत्तीसगढ़ राज्य में है।

70. निम्न में से किस राज्य ने गुटखा और पान मसाले पर रोक लगा दी है? (ड्रग इंस्पेक्टर परीक्षा 2012)
(अ) केरल (ब) मध्यप्रदेश
(स) उत्तरप्रदेश (द) दिल्ली

60.(ब) 61.(ब) 62.(ब) 63.(स) 64.(द) 65.(स) 66.(अ) 67.(द) 68.(स) 69.(ब) 70.(ब)

व्याख्या– मध्यप्रदेश सरकार ने 1 अप्रैल, 2012 से तम्बाकू युक्त गुटखा बेचने पर प्रतिबन्ध लगा दिया है।

71. मध्यप्रदेश सरकार ने पंच परमेश्वर योजना कब प्रारम्भ की?
(ड्रग इंस्पेक्टर परीक्षा 2012)
(अ) 9 मार्च, 2012
(ब) 10 जनवरी, 2012
(स) 9 अप्रैल, 2012
(द) 9 जनवरी, 2012

व्याख्या– म.प्र. सरकार ने पंच परमेश्वर योजना 9 जनवरी 2012 से प्रारंभ की है इसके अंतर्गत ग्राम पंचायतों का विकास हेतु एक मुश्त राशि दी जाती है।

72. मध्यप्रदेश में पाँच वर्ष से कम उम्र के ग्रामीण ...... प्रतिशत बच्चों का वजन औसत से कम है- (ड्रग इंस्पेक्टर परीक्षा 2012)
(अ) 49
(ब) 50
(स) 51
(द) 52

व्याख्या– मध्यप्रदेश में पाँच वर्ष से कम उम्र के 52% ग्रामीण बच्चों का वजन औसत वजन से कम है।

73. '6 एम.एम.टी.पी.ए. बीना रिफाइनरी' मध्यप्रदेश में प्रधान मन्त्री मनमोहन सिंह ने ......... को राष्ट्र को समर्पित किया-
(ड्रग इंस्पेक्टर परीक्षा 2012)
(अ) 19 मई, 2012
(ब) 19 मई, 2011
(स) 22 मार्च, 2011
(द) 22 मार्च, 2012

व्याख्या– तत्कालीन प्रधानमन्त्री डॉ. मनमोहन सिंह ने 19 मई, 2011 को आगासोदे (बीना) में बीना रिफाइनरी को राष्ट्र को समर्पित किया। इस रिफाइनरी की स्थापना ओमान के सहयोग से की गई है।

74. मध्यप्रदेश में 'बलराम ताल' योजना का प्रारम्भ किस वर्ष से हुआ है? (ड्रग इंस्पेक्टर परीक्षा 2012)
(अ) 1992
(ब) 1975
(स) 1980
(द) 2007

व्याख्या– बलराम ताल योजना का प्रारम्भ 25 मई, 2007 को किया गया। इस योजना का उद्देश्य वर्षा में बह जाने वाले जल की अधिकतम मात्रा खेतों में रोककर उससे सिंचाई करना है।

75. मध्यप्रदेश में भूमि विकास निगम की स्थापना कब हुई?
(ड्रग इंस्पेक्टर परीक्षा 2012)
(अ) 1977-78
(ब) 1958-59
(स) 1971-72
(द) 1982-83

व्याख्या– मध्यप्रदेश में भूमि विकास निगम की स्थापना वर्ष 1977–78 में हुई।

76. 'बिरसा मुण्डा' थे-
(मध्यप्रदेश हाईकोट स्टेनो ग्राफर परीक्षा 2012)
(अ) कलाकार
(ब) राजा
(स) स्वतन्त्रता संग्रामी
(द) मुख्यमन्त्री

व्याख्या– बिरसा मुण्डा प्रसिद्ध स्वतन्त्रता सेनानी थे। इनके नेतृत्व में सुप्रसिद्ध आदिवासी मुण्डा विद्रोह हुआ। भूमि व्यवस्था के सामन्तवादी, जमींदारी या व्यक्तिगत भूस्वामित्व वाली भूमि व्यवस्था में परिवर्तन को विरुद्ध इस विद्रोह का उदय हुआ।

77. इस पशु के तीन पलकें (eye lids) होती है-
(मध्यप्रदेश हाईकोट स्टेनो ग्राफर परीक्षा 2012)
(अ) गधा
(ब) घोड़ा
(स) हाथी
(द) ऊँट

व्याख्या– ऊँट की आँखों में तीन पलके पायी जाती है जिसके कारण यह रेगिस्तान में चलने वाले धुल व रेत भरी आंधियों को आसानी से सहन कर सकता है।

78. प्रसिद्ध गायक किशोर कुमार का जन्म स्थान है-
(मध्यप्रदेश स्टोनो ग्राफर परीक्षा 2012)
(अ) खण्डवा
(ब) भोपाल
(स) भोजपुर
(द) इनमें से कोई नहीं

व्याख्या– प्रसिद्ध गायक किशोर कुमार का जन्म खण्डवा में हुआ।

79. मध्यप्रदेश का राज्य पशु है- (पुलिस आरक्षक 2013)
(अ) गाय
(ब) बारहसिंगा
(स) बाघ
(द) शेर

व्याख्या– 1 नवंबर 1981 से मध्यप्रदेश का राजकीय पशु बारहसिंगा है।

| | | |
|---|---|---|
| राजकीय पशु | - | बारहसिंगा |
| राजकीय पक्षी | - | दूधराज |
| राजकीय मछली | - | महाशिर |
| राजकीय वृक्ष | - | बरगद |
| राजकीय खेल | - | मलखम्ब |
| राजकीय फूल | - | सफेद लिली |

80. भोपाल गैस दुखान्तिका के समय मध्यप्रदेश के मुख्यमन्त्री कौन थे? (पुलिस आरक्षक 2013)
(अ) दिग्विजय सिंह
(ब) उमा भारती
(स) अर्जुन सिंह
(द) शिवराज सिंह

व्याख्या– 3 दिसम्बर, 1984 को भोपाल गैस त्रासदी घटना मध्यप्रदेश के तात्कालीन मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह के समय हुई थी। उस समय भारत के प्रधानमन्त्री राजीव गाँधी थे।
उमा भारती मध्यप्रदेश की पहली महिला मुख्यमन्त्री है।

81. निम्न में से कौन-से महापुरुष 1891 में पैदा व 1956 में दिवंगत हुए थे? (पर्यटन विभाग (सहायक ग्रेड-3), 2013)
(अ) द्वारिकाप्रसाद मिश्र
(ब) डा.बी.आर. अम्बेडकर

71.(द) 72.(द) 73.(ब) 74.(द) 75.(अ) 76.(स) 77.(द) 78.(अ) 79.(ब) 80.(स)

(स) विट्ठलभाई पटेल (द) पी.सी. सेठी

व्याख्या- डॉ. भीमराव अम्बेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को महू (इन्दौर म. प्र.) में हुआ था।
अम्बेडकर ने 1924 में बहिष्क्रत हितकारिणी सभा की स्थापना की। यह भारतीय संविधान निर्मात्री सभा के सदस्य रहे एवं प्रारूप समिति की अध्यक्षता की । इनकी मृत्यु 6 दिसम्बर 1956 में हुई।

82. निम्न में से म.प्र. में कौनसा प्रसिद्ध अखबार नहीं छपता है ?
(पर्यटन विभाग परीक्षा- 2013)

(अ) दैनिक जागरण (ब) राजस्थान पत्रिका
(स) द हिन्दू (द) नवभारत

व्याख्या- 'द हिन्दू' भारत का प्रसिद्ध अंग्रेजी अखबार है। इसका प्रकाशन मध्य प्रदेश से नहीं होता है ।
मध्य प्रदेश के प्रमुख अखबार—
(1) दैनिक भास्कर (2) नई दुनिया
(3) दैनिक जागरण (4) राजस्थान पत्रिका
(5) नवभारत (6) राज एक्सप्रेस
(7) DNA (अंग्रेजी अखबार)

83. महाकालेश्वर मन्दिर किस भगवान का मन्दिर है?
(पर्यटन विभाग परीक्षा- 2013)

(अ) लक्ष्मीनारायण (ब) राम और सीता
(स) भैरवनाथ (द) शिव

व्याख्या- महाकालेश्वर मंदिर भगवान शिव का मंदिर है। महाकालेश्वर मंदिर उज्जैन में स्थित है, यह मंदिर बारह ज्योर्तिलिंग में से एक है, यहाँ प्रति बारह वर्ष बाद सिंहस्थ (कुम्भ) का मेला लगता है।
मध्य प्रदेश में दो ज्योर्तिलिंग स्थित हैं।
(1) महाकालेश्वर - उज्जैन में
(2) ओंकारेश्वर (ममलेश्वर) - ओंकारेश्वर में।

84. मध्य प्रदेश में सबसे बड़ा किला कौनसा है ?
(पर्यटन विभाग परीक्षा- 2013)

(अ) बान्धवगढ़का किला (ब) ग्वालियर का किला
(स) माण्डू का किला (द) चौरागढ़किला

व्याख्या- मध्य प्रदेश का सबसे बड़ा किला ग्वालियर का किला है। इसका निर्माण राजा सूरजसेन ने 525 ई. में करवाया था। ग्वालियर के किले को भारत का जिब्राल्टर एवं किलों का रत्न कहा जाता है।
ग्वालियर के किले में आलमगीर दरवाजा, हिण्डोला दरवाजा, गूजरी महल दरवाजा, चतुर्भुज मंदिर दरवाजा और हाथी फौड़ दरवाजा है।

85. अविभाजित मध्य प्रदेश राज्य का गठन कब हुआ?
(पर्यटन विभाग परीक्षा- 2013)

(अ) 1952 में (ब) 1954 में
(स) 1956 में (द) 1958 में

व्याख्या- अविभाजित मध्य प्रदेश का गठन 1 नवम्बर 1956 को हुआ जिसके प्रथम मुख्यमंत्री पं. रविशंकर शुक्ल एवं प्रथम राज्यपाल डॉ. पट्टाभिसीतारमैया बने।
1 नवम्बर को प्रदेश दिवस मनाया जाता है।

86. मौलाना आजाद राष्ट्रीय तकनीकी संस्थान कहाँ स्थित है?
(मध्यप्रदेश सहायक ग्रेड-3, 2013)

(अ) ग्वालियर (ब) इन्दौर
(स) भोपाल (द) सागर

व्याख्या- मौलाना आजाद राष्ट्रीय तकनीकी संस्थान भोपाल में है।
राजा भोज मुक्त विश्वविद्यालय, राष्ट्रीय विधि संस्थान विश्वविद्यालय, राजीव गाँधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, भोपाल में स्थित है।
हिन्दी विश्वविद्यालय भोपाल में स्थित है।

87. "अकबर टाइम्स" समाचार पत्र कौन-सी भाषा में प्रकाशित होता है?
(मध्यप्रदेश सहायक ग्रेड-3, 2013)

(अ) अंग्रेजी (ब) हिन्दी
(स) उर्दू (द) कोई नहीं

व्याख्या- 'अकबर टाइम्स' समाचार-पत्र हिन्दी भाषा में प्रकाशित होता है।
भारत में 'बंगाल गजट' सबसे पहला समाचार-पत्र था।
म.प्र. में प्रथम समचार-पत्र 'अखबार' ग्वालियर वर्ष 1840 में ग्वालियर से शुरू हुआ।
6 मार्च, 1849 को इन्दौर से मालवा अखबार का प्रकाशन शुरू हुआ।

88. मध्यप्रदेश का एकमात्र सिन्धी समाचार पत्र कौन-सा है?
(मध्यप्रदेश सहायक ग्रेड-3, 2013)

(अ) फर्ज़ (ब) हक-ओ-इन्साफ
(स) अकबर टाइम्स (द) कोई नहीं

व्याख्या- म.प्र. का एकमात्र सिंधी समाचार पत्र फर्ज है।
1 नवम्बर, 1860 को इन्दौर से मराठी साप्ताहिक पूर्ण चन्श्वेदय का प्रकाशन शुरू हुआ 1865 तक प्रकशित हुआ।
1863 से इन्दौर से साप्ताहिक वृत्त लहरी का प्रकाशन किया गया।

89. राष्ट्रीय तकनीकी संस्थान, इन्दौर किस वर्ष में स्थापित किया गया था?
(मध्यप्रदेश सहायक ग्रेड-3, 2013)

(अ) 2001 (ब) 2009
(स) 2005 (द) 2004

व्याख्या- इन्दौर एकमात्र शहर है, जिसमें IIT और IIM दोनों हैं।
प्रदेश का एकमात्र सैनिक स्कूल रीवा है।
देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर की स्थापना 1964 हुई।
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल की स्थापना (1970) में हुई।
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर की स्थापना 1964 में हुई।

90. किस वर्ष मध्य प्रदेश सरकार ने 'राम रोटी योजना' को प्रारम्भ किया?
(वनरक्षक भर्ती परीक्षा- 2013)

81.(ब) 82.(स) 83.(द) 84.(ब) 85.(स) 86.(स) 87.(ब) 88.(अ) 89.(ब) 90.(स)

(अ) 2008 (ब) 2009
(स) 2010 (द) 2011

व्याख्या- मध्य प्रदेश सरकार ने निर्धनों के लिए केवल 5 रुपये में रात्रि भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रामरोटी योजना का शुभारम्भ 25 सितम्बर 2010 से म. प्र. के चार शहर इन्दौर, भोपाल, ग्वालियर व जबलपुर से किया।

**91. रीवा जिला किस लिए प्रसिद्ध है?**
**(परिवहन आरक्षक परीक्षा- 2012)**

(अ) सफेद बाघ के लिए (ब) गैंडा
(स) जिराफ़ (द) हाथी

व्याख्या- रीवा जिला सफेद बाघ के लिए प्रसिद्ध है एवं रीवा को सफेद शेर की भूमि के उपनाम से भी जाना जाता है।

**92. किस प्रान्त को 'सोया प्रदेश' कहा जाता है?**
**(मत्स्य अधिकारी परीक्षा- 2012)**

(अ) उ.प्र. (ब) म.प्र.
(स) केरल (द) गुजरात

व्याख्या- मध्य प्रदेश को "सोया प्रदेश" कहा जाता है। म. प्र. को टाईगर स्टेट, हृदय प्रदेश, व नदियो का मायका आदि नामों से जाना जाता है।

**93. मध्यप्रदेश में म.प्र. मानव अधिकार आयोग का गठन इस वर्ष में हुआ- (ट्रांस्लेशन सहायक ग्रेड-3 प्रारम्भिक परीक्षा- 2012)**

(अ) 1957 (ब) 1975
(स) 1985 (द) 1995

व्याख्या- म.प्र. में म.प्र. मानवाधिकार आयोग का गठन 28 सितम्बर 1995 को भोपाल में किया गया। म.प्र. मानवाधिकार आयोग में 1 अध्यक्ष 4 सदस्य होते हैं, जिनकी नियुक्ति राज्यपाल करते हैं।

**94. 'ओशो' नाम से यह जाने जाते हैं-**
**(ट्रांस्लेशन सहायक ग्रेड-3 प्रारम्भिक परीक्षा- 2012)**

(अ) आशाराम बापू (ब) ओसले रॉय
(स) आचार्य रजनीश (द) आर्यन

व्याख्या- ओशो के नाम से आचार्य रजनीश को जाना जाता है। इनका वास्तविक नाम राजेन्द्र जैन है, इनका जन्म रायसेन के कुचवाड़ा गाँव में हुआ था। इनकी प्रारम्भिक शिक्षा गाडरवारा (होशंगाबाद) में हुई थी व इन्होंने स्नातक जबलपुर से किया।

**95. मध्यप्रदेश में इनके नाम से संगीत की राज्य अकादमी स्थापित की गई है- (ट्रांस्लेशन सहायक ग्रेड-3 प्रारम्भिक परीक्षा- 2012)**

(अ) अलाउद्दीन खाँ (ब) लता मंगेशकर
(स) तानसेन (द) कुमार गंधर्व

व्याख्या- मध्यप्रदेश में अलाउद्दीन खाँ के नाम से संगीत अकादमी मैहर में स्थापित की गई है। म.प्र. शासन द्वारा संगीत के क्षेत्र में उस्ताद अलाउद्दीन खाँ फैलोशिप प्रदान की जाती है। उस्ताद अलाउद्दीन खाँ संगीत समारोह का प्रमुख आकर्षण केन्द्र "मैहर बैण्ड है।"

**96. माधवराव सप्रे स्मृति समाचार पत्र संग्रहालय की स्थापना कब की गई-**

(अ) 16 जनवरी 1951 (ब) 28 फरवरी 1996
(स) 19 जून 1984 (द) 15 अगस्त 1975

व्याख्या- माधवराव सप्रे स्मृति संग्रहालय की स्थापना 19 जून 1984 को भोपाल में की गई है।

**97. 'विश्व सूर्य' नामक समाचार पत्र कहाँ से प्रकाशित होता है-**

(अ) मंदसौर से (ब) रतलाम से
(स) बुरहानपुर से (द) बालाघाट से

व्याख्या- 'विश्व सूर्य' नामक समाचार पत्र बालाघाट से प्रकाशित होता है।

**98. मध्यप्रदेश का पिनकोड अंक किससे प्रारंभ होता है-**

(अ) 4 (ब) 3
(स) 6 (द) 2

व्याख्या- मध्यप्रदेश का पिनकोड अंक 4 से प्रारंभ होता है (जैसे इन्दौर का पिनकोड 452001 है)

**99. 'भोपाल ट्रेजडी' नामक पुस्तक के लेखक हैं-**

(अ) डॉ. बरदूराजन (ब) रेशमा खान
(स) एम.अरुण सुब्रमण्यम (द) स्वराज पुरी

व्याख्या- 3 दिसम्बर 1984 को हुए भोपाल गैस काण्ड (मिथाइल आइसोसाइनेट) के भीषण हादसे पर रचित पुस्तक भोपाल ट्रेजडी के लेखक एम.अरुण सुब्रमण्यम हैं।

**100. मध्यप्रदेश का बॉटनीकल गार्डन कहाँ पर स्थित है-**

(अ) भोपाल में (ब) सैलाना में
(स) ग्वालियर में (द) बालाघाट में

व्याख्या- मध्यप्रदेश में बॉटनीकल गार्डन सैलाना (रतलाम) में स्थित है।

**101. मध्यप्रदेश का पहला हिन्दी मासिक समाचार पत्र नवजीवन कब प्रकाशित हुआ-**

(अ) 1905 (ब) 1910
(स) 1915 (द) 1848

व्याख्या- मध्यप्रदेश का पहला हिन्दी मासिक समाचार पत्र 'नवजीवन' वर्ष 1915 में सर्वप्रथम प्रकाशित हुआ।

**102. मध्यप्रदेश में अटलबिहारी बाजपेयी लोक प्रशासन संस्थान की स्थापना कहाँ पर की जा रही है-**

(अ) भोपाल (ब) इन्दौर
(स) ग्वालियर (द) उज्जैन

91.(अ) 92.(ब) 93.(द) 94.(स) 95.(अ) 96.(स) 97.(द) 98.(अ) 99.(स) 100.(ब) 101.(स) 102.(अ)

व्याख्या- मध्यप्रदेश में अटलबिहारी बाजयेपी लोक प्रशासन संस्थान की स्थापना भोपाल में की जा रही है।

**103. डॉ. भीमराव अम्बेडकर दूरसंचार प्रशिक्षण संस्थान कहाँ पर स्थित है-**

(अ) जबलपुर (ब) महू
(स) देवास (द) भोपाल

व्याख्या- डॉ. भीमराव अम्बेडकर दूरसंचार प्रशिक्षण संस्थान जबलपुर में स्थापित है जबकि डॉ. भीमराव अम्बेडकर सामाजिक शोध संस्थान महू में स्थापित है।

**104. 'सेव नगरी' कही जाती है-**

(अ) इन्दौर (ब) जबलपुर
(स) रतलाम (द) उज्जैन

व्याख्या- नमकीन सेव की उत्पादकता एवं प्रसिद्धि के कारण म.प्र. का रतलाम शहर 'सेव नगरी' के नाम से पूरे देश में प्रसिद्ध है।

**105. सेण्ट्रल मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक का मुख्यालय कहाँ पर स्थापित है-**

(अ) ग्वालियर (ब) भोपाल
(स) इन्दौर (द) छिंदवाड़ा

व्याख्या- सेण्ट्रल मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक का मुख्यालय छिंदवाड़ा में स्थित है।

**106. राष्ट्रीय हॉर्टीकल्चर इन्स्टीट्यूट मध्यप्रदेश के किस जिले में स्थापित करने की घोषणा हुई है?**

(अ) जबलपुर (ब) भोपाल
(स) ग्वालियर (द) इन्दौर

व्याख्या- राष्ट्रीय हॉर्टीकल्चर इन्स्टीट्यूट इन्दौर में बनेगा।

**107. केन्द्रीय खाद्य एवं औषधि मंत्रालय ने देश की पहली हाईटैक लैब म.प्र. के किस शहर में खोलने की मंजूरी दी है-**

(अ) जबलपुर (ब) भोपाल
(स) होशंगाबाद (द) सागर

व्याख्या- केन्द्रीय खाद्य और औषधि मंत्रालय ने देश की पहली हाइटैक लैब भोपाल में खोलने की मंजूरी दी है।

**108. ईसाई धर्मग्रंथ बाइबिल का मालवी बोली में अनुवाद किसने किया है-**

(अ) मण्डन मिश्र ने (ब) प्रकाश डी. मसीही ने
(स) अलका सिरोही ने (द) एंथोनी जे.सी. डिसा ने

व्याख्या- ईसाई धर्मग्रंथ बाइबिल का मालवी बोली में अनुवाद प्रकाश डी. मसीही ने किया।

**109. मध्यप्रदेश के निम्नलिखित में कौन-सा/से नगरीय निकाय कूड़ेदान मुक्त घोषित किये गये हैं-**

(अ) पन्ना (ब) सैलाना
(स) कुक्षी (द) उपर्युक्त सभी

व्याख्या- मध्यप्रदेश के नगरीय निकाय पन्ना, सैलाना एवं कुक्षी को कूड़ेदान मुक्त घोषित किया गया है।

**110. ''मूक नायक'' नामक पत्रिका का संपादन किसने किया था-**

(अ) ज्योतिबा फुले (ब) नारायण गुरु
(स) डॉ. भीमराव अम्बेडकर (द) ठक्कर बापा

व्याख्या- ''मूक नायक'' नामक पत्रिका का संपादन डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने किया था, जिसमें अपने दलित समाज की दशा का वर्णन किया एवं हिन्दू समाज पर तीखा प्रहार किया।

**111. विदिशा व्यापार मेला का आरंभ कब से हुआ-**

(अ) वर्ष 1905 से (ब) वर्ष 1925 से
(स) वर्ष 1948 से (द) वर्ष 1956 से

व्याख्या- विदिशा व्यापार मेला का शुभारंभ वर्ष 1905 में पं. विश्वनाथ ने किया था।

**112. मध्यप्रदेश विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी परिषद की स्थापना कब की गई।**

(अ) वर्ष 1956 में (ब) वर्ष 1961 में
(स) वर्ष 1981 में (द) वर्ष 1972 में

व्याख्या- मध्यप्रदेश विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी परिषद की स्थापना वर्ष 1981 में की गई है।

**113. नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण का गठन कब किया गया।**

(अ) वर्ष 1979 में (ब) वर्ष 1981 में
(स) वर्ष 1983 में (द) वर्ष 1989 में

व्याख्या- नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण का गठन वर्ष 1981 में किया गया। मुख्यालय भोपाल में है।

**114. मंगल ग्रह का जन्म स्थल कहाँ माना जाता है-**

(अ) वाराणसी (ब) मथुरा
(स) उज्जैन (द) नासिक

व्याख्या- भूमि पुत्र के रूप में मंगल ग्रह का जन्मस्थल उज्जैयिनी (उज्जैन) को माना जाता है इसीलिये यहाँ पर मंगलनाथ मंदिर स्थित है।

**115. फ्रांस सरकार ने मध्यप्रदेश के कौन-से शहर को भारतीय विरासत शहरों के संरक्षण हेतु चुना है-**

(अ) खजुराहो (ब) माण्डू
(स) भोपाल व महेश्वर (द) चित्रकूट

103.(अ) 104.(स) 105.(द) 106.(द) 107.(ब) 108.(ब) 109.(द) 110.(स) 111.(अ) 112.(स) 113.(ब) 114.(स) 115.(स)

व्याख्या- फ्रांस सरकार ने मध्यप्रदेश के भोपाल एवं महेश्वर को भारतीय विरासत शहरों के संरक्षण हेतु चुना है।

116. मध्यप्रदेश में पहली महिला बैंक कहाँ पर स्थापित की गई है।

(अ) इंदौर (ब) भोपाल
(स) ग्वालियर (द) जबलपुर

व्याख्या- मध्यप्रदेश में पहली महिला बैंक इन्दौर में स्थापित की गई है।

117. म.प्र. राज्य में महिला हिंसा एवं अत्याचार को रोकने हेतु राज्य पुलिस द्वारा जारी महिला हेल्प लाइन नंबर है-

(अ) 1080 (ब) 1090
(स) 181 (द) 1551

व्याख्या- म.प्र. राज्य में महिलाओं पर होने वाले अत्याचार व हिंसा की प्रभावी रोक हेतु राज्य पुलिस द्वारा महिला हेल्प लाइन नंबर 1090 जारी किया है।

118. म.प्र. के किस जिले का क्षेत्रफल सर्वाधिक है? (डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016)

(अ) छिंदवाड़ा (ब) सागर
(स) सिवनी (द) बैतूल

व्याख्या- म.प्र. के छिंदवाड़ा जिले का क्षेत्रफल सर्वाधिक (11,815 वर्ग कि.मी.) है, जबकि सागर एवं शिवपुरी जिले क्रमशः दूसरे एवं तीसरे स्थान पर हैं।

119. मध्य प्रदेश में जिलों की संख्या क्या है? (डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016)

(अ) 48 (ब) 52
(स) 46 (द) 49

व्याख्या- मध्यप्रदेश में जिलों की संख्या 52 हैं। नवीनतम 52 वां जिला निवाड़ी है, जो 1 अक्टूबर 2018 को टीकमगढ़ को विभाजित कर गठित हुआ है।

120. मध्य प्रदेश के साथ कितने राज्यों की सीमायें छूती हैं? (डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016)

(अ) चार (ब) पाँच
(स) छः (द) सात

व्याख्या- मध्यप्रदेश के साथ पाँच राज्यों उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़ महाराष्ट्र, गुजरात एवं राजस्थान की सीमायें छुती हैं।

121. सीधी और झाबुआ के सूर्योदय के समय पर विचार करें और सही उत्तर का चयन करें: (डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016)

(अ) सीधी में सूर्य उदय झाबुआ से एक घंटे पहले होगा
(ब) झाबुआ में सूर्य उदय सीधी से एक घंटे पहले होगा
(स) सीधी में सूर्य उदय झाबुआ से आधे घंटे पहले होगा
(द) झाबुआ में सूर्य उदय सीधी से आधे घंटे पहले होगा

व्याख्या- सीधी और झाबुआ के सूर्योदय पर विचार करें तो सीधी में सूर्योदय झाबुआ से आधे घण्टे पहले होगा ऐसा देशांतर रेखाओं की स्थिति के कारण होगा।

122. मध्यप्रदेश की सर्वाधिक सीमा किस प्रदेश से लगती (स्पर्श करती हैं)? (डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016)

(द) गुजरात (ब) छत्तीसगढ़
(स) उत्तरप्रदेश (द) राजस्थान

व्याख्या- मध्यप्रदेश राज्य की सर्वाधिक सीमा उत्तरप्रदेश को स्पर्श करती है, जबकि सबसे कम गुजरात राज्य से स्पर्श करती है।

123. देवास जिला किस संभाग का भाग हैं? (डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016)

(अ) उज्जैन (ब) इंदौर
(स) भोपाल (द) नर्मदापुरम

व्याख्या- देवास जिला उज्जैन संभाग का भाग है।

124. निम्नलिखित में से कौन सा राज्य मध्य प्रदेश के पुनर्गठन के समय शामिल नहीं था (डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016)

(अ) मध्य प्रदेश (पार्ट ए स्टेट) (ब) मध्य भारत (पार्ट बी स्टेट)
(स) भोपाल राज्य (पार्ट सी स्टेट) (द) छत्तीसगढ़राज्य (पार्ट डी स्टेट)

व्याख्या- छत्तीसगढ़राज्य (पार्ट D स्टेट) मध्यप्रदेश के राज्य पुनर्गठन के समय (सन् 1956 में) शामिल नहीं था।

125. मध्य प्रदेश का क्षेत्रफल है? (डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016)

(अ) 4.43 लाख वर्ग किमी. (ब) 3.08 लाख वर्ग किमी.
(स) 4.08 लाख वर्ग किमी. (द) 3.43 लाख वर्ग किमी.

व्याख्या- मध्यप्रदेश का कुल क्षेत्रफल 308252 वर्ग किमी. है मध्यप्रदेश राजस्थान के बाद देश का दूसरा बड़ा राज्य है।

126. जिला बनने से पहले भोपाल किस जिले का तहसील था? (डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016)

(अ) रायसेन (ब) सीहोर
(स) विदिशा (द) मन्दसौर

व्याख्या- जिला बनने से पहले भोपाल, सीहोर जिले की तहसील था। भोपाल जिला का गठन वर्ष 1972 में हुआ है।

127. मध्यप्रदेश में सड़कों से जुड़े ग्रामों की संख्या कितनी लगभग है? (डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016)

(अ) 51,000 (ब) 47,000
(स) 49,000 (द) 39,000

व्याख्या- मध्यप्रदेश में सड़कों से जुड़े ग्रामों की संख्या लगभग 49000 है। मध्यप्रदेश में ग्रामों में सड़कों को विकास के लिये वर्ष 2000 से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना क्रियान्वित है। एवं मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना में भी क्रियान्वित है।

116.(अ) 117.(ब) 118.(अ) 119.(ब) 120.(ब) 121.(स) 122.(स) 123.(अ) 124.(द) 125.(ब) 126.(ब) 127.(स)

128. क्षेत्रफल की दृष्टि से म.प्र. का सबसे बड़ा संभाग है?
( डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016 )
(अ) चंबल (ब) इंदौर
(स) जबलपुर (द) सागर

व्याख्या- क्षेत्रफल की दृष्टि से मध्यप्रदेश का सबसे बड़ा संभाग जबलपुर में इसमें 8 जिले सम्मलित है।

129. मध्यप्रदेश का राजकीय वृक्ष कौनसा है?
( डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016 )
(अ) अशोक (ब) आम
(स) पीपल (द) बरगद

व्याख्या- मध्यप्रदेश का राजकीय वृक्ष बरगद है।

130. 1956 में मध्यप्रदेश के गठन के समय कितने जिले थे?
( डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016 )
(अ) 41 (ब) 42
(स) 43 (द) 44

व्याख्या- सन् 1956 में मध्यप्रदेश के गठन के समय 43 जिले थे।

131. मध्यप्रदेश का गठन किस तिथि को हुआ:
( डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016 )
(अ) 29 दिसम्बर 1953 (ब) 1 नवम्बर 1955
(स) 1 नवम्बर 1954 (द) 1 नवम्बर 1956

व्याख्या- मध्यप्रदेश का गठन 1 नवम्बर, 1956 को भाषायी आधार पर राज्य पुर्नगठन अधिनियम के अंतर्गत हुआ था।

132. म.प्र. में क्षेत्रफल की दष्टि से सबसे छोटा जिला है?
( डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016 )
(अ) जबलपुर (ब) दतिया
(स) शिवपुरी (द) गुना

व्याख्या- म.प्र. में क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे छोटा जिला दतिया है जबकि सबसे बड़ा जिला छिंदवाड़ा है.

133. 1 नवम्बर 2000 को गठित 26 वें राज्य छत्तीसगढ़में म.प्र. के कितने जिलों का समावेश हुआ था? ( डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016 )
(अ) 14 (ब) 15
(स) 16 (द) 17

व्याख्या- 1 नवम्बर 2000 के गठित 26वें राज्य छत्तीसगढ़में मध्यप्रदेश के 16 जिलों का समावेश हुआ था।

134. म.प्र. में पृथ्वी का केंद्र किस जगह को माना जाता है?
( डेयरी उत्पादक परीक्षा 2016 )
(अ) नैनी (ब) मंगलनाथ उज्जैन
(स) ग्वालियर (द) बैतूल

व्याख्या- म.प्र. में पृथ्वी का केन्द्र मंगलनाथ, उज्जैन को माना जाता है।

135. नार्दन कोलफील्ड्स लिमिटेड का मुख्यालय म.प्र. में कहाँ स्थित हैं?
( डेयरी फेडरेशन 2016 )
(अ) शहडोल (ब) सिंगरौली
(स) सीधी (द) सतना

व्याख्या- नार्दन कोलफील्ड लिमिटेड का मुख्यालय म.प्र. के सिंगरौली में स्थित है।

136. मध्यप्रदेश में फिल्म विकास निगम की स्थापना कब हुई?
( डेयरी फेडरेशन 2016 )
(अ) 1970 (ब) 1971
(स) 1980 (द) 1981

व्याख्या- मध्यप्रदेश में फिल्म विकास निगम की स्थापना वर्ष 1981 में हुई।

137. सलमान खान का जन्म स्थान कहाँ पर है?
( डेयरी फेडरेशन 2016 )
(अ) भोपाल (ब) देवास
(स) इंदौर (द) रतलाम

व्याख्या- फिल्म अभिनेता सलमान खान का जन्म म.प्र. के इंदौर शहर में हुआ एवं स्कूली शिक्षा सिंधिया स्कूल ग्वालियर में हुई है।

138. मध्य प्रदेश में फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी कहाँ स्थित है?
( डेयरी फेडरेशन 2016 )
(अ) सागर (ब) इंदौर
(स) महू (द) रीवा

व्याख्या- मध्यप्रदेश में फारेंसिक साइंस लेबोरेटरी सागर में स्थित है।

139. मध्यप्रदेश में किस नगर को ''सिटी आफ जॉय'' कहा जाता है?
( डेयरी फेडरेशन 2016 )
(अ) मांडू (ब) भोपाल
(स) मैहर (द) उज्जैन

व्याख्या- मध्यप्रदेश के ऐतिहासिक पर्यटन स्थल माण्डू को उसकी प्राकृतिक सौंदर्यता के कारण ''सिटी ऑफ जॉय'' कहा जाता है।

140. मध्यप्रदेश हस्तशिल्प निगम कहाँ स्थित है?
( डेयरी फेडरेशन 2016 )
(अ) भोपाल (ब) इंदौर
(स) ग्वालियर (द) सागर

व्याख्या- मध्यप्रदेश हस्तशिल्प निगम का मुख्यालय भोपाल में स्थित है।

128.(स) 129.(द) 130.(स) 131.(द) 132.(ब) 133.(स) 134.(ब) 135.(ब) 136.(द) 137.(स) 138.(अ) 139.(अ) 140.(अ)

141. पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मस्थान है- (डेयरी फेडरेशन 2016)

(अ) भोपाल (ब) जबलपुर
(स) ग्वालियर (द) रीवा

व्याख्या- पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म स्थान ग्वालियर है उनका जन्म 25 दिसम्बर, 1926 को ग्वालियर में हुआ था।

142. संजीवनी संस्थान का मुख्यालय कहाँ है? (डेयरी फेडरेशन 2016)

(अ) बालाघाट (ब) भिण्ड
(स) दतिया (द) भोपाल

व्याख्या- संजीवनी संस्थान का मुख्यालय भोपाल में है।

143. म.प्र. पर्यावरण न्यायालय की स्थापना कहाँ पर की गई है? (डेयरी फेडरेशन 2016)

(अ) इन्दौर (ब) जबलपुर
(स) भोपाल (द) सागर

व्याख्या- म.प्र. पर्यावरण न्यायालय की स्थापना भोपाल में की गई है।

144. डायल-100 सेवा म.प्र. में किस वर्ष शुरू की गयी? (डेयरी फेडरेशन 2016)

(अ) 2013 (ब) 2014
(स) 2015 (द) 2016

व्याख्या- डायल 100 सेवा मध्यप्रदेश में वर्ष 2015 से शुरू की गयी है।

145. विश्व की प्रथम भीली भाषा की फिल्म ''फैसला'' की शूटिंग म.प्र. में कहाँ की गयी? (डेयरी फेडरेशन 2016)

(अ) झाबुआ (ब) नीमच
(स) उज्जैन (द) छिंदवाड़ा

व्याख्या- विश्व की प्रथम भीली भाषा की फिल्म 'फैसला' की शूटिंग म.प्र. में झाबुआ में की गयी है।

146. म.प्र. में सैनिक स्कूल स्थित हैं- (डेयरी फेडरेशन 2016)

(अ) सतना (ब) रीवा
(स) सीधी (द) शहडोल

व्याख्या- मध्यप्रदेश में एकमात्र सैनिक स्कूल रीवा में है।

147. तानसेन पुरस्कार के अंतर्गत कितनी राशि प्रदान की जाती है (2015 में)? (डेयरी फेडरेशन 2016)

(अ) 1 लाख (ब) 2 लाख
(स) 5 लाख (द) 10 लाख

व्याख्या- तानसेन पुरुस्कार के अंतर्गत .. 2 लाख राशि प्रदान की जाती है। यह पुरुस्कार संगीत के क्षेत्र में दिया जाता है।

148. म.प्र. के कौनसे शहर को देश का सबसे स्वच्छ शहर चुना गया है?

(अ) इंदौर (ब) भोपाल
(स) ग्वालियर (द) जबलपुर

व्याख्या- म.प्र. की व्यावसायिक राजधानी इंदौर को वर्ष 2017 का सर्वाधिक स्वच्छ शहर चुना गया है। नई दिल्ली में आयोजित स्वच्छता सर्वेक्षण 2017 के सम्मान कार्यक्रम में केन्श्वीय शहरी विकास मंत्री श्री वेंकैया नायडू ने स्वच्छ भारत रैंकिंग में इंदौर को प्रथम श्रेणी में रखा था।

149. लेफ्टिनेंट संजय टेकचंदानी को 15 अगस्त, 2016 को किस अवॉर्ड हेतु चुना गया।

(अ) अशोक चक्र (ब) राष्ट्रपति पदक
(स) सेना मैडल (द) परमवीर चक्र

व्याख्या- म.प्र. की राजधानी भोपाल के निवासी लेफ्टिनेंट संजय टेकचंदानी को 15 अगस्त, 2016 को सेना मेंडल से पुरस्कृत किया गया।

150. 10वाँ विश्व हिंदी सम्मेलन का आयोजनकर्ता कौन है?

(अ) म.प्र. सरकार (ब) भारत सरकार
(स) लोकसभा सचिवालय
(द) भारतीय विदेश मंत्रालय एवं म.प्र. राज्य

व्याख्या- 10वें विश्व हिन्दी सम्मेलन के आयोजनकर्ता भारतीय़ विदेशी मंत्रालय के साथ म.प्र. राज्य भी भागीदारी है। जोहान्सबर्ग शहर में आयोजित 9वें विश्व हिन्दी सम्मेलन में ही 10वें सम्मेलन को आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

151. निम्न में से 10वें विश्व हिंदी सम्मेलन के सामरिक का नाम क्या है?

(अ) गंगांचल (ब) प्रवासी साहित्य जोहान्सबर्ग
(स) हिन्दी कल, आज और कल (द) कलम के सिपाही से आगे

व्याख्या- 10वें विश्व हिंदी सम्मेलन के सामरिक का नाम गंगांचल है। साथ ही 'हिन्दी कल', आज और कल, एक प्रदर्शनी थी। और 'कलम के सिपाही' सम्मेलन में जारी साहित्यिक कैलेण्डर है।

152. निम्न में से म.प्र. के किस स्थान पर महिला पार्क बनाया जाना प्रस्तावित है।

(अ) सागर (ब) भोपाल
(स) देवास (द) इंदौर

व्याख्या- म.प्र. की व्यावसायिक राजधानी इंदौर में महिला पार्क बनाया जान प्रस्तावित है। यह महिला पार्क प्रदेश का पहला तथा देश का दूसरा पार्क होगा। इस पार्क को इंदौर के संगमनगर में बनाया जाएगा।

153. निम्न में से म.प्र. सरकार द्वारा वर्ष 2016 को किस रूप में मनाने की घोषणा की गई है?

(अ) जल संरक्षण वर्ष (ब) किसान कल्याण वर्ष
(स) गरीब कल्याण वर्ष (द) पर्यटन वर्ष

141.(स) 142.(द) 143.(स) 144.(स) 145.(अ) 146.(ब) 147.(ब) 148.(अ) 149.(स) 150.(द) 151.(अ) 152.(द) 153.(स)

व्याख्या- म.प्र. सरकार द्वारा वर्ष 2016 को गरीब कल्याण वर्ष के रूप में मनाने की घोषणा की गई है।

**154. म.प्र. के किस शहर से स्टेट एनीमल सरोगेसी लैब की स्थापना की गई है?**

(अ) मुरैना (ब) भोपाल
(स) इंदौर (द) होशंगाबाद

व्याख्या- म.प्र. के भोपाल शहर में स्टेट एनीमल सरोगेसी लैब की स्थापना की गई है। इस लैब में अच्छी नस्ल वाली देशी प्रजाति की गायों का भ्रूण बनाकर गायों के गर्भाशय में प्रत्यारोपित किया जाएगा।

**155. निम्न में से 'एयर टैक्सी सुविधा' प्रदान करने वाला म.प्र. देश का कौनसा राज्य है?**

(अ) पहला (ब) दूसरा
(स) तीसरा (द) चौथा

व्याख्या- म.प्र. में पर्यटकों की सुविधा का ध्यान देते हुए 7 सितंबर, 2011 को 'एयर टैक्सी सुविधा' का शुभारंभ किया गया। ऐसी सुविधा प्रदान करने वाला म.प्र. देश का पहला राज्य है?

**156. निम्न में से म.प्र. के किस स्थान पर सूखा बंदरगाह स्थापित किया जाएगा?**

(अ) नीमच (ब) रतलाम
(स) सुखलिया (द) माँगलिया

व्याख्या- म.प्र. के माँगलिया स्थान पर प्रदेश का प्रथम ड्रायपोर्ट (सूखा बंदरगाह) स्थापित करने की योजना है।

**157. प्रदेश के किस स्थान को सतपुड़ा की रानी कहा जाता है?**

(अ) भेड़ाघाट (ब) चित्रकूट
(स) अमरकंटक (द) पचमढ़ी

व्याख्या- म.प्र. के एकमात्र हिल स्टेशन पचमढ़ी को सतपुड़ा की रानी की संज्ञा दी जाती है।

**158. अमरकंटक का पौराणिक नाम है?**

**(B.Ed/M.Ed/B.P. Ed-2017)**
**(ANM Training Selection Test-2016)**
**(पुलिस आरक्षक-2016)**

(अ) विंध्या पर्वधाय (ब) ऋक्ष पर्वत
(स) हिमपर्वत (द) शिवालिक

व्याख्या- म.प्र. के अनुपपूर जिले के अमरकंटक का पौराणिक नाम ऋक्ष पर्वत है। इस स्थान पर अनेक मंदिर, कुण्ड, झरने आदि दर्शनीय स्थल हैं, अमरकंटक को आम्रकूट भी कहते हैं।

**159. म.प्र. शासन द्वारा दि एम.पी. स्टेट माइनिंग कार्पोरेशन, की स्थापना की गई?**

**(State Engineering Service (Prelims) Exam-2016)**

(अ) 1956 (ब) 1967
(स) 1962 (द) कोई नहीं

व्याख्या- वर्ष 1962 में म.प्र. शासन द्वारा 'दि एम.पी. स्टेट माइनिंग कार्पोरेशन, स्थापना की गई।

**160. म.प्र. में 'राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून' कब प्रभावी हुआ था?**

**(B.A. B.Ed/ B.Sc. B.Ed/B.E. Ed 2016)**

(अ) 1 मार्च, 2014 (ब) 5 मार्च, 2014
(स) 1 अप्रैल, 2014 (द) 5 अप्रैल, 2014

व्याख्या- म.प्र. में 'राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून' 1 मार्च, 2014 से प्रभावी हुआ। इस कानून के तहत राज्य के 546 लाख लोगों को हर महीने 27.30 लाख क्विंटल अनाज बहुत सस्ती दर पर मिलेगा।

**161. एकमात्र दूसरो केन्द्र जो म.प्र. में स्थित है?**

**(B.A./B.Ed (B.Sc. ED 2016)**
**(Sub Engineer Recruitment Test-2016)**

(अ) इंदौर (ब) रतलाम
(स) मंदसौर (द) भोपाल

व्याख्या- म.प्र. का एकमात्र इसरो केन्द्र भोपाल में स्थित है। इसका उद्घाटन 'इसरो' के तत्कालीन चेयरमैन जी. माधव नायर ने 11 अप्रैल, 2005 को किया।

**162. सॉफ्टवेयर कंपनी इन्फोसिस का सुपर कॉरिडोर कहां निर्माणाधीन है? (Dairy Federation Recruiitment Exam-2016)**

(अ) भोपाल (ब) इंदौर
(स) जबलपुर (द) ग्वालियर

**163. मध्यप्रदेश के लोकायुक्त के रुप में हाल ही में किसे नियुक्त किया गया है? Group-2 2018**

(अ) पी.पी.नाओलेकर (ब) एस.एस.चौहान
(स) एन.के.गुप्ता (द) जे.पी.शर्मा

व्याख्या- विधि विभाग के सलाहकार रहे सेवानिवृत्त जस्टिस नरेश कुमार गुप्ता को एक साल से खाली पड़े लोकायुक्त के पद पर नियुक्त किया गया। गुप्ता पी पी नावलेकर के बाद नए लोकायुक्त बने।

**164. मध्यप्रदेश की मुर्गी (चिकन) के उस प्रकार का नाम बताइए जिसे हाल ही में भौगोलिक संकेत (जीआई) टैग प्रदान किया गया है।**

**Group-2 2018**

(अ) कड़कनाथ (स) गिरिराज
(ब) बुसरा (द) वनराज

व्याख्या- मध्यप्रदेश के कड़कनाथ मुर्गे को भौगोलिक संकेत (CI) Tag प्रदान किया गया है।

**165. सैन्य अभ्यास विन्बक्स, 2018, हाल ही में जबलपुर में ...... के लिए आयोजित किया गया था। MP Rajya 2018**

154.(ब) 155.(अ) 156.(द) 157.(द) 158.(ब) 159.(स) 160.(अ) 161.(द) 162.(ब) 163.(ब) 164.(अ)

(अ) 4 दिनों (ब) 7 दिनों
(स) 5 दिनों (द) 6 दिनों

व्याख्या- जबलपुर के ग्रेनेडियर रेजिमेंटल सेंटर में भारत का वियतनाम के साथ यह पहला संयुक्त सैन्य अभ्यास है, जिसमें दोनों देशों के चुनिंदा 15-15 अफसरों ने युद्ध से निपटने की रणनीति साझा करने का अभ्यास किया। 6 दिनों तक यह संयुक्त अभ्यास चला जिसका समापन 6 फरवरी 2018 को हुआ।

166. मध्य प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की 2016 यात्रा के दौरान एक व्यापार संगोष्ठी में ...के साथ 4 समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए। समग्र सामाजिक 2017
(अ) फ्रांस (ब) जर्मनी
(स) संयुक्त सरकार अमेरिका (द) सिंगापुर

व्याख्या- म. प्र. सरकार ने 2016 में सिंगापुर की यात्रा के दौरान व्यापार संगोष्ठी में 4 समझौते किए।

167. मध्यप्रदेश के अनिल माधव दवे जो हाल ही में निधन हो गया था, वह भारत के ... थे। जेल प्रहरी 2017
(अ) इनमें से कोई नहीं (ब) संसदीय मामलों की मंत्री
(स) पर्यावरण मंत्री (द) रसायन और उर्वरक मंत्री

व्याख्या- मध्यप्रदेश के अनिल माधव दवे जिनका हाल ही में निधन हो गया था वह भारत के पर्यावरण मंत्री थे।

168. मध्यप्रदेश के निम्नलिखित व्यक्तियों में से किसने भारत के मुख्य न्यायाधीश के रूप में कार्य किया था? जेल प्रहरी 2017
(अ) इनमें से कोई नहीं (ब) जे. एस. वर्मा
(स) वाजिद खान (द) रत्लेश पांडे

व्याख्या- म. प्र. के J.S. Verma ने मुख्य न्यायाधीश के रूप में कार्य किया था। इनका जन्म 18 जनवरी 1933, सतना में हुआ था। 2014 में पदम भूषण प्राप्त किया था।

169. मध्यप्रदेश का सर्वप्रथम बायोमिथेनेशन कारखाना का उद्घाटन कहाँ हुआ है? जेल प्रहरी 2017
(अ) मुरैना (ब) भोपाल
(स) ग्वालियर (द) मंदसौर

व्याख्या- म. प्र. का पहला बायोमैथेनेशन प्लांट भोपाल में बनाया गया है। यहाँ बायोगैस बनाई जा रही है। जिससे स्ट्रीट लाइट्स जलाई जाएँगी या ऐसे ही किसी अन्य काम में इसका प्रयोग किया जाएगा।

170. भारत में जनवरी से दिसम्बर में वित्तीय वर्ष स्थानांतरित करने के लिए मध्य प्रदेश ..... राज्य बन गया है। जेल प्रहरी 2017
(अ) पहला (ब) दूसरा
(स) तीसरा (द) चौथा

व्याख्या- भारत में जनवरी से दिसम्बर में वित्तीय वर्ष स्थानांतरित करने के लिए मध्य प्रदेश पहला राज्य बना।

171. किस वर्ष में मध्यप्रदेश ने 'विश्व हैंड-वाशिंग दिवस' पर एक साथ हाथ धोने वाले सर्वाधिक लोगों का रिकॉर्ड बनाया था? जेल प्रहरी 2017
(अ) 2015 (ब) 2016
(स) 2017 (द) 2014

व्याख्या- मध्यप्रदेश ने वर्ष 2014 में 'विश्व हैंड' वाशिंग दिवस' पर एक साथ हाथ धोने वाले सर्वाधिक लोगों का रिकॉर्ड बनाया था।

172. निम्न में से किस जिले के गाँवों को 'क्लाइमेट स्मार्ट विलेज प्रोजेक्ट' में शामिल किया गया है ? पुलिस आरक्षक 2017
(अ) सिंगरौली (ब) उमरिया
(स) सीहोर (द) अशोक नगर

व्याख्या- क्लाइमेट स्मार्ट विलेज प्रोजेक्ट 2011 में शुरू किया गया था। इसमें सीहोर जिले के गाँव शामिल है।

173. होशंगाबाद में नई बैंक नोट पेपर लाइन यूनिट का उद्घाटन किस वर्ष हुआ था? MPSI 2017
(अ) 2016 (ब) 2014
(स) 2015 (द) 2013

व्याख्या- होशंगाबाद में नयी बैंक नोट पेपर लाइन यूनिट का उद्घाटन मई, 2015 में हुआ था। उद्घाटन के मुख्य अतिथि भारतीय वित्त मंत्री अरुण जेटली व अध्यक्ष म. प्र. मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान थे।

174. अहमदपुर रॉक शेल्टर किस जिले में स्थित है? MPSI 2017
(अ) खंडवा (ब) विदिशा
(स) रीवा (द) रायसेन

व्याख्या- अहमदपुर रॉक शेल्टर विदिशा जिले में हैं।

175. बत्तीसी बाओली कहाँ स्थित है? MPSI 2017
(अ) मांडू (ब) शिवपुरी
(स) चंदेरी (द) रीवा

व्याख्या- बत्तीसी बाओली (बावली) म. प्र. में अशोकनगर जिले के चंदेरी में स्थित मध्यकालीन तालाब (बखली) है।

176. रतलाम किसके लिए प्रसिद्ध है? पटवारी परीक्षा 2017
(अ) कपास एवं गेहूँ (ब) सेव एवं सोना
(स) सेव एवं कपास (द) सोना एवं गेहूँ

व्याख्या- रतलाम भारत के मध्यप्रदेश प्रान्त के मालवा क्षेत्र का एक जिला है यह नगर सेव, सोना सट्टा, मावा, साड़ी तथा समोसा कचोरी के लिए प्रसिद्ध है।

165.(द) 166.(स) 167.(स) 168.(ब) 169.(ब) 170.(अ) 171.(द) 172.(स) 173.(स) 174.(ब) 175.(स) 176.(ब)

**177. भारत में प्रथम राज्य जिसमें प्रसन्नता के लिए एक अलग विभाग है:** पटवारी परीक्षा 2017

(अ) छत्तीसगढ़ (ब) राजस्थान
(स) त्रिपुरा (द) मध्यप्रदेश

व्याख्या- मध्यप्रदेश हैप्पीनेस विभाग का गठन करने वाला भारत का पहला राज्य बना है जिसके मुखिया मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान हैं।

**178. मंदसौर जिले में पाए गए यशोधर्मन का विजय स्तम्भ ( विजय स्तम्भ ) .......... में स्थित है।** पटवारी परीक्षा 2017

(अ) सोंधनी (ब) चिमोलिया
(स) मानपुरा (द) अफजलपुर

व्याख्या- यशोधर्मन का विजय स्तम्भ मंदसौर जिले के सोंधनी में स्थित है। यह मालवा राजा यशोधर्मन की हूण राजा मिहिरकुल पर विजय का प्रतीक है।

**179. सिंगरौली में चितरंगी निम्नलिखित में से किसके लिए जाना जाता है?** पटवारी परीक्षा 2017

(अ) गढ़ी पुराना किला (ब) चित्रित चट्टानी आश्रय
(स) बांध (द) विद्युत गृह

व्याख्या- चित्रित चट्टानी आश्रय के लिए चितरंगी सिंगरौली जानी जाती है। चित्रित चट्टानी आश्रय पर शिकार के दृश्य चित्रित होते हैं।

**180. NVDC का पूरा रूप है?** ( ANM Training Selection Test-2016 )

(अ) नर्मदा घाटी विकास निगम (स) नर्मदा घाटी विभाग केन्द्र
(स) नए घाटी विकास केन्द्र (द) राष्ट्रीय घाटी विकास केन्द्र

व्याख्या- NVDC का पूरा नाम है- नर्मदा घाटी विकास निगम।

**181. 'बाफला' म.प्र. का भोजन है। यह गेहूँ और घी से बनता है और लोकप्रिय है....में।**

( ANM Training Selection Test-2016 )

(अ) ओरछा (स) खजुराहो
(ब) मांडू (द) ग्वालियर

व्याख्या- बाफला म.प्र. का प्रसिद्ध भोजन है जो कि ग्वालियर में लोकप्रिय है और गेहूँ और घी से बनता है।

**182. यह म.प्र. में कितने विश्व धरोहर स्थल हैं?** ( पुलिस आरक्षक 2016 )

(अ) 5 (स) 1
(ब) 4 (ध) 3

व्याख्या- म.प्र. में कुल 3 विश्व धरोहर स्थल हैं। (खजुराहो के मंदिर, साँची के स्तूप, भीमबेटका की गुफाएँ)। इन तीनों स्थानों को यूनेस्को ने अपनी विश्व धरोहर सूची में शामिल किया है।

**183. म.प्र. में लोकायुक्त कार्यालय की स्थापना किस वर्ष हुई?**

( State Enginering-2014 )

(अ) 1980 (स) 1985
(ब) 1990 (द) 1981

व्याख्या- म.प्र. में लोकायुक्त कार्यालय की स्थापना वर्ष 1981 में हुई थी। जबकि लोकायुक्त संगठन की स्थापना के लिए सर्वप्रथम एक विधेयक 1975 में म.प्र. विधानसभा द्वारा पारित किया गया।

**184. म.प्र का प्रसिद्ध वस्त्र प्रकार है?** ( MPPSC Pre-2013 )

(अ) कोटा (स) खद्दर
(ब) तन्तुज (द) चन्देरी

व्याख्या- म.प्र. का प्रसिद्ध वस्त्र प्रकार चंदेरी है। चंदेरी के वस्त्र विश्व प्रसिद्ध है। वर्तमान में तो चंदेरी साड़ियों का पेटेन्ट भी हासिल हो चुका है। चंदेरी में मुख्य रूप से तीन प्रकार की साड़ियाँ प्रसिद्ध हैं- रेशमी, मिश्रित, सूती।


**185. निम्नलिखित में से कौन-सा जिला मालवा क्षेत्र में नहीं आता है?** पटवारी परीक्षा 2017

(अ) देवास (ब) रतलाम
(स) मण्डला (द) शाजापुर

व्याख्या- मालवा क्षेत्र लगभग 88222 वर्ग किलो. क्षेत्र में फैला हुआ है, इसके अंतर धार, झाबुआ, रतलाम, देवास, इंदौर, उज्जैन, मंदसौर, सीहौर, शाजापुर, रायसेन, राजगढ़ तथा विदिशा जिले आते हैं। मण्डला इसके अंदर नहीं आता है।

* * *

177.(द) 178.(अ) 179.(ब) 180.(अ) 181.(द) 182.(द) 183.(द) 184.(द) 185.(स)



# अध्याय– 28

# म.प्र. में एकमात्र सबसे बड़ा/छोटा

1. मध्यप्रदेश के किस ग्राम के सभी निवासी संस्कृत में बात करते हैं–

   (अ) महिदपुर (ब) मऊगंज

   (स) मोहद (द) करेली।

**व्याख्या**– मध्यप्रदेश में मोहद ग्राम के निवासी संस्कृत में बात करते हैं। यह नरसिंहपुर जिले के अंतर्गत आता है।

2. नवगठित म.प्र. के प्रथम मुख्यमंत्री थे–

   (अ) पं. रविशंकर शुक्ल (ब) डॉ. शंकरदयाल शर्मा

   (स) कैलाश नाथ काटजू (द) पं. द्वारिकाप्रसाद शुक्ल।

**व्याख्या**– नवगठित म.प्र. के प्रथम मुख्यमंत्री पं. रविशंकर शुक्ल थे, जिनका कार्यकाल 1.11.1956 से 31.12.1956 तक रहा था।

3. राज्य पुनर्गठन आयोग के अध्यक्ष थे–

   (अ) डॉ. हिदायतुल्ला (ब) डॉ. फजल अली

   (स) डॉ. के.एम. पनिकर (द) पं. हृदयनाथ कुंजरू।

**व्याख्या**– मध्यप्रदेश का निर्माण राज्य पुनर्गठन आयोग की अनुशंसा पर 1 नवम्बर, 1956 को हुआ था। इस आयोग के अध्यक्ष डॉ. फजल अली थे।

4. निम्नलिखित में से मध्यप्रदेश के किस मुख्यमंत्री का कार्यकाल सबसे कम रहा है–

   (अ) पं. रविशंकर शुक्ल (ब) वीरेन्द्र कुमार सकलेचा

   (स) गोविंद नारायण सिंह (द) राजा नरेशचन्द्र।

**व्याख्या**– म.प्र. के सातवें मुख्यमंत्री राजा नरेशचंद्र सिंह का कार्यकाल सबसे कम रहा। इनका कार्यकाल 13.3.1969 से 25.3.1969 रहा था।

5. मध्यप्रदेश का राज्य वृक्ष है–

   (अ) बरगद (ब) पीपल

   (स) शीशम (द) बबूल।

**व्याख्या**– म.प्र. का राज्य वृक्ष बरगद है।

6. इन्दौर में स्थापित किए जाने वाले भाभा परमाणु केन्द्र के प्रथम औद्योगीकरण केन्द्र का क्या नाम है–

   (अ) टाइगर (ब) कैट

   (स) लाइफ (द) प्रोग्रेस।

**व्याख्या**– इन्दौर में स्थापित भाभा परमाणु केन्द्र के प्रथम औद्योगीकरण केन्द्र का नाम कैट है जो इन्दौर में सुख निवास रोड पर स्थित है।

1.(स) 2.(अ) 3.(ब) 4.(द) 5.(अ) 6.(ब)

7. म.प्र. में विधानसभा सीटों की संख्या कितनी है-
(अ) 230 (ब) 220
(स) 300 (द) 320

व्याख्या- मध्यप्रदेश में विधानसभा सीटें कुल 320 थीं किन्तु मध्यप्रदेश के विभाजन के पश्चात् वर्तमान में विधानसभा सीटें 230 हैं।

8. मध्यप्रदेश के किस जिले में लौहयुक्त जल के कारण उत्पन्न समस्या के हल हेतु डेनिना परियोजना प्रारम्भ की जा रही है-
(अ) शहडोल (ब) सतना
(स) सागर (द) रीवा।

व्याख्या- मध्यप्रदेश में सतना जिले में लौहयुक्त जल के कारण उत्पन्न समस्या के हल हेतु डेनिना परियोजना प्रारंभ की जा रही है।

9. म.प्र. का उच्च न्यायालय कहाँ स्थित है-
(अ) इन्दौर (ब) भोपाल
(स) जबलपुर (द) ग्वालियर।

व्याख्या- मध्यप्रदेश के उच्च न्यायालय की स्थापना सन् 1956 में हुई। इसका मुख्यालय जबलपुर में है। इन्दौर व ग्वालियर में इसकी खण्डपीठ शाखाएँ हैं।

10. नवगठित म.प्र. के राज्यपाल कौन थे-
(अ) डॉ. बी. पट्टाभिसीतारमैया (ब) हरि विनायक पारस्कर
(स) के.सी. रेड्डी (द) निरंजननाथ।

व्याख्या- 1956 में नवगठित मध्यप्रदेश के प्रथम राज्यपाल डॉ. बी. पट्टाभिसीतारमैया थे, जिनका कार्यकाल 1.11.56 से 13.6.1957 तक रहा।

11. मध्यप्रदेश में निम्नलिखित राज्यपालों में किसका कार्यकाल सबसे कम रहा-
(अ) डॉ.बी.पट्टाभिसीतारमैया (ब) श्री के.सी. रेड्डी
(स) श्री एन.एन. वांचू (द) श्रीमती सरला ग्रेवाल।

व्याख्या- मध्यप्रदेश में डॉ. पट्टाभिसीतारमैया का कार्यकाल सबसे कम रहा। ये म.प्र. के प्रथम राज्यपाल थे।

12. मध्यप्रदेश में राष्ट्रीय नारू उन्मूलन कार्यक्रम किस वर्ष क्रियान्वित किया गया-
(अ) 1987 (ब) 1983
(स) 1990 (द) 1992

व्याख्या- म.प्र. में राष्ट्रीय नारू उन्मूलन कार्यक्रम 1983 में क्रियान्वित किया गया।

13. मध्यप्रदेश में विधि संस्थान की स्थापना कहाँ की गई है-
(अ) भोपाल (ब) इन्दौर
(स) ग्वालियर (द) जबलपुर।

व्याख्या- म.प्र. में विधि संस्थान की स्थापना भोपाल में की गई।

14. मध्यप्रदेश में बोधी संगठन किस कार्य को सम्पन्न करता है-
(अ) बाँधों की डिजाइन बनाना
(ब) जलाशयों के रखरखाव की योजना बनाना
(स) जल संसाधनों को दीर्घायु बनाना
(द) उपर्युक्त तीनों।

व्याख्या- म.प्र. में बोधी संगठन, बाँधों की डिजाइन, जलाशयों का रखरखाव व जल संसाधनों के संरक्षण का कार्य करता है।

15. मध्यप्रदेश के ग्वालियर जिले की भाण्डेर तहसील को किस जिले में मिलाया गया है-
(अ) भिण्ड (ब) दतिया
(स) शिवपुरी (द) इनमें से कोई नहीं।

व्याख्या- ग्वालियर जिले को भाण्डेर तहसील को दतिया में मिलाया गया।

16. मध्यप्रदेश में उच्च न्यायालय की स्थापना कब हुई थी-
(अ) 1947 (ब) 1948
(स) 1951 (द) 1956

व्याख्या- मध्यप्रदेश में उच्च न्यायालय की स्थापना 1956 में हुई थी। इसका मुख्यालय जबलपुर में है।

17. मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के प्रथम मुख्य न्यायाधीश कौन थे-
(अ) न्यायाधीश पी.वी. दीक्षित
(ब) न्यायाधीश श्री एम. हिदायतुल्ला
(स) न्यायाधीश जी.पी. सिंह
(द) न्यायाधीश एन.डी. ओझा।

व्याख्या- राज्य उच्च न्यायालय के प्रथम मुख्य न्यायाधीश श्री एम. हिदायतुल्ला थे, जिन्होंने इस पद पर 1 नवम्बर 1956 से 12 दिसम्बर 1958 तक कार्य किया।

18. मध्यप्रदेश में लोक अदालत का शुभारम्भ कब हुआ-
(अ) 13 अप्रैल 1986 (ब) 17 जुलाई 1986
(स) 2 अक्टूबर 1986 (द) 10 दिसम्बर 1986

व्याख्या- म.प्र. में लोक अदालत की शुरूआत 13 अप्रैल 1986 को हुई। लोक अदालतों ने मूल रूप से विवादों को आसान तरीके से तत्काल निपटाने का सिद्धान्त अपनाया है ताकि न्याय आम आदमी के निकट पहुँच सके।

19. पहली लोक अदालत कहाँ प्रारम्भ हुई-
(अ) जबलपुर (ब) रायपुर
(स) बिलासपुर (द) ग्वालियर।

व्याख्या- पहली लोक अदालत बिलासपुर में प्रारंभ हुई।

20. मध्यप्रदेश की विधानसभा के प्रथम अध्यक्ष कौन थे-
(अ) विष्णु विनायक सरवटे (ब) पं. कुंजीलाल दुबे

7.(अ) 8.(ब) 9.(स) 10.(अ) 11.(अ) 12.(ब) 13.(अ) 14.(द) 15.(ब) 16.(द) 17.(ब) 18.(अ) 19.(स)

(स) हृदयनाथ कुंजरू (द) श्री तेजलाल।

व्याख्या- मध्यप्रदेश की विधानसभा के प्रथम अध्यक्ष पं. कुंजीलाल दुबे थे, जिनका कार्यकाल 1.11.1956 से 17.12.1956, 18.12.1956 से 1.7.1957, 2.7.1957 से 26.3.1962 तक रहा।

21. मध्यप्रदेश के प्रथम मुख्य सचिव कौन थे-
(अ) श्री एच. एस. कामथ (ब) श्री आर.पी. नरोन्हा
(स) श्री आर.पी. नायक (द) श्री एम.पी. श्रीवास्तव।

व्याख्या- मध्यप्रदेश के प्रथम मुख्य सचिव श्री एच. एस. कामथ थे जिनका कार्यकाल 1.11.1956 से 24.11.1963 तक था।

22. मध्यप्रदेश के प्रथम सूचना आयुक्त कौन थे-
(अ) श्री एन.एस. सेठी (ब) श्री पी.पी. मणी
(स) श्रीमती निर्मला बुच (द) श्री बीरबल।

23. मध्यप्रदेश की विधानसभा के प्रथम उपाध्यक्ष कौन थे-
(अ) श्री विष्णु विनायक सरवटे (ब) हृदयनाथ कुंजरू
(स) बृजमोहन मिश्र (द) एच.एस. कामथ।

व्याख्या- मध्यप्रदेश की विधानसभा के प्रथम उपाध्यक्ष श्री विष्णु विनायक सरवटे थे, जिनका कार्यकाल 1956-1957 तक रहा।

24. म.प्र. के गठन के बाद प्रथम विधानसभा चुनाव कब हुए-
(अ) 1957 (ब) 1956
(स) 1955 (द) 1954

25. म.प्र. में सर्वाधिक बार बजट प्रस्तुत करने का श्रेय किसे प्राप्त हुआ-
(अ) मिश्रीलाल गंगवाल (ब) रामहित गुप्त
(स) अजयकुमार मुशरान (द) श्यामाचरण शुक्ल।

व्याख्या- म.प्र. में सर्वाधिक बार बजट अजयकुमार मुशरान ने प्रस्तुत किया। वर्ष 1993 से 2003 तक म.प्र. के वित्त मंत्री रहे।

26. मध्यप्रदेश में किन मुख्यमंत्रियों ने बजट प्रस्तुत किया-
(अ) श्यामाचरण शुक्ल (ब) प्रकाशचंद्र सेठी
(स) अर्जुनसिंह (द) अ + ब

व्याख्या- 1971-72 का बजट तत्कालीन मुख्यमंत्री श्यामाचरण शुक्ल द्वारा तथा 1972-73 का बजट तत्कालीन मुख्यमंत्री प्रकाशचन्द्र सेठी द्वारा प्रस्तुत किया गया।

27. मध्यप्रदेश में लाभ का बजट प्रस्तुत करने का श्रेय किसे हैं-
(अ) मिश्रीलाल गंगवाल (ब) रामहित गुप्त
(स) शिवभानु सिंह (द) उपर्युक्त सभी।

व्याख्या- प्रदेश के लिए लाभ के तीन बजट 1958-59, 1959-60 व 1962-63 में मिश्रीलाल गंगवाल ने प्रस्तुत किये थे। रामहित गुप्त ने 1968-69 में तथा शिवभानु सिंह सोलंकी ने 1989-90 में लाभ का बजट प्रस्तुत किया था।

28. मध्यप्रदेश से कौन-सी रेखा गुजरती है-
(अ) मकर (ब) विषुवत्
(स) कर्क (द) अक्षांश।

व्याख्या- मध्यप्रदेश में कर्क रेखा होकर गुजरती है। 14 जिलों में से।

29. मध्यप्रदेश का कौन-सा नगर कर्क रेखा के उत्तर में है-
(अ) इन्दौर (ब) रीवा
(स) भोपाल (द) रतलाम।

व्याख्या- रीवा कर्क रेखा के उत्तर में स्थित है।

30. प्रसिद्ध गायक किशोर कुमार म.प्र. के किस जिले से हैं-
(अ) इन्दौर (ब) सागर
(स) छतरपुर (द) खंडवा।

व्याख्या- किशोर कुमार मध्य प्रदेश के खंडवा जिले से हैं।

31. म.प्र. उच्च न्यायालय की प्रथम महिला न्यायाधीश कौन थी-
(अ) सरोजनी सक्सेना (ब) सरला ग्रेवाल
(स) सुश्री उषा शुक्ला (द) दीपका मिश्रा।

व्याख्या- उच्च न्यायालय की प्रथम महिला न्यायाधीश सरोजनी सक्सेना थी।

32. मध्यप्रदेश के प्रथम लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष कौन थे-
(अ) डी.बी. रेगे (ब) एच.सी. सेठी
(स) एस.एस.पी. मुसरन (द) श्री एस.एच. खान।

33. मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग का मुख्यालय कहाँ है-
(अ) भोपाल (ब) जबलपुर
(स) इन्दौर (द) ग्वालियर।

व्याख्या- संविधान के अनु. 315 के तहत् केन्द्र व राज्यों में लोक सेवा आयोग के गठन के बारे में उल्लेख किया गया है वहीं मध्यप्रदेश राज्य का उदय भाषायी आधार पर राज्यों के पुनर्गठन के समय 1956 में हुआ, तभी से राज्य लोक सेवा आयोग का कार्यालय इन्दौर है।

34. भारत में प्रथम पंचवर्षीय योजना किस वर्ष प्रारम्भ हुई थी?
(अ) 1947 (ब) 1950
(स) 1951 (द) 1952.

35. म.प्र. का भौगोलिक क्षेत्रफल कितने हजार वर्ग कि.मी. है-
(अ) 308 हजार वर्ग कि.मी. (ब) 320 हजार वर्ग कि.मी.
(स) 325 हजार वर्ग कि.मी. (द) 375 हजार वर्ग कि.मी.।

व्याख्या- मध्यप्रदेश का भौगोलिक विस्तार 308,252 वर्ग किमी. है।

20.(ब) 21.(अ) 22.(ब) 23.(अ) 24.(अ) 25.(स) 26.(द) 27.(द) 28.(स) 29.(ब) 30.(द) 31.(अ) 32.(अ) 33.(स) 34.(स) 35.(अ) 36.(द)

36. म.प्र. में कैंसर चिकित्सालय कहाँ हैं-
(अ) इन्दौर (ब) जबलपुर
(स) ग्वालियर (द) उपरोक्त सभी।

व्याख्या- म.प्र. में कैंसर चिकित्सालय इन्दौर, जबलपुर व ग्वालियर में स्थित हैं।

37. म.प्र. में मानसिक चिकित्सालय कहाँ हैं-
(अ) इन्दौर (ब) ग्वालियर
(स) अ + ब (द) उज्जैन।

व्याख्या- मानसिक चिकित्सालय इन्दौर में है। ग्वालियर वाला आगरा स्थानान्तरित हो गया है।

38. नगरीय अपशिष्ट से बहुउपयोगी जैविक खाद बनाने का संयंत्र कहाँ स्थापित किया गया है-
(अ) देवास (ब) विजयनगर
(स) ग्वालियर (द) इन्दौर।

व्याख्या- नगरीय अपशिष्ट से उपयोगी जैविक खाद बनाने का संयंत्र ग्वालियर में स्थापित किया गया।

39. विश्व का दूसरा तथा देश का पहला आदिवासी संचार शोध केंद्र किस राज्य में है-
(अ) मध्यप्रदेश (ब) गुजरात
(स) राजस्थान (द) छत्तीसगढ़।

व्याख्या- विश्व का दूसरा तथा देश का पहला आदिवासी संचार शोध केन्द्र मध्यप्रदेश में स्थित है।

40. मुख्यमंत्री के रूप में सबसे कम कार्यकाल राजा नरेश चंश्वसिंह का रहा जो था-
(अ) 12 दिन (ब) 13 दिन
(स) 15 दिन (द) 18 दिन।

व्याख्या- मुख्यमंत्री के रूप में सबसे कम कार्यकाल नरेश चंश्वसिंह का रहा, जो 13 दिन का था।

41. सफेद सोने का क्षेत्र किन जिलों को कहा जाता है?
(अ) खंडवा एवं खरगोन (ब) मंदसौर एवं रतलाम
(स) रीवा एवं पन्ना (द) ग्वालियर एवं गुना।

व्याख्या- खंडवा व खरगोन को सफेद सोने के क्षेत्र के नाम से जान जाता है।

42. प्रदेश में सर्वाधिक मूँगफली का उत्पादन किस जिले में होता है?
(अ) खंडवा (ब) खरगोन
(स) भोपाल (द) विदिशा

व्याख्या- सर्वाधिक मूँगफली का उत्पादन खरगोन में होता है। खरगोन जिले की जलवायु, मूँगफली उत्पादन के लिये आदर्श मानी जाती है।

43. अनुसूचित जाति की जनसंख्या के आधार पर म.प्र. का भारत में कौन सा स्थान है?
(अ) आठवाँ (ब) सातवाँ
(स) पाँचवाँ (द) दूसरा

44. भारत का पहला रामायण कला संग्रहालय कहाँ स्थापित किया गया है?
(अ) ओरछा (ब) चित्रकूट
(स) इलाहाबाद (द) रामेश्वरम्।

व्याख्या- मध्यप्रदेश के टीकमगढ़ के ओरछा में रामायण कला संग्रहालय स्थापित किया गया है।

45. हाई सिक्योरिटी एनीमल डिसीज लेबोरेट्री कहाँ है?
(अ) कानपुर (ब) भोपाल
(स) पुणे (द) नंदूरबार।

व्याख्या- बर्ड फ्लू वायरस का वेक्सिन तैयार करने हेतु हाई सिक्योरिटी एनीमल डिसीट लेबोरेट्री की स्थापना भोपाल में की गई।

46. चचाई जलप्रताप किस नदी पर है।
(अ) नर्मदा नदी (ब) बीहड़ नदी
(स) चंबल नदी (द) सोन नदी।

व्याख्या- यह जलप्रपात रीवा जिले में है।

47. मालनपुर औद्योगिक केन्द्र किस जिले में स्थित है?
(अ) भिंड (ब) ग्वालियर
(स) रीवा (द) मंदसौर।

48. म.प्र. के किस जिले में सर्वाधिक अनुसूचित जनजातियाँ निवास करती हैं?
(अ) भिंड (ब) उज्जैन
(स) झाबुआ (द) मंदसौर।

49. म.प्र. के प्रथम राज्यपाल कौन थे-
(अ) मो. हिदायत उल्ला (ब) पट्टाभिसीतारमैया
(स) दिग्विजयसिंह (द) भाई महावीर।

50. वर्तमान में म.प्र. में कितने जिले हैं?
(अ) 51 (ब) 45
(स) 43 (द) 41

व्याख्या- वर्तमान में 51 जिले है 52 वाँ जिला निवाडी (टिकमगढ़जिले से अलग होकर बनने जा रहा है।)

37.(अ) 38.(स) 39.(अ) 40.(ब) 41.(अ) 42.(ब) 43.(अ) 44.(अ) 45.(ब) 46.(ब) 47.(अ) 48.(स) 49.(ब) 50.(अ)